दिल्ली	100	96	99.5	98.6	99.6	98.4
गोवा	98.4	99.5	99.7	97.3	98.9	98.4
गुजरात	82.2	89.7	95.9	99	87.5	93.4
हरियाणा	85.9	93.4	97.7	98.3	89.4	95
झारखंड	25.1	43	86.5	93.9	37.5	51.1
कर्नाटक	82.5	94.1	94.9	97.9	86.5	95.5
केरल	75.5	92.7	90.4	97.9	79.3	94.1
मध्य प्रदेश	67.9	81.3	92	96.9	74.6	85.1
महाराष्ट्र	77.6	81.9	95.9	98.5	85.3	89.3
ओडिशा	28.6	44.9	86.6	90.1	37.5	52.1
पंजाब	95.7	96.5	98	99.3	96.5	97.6
राजस्थान	44.8	63.8	87.1	97	56.2	72.6
तमिलनाडु	80.3	92.6	93.7	97.8	85.1	95
उत्तर प्रदेश	24.3	37.6	86.3	89.8	37.9	49
पश्चिम बंगाल	25.7	49.5	83.7	93.3	41.4	60.8
विशेष श्रेणी राज्य						
अरुणाचल प्रदेश	50.3	77.9	95.8	98.5	59.2	82.3
हिमाचल प्रदेश	98.3	98.6	99.8	99.4	98.5	98.7
जम्मू और कश्मीर	96.3	95.9	99.5	97.5	97.1	96.3

1	2	3	4	5	6	7
मणिपुर	85.8	86.8	92.8	99.5	87.6	90.5
मेघालय	56.8	69.8	93.9	99.3	63	75.5
मिजोरम	75.5	81.9	99.8	99.8	86.1	89.9
नागालैंड	94.6	99	97.5	100	95.6	99.3
सिक्किम	85.1	95.8	99.1	99.4	87	96.4
त्रिपुरा	57.5	66.1	90.3	95.3	62	71.5
उत्तराखंड	56.3	85.5	98	98.6	65.3	88.4
संघ राज्य क्षेत्र						
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	72.3	84.5	97.2	98.5	80.4	89.1
चंडीगढ़	99.9	100	99.7	98.5	99.7	98.7
दादरा और नगर हवेली	97.5	100	100	100	97.9	100
दमन और दीव	99.5	100	99.9	97.4	99.6	99.1
लक्षद्वीप	100	100	100	100	100	100
पुदुचेरी	87.9	95.2	95.3	99.3	92.8	98.1
अखिल भारत	53	66	91.6	96.1	63.9	75

स्रोत: एनएसएस 58 और 65 राउंड से परिकलित।

[अनुवाद]

221-26

बालिकाओं को प्रोत्साहन

*251. **श्री अरुण कुमार वुंडावल्ली :**
श्री घनश्याम अनुरागी :

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में घटते लिंग-अनुपात के मद्देनजर जाति, पंथ, समुदाय और अभिभावकों की आर्थिक स्थिति की ओर ध्यान न देकर बालिकाओं को बचाने तथा उन्हें प्रोत्साहन देने की योजनाएं शुरू की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान इसके लाभार्थियों की संख्या कितनी है; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान राज्य सरकारों को कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा उन्होंने कितनी धनराशि का उपयोग किया?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ) : (क) और (ख) जनगणना 2011 के अनंतिम आंकड़ों से पता चलता है कि यद्यपि देश में समग्र लिंग अनुपात में सुधार हुआ है, जो 2001 में 933 से बढ़कर वर्ष 2011 में प्रति 1000 पुरुषों में महिलाओं की संख्या 940 हो गई है। 6 वर्ष तक के आयु वर्ग में बच्चों का लिंग अनुपात तेजी से गिरा है, जो 2001 में 1000 लड़कों में 927 लड़कियों से घटकर 2011 में प्रति 1000 लड़कों तुलना में लड़कियों की संख्या 914 रह गयी है। यह गिरावट 1961 से लगातार जारी है।

सरकार मानती है कि भारत में बच्चों के लिंग अनुपात में गिरावट कोई अलग परिदृश्य नहीं है किन्तु इसे समग्र रूप से घर में और बाहर महिलाओं और बालिकाओं की निम्नस्थिति के परिपेक्ष में देखा जाना है। जबकि इससे तत्कालिक कारणों में बेटे की चाहत और उन्नत प्रौद्योगिकी को माना जा सकता है, जिसके द्वारा लिंग चुनाव करके गर्भपात कराने को प्रोत्साहन मिलता है, इसके लिए दहेज के साथ-साथ बालिका की सुरक्षा की चिंता भी कम जिम्मेदार नहीं है।

तद्नुसार देश में बालिकाओं की उत्तरजीविता और स्थिति सुधारने के लिए सरकार ने बहुत से उपाय किए हैं। जबकि बालिकाओं सहित सभी बच्चों के लाभ में सुधार लाने हेतु समेकित बाल विकास स्कीम, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, मध्याह्न भोजन स्कीम आदि जैसे कार्यक्रम के द्वारा बालिकाओं के लिए विशिष्ट उपाय किए गए हैं। इन उपायों में प्रसवपूर्व नैदानिक तकनीक (लिंग चयन का प्रतिषेध) अधिनियम, 1994, धनलक्ष्मी नामक प्रायोगिक नकदी अंतरण स्कीम, बच्चों के लिंग अनुपात में सुधार लाने के लिए क्षेत्रीय अभिनव परिषद् की स्थापना और देश के चुनिंदा 200 जिलों में स्कूल छोड़ चुकी बालिकाओं पर विशेष ध्यान देते हुए 11-18 वर्ष के आयु वर्ग की किशोरियों के लिए एक व्यापक उपाय हेतु प्रायोगिक स्कीम "सबला" का क्रियान्वयन शामिल है।

उपर्युक्त में से धनलक्ष्मी में नकद प्रोत्साहन किया जाता है और स्कीम के अंतर्गत जाति, धर्म, समुदाय और माता-पिता की आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है।

(ग) और (घ) धनलक्ष्मी एक प्रायोगिक स्कीम है, जिसका क्रियान्वयन देश के निम्नलिखित जिलों में किया जा रहा है:—

राज्य	जिला	ब्लॉक
आंध्र प्रदेश	खाम्माम	अश्वरावपेटा
	वारांगल	नरसम पेट
छत्तीसगढ़	बस्तर	जगदलपुर
	बीजापुर	भोपाल पट्टनम
ओडिशा	मालकानगिरी	कालीमेला
	कोरापट	सेमीलीगुडा
झारखंड	गीरीडीह	तिसरी
	कोडरमा	मरका चौर
बिहार	जमुई	सोनो
उत्तर प्रदेश	राय बरेली	शिवगढ़
पंजाब	फतेहगढ़ साहिब	सरहिंद

वर्ष 2008-09, 2009-10 और 2010-11 के लिए संस्वीकृत निधियों और राज्य सरकारों द्वारा सूचित लाभार्थियों की संख्या का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करने और उसकी शिक्षा, विकास आदि के लिए सशर्त नकदी अंतरण स्कीम के माध्यम से परिवारों द्वारा प्रीमियम जमा कराने के लिए प्रोत्साहन देने हेतु बहुत से राज्य अपनी स्कीमें क्रियान्वित कर रहे हैं। इनमें से कुछ हैं: दिल्ली सरकार की लाडली स्कीम, बिहार सरकार की मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना, कर्नाटक की भाग्यलक्ष्मी स्कीम, मध्य प्रदेश की लाडली लक्ष्मी योजना, गुजरात और हिमाचल प्रदेश की बालिका समृद्धि योजना, पंजाब की बालरी रक्षक योजना और मध्य प्रदेश की कन्यादान स्कीम।

विवरण

संस्वीकृत निधियों और लाभार्थियों की संख्या

2008-09

क्र. सं.	ब्लॉक का नाम	संस्वीकृत अनुदान (रुपये)	लाभार्थियों की संख्या
1.	सरहिंद, जिला फतेहगढ़, पंजाब	91,31,647	12,119
2.	जगदलपुर, जिला बस्तर, छत्तीसगढ़	1,53,75,365	19,853
3.	भोपालपटनम, जिला बीजापुर, छत्तीसगढ़	32,99,345	4,640
4.	कालीमेला, जिला मालकानगिरी, ओडिशा	50,51,096	7,699
5.	सेमीलीगुडा, जिला कोकरापट, ओडिशा	22,03,612	2,917
6.	नरसंपेटा, जिला वारंगल, आंध्र प्रदेश	1,22,31,384	15,721
7.	आश्वरावपेट, जिला खम्माम, आंध्र प्रदेश	1,00,66,132	13,781
8.	तिसरी, जिला गिरीडीह, झारखंड	21,57,762	2,825
	कुल योग	5,95,16,343	79,555

2009-10

क्र. सं.	ब्लॉक का नाम	संस्वीकृत अनुदान (रुपये)	लाभार्थियों की संख्या
1.	सरहिंद, जिला फतेहगढ़, पंजाब	1,42,39,250	6,811
2.	कालीमेला, जिला मालकानगिरी, ओडिशा	1,44,90,743	15,754
3.	सेमीलीगुडा, जिला कोकरापट, ओडिशा	78,28,667	6,582
4.	मारकोचो, जिला कोडरमा, झारखंड	31,68,805	2,606
5.	सोना, जिला जमुई, बिहार	1,02,72,535	10,324
	कुल योग	5,00,00,000	42,077

2010-11

क्र. सं.	ब्लॉक का नाम	संस्वीकृत अनुदान (रुपये)	लाभार्थियों की संख्या
1.	शिवगढ़, जिला रायबरेली, उत्तर प्रदेश	1,45,58,688	10,324
2.	मारकोचो, जिला कोडरमा, झारखंड	74,86,255	6,415
	कुल योग	1,83,01,816	16,739

टिप्पणी: राज्य सरकारों से निधियों की निर्मुक्ति हेतु कोई पूर्ण प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ। अतः 2011-12 में निधियां संस्वीकृत नहीं की गईं।

227-29

सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों की सुलभता

*252. श्री आनंदराव अडसुल :
श्री गजानन ध. बाबर :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में अनेक निर्धन और वंचित व्यक्तियों के लिए सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र/सुविधाएं सुलभ नहीं हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का सभी को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने तथा स्वास्थ्य सेवा संबंधी असमानताओं को दूर करने के लिए सामाजिक अवधारणाओं और पौष्टिकता परिदृश्य में सुधार लाने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उपाय करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) जी, नहीं। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) की शुरुआत विशेषतौर पर गरीबों और जनसंख्या के संवेदनशील वर्गों को लभ्य, वहनीय, उत्तरदायी, प्रभावी और विश्वसनीय प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या प्रदान करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता प्रदान करने हेतु वर्ष 2005 में की गई थी। एनआरएचएम अपने सर्वांगीण संरक्षणाधीन एक क्षैतिज मंच पर मौजूदा प्रजनन और बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा विभिन्न संचारी रोग कार्यक्रमों, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम, आयोडीन अल्पता रोग नियंत्रण कार्यक्रम और एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम को लाता है। इसका लक्ष्य उन्नत स्वास्थ्य अवसंरचना के जरिए ग्रामीण स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं में अंतराल को भरना, मानव संसाधन का संवर्धन करना, नि:शुल्क रेफरल परिवहन, चल चिकित्सा यूनिटों इत्यादि के जरिए उन्नत सेवा प्रदायगी भी है।

(ग) और (घ) पोषण रहित सामाजिक घटकों के उन्नयन पर भी एनआरएचएम के अंतर्गत फोकस है ताकि स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं में वैश्विक पहुंच और साम्या प्रदान की जा सके। गर्भवती महिलाओं और बच्चों पर विशेष फोकस करके समाज के गरीब और संवेदनशील वर्गों की स्थिति में उन्नयन हेतु एनआरएचएम के अंतर्गत अनेक उपाय किए गए हैं:—

- गर्भवती महिलाओं को ग्रामीण और शहरी-दोनों क्षेत्रों में सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं में सामान्य प्रसव और सीजेरियन ऑपरेशन सहित रुग्ण नवजात शिशु (जन्म के उपरांत 30 दिनों तक) के लिए पूर्णतया नि:शुल्क और नकदीरहित सेवाएं प्रदान करने हेतु जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके) शुरू किया गया था। इस पहल में घर से संस्था तक नि:शुल्क परिवहन, रेफरल की दशा में दो सुविधा केन्द्रों के बीच और वापिस घर छोड़ने हेतु परिवहन के अलावा नि:शुल्क औषध, निदान, रक्त और आहार शामिल हैं। जन्म के उपरांत 30 दिनों तक उपचार के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सस्थाओं में आने वाले सभी रुग्ण नवजात शिशुओं के लिए भी ऐसी ही पात्रताएं निर्धारित की गई हैं।
- जननी सुरक्षा योजना के जरिए सांस्थानिक प्रसवों को प्रोत्साहन के लिए गरीब गर्भवती महिलाओं को नकदी प्रोत्साहन।
- मूलभूत और व्यापक प्रसूति परिचर्या में स्वास्थ्य परिचर्या प्रदायकों का क्षमता निर्माण।
- बुनियादी और व्यापक प्रसूति परिचर्या सेवाएं प्रदान करने के लिए उपकेन्द्रों, प्राथमिक स्वाथ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और जिला अस्पतालों का 24x7 सुविधा केन्द्रों के रूप में प्रचालन करना।
- चल चिकित्सा यूनिटों के लिए जरिए दुर्गम और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना।
- प्रसवपूर्व, प्रसवकालीन और प्रसवोत्तर परिचर्या सुनिश्चित करने हेतु गर्भवती महिलाओं का नाम के आधार पर पता लगाना।
- माताओं और बच्चों के लिए सेवा प्रदानगी के मॉनीटरन के लिए महिला और बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से माता और बच्चे का सुरक्षा कार्ड।
- गर्भावस्था और स्तनपान के दौरान आयरन और फॉलिक एसिड के अनुपूरण द्वारा रक्ताल्पता के निवारण और उपचार सहित प्रसवपूर्ण, प्रसवकालीन और प्रसवोत्तर परिचर्या सेवाओं की व्यवस्था।

- समुदाय तक स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं तक पहुंच को सुकर बनाने तथा मांग में वृद्धि करने हेतु 800,000 से ज्यादा प्रशिक्षित सामाजिक स्वास्थ्य कर्मियों (आशा) की नियुक्ति।

- मातृ और बाल स्वास्थ्य सेवाओं के प्रावधान और जागरूकता पैदा करने के लिए एक आउटरीच कार्यकलाप के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्वास्थ्य और पोषण दिवस।

- गरीब बच्चों में गंभीर तीव्र कुपोषण के उपचारार्थ पोषण पुनर्वास केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

- एनआरएचएम के अंतर्गत गांव स्वास्थ्य और स्वच्छता समितियों को ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण समितियों के रूप में पुन:स्थापित किया गया है ताकि वे पौषणिक स्थिति पर सक्रिय रूप से निगरानी रखे तथा जनमानस की पौषणिक स्थिति में उन्नयन हेतु कार्यकलापों का लाभ उठाएं।

229-36

महिलाओं के लिए कल्याण योजनाएं

***253. श्रीमती इन्ग्रिड मैक्लोड : क्या महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में महिलाओं के कल्याण के लिए क्रियान्वयनाधीन कल्याण योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इन योजनाओं के अंतर्गत कितनी धनराशि आवंटित की गई और उपयोग की गई;

(ग) क्या सरकार ने महिला कामगारों के लिए विशेषरूप से निजी क्षेत्र में कल्याण योजनाओं की कमी की ओर ध्यान दिया है;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) इस मामले में क्या सुधारात्मक कार्रवाई की गई है?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ) : (क) भारत सरकार, द्वारा सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा महिलाओं के कल्याण की स्कीमें चलाई जाती हैं। महिलाओं के कल्याण के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित की जा रही ऐसी स्कीमों का ब्यौरा इस प्रकार है:—

(i) **कामकाजी माताओं के बच्चों के लिए राजीव गांधी राष्ट्रीय शिशु गृह स्कीम** मासिक 12,000/- रुपये से कम आय वाले परिवारों से 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों को इसके अंतर्गत दिवस देखरेख सुविधाएं दी जाती हैं। बच्चों के लिए सुरक्षित जगह होने के अलावा शिशु गृह में पूरक पोषण, स्कूल-पूर्व शिक्षा और आकस्मिक स्वास्थ्य देखभाल आदि जैसी सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

(ii) **केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड :** केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड द्वारा क्रियान्वित की जा रही मुख्य महिला कल्याण स्कीमें इस प्रकार हैं:—

- **परिवार परामर्श केंद्र :** इसकी शुरुआत 1983 में की गई थी। अत्याचारों, परिवार में असमायोजन और सामाजिक बहिष्कार की पीड़ित महिलाओं और बच्चों को इन केंद्रों में परामर्श, रैफरल और पुनर्वास की सेवाएं प्रदान की जाती हैं। प्राकृतिक आपदाओं के मामले में उन्हें महत्वपूर्ण उपाय और सदमा परामर्श दिया जाता है।

- **जागरूकता बढ़ाने के कार्यक्रम :** विशेषरूप से महिलाओं के अधिकारों, उनकी स्थिति और समस्याओं तथा अन्य सामाजिक सरोकारों पर महिलाओं और समुदायों में जागरूकता फैलाना इस स्कीम का मुख्य लक्ष्य है।

- **महिलाओं की शिक्षा के लिए संक्षिप्त पाठ्यक्रम विषय :** इस स्कीम के अंतर्गत उन बालिकाओं और महिलाओं की आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती है, जो शिक्षा की मुख्यधारा से नहीं जुड़ पाती या जिन्होंने औपचारिक रूप से स्कूल छोड़ दिया हो। इस स्कीम के अंतर्गत कौशल विकास/व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ-साथ 15 वर्ष से अधिक उम्र की बालिकाओं और महिलाओं को शैक्षिक अवसर प्रदान किए जाते हैं। पाठ्यक्रम के विषय आवश्यकता आधारित होते हैं और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार इनका आशोधन किया जाता है।

(iii) **महिला सशक्तीकरण मिशन** महिलाओं को समग्र रूप से सशक्त करने हेतु यह भारत सरकार की एक पहल है। यह अप्रैल, 2011 में संस्वीकृत एक केंद्रीय प्रायोजित स्कीम है और अम्ब्रेला मिशन के रूप में कार्य करता है। इसके

लिए अंतरक्षेत्रीय संकेन्द्रण सुदृढ़ करना और मंत्रालयों और विभागों में सभी महिलाओं के कल्याण एवं सामाजिक-आर्थिक विकास कार्यक्रमों के समन्वयन की प्रक्रिया सुकर बनाना अधिदेशित है। राष्ट्रीय महिला सशक्तीकरण मिशन का क्रियान्वयन सभी 35 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में किया जा रहा है।

(iv) **कामकाजी महिला हॉस्टल** के अंतर्गत कामकाजी महिलाओं, अकेले रहने वाली कामकाजी महिलाओं, अपने गृह नगरों से दूर रहने वाली कामकाजी महिलाओं और रोजगार हेतु प्रशिक्षणरत महिलाओं के लिए सुरक्षित और सस्ते आवास के प्रावधान की परिकल्पना की गई है। हाल ही में स्कीम में संशोधन किया गया है।

(v) **महिलाओं के लिए प्रशिक्षण और रोजगार कार्यक्रम की सहायता** की शुरुआत 1986-87 के दौरान केंद्रीय क्षेत्रक स्कीम के रूप में की गई। इसका लक्ष्य स्वरोजगार तथा दिहाड़ी रोजगार हेतु कौशल उन्नयन करके महिलाओं की स्थिति पर महत्वपूर्ण रूप से सुधारात्मक प्रभाव डालना है। लक्ष्य समूहों में सीमांत परिसंपत्तिविहीन ग्रामीण महिलाएं और निर्धन महिलाएं शामिल हैं। इसमें दिहाड़ी मजदूर बेगार करने वाले दैनिक कामगार, महिला प्रधान परिवार, प्रवासी मजदूर जनजाति और अन्य वंचित समूहों की महिलाएं शामिल हैं। इसके अंतर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति परिवारों, महिला प्रधान परिवारों और गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

(vi) **राष्ट्रीय महिला कोष** यह 100 करोड़ कोरपस निधि से निर्धन महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक उत्थन के लिए सूक्ष्म वित्तीय सेवाए मुहैया कराता है। गैर-सरकारी संगठनों, महिला संघों, सहकारिता, कंपनी अधिनियम की धारा 25 के अंतर्गत पंजीकृत लाभ न कमाने वाली कंपनियों और अन्य स्वैच्छिक/सिविल समाज के संगठनों जैसे बुनियादी स्तर के मध्यस्थ सूक्ष्म वित्तीय संगठनों के माध्यम से निर्धन महिला लाभार्थियों को ग्राहक अनुकूल, सरल, समानांतर तरीके से आजीविका एवं आयोत्पादक क्रियाकलापों, आवास तथा सूक्ष्म उद्यमों हेतु ऋण प्रदान किया जाता है।

(vii) **मध्य गंगा के मैदानों में महिला सशक्तीकरण और आजीविका कार्यक्रम, जो प्रियदर्शनी भी कहलाता है** बहराइच, सीएसएम नगर, रायबरेली, श्रावस्ती और सुल्तानपुर नामक उत्तर प्रदेश के पांच जिलों तथा मधुबनी और सीतामढ़ी नामक बिहार के दो जिलों के 13 ब्लॉकों में अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास निधि की सहायता से क्रियान्वित की जा रही है। इसका लक्ष्य महिला स्व-सहायता समूहों का गठन करने और उन्नत आजीविका के अवसरों को प्रोत्साहित करने द्वारा परियोजना क्षेत्र में महिलाओं और किशोरियों के असुरक्षित समूहों का सर्वांगीण सशक्तीकरण करना है। वर्ष 2016-17 में समाप्त होने वाली परियोजना अवधि के दौरान इसके अंतर्गत एक लाख परिवारों को शामिल किया जाएगा और 7,200 स्व-सहायता समूहों का गठन किया जाएगा। यह आशा की जाती है कि लाभार्थी क्षमता विकास के माध्यम से अपनी राजनैतिक, कानूनी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए सशक्त होगी। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए नाबार्ड अग्रणी एजेंसी है, जो दिसम्बर, 2009 से कार्यरत किया गया है।

(vi) **इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना** एक सशर्त नकदी अंतरण स्कीम है, जिसे अक्तूबर, 2010 में गर्भवती और धात्री माताओं के लिए शुरू किया गया है। इसका लक्ष्य गर्भवती और धात्री माताओं को उन्नत स्वास्थ्य और पोषण के लिए नकद प्रोत्साहन देकर बेहतर अनुकूल वातावरण बनाना है। इसके अंतर्गत कतिपय विशिष्ट शर्तों को पूरा करने पर व्यक्तिगत रूप से गर्भावस्था और स्तनपान कराने के दौरान गर्भवती और धात्री महिलाओं को नकद राशि प्रदान करने की परिकल्पना की गई हैं इसके द्वारा अल्पावधि आय समर्थन उद्देश्यों के साथ दीर्घावधिक व्यवहार व सोच में परिवर्तन लाने के उद्देश्य का समाधान किया जाता है। इस स्कीम के अंतर्गत प्रसव के पहले और बाद में गर्भवती और धात्री महिलाओं की मजदूरी में होने वाली क्षति की आंशिक भरपाई करने के प्रयास किए जाते हैं। इस स्कीम का क्रियान्वयन आरंभ में प्रायोगिक आधार पर आईसीडीएस मंच का उपयोग करते हुए 52 चुनिंदा जिलों में किया जा रहा है। आईजीएमएसवाई के अंतर्गत प्रतिवर्ष 12.5 लाख गर्भवती और धात्री महिलाओं के शामिल होने की आशा है। मातृत्व और बाल स्वास्थ्य संबंधी विशिष्ट शर्तों को पूरा करने पर दूसरी तिमाही से बच्चे की आयु 6 माह होने तक के बीच लाभार्थियों को तीन किस्तों में 4,000/- रुपये का भुगतान किया जाता है।

(ix) **स्वाधार गृह स्कीम :** कठिन परिस्थितियों में रहने वाली महिलाओं के लिए महिला और बाल विकास मंत्रालय 2001 से स्वाधार स्कीम चला रहा था। इस स्कीम के अंतर्गत पारिवारिक विवाद, अपराध, हिंसा, मानसिक दबाव, सामाजिक बहिष्कार के कारण बेघर हुई महिलाओं और बालिकाओं को अस्थायी आवास, रखरखाव तथा पुनर्वास की सेवाएं दी जाती हैं। इसी प्रकार के उद्देश्यों/लक्ष्य समूहों की दूसरी स्कीम अर्थात् अल्पावास गृह का क्रियान्वयन केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड द्वारा किया जा रहा था क्योंकि इन दोनों के उद्देश्य और लक्ष्य समूह एक समान थे। अतः, संशोधित वित्तीय मानदंडों के साथ इन दोनों स्कीमों का विलय स्वाधार गृह स्कीम में कर दिया गया।

(x) **उज्जवला :** यह व्यावसायिक यौन शोषण हेतु अवैध व्यापार के निवारण और पीड़ितों के बचाव, पुनर्वास और उन्हें समाज से पुनः जोड़ने की एक व्यापक स्कीम है। इसके लिए गैर-सरकारी संगठनों को निधियां निर्मुक्त की जाती हैं। क्योंकि इसका क्रियान्वयन मुख्यरूप से गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से किया जाता है।

(ख) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान स्कीमों के अंतर्गत आवंटित और निर्मुक्त निधियों की मात्रा का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) उपर्युक्त (क) में उल्लिखित विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत शामिल लक्ष्य समूह विभिन्न क्षेत्रों की महिला कर्मियों में अंतर नहीं दर्शाता है। इसमें निजी क्षेत्र की महिलाएं भी शामिल हैं। अतः, इन स्कीमों के अंतर्गत जहां तक प्रजोज्य हो, निजी क्षेत्र की महिला कर्मियों की आवश्यकताओं की भी पूर्ति की जाती है।

(घ) और (ङ) प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान स्कीमों के अंतर्गत आवंटित और निर्मुक्त निधि

(करोड़ रुपए)

क्र. सं.	स्कीम का नाम	2008-09		2009-10		2010-11		2011-12	
		आवंटन	निर्मुक्त	आवंटन	निर्मुक्त	आवंटन	निर्मुक्त	आवंटन	निर्मुक्त
1	2	3	4	5	6	7	8	10	11
1.	आजीएनसीएस	100.00	87.30	100.00	99.89	70.00	69.35	85.00	73.76 (फरवरी'12)
2.	सीएसडब्ल्यूबी-परिवार परामर्श	16.97	6.23	15.81	11.47	15.29	24.81	13.70	10.48 (फरवरी'12)
3.	सीएसडब्ल्यूबी-संक्षिप्त पाठ्यक्रम	5.37	3.15	3.00	5.99	3.5	3.5	1.86	1.01 (फरवरी'12)
4.	सीएसडब्ल्यूबी-संक्षिप्त पाठ्यक्रम	7.57	3.82	4.47	7.0	7.83	7.45	3.04	2.23 (फरवरी'12)
5.	एनएमइडब्ल्यू	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	40.00	6.01

1	2	3	4	5	6	7	8	10	11
6.	डब्ल्यूडब्ल्यूएच	20.00	2.41	10.00	9.17	15.00	14.29	10.00	0.40
7.	स्टेप	37.00	16.02	15.00	12.29	25.00	24.32	20.00	3.72
8.	आरएमके*	30.30	26.48	14.71	15.63	12.78	12.49	19.85	12.76
9.	डब्ल्यूईएलपी	लागू नहीं	लागू नहीं	0.43	0.23	7.27	1.05	15.01	3.6
10.	आईजीएमएसवाई	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	390.00	117.8	520.00	294.00
11.	स्वाधार	15.00	14.94	20.00	14.97	34.21	34.21	30.00	20.52
12.	उज्ज्वला	10.00	4.36	5.00	4.98	10.00	8.68	10.00	9.70

*आरएमके के मामले में इसका तात्पर्य संस्वीकृत/निर्मुक्त ऋण है।

[अनुवाद]

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पर वैलियाथान समिति की रिपोर्ट

***254. डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी :**
श्री हंसराज गं. अहीर :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के कार्यकरण के संबंध में वैलियाथन समिति की सिफारिशों को लागू करने हेतु कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने एम्स और अन्य सरकारी अस्पतालों में संकाय और अन्य पैरा मेडिकल कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने के लिए कोई कार्रवाई शुरू की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में और क्या कदम उठाए गए हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) वालियाथन समिति की सफारिशों को निम्नलिखित दो भागों में बांटा गया है:—

(i) भाग 'क' — संरचनात्मक परिवर्तन की आवश्यकता नहीं चालने वाली सिफारिशें (31 सिफारिशें)।

(ii) भाग 'बी' — एम्स अधिनियम, नियमावली और विनियमनों में संशोधनों के जरिए संरचनात्मक परिवर्तन की अपेक्षा रखने वाली सिफारिशें (7 सिफारिशें)।

भाग 'क' के तहत इन 31 सिफारिशों की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है:—

क्र. स.	सिफारिशों की स्थिति	सिफारिशों की संख्या
1.	स्वीकृत तथा कार्यान्वित	16
2.	कार्यान्वयन के लिए सिद्धांतत: स्वीकृत	10
3.	भविष्यानुरूप (लांग टर्म फ्यूचरिस्टिक)	03
4.	अस्वीकृत	02

भाग 'ख' के तहत सिफारिशों की जांच करने के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित की गई थी। उच्च अधिकार प्राप्त

समिति ने दिनांक 29.11.2010 को यह रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इस रिपोर्ट को 16.1.2012 को हुई इसकी बैठक में एम्स के संस्थान निकाय के समक्ष विचारार्थ रखा गया था। जिसमें यह निर्णय लिया गया था कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी विभागीय संबंधित संसदीय स्थायी समिति की उप-समिति की रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर उच्च अधिकार प्राप्त समिति की रिपोर्ट पर विचार किया जाएगा, जिसने एम्स के कार्यप्रचालन की जांच शुरू कर दी है।

(ग) से (ङ) संकाय तथा पराचिकित्सीय स्टॉफ सहित रिक्त पदों के लिए भर्ती करना एक सतत् प्रक्रिया है। इसके साथ ही एम्स तथा अन्य सरकारी अस्पतालों में रिक्त होने वाले पदों को भरने के लिए जितना शीघ्र संभव हो सकता है, सभी प्रयास किए जा रहे हैं। जनहित में एक कामचलाऊ प्रबंध के रूप में लंबित नियमित भर्ती को संविदा आधार पर रिक्त पदों को भरने के उपाए किए जा रहे हैं ताकि मरीज परिचर्या प्रभावित न हो। एम्स में संकाय तथा पराचिकित्सीय स्टॉफ की भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संकाय के मामले में, 26 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और सिस्टर ग्रेड-II के 687 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया और मेडिकल भौतिक विज्ञानियों के 06 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

[हिन्दी]

निर्धन रोगियों का उपचार

***255. श्री माणिकराव होडल्या गावित :**
प्रो. रंजन प्रसाद यादव :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पूरे देश में गैर-सरकारी संगठनों/न्यासों द्वारा चलाए जा रहे अस्पतालों सहित उन निजी अस्पतालों, जिन्हें रियायती दरों पर भूमि आवंटित की गई है, को माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार बहिरंग रोगी विभाग में 25 प्रतिशत तक और अंतरंग रोगी विभाग में 10 प्रतिशत तक निर्धन रोगियों का निःशुल्क उपचार करने संबंधी शर्तों का अनुपालन करने संबंधी नए निर्देश जारी किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कुछ निजी अस्पताल अभी भी इन निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा उन निबंधन और शर्तों, जिन पर ऐसे अस्पतालों को भूमि रियायती दरों पर आवंटित की गई है, का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु क्या कार्रवाई की गई है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) चूंकि स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इस संबंध में कोई निर्देश जारी करना राज्य सरकारों का उत्तरदायित्व है। जहां तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का संबंध है, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने दिनांक 26.0.2011 को उन सभी पहचाने गए (अभिज्ञात) निजी अस्पतालों को नए निर्देश जारी किए हैं जिन्हें भूमि आवंटनकर्त्ता एजेंसियों नामतः दिल्ली विकास प्राधिकरण, भूमि तथा विकास कार्यालय, दिल्ली नगर निगम द्वारा रियायती दर पर भूमि आवंटित की गई थी ताकि आर्थिक रूप से अधिक कमजोर वर्ग श्रेणी के पात्र मरीजों को सभी प्रकार से पूर्णरूपेण निःशुल्क लागत पर 25 प्रतिशत ओपीडी तथा 10 प्रतिशत आईपीडी की सीमा तक उपचार मुहैया कराया जा सके।

(ग) और (घ) इन पहचाने गए अस्पतालों में से तीन अस्पताल इन निर्देशों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं क्योंकि वे पूर्वोक्त निर्देशों के विरुद्ध माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय चले गए हैं और मामला निर्णयाधीन है।

[अनुवाद]

टीकों की उपलब्धता

***256. श्री अजय कुमार :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में पोलियो सहित विभिन्न प्रकार के टीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं;

(ख) यदि नहीं, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विभिन्न टीकों की मांग और उपलब्धता का ब्यौरा क्या है तथा इनकी कमी के क्या कारण हैं; और

(ग) देश में सभी प्रकार के टीकों की उपलब्धता में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) जी, हां। देश में पोलियो के टीके समेत सभी टीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

(ग) सभी टीकों की उपलब्धता को बेहतर बनाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाये गये हैं:—

(i) चिरकालिक मांग का पूर्वानुमान।

(ii) टीकों का विनिर्माण एवं आपूर्ति के लिए पर्याप्त समय देने के लिए अग्रिम में प्रापण प्रक्रिया में शुरुआत।

कृषि क्षेत्र में विद्युत की उपलब्धता 239-44

*257. **श्रीमती हरसिमरत कौर बादल : क्या विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में राज्य-वार कृषि-क्षेत्र के लिए कुल उपलब्ध विद्युत और उसकी खपत का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का देश में कृषि क्षेत्र के लिए विद्युत की उपलब्धता बढ़ाने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हे और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं; और

(घ) देश में कृषि क्षेत्र के लिए विद्युत की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अन्य क्या कदम उठाए जा रहे हैं अथवा उठाने का प्रस्ताव है?

विद्युत मंत्री (श्री सुशीलकुमार शिंदे) : (क) विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा क्षेत्र-वार विद्युत की निगरानी नहीं की जाती है। वर्ष 2009-10 के लिए (नवीनतम उपलब्ध) कृषि क्षेत्र में ऊर्जा की क्षेत्र-वार कुल उपलब्धता और खपत का ब्यौरा संलग्न विवरण-I में है। वर्ष 2011-12 के दौरान (फरवरी, 2012 तक) देश के विभिन्न राज्यों में कृषि क्षेत्र को औसत विद्युत आपूर्ति का घंटों में ब्यौरा संलग्न विवरण-II. में दिया गया है।

(ख) और (ग) विद्युत समवर्ती विषय होने के कारण कृषि सहित विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं को इसकी आपूर्ति का उत्तरदायित्व संबंधित राज्य सरकार/विद्युत यूटिलिटियों का होता है। भारत सरकार, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयू) के माध्यम से केंद्रीय क्षेत्र में विद्युत संयंत्रों की स्थापना द्वारा राज्य सरकार के प्रयासों की अनुपूर्ति करती है।

(घ) देश में, कृषि सहित विद्युत की मांग को पूरा करने के लिए विद्युत उत्पादन में सुधार करने हेतु सरकार द्वारा निम्नलिखित उपाय किए गए/किए जा रहे हैं:—

(i) उत्पादन क्षमता अभिवृद्धि पर बल देना। 10वीं योजना के दौरान 21,180 मेगावाट की क्षमता अभिवृद्धि की तुलना में 11वीं योजना में (25 मार्च, 2012 तक) 53,122 मेगावाट की क्षमता अभिवृद्धि प्राप्त की जा चुकी है।

(ii) चल रही उत्पादन परियोजनाओं की क्षमता अभिवृद्धि की गहन निगरानी।

(iii) मौजूदा उत्पादन क्षमता का इष्टतम उपयोग करने के लिए हाइड्रो, थर्मल, न्यूक्लीयर और गैस आधारित विद्युत स्टेशनों का समन्वित प्रचालन एवं रखरखाव।

(iv) घरेलू स्रोतों से कोयले की उपलब्धता में कमी को पूरा करने के लिए विद्युत यूटिलिटियों द्वारा कोयले के आयात पर बल।

(v) कैप्टिव विद्युत संयंत्रों से अधिशेष विद्युत का दोहन।

(vi) बड़े पैमाने पर आर्थिक लाभ लेने के लिए प्रत्येक 4000 मेगावाट की अल्ट्रा मेगा विद्युत परियोजनाओं का विकास।

(vii) पुरानी तथा अकुशल उत्पादन यूनिटों का नवीकरण, आधुनिकीकरण एवं जीवन विस्तार।

(viii) हानि को कम करने की दिशा में प्रमुख कदम के तौर पर उप-पारेषण एवं वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ करना।

विवरण-I

वर्ष 2009-10 में कृषि क्षेत्र में राज्य-वार कुल ऊर्जा उपलब्धता और उपभोग

(जीडब्ल्यूएच)

राज्य/यूटी	कुल ऊर्जा उपलब्धता	कृषि क्षेत्र में उपभोग
1	2	3
हरियाणा	32,023	9,190.03
हिमाचल प्रदेश	6,769	36.82

1	2	3
जम्मू और कश्मीर	9,933	204.88
पंजाब	39,408	10,469.31
राजस्थान	43,062	12,072.59
उत्तर प्रदेश	59,508	7,340.72
उत्तराखंड	8,338	298.1
चंडीगढ़	1,528	1.02
दिल्ली	24,094	39.67
गुजरात	67,220	12,813.8
मध्य प्रदेश	34,973	5,985.65
छत्तीसगढ़	10,739	1,751.6
महाराष्ट्र	101,512	13,264.22
गोवा	3,026	110.76
दमन और दीव	1,802	2.49
दादरा और नगर हवेली	3,853	3
आंध्र प्रदेश	73,765	18,825.02
कर्नाटक	42,041	12,384.77
केरल	17,196	266
तमिलनाडु	71,568	11,951
पुदुचेरी	1,975	73.8
लक्षद्वीप	24	0
बिहार	9,914	794.01
झारखंड	5,407	65.72
ओडिशा	20,955	149.57
पश्चिम बंगाल	32,819	1,322.97
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	180	0.74
सिक्किम	345	0
असम	4,688	32
मणिपुर	430	0.71
मेघालय	1,327	0.63
नागालैंड	466	0
त्रिपुरा	771	39.73
अरुणाचल प्रदेश	325	0
मिजोरम	288	0.5
कुल (अखिल भारत)	7,46,644	1,19,491.83

विवरण-II

अप्रैल, 2011 से फरवरी, 2012 तक कृषि क्षेत्र को विद्युत की आपूर्ति

राज्य/क्षेत्र	आपूर्ति के औसत घंटे
1	2
उत्तरी क्षेत्र	
चंडीगढ़	24 घंटे/दिन
दिल्ली	24 घंटे/दिन
हरियाणा	तीन फेज आपूर्ति : 5.55-14.20 घंटे/दिन
हिमाचल प्रदेश*	24 घंटे/दिन
जम्मू और कश्मीर	आंकड़े उपलब्ध नहीं

1	2
पंजाब	तीन फेज आपूर्ति : 4.54-10.71 घंटे/दिन
राजस्थान	तीन फेज आपूर्ति : 4.00-6.45 घंटे/दिन
उत्तर प्रदेश	3.07-13.32 घंटे/दिन
उत्तराखंड	18.52-23.43 घंटे/दिन
पश्चिमी क्षेत्र	
छत्तीसगढ़	तीन फेज आपूर्ति : 18 घंटे/दिन
गुजरात	कृषि को दिन और रात में बारी-बारी से अलग-अलग समय पर केवल 8-10 घंटे की विद्युत आपूर्ति की जा रही है। शेष 14-16 घंटों के दौरान कभी आपूर्ति नहीं की जाती है।
मध्य प्रदेश	तीन फेज आपूर्ति : 10.11-20.47 घंटे/दिन
महाराष्ट्र	तीन फेज आपूर्ति : 8-16 घंटे/दिन एकल फेज आपूर्ति : 16-18 घंटे/दिन
गोवा	कोई पाबंदी नहीं
दक्षिणी क्षेत्र	
आंध्र प्रदेश	तीन फेज आपूर्ति : 07 घंटे/दिन
कर्नाटक	तीन फेज/एकल फेज आपूर्ति : 6 घंटे/दिन
केरल	कोई पाबंदी नहीं
तमिलनाडु	तीन फेज आपूर्ति : 9 घंटे/दिन एकल फेज आपूर्ति : 15 घंटे/दिन
पुदुचेरी	कोई पाबंदी नहीं
पूर्वी क्षेत्र	
बिहार	लगभग 18 घंटे
झारखंड	लगभग 20 घंटे
ओडिशा	24 घंटे
पश्चिम बंगाल	लगभग 23 घंटे

विद्युत क्षेत्र में समस्याएं

2 ५५ - ५६

***258. श्री प्रताप सिंह बाजवा :**
श्री के. सुगुमार :

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विद्युत क्षेत्र ईंधन कमी, विभिन्न स्वीकृतियां प्राप्त करने में विलंब, अनुचित शुल्क (डिस्टोरटिड टैरिफ), धन की कमी आदि समस्याओं का सामना कर रहा है जो इस क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इन मुद्दों का समाधान करने के लिए उठाए जा रहे अथवा उठाए जाने वाले कदमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या विद्युत क्षेत्र द्वारा सामना की जा रही अत्यधिक समस्याओं की ओर ध्यान देने के लिए किसी समिति का गठन किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

विद्युत मंत्री (श्री सुशीलकुमार शिंदे) : (क) और (ख) विद्युत क्षेत्र की मुख्य चिंताओं में से कुछ चिंताएं हैं– ईंधन की अपर्याप्त उपलब्धता, पर्यावरणीय एवं वन स्वीकृति में देरी, राज्य डिस्कॉम्स की वित्तीय स्थिति, अनुपयुक्त टैरिफ ढांचा तथा विद्युत प्राप्ति की बढ़ती लागत।

संबंधित राज्य विभागों के साथ पर्यावरण और वन मंत्रालय, अध्ययन के साथ-साथ रिपोर्टों का मूल्यांकन करने तथा वन एवं पर्यावरण स्वीकृति प्रदान करने में समय लेते हैं। डिस्कॉमों द्वारा नियमित रूप से एआरआर फाइल न करना तथा उपयुक्त आयोग

द्वारा विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत टैरिफ याचिकाओं पर निर्णय न लिए जाने से विद्युत वितरण क्षेत्र पर प्रभाव पड़ रहा है।

(ग) से (ङ) ईंधन उपलब्धता संबंधी मुद्दों का समाधान कोयला मंत्रालय द्वारा अपनी कोयला उत्पादन कंपनियों के साथ-साथ संबद्ध परियोजना विकासकर्ताओं के परामर्श से तथा विद्युत मंत्रालय सहित संबंधित मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। कोयला खनन तथा अन्य विकास परियोजनाओं से संबंधित पर्यावरणीय एवं विकासपरक मुद्दों पर विचार करने के लिए मंत्रियों का एक समूह गठित किया गया है। इन मुद्दों पर विचार-विमर्श करने तथा समाधान करने के लिए प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव को अध्यक्षता में सचिवों की एक समिति गठित की गई है।

राज्य डिस्कॉम्स को वित्तीय स्थिति से संबंधित चिंताओं का समाधान करने के संबंध में जुलाई, 2011 में विद्युत मंत्रियों का एक सम्मेलन आयोजित किया गया था जिसमें राज्य डिस्कॉम्स की वित्तीय व्यवहार्यता पर चर्चा की गई थी तथा राज्यों से इन मुद्दों का समाधान करने के लिए हरसंभव प्रयास करने हेतु अनुरोध किया गया था। राज्य विद्युत यूटिलिटियों की वित्तीय स्थिति पर प्रभाव डालने वाले मुद्दों पर विचार करने के लिए सदस्य (ऊर्जा), योजना आयोग श्री बी.के. चतुर्वेदी की अध्यक्षता में वितरण यूटिलिटियों की वित्तीय स्थिति में सुधार लाने के लिए उपाय सुझाने के वास्ते एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया है।

टैरिफ मुद्दों के संबंध में, विद्युत अपीलीय अधिकरण (एपटेल) ने दिनांक 8 नवम्बर, 2011 के अपने निर्णय के माध्यम से वार्षिक आधार पर टैरिफ निर्धारण हेतु राज्य विद्युत विनियामक आयोग को निदेश जारी किया है तथा यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि टैरिफ वित्तीय वर्ष शुरू होने के पहले निर्धारित कर लिए जाएं। प्रस्तुत करने की निर्धारित तिथि के बाद एआरआर फाइलिंग में देरी होने के मामले में अपनी ओर से कार्रवाई शुरू करने हेतु निर्देश भी जारी किए गए हैं। विनियामकों के फोरम तथा सीईआरसी ने मॉडल टैरिफ दिशा-निर्देश कार्यान्वित करने हेतु समाधान निकाल लिया है जिसने टैरिफ के युक्तिकरण के मुद्दे का समाधान कर दिया है। विनियामकों के फोरम ने मॉडल टैरिफ दिशा निर्देश एसईआरसी को अमल में लाने हेतु परिचालित कर दिया है।

राज्य विद्युत बोर्डों की समस्याओं की जांच करने तथा प्रणाली सुधार उपायों की सिफारिश करने के लिए भारत के पूर्व नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक श्री वी.के. शुंगलू की अध्यक्षता में योजना आयोग द्वारा 'वितरण यूटिलिटियों की वित्तीय स्थिति' पर एक उच्चस्तरीय पैनल का गठन किया गया था। पैनल ने अपनी रिपोर्ट योजना आयोग को प्रस्तुत कर दी है।

246-47

खनन परियोजनाओं संबंधी पुनर्व्यवस्थापन और पुनर्वास नीति

***259. श्री मनसुखभाई डी. वसावा :**
श्री एस. अलागिरी :

क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खनन परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण के कारण जनजातीय सहित विस्थापित व्यक्तियों के लिए क्रियान्वयनाधीन पुनर्व्यवस्थापन और पुनर्वास नीति की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ख) क्या खनन कंपनियों द्वारा अनियमितताओं, भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और इन प्रावधानों के उल्लंघन के मामलों का पता चला है;

(ग) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान राज्य-वार अनियमितताओं और पता लगे/ध्यान में आए अन्य मामलों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई/किए जाने का प्रस्ताव है?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दिनशा पटेल) : (क) राष्ट्रीय पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति, 2007 तैयार की गई है जिसका उद्देश्य लागतों के परिणामन तथा व्यापक स्तर पर समाज को प्राप्त होने वाले लाभों और प्रभावित परिवारों पर प्रतिकूल आर्थिक, पर्यावरणीय, सामाजिक तथा सांस्कृतिक प्रभावों के सहभागितापूर्ण तथा पारदर्शी ढंग से मूल्यांकन के पश्चात् प्रत्येक परियोजना की वांछनीयता तथा न्यायसंगता के आकलन के जरिए अस्वैच्छिक विस्थापन की समस्याओं का समाधान करता है। यह नीति शासकीय राजपत्र में अधिसूचित कर दी गई है और दिनांक 31 अक्तूबर, 2007 से प्रभावी है। इसी नीति के आधार पर राज्य सरकारों ने अपनी पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीतियों को तैयार कर पुनर्निर्माण एवं पुनर्वास उपायों को क्रियान्वित किया है।

(ख) से (ग) अनियमितताओं, भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन तथा खनन कंपनियों द्वारा इन प्रावधानों के उल्लंघन की घटनाओं का केन्द्रीय स्तर पर कोई लेखा-जोखा नहीं रखा जाता है।

(घ) उपरोक्त के आलोक में प्रश्न नहीं उठता।

पंचायत घर 247-54

*260. श्री संजय निरूपम :
श्री देवजी एम. पटेल :

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंचायत घरों के निर्माण/उन्नयन सहित पंचायत बुनियादी ढांचे में सुधार करने के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों के प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना (आरजीएसवाई) और अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति क्या है;

(ख) इस संबंध में राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अब तक निर्मित पंचायत घरों की संख्या सहित गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इसके अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कितनी धनराशि आवंटित/जारी की गई और उनके द्वारा कितनी धनराशि का व्यय/उपयोग किए जाने का पता चला है;

(ग) क्या सरकार ने विभिन्न योजनाओं विशेषरूप से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना का मध्यावधि मूल्यांकन किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और मूल्यांकन रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष और सिफारिशें क्या हैं तथा रिपोर्ट पर राज्य सरकारों द्वारा क्या अनुवर्ती कार्रवाई की गई है; और

(ङ) सरकार का राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के अंतर्गत धनराशि के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करने के साथ-साथ पंचायती राज संस्थाओं के कार्यकरण की आवधिक समीक्षा करने के लिए क्या तंत्र है?

जनजातीय कार्य मंत्री तथा पंचायती राज मंत्री (श्री वी. किशोर चन्द्र देव) : (क) और (ख) पंचायत घरों के निर्माण/उन्नयन सहित पंचायत बुनियादी ढांचे में सुधार करने के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों के प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना (आरजीएसवाई) के अंतर्गत पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (बीआरजीएफ) में नहीं शामिल किए गए जिलों के लिए वित्तीय सहायता पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) द्वारा उपलब्ध करायी जाती है। स्थानीय अवसंरचना के महत्वपूर्ण अंतरालों को पाटने एवं अन्य विकास आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु बीआरजीएफ के अंतर्गत अभिचिह्नित 250 जिले में राज्यों के माध्यम से पंचायतों को अबद्ध अनुदान के रूप में भी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। बीआरजीएफ के अंतर्गत ग्राम पंचायत घरों का निर्माण उचित गतिविधि है। इसके अतिरिक्त ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) द्वारा कार्यान्वित की जा रही महात्मा गांधी राष्ट्रीय गारंटी स्कीम (एमजीएनआरईजीएस) की योजना के तहत भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र (बीएनआरजीएसके) को ग्रामीण ज्ञान संसाधन केन्द्र के तौर पर तथा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत भवन निर्मित करना एक उचित गतिविधि है।

अलग-अलग स्कीमों के प्रावधानों के अनुसार प्राप्त प्रस्ताव का परीक्षण करने के उपरांत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। विगत तीन वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान आरजीएसवाई के तहत पंचायत घरों के निर्माण हेतु जारी की गई राशि, सूचित उपयोग एवं संस्वीकृत पंचायत घरों की संख्या संलग्न विवरण-I में दी गई है। एमजीएनआरईजीएस की स्कीम के तहत निर्मित किए गए बीएनआरजीएसके का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

(ग) और (घ) आरजीएसवाई स्कीम का मध्यावधि मूल्यांकन वर्ष 2010 में कराया गया। मूल्यांकन रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष एवं सिफारिशों में क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण, प्रशिक्षण के तौर-तरीके, प्रशिक्षण आवश्यकता मूल्यांकन इत्यादि के आउटरीच पर ध्यान दिया गया है। इस रिपोर्ट पर राज्यों के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया गया है।

(ङ) पंचायती राज मंत्रालय पंचायती राज संस्थाओं की स्थिति की समीक्षा पंचायती राज की स्थिति रिपोर्ट (एसओपीआर) समेत विभिन्न तरीकों से करता है। आरजीएसवाई निधियों का इष्टतम उपयोग प्रस्तावों एवं समीक्षाओं की संवीक्षा द्वारा सुनिश्चित किया जाता है।

विवरण-I

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना (अवसंरचना विकास) के अंतर्गत विगत तीन वर्षों के दौरान निर्मुक्त निधियों एवं राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपयोग में लाई गई निधियां

(दिनांक 25.03.2012 की स्थिति के अनुसार)

क्र. सं.	अनुमोदन वर्ष	राज्य	अनुमोदित अवसंरचना	इकाइयों की संख्या	निर्मुक्त निधि (करोड़ रु.)	प्रयुक्त राशि (करोड़ रु.)
1.	2008.09	हिमाचल प्रदेश	ग्राम पंचायत संसाधन केंद्र	150	3.82	3.82
2.	2009.10	हिमाचल प्रदेश	ग्राम पंचायत संसाधन केंद्र	150	3.82	3.82
3.		मणिपुर	ग्राम पंचायत घर	82	0.94	0.94
4.		राजस्थान	ग्राम पंचायत घर	180	3.00	3.00
5.		कर्नाटक	ग्राम पंचायत घर	40	1.00	1.00
6.	2010.11	छत्तीसगढ़	ग्राम पंचायत घर	290	6.00	6.00
7.		कर्नाटक	ग्राम पंचायत घर	110	6.50	2.75
8.	2011.12	उत्तर प्रदेश	ग्राम पंचायत घर	162	6.08	शेष नहीं
9.		पंजाब	ग्राम पंचायत घर	267	7.75	शेष नहीं
10.		छत्तीसगढ़	ग्राम पंचायत घर	290	6.00	शेष नहीं
	कुल योग			1721	44.91	21.33

नोट: आरजीएसवाई मांग प्रेरित प्रकृति की है एवं किसी भी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र हेतु कोई अपफ्रंट हकदारी/आवंटन अधिसूचित नहीं की गई है।

विवरण-II

अब तक एमजीएनआरईजीएस की स्कीम के अंतर्गत राज्य-वार निर्मित बीएनआरजीएसके

राज्य का नाम	राजीव गांधी सेवा केन्द्र			
	वित्तीय वर्ष 2010-11		वित्तीय वर्ष 2011-12 दिनांक 16.03.2012 तक	
	लिए गए	पूर्ण	लिए गए	पूर्ण
1	2	3	4	5
आंध्र प्रदेश	735	29	3221	0

1	2	3	4	5
अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	0
असम	66	24	116	9
बिहार	0	0	93	0
छत्तीसगढ़	225	1	557	2
गुजरात	543	0	1448	17
हरियाणा	495	40	695	22
हिमाचल प्रदेश	38	0	31	0
जम्मू और कश्मीर	9	0	1	0
झारखंड	1285	4	1440	5
कर्नाटक	1133	12	1521	20
केरल	1	1	0	0
मध्य प्रदेश	0	0	0	0
महाराष्ट्र	16	0	143	0
मणिपुर	28	28	37	0
मेघालय	243	28	256	5
मिजोरम	146	144	117	9
नागालैंड	0	0	0	0
ओडिशा	5823	536	5701	1254
पंजाब	137	5	371	9
राजस्थान	5045	406	9146	3575
सिक्किम	1	0	1	1
तमिलनाडु	0	0	0	0
त्रिपुरा	81	64	97	8

1	2	3	4	5
उत्तर प्रदेश	370	5	327	20
उत्तराखंड	72	6	32	1
पश्चिम बंगाल	444	390	179	23
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	0	1	0
दादरा और नगर हवेली	0	0	0	0
दमन और दीव	0	0	0	0
गोवा	0	0	0	0
लक्षद्वीप	0	0	0	0
पुदुचेरी	0	0	0	0
चंडीगढ़	0	0	0	0
कुल	16936	1723	25531	4980

नोट: स्कीम की शुरुआत वर्ष 2010-11 में की गई। ग्राम पंचायत घर के लिए इकाई लागत 10 लाख रुपए है।

[हिन्दी]

पंचायतों के माध्यम से केंद्र प्रायोजित योजनाओं का कार्यान्वयन

2761. **श्री नरेन्द्र सिंह तोमर :**
श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला :
श्री सैयद शाहनवाज हुसैन :

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्र प्रायोजित योजनाएं जो पंचायतों के माध्यम से कार्यान्वित की जाती हैं, में राज्य सरकारों की क्या भूमिका निर्धारित की गई है;

(ख) मध्य प्रदेश में कार्यान्वित की जा रही केंद्र प्रायोजित योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) मध्य प्रदेश में किन-किन क्षेत्रों/जिलों में ये योजनाएं कार्यान्वयनाधीन हैं?

जनजातीय कार्य मंत्री तथा पंचायती राज मंत्री (श्री वी. किशोर चंद्र देव) : (क) से (ग) पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधियां (बीआरजीएफ) कार्यान्वित करता है, जो कि एक अतिरिक्त केंद्रीय सहायता है। बीआरजीएफ के अंतर्गत, स्थानीय अवसंरचना में महत्वपूर्ण अंतरालों को पाटने और अन्य विकास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राज्य सरकारों के माध्यम से पंचायतों और नगरपालिकाओं को अबद्ध निधियां प्रदान की जाती हैं। बीआरजीएफ का उद्देश्य पंचायतों और नगरपालिका स्तरीय शासन को सुदृढ़ करना है और पंचायतों को सौंपे गए महत्वपूर्ण कार्यों के निष्पादन एवं सुपुर्दगी में सुधार करना है। बीआरजीएफ के अंतर्गत मध्य प्रदेश को निर्मुक्त निधियों का जिला-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त स्कीमों के विभिन्न लक्ष्यों और उद्देश्यों की

प्राप्ति के लिए विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालय विभिन्न केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों का संचालन करते हैं। प्रत्येक सीएसएस के अपने मार्गनिदेश और मापदंड हैं और भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में कार्यान्वित की जाती हैं। इन स्कीमों के बारे में विशेषतौर से समग्र समन्वयन और पर्यवेक्षण संबंधी बहुत सी भूमिकाएं राज्य सरकारें निभाती हैं।

विवरण

मध्य प्रदेश को बीआरजीएफ के विकास अनुदान घटक के तहत जारी जिला-वार निधियां
(दिनांक 27.3.2012 की स्थिति के अनुसार)

(करोड़ रु.)

क्र. सं.	जिले	ए.ई.* 2008-09	निर्मुक्ति 2008-09	ए.ई.* 2009-10	निर्मुक्ति 2009-10	ए.ई.* 2010-11	निर्मुक्ति 2010-11	ए.ई.* 2011-12	निर्मुक्ति 2011-12
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	बालाघाट	19.62	14.12	19.62	13.24	19.62	19.62	21.56	21.56
2.	बरवानी	16.10	13.44	16.10	11.90	16.10	20.30	17.34	17.34
3.	बैतूल	19.93	13.91	19.93	14.20	19.93	25.66	21.94	21.94
4.	छत्तरपुर	19.18	13.85	19.18	11.76	19.18	19.18	21.04	21.04
5.	दामोह	17.37	12.66	17.37	12.53	17.37	17.37	18.86	18.86
6.	धार	19.42	13.47	19.42	11.37	19.42	27.47	21.33	11.86
7.	डिंडोरी	16.38	11.17	16.38	10.52	16.38	16.38	17.67	17.67
8.	गुना/अशोकनगर	18.06	12.59	18.06	13.82	18.06	18.06	19.69	19.69
9.	झबुआ	17.72	11.72	17.72	9.64	17.72	25.80	19.28	8.87
10.	कांटी	15.81	10.89	15.81	11.79	15.81	19.83	16.99	8.52
11.	खंडवा/बुरहानपुर	18.90	14.79	18.90	12.62	18.90	25.18	20.70	1.14
12.	खारगोन	18.86	13.29	18.86	18.86	18.86	18.86	20.66	20.66
13.	मांडला	15.89	12.36	15.89	12.79	15.89	18.99	17.08	17.08
14.	पन्ना	16.73	12.45	16.73	12.40	16.73	21.06	18.08	18.08
15.	राजगढ़	16.98	12.72	16.98	11.92	16.98	22.04	18.39	18.39

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
16.	रीवा	18.72	13.14	18.72	13.90	18.72	23.54	20.48	4.68
17.	सतना	19.27	13.42	19.27	14.65	19.27	23.89	21.15	3.70
18.	सिनोई	18.54	12.48	18.54	12.27	18.54	18.54	20.26	20.26
19.	शहडोल/अन्नुपुर	17.33	13.90	17.33	11.81	17.33	22.85	18.81	18.81
20.	शिवपुर	15.77	0.00	15.77	11.37	15.77	20.17	16.93	5.67
21.	शिवपुरी	20.20	15.45	20.20	14.84	20.20	25.56	22.26	13.87
22.	सिद्धि	21.22	17.84	21.22	16.09	21.22	26.35	23.49	23.49
23.	टिकमगढ़	16.11	10.99	16.11	12.84	16.11	19.38	17.35	17.35
24.	उमरिया	14.29	9.79	14.29	12.86	14.29	15.72	15.16	15.16
	कुल योग	428.4	300.44	428.4	309.99	428.4	511.8	466.5	365.69

*ए.ई.: वार्षिक हकदारी।

[अनुवाद]

वस्तु कारोबार कर

2762. श्री राजय्या सिरिसिल्ला : क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वस्त्र मंत्रालय वस्तु कारोबार कर के पक्ष में है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) आंध्र प्रदेश सहित इस संबंध में प्रत्येक राज्य और संबंधित उद्योग का क्या विचार है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम): (क) वस्त्र मंत्रालय ने इस संबंध में कोई विचार व्यक्त नहीं किया है।

(ख) से (घ) उपर्युक्त के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

एल्युमिनियम उद्योग की स्थापना

2763. श्री मुरारी लाल सिंह : क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या छत्तीसगढ़ राज्य के सरगुजा जिले के कुसामी, सामरी, मेटपेट क्षेत्रों में बॉक्साइट प्रचुर मात्रा में मौजूद है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार के पास इस क्षेत्र में एल्युमिनियम उद्योग की स्थापना करने की कोई योजना है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(च) क्या उद्योग की स्थापना से इस क्षेत्र में रोजगार के सृजन में मदद मिलेगी; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दिनशा पटेल) : (क) और (ख) भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) से प्राप्त सूचना के अनुसार छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में बॉक्साइट के कुल 22.43 मिलियन टन भंडारों का आकलन किया गया है जिसमें 12.87 मिलियन टन मैनपत में और 7.42 मिलियन टन जमीरापत में है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) 25 वर्षों के आर्थिक प्रचालनों को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष 1 मिलियन टन की व्यवहार्य क्षमता की एल्युमिना रिफाइनरी के लिए लगभग 75 मिलियन टन बॉक्साइट भंडारों की आवश्यकता होगी। उपलब्ध सूचनाओं के अनुसार सरगुजा जिले में उपलब्ध अधिकतर बॉक्साइट भंडारों को पहले ही पट्टे पर दे दिया गया है। शेष बचे हुए भंडार एल्युमिना रिफाइनरी स्थापित करने के लिए व्यवहार्य नहीं हैं।

(च) और (छ) प्रश्न नहीं उठता। 259-61

निर्यात को बढ़ावा देने हेतु छूट

2764. श्री अंजनकुमार एम. यादव :
राजकुमारी रत्ना सिंह :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कर में छूट देने का कोई प्रावधान किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान कितने मूल्य की छूट दी गई तथा निर्यात में वृद्धि करने में उक्त छूट की कितनी भूमिका रही; और

(घ) उक्त छूट का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए क्या निगरानी प्रणाली मौजूद है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) और (ख) जहां तक प्रत्यक्ष करों का संबंध है, आयकर अधिनियम, 1961 के निम्न प्रावधान निर्यातों के संवर्धन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करते हैं:—

(i) अधिनियम की धारा 10क क जिसमें प्रथम पांच लगातार कर निर्धारण वर्षों के लिए सेवाओं से या वस्तुओं या चीजों के निर्यात से एक विशेष आर्थिक क्षेत्र में स्थित यूनिट द्वारा व्युत्पन्न लाभ और अभिलाभों से शत-प्रतिशत (कुल आय से) कटौती, अगले पांच कर निर्धारण वर्षों के लिए ऐसे लाभ और अभिलाभों से पचास प्रतिशत और इसके बाद अगले पांच कर निर्धारण वर्षों के लिए निर्धारती के कारोबार के प्रयोजन के लिए सृजित और प्रयुक्त "विशेष आर्थिक क्षेत्र पुनर्निवेश आरक्षित खाता" में जमा लाभ के पचास प्रतिशत कटौती का प्रावधान है।

(ii) अधिनियम की धारा-झ क ख जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा (1 अप्रैल, 2005 को या इसके बाद अधिसूचित) विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) अधिसूचित किया गया है उस वर्ष से प्रारंभ होने वाले पंद्रह वर्षों में से किसी दस लगातार कर निर्धारण वर्षों के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) के विकास के कारोबार से किसी उपक्रम को प्राप्त लाभ एवं अभिलाभ में शत-प्रतिशत (कुल आय से) कटौती का प्रावधान है।

(iii) धारा 80ठ क में विशेष आर्थिक क्षेत्र से संबंधित आय की कटौती का प्रावधान है जोकि अनुसूचित बैंक या भारत के बाहर देश की विधि के तहत निगमित कोई बैंक और विशेष आर्थिक क्षेत्र में अपतटीय बैंकिंग यूनिट हो, या अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र की यूनिट हो, जोकि पहले पांच लगातार निर्धारण वर्षों के लिए शत-प्रतिशत हो और अगले पांच आकलन वर्षों के लिए पचास प्रतिशत हो।

(ग) कर रियायतों/कटौतियों के कारण राजकोष लागत या कर व्यय को राजस्व परित्याग विवरण के रूप में रखा जाता है जो वार्षिक बजट के भाग के रूप में प्राप्ति बजट में रिपोर्ट किया जाता है। गत तीन वर्षों के दौरान निर्यातों के प्रोत्साहन के लिए प्रत्यक्ष कर रियायतें/प्रोत्साहन के कारण परित्याग राजस्व का अनुमान निम्न है:—

वित्तीय वर्ष 2010-11	:	20433 करोड़ रुपए
वित्तीय वर्ष 2009-10	:	18723 करोड़ रुपए
वित्त वर्ष 2008-09	:	24221 करोड़ रुपए

(घ) आयकर अधिनियम में कर निर्धारिती द्वारा दावा किए प्रत्यक्ष

कर प्रोत्साहन/कटौतियों को मॉनीटर करने के उद्देश्यों के लिए विभिन्न नियंत्रण व संतुलन का भी प्रावधान है। इसमें संवीक्षा, सर्वेक्षण, तलाशी और अधिग्रहण, अर्थदंड शास्ति, परिसम्पत्तियों की कुर्की, अभियोजन इत्यादि शामिल हैं।

अप्रत्यक्ष करों के संबंध में सूचना एकत्र की जा रही है और सदन पटल पर रख दी जाएगी।

[अनुवाद]

261-12

बेघर बच्चे

2765. श्री हमदुल्लाह सईद : क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि देश में हजारों बच्चों जिनमें से पांचवां हिस्सा लड़कियों का है, राजधानी और अन्य महत्वपूर्ण महानगरों में अपनी रात गलियों में गुजारते हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कारण क्या हैं;

(ग) क्या इनमें से अधिकांश बच्चे समाज के वंचित वर्गों जैसे दलित, जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों से हैं और वे नशे के आदी हो गए हैं और विभिन्न समाज-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ङ) उनके पुनर्वास के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ) : (क) और (ख) बेघर बच्चों की संख्या के बारे में वास्तविक आंकड़े महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के पास उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि उनकी संख्या घटते बढ़ते रहती है। तथापि, वर्ष 2010 में मानव विकास और बालक बचाओ संस्थान द्वारा दिल्ली में करायी गई बेघर बच्चों की जनगणना के अनुसार दिल्ली में 50,923 बेघर बच्चे हैं, उनमें से 20% बालिकाएं हैं। देश के किसी अन्य मैट्रो शहर में ऐसी जनगणना नहीं की गई है। बच्चों के गलियों में रहने के अनेक सामाजिक आर्थिक कारण हैं जैसाकि गरीबी, परिवारों का प्रवास, परिवारों का बेघर रहना, स्लम बस्तियों का विनाश आदि।

(ग) से (ङ) उपर्युक्त अध्याय में बेघर बच्चों के सामाजिक वर्ग के विषलेशण दर्शाता है कि 38.8% बेघर बच्चे अन्य पिछड़ी जातियों, 36% दलित और 16% जनजाति श्रेणी के हैं। अध्ययन से यह भी पता चलता है कि कुछ बच्चों को नशीले पदार्थों और अन्य व्यसन जैसाकि तम्बाकू और पान मसाला का उपयोग करते पाया गया। तथापि, इस अध्ययन से इन बच्चों का समाज विरोधी क्रियाकलापों में शामिल होने का पता नहीं चलता है।

बेघर बच्चों के पुनर्वास और उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने में सहायता करने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ राज्य सरकारों/ संघ राज्य प्रशासनों को ऐसे बच्चों के लिए शहरी और अर्धशहरी क्षेत्रों में मुक्त आश्रय खोलने के लिए केन्द्रीय प्रायोजित समेकित बाल संरक्षण स्कीम के अंतर्गत वित्तीय सहायता दी जाती है।

इन मुक्त आश्रय के कार्यक्रमों और क्रियाकलापों में अन्य बातों के अलावा आयु के अनुकूल शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण सुलभता, मनोरंजन, सेतु शिक्षा, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय के कार्यक्रम से जोड़ना, स्वास्थ्य देखरेख, परामर्श, नशीली दवाओं और पदार्थों का दुरुपयोग जैसे के निवारण के लिए विशेषीकृत सेवा हेतु रेफरल सेवा शामिल है।

262-13

बेनामी सम्पत्ति

2766. डॉ. निलेश नारायण राणे : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास देश में बेनामी संपत्तियों के मामलों से संबंधित आंकड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार विस्तृत सूची क्या है; और

(ग) इस पर क्या कार्रवाई की गई है या किए जाने का प्रस्ताव है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) जी, नहीं। ऐसा कोई डाटा अनुरक्षित नहीं किया जाता क्योंकि बेनामी सौदा (निषेध) अधिनियम, 1988 के तहत सक्षम नियमावली को कानूनी कमजोरियों के कारण अधिसूचित नहीं किया जा सका।

अब, वर्ष 2011 के विधेयक संख्या 56 के तहत "बेनामी सौदे (निषेध) विधेयक, 2011" शीर्षक से दिनांक 18.8.2011 को संसद (लोक सभा) में एक विस्तृत विधान लागू किया गया है।

(ख) उपर्युक्त (क) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(ग) उपर्युक्त (क) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

जनसंख्या वृद्धि 263-74

2767. श्री एम. श्रीनिवासुलु रेड्डी : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में देश की जनसंख्या में हुई वृद्धि का राज्य-वार/संघराज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार ने उक्त बैंकों के कार्यकरण की समीक्षा की है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उक्त बैंकों द्वारा ग्रामीणों को दिए गए ऋणों में वृद्धि हुई है;

(ङ) यदि हां, तो छत्तीसगढ़ सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा इन बैंकों को सुदृढ़ करने तथा उनका आधुनिकीकरण करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) वर्तमान में 82 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) देश में कार्यरत हैं। छत्तीसगढ़ सहित आरआरबी की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ख) और (ग) सरकार सतत आधार पर आरआरबी के कार्यनिष्पादन की समीक्षा करता है। जोखिम भारित परिसंपत्ति की तुलना में पूंजी का अनुपात (सीआरएआर) के संबंध में सरकार द्वारा डॉ. के.सी. चक्रवर्ती की अध्यक्षता में गठित समिति ने आरआरबी के कार्यनिष्पादन और वित्तीय स्थिति की समीक्षा की। आरआरबी की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करने के पश्चात् समिति ने, अन्य बातों के साथ-साथ, 40 आरआरबी के सीआरएआर में सुधार लाने के लिए उनके पुनर्पूंजीकरण की सिफारिश की है।

भारत सरकार ने वर्ष 2010-11 और 2011-12 के दौरान 21 आरआरबी को अपने हिस्से के रूप में 468.92 करोड़ रुपए जारी किए हैं।

(घ) और (ङ) वर्ष 2008-09, 2009-10 और 2010-11 के दौरान आरआरबी द्वारा संवितरित ऋणों का राज्य-वार ब्यौरा उपर्युक्त भाग (क) में उल्लिखित विवरण में दिया गया है। आरआरबी द्वारा संवितरित ऋण वर्ष 2008-09 के 43,367 करोड़ रुपए से बढ़कर वर्ष 2010-11 में 71,724 करोड़ रुपए हो गए हैं, जो तीन वर्ष की अवधि में 65% की वृद्धि दर्शाता है।

(च) आरआरबी का आधुनिकीकरण करने और इनमें प्रौद्योगिकी उन्नयन को सशक्त करने के लिए, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:—

- प्रौद्योगिकी उन्नयन पर जोर देने के परिणामस्वरूप 80 आरआरबी में मूल बैंकिंग समाधान (सीबीएस) प्रणाली शुरू हो गई है। ये आरआरबी राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण प्रणाली से भी जुड़ गए हैं जिससे इनके ग्राहकों के लिए किसी अन्य बैंक में धन का प्रेषण सुगम हो गया है। इससे आरआरबी को कम परिचालन लागत और तेज ग्राहक सेवा, सभी उत्पादों एवं सेवाओं का एकीकरण, बेहतर जोखिम प्रबंधन, कम परिचालन जोखिम, तत्काल अंतरण प्रसंस्करण और परिचालन बढ़ाने इत्यादि का लाभ प्राप्त होगा।

- प्रायोजक बैंकों को आरआरबी के परिचालन को अपने बैंकों के परिचालन से एकीकृत करने और उनके द्वारा प्रायोजित आरआरबी में मानव संसाधन विकास के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की सलाह दी गई है।

- आरआरबी प्रबंधन को सशक्त करने के उद्देश्य से प्रायोजक बैंकों को व्यावसायिक प्रवीणता, सम्मति और ग्रामीण बैंकिंग में अधिकारी के अनुभव के आधार पर आरआरबी अध्यक्ष के चयन के लिए आदर्श दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

विवरण

2008-09, 2009-10 और 2010-11 के दौरान आरआरबी की संख्या और उनके द्वारा संवितरित ऋण का राज्य-वार ब्यौरा

(लाख रुपए)

क्र. सं.	राज्य का नाम	आरआरबी की संख्या	आरआरबी द्वारा संवितरित ऋण		
			2008-09	2009-10	2010-11
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	5	615361.89	727679.74	1058128.74
2.	अरुणाचल प्रदेश	1	1691.49	2607.94	1788.84
3.	असम	2	45928.30	52971.35	81495.06
4.	बिहार	4	202894.01	268860.98	474268.83
5.	छत्तीसगढ़	3	53273.97	67184.39	73459.71
6.	गुजरात	3	108390.37	127552.92	153915.23
7.	हरियाणा	2	228317.00	439298.17	521657.48
8.	हिमाचल प्रदेश	2	29598.76	33382.57	41716.55
9.	जम्मू और कश्मीर	2	19566.88	30120.48	33328.88
10.	झारखंड	2	49697.14	54163.71	58942.54
11.	कर्नाटक	6	466333.06	572405.92	676483.31
12.	केरल	2	389907.83	515855.82	615062.36
13.	मध्य प्रदेश	8	246243.11	295364.95	358585.09
14.	महाराष्ट्र	3	72413.38	125445.63	141734.90
15.	मणिपुर	1	332.85	580.84	717.67
16.	मेघालय	1	6931.40	9177.42	12248.75
17.	मिजोरम	1	7908.21	10312.91	16016.39
18.	नागालैंड	1	292.64	359.09	537.98

1	2	3	4	5	6
19.	ओडिशा	5	141722.09	185726.94	208447.00
20.	पुदुचेरी	1	482.25	5780.00	12725.00
21.	पंजाब	3	144060.49	190558.11	282700.55
22.	राजस्थान	6	308852.76	393397.83	512730.55
23.	तमिलनाडु	2	244247.93	330485.56	446658.76
24.	त्रिपुरा	1	24817.53	27141.60	35740.22
25.	उत्तर प्रदेश	10	742275.03	891744.80	1018609.52
26.	उत्तराखंड	2	37193.19	39284.32	34588.00
27.	पश्चिम बंगाल	3	147979.00	210480.00	300130.85
	कुल	82	4336712.56	5607923.99	7172418.76

स्रोत: नाबार्ड।

[अनुवाद]

बच्चों के पेट में कृमि समाप्त करने का अभियान

2781. श्री सी.एम. चांग : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विभिन्न राज्यों में विशेषरूप से बच्चों में बड़े पैमाने पर पेट के कृमि को समाप्त करने के संबंध में कोई कार्यक्रम तैयार किया है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इसके परिणामस्वरूप क्या सफलता प्राप्त हुई?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) और (ख) जी, हां।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम में 6 से 18 वर्ष की आयु के स्कूल जाने वाले बच्चों को द्विवार्षिक कृमिरोधक को प्रोत्साहन दिया जाता है। कृमि रोधक गोलियां दिए गए बच्चों की राज्य-वार संख्या का ब्यौरा केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखा जाता है।

(ग) कृमि रोधक प्रभाव का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन नहीं किया जा सकता है क्योंकि नेमी कृमिरोध का रक्ताल्पता तथा कुपोषण में कमी लाने के लिए चल रहे कार्यक्रम संबंधी कार्यकलापों पर मामूली योगात्मक प्रभाव पड़ने की जानकारी मिलती है।

कैंसर संस्थान/केन्द्र

2782. श्री जयराम पांगी : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की कैंसर रोगियों पर उपचार करने तथा जिला स्तरीय कैंसर दलों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय कैंसर संस्थानों तथा जिला कैंसर केंद्रों की स्थापना करने की राष्ट्रीय नीति है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) अब तक खोले गये राष्ट्रीय कैंसर संस्थानों पर जिला कैंसर केन्द्रों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का ओडिशा सहित देशभर में और अधिक राष्ट्रीय कैंसर संस्थान तथा जिला कैंसर केन्द्र खोलने का प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) से (ङ) स्वास्थ्य राज्य का विषय है तथा केन्द्र सरकार सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों तथा पूर्ववर्ती क्षेत्रीय कैंसर केन्द्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्य सरकारों के प्रयासों में मदद कर रही है।

भारत सरकार ने वर्ष 2010 में एक व्यापक राष्ट्रीय कैंसर, मधुमेह, हृदवाहिका रोग एवं आघात निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीसीडीसीएस) शुरू किया था तथा कार्यक्रम में 11वीं पंचवर्षीय योजना के 2010-12 के दौरान 21 राज्यों के 100 जिलों में कार्यान्वियन की परिकल्पना की गई है। एनपीसीडीसीएस के कैंसर घटक के अंतर्गत जिला अस्पतालों को कैंसर के जल्दी निदान, कैंसर रोगियों को कीमोथिरेपी सुविधाएं तथा उपशामक परिचर्या हेतु सुदृढ़ किया जाता है। मौजूदा कार्यक्रम में व्यापक कैंसर परिचर्या सेवाएं प्रदान करने के लिए देशभर के सरकारी मेडिकल कॉलेजों/अस्पतालों तथा पूर्ववर्ती क्षेत्रीय कैंसर केन्द्रों के तृतीयक कैंसर केन्द्र (टीसीसी) के रूप में सुदृढ़ीकरण की भी परिकल्पना की गई है। ये संस्थाएं 6.00 करोड़ रु. तक की वित्तीय सहायता (केन्द्र सरकार से 4.80 करोड़ रु. तथा राज्य सरकार से 1.20 करोड़ रु.) के लिए पात्र हैं। 327-28

कर अपवंचन संबंधी जानकारी

2783. श्री महेश जोशी : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान मुखबिरों द्वारा प्राप्त सूचना के माध्यम से पता चल कर अपवंचन के मामलों तथा कर की प्रत्येक श्रेणी के तहत वसूल की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या प्रभारी अधिकारी द्वारा मुखबिरों की पहचान कर अपवंचकों को बता दी जाती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में दोषी व्यक्तियों/अधिकारियों पर शास्ति लगाये जाने सहित गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाये गये अथवा उठाये जाने का प्रस्ताव है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) यह जानकारी केन्द्रीय रूप से नहीं रखी जाती है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) उपर्युक्त भाग (ख) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता। 328-39

आंगनवाड़ी केन्द्रों की निगरानी

2784. श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी : क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आंगनवाड़ी केन्द्रों को चलाये जाने में अपर्याप्त अवसंरचना तथा मूल-भूत सुविधाओं की कमी पर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्थिति की निगरानी करने के लिये राज्य स्तरीय समितियों तथा जनप्रतिनिधियों को शामिल करने का कोई प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) इन समितियों तथा जनप्रतिनिधियों को सौंपे जाने वाले दायित्व का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों का उपयुक्त कार्यकरण सुनिश्चित करने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं/उठाये जा रहे हैं?

महिला और बाल विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ) : (क) से (ङ) आईसीडीएस राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा क्रियान्वित की जा रही एक केंद्रीय प्रायोजित स्कीम है। इस स्कीम में आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण के लिए कोई प्रावधान नहीं है क्योंकि इसे समुदाय द्वारा प्रदान किए जाने की परिकल्पना की गई थी। पूर्वोत्तर राज्यों के लिए वर्ष 2011-12 से आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

33 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 11.13 लाख आंगनवाड़ी केन्द्रों/लघु आंगनवाड़ी केन्द्रों के संबंध में उपलब्ध सूचना यह दर्शाती है कि लगभग 50% आंगनवाड़ी केन्द्र अपने भवनों अथवा स्कूल परिसरों अथवा सामुदायिक/पंचायत भवनों में चल रहे हैं। कुल आंगनवाड़ी केन्द्रों में से 74% आंगनवाड़ी केन्द्र या तो अपने या किराए के पक्के भवनों में चल रहे हैं। 57.48% आंगनवाड़ी केन्द्रों के अपने परिसरों में ही पेयजल सुविधा है, 46.61% आंगनवाड़ी केन्द्रों में शौचालय सुविधा है तथा 25.18% आंगनवाड़ी केन्द्रों में अलग से रसोई की सुविधा है।

सरकार ने राष्ट्र, राज्य, जिला, ब्लॉक एवं आंगनवाड़ी स्तर पर पांच स्तरीय मॉनीटरन एवं समीक्षा तंत्र शुरू किया है और इस संबंध में 31.03.2011 को दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं। राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर समितियों में संसद सदस्यों एवं विधायकों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। राज्य स्तरीय समिति में पांच संसद सदस्यों तथा पांच विधायकों को चक्रीयन आधार पर शामिल किया गया है जबकि जिला स्तरीय समितियों में जिले के सभी संसद सदस्यों तथा विधायकों को सदस्य बनाया गया है।

राज्य स्तरीय समिति की भूमिका राज्य में आईसीडीएस स्कीम के समग्र निष्पाद का मॉनीटरन एवं समीक्षा करना है तथा अन्य बातों के साथ-साथ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अल्पसंख्यक बस्तियों को शामिल करने सहित आईसीडीएस के विस्तार, राज्य वार्षिक क्रियान्वयन योजना के क्रियान्वयन, सरकार के स्वास्थ्य, जल एवं स्वच्छता, ग्रामीण विकास हेतु अन्य कार्यक्रमों के साथ संकेन्द्रण, विभिन्न स्कीमों से राशियों को जुटाकर आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण सहित अवसंरचना में सुधार, आईसीडीएस कर्मियों के रिक्त पदों को भरने एवं उनके प्रशिक्षण, आईसीडीएस सेवाओं/स्वास्थ्य एवं पोषण के मुद्दों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सूचना शिक्षा एवं संचार के उपयोग की प्रगति के बारे में देखना है। यह समिति कार्यक्रम के क्रियान्वयन में पाई गई कमियों को पूरा करने के लिए सुझाव भी दे सकती है।

जिला स्तरीय समिति राज्य स्तरीय समिति को जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ पूरक पोषण की नियमित आपूर्ति, पूरक पोषण की गुणवत्ता, बच्चों के पोषण स्तर, लाभार्थियों की उपस्थिति, धन प्रवाह, शिकायतों के निपटान तथा पूरक पोषण की आपूर्ति सहित क्रियान्वयन के मुद्दों, खाद्य संपुष्टीकरण, जिला, ब्लॉक एवं आंगनवाड़ी स्तर पर प्रापण तथा मॉनीटरन एवं पर्यवेक्षण करेगी। आईसीडीएस स्कीम के संबंधित राज्य एवं जिला स्तरीय मॉनीटरन एवं समीक्षा समितियों की संरचना एवं भूमिका संलग्न विवरण-I और II में दी गई है।

मॉनीटरन में संसद सदस्यों एवं विधायकों की भागीदारी से आईसीडीएस के क्रियान्वयन के बारे में, विशेषकर सेवाओं की गुणवत्ता एवं प्रदायगी की नियमितता के बारे में समस्याओं के संबंध में बेहतर फीड बेक एवं समझ पैदा होगी। समिति समस्याओं को स्थानीय रूप से राज्य एवं जिला स्तर पर विचार-विमर्श को सुकर बनाएगी और उसके लिए मंच प्रदान करेगी तथा इन समस्याओं को कारगर रूप से एवं समयबद्ध तरीके से निपटाने में सहायता करेगी।

आईसीडीएस स्कीम के क्रियान्वयन का मॉनीटरन निर्धारित मासिक एवं वार्षिक रिपोर्टों के साथ-साथ समीक्षा एवं पर्यवेक्षण दौरों आदि के माध्यम से किया जाता है। गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए खाद्य एवं पोषण बोर्ड की क्षेत्र इकाईयों द्वारा खाद्य नमूने एकत्रित किए जाते हैं। प्राप्त सूचना एवं फीड बेक के आधार पर आंगनवाड़ी केन्द्रों में अवसंरचना एवं सुविधाओं सहित आईसीडीएस स्कीम के क्रियान्वयन में सुधार करने तथा इसकी कमियों को पूरा करने के लिए राज्य सरकारों एवं संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को पत्र लिखे जाते हैं और समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं।

विवरण-I

आईसीडीएस पर राज्य स्तरीय मॉनीटरन एवं समीक्षा समिति

क. अवसंरचना

(i)	मुख्य सचिव	अध्यक्ष
(ii)	सचिव, योजना	सदस्य
(iii)	सचिव, वित्त	सदस्य
(iv)	सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	सदस्य
(v)	सचिव, ग्रामीण विकास	सदस्य
(vi)	सचिव, पंचायती राज संस्थान	सदस्य
(vii)	सचिव, पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता	सदस्य
(viii)	सचिव, शिक्षा	सदस्य
(ix)	सचिव, कृषि/बागवानी	सदस्य
(x)	सचिव, खाद्य	सदस्य
(xi)	सचिव, म.बा.वि. (आईसीडीएस प्रभारी)	सदस्य

(xii)	पांच संसद सदस्य*	सदस्य
(xiii)	पांच विधेयक*	सदस्य
(xiv)	राज्य मिशन निदेशक, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन	सदस्य
(xv)	क्षेत्रीय निदेशक, निपसिड (संबंधित क्षेत्र के)	सदस्य
(xvi)	खाद्य एवं पोषण बोर्ड, राज्य/क्षेत्रीय कार्यालय	सदस्य
(xvii)	प्रधानाचार्य, मध्य स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र**	सदस्य
(xviii)	प्रधानचार्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री प्रशिक्षण केन्द्र**	सदस्य
(xix)	निदेशक, म.बा.वि. (आईसीडीएस प्रभारी)	सदस्य-सचिव

*राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के संसद सदस्य एवं विधायक चक्रीयन आधार पर एक वर्ष के लिए समिति के सदस्य होंगे तथा उनका चयन इस तरह किया जाएगा कि अधिक से अधिक राजनीतिक दलों को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

**प्रत्येक वर्ष चक्रीयन आधार पर।

नोट:

- प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञों/प्रतिनिधियों तथा विकास भागीदारों, जो आईसीडीएस कार्यक्रम के साथ राज्य में कार्य कर रहे हैं को भी विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाए।
- समिति की बैठक प्रत्येक 6 माह में अथवा आवश्यकता पड़ने पर उससे पहले अध्यक्ष के नोटिस पर बुलाई जाएगी। तथापि, मुख्य सचिव 6 माह में एक बार बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

ख. भूमिका

राज्य स्तरीय समिति निम्नलिखित मुद्दों का मॉनीटरन एवं उनकी समीक्षा करेगी तथा उपयुक्त कार्रवाई की सिफारिश करेगी:—

(i) निम्नलिखित के संबंध में समग्र प्रगति:

- आईसीडीएस का सर्वसुलभीकरण-संस्वीकृत परियोजनाओं/आंगनवाड़ी केन्द्रों के प्रचालन की स्थिति, राज्य में सभी बस्तियों/पुरबों को शामिल करना तथा इनके रास्ते में आ रही बाधाएं;
- आईसीडीएस की राज्य वार्षिक कार्यक्रम क्रियान्वयन योजना को तैयार करना एवं इसका क्रियान्वयन;
- 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पोषण स्तर की स्थिति-वजन करना, विश्व स्वास्थ्य संगठन के विकास मानकों और संयुक्त मातृ एवं बाल स्वास्थ्य कार्डों की शुरुआत, सामान्य एवं अत्यधिक कुपोषित बच्चों के अनुपात की जिला-वार तुलना, इसके निदान हेतु किए गए उपाय तथा छमाही आधार पर इस दिशा में हुई प्रगति;
- आंगनवाड़ी केन्दों पर दी जाने वाली अनौपचारिक स्कूल पूर्व शिक्षा का निष्पादन, आंगनवाड़ी केन्द्रों पर अनौपचारिक स्कूल पूर्व शिक्षा की कार्यविधि तथा उसमें बच्चों की भागीदारी, स्थानीय स्तर पर बनाई गई अधिगत एवं खेल सामग्री, खिलौना बैंक तथा अन्य प्रयासों का उपयोग;
- आईसीडीएस में खराब निष्पादन करने वाले जिलों का अभिनिर्धारण तथा इसके लिए उत्तरदायी कारक।

(ii) संबंधित विभागों/कार्यक्रमों के साथ संकेन्द्रण:

(क) **स्वास्थ्य/राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन:** आंगनवाड़ी केन्दों पर पूर्ण प्रतिरक्षण की स्थिति, प्रसव-पूर्व एवं स्वास्थ्य जांच का प्रावधान, रेफरल सेवाएं और आंगनवाड़ी केन्द्रों को सूक्ष्म पोषक तत्वों (विटामिन ए, आयरन फोलिक एसिड, कृमिनिवारण गोलियों) की आपूर्ति, ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस एवं वीएचएससी का कार्यकरण तथा शिशुओं एवं छोटे बच्चों की आहार पद्धतियों का संवर्द्धन।

(ख) **जल एवं स्वच्छता:** पूर्ण स्वच्छता अभियान तथा राजीव गांधी राष्ट्रीय पेयजल मिशन अथवा राज्य सरकार की किसी अन्य स्कीम के साथ संकेन्द्रण

के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पेयजल एवं सफाई सुविधाओं का प्रावधान।

(ग) **सर्व शिक्षा अभियान:** प्राथमिक स्कूलों के साथ आंगनवाड़ी केन्द्रों का सह-स्थलीकरण, आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्कूल पूर्व शिक्षा का समेकन, सर्व शिक्षा अभियान से सहायता आदि।

(घ) **पंचायती राज संस्थाएं:** आंगनवाड़ी केन्द्रों पर सेवा प्रदायगी एवं समन्वय में पंचायती राज संस्थाओं एवं समुदाय की भागीदारी।

(iii) सर्वेक्षण की गई जनसंख्या की तुलना में सामान्य तथा विशेष रूप से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अल्प संख्यक समुदाय की बस्तियों/लाभार्थियों को शामिल करना।

(iv) कार्यक्रम क्रियान्वयन से संबंधित अन्य मुद्दे तथा निम्नलिखित के संबंध में कार्रवाई:

(क) आंगनवाड़ी केन्द्रों के कार्यकरण की नियमितता– विशेषकर उन आंगनवाड़ी केन्द्रों की जो अनुसूचित जाति/अनुसुचित जनजाति/अल्प संख्यक बाहुल्य बस्तियों में कार्यरत हैं;

(ख) आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों/पर्यवेक्षकों/सीडीपीओ स्तर पर रिक्त पद तथा उनके प्रशिक्षण की स्थिति;

(ग) धन प्रवाह तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों/आंगनवाड़ी सहायिकाओं को समय पर मानदेय का भुगतान;

(घ) जिला एवं ब्लॉक स्तर पर पीओएल, आकस्मिक आवश्यकताओं हेतु राशि तथा संशोधित मानकों के अनुसार आंगनवाड़ी केन्द्रों पर फ्लैक्सी फंड की उपलब्धता;

(ङ) संशोधित मानकों के अनुसार आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पूरक पोषण की आपूर्ति में बाधा तथा इसके कारण जैसे प्रदायगी का तरीका, स्व-सहायता दलों को संलग्न करना आदि;

(च) आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पूरक पोषण के संपुष्टिकरण की व्यवस्था तथा आयोडीन युक्त नमक का उपयोग;

(छ) आंगनवाड़ी केन्द्रों पर अनौपचारिक स्कूल पूर्व शिक्षा की विधि तथा उसमें बच्चों की भागीदारी;

(ज) आंगनवाड़ी केन्द्रों को अनावश्यक मदों का प्रापण एवं आपूर्ति/उपलब्धता-चिकित्सा एवं स्कूल पूर्व शिक्षा किटें, वजन मापने की मशीनें, संयुक्त मातृ एवं बाल संरक्षण कार्ड, विश्व स्वास्थ्य संगठन विकास चार्ट, आदि;

(झ) मानकों के अनुसार विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों द्वारा मॉनीटरन एवं पर्यवेक्षण दौरे;

(ञ) आईसीडीएस इतर गतिविधियों में आईसीडीएस कर्मियों को लगाना तथा इससे इन्हें दूर रखने की व्यवस्था।

(ट) क्रियान्वयन में सुधार हेतु कोई अन्य सुसंगत मामला।

(v) आंगनवाड़ी केन्द्रों की अवसंरचना में सुधार: अन्य स्कीमों/कार्यक्रमों जैसेकि बीआरजीएफ, एमएसडीपी, एमपीएलएडी आदि से राशि की व्यवस्था कर आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण।

(vi) आईसीडीएस सेवाओं/स्वास्थ्य एवं पोषण के मुद्दे के बारे में जागरूकता विकसित करने के लिए सूचना, शिक्षा एवं संचार का उपयोग तथा अन्य स्कीमों/कार्यक्रमों के अंतर्गत सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों के साथ संकेन्द्रण की संभावना।

विवरण-II

आईसीडीएस पर जिला स्तरीय मॉनीटरन एवं समीक्षा समिति

क. अवसंरचना

(i)	जिला मजिस्ट्रेट/कलैक्टर/उपायुक्त	अध्यक्ष
(ii)	मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ)	सदस्य
(iii)	जिला विकास अधिकारी, जिला परिषद्	सदस्य
(iv)	मुख्य चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	सदस्य

(v)	जिला योजना अधिकारी	सदस्य
(vi)	जिला समाज कल्याण अधिकारी	सदस्य
(vii)	जिला कृषि/बागवानी अधिकारी	सदस्य
(viii)	जिला अधिकारी, ग्रामीण विकास/मनरेगा	सदस्य
(ix)	कार्यकारी अभियंता, पीएचईडी	सदस्य
(x)	जिला शिक्षा अधिकारी	सदस्य
(xi)	जिले के संसद सदस्य	सदस्य
(xii)	विधायक	सदस्य
(xiii)	प्रधानाचार्य, मध्य स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र*	सदस्य
(xiv)	प्रधानाचार्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री प्रशिक्षण केन्द्र (कोई दो)*	सदस्य
(xv)	खाद्य एवं पोषण बोर्ड की क्षेत्रीय इकाई	सदस्य
(xvi)	बाल विकास परियोजना अधिकारी (कोई तीन)*	सदस्य
(xvii)	जिला कार्यक्रम अधिकारी	सदस्य

*प्रत्येक वर्ष चक्रीयन आधार पर।

नोट:

- समिति की बैठक प्रत्येक 3 माह में अथवा आवश्यकता पड़ने पर उससे पहले अध्यक्ष के नोटिस पर बुलाई जाएंगी। तथा यह अपनी समीक्षा रिपोर्ट मुख्य सचिव/सचिव (म.बा.वि.) को प्रस्तुत करेगी जिसमें जिला स्तर पर की गई कार्रवाई तथा राज्य सरकार से अपेक्षित सहायता का स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा।

ख. भूमिका

जिला स्तरीय समिति स्कीम के क्रियान्वयन का मॉनीटरन तथा ब्लॉक/परियोजना-वार समीक्षा करेगी और निम्नलिखित मुद्दों के बारे में उपचारात्मक कार्रवाई करेगी/की सिफारिश करेगी:—

(i) निम्नलिखित के संबंध में समग्र प्रगति:

(क) सभी संस्वीकृत परियोजनाओं/आंगनवाड़ी केन्द्रों के **प्रचालन की स्थिति,** जिले में सभी बस्तियों/पुरबों, विशेषकर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अल्प संख्यक बहुल्य वाली बस्तियों तथा दूर-दराज के क्षेत्रों को शामिल करना;

(ख) **लाभार्थियों का कवरेज :** सर्वेक्षण की गई जनसंख्या की तुलना में आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पूरक पोषण एवं स्कूल पूर्व शिक्षा के वास्तविक लाभार्थियों की तुलना में पंजीकृत लाभार्थियों का ब्लॉक-वार विश्लेषण;

(ग) **आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पूरक पोषण की नियमित आपूर्ति एवं गुणवत्ता :** महीने के निर्धारित दिनों हेतु घर ले जाने वाले राशन, सुबह का नाश्ता तथा पके हुए गर्म भोजन का प्रावधान और आहार दक्षता की ब्लॉक-वार तुलना;

(घ) **0-3 वर्ष तथा 3-6 वर्ष के बच्चों का पोषण स्तर-वजन करना :** विश्व स्वास्थ्य संगठन के विकास मानकों और संयुक्त मातृ एवं बाल स्वास्थ्य कार्डों की शुरुआत, सामान्य एवं अत्यधिक कुपोषित बच्चों के अनुपात की ब्लॉक-वार तुलना, इसके निदान हेतु किए गए उपाय तथा छमाही आधार पर इस दिशा में हुई प्रगति; और

(ङ) आंगनवाड़ी केन्द्रों पर प्रदान की जा रही अनौपचारिक स्कूल पूर्व शिक्षा का निष्पादन।

(ii) संबंधित विभागों/कार्यक्रमों के साथ समन्वय एवं संकेन्द्रण:—

(क) **स्वास्थ्य/राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन :** आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों का प्रतिरक्षण, प्रसव-पूर्व एवं स्वास्थ्य जांच, रेफरल सेवाएं और आंगनवाड़ी केन्द्रों को सूक्ष्म पोषक तत्वों (विटामिन ए, आयरन फोलिक एसिड, कृमिनिवारण गोलियां) की आपूर्ति, ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस एवं वीएचएससी का कार्यकरण तथा शिशुओं एवं छोटे

बच्चों की आहार पद्धतियों का संवर्द्धन; स्वास्थ्य एवं आईसीडीएस कर्मियों द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों का संयुक्त दौरा।

(ख) **जल एवं स्वच्छता :** आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पेयजल एवं सफाई सुविधाओं का प्रावधान।

(ग) **सर्व शिक्षा अभियान :** प्राथमिक स्कूलों के साथ आंगनवाड़ी केन्द्रों का सह-स्थलीकरण, आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्कूल पूर्व शिक्षा का समेकन, सर्व शिक्षा अभियान से सहायता आदि।

(घ) **पंचायत राज संस्थाएं :** आंगनवाड़ी केन्द्रों पर सेवा प्रदायगी के समन्वयन तथा निगरानी में पंचायती राज संस्थाओं एवं समुदाय की भागीदारी।

(iii) कार्यक्रम क्रियान्वयन से संबंधित अन्य मुद्दे तथा निम्नलिखित के संबंध में कार्रवाई:–

(क) **आंगनवाड़ी केन्द्रों के कार्यकरण की नियमितता:** विशेषकर उन आंगनवाड़ी केन्द्रों की जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अल्प संख्यक बाहुल्य बस्तियों में कार्यरत हैं;

(ख) आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों/पर्यवेक्षकों/सीडीपीओ स्तर पर रिक्त पद तथा कर्मियों के प्रशिक्षण की स्थिति;

(ग) आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों/आंगनवाड़ी सहायिकाओं को मानदेय तथा पर्यवेक्षक को यात्रा भत्ते का भुगतन;

(घ) **आंगनवाड़ी केन्द्रों की अवसंरचना:** अन्य स्कीमों/कार्यक्रमों के साथ संकेन्द्रण के माध्यम से आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण।

(ङ) **आंगनवाड़ी केन्द्रों को आवश्यक मदों की आपूर्ति–** चिकित्सा एवं स्कूल पूर्व शिक्षा किटें, वजन मापने की मशीनें, संयुक्त मातृ एवं बाल संरक्षण कार्ड, विश्व स्वास्थ्य संगठन विकास चार्ट, आदि;

(च) जिला एवं ब्लॉक स्तर पर पीओएल, आकस्मिक आवश्यकताओं हेतु राशि तथा संशोधित मानकों के अनुसार आंगनवाड़ी केन्द्रों पर फ्लैक्सी फण्ड की उपलब्धता;

(छ) सीडीपीओ/पर्यवेक्षकों का संघटन-वाहनों की उपलब्धता तथा कार्यक्रम में संबंधित वाहनों की मांग न करना;

(ज) मानकों के अनुसार आंगनवाड़ी केन्द्रों के सीडीपीओ/पर्यवेक्षकों द्वारा मॉनीटरन एवं पर्यवेक्षण दौरे तथा उनकी रिपोर्ट प्रस्तुत करना;

(झ) आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पूरक आहार की प्रदायगी की विधियां-स्व-सहायता दलों को संलग्न करना तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों में आयोडीन युक्त नमक और इसके अलावा पत्तेदार सब्जियों का उपयोग;

(ञ) आंगनवाड़ी केन्द्रों पर दी जाने वाली अनौपचारिक स्कूल पूर्व शिक्षा की कार्यविधि तथा उसमें बच्चों की भागीदारी, स्थानीय स्तर पर बनाई गई अधिगम एवं खेल सामग्री, खिलौना बैंक तथा अन्य प्रयासों का उपयोग;

(ट) आईसीडीएस इतर गतिविधियों में आईसीडीएस कर्मियों को लगाना तथा इससे इन्हें दूर रखने की व्यवस्था;

(ठ) क्रियान्वयन में सुधार हेतु कोई अन्य सुसंगत मामला।

(iv) वित्तीय मुद्दे रिपोर्ट की अवधि के दौरान धन प्रवाह तथा घटक-वार आवंटन एवं व्यय और भारत सरकार द्वारा निर्धारित संशोधित वित्तीय मानकों का अनुपालन:–

(v) **शिकायत निवारण तंत्र :** आईसीडीएस सेवाओं जैसेकि आंगनवाड़ी केन्द्रों का नियमित संचालन, पूरक पोषण की गुणवत्ता आदि और आंगनवाड़ी कर्मियों के बारे में व्यक्तियों, समुदायों/पंचायती राज संस्थानों आदि से प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई।

(vi) **सूचना शिक्षा एवं संचार :** आंगनवाड़ी केन्द्रों का स्थलीकरण, आईसीडीएस के अंतर्गत सेवाओं की उपलब्धता, लाभार्थियों के हक, शिकायत निवारण तंत्र आदि जैसे मुद्दों

के बारे में जागरूकता विकसित करने के लिए सूचना, शिक्षा एवं संचार कार्ययोजना बनाना तथा उसे लागू करना।

नोट: समीक्षा बैठकों के लिए निम्नलिखित सूचना स्रोतों का उपयोग किया जा सकता है:—

(क) ब्लॉक स्तरीय मॉनीटरन समितियों की बैठकों के कार्यवृत्त एवं रिपोर्टें;

(ख) ब्लॉक मासिक प्रगति रिपोर्टों तथा ब्लॉक वार्षिक रिपोर्टों का विश्लेषण;

(ग) जिले में समिति के सदस्यों तथा अन्य अधिकारियों के क्षेत्रीय दौरों की रिपोर्टें तथा कोई मूल्यांकन रिपोर्ट; और

(घ) जनता/मीडिया की रिपोर्टें (यदि कोई हों)।

339-40

होटल प्रबंधन संस्थान

2785. **श्री कुलदीप बिश्नोई : क्या पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय होटल प्रबंधन तथा खानपान प्रौद्योगिकी (एनसीएचएमसीटी) से संबद्ध होटल प्रबंधन संस्थानों में कार्य कर रहे अनुबंधित संकाय विशेषरूप से सहायक व्याख्याताओं की सेवाओं को विशिष्ट अवधि पूर्ण किये जाने के बाद भी नियमित करने की कोई प्रणाली नहीं है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्य क्या हैं; और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने पिछले दो वर्षों के दौरान एनसीएचएमसीटी से संबद्ध होटल प्रबंधन संस्थानों के अनुबंधित संकाय को दिए जा रहे पारिश्रमिक की दरों को संशोधित नहीं किया है;

(घ) यदि हां, तो मुद्रा स्फीति की मौजूदा दर तथा मूल्यवृद्धि के मद्देनजर पारिश्रमिक की दरों को संशोधित नहीं करने के क्या कारण हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा होटल प्रबंधन संस्थानों में अनुबंधित संकायों को दी जा रही पारिश्रमिक की दरों में संशोधन करने के लिये क्या कदम उठाये गए हैं/उठाये जाने का प्रस्ताव है?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुल्तान अहमद) : (क) और (ख) केन्द्रीय होटल प्रबंधन संस्थानों में सभी रिक्त पद आज की तिथि में यथा संशोधित भर्ती और पदोन्नति संबंधी नियम, 2003 के आधार पर भरे जाते हैं। एनसीएचएमसीटी से संबद्ध किसी केन्द्रीय होटल प्रबंधन संस्थान में संविदात्मक शिक्षा सेवा की अवधि की गणना केन्द्रीय होटल प्रबंधन संस्थान में शिक्षा पद में नियमित नियुक्ति हेतु अपेक्षित अनुभव में की जाएगी। संविदात्मक संकाय ऐसे रिक्त पदों के विज्ञापन के प्रत्युत्तर में नियमित संकाय के रूप में भर्ती के लिए भी आवेदन कर सकता है। तथापि, भर्ती और पदोन्नति संबंधी नियम, 2003 में राष्ट्रीय होटल प्रबंधन तथा खानपान प्रौद्योगिकी परिषद् से संबद्ध केन्द्रीय होटल प्रबंधन संस्थानों में कार्यरत संविदात्मक संकाय की सेवाओं को नियमित करने का कोई प्रावधान नहीं है।

(ग) से (ङ) सरकार ने वर्ष 2009 में एनसीएचएमसीटी से संबद्ध होटल प्रबंधन संस्थानों में कार्यरत संविदात्मक संकाय को दिए जाने वाले पारिश्रमिक को 12,000 रुपए प्रतिमाह से 18,000 रुपए प्रतिमाह तक मासिक बढ़ाते हुए पारिश्रमिक दरों में संशोधन किया है। वर्तमान में मंत्रालय के पास अनुबंधित संकाय के पारिश्रमिक को और अधिक बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

[अनुवाद]

340-41

सौर फोटोवोल्टिक संयंत्र

2786. **श्री जी.एम. सिद्देश्वर : क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में 20,000 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन करने का लक्ष्य रखने वाले सरकार के जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सौर मिशन (जेएनएनएसएम) को अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है; और

(ख) यदि हां, तो ग्रिड से जुड़े सौर ऊर्जा के विक्रय तथा खरीद के लिए नोडल एजेंसी एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लि. को सौर फोटोवोल्टेक संयंत्रों तथा सौर ताप परियोजनाओं के कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं तथा भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी द्वारा कितने ग्रिड से जुड़े संयंत्रों का चयन किया गया है?

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (डॉ. फारूख अब्दुल्ला) : (क) जी, हां।

(ख) **चरण-I का बैच-I**

(i) 150 मेगावाट की सौर प्रकाशवोल्टीय परियोजनाओं हेतु

मांग करने के लिए एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम द्वारा 311 प्रस्ताव प्राप्त किए गए।

(ii) 470 मेगावाट की सौर तापीय परियोजनाओं हेतु मांग करने के लिए एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम द्वारा 67 प्रस्ताव प्राप्त किए गए।

चरण-I का बैच-II

(i) 350 मेगावाट की सौर प्रकाशवोल्टीय परियोजनाओं हेतु मांग करने के लिए एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम द्वारा 143 प्रस्ताव प्राप्त किए गए।

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था द्वारा चयनित परियोजनाएं

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी द्वारा कुल 98.05 मेगावाट की 78 परियोजनाओं का चयन किया गया है।

341

विद्युत परियोजनाएं

2787. **श्री अशोक तंवर : क्या विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में निर्माणाधीन विभिन्न विद्युत परियोजनाओं पर दिवालिया होने का खतरा मंडरा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या उपचारात्मक उपाय किए जा रहे हैं अथवा किये जाने का प्रस्ताव है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) जी, हां, विद्युत परियोजनाओं को ईंधन आपूर्ति में समस्याओं तथा वितरण कंपनियों के साथ दीर्घकालिक विद्युत क्रय करार (पीपीए) न होने के कारण जोखिम का सामना करना पड़ सकता है।

(ख) विकासकर्त्ताओं को निम्नलिखित जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है:—

- ईंधन आपूर्ति करार (एफएसए)
- वितरण कंपनियों के साथ बैक-टू-बैक विद्युत क्रय करार (पीपीए)
- विद्युत क्रय कंपनियों की खराब वित्तीय स्थिति
- जल विद्युत परियोजनाओं के मामले में पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आर एंड आर) मुद्दे, भूमि अधिग्रहण तथा भौगोलिक स्थितियां भी महत्वपूर्ण हैं। तथापि, विद्युत मंत्रालय द्वारा इन मुद्दों का भी समाधान किया जा रहा है।

अब तक निम्नलिखित तीन परियोजनाओं ने रूरल इलैक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लि. तथा पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन को अपनी बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है:—

(i) 445 मे.वा. गैस आधारित कोनासीमा विद्युत परियोजना।

(ii) 400 मे.वा. श्री महेश्वर ताप जल विद्युत परियोजना।

(iii) ईस्ट कोस्ट एनर्जी प्रा.लि.।

(ग) आरईसी तथा पीएफसी वितरण पूर्व शर्तों (कैप्टिव माइन्स वाले विकासकर्त्ताओं को छोड़कर अन्य विकासकर्त्ता) के अनुसार निम्नलिखित शामिल किए गए हैं:—

- सुनिश्चित ईंधन आपूर्ति करार का निष्पादन।
- उपयुक्त भुगतान सुरक्षा तंत्र सहित 70% विद्युत के लिए बैक-टू-बैक विद्युत क्रय करार का निष्पादन।
- संयंत्र के लिए विवादास्पद (क्रिटीकल) भूमि का कब्जा।

[हिन्दी]

342-43

अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी

2788. **श्री भाउसाहेब राजाराम वाकचौरे : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का चिकित्सा विज्ञान क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है/किये जाने की संभावना है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (ग) स्वास्थ्य राज्य का विषय है और आधुनिक प्रौद्योगिकी के आधार पर गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएं प्रदान करना राज्य सरकार की जिम्मेवारी है। केन्द्र सरकार विभिन्न कार्यक्रमों के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करके लोगों के स्वास्थ्य मानदंडों को बेहतर करने में राज्य सरकार के प्रयासों में सहायता करती है।

जहां तक दिल्ली में स्थित केन्द्र सरकार के अस्पतालों नामतः सफदरजंग अस्पताल, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल तथा लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पतालों का संबंध है, अस्पताल सेवाओं का उन्नयन एक सतत प्रक्रिया है और यह कार्य आवश्यकता तथा उपलब्ध संसाधनों के अनुसार किया जाता है।

ग्रामों में बिजली सुविधा

343-48

2789. श्री भूपेन्द्र सिंह : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में राज्य-वार कितने ग्रामों को अभी तक किसी पावर ग्रिड से नहीं जोड़ा गया है;

(ख) देश में मध्य प्रदेश सहित राज्य-वार कुल कितने ग्रामों को राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजीवीवाई) के माध्यम से विद्युतीकृत किए जाने के लिए ग्रिड से जोड़ना न तो व्यवहार्य है और न ही वित्तीय रूप से व्यवहार्य है; और

(ग) सरकार द्वारा ऐसे ग्रामों को पावर ग्रिड से जोड़ने के लिए क्या उपाय किए गए हैं अथवा किए जाने का प्रस्ताव है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) 2001 की जनगणना के अनुसार, संघ राज्य क्षेत्रों सहित देश में बसे गांवों की कुल संख्या 5,93,732 थी। इसमें से 4,74,162 गांव विद्युतीकृत थे तथा 1,19,570 गांव गैर-विद्युतीकृत थे। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजीवीवाई) के अंतर्गत, 1.10 लाख गैर/निर्विद्युतीकृत गांवों को विद्युतीकृत करने तथा 3,48,987 आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों के गहन विद्युतीकरण करने के लिए लक्षित को साधते हुए देश में 576 परियोजनाएं मंजूर की गई हैं। 29.2.2012 तक संचयी रूप से कुल मिलाकर 1.02 लाख गैर/निर्विद्युतीकृत गांवों तथा 2,43,707 आंशिक विद्युतीकृत गांवों में विद्युतीकरण कार्य पूरा किया गया है। 29.2.2012 तक आरजीजीवीवाई के अंतर्गत मंजूर की गई परियोजना हेतु गैर/निर्विद्युतीकृत गांवों के कवरेज एवं उपलब्धि का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(ख) और (ग) नवीन और नवीकरण ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) उन सुदूर गैर-विद्युतीकृत जनगणना किए गए गांवों तथा विद्युतीकृत जनगणना किए गए गांवों के गैर-विद्युतीकृत पुरवों में, जहां राज्य सरकारों ने ग्रिड विस्तारण व्यवहार्य नहीं पाया है तथा आरजीजीवीवाई के अंतर्गत शामिल नहीं किए गए हैं, लाइटिंग/मूल विद्युतीकरण हेतु वित्तीय सहयोग देने के लिए सुदूर गांव विद्युतीकरण (आरवीई) कार्यक्रम कार्यान्वित कर रही है। कार्यक्रम का कार्यान्वयन राज्यों में राज्य अधिसूचित कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा किया जा रहा है। आरजीजीवीवाई की नोडल एजेंसी, रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन (आरईसी) ने आरवीई कार्यक्रम के अंतर्गत कवरेज के लिए मध्य प्रदेश सहित देश में 11421 गांवों तथा पुरवों हेतु एमएनआरआई को ने अनापत्ति प्रमाण-पत्र दे दिया है। राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

जहां ग्रिड कनेक्टिविटी या तो व्यवहार्य नहीं है या लागत प्रभावी नहीं है, उन गांवों के लिए आरजीजीवीवाई ने पारंपरिक या नवीकरणीय (गैर-पारंपरिक) स्रोतों जैसे बॉयोमास, बॉयोगैस मिनी हाइड्रो, सौर आदि से विकेंद्रीकृत वितरण उत्पादन (डीडीजी) का भी प्रावधान किया है। अभी तक, पांच (5) राज्यों में 220 गांवों/पुरवों को शामिल करते हुए 148 डीडीजी परियोजनाएं मंजूर की गई हैं। मंजूर की गई डीडीजी परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-III में दिया गया है।

विवरण-I

आरजीजीवीवाई के अंतर्गत, गुजरात सहित संस्वीकृत परियोजनाओं के लिए गैर/निर्विद्युतीकृत गांवों के विद्युतीकरण तथा आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों के गहन विद्युतीकरण की राज्य-वार कवरेज तथा उपलब्धि

क्र. सं.	राज्य	गांवों का विद्युतीकरण		आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों का गहन विद्युतीकरण	
		संशोधित कवरेज**	29.2.2012 तक संचयी उपलब्धि	संशोधित कवरेज**	29.2.2012 तक संचयी उपलब्धि
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	0	0	27477	23938

1	2	3	4	5	6
2.	अरुणाचल प्रदेश	2129	1238	1780	825
3.	असम	8326	7693	12984	11469
4.	बिहार	22509	21843	6454	4122
5.	छत्तीसगढ़	1468	688	16298	10397
6.	गुजरात*	0	0	17667	14401
7.	हरियाणा*	0	0	5985	2744
8.	हिमाचल प्रदेश	95	78	10650	1059
9.	जम्मू और कश्मीर	239	138	4442	2317
10.	झारखंड	19281	17715	7223	5461
11.	कर्नाटक	61	61	27917	24561
12.	केरल	0	0	630	37
13.	मध्य प्रदेश	679	497	34262	17002
14.	महाराष्ट्र*	0	0	40842	32119
15.	मणिपुर	882	412	1378	401
16.	मेघालय	1866	876	3239	1537
17.	मिजोरम	137	87	570	312
18.	नागालैंड	105	79	1140	722
19.	ओडिशा	14725	14060	29448	20523
20.	पंजाब*		0	11840	0
21.	राजस्थान	4350	3938	34845	29167
22.	सिक्किम	25	25	418	372
23.	तमिलनाडु*		0	10009	9992
24.	त्रिपुरा	148	124	658	409
25.	उत्तर प्रदेश	27891	27759	2989	2982
26.	उत्तराखंड	1434	1511	13820	8992
27.	पश्चिम बंगाल	4437	4171	24022	17846
	कुल	110787	102993	348987	243707

*आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र, पंजाब और तमिलनाडु राज्यों में, राज्य सरकारों ने आजीजीवीवाई के अंतर्गत अपनी डीपीआर में किसी भी गैर-विद्युतीकृत गांवों को शामिल करने का प्रस्ताव नहीं किया है। अत: इन राज्यों में किसी भी गैर-विद्युतीकृत गांवों को विद्युतीकरण के लिए कवर नहीं किया गया है। तथापि, इन राज्यों में पहले से ही विद्युतीकृत गांवों का गहन विद्युतीकरण किया जा रहा है।

**अद्यतन तारीख तक।

विवरण-II

दिनांक 29.2.2012 के अनुसार रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन (आरईसी) द्वारा सत्यापित दूरस्थ गैर-विद्युतीकृत गांव/पुरवों की सूची

क्र. सं.	राज्य	गांवों की संख्या/आरईसी द्वारा सत्यापित पुरवे	
		गांव	पुरवे
1	2	3	4
1.	कर्नाटक	23	150
2.	मध्य प्रदेश	972	
3.	असम	2232	
4.	महाराष्ट्र	362	

1	2	3	4
5.	मेघालय	158	
6.	अरुणाचल प्रदेश	145	
7.	हिमाचल प्रदेश	1	
8.	राजस्थान	493	90
9.	मणिपुर	166	
10.	पश्चिम बंगाल	93	
11.	गुजरात	49	
12.	ओडिशा	2116	
13.	झारखंड	832	
14.	छत्तीसगढ़	1112	
15.	उत्तराखंड	182	52
16.	उत्तर प्रदेश	63	138
17.	तमिलनाडु	0	73
18.	नागालैंड	11	
19.	जम्मू और कश्मीर	391	620
20.	हरियाणा	0	149
21.	केरल	0	73
22.	बिहार	80	
23.	आंध्र प्रदेश	0	112
24.	त्रिपुरा	23	460
	कुल	9504	1917
	कुल योग	11421	

विवरण-III

राज्य-वार स्वीकृत डीडीजी परियोजनाएं

क्र. सं.	राज्य	स्वीकृत डीडीजी परियोजनाओं की संख्या	शामिल गावों की संख्या	शामिल गांव/पुरवों की संख्या	परियोजना लागत (लाख रुपये)	स्वीकृति की तारीख
1.	कर्नाटक	1	1	2	270.56	27.07.2010
2.	पश्चिम बंगाल	9	1	39	9934.48	24.12.2010
3.	छत्तीसगढ़	19	2	19	1052.67	31.03.2011
4.	आंध्र प्रदेश	57	1	57	1694.196	03.08.2011
5.	उत्तर प्रदेश	62	5	103	6409.6	22.12.2011
	कुल	148	10	220	19361.506	

[अनुवाद]

उत्तरी बिहार में बाढ़ पीड़ितों को राहत

2790. श्री ओम प्रकाश यादव : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार ने उत्तरी बिहार जैसे स्थानों जहां बाढ़ प्रत्येक वर्ष आती है, में बाढ़ पीड़ितों के लिए व्यापक राहत तथा पुनर्वास कार्यक्रम तैयार किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) ऐसे पुनर्वास कार्यक्रम पर कुल कितना व्यय होने की संभावना है और इसमें राज्य तथा केन्द्र सरकार का कितना अंश है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) से (ग) राज्यों को बाढ़ सहित प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल राहत प्रदान करने का खर्च पूरा करने के लिए, प्रत्येक राज्य में संपोषित राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से सहायता प्रदान की जाती है। गंभीर प्रकृति की आपदा की स्थिति में और जब राज्य सरकार को एसडीआरएफ में शेष राशि से अधिक व्यय की आवश्यकता होती है, तो तत्काल राहत के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से अतिरिक्त सहायता भी प्रदान की जाती है। एसडीआरएफ में केन्द्र और राज्यों की भागीदारी होती है। वर्ष 2010-11 तथा 2011-12 के दौरान बिहार को जारी किए गए एसडीआरएफ में केन्द्र का हिस्सा क्रमशः 250.87 करोड़ रुपए और 131.71 करोड़ रुपए है। वर्ष 2010-11 के दौरान एनडीआरएफ से भी 368.01 करोड़ रुपए जारी किए गए थे। राज्य सरकार द्वारा पुनर्वास कार्य अपने स्वयं के संसाधनों/क्षेत्र विशिष्ट योजना निधियों से किए जाते हैं।

धारक कंपनी के विस्तार पर सीमाएं

2791. श्री सुरेश कुमार शेटकर : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) धारक कंपनी के विस्तार को सीमित करना चाहता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इसके क्या उद्देश्य हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) से (ग) देश में वित्तीय नियंत्रण कंपनी (एफएचसी) संरचना को लागू करने के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जून 2010 में एक कार्य दल का गठन किया गया था। कार्य दल ने बैंकों के स्वामित्व वाले मौजूदा वित्तीय समूहों के नियंत्रक कंपनी संरचना (अर्थात् बैंकिंग एफएचसी) में चले जाने के पश्चात् बैंकिंग एफएचसी के गैर-बैंकिंग व्यवसाय के विस्तार पर कुछेक प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव किया है। कार्य दल की रिपोर्ट भारतीय रिजर्व बैंक की वेबसाइट *www.rbi.org.in* पर उपलब्ध है।

[हिन्दी]

सुदूर ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम

2792. श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण :
श्रीमती ज्योति धुर्वे :
श्री रवनीत सिंह :
श्रीमती जे. शांता :

क्या **नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान अब तक देश में से ग्रामीण विद्युतीकरण के तहत निर्धारित और प्राप्त की गई उपलब्धियों का वर्ष-वार राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान उक्त प्रयोजनार्थ आवंटित/जारी की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को दुर्गम क्षेत्रों सहित आंतरिक पिछड़े जनजातीय तथा वन क्षेत्रों में माइन ग्रिड तथा माइन ग्रिड रहित ग्रामों को राज्यों विशेषकर मध्य प्रदेश राज्य के अपारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से विद्युतीकृत किए जाने हेतु कतिपय प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इन प्रस्तावों को कब तक स्वीकृत किए जाने की संभावना है?

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (डॉ. फारूख अब्दुल्ला) : (क) मंत्रालय के दूरस्थ ग्राम विद्युतीकरण (आरवीई) कार्यक्रम के

तहत राज्य-वार लक्ष्य निर्धारित नहीं किए जाते हैं और स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य द्वारा पहचान की गई कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के बाद परियोजनाओं पर मामला-दर-मामला आधार पर मंजूरी दी जाती है। तथापि, 11वीं योजना हेतु आरवीई कार्यक्रम के तहत एमएनआरई का संपूर्ण लक्ष्य 10,000 गांव/बस्तियां हैं। 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान शुरू किए गए गांवों और बस्तियों का वर्ष-वार, राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(ख) 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कार्यक्रम के तहत विभिन्न राज्य सरकारों को जारी निधियों का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

(ग) और (घ) दूरस्थ ग्राम विद्युतीकरण (आरवीई) कार्यक्रम के तहत पात्र दूरस्थ अविद्युतीकृत गांवों और बस्तियों में जिनमें कि अत्यन्त पिछड़े, जनजातीय, जंगल और दुर्गम क्षेत्र भी शामिल हो सकते हैं, में अक्षय ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से रोशनी/आधारभूत विद्युत हेतु सुविधाओं का विकास करने हेतु वित्तीय सहायता के लिए मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्य सरकारों की राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ऐसे प्रस्ताव एक बार सभी मायनों में पूरा होने पर और बजट प्रावधानों के अध्यधीन आरवीई कार्यक्रम के प्रावधानों के अनुरूप होने पर मंजूर किए जाते हैं। चालू पंचवर्षीय योजना के दौरान प्राप्त और मंजूर ऐसी परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-III में दिया गया है। मंत्रालय द्वारा प्राप्त सभी पात्र प्रस्ताव मंजूर किए गए।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

विवरण-I

11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान दूरस्थ ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किए गए राज्य-वार गांव और बस्तियां

क्र. सं.	राज्य	2007-08		2008-09		2009-10		2010-11		2011-12 (09.03.2012 के अनुसार)	
		स्वीकृत	पूर्ण	स्वीकृत	पूर्ण	स्वीकृत	पूर्ण	स्वीकृत	पूर्ण	स्वीकृत	पूर्ण
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1.	आंध्र प्रदेश			13					13		
2.	अरुणाचल प्रदेश		89		1				51		
3.	असम	1485	169		77	171	581		525		364
4.	छत्तीसगढ़	36	74	184		94			169		
5.	गोवा							19			
6.	गुजरात		36								
7.	हिमाचल प्रदेश								20		
8.	हरियाणा		149	92					92		
9.	जम्मू और कश्मीर	27	13	68		177	30	48			
10.	झारखंड		153	8	9	36		78		129	44

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
11.	कर्नाटक	46	16	13	14						
12.	केरल	49							49		
13.	मध्य प्रदेश	75	42		89	126	27	203	87		106
14.	महाराष्ट्र		55	82	91		82				
15.	मणिपुर	14	40	35	17						
16.	मेघालय		2			66	70				52
17.	मिजोरम										
18.	नागालैंड		3					8			8
19.	ओडिशा		42	91	14	371	150	770	331		47
20.	राजस्थान		90				73	90			
21.	सिक्किम										
22.	तमिलनाडु	32									
23.	त्रिपुरा	205	165			251			90		284
24.	उत्तराखंड	23	76	50		12		84			
25.	उत्तर प्रदेश		65		14	105		152	105		
26.	पश्चिम बंगाल					22		2	5		1
	कुल	1992	1279	636	326	1431	1013	1464	1537	129	906

विवरण-II

11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान जारी की गई राज्य-वार निधियां

(लाख रुपए)

क्र. सं.	राज्य	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12 (09.03.2012)
1	2	3	4	5	6	7
1.	आंध्र प्रदेश	0	17.94	6.13	0	7.4

1	2	3	4	5	6	7
2.	अरुणाचल प्रदेश	197.52	278.57		0	0
3.	असम	7001.88	2025.79	1185.43	444.86	392.03
4.	बिहार	0			0	0
5.	छत्तीसगढ़	290.50	820.01	510.83	0	0
6.	दिल्ली	0			14.96	10
7.	गोवा	0			9.74	0
8.	गुजरात	0			0	0
9.	हरियाणा	0	55.69	12.86	0	0
10.	हिमाचल प्रदेश	0			0	0
11.	जम्मू और कश्मीर	583.22	1107.89	366.83	2923.74	973
12.	झारखंड	1416.29	1036.62	576.38	1.70	1394
13.	कर्नाटक	106.03	10.13		0.42	9.4
14.	केरल	8.08	330.96		0	0
15.	मध्य प्रदेश	440.69	515.05	704.84	1085.83	337.89
16.	महाराष्ट्र	1125.60	593.35		337.99	163.267
17.	मणिपुर	111.57	409.02		0	0
18.	मेघालय	103.79	8.08	117.86	0	0
19.	मिजोरम	0			0	0
20.	नागालैंड	7.43			52.89	23.157
21.	ओडिशा	276.00	313.49	1750.65	185.08	2353.20
22.	राजस्थान	861.00		449.15	817.85	0
23.	सिक्किम	0		8.04	0	0
24.	तमिलनाडु	0		66.76	0	0

1	2	3	4	5	6	7
25.	त्रिपुरा	547.31	1159.61	588.65	0	0
26.	उत्तराखंड	203.93	184.11	55.23	8.39	167.768
27.	उत्तर प्रदेश	0.00		545.05	797.78	626.36
28.	पश्चिम बंगाल	0.00		1340.63	1135.76	308.85

विवरण-III

11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान दूरस्थ ग्राम विद्युतीकरण कार्यक्रम के तहत वित्तीय सहायता हेतु प्राप्त और मंजूर राज्य-वार प्रस्ताव

क्र. सं.	राज्य	प्रस्तावों में शामिल किए गए गांवों और बस्तियों की संख्या (09.03.2012 के अनुसार)
1	2	3
1.	आंध्र प्रदेश	13
2.	असम	1656
3.	छत्तीसगढ़	314
4.	गोवा	19
5.	हरियाणा	92
6.	जम्मू और कश्मीर	320
7.	झारखंड	251
8.	कर्नाटक	59
9.	केरल	49
10.	मध्य प्रदेश	404
11.	महाराष्ट्र	82
12.	मणिपुर	49
13.	मेघालय	66
14.	नागालैंड	8
15.	ओडिशा	1232
16.	राजस्थान	90
17.	तमिलनाडु	32
18.	त्रिपुरा	456
19.	उत्तराखंड	169
20.	उत्तर प्रदेश	257
21.	पश्चिम बंगाल	24

[अनुवाद]

358

अस्वास्थ्यकारी स्थितियां

2793. श्री पूर्णमासी राम : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सफदरजंग अस्पताल के वार्डों में सब जगह अस्वास्थ्यकारी स्थितियां हैं;

(ख) यदि हां, तो बारम्बार शिकायतें करने के बावजूद वार्डों विशेषकर शौचालयों में स्वास्थ्यकर स्थितियों में सुधार नहीं करने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने कतिपय बीमारियों के विशिष्ट उपचार के लिए सीजीएचएस लाभार्थियों हेतु अनेक निजी अस्पतालों को पैनलबद्ध किया है और यदि हां, तो उन्हें सभी बीमारियों के लिए अनुमति नहीं दिये जाने के क्या कारण हैं; और

(घ) क्या दिल्ली सरकार के कर्मचारियों को केन्द्र सरकार के कर्मचारियों की तुलना में समतुल्य चिकित्सा परिचर्या प्राप्त नहीं हो रही हैं और यदि हां, तो जीएनसीटी कर्मचारियों को भी सीजीएचएस के तहत कवर किये जाने से केन्द्र सरकार को किन समस्याओं का सामना करना पड़ेगा?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) और (ख) जी, नहीं। सफदरजंग अस्पताल जन सुविधाओं के लिए स्वच्छता संबंधी मानक निर्धारित करता है। अस्पताल के प्राधिकारी के पास अस्पताल में स्वच्छता कायम रखने के लिए दो एजेंसियां हैं। इसके अतिरिक्त सरकारी सफाई कर्मचारियों की सेवाएं भी उपयोग में लाई जाती हैं। अस्पताल में कृमि नियंत्रण संबंधी कार्य नियमित रूप से किया जाता है। अस्पताल प्रशासन को प्राप्त किसी भी शिकायत का तुरंत निवारण किया जाता है।

(ग) सरकार ने निविदा नोटिस में यथानिर्धारित सीजीएचएस के अंतर्गत पैनलबद्ध करने संबंधी शर्तों और निबंधनों के अनुसार निजी अस्पतालों को पैनलबद्ध किया है। निजी अस्पतालों को केवल उसी स्पेशियलिटी विशेष के लिए पैनलबद्ध किया गया है जिसके लिए उन्होंने सीजीएसएस दरें स्वीकार की हैं। अत: निजी अस्पतालों को ऐसी केवल उन्हीं स्पेशियलिटी के लिए पैनलबद्ध किया जाता है, जिनके लिए वे पैनलबद्ध किए जाने हेतु पात्र होते हैं।

(घ) इस मंत्रालय द्वारा केंद्र सरकार के कर्मचारियों और दिल्ली सरकार के कर्मचारियों को प्रदत्त चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में ऐसी कोई तुलना नहीं की गई है। इसके अतिरिक्त सीजीएचएस केन्द्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों को स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएं प्रदान करने वाली स्कीम है।

359-60

पनविद्युत परियोजनाओं में निवेश

2794. श्री शिवकुमार उदासी : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार को कर्नाटक सहित राज्य सरकारों से पन विद्युत परियोजनाओं में निवेश करने के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उन पर क्या कार्रवाई की गई है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) विद्युत मंत्रालय के पास जल विद्युत उत्पादन परियोजनाओं में निवेश करने के लिए कोई स्कीम नहीं है।

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 8(i) के अनुसार, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की सहमति के लिए राज्य सरकारों द्वारा जल विद्युत परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्टें (डीपीआर) प्रस्तुत की जाती हैं। 01.04.2009 से, सीईए में सहमति के लिए राज्य क्षेत्र की ग्यारह जल विद्युत परियोजनाओं की डीपीआर प्राप्त की गई हैं। तथापि, विगत तीन वर्षों के दौरान कर्नाटक से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता। 360-61

शहरी स्वास्थ्य देखभाल परियोजनाएं

2795. डॉ. रत्ना डे : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या शहरी स्वास्थ्य परिचर्या परियोजनाओं के लिए 4,495 करोड़ रु. की राशि का उपयोग नहीं किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं;

(घ) राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एन.यू.एच.एम.) के लिए इसके आरंभ होने से अब तक कितनी निधियां आवंटित की गई हैं; और

(ङ) उक्त अवधि के दौरान आवंटित/उपयोग न की गई निधियों का ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) से (ङ) 11वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत 4,495 करोड़ रु. प्रस्तावित राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) के लिए आवंटित किए गए। हालांकि एनयूएचएम संबंधी प्रस्ताव को व्यय वित्त समिति (ईएफसी) द्वारा सितम्बर, 2008 में अनुमोदित किया गया था, कार्यक्रम को शुरू नहीं किया जा

सका क्योंकि योजना आयोग ने इस मंत्रालय से कुछ देशों में अनुपालित उत्तम पद्धतियों सहित कतिपय अन्य पहलुओं पर विचार करने के लिए कहा जिनसे जन स्वास्थ्य सेवा प्रदानगी की उपलब्धता एवं गुणवत्ता दोनों प्रभावित होती हैं। इसके लिए स्टेकहोल्डर से व्यापक परामर्श तथा एनयूएचएम के लिए ढांचे पर पुन: चर्चा करना अपेक्षित था।

संशोधित फ्रेमवर्क तथा ईएफसी नोट को संबंधित मंत्रालयों को परिचालित कर दिया गया है तथा उनमें से अधिकांश से इन पर टिप्पणियां प्राप्त हो गई हैं। योजना आयोग से टिप्पणियां प्राप्त हो जाने के बाद, एनयूएचएम को शुरू करने के लिए आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने हेतु आगे की कार्रवाई की जाएगी।

[हिन्दी] 361-63

धान की भूसी से विद्युत उत्पादन

2796. श्री जय प्रकाश अग्रवाल : क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश के धान उत्पादन क्षेत्रों में धान की भूसी से विद्युत उत्पादन के लिए कोई कार्य योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या देश में धान की भूसी से विद्युत पैदा करने वाले राज्यों को कोई प्रोत्साहन दिया जा रहा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा देश में स्थापित ऐसे विद्युत उत्पादक संयंत्रों की राज्य-वार संख्या कितनी है।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (डॉ. फारूख अब्दुल्ला) : (क) और (ख) जी, हां। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा धान की भूसी सहित बायोमास से विद्युत उत्पादन का संवर्धन करने के लिए एक स्कीम का कार्यान्वयन किया जा रहा है। देश में 11वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के लिए निर्धारित 500 मेगावाट के लक्ष्य की तुलना में अब तक 620 मेगावाट की बायोमास विद्युत उत्पादन क्षमता प्राप्त कर ली गई है। दिनांक 29.02.2012 तक 1142 मेगावाट बायोमास विद्युत की कुल संचयी क्षमता प्राप्त कर ली गई है।

(ग) और (घ) बायोमास विद्युत परियोजनाएं स्थापित करने के लिए मशीनरी और संघटकों के आयात पर रियायती सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क से छूट, मुख्य संघटकों पर त्वरित मूल्यह्रास, करों से राहत और पूंजीगत सब्सिडी जैसे विभिन्न राजकोषीय और वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा, बायोमास विद्युत संयंत्रों से विद्युत की बिक्री हेतु अधिमान्य शुल्क-दर उपलब्ध कराई जा रही है।

(ङ) देश में ऐसी परियोजनाओं की संख्या और संस्थापित क्षमता के राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। ऐसी परियोजनाएं निजी निवेश के माध्यम से वाणिज्यिक परियोजनाओं के रूप में स्वतंत्र विद्युत उत्पादों द्वारा स्थापित की जाती हैं।

विवरण

दिनांक 29.02.2012 के अनुसार देश में स्थापित बायोगैस विद्युत परियोजनाओं की राज्य-वार संख्या और क्षमता

क्र. सं.	राज्य	परियोजनाओं की संख्या	क्षमता (मेगावाट में)
1	2	3	4
1.	आंध्र प्रदेश	39	210
2.	छत्तीसगढ़	29	250
3.	गुजरात	3	20
4.	हरियाणा	1	4
5.	कर्नाटक	13	88
6.	मध्य प्रदेश	01	1
7.	महाराष्ट्र	17	166
8.	ओडिशा	1	20
9.	पंजाब	5	50
10.	राजस्थान	8	81
11.	तमिलनाडु	23	206

1	2	3	4
12.	उत्तर प्रदेश	2	30
13.	पश्चिम बंगाल	2	16
	कुल	144	1142

[अनुवाद]

5.31 363

जाली नोटों की पहचान

2797. श्री पी.आर. नटराजन : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास जाली नोटों की पहचान के लिए नई प्रौद्योगिकी शुरू करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) कब तक इसे शुरू किए जाने की संभावना है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

363-15

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को पूंजीगत सहायता

2798. श्री आर. थामराईसेलवन : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में सबसे कमजोर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को सहायता देने के लिए कोई योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने हाल ही में उक्त बैंकों को पूंजी प्रदान की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त बैंकों को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा कौन-कौन से अन्य उपचारात्मक उपाय किए गए/किए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) से (घ) सरकार ने वित्तीय रूप से कमजोर 40 आरआरबी को पुनर्पूंजीकरण की राशि विभिन्न पणधारकों द्वारा शेयरधारिता के अनुपात में वहन किया जाएगा, अर्थात् उक्त राशि में केन्द्रीय सरकार, संबंधित प्रायोजक बैंक और राज्य सरकार की क्रमशः 50%, 35% और 15% की भागीदारी होगी। पुनर्पूंजीकरण की प्रक्रिया वर्ष 2010-11 में शुरू कर दी गई थी। अनुमोदित योजना के अनुसार, भारत सरकार के हिस्से का निर्गम, संबंधित राज्य सरकार और प्रायोजक बैंक के हिस्सों की रिलीज पर निर्भर करेगा। भारत सरकार के हिस्से के रूप में वर्ष 2010-11 के दौरान 66.49 करोड़ रुपए रिलीज किए गए थे और वर्ष 2011-12 के दौरान 402.43 करोड़ रुपए रिलीज किए जा चुके हैं। इस प्रकार 16 आरआरबी की पुनर्पूंजीकरण प्रक्रिया पूरी हो गई है और 5 आरआरबी को संबंधित राज्य सरकार और प्रायोजक बैंक द्वारा उनके हिस्से रिलीज किए जाने के अनुसार आंशिक राशि प्रदान की गई है।

(ङ) आरआरबी का आधुनिकीकरण करने और इनमें प्रौद्योगिकी उन्नयन को सशक्त करने के लिए, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:–

- प्रौद्योगिकी उन्नयन पर जोर देने के परिणामस्वरूप 80 आरआरबी में मूल बैंकिंग समाधान (सीबीएस) प्रणाली शुरू हो गई है। ये आरआरबी राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण प्रणाली से भी जुड़ गए हैं। जिससे इनके ग्राहकों के लिए किसी अन्य बैंक में धन का प्रेषण सुगम हो गया है। इससे आरआरबी को कम परिचालन लागत और तेज ग्राहक सेवा, सभी उत्पादों एवं सेवाओं का एकीकरण, बेहतर जोखिम प्रबंधन, कम परिचालन जोखिम, तत्काल अंतरण प्रसंस्करण और परिचालन बढ़ाने इत्यादि का लाभ प्राप्त होगा।
- प्रायोजक बैंकों को आरआरबी के परिचालन को अपने बैंकों के परिचालन से एकीकृत करने और उनके द्वारा प्रायोजित आरआरबी में मानव संसाधन विकास के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की सलाह दी गई है।
- प्रायोजक बैकों के मुख्य कार्यकारियों को सलाह दी गई है कि संबंधित आरआरबी द्वारा उनकी प्रगति की समीक्षा किए जाने के पश्चात बैंक के निदेशक मंडल द्वारा उक्त प्रगति की समीक्षा तिमाही आधार पर की जानी चाहिए।

- आरआरबी प्रबंधन को सशक्त करने के उद्देश्य से प्रायोजक बैंकों को व्यावसायिक प्रवीणता, सम्मति और ग्रामीण बैंकिंग में अधिकारी के अनुभव के आधार पर आरआरबी अध्यक्ष के चयन के लिए आदर्श दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

आयकर विभाग में संवर्ग का पुनर्गठन

2799. श्री एस. सेम्मलई : क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आयकर विभाग के कर्मचारी महासंघ ने संवर्ग के पुनर्गठन की मांग की है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) जी, हां।

(ख) सभी संवर्गों के वास्तविक आकांक्षाओं को पूरा करने एवं ठहराव को कम करने के उद्देश्य से संवर्ग संरचना के पुनर्गठन के साथ सभी स्तरों पर अतिरिक्त पदों की मांग की गई है। यह प्रस्ताव भारत सरकार के सक्रिय विचाराधीन है।

विदेशों से कर वंचन के बारे में सूचना

2800. श्री जोस के. मणि : क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर वंचकों के संबंध में "टैक्स हैवन" देशों की सूचना लाइचेंस्टीन, पनामा, सेशेल्स और बहरीन के भारत के साथ कर सूचना आदान-प्रदान समझौता (टी.आई.ई.ए.) के बदले पूर्णरूपेण दोहरा कराधान परिहार समझौता (डीटीएए) की मांग करने के कारण विलंबित होने की संभावना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा गतिरोध को दूर करने तथा ऐसे कर वंचकों के बारे में सूचना पाने के लिए जिन्होंने अपना धन इन देशों में जमा कर रखा है क्या कदम उठाया गया/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) लिचटेंस्टीन, पनामा तथा बहरीन, भारत के साथ कर सूचना के आदान-प्रदान संबंधी करारों (टीआईईएएस) को करने के लिए सहमत हुए हैं। सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर सेशेल्स के साथ टीआईईए करने के मामले को उठाया है।

काजू कामगारों के लिए स्वास्थ्य पैकेज

2801. श्री कोडिकुन्नील सुरेश : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने केरल में काजू कामगारों के लिए कोई स्वास्थ्य पैकेज का प्रस्ताव किया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुंदीप बंदोपाध्याय) : (क) और (ख) जी, हां। केरल सरकार ने वर्ष 2012-13 संबंधी राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) की अपनी कार्यक्रम कार्यान्वियन योजना (पी आई पी) में केरल में एंडोसल्फान त्रासदी के शिकार काजू कामगारों के लिए राहत एवं स्वास्थ्य परिचर्या पैकेज का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव में एंडोसल्फान अरक्षितता से पहले से पीड़ित विशेष रोगों वाले रोगियों की पहचान करना, व्यापक निःशुल्क उपचार का प्रावधान, स्वास्थ्य सेवा प्रदानगी प्रणाली का सुदृढ़ीकरण, क्षमता निर्माण, आईईसी/बीसीसी, मॉनीटरन एवं मूल्यांकन तथा आयुष एकीकरण शामिल है।

[हिन्दी]

विद्युत कंपनियों को हानि

2802. श्री गजेन्द्र सिंह राजुखेड़ी : क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विभिन्न राज्यों में विद्युत कंपनियां कोयला और निधियों की कमी के कारण घाटे में चल रही हैं; और

(ख) यदि हां, तो 2010-11 के दौरान विद्युत कंपनियों को राज्य-वार कितनी हानि हुई?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) अप्रैल, 2011 से फरवरी, 2012 के दौरान, कोयला आधारित ताप विद्युत स्टेशनों ने 529 बिलियन यूनिट (बि.यू.) का उत्पादन

किया, अर्थात् पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन वृद्धि 9.4% से अधिक की रही। तथापि, विद्युत यूटिलिटियों ने कोयले की कमी के कारण 8.7 बिलियन यूनिट की उत्पादन हानि की सूचना दी है। वर्ष 2011-12 के दौरान विद्युत यूटिलिटियों द्वारा सूचित की गई कोयले की कमी के कारण उत्पादन हानि का स्टेशन-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है। पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन द्वारा सभी राज्यों एवं पावर कंपनियों की वर्ष 2010-11 से संबंधित रिपोर्ट एकत्र किया जाना शेष है। तथापि, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2007-08 से 2009-10 के लिए राज्य विद्युत यूटिलिटियों की कार्यनिष्पादन रिपोर्ट, वर्ष 2007-08 से 2009-10 के दौरान राज्य विद्युत क्षेत्र की सभी यूटिलिटियों को हुई सकल हानियों का विवरण नीचे दिया गया है:—

(राशि करोड़ रुपये)

	2007-08	2008-09	2009-10
प्रोद्भूत आधार पर कर पश्चात् लाभ/(हानि)	(12,520)	(24,820)	(29,531)
प्राप्त अनुदान के आधार पर लाभ/(हानि)	(15,389)	(37,986)	(44,469)

राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

विवरण-I

वर्ष 2011-12 में विद्युत यूटिलिटियों द्वारा कोयले की कमी के कारण सूचित उत्पादन हानियां

क्र. सं.	विद्युत यूटिलिटी	ताप विद्युत स्टेशन	क्षमता मेगावाट में	उत्पादन हानियां मि.यू. में (फरवरी, 2012 तक)
1	2	3	4	5
1.	एनटीपीसी	ऊंचाहार	1,050	124
		दादरी (एनसीपीपी)	1,820	192
		कहलगांव एसटीपीएस	1,340	4,821
		सिंगरौली एसटीपीएस	2,000	188
		रिहन्द एसटीपीएस	2,000	152
		फरक्का एसटीपीएस	1,600	195
		विन्ध्याचल एसटीपीएस	3,260	749
		तालचेर एसटीपीएस	3,000	384
		रामागुंडम	2,600	546
		सिम्हाद्रि	1,500	498
		बदरपुर	705	14
		कुल	20,875	7,861
2.	मध्य प्रदेश पावर जेनको	सतपुड़ा	1,143	63
		संजय गांधी	1,340	94
		कुल	2,483	157
3.	महाजेनको	खापरखेड़ा	1,340	27
		पारली	1,130	324
		पारस	500	53
		कुल	2,970	404
4.	एपीजेनको	रायलसीमा	1,050	17
		काकतिया	500	28
		कुल	1550	45
5.	डीवीसी	मेजिया टीपीसी	1,340	167
		चन्द्रपुर	890	96
		कुल	2,230	263
		कुल योग	30,108	8,731

विवरण-II

क्षेत्र	राज्य	2007-08		2008-09		2009-10	
		कर के पश्चात् लाभ/(हानि) (वास्तविक आधार) पर	प्राप्त अनुदान आधार पर लाभ/(हानि)	कर के पश्चात् लाभ/(हानि) (वास्तविक आधार) पर	प्राप्त अनुदान आधार पर लाभ/(हानि)	कर के पश्चात् लाभ/(हानि) (वास्तविक आधार) पर	प्राप्त अनुदान आधार पर लाभ/(हानि)
1	2	3	4	5	6	7	8
पूर्वी	बिहार	-585	-585	-1,005	-1,005	-1,412	-1,412
	झारखंड	-1,201	-1,201	-1,048	-1,048	-707	-707
	ओडिशा	738	738	60	60	-287	-287
	सिक्किम	-28	-28	10	10	1	1
	पश्चिम बंगाल	364	364	345	345	269	269
कुल पूर्वी क्षेत्र		-712	-712	-1,638	-1,638	-2,136	-2,136
पूर्वोत्तर	अरुणाचल प्रदेश	-83	-83	-48	-48	-33	-33
	असम	-128	-128	-41	-41	-339	-339
	मणिपुर	-94	-94	-113	-113	-106	-106
	मेघालय	1	1	10	10	-56	-56
	मिजोरम	-40	-40	-72	-72	-130	-130
	नागालैंड	-81	-81	-68	-68	-111	-111
	त्रिपुरा	25	25	47	47	-33	-33
कुल पूर्वोत्तर क्षेत्र		-399	-399	-285	-285	-809	-809
उत्तर	दिल्ली	-104	-104	404	404	920	920
	हरियाणा	-625	-625	-1,387	-1,387	-1,408	-1,455
	हिमाचल प्रदेश	-25	-25	32	32	-153	-153

1	2	3	4	5	6	7	8
	जम्मू और कश्मीर	-1,372	-1,372	-1,279	-1,279	-2,183	-2,183
	पंजाब	-1,390	-1,390	-1,041	-1,041	-1,302	-1,302
	राजस्थान	-0	-2,375	-1,356	-8,184	-828	-11,846
	उत्तर प्रदेश	-4,377	-4,377	-6,705	-6,705	-7,538	-7,538
	उत्तराखंड	-450	-450	-456	-456	-423	-423
कुल उत्तरी क्षेत्र		-8,343	-10,718	-11,788	-18,616	-12,915	-23,980
दक्षिणी	आंध्र प्रदेश	341	-118	352	-5,678	424	-3,282
	कर्नाटक	301	266	-1,318	-1,377	187	20
	केरल	217	217	217	217	241	241
	पुदुचेरी	34	34	-69	-69	-41	-41
	तमिलनाडु	-3,512	-3,512	-7,771	-8,021	-9,680	-9,680
कुल दक्षिणी क्षेत्र		-2,620	-3,113	-8,589	-14,928	-8,869	-12,742
पश्चिमी	छत्तीसगढ़	464	464	702	702	-433	-433
	गोवा	139	139	158	158	80	80
	गुजरात	102	102	126	126	266	266
	मध्य प्रदेश	-1,827	-1,827	-2,824	-2,824	-4,078	-4,078
	महाराष्ट्र	675	675	-680	-680	-636	636
कुल पश्चिमी क्षेत्र		-446	-446	-2,519	-2,519	-4,802	-4,802
कुल योग		-12,520	-15,389	-24,820	-37,986	-29,531	-44,469

(स्रोत: पीएफसी)।

[अनुवाद]

371-73

पंचायत स्तर पर सौर इकाइयां

2803. श्री रवनीत सिंह : क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने गांव/पंचायत स्तर पर सौर ऊर्जा इकाइयों की स्थापना के लिए राज सहायता प्रदान करने हेतु कोई योजना शुरू की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा पिछले तीन वर्षों के दौरान और चालू वर्ष में पंजाब सहित देश में इस

योजना के अंतर्गत लाभ पाए हुए गांवों की कुल संख्या क्या है; और

(ग) इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (डॉ. फारूख अब्दुल्ला): (क) जी, हां।

(ख) सरकार द्वारा जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय सौर मिशन की ऑफ-ग्रिड अनुप्रयोग स्कीम के अंतर्गत सामान्य श्रेणी के राज्यों में गांवों में अधिकतम 81,000/- रु. प्रति किलोवाट पीक के अध्यधीन स्टैंड अलोन सौर प्रकाशवोल्टीय विद्युत संयंत्रों की संस्थापना लागत के 30% की केन्द्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) दी जा रही है। पूर्वोत्तर राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों के द्वीपसमूह, जम्मू और कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश सहित विशेष श्रेणी के राज्यों में ग्राम पंचायतों द्वारा संस्थापित की जाने वाली इन प्रणालियों के लिए मंत्रालय द्वारा अधिकतम 243 रु. प्रति वाट पीक के अध्यधीन परियोजना लागत के 90% की सब्सिडी उपलब्ध है। देश में पिछले तीन वर्षों तथा चालू वित्त वर्ष के दौरान 14178 सौर विद्युत संयंत्रों को मंजूरी दी गई है जिनमें से 35 संयंत्र पंजाब में हैं।

(ग) मंत्रालय तथा राज्य नोडल एजेंसियों, बैंकों, गैर-सरकारी संगठनों, आदि द्वारा देश में सौर पीवी प्रणालियों के संवर्धन के लिए जागरूकता एवं क्षमता निर्माण संबंधी कार्यक्रमों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और प्रदर्शनियों का नियमित रूप से आयोजन किया जा रहा है।

373-74

अन्य औषधालयों के लिए सी.जी.एच.एस. कार्डों का प्रयोग

2804. श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादम : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश विशेषकर दिल्ली में केन्द्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सी.जी.एच.एस.) के औषधालय अन्य औषधालयों के प्लास्टिक सी.जी.एच.एस. कार्ड स्वीकार नहीं कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सी.जी.एच.एस. औषधालय केवल अपने औषधालयों से दवाएं दे रहे हैं तथा औषधियों की स्थानीय खरीद की अनुमति नहीं दे रहे हैं एवं लाभार्थियों को अपनी सी.जी.एच.एस. औषधालय में जाने का निदेश दे रहे हैं;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार को इस संबंध में कोई शिकायत मिली है;

(ङ) यदि हां, तो ऐसी शिकायतों के समाधान के लिए क्या कार्रवाई की गई है; और

(च) सरकार द्वारा देश के विशेषकर दिल्ली के सभी औषधालयों को अन्य औषधालयों के प्लास्टिक कार्डों को स्वीकार करने तथा आवश्यकता के अनुसार औषधियों के जारी करने के लिए कड़े अनुदेश कब तक दिए जाने की संभावना है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) और (ख) देश भर में जारी पेपर कार्डों सहित सभी सीजीएचएस कार्ड सर्वत्र स्वीकार्य हैं तथा देश में किसी भी सीजीएचएस औषधालय में उपचार प्राप्त करने के लिए वैध है।

(ग) से (ङ) जी, नहीं। सभी सीजीएचएस औषधालयों को किसी भी औषधालय से जुड़े वैध सीजीएचएस कार्ड धारी लाभार्थियों को स्थानीय खरीद वाली दवाओं सहित दवाएं जारी करने का निर्देश दिया गया है।

(च) मंत्रालय ने इस संबंध में अनुदेश पहले ही जारी कर दिए हैं।

[हिन्दी]

374-77

विद्युत वितरण कंपनियों को लाइसेंस

2805. श्री गोरख प्रसाद जायसवाल :
डॉ. संजय सिंह :

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विद्युत अधिनियम, 2003 में निजी विद्युत वितरक कंपनियों के लाइसेंस को निरस्त किए जाने का कोई प्रावधान है;

(ख) यदि हां, तो प्रावधानों का ब्यौरा क्या है तथा इसका उद्देश्य क्या है;

(ग) उन निजी विद्युत वितरक कंपनियों के राज्य-वार नाम क्या

हैं जिनके लाइसेंस पिछले तीन वर्षों के दौरान निरस्त किए गए तथा इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या इस संबंध में इन प्रावधानों तथा वर्तमान निगरानी प्रणाली का क्रियान्वयन राज्य सरकारों द्वारा ठीक से नहीं किया जा रहा है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा केन्द्र सरकार की इस संबंध में क्या भूमिका है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 19 वितरण लाइसेंसियों के लाइसेंस का प्रतिसंहरण करने के लिए उपयुक्त आयोग को अधिकार प्रदान करती है। धारा 19 का संबंधित उद्धरण संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) विनियामक सचिवालय के मंच द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, गत तीन वर्षों के दौरान किसी भी वितरण कंपनी का लाइसेंस रद्द नहीं किया गया था।

(घ) इस संबंध में उपयुक्त आयोग राज्य सरकार नहीं है बल्कि राज्य विद्युत विनियामक आयोग संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग है। उपलब्ध सूचना के आधार पर, विद्युत अधिनियम तथा उसके अंतर्गत अधिसूचित प्रावधानों की निगरानी एवं कार्यान्वयन विनियामक आयोगों द्वारा किया जा रहा है।

(ङ) उपरोक्त (घ) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

लाइसेंस का रद्द करना:

(1) यदि उपयुक्त आयोग, जांच करने के पश्चात्, संतुष्ट हो जाता है कि जन हित में ऐसा अपेक्षित है तो वह निम्नलिखित मामलों में से किसी मामले में लाइसेंस रद्द कर सकता है, अर्थात्

(क) यदि लाइसेंसी, उपयुक्त आयोग के विचार में, किसी कार्य को करने में अपनी इच्छा से एवं विलम्बित व्यतिक्रम करता है जो इस अधिनियम पर इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों पर विनियमों द्वारा अपेक्षित है।

(ख) यदि लाइसेंसी अपने लाइसेंस की किसी निबंधन एवं शर्तों का उल्लंघन करता है जो कि उस लाइसेंस को रद्द करने के लिए उस लाइसेंस द्वारा स्पष्ट रूप से घोषित हो।

(ग) यदि लाइसेंसी अपने लाइसेंस द्वारा इस निमित निर्धारित अवधि के भीतर या कोई भी लम्बी अवधि जो उपयुक्त आयोग उसके लिए प्रदान करे, निम्नलिखित में विफल रहता है:—

(i) उपर्युक्त आयोग की संतुष्टि तक यह दर्शाए कि वह इसमें विफल रहता है कि वह अपने लाइसेंस द्वारा उसे सौंपे गए दायित्वों एवं उत्तरदायित्वों का निवर्हन करने या 15 लाइसेंसी की यूटिलिटियों के विक्रय या उसके लाइसेंस द्वारा उस पर लगाए गए दायित्वों को पूर्ण रूप से और प्रभावी रूप से सक्षम है; अथवा

(ii) अपने लाइसेंस द्वारा अपेक्षित राशि जमा करवाने या प्रतिभूति देने या शुल्क का भुगतान करने या अन्य शुल्क देने में विफल रहता है;

(घ) जहां उपर्युक्त आयोग का यह विचार है कि लाइसेंसी की वित्तीय स्थिति ऐसी है कि वह अपने लाइसेंस द्वारा उस पर लगाए गए दायित्वों एवं उत्तरदायित्वों के निर्वहन हेतु पूर्ण एवं प्रभावी रूप से सक्षम नहीं है।

(2) जहां आयोग का यह विचार है कि जन हित में ऐसा करना अपेक्षित है वहां, उपर्युक्त आयोग आवेदन पर अथवा लाइसेंसी की सहमति से वितरण या पारेषण या उन निबंधनों एवं शर्तों, जिन्हें वह उचित समझे, पर ट्रेडिंग करके, क्षेत्र के सम्पूर्ण अथवा किसी भाग का लाइसेंस रद्द कर सकता है।

(3) कोई भी लाइसेंस उप धारा (i) के अंतर्गत तब तक रद्द किया जाएगा जब तक कि उपर्युक्त आयोग ने तीन माह पूर्व लिखित में नोटिस न दे दिया हो जिसमें लाइसेंस को रद्द करने के प्रस्ताव का आधार दर्शाया गया हो और प्रस्तावित रद्दीकरण के विरुद्ध उस नोटिस की अवधि के भीतर लाइसेंसी द्वारा दर्शाये गए किसी कारण पर विचार न कर लिया गया हो।

(4) उपयुक्त आयोग, उप धारा (1) के अंतर्गत लाइसेंस रद्द करने के बजाय, उन निबंधनों एवं शर्तों वह उचित समझे, के अधीन रहते हुए, प्रभाव में बने रहने की अनुमति दे सकता है और इस प्रकार लगाए गए निबंधन एवं शर्तों लाइसेंसी पर बाध्यकारी होगी एवं उनकी अनुपालना करनी होगी और इनकी शक्ति एवं प्रभाव इस प्रकार होगी कि वे लाइसेंस में ही निहित हों।

(5) यदि आयोग इस धारा के अंतर्गत लाइसेंस को रद्द करता है तो वह लाइसेंसी को रद्दीकरण का नोटिस देगा और वह तारीख निर्धारित करेगा जिस पर रद्दीकरण प्रभावी होगा।

(6) यदि उपयुक्त आयोग ने, लगाए जाने वाले किसी दंड या इस अधिनियम के अंतर्गत शुरू की जाने वाली किसी कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, उप धारा (5) के अंतर्गत लाइसेंस को रद्द करने के लिए नोटिस दिया है तो लाइसेंसी, उस आयोग के पूर्व अनुमोदन के पश्चात्, किसी ऐसे व्यक्ति को, जो लाइसेंस देने हेतु उस आयोग को, जो लाइसेंस देने हेतु उस आयोग द्वारा पात्र पाया जाए, अपनी यूटिलिटि की बिक्री कर सकेगा।

आयुर्वेदिक/होम्योपैथिक दवाओं की गुणवत्ता और मूल्य

377-79

2806. श्री कादिर राणा :
श्री एम.बी. राजेश :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथिक दवाओं के विनिर्माण, विपणन और गुणवत्ता को विनियमित करने के लिए सरकार द्वारा क्या तंत्र स्थापित किया गया/किए जाने का प्रस्ताव है;

(ख) क्या सरकार ने देश में इन औषधियों की बढ़ती कीमतों पर ध्यान दिया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं/किए जाने का प्रस्ताव है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस. गांधीसेलवन) : (क) औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 और इससे संबंधित नियमावली देश में आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथी औषधों के विक्रय के लिए उनके विनिर्माण हेतु लाइसेंस देने संबंधी प्रक्रिया को विनियमित करते हैं। औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम के उपबंधों के तहत राज्य सरकारों को यह अधिकार दिया गया है कि वे औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम और इससे संबंधित नियमावली के उपबंधों के प्रवर्तन के लिए राज्य लाइसेंस प्राधिकारी नियुक्त करें। आयुष विभाग ने आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथी औषधियों के विनियमन के लिए निम्नलिखित सहित अनेक कदम उठाए हैं:—

1. आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथी (एयू और एच) भेषजसंहिताओं को प्रकाशित कराया गया है, जिनमें आयुर्वेद के 600 एकल औषधों व 152 सम्मिश्रित औषधयोगों, यूनानी के 298 एकल औषधों और 100 सम्मिश्रित औषधयोगों तथा 1016 होम्योपैथी औषधों के गुणवत्ता मानक निहित हैं।

2. आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथी औषधों के लाइसेंस देने के लिए अच्छी विनिर्माण पद्धतियों (जीएमपी) के अनुपालन को कानूनी तौर पर अनिवार्य कर दिया गया है।

3. भारतीय चिकित्सा भेषजसंहिता आयोग (पीसीआईएम) स्थापित किया गया है, ताकि आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी औषधियों की गुणवत्ता संबंधी सरोकारों का निदान होने के साथ-साथ उनके गुणवत्ता मानक भी विकसित किए जा सकें।

4. विभाग ने भारतीय गुणवत्ता परिषद् के सहयोग से एएसयू औषधों के स्वैच्छिक गुणवत्ता प्रमाणन के लिए एक स्कीम शुरू की है।

5. आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी औषधों की विभिन्न किस्मों की उपयोग अवधि और इन औषधों के विनिर्माण में परिरक्षकों तथा योगशीलों आदि के प्रयोग को अधिसूचित कर दिया गया है।

6. 26 राज्य औषध परीक्षण प्रयोगशालाओं और 46 राज्य भेषजिकियों को सार्वजनिक क्षेत्र में आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी

और होम्योपैथी औषधों के गुणवत्ता परीक्षण व उत्पादन के लिए अपेक्षित अवसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु वित्तीय सहायता दी गई है। विभाग ने आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथी औषधों के परीक्षण के लिए 44 निजी औषध परीक्षण प्रयोगशालाओं को मान्यता दी है।

(ख) से (घ) आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथी औषधियों का मूल्य निर्धारण औषध मूल्य नियंत्रण आदेश (डीपीसीओ) 1995 के अंतर्गत नहीं आता है। कुल मिलाकर इन औषधियों के मूल्य में वृद्धि होना एक सहज प्रक्रिया है। कुछ औषधियों के मूल्य बाजार बलों के कारण अधिक हो सकते हैं।

सरकार ने औषधीय पादप क्षेत्रक से संबंधित मामलों का समन्वय करने के लिए एक राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड स्थापित किया है। आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी औषधों के मूल्य नियंत्रण में रखने के प्रयोजनार्थ आवश्यक है कि अपरिष्कृत सामग्रियों के मूल्य मुनासिब सीमा के भीतर हों। औषधीय पादपों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड अभिनिर्धारित औषधीय पादपों की किसानों द्वारा कृषि को सहायता देता रहा है।

[अनुवाद] 379-80

बिक्री कारोबार का प्रकटन

2807. श्री के. सुधाकरण : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) कंपनियों के लिए अपने मासिक बिक्री कारोबार या उत्पादन आंकड़ों को किसी अन्य निकाय या मीडिया को देने से पूर्व सबसे पहले स्टॉक एक्सचेंज को बताने को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो इस कदम का उद्देश्य क्या है;

(ग) क्या कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए नए कानून में दांडिक प्रावधानों सहित समुचित प्रावधान किए गए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) सेबी (भीतरी कारोबार का निषेध) विनियम, 1992 और सूचीयन करार के अनुपालन में सभी सूचीबद्ध कंपनियों से यह अपेक्षित है कि वे स्टॉक एक्सचेंज को, उसकी वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के लिए ऐसी मूल्य संवेदी सूचना और महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में सूचित करें जिनका कंपनी के निष्पादन/प्रचालन पर प्रभाव पड़ता हो। तथापि, सेबी की जानकारी में आया है कि कुछ सूचीबद्ध कंपनियां केवल अपने कारोबार/उद्योग संघों को ही मासिक बिक्रियों/व्यापार/उत्पादन के आंकड़े दे रही हैं जो इनकी जानकारी अपने संघ के सदस्यों को देते हैं। अतः, यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी पणधारकों तक सूचना का अभिगम समान रहे, सेबी सूचीबद्ध कंपनियों को यह सलाह देने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है कि जब और जैसे ही कोई सूचीबद्ध कंपनी अपने कारोबार/उद्योग संघ को ऐसे डाटा के बारे में सूचना देती है, तो वह यह सूचना एक्सचेंज को भी अग्रेषित करें।

(ग) और (घ) उपर्युक्त भाग (क) और (ख) के उत्तर के दृष्टिगत प्रश्न नहीं उठता। 380-81

सी.जी.एस.एस. के अंतर्गत स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाएं

2808. श्री एस.आर. जेयदुरई : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राज्यों या शहरों में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों और सेवानिवृत्त लोगों को उपलब्ध स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं का ब्यौरा क्या है जहां सी.जी.एच.एस. औषधालय या अस्पताल उपलब्ध नहीं हैं;

(ख) क्या सरकार का विचार राज्यों या शहरों में केन्द्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों को स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं प्रदान करने का है जहां ये सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं; और

(ङ) पिछले तीन वर्षों के दौरान वर्ष-वार केन्द्र सरकार द्वारा ऐसे राज्यों और शहरों में रहने वाले केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को, जहां सीजीएचएस सुविधा उपलब्ध नहीं है तथा जिन्हें प्राधिकृत चिकित्सक (ए.एम.ए.) से उपचार कराने के लिए अनुमति दी गई है, कुल कितनी राशि का भुगतान किया गया है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) केन्द्र सरकार के सेवारत कर्मचारियों को जो गैर-सीजीएचएस

क्षेत्रों में रहते हैं, केन्द्रीय सेवा आयुर्विज्ञान अटेंडेस [सी एम (एमए) नियमावली, 1994] के तहत स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं। पेंशनर इन नियमों में शामिल नहीं हैं। तथापि, उन्हें 300/- रु. प्रति माह का निर्धारित चिकित्सा भत्ता पाने का हक है। गैर सीजीएचएस क्षेत्रों में रहने वाले पेंशन भोगियों को इस योजना के तहत चिकित्सा सुविधाओं का लाभ लेने के लिए किसी भी सीजीएचएस के तहत आने वाले किसी भी शहर में सीजीएचएस का सदस्य बनने का विकल्प है।

(ख) से (घ) सरकार केन्द्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू करने पर विचार कर रही है जिसमें गैर सीजीएचएस क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

(ङ) सी एस (एमए) नियमों के तहत केन्द्र सरकार के कर्मचारी संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग/कार्यालय द्वारा नियुक्त अधिकृत मेडिकल अटेंडेन्ट्स से उपचार कराते है। वे संबंधित प्रशासनिक कार्यालय से नियमानुसार अपने चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति प्राप्त करते हैं। देश भर में केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को की गई चिकित्सा प्रतिपूर्ति के बारे में सूचनाएं इस मंत्रालय में नहीं रखी जाती।

सी.सी.आई.टी. का खाली पद

2809. श्री रामसिंह राठवा : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में मुख्य आयकर आयुक्त (सी.सी.आई.टी.) के बहुत से पद खाली पड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) मुख्य आयकर आयुक्तों की कमी के कारण आयकर विभाग का कार्यकरण किस हद तक प्रभावित हुआ है; और

(घ) कब तक इन खाली पदों के भरे जाने की संभावना है तथा आयकर की शीघ्र वसूली के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) और (ख) जी, नहीं। 116 मुख्य आयकर आयुक्तों (सीसीआईटी) में से केवल पांच पद खाली हैं। पदोन्नति से इन पदों को भरने के लिए कार्रवाई शुरू की गई है।

(ग) और (घ) खाली पड़े पदों के कर्तव्यों के निर्वाह के लिए इन पदों पर नियमित पदधारी की तैनाती होने तक विभाग द्वारा अतिरिक्त प्रभार की व्यवस्था की गई है।

[हिन्दी]

बॉक्साइट के खनन पट्टे की अनुमति

2810. श्रीमती कमला देवी पटले : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा "छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम लिमिटेड, रायपुर" के पक्ष में बॉक्साइट खनन के पट्टे के अनुमोदन/अनुमति के कुछ प्रस्ताव केन्द्र सरकार के विचाराधीन हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या केन्द्र सरकार द्वारा बार-बार पूछे गये प्रश्नों का राज्य सरकार द्वारा समय पर उत्तर दिया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) आज की तारीख तक मामले पर कार्रवाई न करने के क्या कारण हैं; और

(ङ) बॉक्साइट परियोजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन के लिए इन प्रस्तावों को कब तक अनुमति दिए जाने की संभावना है?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दिनशा पटेल) : (क) खान मंत्रालय को छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम लिमिटेड के पक्ष में बॉक्साइट हेतु खनन पट्टे की स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार के पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने संबंधी छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सिफारिश किए गए नौ प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

(ख) और (ग) इन मामलों में, संस्तुत क्षेत्रों में खनिजीकरण, क्षेत्र के मानचित्र और अधिकतम क्षेत्र सीमा संबंधी छूट के औचित्य के संबंध में राज्य सरकार और भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) से पूछताछ की गई थी। राज्य सरकार से हाल ही में छः प्रस्तावों से संबंधित उत्तर प्राप्त हुए हैं।

(घ) चूंकि प्रस्तावों में सूचना/दस्तावेज अपर्याप्त थे, अतः राज्य सरकार और आईबीएम से मंत्रालय को सूचना प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था ताकि इस मामले में आसानी से निर्णय लिया जा सके।

(ङ) राज्य सरकार द्वारा सिफारिश किए गए प्रस्तावों की खान मंत्रालय द्वारा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के प्रावधानों तथा उसमें वर्णित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के आलोक में और आवश्यकतानुसार राज्य सरकारों और अन्य संबंधित एजेंसियों से परामर्श करके जांच की जाती है। इस तरह प्रस्तावों के निपटान के लिए कोई समय-सीमा नहीं दर्शायी जा सकती।

[अनुवाद]

वन अधिकार अधिनियम का क्रियान्वयन

2811. श्री बदरुद्दीन अजमल : क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के क्रियान्वयन के पश्चात भी वनवासियों के अधिकारों की रक्षा नहीं हुई है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार को देश के विभिन्न भागों से उक्त अधिनियम के उल्लंघन की कई शिकायतें मिली हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) वनवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला) : (क) जी, नहीं। अनुसूचित जनजाति तथा अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 तथा इसके तहत तैयार किए गए नियमों के प्रावधानों के अनुसार, अधिनियम के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से प्राप्त सूचना के अनुसार, 29 फरवरी, 2012 तक अधिनियम के तहत 31,70,247 दावे दायर किए गए थे, जिनमें से 27,27,684 (86.04%) दावे निपटा दिए गए थे। 12,54,668 अधिकार पत्र संवितरित कर दिए गए थे तथा 16,052 अधिकार पत्र संवितरण हेतु तैयार थे।

(ख) और (ग) वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत अधिकारों से वंचन तथा वन से जनजातीय लोगों की बेदखली इत्यादि से संबंधित शिकायतें पिछले कुछ समय से प्राप्त हुई हैं। इन शिकायतों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पास भेज दिया गया है क्योंकि अधिनियम के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की है।

(घ) जनजातीय कार्य मंत्रालय राज्य सरकारों तथा संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के साथ विचार-विमर्श कर रहा है तथा उनसे यह सुनिश्चित करने का अनुरोध कर रहा है कि अनुसूचित जनजाति तथा अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार वन निवासी अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य परंपरागत वन निवासियों के वन अधिकारों को यथाशीघ्र मान्यता दी जाए तथा उन्हें ये प्रदान किए जाएं। अधिनियम के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करने के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के संबंधित अधिकारियों के साथ बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं।

पर्यटन सर्किट

2812. श्री एम.के. राघवन : क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास देश में कुछ समन्वित पर्यटन सर्किट के विकास का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष में राज्य सरकारों द्वारा इस प्रयोजन के लिए स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई राशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या ग्रामीण पर्यटन के लिए समान स्थानों को भी चिन्हित किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य-क्षेत्रवार ब्यौरा क्या है?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुल्तान अहमद) : (क) से (ङ) पर्यटन अवसंरचना का विकास एवं संवर्धन की मुख्यत: राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों की जिम्मेदारी है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय, निधियों की उपलब्धता पारस्परिक प्राथमिकता और योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन की शर्त पर, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को प्राथमिकीकरण बैठक में उनके साथ हुई चर्चा के आधार पर प्राथमिकता प्रदत्त पर्यटन परियोजनाओं के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

पर्यटन मंत्रालय ने प्रत्येक राज्य (केवल उनको छोड़कर जो उत्तर-पूर्वी राज्यों में हैं) और संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) में समन्वित पर्यटन परिपथों और गांव के समूहों की पहचान करने के लिए राष्ट्रीय स्तर के परामर्शदाता (एनएलसी) को नियुक्त किया है।

छोटे परिवार का मानदंड

2813. **डॉ. पी. वेणुगोपाल : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में छोटे परिवार का मानदंड अपनाने वाले कुछ परिवारों की संख्या में 2010 और 2011 के बीच 3.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) भविष्य में ऐसे परिवारों की संख्या बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) और (ख) एचएमआईएस पोर्टल के जरिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त अनंतिम सूचना के अनुसार बंध्यीकरण पद्धति के परिवार नियोजन स्वीकारकर्ताओं की कुल संख्या में वर्ष 2009-10 में 49,97,571 से वर्ष 2010-11 में 50,09,322 तक वृद्धि हुई है। वर्ष 2008-09, 2009-10 और 2010-11 के संबंध में राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 के अनुसार भारत में परिवार कल्याण कार्यक्रम की प्रकृति स्वैच्छिक है, जो दंपत्तियों को बगैर किसी बाध्यता के उनकी पसंद के अनुसार सर्वोत्तम अनुकूल पद्धतियां अपनाने हेतु पात्र बनाती हैं। तथापि लोगों को परिवार नियोजन अपनाने के लिए प्रोत्साहन देने की दृष्टि से सरकार स्वीकारकर्ता को बंध्यीकरण करवाने के लिए चिकित्सा केन्द्र में जाने वाले दिन के पारिश्रमिक की हानि के लिए बंध्यीकरण स्वीकारकर्ताओं को मुआवजा देने हेतु एक केन्द्र प्रायोजित स्कीम क्रियान्वित करती आ रही है। इस स्कीम के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वेसक्टामी के लिए 1500/- रु. और राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 1000/- रु. की दर से तथा सार्वजनिक सुविधा केन्द्रों में वेक्सटॉमी के लिए 1500/- रु. और ट्यूबक्टॉमी प्रक्रियाओं के लिए 1000/- रु. की दर से तथा सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में सभी श्रेणियों के प्रत्यायित निजी स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में वेसक्टॉमी के लिए 1500/- रु. की धनराशि की दर से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां जारी की जाती हैं।

इसके अतिरिक्त इस दिशा में किए गए मुख्य कार्यकलापों में निम्नलिखित शामिल हैं:–

- बंध्यीकरण के स्वीकारकर्ताओं और प्रदायकों के लिए मुआवजा पैकेज में वृद्धि।
- बंध्यीकरण से हो सकने वाली किसी भी दुर्घटना को कवर करने के लिए राष्ट्रीय परिवार नियोजन बीमा स्कीम का शुरू करना।
- जन्म अंतराल की पद्धति के रूप दीर्घावधिक ओयूडी-380क को प्रोत्साहन।
- सांस्थनिक प्रसवों में वृद्धि करने की दृष्टि से स्वास्थ्य सुविधाओं में पोस्ट-पार्टम परिवार नियोजन सेवाओं का सुदृढ़ीकरण।
- नॉन स्केल्पल वेसक्टॉमी (एनएसवी) पद्धतियों के जरिए पुरुष सहभागिता को बढ़ावा देना।
- मिनी लैप बंध्यीकरण पद्धतियों पर डॉक्टरों का प्रशिक्षण।
- बंध्यीकरण सेवाओं के प्रावधान में वृद्धि करने हेतु निजी प्रदायकों को सूचीबद्ध करना।
- लोगों को उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहन के रूप में उनके घरों पर नाममात्र राशि लेकर गर्भनिरोधक प्रदान करने हेतु आशाओं की सेवाओं को उपयोग में लाना।

विवरण

बंध्यीकरण के संबंध में राज्य-वार उपलब्धियां

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	उपलब्धि		
		2008-09	2009-10*	2010-11*
1	2	3	4	5
1.	आंध्र प्रदेश	698,524	665,400	557,434
2.	असम	48,064	81,112	81,136

1	2	3	4	5
3.	बिहार	250,550	312,211	509,859
4.	छत्तीसगढ़	168,733	173,635	150,031
5.	गुजरात	320,515	313,633	325,748
6.	हरियाणा	88,920	86,240	80,203
7.	झारखंड	110,693	113,354	120,253
8.	कर्नाटक	415,085	396,328	259,609
9.	केरल	127,883	101,431	92,056
10.	मध्य प्रदेश	451,762	434,706	681,850
11.	महाराष्ट्र	535,635	516,484	503,483
12.	ओडिशा	95,190	117,955	137,366
13.	पंजाब	86,732	76,377	93,853
14.	राजस्थान	356,923	345,900	338,574
15.	तमिलनाडु	343,201	343,908	327,262
16.	उत्तर प्रदेश	393,576	470,194	379,491
17.	पश्चिम बंगाल	309,164	311,722	242,638
18.	अरुणाचल प्रदेश	1,900	1,390	1,657
19.	दिल्ली	25,089	21,690	19,874
20.	गोवा	5,354	4,175	3,776
21.	हिमाचल प्रदेश	30,813	27,616	23,638
22.	जम्मू और कश्मीर	21,237	20,112	18,598
23.	मणिपुर	2,148	986	1,468
24.	मेघालय	1,933	1,830	2,030
25.	मिजोरम	3,369	2,536	2,373
25.	नागालैंड	490	1,212	1,646
27.	सिक्किम	272	549	239
28.	त्रिपुरा	7,318	3,745	4,043
29.	उत्तराखंड	33,422	24,462	24,856
30.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	697	825	711
31.	चंडीगढ़	2,086	2,073	2,016
32.	दादरा और नगर हवेली	1,114	1,160	1,045
33.	दमन और दीव	—	—	391
34.	लक्षद्वीप	2	8	32
35.	पुदुचेरी	9,196	9,104	11,218

— : सूचित नहीं। * : अनंतिम।

नोट: योग को अखिल भारत के आंकडों में शामिल नहीं किया जा सकता है क्योंकि राज्यवार आंकड़ों में रक्षा मंत्रालय और रेलवे के आंकड़े शामिल नहीं हैं। 388-69

बचत बैंक खाता की पोर्टेबिलिटी

2814. श्रीमती श्रुति चौधरी : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास पूरे देश में वैयक्तिक बचत बैंक खाता की पोर्टेबिलिटी शुरू करनें का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा ऐसी पहल का क्या उद्देश्य है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) भारतीय रिर्जव बैंक (आरबीआई) ने 26 मई, 2010 को दामोदरन समिति का गठन किया था और इस समिति

का कार्य खुदरा और छोटे ग्राहकों को उपलब्ध बैंकिंग सेवाओं की जांच पड़ताल करना था। इस समिति ने 4 जुलाई, 2011 को अपनी रिपोर्ट आरबीआई को सौंप दी थी। समिति ने यह सिफारिश की है कि यदि कोई ग्राहक किसी अन्य नगर में स्थानांतरित हो जाता है अथवा उसी शहर में स्थित किसी अन्य शाखा में अपने खाते को अंतरित करवाता है तो ऐसी स्थितियों में उसे बैंक में अपने खाते का वही नम्बर रखने की अनुमति दी जानी चाहिए। आरबीआई ने दामोदरन समिति की सिफारिशों पर कार्रवाई की है तथा अक्तूबर 2011 को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) को यह सलाह दी है कि वे उपर्युक्त सिफारिशों पर अमल करें।

आरबीआई ने यह भी उल्लेख किया है कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) तथा विनियम के उपबंध, बैंकों के बीच खाता पोर्टेबिलिटी का समर्थन नहीं करते हैं क्योंकि किसी ग्राहक की पहचान से संबंधित अभिलखों को बैंक और ग्राहक के बीच लेनेदन की समाप्ति होने की तारीख से 10 वर्षों की अवधि के लिए ग्राहक संबंध स्थापित करते हुए बैंक द्वारा बनाए रखा जाना होता है।

सी.बी.ई.सी. में परिवर्तन

2815. **श्री राजू शेट्टी** : क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्रीय उत्पाद और सीमा शुल्क बोर्ड (सी.बी.ई.सी.) ने समूह क के कार्यकारी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों के अनुरूप संगठनात्मक संरचना का प्रस्ताव किया है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि हां, तो क्य उच्चतम न्यायालय ने भारत सरकार को फीडर श्रेणियों के अनुपात में परिवर्तन सहित भर्ती नियमों में संशोधन के लिए निदेश दिया है तथा यदि हां, तो अब तक उस पर क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या उच्चतम न्यायालय का निदेश लंबे समय से पदोन्नति न मिलने की समस्या का समाधान करने के लिए पर्याप्त है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सीबीईसी द्वारा पिछले 20 से 25 वर्षों के दौरान क्या प्रयास किए गए हैं; और

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड की तुलना में सी.बी.ई.सी. में सेवा मामलों के कुप्रबंधन के कारण केन्द्र सरकार द्वारा लड़े गए मुकदमों का ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) जी, हां। इस प्रस्ताव का उद्देश्य अन्य बातों के साथ-साथ, समूह 'क' अधिकारियों के विभिन्न स्तरों पर मौजूदा स्वीकृत पदों की संख्या को बढ़ाकर विभाग की कार्यात्मक जरूरतों को पर्याप्त रूप से पूरा करना है। यह प्रस्ताव कार्मिक विभाग में विचाराधीन है।

(ख) जी, हां। माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 03.08.2011 के निदेश के अनुसरण में भर्ती नियमों में संशोधन का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है तथा संघ लोक सेवा आयोग की सहमति मिलने के बाद नियमों को अधिसूचित कर दिया जाएगा।

(ग) समूह 'क' पद पर पदोन्नति के लिए समूह 'ख' के तीन फीडर संवर्ग के बीच मौजूदा अनुपात को संशोधित करने के बारे में सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 03.08.2011 के निदेश के साथ भाग (क) के उत्तर में यथा उल्लिखित कार्रवाई से आशा की जाती है कि समूह 'क' में पदोन्नति संबंधी विलम्ब दूर होगा। समय-समय पर कार्यात्मक अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए यह विभाग, विभाग का पुनर्गठन करके पदोन्नति में विलंब को दूर करने के उपाय करता रहा है। इस दिशा में प्रमुख पुनर्गठन 1992 और 2002 में किए गए थे।

(घ) विभिन्न संगठनात्मक ढांचे और कार्य की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए सीबीईसी के सेवा मामलों की तुलना सीबीडीटी के सेवा मामलों से नहीं की जा सकती। सीबीईसी के समक्ष पेश आ रही मुकदमेबाजी के कई कारण हैं जैसे फीडर ग्रेड की परस्पर वरिष्ठता, विभिन्न श्रेणियों के लिए रिक्तियों का निर्धारण तथा फीडर ग्रेड का पदोन्नति अनुपात। यह निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है कि सीबीईसी में सेवा मामलों के कु-प्रबंधन के कारण सरकार के समक्ष मुकदमेबाजी की समस्या आ रही है।

आंध्र प्रदेश को विश्व बैंक का ऋण

2816. **श्री एल. राजगोपाल** : क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आंध्र प्रदेश सरकार ने विश्व बैंक से महिला स्व-सहायता समूहों के लिए 3,500 करोड़ रु. के ऋण का अनुरोध किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर विश्व बैंक की क्या प्रतिक्रिया है;

(ख) क्या राज्य ने केन्द्र सरकार से इस उद्देश्य के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने का अनुरोध किया है; और

(ग) यदि हां, तो इसे अब तक जारी नहीं किए जाने के क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायणन मीणा) : (क) से (ग) आंध्र प्रदेश सरकार ने आंध्र प्रदेश ग्रामीण समावेशी विकास परियोजना के लिए 750 करोड़ रुपये (लगभग 150 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की विश्व बैंक सहायता मांगने के लिए एक प्रस्ताव भेजा है। प्रस्तावित परियोजना का मुख्य उद्देश्य अत्यधिक गरीब लोगों के लिए आय को बढ़ाना तथा समुदाय द्वारा प्रबंधित सतत कृषि और पशुधन कार्यकलापों के संवर्धन के जरिए खाद्य सुरक्षा सृजित करना है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने सूचित किया है कि प्रस्ताव के संबंध में योजना आयोग की टिप्पणियों की अभी प्रतीक्षा है। जैसे ही योजना अयोग की टिप्पणियां प्राप्त होंगी, प्रस्ताव की आर्थिक कार्य विभाग द्वारा विदेशी वित्तपोषण एजेंसियों को प्रस्तुत किए जाने वाले प्रस्तावों के चयन के संबंध में विद्यमान मार्गनिर्देशों के संदर्भ में जांच की जाएगी।

391-92

निजी वित्त कंपनियां

2817. श्रीमती विजया चक्रवर्ती : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कार्यरत निजी वित्त कंपनियों का असम सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त कंपनियों ने सरकार से अपेक्षित अनुमति प्राप्त कर ली है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) से (ग) भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 में निर्दिष्ट उपबंधों के अनुसार गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से पंजीकरण का प्रमाण-पत्र (सीओआर) प्राप्त करना अपेक्षित है। असम राज्य सहित भारतीय रिजर्व बैंक में पंजीकृत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) का राज्य-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:—

क्र. सं.	भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय का नाम	जमाराशि लेने वाली एनबीएफसी	गैर-जमाराशि लेन वाली एनबीएफसी	कुल
1.	अहमदाबाद	10	329	339
2.	बंगलौर	7	137	144
3.	भोपाल	2	126	128
4.	भुवनेश्वर	1	14	15
5.	चंडीगढ़	77	371	448
6.	चेन्नै	37	460	497
7.	गुवाहाटी	0	116	116
8.	हैदराबाद	2	246	248
9.	जयपुर	3	163	166
10.	जम्मू	21	41	62
11.	कानपुर	42	223	265
12.	कोलकाता	5	5,805	5,810
13.	मुम्बई	6	1,515	1,521
14.	नई दिल्ली	47	2,410	2,457
15.	पटना	2	43	45
16.	तिरुवनंतपुरम	13	143	156
	कुल	275	12,142	12,417*

*इसमें केन्द्रीय सरकार की स्वामित्व वाली 5 एनबीएफसी और राज्य सरकारों के स्वामित्व वाली 32 एनबीएफसी शामिल हैं।

392-93

टिकाऊ कीटनाशक नेट की आपूर्ति

2818. श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने राज्य सरकारों को विश्व बैंक समर्थित मलेरिया नियंत्रण परियोजना के अधीन टिकाऊ कीटनाशक नेटों (एनएलआईएन) की आपूर्ति की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्तमान में राज्यों को टिकाऊ कीटनाशक नेटों की आपूर्ति की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार स्थिति क्या है;

(घ) क्या उक्त सहायता गुजरात सहित कई राज्यों को मुहैया नहीं करायी गई है; और

(ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हो तथा उन्हें टिकाऊ कीटनाशक नेटों की आपूर्ति कब तक किए जाने की संभावना है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) से (ग) जी, हां।

वर्ष 2011-12 के दौरान कुल 51,79,114 एएलआईएन की आपूर्ति आंध्र प्रदेश (1,005,866), छत्तीसगढ़ (903,040), झारखंड (660,000), मध्य प्रदेश (707,540) एवं ओडिशा (1,902,668) राज्यों को की गई है।

(घ) और (ङ) एल.एल.आई.एन. की केवल परियोजना राज्यों को ही आपूर्ति की जाती है। गुजरात परियोजना के चरण-II वाले परियोजना राज्यों में से एक है और इसे वर्ष 2012-13 में एलएलआईएन परेषिती राज्य की सूची में शामिल किया गया है।

393-94

एनबीएफसी के लिए मानदंड

2819. श्री सी. शिवासामी : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय रिजर्व बैंक ने गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए विवेकपूर्ण मानदंडों को सख्त बना दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त कदम से इस प्रकार की कंपनियों की ऋण शोधन क्षमता में सुधार होने की संभावना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायणन मीणा) : (क) से (घ) वित्तीय क्षेत्र और इस क्षेत्र के विनियमित संगठनों में अनुशासन लाने तथा अनुशासन में सुधार करने और ऐसे संगठनों की वित्तीय सेहत की सही एवं उचित तस्वीर को प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आय निर्धारण के लिए विवेकसम्मत मानदंड और अशोध्य तथा संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधानीकरण विहित किया है। आरबीआई ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों (आरएनबीसी) के लिए भी ऐसे मानदंड विहित किए हैं। आरबीआई समष्टि-आर्थिक परिवेश, अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के कार्य-निष्पादन, ऐसे संगठनों के ऋण पोर्टफोलियो के बढ़ाने में उसकी जोखिम अवधारणा आदि सहित विभिन्न प्रकार के संगत कारकों को ध्यान में रखकर ऐसे मानदंडों की समय-समय पर समीक्षा करता है। ऐसे विवेकसम्मत उपायों का उद्देश्य है—इस क्षेत्र और इस क्षेत्र में परिचालनरत विनियमित संगठनों की सुदृढ़ता सुनिश्चित करना।

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए अपेक्षित है कि वे अपनी बकाया मानक आस्तियों के 0.25 प्रतिशत का सामान्य प्रावधान करें। इसके अलावा, आरबीआई ने अपने परिपत्र दिनांक 21.03.2012 के जरिए गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों, जो प्रधानतया स्वर्ण आभूषण के एवज में उधार देने में लगे हैं, को स्वर्ण आभूषण के एवज में प्रदत्त ऋणों के लिए 60 प्रतिशत से अनधिक मूल्य के बदले ऋण (एलटीवी) अनुपात को बनाए रखने और अपने तुलन-पत्र में उनकी कुल आस्तियों की तुलना में ऐसे ऋणों की प्रतिशतता को प्रकट करने की सलाह दी है। प्रधानतया स्वर्ण आभूषण के बदले उधार देने में लगी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को सलाह दी गई थी कि वे 01 अप्रैल, 2014 तक 12 प्रतिशत की न्यूनतम टीयर-I पूंजी बनाए रखें। इन उपायों से जोखिम कम करने की क्षमता में वृद्धि होगी और ये संभावित हानियों के प्रतिरोधक का काम करेंगी।

दिसम्बर, 2011 में जारी चौथी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में भारतीय रिजर्व बैंक ने दर्शाया है कि भारत की वित्तीय प्रणाली सुदृढ़ है और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों ने भी जोखिम झटकों के झेल पाने की क्षमता दिखाई है।

394-95

सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को ऋण बाजार तक अधिक पहुंच की अनुमति प्रदान करना

2820. श्री रायापति सांबासिवा राव : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को श्रमिक संघों से सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में विनिवेश के माध्यम से इक्विटी मार्केट में संसाधन जुटाने की बजाय उन्हें बैंकों और विदेशी निवेश के ऋण बाजार तक अधिक पहुंच प्रदान करने की सलाह प्राप्त हुई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) जी, नहीं।

(ख) उपरोक्त (क) के संदर्भ में प्रश्न नहीं उठता।

दवाइयों और इंजेक्शनों का भंडारण

2821. **श्री विष्णुपद राय : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उप औषधि नियंत्रक, नई दिल्ली ने एक पत्र के माध्यम से अंडमान और निकोबार प्रशासन को दवाइयां, इंजेक्शन और भंडारण क्षेत्र के संबंध में कोई निदेश जारी किया था;

(ख) यदि हां, तो उक्त निदेश किस तिथि को जारी किया गया था;

(ग) क्या जी.बी. पंत केन्द्रीय स्टोर में समुचित संवातन है और उक्त स्टोर सीलन से मुक्त है;

(घ) यदि हां, तो एन्टिबॉयाटिक्स, इंजेक्शन, सीरप, विटामिन और कैप्सूल का भंडारण किस तापमान पर किया जाना चाहिए और उक्त सामग्रियां किस तापक्रम पर रखी गईं;

(ङ) 'सेरा' टॉक्सिन, टॉक्साइड और अन्य टीकों का भंडारण किस तापमान पर किया जाना चाहिए और उक्त सामग्रियां किस तापमान पर रखी गईं; और

(च) उक्त सामग्रियों को समुचित तापमान पर भंडारित नहीं किए जाने के कारण क्या क्षति होने की संभावना है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जी, हां।

(घ) और (ङ) सभी औषधियों को विनिर्दिष्ट तापमानों पर भंडारित किया जाता है।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

एनटीपीसी द्वारा गैस की खरीद

2822. **श्री एन. चेलुवरया स्वामी : क्या विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) का सरकार अनुमोदित दर पर गैस खरीदने का प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) एनटीपीसी अपने प्रारंभ से ही अपने मौजूदा गैस आधारित स्टेशनों के लिए सरकार द्वारा अनुमोदित कीमतों पर 1989 से एडमिनिस्टर्ड प्राइस मैकेनिज्म (एपीएम) गैस, 1997 से पन्ना मुक्ता ताप्ती (पीएमटी) गैस प्राप्त कर रही है। के जी डी 6 गैस के संबंध में, एनटीपीसी सरकार द्वारा अनुमोदित कीमत पर नवम्बर, 2009 से इसे प्राप्त कर रही है।

एनटीपीसी के अनुरोध पर, विद्युत मंत्रालय ने 70% संयंत्र भार घटक (पीएलएफ) के मौजूदा मानकों के अनुसार कवास और गन्धार विस्तार परियोजना (2600 मेगावाट), के लिए क्रमश: 9.70 मिलियन मीट्रिक स्टैण्डर्ड क्यूबक मीटर तथा 3.92 एमएमएससीएमडी गैस प्रतिदिन और कायमकुलम स्टेज-II (1050 मेगावाट) के आवंटन/आश्वासन के लिए सिफारिश की है।

गैस मूल्य निर्धारण और आवंटन संबंधी मंत्रियों के अधिकार प्राप्त समूह (ईजीओएम) ने दिनांक 24.02.2012 को हुई अपनी बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ एनटीपीसी की मांग पर भी ध्यान दिया किन्तु इस संबंध में कोई निर्देश जारी नहीं किया गया है। चूंकि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एवं एनजी) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार 2015-16 तक किसी अतिरिक्त घरेलू गैस के उपलब्ध होने की संभावना नहीं है इसलिए विकासकर्ताओं

को 2015-16 तक घरेलू गैस पर आधारित परियोजनाओं की योजना न बनाने की सलाह दी गई है।

दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा

2823. **श्री एन. पीताम्बर कुरूप :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दुर्घटना, बम विस्फोट, भवन के ढह जाने, राजनीतिक दंगे, बाढ़ आदि में मारे गए लोगों के परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने के लिए केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा व्यय की गई राशि से संबंधित आंकड़े रखे जाते हैं; और

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों पर चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) द्वारा दुर्घटना, बम विस्फोट, भवन के ढह जाने, राजनीतिक दंगे, बाढ़ आदि में मारे गऐ लोगों के परिवारों को वित्तीय सहायता से संबंधित आंकड़े नहीं रखे जाते हैं। तथापि, आईआरडीए द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के अनुसार पिछले तीन वर्षों के दौरान आतंकवाद से प्रभावित व्यक्ति के लिए बनाए गए पूल से अदा किए गए दावों तथा साधारण बीमाकर्त्ताओं द्वारा निपटाये गए अन्य पक्ष वाहन दुर्घटना बीमा दावों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:—

(i) गत 3 वर्षों के दौरान आतंकवाद से प्रभावित व्यक्ति के लिए बनाए गए पूल से निपटाये गए बीमा दावे:—

(करोड़ रुपये)

वर्ष	प्रीमियम	अदा किए गए दावे
2008-09	235.54	50.67
2009-10	316.30	213.80
2010-11	388.77	76.18

(ii) साधारण बीमाकर्त्ताओं द्वारा गत 3 वर्षों के दौरान निपटाये गए अन्य पक्ष वाहन दुर्घटना दावे:—

वर्ष	प्रीमियम	अदा किए गए दावे
2008-09	4821.90	4759.07
2009-10	4471.30	3934.40
2010-11	5132.52	4685.15

[हिन्दी]

एम्स में निधियों का दुरुपयोग

2824. **श्री प्रदीप कुमार सिंह :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल में निर्माण कार्य के नाम पर करोड़ों रुपए के दुरुपयोग का मामला उजागर हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) निधियों के दुरुपयोग के इस प्रकार के मामलों को रोकने और दोषी पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गयी है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) उपर्युक्त (क) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

बैंक की शाखा खोले जाने के लिए मानदंड

2825. **डॉ. किरोड़ी लाल मीणा :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय रिजर्व बैंक ने देश में सरकारी क्षेत्र के बैंकों की शाखा खोले जाने के लिए कोई जनसंख्या आधारित मानदंड निर्धारित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्तमान में देश में उन स्थानों पर जहां बैंक कार्यरत हैं वहां जनसंख्या के अनुपात का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिशों के अनुसार राजस्थान के दौसा जिले में बैंक शाखाओं को खोलने का कोई प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) से (ग) बैंक शाखाएं खोलने के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार, बैंकों को अपने विवेक से शाखाएं खोलने के लिए स्थान का चयन करने की स्वतंत्रता दी गई है और बैंक, अन्य पहलुओं में से अर्थक्षमता, लाभप्रदता तथा अवसंरचना की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए ऐसा करते हैं। आरबीआई की मौजूदा शाखा प्राधिकार नीति के अनुसार, घरेलू अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के अलावा) को रिपोर्ट करने की शर्त के अधीन (i) टीयर 2 से टीयर 6 केन्द्रों (99,999 तक की आबादी वाले) में और (ii) उत्तर पूर्वी राज्यों एवं सिक्किम के ग्रामीण, अर्ध-शहरी और शहरी केन्द्रों में शाखाएं/मोबाइल शाखाएं प्रशासनिक कार्यालय/सीपीसी (सेवा शाखाएं) खोलने की आम अनुमति दी गई है। गैर-सरकारी क्षेत्र के नए बैंकों से अपेक्षित है कि वे सतत आधार पर अपनी कुल शाखाओं की संख्या में से 25 प्रतिशत 1,00,000 से नीचे की जनसंख्या वाले ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी केन्द्रों में रखें। अपनी वार्षिक शाखा विस्तार योजना (एबीईपी) तैयार करते समय बैंकों को वर्ष के दौरान खोले जाने वाले प्रस्तावित शाखाओं की कुल संख्या का कम से कम 25 प्रतिशत बैंक रहित ग्रामीण (टीयर 5 और टीयर 6) केन्द्रों के लिए आवंटित करना चाहिए। 31 दिसम्बर, 2011 की स्थिति के अनुसार अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की प्रति शाखा राज्य-वार औसत जनसंख्या विवरण में दी गई है।

(घ) और (ङ) आरबीआई द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, राजस्थान राज्य के दौसा जिले के 95 गांवों में शाखा रहित बैंकिंग अर्थात् कारोबार साथी (बीसी) के जरिए बैंकिंग केन्द्र बैंकिंग सुविधा प्रदान करने के लिए खोले गए हैं। पिछले एक वर्ष के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक ने दौसा, जिला दौसा में देना बैंक, कॉर्पोरेशन बैंक तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को एक-एक शाखा खोलने की अनुमति दी है।

विवरण

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की राज्य-वार प्रति शाखा औसत जनसंख्या

क्र. सं.	राज्य	31 दिसम्बर, 2011 की स्थिति के अनुसार एपीपीबी (हजार में)
1	2	3
1.	असम	20.240
2.	मेघालय	13.412
3.	मिजोरम	10.802
4.	बिहार	23.891
5.	झारखंड	16.624
6.	अरुणाचल प्रदेश	15.892
7.	पश्चिम बंगाल	16.168
8.	नागालैंड	20.210
9.	मणिपुर	32.402
10.	ओडिशा	13.588
11.	सिक्किम	7.234
12.	त्रिपुरा	15.107
13.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	8.836
14.	उत्तर प्रदेश	17.887
15.	उत्तराखंड	7.717
16.	दिल्ली	6.426
17.	पंजाब	6.982

1	2	3
18.	हरियाणा	9.243
19.	चंडीगढ़	3.675
20.	जम्मू और कश्मीर	11.839
21.	हिमाचल प्रदेश	6.262
22.	राजस्थान	15.215
23.	गुजरात	11.833
24.	महाराष्ट्र	12.710
25.	दमन और दीव	8.097
26.	गोवा	3.082
27.	दादरा और नगर हवेली	9.022
28.	मध्य प्रदेश	16.274
29.	छत्तीसगढ़	17.638
30.	आंध्र प्रदेश	10.988
31.	कर्नाटक	9.406
32.	लक्षद्वीप	5.369
33.	तमिलनाडु	10.522
34.	केरल	7.191
35.	पुदुचेरी	7.876
	अखिल भारत	13.209

योजनागत/गैर-योजनागत बजट 401-02

2826. श्री पशुपति नाथ सिंह : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 2010-11 और 2011-12 के लिए मंत्रालय के लिए निर्धारित योजनागत और गैर-योजनागत बजट कितना है;

(ख) किन कार्यों के लिए गैर-योजनागत बजट का उपयोग किया गया है और योजनागत बजट के कितने हिस्से का उपयोग किया गया है तथा इस प्रकार की परियोजनाओं के नाम क्या हैं; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान गैर-योजनागत और योजनागत बजटों के निष्पादन का ब्यौरा क्या है?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दिनशा पटेल) : (क) वर्ष 2010-11 और 2011-12 में मंत्रालय के लिए निर्धारित योजना और गैर-योजना बजट निम्नानुसार है:—

(करोड़ रुपए)

वर्ष	बजट अनुमान		संशोधित अनुमान	
	योजना	गैर-योजना	योजना	गैर-योजना
2010-11	200.00	366.14	241.00	420.11
2011-12	214.00	440.28	375.36	436.95

(ख) इस मंत्रालय में गैर-योजना बजट का उपयोग सचिवालय खर्च अर्थात् स्थापना व्यय के लिए किया जाता है।

(ग) खान मंत्रालय के लिए योजना प्रावधान को भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम), खनिज गवेषण निगम लिमिटेड (एमईसीएल) की नियमित योजना स्कीमों और मंत्रालय के विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों के लिए आवंटित किया जाता है। बजट उपलब्ध प्रावधानों की तुलना में निष्पादन निम्नवत् है:—

(करोड़ रुपए)

वर्ष	वास्तविक व्यय	
	योजना	गैर-योजना
2010-11	227.77	419.94
2011-12	246.07* फरवरी, 2012 तक	429.36 फरवरी, 2012 तक

*फरवरी, 2012 तक वास्तविक व्यय के अतिरिक्त 89.73 करोड़ रुपए का भुगतान दिनांक 22.3.2012 को जीएसआई के समुद्रगामी अनुसंधान जहाज की खरीद हेतु तीसरी किस्त के रूप में कर दिया गया है।

[अनुवाद] 403-04

निरंतर पॉजिटिव एयरवेज प्रेशर

2827. श्री एस. पक्कीरप्पा : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत दो वर्षों के दौरान जांच समिति द्वारा सीजीएचएस लाभार्थियों को मुहैया करायी गयी या उन्हें लागत का पुनर्भुगतान की गई निरंतर पॉजिटिव एयरवेज प्रेशर (सीपीएपी) मशीनों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या जीवन रक्षक मशीनों की मंजूरी के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की गयी है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उन मामलों की संख्या कितनी है जिनमें समय-सीमा का उल्लंघन किया गया है;

(घ) जांच समिति द्वारा जीवन रक्षक मशीन मुहैया कराए जाने में विलंब के कारण मरने वाले सीजीएचएस लाभार्थियों की कुल संख्या कितनी है; और

(ङ) सरकार द्वारा सीजीएचएस लाभार्थियों को औषधालय स्तर पर शीघ्रता से जीवन रक्षक मशीनें प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) विगत दो वर्षों के दौरान सीजीएचएस में सीजीएचएस लाभार्थियों के 242 अनुरोध प्रोसेस किए गए।

(ख) और (ग) जीवन रक्षक मशीनों की स्वीकृति देने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई है। तथापि, स्क्रीनिंग समिति के विचारार्थ मामले को प्राथमिकता के आधार पर प्रोसेस करने के लिए प्रयास किए जाते हैं।

(घ) मौत के किसी ऐसे मामले की सूचना नहीं मिली है। विशेषज्ञ की सिफारिश पर सीधे ही मशीनों की खरीद करने वालों के मामले स्क्रीनिंग समिति को सिफारिश के लिए अग्रेषित किए जाते हैं ताकि कार्योत्तर मंजूरी दी जा सके।

(ङ) जीवन रक्षक मशीन प्रदान करने की प्रक्रिया में निम्नलिखित शामिल हैं:—

1. सीजीएचएस पेंशनर लाभार्थी का अनुरोध अपेक्षित दस्तावेजों के साथ प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी के जरिए संबद्ध जोन के अपर निदेशक को प्रस्तुत किया जाता है।

   सीजीएचएस सेवारत लाभार्थी के मामले में उचित माध्यम से अनुरोध की प्राप्ति होने पर अपर निदेशक (मुख्यालय), सीजीएचएस, दिल्ली के स्तर पर कार्रवाई की जाती है।

2. अनुरोध विधिवत रूप से गठित स्क्रीनिंग समिति के समक्ष सिफारिश हेतु प्रस्तुत किए जाते हैं।

3. ऐसी सिफारिश मिलने पर अपेक्षित मशीन की खरीद के लिए आगे बढ़ने हेतु सीजीएचएस पेंशनर को सीधे तौर पर सूचित किया जाता है तथा सीजीएचएस सेवारत लाभार्थी को उनके प्रशासनिक विभाग के जरिए सूचित किया जाता है। प्रतिपूर्ति सीजीएचएस द्वारा निर्धारित उच्चतम दरों के अनुसार की जाती है।

   इस चिकित्सा सुविधा का समुचित इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए यह प्रक्रिया आवश्यक है।

[हिन्दी] 404-06

पूर्ण खाता परिवर्तनीयता

2828. श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्ण खाता परिवर्तनीयता संबंधी समिति की सभी सिफारिशों को कार्यान्वित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और उसकी वर्तमान स्थिति क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) इन सिफारिशों के कार्यान्वयन से देश की अर्थव्यवस्था के किस हद तक लाभान्वित होने की संभावना है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त सिफारिशों के कार्यान्वयन के मुद्दे पर मतभेद को सुलझा लिया है; और

(ङ) यदि हां, तो इस प्रकार के प्रत्येक मुद्दे, जिसका समाधन कर लिया गया है, का ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) पूर्ण पूंजी खाता परिवर्तनीयता संबंधी समिति (जो तारापोर समिति के नाम से भी जानी जाती है) ने 31 जुलाई, 2006 को भारतीय रिजर्व बैंक के समक्ष अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। भारत पूंजी खाता परिवर्तनीयता के लिए अंशशोधित पद्धति को अपना रहा है। पूंजी खाते को घटबढ़ की अपेक्षाओं के अनुरूप और घरेलू और वैश्विक आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्तरों पर उदारीकृत किया जा रहा है। समिति ने दूसरे देशों के साथ लेन-देन के संबंध में विशेष उपायों की सिफारिश की थी। इन सिफारिशों को तीन चरणों में क्रियान्वित किया जाना था। चरण-1 और चरण-2 के उपायों पर क्रियान्वयन कार्य लगभग समाप्त हो चुका है और चरण-3 के उपाय क्रियान्वयन की प्रक्रिया में है।

(ग) पूंजी खाता परिवर्तनीयता को विकसित अर्थव्यवस्था की प्रमुख विशेषताओं में एक समझा जाता है। इससे विदेशी निवेश आकर्षित करने में मदद मिलती है। इससे विदेशी निवेशकों को एक अतिरिक्त राहत मिलती है क्योंकि वे अपनी इच्छानुसार कभी भी स्थानीय मुद्रा को विदेशी मुद्रा में पुन: परिवर्तित करा कर अपना धन वापिस ले जा सकते हैं। उसके साथ ही, पूंजी खाता परिवर्तनीयता घरेलू कम्पनियों को विदेशी बाजार से संपर्क करना आसान बनाती है। पूर्ण पूंजी खाता परिवर्तनीयता व्यवस्था के अंतर्गत जब घरेलू अर्थव्यवस्था का वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ प्रगामी मिलाप होता है तो उसके परिणामस्वरूप सीमा-पार पूंजी प्रवाहों में वृद्धि होती है। पूर्ण पूंजी खाता परिवर्तनीयता व्यवस्था विविधता बढ़ोतरी, पूंजी तक बेहतर पहुंच तथा जोखिम प्रबंधन साधनों की व्यापक रेंज जैसे क्षेत्रों में वित्तीय संस्थाओं को लाभान्वित करती है। इसके साथ ही, पूर्ण पूंजी खाता परिवर्तनीयता की अपरिपक्व शुरुआत से अर्थव्यवस्था को पूंजी प्रवाहों को व्यापक करना पड़ेगा जिससे विनिमय दरों, स्टॉक तथा रीयल एस्टेट बाजारों एवं मूल्य स्थायित्व पर प्रभाव पड़ेगा। साथ ही, विदेशी वाणिज्यिक उधार नीति में तीव्र उदारीकरण से विदेशी ऋण बोझ बढ़ सकता है। जिससे भुगतान संतुलन पर दबाव पड़ेगा तथा वित्तीय संकट के दौरान भारतीय कॉर्पोरेट को तुलन पत्र समस्याओं से जूझना पड़ सकता है। अत: पूंजी खाता परिवर्तनीयता प्रक्रिया में जल्दबाजी से वृहद आर्थिक और वित्तीय स्थायित्व निहितार्थ होंगे।

(घ) और (ङ) पूर्ण पूंजी खाता परिवर्तनीयता संबंधी समिति की सिफारिशों का कार्यान्वयन एक चल रही प्रक्रिया है तथा वास्तविक कार्यान्वयन वृहद आर्थिक मानदंडों एवं वैश्विक घटनाक्रमों पर निर्भर करता है।

406-

चीनी सेब का आयात

2829. श्री वीरेन्द्र कुमार : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चीन के सेब, जिनमें बैक्टीरिया होने का संदेह है और जो बीमारी फैला सकते हैं, का बिना जांच किए आयात किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं;

(ग) क्या सरकार का इस संबंध में कोई जांच कराए जाने का प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो कब तक उक्त जांच कराए जाने की संभावना है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) और (ख) खाद्य सुरक्षा एवं मानक (संदूषक, जीव-विष तथा अवशिष्ट) विनियम, 2011 के उपबंधों के अनुसार जीवाणु की विद्यमानता के संदेह वाले आयातित सेब, चाहे वे चीन या किसी अन्य देश के हों, जिनसे रोग फैल सकता है, को सीमा शुल्क प्राधिकरण द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने से पूर्व उनकी प्रयोगशाला में जांच की जाती है सीमा शुल्क प्राधिकरण सेब सहित कृषि पदार्थों का संगरोध दृष्टि से परीक्षण करने के लिए पादप संरक्षण संगरोध तथा भंडारण निदेशालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग को जांच आदेश भी जारी करता है।

(ग) से (ङ) इस मंत्रालय का कोई इंक्वायरी करने का प्रस्ताव नहीं है क्योंकि इस मामले में ऐसे कोई मुद्दे/रिपोर्टें प्राप्त नहीं हुई हैं।

शेष 407-12

इन्फ्लुएन्जा ए एच1एन1, एच5एन1 और कोंगो बुखार के मामले

2830. श्री पन्ना लाल पुनिया :
श्री संजय धोत्रे :
श्री मंगनी लाल मंडल :
श्री जय प्रकाश अग्रवाल :
श्री एस.एस. रामासुब्बू :
श्री एन. चेलुवरया स्वामी :
डॉ. किरोड़ी लाल मीणा :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश के विभिन्न भागों से विश्वव्यापी इन्फ्लुएन्जा ए एच1एन1, इन्फ्लुएन्जा ए एच5एन1 और क्रीमिएन-कांगो हेमोरेजिक बुखार (सीसीएचएफ) के मामलों की जानकारी मिली है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान पता चले इस प्रकार के मामलों तथा इनमें से ठीक हुए या मृत व्यक्तियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तथा लिंग-वार संख्या कितनी है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान इस प्रकार के मामलों को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकारों को उपलब्ध करायी गयी वित्तीय और तकनीकी सहायता का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने देश में जागरूकता फैलाने और देश में इन बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए अन्य देशों की समन्वित सहायता से नई पहल की है/किए जाने का प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) वर्ष 2009-2012 के दौरान मनुष्यों के बीच महामारी इंफ्लुएंजा के मामलों की सूचना मिली थी। क्रीमियन कांगो ज्वर की सूचना सर्वप्रथम वर्ष 2011 में मिली थी। भारत में एवियन इंफ्लुएंजा (एच5एन1) के मानव मामले की कोई सूचना नहीं मिली है।

(ख) ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) से (ङ) स्थानीय महामारी के उपशमन के लिए 22 अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर यात्रियों की प्रवेश जांच की गई। इंफ्लुएंजा जैसी अन्य अनेक बीमारियों का पता लगाने के लिए एकीकृत रोग निगरानी परियोजना के जरिए जांच की जा रही है। प्रयोगशाला नेटवर्क को सुदृढ़ किया गया है। पैंतीस प्रयोगशालाएं (सरकारी क्षेत्र में 24 और निजी क्षेत्र में 19) नैदानिक नमूनों की जांच के लिए समर्थ हैं। भारत सरकार ने 40 मिलियन कैप्सूलों का प्रापण किया जिन्हें आवश्यकता के आधार पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन को दिया गया था। स्वदेशी रूप से एच1एन1 वैक्सीन तैयार करने संबंधी क्षमता को सहायता प्रदान की गई। वैक्सीन की 1.5 मिलियन खुराकों को आयात किया गया और राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र के प्रशासनों में स्वास्थ्य परिचर्या कार्मिकों का टीकाकरण किया गया। जिला स्तरीय टीम के प्रशिक्षण के लिए निधियां आवंटित की गईं। भारतीय चिकित्सा संघ को निजी चिकित्सकों को प्रशिक्षित करने हेतु निधियां प्रदान की गईं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय में एक कार्य दल ने जनता में जागरूकता पैदा करने के लिए मीडिया योजना कार्यान्वित की।

भारत ने महामारी का उपशमन करने में विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ सहयोग किया।

एवियन इंफ्लूएंजा के लिए केंद्रीय दलों ने नियंत्रण ऑपरेशन का मॉनीटरन किया और मानक जनसंख्या पर निगरानी रखी।

क्रीमियन कांगो रक्तस्रावी ज्वर के लिए गुजरात राज्य को उपचार प्रोटोकॉल इत्यादि के संबंध में सलाह हेतु राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान, पुणे में प्रकोप जांच, प्रयोगशाला पुष्टिकरण के संबंध में सहायता प्रदान की गई।

विवरण

वर्ष 2009, 2010 के लिए इंफ्लुएंजा ए (एच1एन1) की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और लिंग-वार स्थिति

क्र. सं.	राज्य/वर्ष	मई, 2009 से 31 दिसंबर, 2009				जनवरी, 2010 से दिसंबर, 2010				जनवरी, 2011 से दिसंबर, 2011			
		रोगी		मौतें		रोगी		मौतें		रोगी		मौतें	
		पुरुष	महिला	पुरुष	महिला	पुरुष	महिला	पुरुष	महिला	पुरुष	महिला	पुरुष	महिला
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1.	दिल्ली	4813	3626	30	42	1546	1179	38	39	18	7	0	2
2.	आंध्र प्रदेश	428	349	28	24	358	375	23	26	5	6	1	0
3.	कर्नाटक	1051	821	60	78	1274	1301	60	56	45	55	5	7
4.	तमिलनाडु	1158	904	5	2	670	514	7	6	16	18	2	2
5.	महाराष्ट्र	2801	1793	138	132	3750	3064	297	372	15	11	2	3
6.	केरल	908	671	12	20	632	901	37	52	90	120	6	4
7.	पंजाब	65	49	17	16	79	60	5	9	27	19	9	5
8.	हरियाणा	1104	784	18	16	118	98	9	7	4	2	2	2
9.	छत्तीसगढ़ (उत्तराखंड)	160	97	6	2	47	28	0	0	0	0	0	0
10.	गोवा	40	23	2	3	38	30	1	0	5	2	0	0
11.	पश्चिम बंगाल	86	49	0	0	68	53	2	2	0	0	0	0
12.	उत्तराखंड	84	45	6	4	15	10	4	3	0	0	0	0
13.	हिमाचल प्रदेश	9	5	3	4	7	3	2	1	6	8	1	2
14.	जम्मू और कश्मीर	67	26	1	1	17	3	1	1	4	9	1	0

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
15.	गुजरात	394	303	64	61	901	781	175	188	5	2	3	1
16.	मणिपुर	0	1	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0
17.	मेघालय	5	3	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
18.	मिजोरम	3	1	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0
19.	असम	36	11	0	1	4	1	1	0	0	0	0	0
20.	झारखंड	1	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0
21.	राजस्थान	1780	1252	68	82	935	775	55	98	17	19	3	8
22.	बिहार	6	1	0	0	0	0	0	0	1	0	0	0
23.	उत्तर प्रदेश	721	494	9	5	196	180	18	11	35	22	0	0
24.	पुदुचेरी	49	38	4	2	32	18	4	2	0	1	0	0
25.	छत्तीसगढ़	27	19	0	2	30	20	6	6	0	0	0	0
26.	मध्य प्रदेश	13	7	4	4	190	205	37	73	6	3	3	1
27.	दमन और दीव	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
28.	ओडिशा	9	17	2	1	58	34	12	17	0	0	0	0
29.	नागालैंड	2	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
30.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	22	3	0	0	2	0	0	0	0	0	0	0
31.	दादरा और नगर हवेली	1	0	0	1	2	0	0	0	0	0	0	0
	कुल	15843	11393	478	503	10971	9633	794	969	299	304	38	37

दिल्ली में पंचायती राज अधिनियम

2831. **श्री बालकृष्ण खांडेराव शुक्ल :** क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में पंचायती राज अधिनियम कार्यान्वित किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं; और

(घ) उक्त अधिनियम के दिल्ली में कब तक फिर से लागू किए जाने की संभावना है?

जनजातीय कार्य मंत्री तथा पंचायती राज मंत्री (श्री वी. किशोर चंद्र देव) : (क) से (ग) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र प्रशासन (एन.सी.टी.) दिल्ली द्वारा दी गई सूचना के अनुसार 1990 से पंचायती राज संस्थाएं एन.सी.टी. दिल्ली में अस्तित्व में नहीं हैं। एन.डी.एम.सी. और छावनी बोर्ड को छोड़कर नगर निगम अधिनियम, 1957 पूरी दिल्ली पर लागू है।

(घ) दिल्ली, एन.सी.टी. सरकार ने सूचित किया है कि दिल्ली पंचायती राज अधिनियम पुन: लागू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

[अनुवाद]

दूषित पेयजल से होने वाली बीमारियां

2832. **श्री फ्रांसिस्को कोज्मी सारदीना :**
श्री रामकिशुन :
श्री के. शिवकुमार उर्फ जे.के. रितीश :
श्री कौशलेन्द्र कुमार :
श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो :
श्री कपिल मुनि करवारिया :
श्री प्रदीप माझी :
श्री प्रेमदास :
श्री पी.सी. गद्दीगौदर :
श्री राम सुन्दर दास :
श्री किसनभाई वी. पटेल :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में फ्लोराइड और आर्सेनिक सहित विभिन्न संदूषकों की अधिक मात्रा वाले दूषित पेयजल के उपयोग के कारण डायरिया, हैपेटाइटिस, हैजा, टॉयफायड और फ्लूरोसिस सहित विशेषकर बच्चों में होने वाली बीमारियों के मामलों की बड़ी संख्या में जानकारी मिली है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान दूषित पेयजल के कारण इन बीमारियों के मामलों और इन बीमारियों से हुई मौतों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ग) इन बीमारियों का समुचित उपचार किए जाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान इस उद्देश्य के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी निधि व्यय की गयी;

(घ) क्या सरकार का दूषित पेयजल के कारण होने वाली इस प्रकार की बीमारियों के नियंत्रण के लिए एक व्यापक योजना बनाए जाने और इस उद्देश्य के लिए एक जागरूकता अभियान शुरू किए जाने का प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) संदूषित पेयजल के उपभोग से अनेक जल जनित रोग जैसे हैजा, तीव्र अतिसार रोग, वायरल हेपाटाइटिस और टायफाइड (जठरांत्र ज्वर) हो सकता है। वर्ष 2009-11 के दौरान हैजे, तीव्र अतिसार रोगों, वायरल हेपाटाइटिस और टायफाइड (जठरांत्र ज्वर) के कारण होने वाली मौतों और सूचित मामलों का राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण-I से IV में दिया गया है।

उच्च फ्लूराइड और आर्सेनिक अवयवों युक्त पेयजल पीने से अनेक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं जैसे डेंटल फ्लूरोसिस और आर्सेनिकोसिस हो सकते हैं। तथापि, फ्लूरोसिस और आर्सेनिकोसिस के कारण होने वाली मौतों की राष्ट्रीय स्तर पर व्यवस्थित सूचना उपलब्ध नहीं है।

(ग) से (ङ) सुरक्षित पेयजल का प्रावधान जलजनित रोगों के फैलाव की रोकथाम हेतु मुख्य कार्यनीति है। सुरक्षित पेयजल

प्रदान करने का उत्तरदायित्व राज्य सरकार का है हालांकि भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों/स्थानीय निकायों के जरिए सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं:—

ग्रामीण विकास मंत्रालय—पेय जलापूर्ति विभाग

(i) राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी)

(ii) ग्रामीण पेयजल गुणवत्ता मॉनीटरन और निगरानी कार्यक्रम

(i) जलमणि कार्यक्रम

शहरी विकास मंत्रालय

जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम)

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) समय-समय पर राज्य सरकारों को जल जनित रोगों की रोकथाम और नियंत्रण संबंधी तकनीकी दिशानिर्देश जारी करता है और ऐसे रोगों का एकीकृत रोग निगरानी परियोजना (आईडीएसपी) के अंतर्गत प्रकोपों के जांच करने में सहायता करता है।

भारत सरकार टेलीविजन, रेडियो और प्रदर्शनियों के जरिए पोटेबल पेयजल के महत्व के संबंध में लोगों को शिक्षित करती है।

स्वास्थ्य 'राज्य' का विषय है। तथापि भारत सरकार एकीकृत रोग निगरानी परियोजना (आईडीएसपी) के अंतर्गत राज्यों को रोग निगरानी, प्रकोप जांच और अनुक्रिया के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। आईडीएसपी के अंतर्गत जिलों और राज्यों को अतिरिक्त कार्मिकशक्ति प्रदान करके, प्रकोप जांचों के लिए अभिज्ञात द्रुत अनुक्रिया दल (आरआरटी) सदस्यों को प्रशिक्षित करके, स्थानिक भारी संभावित रोगों की पहचान करने के लिए प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण, डाटा एंट्री, विश्लेषण और डाटा अंतरण के लिए आईसीटी उपस्कर, तथा प्रचालन हेतु निधियों की व्यवस्था करके वित्तीय सहायता प्रदान करती है। विगत तीन वर्षों के दौरान राज्य स्वास्थ्य सोसाइटियों को आईडीएसपी के अंतर्गत जारी की गई निधि और किया गया व्यय संलग्न विवरण-V में दिया गया है।

विवरण-I

वर्ष 2009—2011 के दौरान हैजा के कारण सूचित राज्यवार मामले और मौतें

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2009		2010*		2011*	
		मामले	मौतें	मामले	मौतें	मामले	मौतें
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	अरुणाचल प्रदेश	308	4	178	0	229	0
2.	आंध्र प्रदेश	3	0	0	0	0	0
3.	असम	21	0	0	0	0	0
4.	बिहार	0	0	एनआर	एनआर	एनआर	एनआर
5.	छत्तीसगढ़	3	0	12	0	1	0
6.	गोवा	0	0	0	0	0	0
7.	गुजरात	309	0	132	1	79	0

1	2	3	4	5	6	7	8
8.	हरियाणा	17	1	105	0	1	0
9.	हिमाचल प्रदेश	0	0	5	0	0	0
10.	जम्मू और कश्मीर	0	0	2976	3	0	0
11.	झारखंड	एनआर	एनआर	एनआर	एनआर	0	0
12.	कर्नाटक	143	0	301	3	166	0
13.	केरल	62	2	2	0	17	1
14.	मध्य प्रदेश	7	4	3	0	0	0
15.	महाराष्ट्र	183	1	384	1	210	2
16.	मणिपुर	एनआर	एनआर	0	0	0	0
17.	मेघालय	0	0	एनआर	एनआर	0	0
18.	मिजोरम	0	0	0	0	0	0
19.	नागालैंड	0	0	0	0	0	0
20.	ओडिशा	0	एनआर	2	0	0	0
21.	पंजाब	19	0	43	1	0	0
22.	राजस्थान	1	0	37	0	0	0
23.	सिक्किम	0	0	0	0	0	0
24.	तमिलनाडु	818	0	156	0	334	2
25.	त्रिपुरा	0	0	0	0	0	0
26.	उत्तर प्रदेश	1	एनआर	एनआर	एनआर	0	0
27.	उत्तराखंड	0	0	20	0	9	0
28.	पश्चिम बंगाल	486	0	570	0	652	0
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	0	0	0	0	0

1	2	3	4	5	6	7	8
30.	चंडीगढ़	35	0	एनआर	एनआर	0	0
31.	दादरा और नगर हवेली	0	0	1	0	8	0
32.	दमन और दीव	0	0	0	0	0	0
33.	दिल्ली	1066	एनआर	77	0	0	0
34.	लक्षद्वीप	0	0	0	0	0	0
35.	पुदुचेरी	0	0	0	0	0	0
	कुल	3482	12	5004	9	1706	5

स्रोत: सीबीएचआई, डीजीएचएस द्वारा जारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल।

नोट: 1. *वर्ष 2010 और 2011 संबंधी आंकड़े अनंतिम हैं।

2. एनआर का अर्थ है सूचित नहीं किया गया।

विवरण-II

वर्ष 2009—2011 के दौरान तीव्र अतिसार रोगों के कारण सूचित राज्यवार मामले और मौतें

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2009		2010*		2011*	
		मामले	मौतें	मामले	मौतें	मामले	मौतें
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	अरुणाचल प्रदेश	2322963	111	2291375	214	2208759	99
2.	आंध्र प्रदेश	26909	7	19104	3	12105	7
3.	असम	190070	0	75681	0	96816	16
4.	बिहार	एनआर	एनआर	एनआर	एनआर	एनआर	एनआर
5.	छत्तीसगढ़	125069	11	51480	2	54724	5
6.	गोवा	20103	0	16417	5	14737	2
7.	गुजरात	337608	3	357922	3	367450	0
8.	हरियाणा	240017	33	215717	43	210613	19

1	2	3	4	5	6	7	8
9.	हिमाचल प्रदेश	334699	24	284548	28	310427	51
10.	जम्मू और कश्मीर	518678	5	494138	5	544711	0
11.	झारखंड	64817	5	58767	0	17143	0
12.	कर्नाटक	787179	81	583103	62	591989	49
13.	केरल	371714	4	373945	2	234661	0
14.	मध्य प्रदेश	565568	134	305438	107	263879	87
15.	महाराष्ट्र	640056	39	813445	12	436258	4
16.	मणिपुर	20614	9	13869	12	17605	39
17.	मेघालय	174769	24	181411	16	130136	14
18.	मिजोरम	21841	17	16148	12	15349	11
19.	नागालैंड	33970	0	36535	0	30020	1
20.	ओडिशा	663651	91	681659	104	571867	83
21.	पंजाब	190473	51	204936	39	190022	14
22.	राजस्थान	244836	27	223106	11	224806	7
23.	सिक्किम	46629	6	55223	2	57004	2
24.	तमिलनाडु	517896	18	455668	49	523193	30
25.	त्रिपुरा	147400	33	119945	88	109777	83
26.	उत्तर प्रदेश	111240	70	100065	42	80215	24
27.	उत्तराखंड	453863	159	431893	164	580323	185
28.	पश्चिम बंगाल	2443284	725	1970448	398	1854651	288
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	30416	0	28028	8	19679	0
30.	चंडीगढ़	10468	7	एनआर	एनआर	13730	0

1	2	3	4	5	6	7	8
31.	दादरा और नगर हवेली	94537	0	69265	1	81322	1
32.	दमन और दीव	6849	0	8169	0	12707	0
33.	दिल्ली	145171	107	115478	89	102983	62
34.	लक्षद्वीप	4590	1	6742	0	4693	0
35.	पुदुचेरी	76543	16	82659	5	80766	3
	कुल	11984490	1818	10742327	1526	10065120	1186

स्रोत: सीबीएचआई, डीजीएचएस द्वारा जारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल।

नोट: 1. *वर्ष 2010 और 2011 संबंधी आंकड़े अनंतिम हैं।

2. एनआर का अर्थ है सूचित नहीं किया गया।

विवरण-III

वर्ष 2009–2011 के दौरान वायरल हेपेटाइटिस के कारण सूचित राज्य-वार मामले और मौतें

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2009		2010*		2011*	
		मामले	मौतें	मामले	मौतें	मामले	मौतें
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	अरुणाचल प्रदेश	9457	53	9949	60	11476	61
2.	आंध्र प्रदेश	153	2	219	6	432	5
3.	असम	7770	0	312	0	2557	25
4.	बिहार	एनआर	एनआर	एनआर	एनआर	एनआर	एनआर
5.	छत्तीसगढ़	1835	13	287	4	139	1
6.	गोवा	96	0	71	0	102	0
7.	गुजरात	3068	99	3190	0	4328	0
8.	हरियाणा	2011	4	1583	4	2503	2
9.	हिमाचल प्रदेश	2979	5	2566	13	1248	10

1	2	3	4	5	6	7	8
10.	जम्मू और कश्मीर	6190	0	3990	0	4918	2
11.	झारखंड	340	4	358	0	111	0
12.	कर्नाटक	11029	19	8872	16	6049	8
13.	केरल	7810	13	5353	6	4513	8
14.	मध्य प्रदेश	7381	17	5168	15	3686	12
15.	महाराष्ट्र	7488	30	5416	36	5813	29
16.	मणिपुर	1764	0	320	0	229	0
17.	मेघालय	205	2	438	1	80	3
18.	मिजोरम	476	7	571	12	810	14
19.	नागालैंड	542	0	119	0	48	0
20.	ओडिशा	5610	82	3328	62	3016	56
21.	पंजाब	5750	7	6546	21	5041	12
22.	राजस्थान	981	2	1356	1	944	0
23.	सिक्किम	364	3	1180	2	750	0
24.	तमिलनाडु	3978	1	5732	3	5818	0
25.	त्रिपुरा	987	3	684	8	327	0
26.	उत्तर प्रदेश	20132	17	6645	12	3130	17
27.	उत्तराखंड	1988	19	2203	9	7749	28
28.	पश्चिम बंगाल	4525	121	4779	68	5480	105
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	243	2	255	6	208	5
30.	चंडीगढ़	390	2	एनआर	एनआर	543	0
31.	दादरा और नगर हवेली	277	0	314	2	269	0

1	2	3	4	5	6	7	8
32.	दमन और दीव	62	0	103	0	484	0
33.	दिल्ली	7657	40	6510	61	8347	68
34.	लक्षद्वीप	30	0	20	0	15	1
35.	पुदुचेरी	517	33	650	2	520	12
	कुल	124085	600	89117	430	91683	484

स्रोत: सीबीएचआई, डीजीएचएस द्वारा जारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल।

नोट: 1. *वर्ष 2010 और 2011 संबंधी आंकड़े अनंतिम हैं।

2. एनआर का अर्थ है सूचित नहीं किया गया।

विवरण-IV

वर्ष 2009–2011 के दौरान आंत्र ज्वर (टायफाइड) के कारण सूचित राज्यवार मामले और मौतें

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2009		2010*		2011*	
		मामले	मौतें	मामले	मौतें	मामले	मौतें
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	अरुणाचल प्रदेश	136585	8	170763	5	186020	7
2.	आंध्र प्रदेशा	3739	23	5715	10	2653	8
3.	असम	4422	0	4140	0	4541	5
4.	बिहार	एनआर	एनआर	एनआर	एनआर	एनआर	एनआर
5.	छत्तीसगढ़	53291	5	38532	0	32731	0
6.	गोवा	623	0	431	0	265	0
7.	गुजरात	7156	1	9778	0	14371	0
8.	हरियाणा	21183	31	22361	2	24041	1
9.	हिमाचल प्रदेश	20252	4	24417	3	28074	2
10.	जम्मू और कश्मीर	93953	0	90847	1	82347	0

1	2	3	4	5	6	7	8
11.	झारखंड	34172	10	35872	0	10980	0
12.	कर्नाटक	50434	11	34296	6	38727	2
13.	केरल	4331	2	4621	1	2712	0
14.	मध्य प्रदेश	57883	39	33792	25	29238	18
15.	महाराष्ट्र	79162	12	94363	0	39471	1
16.	मणिपुर	5247	3	3859	0	5498	7
17.	मेघालय	10066	0	8169	1	8243	1
18.	मिजोरम	1163	4	1115	0	2270	1
19.	नागालैंड	15569	0	19014	0	14680	2
20.	ओडिशा	50341	33	45692	29	55939	85
21.	पंजाब	22444	1	28248	6	36263	9
22.	राजस्थान	11469	0	10575	0	7916	0
23.	सिक्किम	218	0	689	0	733	0
24.	तमिलनाडु	143948	1	112879	51	50085	0
25.	त्रिपुरा	2025	1	2042	5	3551	0
26.	उत्तर प्रदेश	23009	49	16489	2	13702	1
27.	उत्तराखंड	65096	72	71037	158	116525	80
28.	पश्चिम बंगाल	133095	78	146428	74	127180	34
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	2608	0	1266	1	1343	1
30.	चंडीगढ़	498	0	एनआर	एनआर	733	0
31.	दादरा और नगर हवेली	2653	0	2221	0	2269	0
32.	दमन और दीव	920	0	1652	0	964	0

1	2	3	4	5	6	7	8
33.	दिल्ली	40646	47	32542	60	42976	55
34.	लक्षद्वीप	4	0	13	0	14	0
35.	पुदुचेरी	1126	1	11001	0	11077	0
	कुल	1099331	436	1084859	440	998132	320

स्रोत: सीबीएचआई, डीजीएचएस द्वारा जारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल।

नोट: 1. *वर्ष 2010 और 2011 संबंधी आंकड़े अनंतिम हैं।

2. एनआर का अर्थ है सूचित नहीं किया गया।

विवरण-V

एकीकृत रोग निगरानी परियोजना

राज्य सोसाइटियों की वित्तीय स्थिति का सारांश

26.03.12 के अनुसार
(लाख रुपये)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	राज्यों को जारी सहायता अनुदान				राज्यों द्वारा प्रस्तुत लेखा परीक्षा के अनुसार व्यय			
		2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
क.	**विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित**								
1.	आंध्र प्रदेश	51.18	201.71	169.82	112.88	95.40	211.49	105.95	128.53
2.	गुजरात	41.26	90.16	169.25	201.06	99.41	149.75	149.88	108.34
3.	कर्नाटक	25.24	89.95	218.19	103.48	146.71	163.42	146.01	83.67
4.	महाराष्ट्र	112.48	138.49	292.85	118.57	130.87	82.70	130.26	160.54
5.	पंजाब	30.00	97.63	147.60	103.79	98.64	133.12	116.47	126.55
6.	राजस्थान	118.05	177.66	227.53	136.28	134.19	214.60	217.84	115.51
7.	तमिलनाडु	7.71	87.54	193.62	60.95	96.41	94.53	91.70	91.32

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
8.	उत्तराखंड	0.00	78.10	133.74	64.50	47,10	92.24	93.34	67.62
9.	पश्चिम बंगाल	0.00	111.08	99.40	35.85	65.83	57.39	95.06	105.79
ख.	उत्तरी राज्य, पूर्वोत्तर के अलावा								
10.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	5.58	0.00	0.00	15.61	2.73	13.62	7.84	3.52
11.	बिहार	0.00	10.00	121.17	103.89	0.00	46.57	127.71	102.26
12.	चंडीगढ़	32.77	29.10	8.00	13.74	19.74	30.00	24.91	11.92
13.	छत्तीसगढ़	0.00	46.42	110.13	48.59	75.94	118.61	95.28	66.63
14.	दादरा और नगर हवेली	0.23	17.51	15.00	5.27	5.35	6.09	8.99	6.71
15.	दमन और दीव	0.00	19.01	15.00	8.71	10.88	10.19	13.85	9.65
16.	दिल्ली	7.71	0.00	0.00		0.37	15.34	15.16	11.95
17.	गोवा	15.00	33.83	16.64	26.82	20.97	33.71	25.18	14.99
18.	हरियाणा	73.52	98.44	75.83	139.28	37.81	77.95	117.72	112.72
19.	हिमाचल प्रदेश	76.81	79.87	30.00		49.24	39.03	55.66	23.32
20.	जम्मू और कश्मीर	0.00	66.03	100.00		12.57	15.11	19.21	101.16
21.	झारखंड	0.00	81.78	65.00		3.16	38.80	52.11	47.05
22.	केरल	0.00	0.00	144.34		38.76	105.88	71.62	57.20
23.	लक्षद्वीप	0.00	20.19	0.00		6.28	5.40	2.39	0.26
24.	मध्य प्रदेश	0.00	201.16	197.82	88.35	205.14	204.05	245.11	160.23
25.	ओडिशा	0.00	27.13	100.00	39.06	45.41	95.69	72.72	70.89
26.	पुदुचेरी	15.00	24.97	35.00	33.14	14.71	25.95	31.14	28.36
27.	उत्तर प्रदेश	0.00	275.30	0.00	140.63	0.15	196.34	290.52	137.33

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
ग.	**पूर्वोत्तर राज्य**								
28.	अरुणाचल प्रदेश	4.57	34.51	123.00	148.07	57.08	54.01	130.81	78.25
29.	असम	44.09	23.55	139.75	151.09	62.24	144.70	139.59	110.63
30.	मणिपुर	0.00	0.00	35.00	23.97	6.28	19.21	39.07	1.17
31.	मेघालय	18.49	30.07	46.50	14.75	33.72	26.52	28.27	13.26
32.	मिजोरम	23.64	34.02	68.75	53.54	52.70	40.23	38.14	29.88
33.	नागालैंड	0.00	38.37	75.00	73.75	81.95	34.47	50.44	48.91
34.	सिक्किम	0.00	20.40	28.00	14.50	30.91	20.87	21.85	18.89
35.	त्रिपुरा	9.21	19.08	24.00	7.00	13.76	18.21	11.50	5.85

अनुवाद 435-37

कैंसर केन्द्रों/संस्थानों को वित्तीय सहायता

2833. **श्रीमती दर्शना जरदोश :**
श्री कबीन्द्र पुरकायस्थ :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सूरत स्थित लॉयन्स कैंसर जांच और उपचार केन्द्र सहित कई कैंसर केन्द्रों को वित्तीय सहायता दी है/दिए जाने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो कैंसर केन्द्रों/संस्थानों को इस प्रकार की सहायता किस स्कीम के अंतर्गत दी जा रही है, तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को सिलचर के काचार कैंसर अस्पताल और शोध केन्द्र सहित विभिन्न कैंसर अस्पतालों से अवसंरचना विकास के लिए कई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) देश में इस प्रकार के कैंसर केन्द्रों/संस्थानों को वित्तीय सहायता दिए जाने के लिए क्या कार्रवाई की गयी है/प्रस्तावित है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) से (ङ) स्वास्थ्य राज्य का विषय है तथा केन्द्र सरकार सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों तथा पूर्ववर्ती क्षेत्रीय कैंसर केन्द्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्य सरकारों के प्रयासों में मदद कर रही है।

भारत सरकार ने वर्ष 2010 में एक व्यापक राष्ट्रीय कैंसर, मधुमेह, हृदवाहिका रोग एवं आघात निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीसीडीसीएस) शुरू किया था तथा कार्यक्रम में 11वीं पंचवर्षीय योजना के 2010–12 के दौरान 21 राज्यों के 100 जिलों में कार्यान्वयन की परिकल्पना की गई है। एनपीसीडीसीएस के कैंसर घटक के अंतर्गत जिला अस्पतालों को कैंसर के जल्दी निदान, कैंसर रोगियों को कीमोथिरेपी सुविधाएं तथा उपशामक परिचर्या हेतु सुदृढ़ किया जाता है।

मौजूदा कार्यक्रम में व्यापक कैंसर परिचर्या सेवाएं प्रदान करने के लिए देशभर के सरकारी मेडिकल कॉलेज/अस्पतालों तथा पूर्ववर्ती क्षेत्रीय कैंसर केन्द्रों के तृतीयक कैंसर केन्द्र (टीसीसी) के रूप में सुदृढ़ीकरण की भी परिकल्पना की गई है। ये संस्थाएं 6.00

करोड़ रु. तक की वित्तीय सहायता (केन्द्र सरकार से 4.80 करोड़ रु. तथा राज्य सरकार से 1.20 करोड़ रु.) के लिए पात्र हैं।

टीसीसी योजना के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष (अर्थात् 2011-12) में इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, शिमला (हिमाचल प्रदेश), गुरू गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल फरीदकोट (पंजाब), एमएनजे इंस्टीट्यूट ऑफ आकोलाजी, हैदराबाद (आंध्र प्रदेश), मालाबार कैंसर केंद्र, थालासेरी (केरल) तथा मिजोरम राज्य कैंसर संस्थान, आईजोल (मिजोरम) को अनावर्ती सहायता अनुदान के लिए भारत सरकार की हिस्सेदारी के रूप में 4.80 करोड़ रु. (प्रत्येक) दिए गए हैं।

437-38

सोने का आयात

2834. श्री जे.एम. आरुन रशीद : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गत दो वर्षों के दौरान सोने के आयात में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की आगामी राजकोषीय वर्ष के दौरान सोने के आयात पर रोक लगाने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी कारण और ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) जी, हां।

पिछले दो वर्षों के दौरान सोने के आयात का ब्यौरा निम्नलिखित है:—

वित्तीय वर्ष	सोने का आयात (कि. ग्राम)	मूल्य (करोड़ रुपए)
2009-10	850985	135877.91
2010-11	969731	184728.74

(ग) और (घ) मौद्रिक प्रयोजन को छोड़कर, सोने का आयात, आयातों के लिए आईटीसी (एचएस) के एक्जिम कोड 7108 के अंतर्गत मुक्त है। तथापि, यह भारतीय रिजर्व बैंक के विनियमों के अधीन है। वर्तमान में, इस नीति को बदलने का कोई प्रस्ताव नहीं हैं।

[हिन्दी]

438

नई आर्थिक नीति

2835. श्री भूदेव चौधरी : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने नई आर्थिक नीति के घरेलू उद्योग पर प्रभाव के बारे में कोई अध्ययन करवाया है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इसके निष्कर्षों पर क्या कार्रवाई की गयी है अथवा प्रस्तावित है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

[अनुवाद]

438-39

महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाएं

2836. श्री राधे मोहन सिंह : क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश सहित राज्य सरकारों के समन्वय से महिलाओं के सशक्तीकरण के हेतु केन्द्र द्वारा प्रायोजित पायलट परियोजनाएं कार्यान्वित कर रही है/अथवा कार्यान्वित करने का प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ) : (क) और (ख) जी, हां। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु केन्द्र प्रायोजित स्कीमों के रूप में प्रायोगिक आधार पर राजीव गांधी किशोरी सशक्तीकरण स्कीम-सबला, इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना का क्रियान्वयन

उत्तर प्रदेश सरकार सहित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के माध्यम से कर रहा है। इसके अलावा मई, 2010 में राष्ट्रीय महिला सशक्तीकरण मिशन भी शुरू किया गया इन स्कीमों का ब्यौरा इस प्रकार है:

(i) **सबला** स्कीम उत्तर प्रदेश के 22 जिलों सहित देश के 200 जिलों में प्रायोगिक आधार पर नवम्बर, 2010 में शुरू की गई इस स्कीम का उद्देश्य स्कूल छोड़ चुकी सभी लड़कियों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए 11-18 वर्ष की किशोरियों का समग्र विकास करना है।

(ii) **इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना** गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के हेतु सशर्त नकद अंतरण की स्कीम अक्तूबर, 2010 में उत्तर प्रदेश के 2 जिलों सहित देश के 52 जिलों में प्रायोगिक आधार पर शुरू की गई। यह स्कीम गर्भवती एवं धात्री माताओं के स्वास्थ्य हेतु नकद प्रोत्साहन प्रदान कर बेहतर अनुकूल वातावरण प्रदान करती है।

(iii) **राष्ट्रीय महिला सशक्तीकरण मिशन** महिलाओं के समग्र सशक्तीकरण की एक स्कीम है। इसकी कल्पना अंतरक्षेत्रीय संकेन्द्रण सुदृढ़ करने और मंत्रालयों एवं विभागों के महिला कल्याण एवं सामाजिक-आर्थिक विकास के कार्यक्रमों में समन्वय की प्रक्रिया को सरल बनाने के अधिदेश के साथ एक अंब्रेला मिशन के रूप में की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को छोड़कर उत्तर प्रदेश सभी राज्यों/संघ राज्यों क्षेत्रों ने केन्द्र और राज्य सरकारों की स्कीमों और कार्यक्रमों में संकेन्द्रण सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त मॉडल का विकास करने हेतु प्रायोगिक परियोजनाएं शुरू की हैं।

[हिन्दी]

निर्यातकों की मांग

2837. श्री गणेशराव नागोराव दूधगांवकर : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष में हस्त निर्मित उत्पादों पर सीमा शुल्क कम करने के बारे में सरकार को प्राप्त मांगों और उसके द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) सरकार ने विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव के कारण हुई हानि की प्रतिपूर्ति हेतु क्या विधि अपनाई है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) ऐसा कोई भी अभ्यावेदन सरकार को प्राप्त नहीं हुआ है। सरकार ने हस्त निर्मित उत्पादों के आयात पर सीमा शुल्क से ऐसी कोई विशेष छूट या रियायत नहीं दी है।

(ख) रुपये की विनिमय दर मूलतः विदेशी मुद्रा बाजार में मांग और पूर्ति की स्थितियों के द्वारा निर्धारित होती है। भारतीय रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा बाजार की गतिविधियों की निरंतर मॉनीटरिंग करता रहता है और मात्र इस उद्देश्य से खरीद और बिक्री के माध्यम से हस्तक्षेप करता है कि अत्यधिक अस्थिरता को नियंत्रित किया जा सके और बिना किसी विशेष दर या बैंड को लक्ष्य किये बाजार में सुव्यवस्था बहाल की जा सके।

बीमा क्षेत्र की घटती हुई कवरेज

2838. श्री सज्जन वर्मा : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में जीवन बीमा नीतियों के तहत कवर लोगों की संख्या में कमी आई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने बीमा निधियों के तहत अधिक लोग कवर करने के उद्देश्य से बीमा क्षेत्र में सरकारी-निजी भागीदारी को बढ़ावा देने और बीमे के लाभों के बारे में प्रचार-प्रसार करने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) जी, नहीं। बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) ने सूचित किया है कि प्रवृत जीवन बीमा पॉलिसियों की संख्या वर्ष 2009-10 के 31.89 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2010-11 में 32.92 करोड़ रुपये हो गयी।

(ग) और (घ) वर्ष 2000 में बीमा क्षेत्र में मुक्त होने के पश्चात् वर्ष 2010-11 की स्थिति के अनुसार जीवन बीमा कंपनियों की संख्या 1 से बढ़कर 24 और गैर-जीवन बीमा कंपनियों की संख्या 4 से 25 हो गयी है।

[अनुवाद] 441 - 42

आयोडीनयुक्त नमक का उपयोग

2839. श्री वरुण गांधी :
श्री हंसराज ग. अहीर :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार नमक में अनिवार्य रूप से आयोडीन मिलाने संबंधी सार्वभौमिक कार्यक्रम की नीति की समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ग्रामीण आबादी का बहुत बड़ा प्रतिशत अभी भी आयोडीन-रहित नमक का उपयोग करता है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार ने विशेरूप से देश के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोडीन-रहित नमक की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) और (ख) जी, हां। माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशानिदेशानुसार स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में एक विशेष समिति ने प्रत्यक्ष मानक उपभोग के लिए अनिवार्य नमक आयोडीनीकरण नीति की समक्षा की और यह सिफारिश की कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम (एफएसएसए), 2006 के अंतर्गत प्रत्यक्ष मानव उपभोग के लिए अनिवार्य नमक आयोडीनीकरण का समर्थन किया जाए।

(ग) और (घ) कवरेज मूल्यांकन सर्वेक्षण (सीईएस) रिपोर्ट-2009 के अनुसार 71.1 प्रतिशत घरों में उपयुक्त रूप से आयोडीनीकरण नमक का उपभोग हो रहा है।

(ङ) भारत सरकार ने 17 मई, 2006 से पूरे देश में खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 के अंतर्गत प्रत्यक्ष मानव उपभोग के लिए गैर-आयोडीनीकरण नमक की बिक्री पर प्रतिषेध अधिसूचना जारी की। पूर्ववर्ती खाद्य अपमिश्रण अधिनियम, 1954 और नियमावली, 1955 को रद्द कर दिया गया है तथा दिनांक 5.8.2011 से नया खाद्य सुरक्षा और मानक विनियम, 2011 प्रकाशित हुआ है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ पूरे देश में प्रत्यक्ष मानक उपभाग के लिए गैर-आयोडीनीकृत नमक की बिक्री पर प्रतिषेध लगाने पर विचार किया गया है।

[हिन्दी] 442 - 46

सीओटीपीए का उल्लंघन

2840. श्री गोपाल सिंह शेखावत :
श्री के. सुधाकरण :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए), 2003 के उपबंधों के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर पाबंदी लगा दी है;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने सीओटीपीए के उपबंधों के उपयुक्त अनुपालन हेतु क्या तंत्र विकसित किया है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त अधिनियम के विभिन्न उपबंधों के उल्लंघन के कितने मामले राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार दर्ज किए गए हैं और सरकार ने उन पर क्या कार्रवाई की है/करने का प्रस्ताव है;

(घ) क्या सरकार ने सीओटीपीए के उपबंधों के उल्लंघन के बारे में विभिन्न राज्यों से मासिक आधार पर कोई रिपोर्टें मांगी हैं;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) देश में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के कार्यान्वयन की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार वर्तमान स्थिति क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद) : (क) और (ख) भारत सरकार ने "सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान का निषेध नियमावली, 2008" को अधिसूचित किया है जिसमें सभी सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान पर सख्तीपूर्वक प्रतिबंध लगाया गया है। नियमावली के अनुसार अनुसूची-II में उल्लिखित प्राधिकृत अधिकारी उक्त नियमावली, 2008 का उल्लंघन करके किए गए अपराधों पर कार्रवाई करने तथा उनका प्रशमन करने के लिए सक्षम होगा।

मंत्रालय ने इन नियमों के कार्यान्वयन को सुगम बनाने के लिए चरण-वार दिशानिर्देश भी बनाए हैं जो सीओटीपीए के तहत बनाए गए उपबंधों का सख्त अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्य सरकार को भेजे गए हैं।

(ग) इस मंत्रालय में कोई वर्ष-वार सूचना/आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।

(घ) और (ङ) जी, हां। सीओटीपीए के उल्लंघन को मासिक अपराध समीक्षा के भाग के रूप में शामिल करने तथा मंत्रालय को एक मासिक रिपोर्ट भेजने के लिए सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशक को पत्र भेजा गया है।

(च) राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) को सीओटीपीए के अंतर्गत किए गए विभिन्न उपबंधों को कार्यान्वित करने तथा तम्बाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 21 राज्यों के 42 जिलों में शुरू किया गया है। एनटीसीपी राज्यों की एक सूची संलग्न विवरण में दी गई है। कार्यक्रम में व्यापक तौर पर निम्नलिखित की परिकल्पना की गई है:—

(i) जागरूकता सृजन तथा व्यवहार परिवर्तन के लिए जनजागरूकता/मास मीडिया अभियान।

(ii) सीओटीपीए, 2003 के अंतर्गत यथापेक्षित विनियामक क्षमता का निर्माण करने के लिए तम्बाकू उत्पाद जांच प्रयोगशालाओं की स्थापना।

(iii) अन्य नोडल मंत्रालयों के साथ एकान्तर फसलों तथा आजीविकाओं के संबंध में अनुसंधान तथा प्रशिक्षण को मुख्य धारा में लाना।

(iv) निगरानी सहित अनुवीक्षण एवं मूल्यांकन जैसे कि व्यवस्क तंबाकू सर्वेक्षण।

(v) तम्बाकूरोधी पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन एवं अनुवीक्षण के लिए समर्पित तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ।

(vi) स्वास्थ्य और सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, गैर-सरकारी संगठनों, स्कूली शिक्षकों इत्यादि का प्रशिक्षण।

(vii) तम्बाकू मुक्ति केंद्रों की स्थापना करना।

विवरण

21 राज्यों के 42 जिलों की सूची

क्र. सं.	राज्य	जिले	स्थापना का वर्ष
1	2	3	4
1.	राजस्थान	जयपुर तथा झुंझनु	2007-08
2.	असम	कामरूप एवं जोरहाट	2007-08
3.	कर्नाटक	बंगलुरू (यू) तथा गुलबर्गा	2007-08
4.	पश्चिम बंगाल	मुर्शिदाबाद तथा कूच बिहार	2007-08
5.	तमिलनाडु	कांचीपुरम एवं विलुपुरम	2007-08
6.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ तथा कानपुर	2007-08
7.	गुजरात	वड़ोदरा एवं साबरकांता	2007-08

1	2	3	4
8.	जीएनसीटी दिल्ली	नई दिल्ली एवं पूर्वी दिल्ली	2007-08
9.	मध्य प्रदेश	ग्वालियर एवं खंडवा	2007-08
10.	नागालैंड	कोहिमा एवं दीमापुर	2008-09
11.	त्रिपुरा	प. त्रिपुरा तथा धलाई	2008-09
12.	मिजोरम	आईजोल एवं लुंग्लेई	2008-09
13.	अरुणाचल प्रदेश	तवांग एवं प. कामेंग	2008-09
14.	सिक्किम	पूर्वी सिक्किम एवं दक्षिणी सिक्किम	2008-09
15.	झारखंड	धनबाद व जमशेदपुर	2008-09
16.	बिहार	पटना एवं मुंगेर	2008-09
17.	उत्तराखंड	देहरादून एवं यूएस नगर	2008-09
18.	महाराष्ट्र	ठाणे तथा औरंगाबाद	2008-09
19.	गोवा	उत्तर गोवा एवं दक्षिणी गोवा	2008-09
20.	आंध्र प्रदेश	गुंटूर एवं हैदराबाद	2008-09
21.	ओडिशा	खुर्दा एवं कटक	2008-09

ऊर्जा क्षेत्र में भारत-ईरानी सहयोग

2841. श्रीमती सुमित्रा महाजन : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ऊर्जा संबंधी मुद्दों पर बातचीत करने के लिए अभी हाल ही में भारत और ईरान की एक बैठक हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने ऊर्जा के क्षेत्र में ईरान के साथ किसी करार पर हस्ताक्षर किए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) भारत गणराज्य एवं इस्लामिक गणराज्य ईरान के बीच दिनांक 8-9 जुलाई, 2010 को नई दिल्ली में आयोजित संयुक्त आयोग के 16वें सत्र के दौरान अपनी ऊर्जा का 4000 मेगावाट भारत को निर्यात करने के उद्देश्य से ईरान में 6000 मेगावाट के गैस आधारित विद्युत संयंत्र की स्थापना की व्यवहार्यता की जांच करने का निर्णय लिया गया था।

चूंकि पारेषण लाइन का एक बड़ा भाग पाकिस्तान से होकर गुजरेगा, इसलिए भारत सरकार ने परियोजना के बारे में सुरक्षा संबंधी मामलों को उठाया है। सरकार ने गैस मूल्य निर्धारण का मुद्दा भी उठाया है। ईरान सरकार को अभी प्रतिक्रिया देनी है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

[अनुवाद]

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन

2842. श्री चार्ल्स डिएस : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में सरकार के स्वामित्व वाली कंपनियों से सेवानिवृत्त औद्योगिक कामगार नई पेंशन स्कीम (एनपीएस) के तहत आते हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) सरकार ने सशस्त्र सेनाओं के अलावा केन्द्र सरकार की सेवा में 1 जनवरी, 2004 को या इसके पश्चात् आने वाले सभी नवनियुक्त कर्मचारियों/अधिकारियों के लिए 22 दिसम्बर, 2003 की अधिसूचना के द्वारा मौजूदा निर्धारित लाभ पेंशन प्रणाली के स्थान पर नई पेंशन योजना (एनपीएस को 1 जनवरी, 2004 से अनिवार्य रूप से लागू किया गया है। एनपीएस को स्वायत्त निकायों, राज्य सरकारों, असंगठित क्षेत्र के लिए भी लागू किया गया है। केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) के कर्मचारियों को एनपीएस के अंतर्गत अनिवार्य रूप से शामिल नहीं किया गया है। तथापि, तीन सीपीएसई अर्थात् कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लि., मैगनीज ओर (इंडिया लि.) तथा नालको ने स्वैच्छिक आधार पर एनपीएस को क्रमशः 01.01.2004,, 01.07.2011 और 01.01.2007 से अपनाया है।

[हिन्दी]

खनन पट्टे प्रदान करना

2843. श्री प्रेमचन्द (गुड्डू) : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में मध्य प्रदेश सहित राज्य-वार कितनी खनिज खानें हैं;

(ख) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष में राज्य-वार किन-किन कम्पनियों को खानें पट्टे पर दी गई हैं; और

(ग) उक्त अवधि में इन खानों में कम्पनी-वार निकाले गए खनिजों की मात्रा का ब्यौरा क्या है?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दिनशा पटेल) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

[अनुवाद]

प्राकृतिक संसाधनों का आवंटन

2844. श्री नामा नागेश्वर राव : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वित्त मंत्रालय की योजना समस्त प्राकृतिक संसाधनों के आवंटन हेतु 'पहले आओ, पहले पाओ' की नीति समाप्त करने की है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) 1. "भ्रष्टाचार से निपटने के लिए सरकार द्वारा किए जा सकने वाले उपायों" के संबंध में गठित मंत्री समूह ने 21 जनवरी, 2011 को, अन्य बातों के साथ, यह निर्णय किया कि प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग में पारदर्शिता, प्रभावकारिता और संपोषणीयता बढ़ाने के ऐसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाए, जो त्वरित आर्थिक विकास की प्राप्ति के लिए देश की जरूरतों के अनुरूप हों।

2. इस मंत्री समूह के निदेशों के अनुसार, मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा आदेश सं. 483/1/1/2011—कैब तारीख 31 जनवरी, 2011 के तहत पूर्व वित्त सचिव श्री अशोक चावला, की अध्यक्षता में एक प्राकृतिक संसाधन आवंटन संबंधी समिति (सीएएनआर) गठित की गयी थी।

3. प्राकृतिक संसाधन आवंटन संबंधी समिति ने 31 मई, 2011 को प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में, आठ[3] प्राकृतिक संसाधनों को समाविष्ट करते हुए, 81 सिफारिशें दीं। सचिवों की समिति ने 14 जुलाई, 2011, 9 अगस्त, 2011 तथा 29 सितम्बर, 2011 को आयोजित अपनी बैठकों में इस समिति की रिपोर्ट की जांच की।

4. मंत्री समूह ने 30.9.2011 और 22.2.2012 को आयोजित अपनी पिछली दो बैठकों में सचिवों की समिति की सिफारिशों पर विचार किया तथा प्राकृतिक संसाधन आवंटन संबंधी समिति की 69 सिफारिशों को स्वीकार किए जाने की अनुशंसा करने का निर्णय लिया। इस समिति की कुछ सिफारिशें, जिनमें प्राकृतिक संसाधनों

---

[3]कोयला, खनिज, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, वन, भूमि, जल और स्पेक्ट्रम।

के आवंटन के लिए बाजार संबंधी कार्य-प्रणाली सुझायी गयी है, मंत्री समूह द्वारा सिफारिश हेतु स्वीकार कर ली गई है।

आयुष संस्थानों/महाविद्यालयों/अस्पतालों का उन्नयन

2845. श्री पी. करूणाकरन :
श्री शिवराम गौडा :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार को कर्नाटक और केरल सहित विभिन्न राज्यों से आयुष संस्थानों/महाविद्यालयों/अस्पतालों/औषधालयों के उन्नयन हेतु अनेक प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों में इस संबंध में राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या इन सभी आयुष संस्थानों/महाविद्यालयों/अस्पतालों/औषधालयों को उनके उन्नयन हेतु निधियां स्वीकृत और जारी की गई हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इन आयुष संस्थानों/महाविद्यालयों/अस्पतालों/औषधालयों को शेष स्वीकृत राशि कब तक जारी किए जाने की संभावना है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस. गांधीसेलवन) : (क) से (घ) जी, हां। भारत सरकार को आयुष संस्थानों के विकास और आयुष अस्पतालों तथा औषधालयों के विकास संबंधी केंद्रीय प्रायोजित स्कीम के तहत आयुष संस्थानों कॉलेजों, अस्पतालों व औषधालयों के उन्नयन हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त हुए। गत तीन वर्षों के दौरान आयुष संस्थानों के उन्नयन हेतु कर्नाटक व केरल सहित विभिन्न राज्यों को जारी निधियों सहित प्रस्तावों का ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है। गत तीन वर्षों के दौरान आयुष अस्पतालों व औषधालयों के उन्नयन के लिए कर्नाटक व केरल सहित विभिन्न राज्यों को जारी निधियों सहित प्रस्तावों का राज्य/संघ राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-I, II, III और IV में दिया गया है।

(ङ) आयुष अस्पतालों व औषधालयों के विकास संबंधी केंद्रीय प्रायोजित स्कीम के तहत, 2009-10 तक जारी सहायता अनुदान के संबंध में राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों से लंबित उपयोग प्रमाण-पत्रों के कारण 2011-12 के दौरान अधिकांश राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को औषधियों को छोड़कर कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के तहत आयुष अस्पतालों/औषधालयों को निधियां जारी नहीं की जा सकीं। राज्य के किसी भी अस्पताल/औषधालय को नई सहायता अनुदान की मंजूरी, स्कीम के तहत पूर्व अनुदानों के संबंध में उपयोग प्रमाण-पत्रों की बेबाकी पर निर्भर करता है।

आयुष संस्थानों के विकास संबंधी केंद्रीय प्रायोजित स्कीम के तहत 2011-12 के दौरान छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान और उत्तराखंड को निधियां मंजूर/जारी की गई हैं जिनका ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है। वर्ष 2011-12 के दौरान केरल सहित अन्य राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 2009-10 तक जारी अनुदानों के संबंध में लंबित उपयोग प्रमाण-पत्रों के कारण या अपूर्ण प्रस्तावों के कारण जारी नहीं की जा सकी।

विवरण-I

आयुष संस्थान विकास केंद्र प्रायोजित स्कीम

(लाखों रुपए)

राज्य का नाम	प्राप्त प्रस्तावों की संख्या			अनुमोदित प्रस्तावों की संख्या और सहायतानुदान			संस्वीकृत धनराशि		
	2009-10	2010-11	2011-12	2009-10	2010-11	2011-12	2009-10	2010-11	2011-12
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	0	0	0	0	0	0.00	0.00	0.00

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
आंध्र प्रदेश	2	3	1	1	0	0	69.00	0.00	0.00
बिहार	0	2	0	1	1	0	201.62	93.77	0.00
चंडीगढ़	0	0	0	0	0	0	0.00	0.00	0.00
छत्तीसगढ़	1	1	0	0	0	1	0.00	0.00	75.00
दमन और दीव	0	0	0	0	0	0	0.00	0.00	0.00
दादरा और नगर हवेली	0	0	0	0	0	0	0.00	0.00	0.00
गुजरात	1	3	0	0	2	0	0.00	230.73	0.00
गोवा	0	0	0	0	0	0	0.00	0.00	0.00
हरियाणा	0	0	0	0	0	0	0.00	0.00	0.00
हिमाचल प्रदेश	0	0	0	0	0	0	0.00	0.00	0.00
जम्मू और कश्मीर	0	2	0	0	2	0	0.00	1600.00	0.00
झारखंड	0	0	1	0	0	1	0.00	0.00	525.90
कर्नाटक	1	1	3	2	1	1	230.28	102.95	350.00
केरल	3	3	1	2	1	0	208.10	150.00	0.00
मध्य प्रदेश	0	2	1	0	1	0	0.00	223.54	0.00
महाराष्ट्र	5	5	4	6	2	0	1003.00	368.00	0.00
ओडिशा	0	1	1	0	1	0	0.00	70.39	0.00
पंजाब	0	1	1	0	0	1	0.00	0.00	274.00
राजस्थान	0	0	1	0	0	1	0.00	0.00	350.00
तमिलनाडु	0	1	0	0	0	0	0.00	0.00	0.00
उत्तराखंड	3	1	0	1	0	1	118.00	0.00	300.00
उत्तर प्रदेश	2	5	0	1	1	0	170.00	80.00	0.00
पश्चिम बंगाल	0	1	4	0	1	0	0.00	98.01	0.00

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
दिल्ली	0	0	0	0	0	0	0.00	0.00	0.00
पुदुचेरी	0	3	0	0	1	0	0.00	600.00	0.00
लक्षद्वीप	0	0	0	0	0	0	0.00	0.00	0.00
अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	0	0	0	0.00	0.00	0.00
असम	0	0	0	0	0	0	0.00	0.00	0.00
मेघालय	0	0	0	0	0	0	0.00	0.00	0.00
मणिपुर	0	0	0	0	0	0	0.00	0.00	0.00
मिजोरम	0	0	0	0	0	0	0.00	0.00	0.00
नागालैंड	0	0	0	0	0	0	0.00	0.00	0.00
त्रिपुरा	0	1	1	0	1	0	0.00	800.00	0.00
सिक्किम	0	0	0	0	0	0	0.00	0.00	0.00
कुल	18	36	19	14	16	6	2000.00	4417.39	1874.90

विवरण-II

आयुष अस्पतालों और औषधालयों के विकास संबंधी केन्द्र प्रायोजित स्कीम

वर्ष 2011-12 के लिए आयुष अस्पतालों और औषधालयों के उन्नयन के लिए प्राप्त प्रस्ताव

क्र. सं.	राज्य का नाम	प्राप्त प्रस्ताव	राज्यों द्वारा मांगी गई वित्तीय सहायता (रु. लाख)	अभ्युक्तियां
1	2	3	4	5
1.	आंध्र प्रदेश	919 आयुष औषधालयों का उन्नयन	9281.90	निधियों को वर्ष 2009-10 तक निर्मुक्त की गई राशियों के संबंध में लंबित उपयोग प्रमाण-पत्रों के कारण वर्ष 2011-12 के दौरान निर्मुक्त नहीं किया जा सका।
		16 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	1013.76	
2.	बिहार	128 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	1292.80	
3.	छत्तीसगढ़	3 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	198.08	
4.	गुजरात	739 आयुष (523-आयुर्वेद, 216-होम्योपैथी) औषधालयों का उन्नयन	5504.60	

1	2	3	4	5
5.	हरियाणा	62 आयुष औधालयों का उन्नयन	532.20	निधियों को वर्ष 2009-10 तक निर्मुक्त की गई राशियों के संबंध में लंबित उपयोग प्रमाण-पत्रों के कारण वर्ष 2011-12 के दौरान निर्मुक्त नहीं किया जा सका।
6.	हिमाचल प्रदेश	150 आयुर्वेद औषधालयों (आवर्ती) और 150 आयुर्वेद औषधालयों (आवर्ती और अनावर्ती) का उन्नयन	2980.95	
		28 आयुष अस्पतालों का उन्नयन (आवर्ती)	374.08	
7.	जम्मू और कश्मीर	आयुष अस्पतालों का उन्नयन (आवर्ती)	10.42	
8.	कर्नाटक	43 आयुष औषधालयों का उन्नयन	430.00	
		9 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	570.24	
9.	केरल	70 होम्योपैथी औषधालयों का उन्नयन	700.00	
		30 आयुष अस्पतालों का उन्नयन (आवर्ती)	135.62	
		68 आयुष 9 आयुष अस्पतालों का उन्नयन (आवर्ती)	908.00	
		51 आयुष अस्पतालों का उन्नयन (आवर्ती और अनावर्ती)	3231.36	
		585 आयुष औषधालयों का उन्नयन	5908.50	
		162 आयुर्वेदिक औषधालयों का उन्नयन	1620.00	
10.	मध्य प्रदेश	125 आयुष औषधालयों का उन्नयन	1250.00	
11.	मिजोरम	आयुष औषधालयों का उन्नयन	10.10	
		आयुष औषधालयों का उन्नयन	500.00	
12.	ओडिशा	70 आयुष औषधालयों का उन्नयन	700.00	
13.	महाराष्ट्र	200 आयुष औषधालयों का उन्नयन (अनावर्ती)	2020.00	
14.	पंजाब	83 होम्योपैथी औषधालयों का उन्नयन	215.80	
15.	राजस्थान	1500 आयुष औषधालयों का उन्नयन	4447.50	
16.	उत्तराखंड	17 आयुर्वेद अस्पतालों का उन्नयन	339.00	

1	2	3	4	5
		148 आयुर्वेद औषधालयों का उन्नयन	1494.80	निधियों को वर्ष 2009-10 तक निर्मुक्त की गई राशियों के संबंध में लंबित उपयोग प्रमाण-पत्रों के कारण वर्ष 2011-12 के दौरान निर्मुक्त नहीं किया जा सका।
17.	दिल्ली	70 आयुष औषधालयों का उन्नयन	76.65	
18.	पश्चिम बंगाल	6 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	303.00	
		25 आयुष औषधालयों, अस्पतालों का उन्नयन	250.00	
		कुल	46049.36	

विवरण-III

आयुष अस्पतालों और औषधालयों के विकास संबंधी केन्द्र प्रायोजित स्कीम

वर्ष 2011-12 के लिए आयुष अस्पतालों और औषधालयों के उन्नयन के लिए प्राप्त प्रस्तावों और निर्मुक्त अनुदान की स्थिति

क्र. सं.	राज्य का नाम	प्राप्त प्रस्ताव	राज्य द्वारा मांगी गई वित्तीय सहायता (रु. लाखों)	कालम 2 में से अनुमोदित एकांश	निर्मुक्त अनुदान (रु. लाखों)	अभियुक्तियां
1	2	3	4	5	6	7
1.	आंध्र प्रदेश	17 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	706.00	3	155.842	
		1039 आयुष औषधालयों का उन्नयन	11823.00	120	1030.2	
2.	बिहार	27 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	1710.72	27	1454.112	
3.	छत्तीसगढ़	100 आयुर्वेदिक औषधालयों का उन्नयन	1010.00	100	8.5	अनावर्ती निधियां, संबद्ध शीर्ष के अंतर्गत निधियां उपलब्ध न होने के कारण अनुमोदित नहीं की गईं।
4.	गुजरात	24 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	1074.64	24	405.353	
		739 आयुष औषधालयों का उन्नयन	5433.90	95	815.575	
5.	हिमाचल प्रदेश	16 आयुर्वेद अस्पतालों का उन्नयन	1013.76	16	861.69	
		600 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	14616.00	150	1287.75	

1	2	3	4	5	6	7
6.	जम्मू और कश्मीर	2 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	126.72	2	0	निधियां, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत न करने के कारण निर्मुक्त नहीं की जा सकीं।
		387 आयुष औषधालयों का उन्नयन	3910.80	387	32.895	अनावर्ती निधियां, संबद्ध शीर्ष के अंतर्गत निधियां उपलब्ध न होने के कारण अनुमोदित नहीं की गईं।
7.	कर्नाटक	56 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	3548.16	56	3015.93	
		268 आयुष औषधालयों का उन्नयन	2948.00	268	22.78	अनावर्ती निधियां, संबद्ध शीर्ष के अंतर्गत निधियां उपलब्ध न होने के कारण अनुमोदित नहीं की गईं।
		40 आयुर्वेदिक औषधालयों का उन्नयन	400.00	0	0	
8.	केरल	91 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	5765.80	91	3158.396	अनावर्ती निधियां, संबद्ध शीर्ष के अंतर्गत निधियां उपलब्ध न होने के कारण अनुमोदित नहीं की गईं।
		232 औषधालयों (70 होम्योपैथी, 162 आयुर्वेदिक) का उन्नयन	2343.20	232	19.42	
9.	मध्य प्रदेश	11 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	696.96	11	592.41	
10.	ओडिशा	1166 आयुष औषधालयों का उन्नयन	8086.00	1166	99.11	अनावर्ती निधियां, संबद्ध शीर्ष के अंतर्गत निधियां उपलब्ध न होने के कारण अनुमोदित नहीं की गईं।
11.	राजस्थान	1000 आयुष औषधालयों का उन्नयन	10100.00	1000	85	अनावर्ती निधियां, संबद्ध शीर्ष के अंतर्गत निधियां उपलब्ध न होने के कारण अनुमोदित नहीं की गईं।
12.	त्रिपुरा	3 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	190.08	3	171.06	
13.	उत्तराखंड	114 आयुर्वेद अस्पतालों का उन्नयन	7152.00	8	171.072	

1	2	3	4	5	6	7
		203 आयुर्वेदिक औषधालयों का उन्नयन	2740.50	50	429.25	
	कुल		85396.84		13816.645	

विवरण-IV

आयुष अस्पतालों और औषधालयों के विकास संबंधी केन्द्र प्रायोजित स्कीम

वर्ष 2009-10 के लिए आयुष अस्पतालों और औषधालयों के उन्नयन के लिए प्राप्त प्रस्तावों और निर्मुक्त अनुदान की स्थिति

क्र. सं.	राज्य का नाम	प्राप्त प्रस्ताव	मांगी गई धनराशि (रु. लाखों)	कालम 2 में से अनुमोदित एकांश	निर्मुक्त राशि (रु. लाखों)
1.	हिमाचल प्रदेश	28 आयुष (आयुर्वेद) अस्पतालों का उन्नयन	1774.08	12	646.272
2.	जम्मू और कश्मीर	8 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	506.88	2	107.212
3.	कर्नाटक	65 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	4181.76	9	484.704
4.	केरल	72 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	3922.46	22	1184.832
5.	मध्य प्रदेश	23 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	1457.28	12	646.272
6.	ओडिशा	8 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	506.88	8	430.848
7.	पंजाब	6 आयुष अस्पताल (आयुर्वेद)	380	5	269.28
8.	राजस्थान	50 आयुष अस्पतालों का उन्नयन	3168	23	1238.688
	कुल		15897.34		5008.608

महिला सशक्तिकरण योजना के लिए निधियां 461-63

2846. श्री सोमेन मित्रा : क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या महिलाओं के सशक्तिकरण संबंधी योजनाओं के लिए कथित रूप से निधियों का अभाव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के मध्यावधिक मूल्यांकन के अनुसार योजना के प्रथम तीन वर्षों में कुल योजना परिव्यय की केवल 35 प्रतिशत राशि ही आवंटित की गई है; और

(घ) यदि हां, तो उक्त योजना के अंतिम दो वर्षों में निधियों की शेष राशि में से कितनी राशि व्यय की गई है?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ) : (क) और (ख) सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु

कई स्कीमों का क्रियान्वयन कर रही है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा महिला सशक्तीकरण हेतु हाल ही में शुरू की गई तीन स्कीमें इस प्रकार है:—

(i) **राजीव गांधी कशोरी सशक्तीकरण स्कीम-सबला**—11-18 वर्ष की किशोरियों को अधिगम, स्वास्थ्य एवं पोषण तक पहुंच सुकर बनाकर उन्हें स्वाबलंबी बनाकर उनके समग्र विकास के उद्देश्य से शुरू में 200 जिलों में प्रायोगिक आधार पर शुरू की गई है।

(ii) **इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना-सशर्त नकद हस्तांतरण की स्कीम**—गर्भवर्ती एवं धात्री माताओं के लिए स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार हेतु नकद प्रोत्साहन प्रदान करके बेहतर अनुकूल वातावरण करने के लिए। लाभार्थियों को कतिपय शर्तों को पूरा करने पर दूसरी तिमाही से बच्चे की आयु 6 माह होने तक तीन किस्तों में 4000/- रुपये प्रति गर्भवती एवं धात्री महिला दिए जाते हैं।

(iii) **राष्ट्रीय महिला सशक्तीकरण मिशन**—महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। मिशन का उद्देश्य भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों की स्कीमों/कार्यक्रमों में संकेन्द्रण हासिल करके इन तीनों क्षेत्रों में महिलाओं का सशक्तीकरण करना है।

स्कीमों के लिए राशियों का आवंटन उनके उपयोग करने की क्रियान्वयनकर्त्ता निकायों की क्षमता एवं जरूरत के आधार पर किया जाता है। यह कहना सही नहीं है कि स्कीमों के लिए धन का अभाव है।

(ग) और (घ) पहले तीन वर्षों के दौरान मंत्रालय हेतु राशियों का आवंटन (संशोधित प्राक्कलन) 21,193.00 करोड़ रुपये था जो 56,765.00 करोड़ रुपये के 11वीं योजना परिव्यय का 37.3% था। वर्ष 2010-11 के दौरान 10,634.70 करोड़ रुपये व्यय किए गए तथा वर्ष 2011-12 के लिए संशोधित प्राक्कलन 16,100.00 करोड़ रुपये है।

463-74

शिक्षण संस्थानों में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री

2847. श्री बैजयंत पांडा :
श्री नित्यानंद प्रधान :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने एक सर्वेक्षण का संज्ञान लिया है जिसमें दिल्ली विश्वविद्यालय के परिसर में विभिन्न प्रकार के तम्बाकू उत्पादों की बिक्री तथा उनकी खपत का दावा किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्य और ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय से कोई निदेश प्राप्त हुए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) शिक्षण संस्थाओं को 100 गज के दायरे में धूम्रपान और तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध के उचित अनुपालन हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) इस मंत्रालय में ऐसा कोई सर्वेक्षण उपलब्ध नहीं है।

(ग) और (घ) वर्ल्ड लंग फाउंडेशन, दक्षिण एशिया ने दिल्ली उच्च न्यायालजय में एक पीआईएल दायर किया है जो दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस के भीतर तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाने से संबंधित है। इस पीआईएल के प्रत्युत्तर में दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली में सभी शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास से ऐसे तम्बाकू विक्रेताओं को हटाने के लिए दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया।

(ङ) भारत सरकार ने सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा बोर्ड का प्रदर्शन) नियमावली 2009 अधिसूचित की है जिसमें यह प्रावधान है कि कोई भी व्यक्ति किसी शैक्षणिक संस्था के एक सौ गज के घेरे के भीतर किसी क्षेत्र में सिगरेट या किसी अन्य तम्बाकू उत्पाद की बिक्री नहीं करेगा, बिक्री की पेशकश नहीं करेगा या बिक्री की अनुमति नहीं देगा। उल्लंघनों का संज्ञान लेने के लिए प्राधिकृत अधिकारियों की एक सूची भी अधिसूचित की गई है।

इसके अलावा, भारत सरकार ने शैक्षणिक संस्था के निकट सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक को कार्यान्वित करने के लिए सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को अनुदेश/दिशानिर्देश जारी किए हैं। प्रमुख राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय समाचार-पत्रों में सार्वजनिक सूचना भी प्रकाशित की गई है।

शिक्षा संबंधी उपकर

2848. श्री भर्तृहरि महताब : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों में सरकार द्वारा एकत्रित शिक्षा उपकर का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि में एकत्रित राशि में से कितनी राशि प्रत्येक राज्य/संघ राजय क्षेत्र को संवितरित की गई; और

(ग) चालू वित्त वर्ष में उपकर की वसूली हेतु क्या लक्ष्य नियत किया गया है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिक्कम) : (क) गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों से सरकार द्वारा संग्रहित शिक्षा उपकर के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:–

(करोड़ रुपये)

वित्तीय वर्ष	प्रत्यक्ष कर	अप्रत्यक्ष कर
2003-09	9605	8845.58
2009-10	10601	7945.54
2010-11	12719	11285.95

(ख) शिक्षा उपकर से आगम को प्रारंभिक शिक्षा कोष (पीएसके) को क्रेडिट किया जाता है, जिसे सरकार की सर्वशिक्षा अभियान (एसएसए) और मध्याह्न भोजन (एमडीए) योजनाओं पर खर्च किया जाना है। राज्यों को शिक्षा उपकर से अलग से आवंटन नहीं किया जा रहा है। राज्यों को सहायता सर्वशिक्षा अभियान (एसएसए) और मध्याह्न भोजन (एमडीएम) की विशेष योजनाओं के अंतर्गत जारी की जाती है जो कि संबंधित दिशा-निर्देशों और इन योजनाओं के बजटीय आवंटन के अनुसार है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार प्रारम्भिक शिक्षा कोष (पीएसके) के लिए राज्यों को कुल आवंटन और सकल बजटीय सहायता का ब्यौरा संलग्न विवरण-I और II में दिया गया है। प्रारंभिक शिक्षा कोष हेतु आवंटन अलग से नहीं किया जाता है।

(ग) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों से संशोधित अनुमानों के अनुसार शिक्षा उपकर संग्रहण करने के लिए निर्धारित लक्ष्य निम्नानुसार हैं:–

प्रत्यक्ष कर : 14,505 करोड़ रुपये

अप्रत्यक्ष कर : 12,956 करोड़ रुपये

विवरण-I

विगत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान सर्वशिक्षा अभियान – आरटीई के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी की गई केन्द्रीय निधियां

(लाख रुपये)

क्र. सं.	राज्य	जारी राशि			23.03.2012 को जारी राशि
		2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
1	2	3	4	5	6
1.	आन्ध्र प्रदेश	71031.78	38569.90	81000.00	183551.72
2.	अरुणाचल प्रदेश	13683.64	11427.95	20401.77	8880.10
3.	असम	42740.91	47480.00	76854.35	106921.15
4.	बिहार	186158.47	121739.06	204789.63	165908.20
5.	छत्तीसगढ़	51853.86	55592.82	87863.00	58940.22

1	2	3	4	5	6
6.	गोवा	804.41	550.58	671.27	1079.14
7.	गुजरात	25432.47	20031.73	44065.01	74350.79
8.	हरियाणा	20546.87	27600.00	32786.11	40461.41
9.	हिमाचल प्रदेश	8552.99	8608.00	13786.66	14192.78
10.	जम्मू और कश्मीर	20532.59	37363.27	40348.79	30070.50
11.	झारखंड	69041.09	70940.22	89562.26	57903.46
12.	कर्नाटक	51578.19	44220.60	66903.00	62788.35
13.	केरल	10854.04	11989.50	19660.73	17021.85
14.	मध्य प्रदेश	85569.35	113249.00	176783.00	190427.12
15.	महाराष्ट्र	67386.02	56432.00	85537.00	117962.58
16.	मणिपुर	321.21	1500.00	13253.77	2940.55
17.	मेघालय	9440.36	9383.00	18540.90	14410.60
18.	मिजोरम	5112.59	6617.75	10115.33	9314.05
19.	नागालैंड	2867.87	4913.00	8636.83	4798.33
20.	ओडिशा	49080.90	63061.60	73177.85	92719.98
21.	पंजाब	13808.10	20044.00	39612.74	48112.44
22.	राजस्थान	108326.80	127124.00	146182.29	139838.43
23.	सिक्किम	1075.31	1736.00	4469.19	3022.84
24.	तमिलनाडु	45414.47	48366.00	69068.57	66937.15
25.	त्रिपुरा	6464.12	7473.00	17121.48	17309.23
26.	उत्तर प्रदेश	212884.89	196011.90	310462.88	245268.64
27.	उत्तराखंड	11444.45	16006.29	25793.94	20092.49
28.	पश्चिम बंगाल	65169.37	104142.00	174703.17	167952.74

1	2	3	4	5	6
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	780.54	412.44	357.78	907.36
30.	चंडीगढ़	820.52	1100.72	2155.89	131121
31.	दादरा और नगर हवेली	104.63	350.18	413.78	564.35
32.	दमन और दीव	0.00	169.00	162.99	230.06
33.	दिल्ली	1529.01	3088.62	3552.71	2135.08
34.	लक्षद्वीप	70.00	143.80	127.39	127.86
35.	पुदुचेरी	638.59	669.96	485.38	557.62
	कुल जारी की गई राशि	1261120.41	1278107.89	1959407.42	1969010.38
	कुल परिव्यय	1310000.00	1310000.00	1983823.00	2100000.00
	परिव्यय के प्रति जारी की गई राशि का प्रतिशत	96.26	97.56	98.76	93.76

विवरण-II

मध्याह्न भोजन योजना के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को केंद्रीय सहायता

(लाख रुपये)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12 23.03.2012 को
1	2	3	4	5	6
गैर-पूर्वोत्तर					
1.	आंध्र प्रदेश	10504.62	32714.33	48302.38	54378.70
2.	बिहार	50505.17	31763.62	80506.41	78837.30
3.	छत्तीसगढ़	34777.30	18289.34	36187.74	40448.84
4.	गोवा	628.32	644.46	1168.28	825.41
5.	गुजरात	22674.39	29532.80	28851.62	35301.58

1	2	3	4	5	6
6.	हरियाणा	7934.60	18516.23	15325.13	16713.43
7.	हिमाचल प्रदेश	11453.59	5352.15	6487.67	7351.60
8.	जम्मू और कश्मीर	5860.59	3834.54	7990.60	8047.48
9.	झारखंड	20298.22	25456.19	32595.49	2691752
10.	कर्नाटक	30204.49	33538.61	45368.30	46331.26
11.	केरल	16012.90	14349.88	18511.34	14277.09
12.	मध्य प्रदेश	60920.33	61040.69	65781.84	76704.43
13.	महाराष्ट्र	78364.21	73281.22	107492.09	69255.77
14.	ओडिशा	33103.28	38715.63	38959.13	37124.38
15.	पंजाब	18322.92	10824.15	16605.10	17561.54
16.	राजस्थान	42060.74	39405.50	46225.76	52901.22
17.	तमिलनाडु	29467.64	45757.19	44250.57	40333.68
18.	उत्तराखंड	7384.05	5753.22	10963.29	14255.51
19.	उत्तर प्रदेश	82725.28	98506.31	10271136	107638.85
20.	पश्चिम बंगाल	43434.40	67197.73	79480.04	73983.83
	कुल	606637.04	654473.78	833768.14	819189.12
विधान सभा वाले संघ राज्य क्षेत्र					
21.	दिल्ली	6588.23	3066.09	9072.32	6562.19
22.	पुदुचेरी	548.07	561.03	693.24	635.99
	कुल	7136.29	3627.13	9765.57	7198.18
बगैर विधान सभा वाले संघ राज्य क्षेत्र					
23.	अंडमान और निकरोबार द्वीपसमूह	404.66	272.71	247.07	509.14

1	2	3	4	5	6
24.	चंडीगढ़	378.49	397.67	525.54	520.59
25.	दादरा और नगर हवेली	180.89	195.55	290.45	342.71
26.	दमन और दीव	88.05	112.90	147.79	136.58
27.	लक्षद्वीप	19.59	58.72	80.54	76.32
	कुल	1671.68	1037.55	1291.39	158534
पूर्वोत्तर राज्य					
28.	अरुणाचल प्रदेश	1339.72	1787.79	2043.18	2091.75
29.	असम	26655.97	19274.46	34408.21	53220.90
30.	मणिपुर	1607.99	1131.26	5658.11	1894.19
31.	मेघालय	2553.30	6045.14	13831.77	3528.12
32.	मिजोरम	1568.20	1078.43	190259	3282.70
33.	नागालैंड	1181.57	1236.18	4026.97	2464.37
34.	सिक्किम	496.75	553.40	899.60	1035.65
35.	त्रिपुरा	3506.38	3480.89	4856.76	8408.41
	कुल	38909.88	34587.53	67626.90	75926.09
	महायोग	653754.89	693725.98	912452.89	903898.73
	कुल परिव्यय	800000.00	735915.00	944000.00	1038000.00
	परिव्यय के प्रति जारी की गई राशि का प्रतिशत	81.71%	94.26%	96.65%	87.98%

473-75

खनिजों और धातुओं की अधिप्राप्ति

2849. डॉ. संजय जायसवाल : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने प्राइस वाटरहाउस कूपर्ज (पीडब्ल्यूसी) की "मिनरल्ज एंड मेटल्ज स्कारसिटी इन मैन्यूफैक्चरिंग दर टिकिंग टाइम बम" शीर्षक हाल ही की रिपोर्ट, जो विशेषरूप से दुर्लभ खनिजों तथा धातुओं और कुछ देशों द्वारा इनकी जमाखोरी के बारे में है, का संज्ञान लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) क्या सरकार ने खनिजों और धातुओं, विशेषरूप से दुर्लभ खनिजों और धातुओं की सतत अभिप्राप्ति हेतु कोई रणनीति बनाई है ताकि हमारा घरेलू निर्माण बाधित न हो; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो सरकार की इस संबंध में कब तक रणनीति बनाने की योजना है?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दिनशा पटेल) : (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

विद्युत परियोजनाओं को कोयले की आपूर्ति

2850. श्री रमेश राठौड़ :
श्री खगेन दास :

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय ने कोल इंडिया लि. को वाणिज्यिक प्रशुल्क पर विद्युत बेचने वाली विद्युत परियोजनाओं को घरेलू कोयले की आपूर्ति नहीं करने की सलाह दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) बड़ी विद्युत कंपनियों को, जिन्हें मुफ्त में कोयला ब्लॉक आवंटित किए गए हैं, वाणिज्यिक दरों पर विद्युत बेचने की अनुमति देने के क्या कारण हैं जबकि इससे ये 50-80 प्रतिशत आकस्मिक लाभ अर्जित करेंगे;

(घ) क्या सरकार/मंत्रियों का अधिकार प्राप्त दल उन कंपनियों के द्वारा वाणिजियक दरों पर विद्युत की बिक्री बंद करने पर विचार कर रहा है जिन्हें मुफ्त में रक्षित कोयला ब्लॉक आवंटित किए गए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) जी, नहीं।

(ख) उपर्युक्त (क) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(ग) कोयला मंत्रालय द्वारा सूचित किए गए अनुसार कोल ब्लॉक कैप्टिव उद्देश्य के लिए आवंटित किए जाते हैं तथा आवंटन पत्रों की शर्तों एवं निबंधनों के अनुसार नियंत्रित होते हैं।

(घ) और (ङ) कोयला मंत्रालय से अनुरोध किया गया है कि विद्युत मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार अंतिम प्रयोगकर्ता परियोजनाओं से विद्युत विक्रय करने के लिए बोलियों में भाग लेने के लिए सभी कोल ब्लॉक आवंटियों को सलाह दें अथवा कोल ब्लॉक का आवंटन निरस्त किए जाने का सामना करें। इसे विद्युत क्षेत्र को स्वतंत्र परियोजनाओं (आईपीपी) के लिए पहले से आवंटित कोल ब्लॉकों के लिए आवंटन-पत्र में एक शर्त बनाकर किया जा सकता है।

पीएसयू द्वारा सरकारी शेयरों की पुनर्खरीद

2851. श्री पी. लिंगम : क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार ने राज्य के स्वामित्व वाले सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को सरकार के पास उनके शेयरों की हिस्सेदारी की पुनर्खरीद करने का निदेश दिया है/पुनर्खरीद करने की कोई योजना है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) जी, नहीं।

(ख) उपर्युक्त (क) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

शहरी स्वास्थ्य परियोजना

2852. श्रीमती ज्योति धुर्वे : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार को मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्य सरकारों से शहरी स्वास्थ्य परियोजना हेतु अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता प्रदान किये जाने के कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) जी, नहीं, स्वस्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को शहरी स्वास्थ्य परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त केंद्रीय सहायता हेतु मध्य प्रदेश सहित अनेक सरकारों से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए हैं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

भारतीय कंपनियों द्वारा निवेश

2853. श्री अदगुरू एच. विश्वनाथ :
श्री शिवराम गौडा :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय कंपनियों द्वारा देश में निवेश में तेजी से गिरावट आयी है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान आज तक तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इसके उत्तरदायी कारकों का विश्लेषण करने के लिए कोई कदम उठाये हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और भावी योजनाएं क्या हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायण मीणा) : (क) और (ख) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा एकत्र किए गए। गैर-सरकारी गैर-वित्तीय सरकारी लिमिटेड कंपनियों के प्रतिदर्श आंकड़ों के अनुसार निवेश में 2008-09 की अपेक्षा 2009-10 में 12.7 प्रतिशत तक कमी आई है और बाद में 2010-11 में यह 4.7 प्रतिशत बढ़ गये।

(ग) और (घ) कंपनियों के निवेशों में कमी ब्याज भुगतान, स्टॉफ लागत और कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी और कम होती मांग के कारण कॉरपोरेट मार्जिन में कमी आ रही है। सरकार ने उद्योग और अवसंरचना क्षेत्र को बढ़ावा देने और इन क्षेत्रों में निवेश हेतु अधिक संख्या में लोगों को आकर्षित करने के लिए कई नीतिगत उपाय किए हैं। सरकार ने एक राष्ट्रीय विनिर्माण नीति की घोषणा की है और संसाधनों के प्रवाह को सुसाध्य बनाने के लिए अवसंरचना के उप क्षेत्रों की सुमेलित महत्वपूर्ण सूची का अनुमोदन किया है। बजट 2012-13 निजी निवेश में वृद्धि के समुत्थान के लिए स्थितियां उत्पन्न करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

एटीएम की संस्थापना

2854. श्री संजय दिना पाटील : क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का देश में एटोमेटिड टेलर मशीनों (एटीएम) की संस्थापना में निजी क्षेत्र की भागीदारी को आमंत्रित करने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) ऐसी भागीदारी से किस तरीके से शिकायतों का समाधान हो सकेगा?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गैर-बैंकिंग कंपनियों को अपना एटीएम स्थापित करने तथा इसे संचालित करने की अनुमति देने का निर्णय लिया है। व्हाइट लेबल एटीएम लगाने के संबंध में 6 मार्च, 2012 तक लोगों से टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए प्रारूप दिशा-निर्देश को आरबीआई की वेबसाइट पर डाला गया था। गैर-बैंकिंग कंपनियों को एटीएम स्थापित करने के लिए अनुमति देने के निम्नलिखित कारण हैं:—

(i) देश में प्रति व्यक्ति एटीएम की उपलब्धता अन्य देशों की तुलना में कम है।

(ii) देश के टीयर-III से VI क्षेत्रों में एटीएम की कम उपलब्धता।

(iii) इस पहल से वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलेगा।

(ग) प्रारूप दिशा-निर्देशों के अनुसार, हालांकि असफल एटीएम लेन-देन से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों को हल करने का दायित्व मुख्यत: एटीएम जारी करने वाले बैंक का होगा, तथापि संयोजक बैंक एटीएम जारी करने वाले बैंकों को अपेक्षित अभिलेख तथा सचूना उपलब्ध कराने सहित इस संबंध में आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएगा। इस प्रयोजन से संयोजक बैंक को व्हाइट लेबल संचालक के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं करनी होगी।

[हिन्दी]

विदेशी पर्यटक का आगमन

2855. श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय :
श्री फ्रांसिस्को कोज्मी सारदीना :
श्री सुरेश कलमाडी :
श्री मनोहर तिरकी :
श्री हमदुल्लाह सईद :

क्या **पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष में, वर्ष-वार, घरेलू और विदेशी पर्यटकों की अलग-अलग आवक क्या रही है;

(ख) पर्यटकों की संख्या में वृद्धि/कमी के क्या कारण हैं;

(ग) देश में उन पर्यटक स्थलों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है जो विदेशी पर्यटकों को विशेषरूप से आकर्षित करते हैं;

(घ) क्या सरकार का विचार देश में घरेलू/विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कोई योजना बनाने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार ने देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या उपाय किए हैं?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुल्तान अहमद) : (क) और (ख) वर्ष 2009 और 2010 के दौरान घरेलू पर्यटक यात्रा (डीटीवी) की संख्या एवं पिछली अवधि की तुलना में उसमें वृद्धि नीचे दी गई है:—

वर्ष	घरेलू पर्यटक मात्रा (डीटीवी) (मिलियन में)	पिछली अवधि की तुलना में वृद्धि
2009	668.80	18.8%
2010 (अ)	740.21	10.7%

(अ) : अनंतिम

वर्ष 2011 और 2012 के लिए यह सूचना उपलब्ध नहीं है।

वर्ष 2009, 2010, 2011 और 2012 (जनवरी-फरवरी) के दौरान भारत में विदेशी पर्यटक आगमन की संख्या और पिछली अवधि की तुलना में उसमें वृद्धि नीचे दी गई है:—

वर्ष	विदेशी पर्यटक मात्रा (एफटीवी) (मिलियन)	पिछली अवधि की तुलना में वृद्धि
1	2	3
2009	5.17	-2.2%
2010	5.78	11.8%
2011 (अ)	6.29	8.9%
2012 (जनवरी-फरवरी) (अ)	1.36	7.9%

(अ) : अनंतिम

वर्ष 2008 की तुलना में 2009 में भारत में विदेशी पर्यटक आगमन में 2.2 प्रतिशत की कमी विभिन्न कारणों मुख्यत: वैश्विक वित्तीय मंदी, आतंकवादी हमले और एच1एन1 विश्वमारी इत्यादि की वजह से हो सकती है।

(ग) विभिन्न राज्यों में विदेशी पर्यटकों द्वारा सर्वाधिक यात्रा किए गए स्थलों पर सूचना पर्यटन मंत्रालय में उपलब्ध नहीं है। तथापि, वर्ष 2010 के दौरान देश में विदेशी पर्यटकों के लिए केन्द्र द्वारा संरक्षित, टिकट लगने वाले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के शीर्ष 10 स्मारक संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

(घ) और (ङ) पर्यटक आगमन बढ़ाने हेतु पर्यटन मंत्रालय अपनी चालू गतिविधियों के हिस्से के रूप में विदेशी एवं घरेलू बाजारों में देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करने के लिए अतुल्य भारत ब्रांड-लाइन के अंतर्गत प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, ऑनलाइन और आउटडोर मीडिया अभियान चलाता है। इसके अतिरिक्त, भारत की पर्यटन संभावना को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विदेश स्थित भारत पर्यटन कार्यालयों के माध्यम से महत्वपूर्ण और भावी पर्यटक सृजक विदेशी बाजारों में शृंखलाबद्ध संवर्धनात्मक गतिविधियां संचालित की जाती हैं। इन संवर्धनात्मक गतिविधियों में यात्रा मेलों और प्रदर्शनियों में भागीदारी करना; रोड शो, भारत परिचय संबंधी संगोष्ठियों एवं कार्यशालाओं का आयोजन करना; भारतीय व्यंजन एवं सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन एवं समर्थन करना; विवरणिकाओं का प्रकाशन करना; संयुक्त रूप से विज्ञापन जारी करना एवं विवरणिका की सहायता देना और मंत्रालय के आतिथ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मीडिया कर्मियों, टूर ऑपरेटरों एवं विचारकों को देश की यात्रा पर आमंत्रित करना शामिल है।

पर्यटन मंत्रालय विपणन विकास सहायता (एमडीए) योजना के

अंतर्गत विदेशी एवं घरेलू बाजारों में पर्यटन के संवर्धन के लिए स्टेकहोल्डरों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है।

विवरण

वर्ष 2010 में विदेशी पर्यटकों के लिए केन्द्र द्वारा संरक्षित, टिकट लगने वाले 10 सर्वाधिक लोकप्रिय स्मारक

रैंक	स्मारक का नाम	विदेशी पर्यटकों की संख्या
1.	ताज महल, आगरा, उत्तर प्रदेश	621183
2.	आगरा किला, आगरा, उत्तर प्रदेश	381479
3.	कुतुब मीनार, दिल्ली	288180
4.	हुमायूं का मकबरा, दिल्ली	228914
5.	फतेहपुर सीकरी, आगरा, उत्तर प्रदेश	210450
6.	केशव टेम्पल, सोमनाथपुरा, कर्नाटक	181078
7.	लाल किला, दिल्ली	142029
8.	मट्टनचेरी पैलेस संग्रहालय, कोच्चि, केरल	128753
9.	पश्चिमी स्मारकों का समूह, खजुराहो, मध्य प्रदेश	90721
10.	स्मारकों का समूह, मामल्लापुरम, तमिलनाडु	69758

स्रोत: भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई)। 481-82

नवीकरणीय ऊर्जा आधारित विद्युत संयंत्र

2856. श्री ए.टी. नाना पाटील : क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में बढ़ती ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने के मद्देनजर सरकार का कतिपय नवीकरणीय ऊर्जा आधारित विद्युत उत्पादन संयंत्र स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो स्रोत-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में महाराष्ट्र सहित राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार कहां-कहां ऐसे संयंत्र स्थापित किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा आधारित संयंत्रों के जरिए विद्युत उत्पादन का कोई लक्ष्य नियत किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (डॉ. फारूख अब्दुल्ला) : (क) देश में निजी निवेश के माध्यम से मुख्यतया निजी क्षेत्र में अक्षय विद्युत उत्पादन संयंत्रों की स्थापना की जा रही है। सरकार द्वारा वित्तीय और राजकोषीय दोनों प्रोत्साहनों के साथ-साथ नीतिगत विचार-विमर्श के माध्यम से इसे सुगम बनाया जा रहा है।

(ख) केन्द्र सरकार द्वारा संयंत्र के स्थानों/स्थलों का निर्धारण नहीं किया जाता है। शामिल अक्षय संसाधनों पर निर्भर करते हुए स्थलों को या तो राज्य सरकारों द्वारा आवंटित किया जाता है अथवा निजी विकासकर्त्ताओं द्वारा स्वयं प्राप्त किया जाता है।

(ग) जी, हां।

(घ) वर्ष 2012-13 हेतु ग्रिड-इंटरएक्टिव अक्षय विद्युत उत्पादन क्षमता संयोजन हेतु 4165 मेगावाट का एक संपूर्ण लक्ष्य निर्धारित किया गया। संसाधन-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

वर्ष 2012-13 के दौरान देश में ग्रिड-इंटरएक्टिव अक्षय विद्युत उत्पादन क्षमता संयोजन हेतु संसाधन-वार निर्धारित लक्ष्य

क्र. सं.	योजना/कार्यक्रम	2012-13 के लिए क्षमता संयोजन लक्ष्य (मेगावाट में)
1.	पवन विद्युत	2500
2.	लघु पनबिजली	350
3.	सौर विद्युत	800
4.	बायोमास विद्युत/सहउत्पादन	465
5.	शहरी एवं औद्योगिक अपशिष्ट से विद्युत	50
	कुल	4165

483-86

पर्यटन-स्थलों का विकास

2857. श्री सुरेन्द्र सिंह नागर : क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने ऐसे स्थानों को पर्यटक-स्थलों के रूप में विकसित करने की कोई योजना बनाई है जहां से गंगा, यमुना और सरस्वती नदियां होकर बहती हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त योजना का कार्यान्वयन कब तक किए जाने की संभावना है; और

(ग) उक्त योजना का शीघ्र कार्यान्वयन करने के लिए सरकार द्वारा आगे और क्या कदम उठाए गए हैं?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुल्तान अहमद) : (क) ऐसे स्थलों, जहां से मुख्य नदियां गुजरती हैं, सहित पहचान किये पर्यटन स्थलों में पर्यटन परियोजनाओं का विकास, संवर्धन और कार्यान्वयन मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय उन पर्यटन परियोजनाओं हेतु केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है, जिनको राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ परामर्श से प्राथमिकता प्रदान की जाती है। योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार पूर्ण परियोजनाओं को निधियों की उपलब्धता और पास्परिक प्राथमिकता की शर्त पर स्वीकृति दी जाती है।

(ख) ऐसे शहर/स्थानों, जहां से गंगा और यमुना गुजरती हैं, के लिए 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान स्वीकृत कुछ निर्देशात्मक परियोजनाएं संलग्न विवरण में दी गई हैं।

(ग) पर्यटन परियोजनाओं की पूर्णता का कार्यान्वयन करना मुख्यतः राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है। पर्यटन मंत्रालय क्षेत्रीय सम्मेलनों, मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के अधिकारियों के साथ समय-समय पर समीक्षा बैठकों इत्यादि के माध्यम से परियोजनाओं के कार्यान्वयन को मॉनीटर भी करता है।

विवरण

ऐसे शहर/स्थानों जहां से गंगा और यमुना गुजरती हैं, के लिए 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान स्वीकृत कुछ निर्देशात्मक परियोजनाएं

राज्य	परियोजना का नाम	स्वीकृति का वर्ष
1	2	3
बिहार	पटना में गंगा घाट का विकास	2009-10
हरियाणा और हिमाचल प्रदेश	बृहत् पर्यटन परिपथ के रूप में हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में यमुना नगर-पंचकुला-पोंटा साहिब का विकास	2010-11
उत्तर प्रदेश	बुलंदशहर जिले में कर्णवास में गंगा नदी के दाहिने किनारे पर पर्यटक परिपथ के रूप में घाटों का निर्माण	2010-11
	बुलंदशहर जिले में अवंतिका देवी मंदिर में गंगा नदी के दाहिने किनारे पर नहाने हेतु घाटों का निर्माण	2010-11
	बुलंदशहर जिले में अनुपशहर में पवित्र गंगा नदी के दाहिने किनारे पर नहाने हेतु घाटों का निर्माण	2010-11
उत्तराखंड	हरिद्वार-ऋषिकेश-मुनि की रेती-स्वर्गाश्रम का एक बृहत् परिपथ के रूप में विकास	2008-09 और 2011-12

1	2	3
	पंचप्रयाग (विष्णु, नन्द, कर्ण, कालीमठ, कालेश्वर, गोचर) परिपथ, उत्तराखंड का विकास	2011-12
	उत्तराखंड में उत्तरकाशी में निर्मल गंगोत्री ईको-पर्यटन बृहत् परिपथ का विकास	2011-12
पश्चिम बंगाल	बृहत् परियोजना के अंतर्गत गंगा विरासत नदी परिपथ	2008-09

[अनुवाद]

डॉक्टरों की ग्रामीण क्षेत्रों में अनिवार्य तैनाती

2858. श्री हरिन पाठक :
डॉ. सुचारू रंजन हल्दर :
श्री आनंदराव अडसुल :
श्री अधलराव पाटील शिवाजी :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में राज्य-वार/संघराज्य क्षेत्र-वार प्रतिवर्ष कुल कितने चिकित्सा विज्ञान स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधिकारी उत्तीर्ण हो रहे हैं और देश के ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी सेवा लेने हेतु उन्हें प्रोत्साहित करने के क्या उपाय किए जा रहे हैं;

(ख) क्या ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा हेतु डॉक्टरों को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे उपर्युक्त उपायों का वांछित परिणाम हुआ है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार का साढ़े छह वर्ष अवधि का एमबीबीएस पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव है जिसके अंतर्गत, एमबीबीएस विद्यार्थियों को डॉक्टर बनने के पूर्व एक वर्ष तक ग्रामीण क्षेत्र में तैनाती अनिवार्य होगी; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या उपाय किए गए हैं/किए जाने का विचार है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नाबी आजाद) : (क) चिकित्सा स्नातक और स्नातकोत्तर उत्तीर्ण करने वाले छात्रों की संख्या संबंधी डाटा केंद्रीय स्तर पर नहीं रखा जाता, तथापि चिकित्सा स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों की वार्षिक प्रवेश क्षमता क्रमश: 41569 और 21858 है। केंद्र सरकार ने भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् के परामर्श से ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा करने के लिए डॉक्टरों को प्रोत्साहित करने हेतु अपने स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा विनियमों में निम्नलिखित संशोधन किए हैं:—

(i) सरकारी सेवा के चिकित्सा अधिकारियों जिन्होंने दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में कम से कम तीन वर्ष सेवा की हो, के लिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 50% आरक्षण; और

(ii) दूरदराज या दुर्गम क्षेत्रों में सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए अंकों के 10% अंक की दर से प्रोत्साहन जो स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिला के लिए प्रवेश परीक्षा के प्राप्त अंकों का 30% होगा।

(ख) और (ग) ये डाटा केंद्रीय स्तर पर नहीं रखे जाते हैं।

(घ) और (ङ) चिकित्सा शिक्षा में सुधार करने के लिए तथा इसे अधिक समाजोन्मुखी और जनस्वास्थ्य परिप्रेक्ष्य से उपर्युक्त बनाने के समग्र प्रयास की दृष्टि से, एमबीबीएस के छात्रों को व्यापक सामुदायिक स्वास्थ्य परिचर्या आवश्यकताओं से स्वयं को अवगत होने में समर्थ करने हेतु उन्हें ग्रामीण स्वास्थ्य परिचर्या प्रतिवेशों से परिचित कराने के संबंध में 4 फरवरी, 2012 को भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् के साथ चर्चा की गई।

एनआरएचएम के अंतर्गत केंद्र सरकार राज्य सरकारों को संविदात्मक आधार पर स्टाफ की विनियोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। देश में स्वास्थ्य व्यावसायिकों की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने भी अनेक उपाय किए हैं जैसे कि विशेषज्ञों की कमी पर काबू पाने के लिए डॉक्टरों को बहुकौशलयुक्त बनाना, ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा करने के लिए प्रोत्साहनों की व्यवस्था, मेडिकल कॉलेजों की स्थापना करने के लिए अपेक्षाओं में छूट देना इत्यादि।

खानों से राजस्व-संग्रहण संबंधी नीति

2859. श्री निर्नोग ईरींग : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में, विशेषकर अरुणाचल प्रदेश के विशेष संदर्भ में खानों से राजस्व-संग्रहण संबंधी सरकार की नीति क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष में सरकार ने खानों से राज्य-वार कितनी राजस्व राशि संग्रहीत की; और

(ग) व्यक्तियों/फर्मों को खान-आवंटन हेतु सरकार ने क्या मानदंड रखे हैं?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दिनशा पटेल) : (क) खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर अधिनियम) की धारा 9 के अनुसार मुख्य खनिजों के संबंध में पट्टेदार केन्द्र सरकार की दूसरी अनुसूची में वर्णित दरों पर पट्टा क्षेत्र में से निकाले अथवा उपयोग किए गए किसी खनिज के लिए रॉयल्टी भुगतान करता है, जो अरुणाचल प्रदेश राज्य पर भी लागू है। रॉयल्टी से प्राप्त राजस्व राज्य सरकारों द्वारा वसूला जाता है और रखा जाता है। एमएमडीआर अधिनियम, 1957 की धारा 15 के अनुसार गौण खनिजों के संबंध में राज्य सरकारों को गौण खनिजों पर रॉयल्टी नियत करने और एकत्रित करने की शक्तियां दी गई हैं।

(ख) राज्य सरकारों द्वारा खनिजों (कोयला, लिग्नाइट, भूगर्त भरण के लिए बालू और गौण खनिजों को छोड़कर) पर वसूल की गई रॉयल्टी का ब्यौरा नीचे दिया गया है:—

राज्य	रॉयल्टी		
	2009-10	2010-11	अप्रैल 2011 से दिसम्बर, 2011 तक (अनंतिम)
1	2	3	4
आंध्र प्रदेश	370.38	381.92	245.73
असम	0.94	0.73	0.67
बिहार	—	—	0.46
छत्तीसगढ़	474.39	1196.55	757.90
गुजरात	192.90	193.89	258.74
गोवा	285.91	959.12	352.05
हिमाचल प्रदेश	47.98	—	43.62
जम्मू और कश्मीर	—	—	1.03
झारखंड	202.33	440.24	348.88
कर्नाटक	430.10	708.44	288.01
केरल	8.81	9.42	2.85
मध्य प्रदेश	351.45	324.55	142.72
महाराष्ट्र	84.85	132.70	151.14
मेघालय	7.26	13.09	6.72
ओडिशा	894.44	1598.05	2365.43
राजस्थान	987.45	1182.23	774.89
तमिलनाडु	130.56	138.56	87.02
उत्तर प्रदेश			0.20
उत्तराखंड			0.64
पश्चिम बंगाल			0.14
कुल	4469.75	7279.49	5828.84

राज्य सरकारों द्वारा वसूल किया गया डेड रेंट, गौण खनिजों पर रॉयल्टी की वसूली अथवा खनन और खनिजों पर वसूल किए गए स्थानीय सेस और करों का ब्यौरा केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखा जाता है।

अरुणाचल प्रदेश राज्य द्वारा गौण खनिजों पर वसूल की गई रॉयल्टी नीचे दी गई है:—

वर्ष	रॉयल्टी का संग्रह (करोड़ रुपए)
2007-08	29.27
2008-09	19.06
2009-10	8.43

(ग) एमएमडीआर अधिनियम, 1957 की धारा 11 में व्यक्तियों/फर्मों को सरकार द्वारा खान आवंटन में अपनाई जाने वाली विधि के प्रावधान दिए गए हैं।

[हिन्दी]

सिगरेट और गुटका कंपनियों में जीवन बीमा निगम का निवेश

2860. **श्री रामसिंह कस्वां :**
श्री नरेन्द्र सिंह तोमर :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा हाल में सिगरेट और गुटका कंपनियों में निवेश किए जाने की खबर है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके कारण क्या हैं तथा इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या जीवन बीमा निगम ने उक्त निवेश इस संबंध में निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने यह सूचित किया है कि उन्होंने दिनांक 1.04.2011 से सिगरेट और गुटका कंपनियों में कोई निवेश नहीं किया है।

(ग) से (ङ) एलआईसी द्वारा किए गए सभी निवेश बीमा विनियमावली और विकास प्राधिकरण (निवेश) विनियमावली, 2000 के विनियम 5 के अंतर्गत निर्धारित मानदंडों के अनुसार किए गए हैं।

[अनुवाद]

क्रेडिट-कार्डों पर ब्याज

2861. **श्री नरहरि महतो :**
श्री नृपेन्द्र नाथ राय :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्रेडिट कार्डों के बकाया के विलंबित भुगतान पर सरकारी और निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा आज की तारीख में, बैंक-वार वसूले जा रहे ब्याज का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त बैंकों द्वरा क्रेडिट-कार्ड बकाया पर, आज की तारीख में बैंक-वार किस दर से ब्याज वसूला जा रहा है;

(ग) क्या सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक का इस संबंध में बैंककारी संस्थाओं के लिए एक समान नीति बनाने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) ऐसी नीति कब तक लागू किए जाने की संभावना है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा यथा सूचित जनवरी, 2012 में क्रेडिट कार्ड के बकाया राशियों पर प्रभारित होने वाले ब्याज की बैंक-वार सूचना संलग्न विवरण में दी गई है।

(ग) से (च) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंक के क्रेडिट कार्ड परिचालन के संबंध में दिनांक 01.07.2011 का एक मास्टर परिपत्र जारी किया है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ ब्याज दरों और अन्य प्रशुल्कों से संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए हैं। क्रेडिट कार्ड देय, गैर-प्राथमिकताप्राप्त वैयक्तिक ऋण प्रकृति के हैं और उन पर ब्याज दर निर्धारित करते समय बैंकों को आरबीआई के दिनांक 9.4.2010 के परिपत्र सं. डीबीओडी सं. डीआईआरबीसी 88/13.03.00/2009-10 के मद्देनजर आधार दर के अनुसार ऋण का मूल्य निर्धारित करने संबंधी निर्देशों को ध्यान में रखने की सलाह दी है। बैंकों को दिनांक 07.05.2007 के परिपत्र के माध्यम से छोटी राशि के वैयक्तिक ऋणों पर लगने वाले प्रसंस्करण और अन्य प्रशुल्क

सहित ब्याज दर की अधिकतम सीमा तय करने की सलाह दी है। ये दिशा-निर्देश क्रेडिट कार्ड देयों पर भी लागू हैं।

विवरण

क्रेडिट कार्ड के बकाया राशियों पर सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा प्रभारित ब्याज दरें (जनवरी, 2012 माह के अंत में)

(प्रतिशत)

बैंक के नाम	ब्याज दर	
	न्यूनतम	अधिकतम
1	2	3
सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक		
आन्ध्रा बैंक	18.00	35.40
बैंक ऑफ बड़ौदा	17.75	17.75
बैंक ऑफ महाराष्ट्र	36.50	36.50
बैंक ऑफ इंडिया	22.45	30.00
केनरा बैंक	17.75	17.75
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	10.00	16.25
कॉर्पोरेशन बैंक	27.00	30.00
आईडीबीआई बैंक	9.50	9.50
इंडियन बैंक	21.48	27.00
इंडियन ओवरसीज बैंक	12.00	24.00
पंजाब और सिंध बैंक	17.75	17.75
स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	7.00	12.00
सिंडिकेट बैंक	24.00	30.00
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	25.34	34.49
विजया बैंक	27.00	27.00
निजी क्षेत्र के बैंक		
एक्सिस बैंक लि.	26.08	46.78
धनलक्ष्मी बैंक लि.	18.00	36.00
एचडीएफसी बैंक लि.	36.60	39.00
आईसीआईसीआई बैंक लि.	0.00	41.00
इंडसइंड बैंक	46.00	46.00
जम्मू और कश्मीर बैंक लि.	17.00	17.00
कोटक महिन्द्रा बैंक	37.20	37.20
तमिलनाडु मर्किन्टाइल बैंक लि.	19.25	19.25

[हिन्दी]

खाद्य मूल्य वृद्धि के आंकड़े

2862. श्री निखिल कुमार चौधरी : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने खाद्य मूल्यवृद्धि दर-संबंधी आंकड़े प्रतिसप्ताह की बजाय प्रतिमाह जारी करने और जो केवल थोक मूल्य सूचकांक पर ही आधारित हैं देने का कोई निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके कारण क्या हैं;

(ग) सकल मुद्रास्फीति-दर में खाद्य-मूल्य वृद्धि दर का अंश कितना है;

(घ) क्या इससे वास्तविक स्फीति-दर का पता चल सकेगा; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) जी, हां।

494-500

(ख) आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने 24 जनवरी, 2012 को आयोजित अपनी बैठक में यह निदेश दिया था कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई: 2004-05 100) साप्ताहिक और मासिक आधार पर जारी करने की पूर्व परिपाटी के बजाय प्रतिमाह जारी किया जाए। किसी भी माह के मासिक डब्ल्यूपीआई अनंतिम रूप से उसके बाद के माह में 14वें दिन जारी किया जाता है और अंतिम डब्ल्यूपीआई दो माह के अंतराल पर जारी किया जाता है। इस निर्णय से डब्ल्यूपीआई की गुणवत्ता में सुधार होने की संभावना है।

(ग) से (ङ) खाद्य मुद्रास्फीति में दो उप-घटक नामशः प्राथमिक खाद्य वस्तुएं और विनिर्मित खाद्य उत्पाद शामिल होती है। डब्ल्यूपीआई में संयुक्त खाद्य सूचकांक का समय भारांश 24.31 प्रतिशत है। (प्राथमिक खाद्य वस्तुएं: 14.34 प्रतिशत और विनिर्मित खाद्य उत्पादन 9.97 प्रतिशत) खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति में आई गिरावट से सभी वस्तुओं की समग्र मुद्रास्फीति में गिरावट हुई है।

फरवरी, 2011 के मुकाबले फरवरी, 2012 में समग्र मुद्रास्फीति में खाद्य घटकों में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति दरें और प्रतिशतांक हिस्सा नीचे सारणी में दिया गया है:—

सकल मुद्रास्फीति में खाद्य वस्तुओं में वर्षानुवर्ष डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति दरें और प्रतिशतांक हिस्सा

	भारांश (%)	फरवरी-11	फरवरी-12वीं
मुद्रास्फीति दरें (%)			
सभी वस्तुएं	100.00	9.54	6.95
खाद्य वस्तुएं	14.34	10.95	6.07
खाद्य उत्पाद	9.97	0.00	5.72
कुल खाद्य	24.31	6.77	5.94
समग्र मुद्रास्फीति में खाद्य मुद्रास्फीति का प्रतिशत हिस्सा			
खाद्य वस्तुएं	14.34	19.89	15.31
खाद्य उत्पाद	9.97	0.00	8.04
कुल खाद्य	24.31	19.89	23.35

अ — अनंतिम।

[अनुवाद]

स्व-रोजगार योजनाओं के लिए ऋण

2863. श्री अम्बिका बनर्जी : क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का गरीब बेरोजगार युवाओं, श्रमिकों, वंचितजनों, लघु एवं सीमांत कृषिकों, अ.जा./अ.ज.जा. तथ अ.पि. वर्गों को बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने की अपनी नीति की समीक्षा करते हुए उसे सरल बनाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) प्रत्येक राष्ट्रीयकृत बैंक में विभिन्न स्व-रोजगार योजनाओं के तहत राज्य-वार कितने ऋण-आवेदन लंबित हैं;

(घ) इनके लंबित रहने के क्या कारण हैं; और

(ङ) इन आवेदनों के शीघ्र निपटान हेतु सरकार/भा.रि. बैंक/संबंधित बैंक द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायण मीणा) : (क) और (ख) प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सभी घरेलू अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा कमजोर वर्गों को दिए जाने वाले ऋण के संबंध में जो मौजूदा निर्देश हैं उसके अंतर्गत कमजोर वर्गों में लघु एवं सीमांत किसान एससी/एसटी, भूमिहीन मजदूर और सरकार द्वारा आयोजित रोजगार उन्मुख कार्यक्रमों जैसे स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाई), स्वर्णजयंती शहरी रोजगार योजना (एसजेएसआरवाई), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) तथा सिर पर (मैनुअल) मैला ढोने वाले लोगों के पुनर्वास से संबंधित योजना (एसआरएमएस) के दायरे में आने वाले अल्प सुविधा प्राप्त वर्ग के लाभार्थियों को शामिल किया गया है।

प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार से संबंधित मौजूदा वर्गीकरण की पुनः जांच करने तथा संशोधित दिशानिर्देशों को सुझाने के लिए आरबीआई द्वारा गठित समिति ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है, जिसे बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं, अन्य संस्थाओं तथा जन सदस्यों से विचार/टिप्पणियां मांगने के प्रयोजन से आरबीआई की वेबसाइट पर रखा गया है।

(ग) से (ङ) मार्च, 2011 की स्थिति के अनुसार सरकार द्वारा

प्रायोजित स्कीमों नामतः एसजीएसवाई तथा एसजेएसआरवाई के तहत लंबित ऋण आवेदनों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

केन्द्र द्वारा प्रायाजित सरकारी स्कीमों के तहत लंबित आवेदनों का तत्काल निपटान करने के लिए, आरबीआई ने बैंकों को निम्न उपाय करने की सलाह दी है:–

- सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय करके लक्ष्यों को शीघ्रातिशीघ अंतिम रूप देना तथा अग्रणी बैंकों द्वारा उनके संबंधित जिलों में सरकार द्वारा प्रायोजित स्कीमों के उचित एवं प्रभावी कार्यान्वियन के बारे में बैंकों और नोडल एजेंसियों के लिए सुग्राहीकरण कार्यक्रम आयोजित करना;
- सरकार द्वारा प्रायोजित स्कीमों के तहत प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निपटान की आवश्यकता के बारे में भारत सरकार/आरबीआई के विभिन्न दिशानिर्देशों को अपनी सभी शाखाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों के नोटिस में लाना;
- यह सुनिश्चित करना कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न स्कीमों के कार्यान्वयन में शाखाओं के कार्य-निष्पादन की नियमित समीक्षा करते हैं;
- इस बात की निगरानी करना कि स्कीम के तहत शाखाएं लक्षित समूहों को पर्याप्त ऋण उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करती है;
- यह भी सुनिश्चित करना कि शाखाएं सरकार द्वारा प्रायोजित स्कीमों के तहत ऋण संस्वीकृत करते समय आरबीआई के दिशानिर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करती हैं;
- यह सुनिश्चित करना कि बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक ऐसी शाखाओं का पता लगाते हैं जहां लंबित मामलों की संख्या बहुत अधिक हैं तथा उनके शीघ्र निपटान के लिए आवश्यक कदम उठाते हैं।

विवरण

एसजीएसवाई तथा एसजेएसआरवाई के तहत लंबित ऋण आवेदनों की संख्या

क्र. सं.	राज्यों के नाम/संघ शासित क्षेत्र	एसजीएसवाई के तहत					एसजेएसआरवाई के तहत		
		अप्रैल, 2010 से मार्च, 2011 तक प्राप्त आवेदनों की संख्या		कुल प्राप्त आवेदन	वापिस/अस्वीकृत किए गए आवेदनों की संख्या	लंबित आवेदनों की संख्या	कुल प्राप्त आवेदन	वापिस/अस्वीकृत किए गए आवेदनों की संख्या	लंबित आवेदनों की संख्या
		व्यक्तिगत संख्या	एसएचजी संख्या						
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	178	185	363	2	0	0	0	0
2.	आंध्र प्रदेश	4696	1246	5942	89	31	3788	77	91
3.	अरुणाचल प्रदेश	55	897	952	40	39	54	2	0
4.	असम	3013	8497	11510	236	1187	581	5	51

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
5.	बिहार	6084	8824	14908	466	437	1482	76	68
6.	चंडीगढ़	103	53	156	0	30	375	61	107
7.	छत्तीसगढ़	6064	1943	8007	386	381	2484	243	455
8.	दादरा और नगर हवेली	293	0	293	10	95	8	0	1
9.	दमन और दीव	39	0	39	1	4	0	0	0
10.	दिल्ली	114	39	153	49	5	1450	358	492
11.	गोवा	155	145	300	44	4	45	1	0
12.	गुजरात	25292	4096	29388	5413	5666	15916	3780	6509
13.	हरियाणा	1469	1819	3288	240	167	2784	342	670
14.	हिमाचल प्रदेश	999	428	1427	31	14	164	3	6
15.	जम्मू और कश्मीर	7577	215	7792	2441	1107	584	70	101
16.	झारखंड	7880	6965	14845	1229	467	701	49	24
17.	कर्नाटक	2764	2208	4972	72	64	3437	74	232
18.	केरल	7022	2939	9961	175	439	1359	47	75
19.	लक्षद्वीप	254	0	254	29	0	0	0	0
20.	मध्य प्रदेश	13115	3401	16516	588	678	13134	1334	1360
21.	महाराष्ट्र	17594	11566	29160	4395	911	8649	485	1699
22.	मणिपुर	33	116	149	2	0	10	0	1
23.	मेघालय	43	211	254	1	0	23	0	1
24.	मिजोरम	0	10	10	0	0	0	0	0
25.	नगालैंड	90	149	239	19	35	127	0	3
26.	ओडिशा	13850	6372	20222	1380	258	2977	62	293

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
27.	पुदुचेरी	25	229	254	0	0	280	0	3
28.	पंजाब	5189	912	6101	394	339	433	38	34
29.	राजस्थान	11674	5425	17099	3591	663	17666	930	7451
30.	सिक्किम	411	375	786	6	0	109	25	27
31.	तमिलनाडु	2324	20498	22822	81	122	6462	158	552
32.	त्रिपुरा	19	1238	1257	4	0	235	6	92
33.	उत्तर प्रदेश	22023	8142	30165	1624	1541	11631	895	2080
34.	उत्तराखंड	1425	545	1970	106	10	1357	28	90
35.	पश्चिम बंगाल	10499	30259	40758	195	233	4797	222	493
	कुल	172365	129947	302312	23339	14927	103102	9371	23061

स्रोत: आरबीआई।

नेमी टीकाकरण का गहन अभियान

2864. श्री किसनभाई वी. पटेल :
श्री प्रदीप माझी :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने वर्ष 2012 को देश में नेमी टीकाकरण के गहन अभियान का वर्ष घोषित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विभिन्न राज्यों में उक्त अभियान को कार्यान्वित करने के लिए क्या रूपरेखा बनाई गई है; और

(घ) उक्त अभियान में कितनी राशि व्यय होने का अनुमान है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) से (ग) जी, हां, भारत सरकार ने वर्ष 2012-13 को नेमी रोग प्रतिरक्षण के तीव्रीकरण वर्ष के रूप में घोषित किया है। इस कार्यनीति में निम्नलिखित पर बल दिया गया है:—

1. पूर्वोत्तर राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, झारखंड इत्यादि में रोग प्रतिरक्षण सप्ताह आयोजित करना।

2. जिला स्तरीय परिवार सर्वेक्षण 3 के अनुसार 50% से कम पूर्ण रोग प्रतिरक्षण वाले अभिज्ञात 239 जिलों में नेमी रोग प्रतिरक्षण को सुदृढ़ करना। जिला विशिष्ट रोग प्रतिरक्षण कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

3. परिशहरी क्षेत्रों सहित उच्च जोखिम वाले ब्लॉकों, जहां रोग प्रतिरक्षण की कवरेज कम है, की पहचान करने के लिए त्वरित अनुक्रिया दल तथा ऐसे क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर नेमी रोग प्रतिरक्षण के सुदृढ़ीकरण के लिए इस डाटाबेस का इस्तेमाल करना।

4. तीव्रीकृत संप्रेषण तथा सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाना।

5. वैकल्पिक वैक्सीन प्रदानगी प्रणाली का आधुनिकीकरण।

6. माता एवं बाल पहचान प्रणाली के जरिए बच्चों के अनुपरीक्षण को सुदृढ़ करना।

(घ) इसमें कोई अतिरिक्त व्यय निहित नहीं है।

[हिन्दी]

501*

'सिलिकोसिस' रोग के मामले

2865. श्री रतन सिंह : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विशेषकर देश के खान-श्रमिकों के बीच 'सिलिकोसिस' रोग के मामले बढ़ रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राजस्थान सहित देश में राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ऐसे कितने मामले सामने आए हैं और उससे कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई;

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई सर्वेक्षण किया है; और

(ङ) यदि हां, तो इसके निष्कर्षों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में 'सिलिकोसिस' के मामले पर नियंत्रण करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं/उठाने का विचार किया है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) जी, नहीं।

(ग) सिलिकोसिस के संबंध में डाटा केंद्रीय रूप से नहीं रखा जाता हैं तथापि खान अधिनियम, 1952 की धारा 25(2) के अंतर्गत यथापेक्षित पंजीकृत/अधिसूचित खानों ने विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान खान सुरक्षा महानिदेशक (डीजीएमएस) को राजस्थान सहित सिलिकोसिस के केवल एक ही मामले की सूचना दी है। सूचित मामला ओडिशा राज्य से संबंधित है।

(घ) और (ङ) खान सुरक्षा महानिदेशक (डीजीएमएस) ने विगत पांच वर्षों के दौरान इस संबंध में कोई सर्वेक्षण नहीं करवाया है। खान अधिनियम, 1952 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों तथा विनियमों के अंतर्गत कामगारों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी उचित सांविधिक प्रावधान पहले से ही विद्यमान है। इस संविधि में कार्यस्थलों पर जोखिम की पहचान करने, मूल्यांकन करने तथा रोकथाम करने के लिए एक प्रणालीगत एप्रोच निर्धारित है ताकि चोटों और व्यवसाय से संबंधित रोगों की रोकथाम की जा सके।

[अनुवाद]

502.04

बैंकों में बे-दावा जमा राशि

2866. चौधरी लाल सिंह :
श्री एस. सेम्मलई :
श्री सुशील कुमार सिंह :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आज की तारीख में, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में जमा ऐसी राशि का ब्यौरा क्या है जिसके लिए कोई दावा नहीं किया गया है और वर्ष-दर-वर्ष ऐसी जमाराशि में वृद्धि होने के क्या कारण हैं;

(ख) क्या भारतीय रिजर्व बैंक ने अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से ऐसी बे-दावा राशि का पता लगाकर उसे वापस लौटाने तथा जनहित में ऐसी अदावाकृत जमाराशि का निष्क्रिय खातों के खाताधारकों का पता लगाने में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने को कहा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या उपलब्धि हासिल हुई है; और

(घ) क्या भारतीय रिजर्व बैंक ने उक्त बैंकों को ऐसे अदावाकृत खातों, जो दस वर्ष या अधिक अवधि से निष्क्रिय या निष्प्रभावी पड़े हैं, की सूची अपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित करने और वेबसाइट को नियमित अंतराल पर अद्यतन करते रहने का भी सुझाव दिया है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या उपलब्धि हुई है; और

(च) ऐसी धनराशि को उसके सही दावेदारों को लौटाना सुनिश्चित करने हेतु सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) से (ग) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सूचित किया है कि 31 दिसम्बर, 2011 की स्थिति के अनुसार 11249844 खातों में कुल मिलाकर लगभग 2481.39 करोड़ रुपये की धनराशि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के पास अदावी जमाराशियों के तौर पर पड़ी है। बैंक समूह-वार विवरण नीचे दिए गए हैं:—

बैंक समूह	खातों की कुल संख्या	कुल अदावी जमाराशि (करोड़ रु.)
एसबीआई समूह	10,95,278	233.91
सरकारी बैंक	86,83,866	1,944.52
गैर-सरकारी बैंक	12,24,093	233.56
विदेशी बैंक	46,607	69.41
कुल (एससीबी)	1,12,49,844	2,481.40

आरबीआई ने 22 अगस्त, 2008 और 01 जुलाई, 2011 के अपने परिपत्र के जरिए बैंकों को निदेश दिया है कि वे ऐसे खाताधारकों का पता-ठिकाना खोजने में अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं जिनके खाते निष्क्रिय पड़े रहे हैं और उसने (आरबीआई) निष्क्रिय खातों पर कार्रवाई करने वाले बैंकों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ये परिपत्र आरबीआई की वेबसाइट *www.rbi.org.in.* पर उपलब्ध हैं। बैंकों को ऐसे खातों की वार्षिक समीक्षा करने की सलाह दी गई है जिनमें एक वर्ष से अधिक से परिचालन न हुआ हो। बैंकों को सलाह दी गई है कि वे मौजूदा ऐसे खाते के संदर्भ में ग्राहकों/कानूनी वारिसों का पता-ठिकाना ढूंढ़ने के लिए विशेष अभियान शुरू करने पर विचार करें जिन्हें पहले से ही "निष्क्रिय खातों" के पृथक खाता-बही में अंतरित कर दिया गया है। इन अनुदेशों में, अन्य बातों के साथ-साथ, ये भी शामिल हैं कि ऐसे खातों में समुचित सावधानी बरते जाने के बाद परिचालन करने की अनुमति दी जाए और यह कि निष्क्रिय खातों को सक्रिय बनाने के लिए कोई प्रभार न लगाया जाए।

(घ) से (च) आरबीआई ने 7 फरवरी, 2012 के अपने परिपत्र के जरिए बैंकों को सलाह दी है कि वे ऐसे अदावी जमाराशियों/निष्क्रिय खातों की सूची अपनी संबंधित वेबसाइट पर प्रदर्शित करें जो दस वर्ष या अधिक समय से निष्क्रिय हों। वेबसाइटों पर इस तरह प्रदर्शित सूची में अदावी जमाराशि/निष्क्रिय खातों के संदर्भ में केवल खाताधारक(कों) के नाम और उनके पते होने चाहिए। बैंकों को यह भी सलाह दी गई है कि वे उसी वेबसाइट पर अदावी जमाराशि का दावा करने/निष्क्रिय खातों को चालू करने की प्रक्रिया और उसका दावा करने के लिए जरूरी प्रपत्रों एवं दस्तावेजों का विवरण दें। बैंकों को सलाह दी गई है कि वे 30 जून, 2012 तक इस प्रक्रिया को पूरी कर लें और अपनी वेबसाइटों को नियमित अंतरालों पर अद्यतन करते रहें। बैंकों को यह सलाह दी गई है। कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त परिचालनगत पूर्वोपाय करें कि दावेदरर वास्तविक व्यक्ति हों।

[हिन्दी] 504-12

बायोगैस संयंत्र

2867. श्री राकेश पाण्डेय :
श्री अशोक तंवर :
श्री रवनीत सिंह :

क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान पंजाब सहित देश के ग्रामीण क्षेत्र में राज्य-वार कितने बायोगैस संयंत्र स्थापित किए गए हैं;

(ख) इनमें से कितने संयंत्र कार्यरत हैं और कितने कार्य नहीं कर रहे हैं तथा राष्ट्रीय बायोगैस विकास परियोजना के अंतर्गत विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितनी राशि आवंटित की गई;

(ग) क्या इस समय बाजार में बायोगैस चूल्हे आसानी से उपलब्ध हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के वासियों को बायोगैस चूल्हे उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (डॉ. फारूख अब्दुल्ला) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान तथा वर्तमान वर्ष में दिनांक 29 फरवरी, 2012 तक मुख्य रूप से देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 4.80 लाख बायोगैस संयंत्रों की स्थापना की गई है। पंजाब सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(ख) एक स्वतंत्र एजेंसी द्वारा वर्ष 2009-2010 के दौरान किए गए मूल्यांकन अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार देश में 3577 बायोगैस संयंत्र, जिनका सर्वेक्षण किया गया, में से लगभग 95.80 प्रतिशत संयंत्र कार्यशील पाए गए। पिछले तीन वर्षों के दौरान तथा वर्तमान वर्ष में दिनांक 29 फरवरी, 2012 तक राष्ट्रीय बायोगैस विकास परियोजना के अंतर्गत आवंटित की गई धनराशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

(ग) और (घ) जी, हां। बीआईएस विशिष्टताओं वाले बायोगैस चूल्हों का निर्माण देश के लगभग 10 विनिर्माताओं द्वारा किया जाता है। बायोगैस संयंत्रों के लाभार्थियों के पास बायोगैस चूल्हों को बायोगैस कार्यक्रम का कार्यान्वयन करने वाले विभाग/एजेंसी अथवा बायोगैस चूल्हों के अनुमोदित विनिर्माताओं से प्राप्त करने का विकल्प है।

(ङ) नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा समीक्षा बैठकों के दौरान कार्यक्रम का कार्यान्वयन करने वाले विभागों/एजेंसियों को विशेषत: ग्रामीण क्षेत्रों में लाभार्थियों को गुणवत्तायुक्त चूल्हों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाते हैं।

विवरण-I

पिछले तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष 2011-12 (दिनांक 29.2.2012 तक) के दौरान राष्ट्रीय बायोगैस विकास परियोजना के अंतर्गत संस्थापित पारिवारिक प्रकार के बायोगैस संयंत्रों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	उपलब्धियां			
		2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	10825	13699	16275	11502
2.	अरुणाचल प्रदेश	250	162	175	17
3.	असम	7500	10450	6732	5006
4.	बिहार	200	200	350	877
5.	गोवा	34	31	18	45
6.	गुजरात	5842	10556	6105	1728
7.	हरियाणा	1347	1422	1386	1262
8.	हिमाचल प्रदेश	246	245	445	234
9.	जम्मू और कश्मीर	72	155	114	54
10.	कर्नाटक	7822	10323	14464	9420
11.	केरल	5151	4085	3941	2916

1	2	3	4	5	6
12.	मध्य प्रदेश	14077	15114	16742	9367
13.	महाराष्ट्र	15461	11235	21456	13181
14.	मणिपुर	—	—	—	—
15.	मेघालय	725	825	1275	1136
16.	मिजोरम	100	50	100	100
17.	नागालैंड	425	605	1171	951
18.	ओडिशा	2332	5296	6050	3347
19.	पंजाब	9695	7250	23700	11044
20.	राजस्थान	92	176	275	387
21.	सिक्किम	447	555	358	348
22.	तमिलनाडु	1761	1740	1493	810
23.	त्रिपुरा	159	47	89	117
24.	उत्तर प्रदेश	2019	3252	4603	2907
25.	पश्चिम बंगाल	16300	16748	17000	17012
26.	दिल्ली	1	—	1	—
27.	पुदुचेरी	—	5	—	—
28.	छत्तीसगढ़	3118	3433	3832	3609
29.	झारखंड	824	1030	913	280
30.	उत्तराखंड	1104	1225	2082	1631
31.	केवीआईसी और अन्य	#	#	#	#
	कुल	107929	119914	151138	99288

#केवीआईसी की उपलब्धियों को राज्यों के बीच वितरित किया गया है और संबंधित कॉलमों में शामिल किया गया है।

विवरण-II

पिछले तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष 2011-12 (29.2.2012 तक) के दौरान राष्ट्रीय बायोगैस विकास परियोजना के अंतर्गत आवंटित निधियां

(करोड़ रु.)

क्र. सं.	राज्य/एजेंसी का नाम	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12 (29.2.2012 तक)
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश (नैडकैप)	1.80	7.32	13.21	13.14
2.	अरुणाचल प्रदेश (अपेडा)	0.20	0.23	0.17	0.06
3.	असम (एफडीए असम)	6.79	7.07	5.26	7.87
4.	बिहार (वब्रेडा के माध्यम से)	0	0	0	0.70
5.	छत्तीसगढ़ (क्रेडा)	1.33	2.85	2.68	4.06
6.	गुजरात (जीएआईसी)	1.68	5.45	8.33	0.15
7.	गोवा	0	0	0.03	0.15
8.	हरियाणा	0.32	0.52	2.70	1.21
9.	हिमाचल प्रदेश	0.03	0.07	0.63	0.25
10.	जम्मू और कश्मीर	0.02	0.03	0.50	0
11.	झारखंड (झरेडा)	0.10	0.38	0.44	0.15
12.	कर्नाटक	4.46	5.77	5.15	5.98
13.	केरल	0.16	0.70	3.31	1.55
14.	मध्य प्रदेश	3.34	8.32	10.84	11.50
15.	महाराष्ट्र	11.33	6.58	10.48	6.96
16.	मणिपुर	0	0	0	0
17.	मेघालय (एमएनआरईडीए)	0.31	0.51	0.81	1.66

1	2	3	4	5	6
18.	मिजोरम	0.13	0.08	0.17	0.17
19.	नागालैंड	0.12	0.22	0.42	0.84
20.	ओडिशा (ओआरईडीए)	1.69	2.57	5.95	6.11
21.	पंजाब (पेडा)	3.82	3.22	8.12	19.90
22.	राजस्थान	0	0.03	0.53	0.25
23.	सिक्किम	0.30	0.26	0.37	0.13
24.	तमिलनाडु	0	0.61	0.10	0.74
25.	त्रिपुरा	0	0.23	0.08	0
26.	उत्तर प्रदेश (यूपी)	0.52	0.80	6.27	0.25
27.	उत्तराखंड	0.28	0.50	1.25	1.94
28.	पश्चिम बंगाल (वब्रेडा)	8.03	5.81	8.28	15.40
29.	केवीआईसी, मुम्बई	8.76	6.66	20.92	22.78
30.	पुदुचेरी (आरईपी)	—	—	—	0.05
31.	विविध	0.87	1.45	0.53	0.61
	कुल	56.99	68.15	120.00	124.56

[अनुवाद] 511-13

स्वास्थ्य संबंधी उत्पादों के लिए सांविधिक मार्गनिदेश

2868. श्री हेमानंद बिसवाल :
श्री प्रहलाद जोशी :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार, स्वास्थ्य संबंधी खाद्य उत्पादों को बाजार में उतारने के पूर्व विनिर्माता द्वारा किए दावों का सांविधिक अनुमोदन प्राप्त करने हेतु कतिपय नए मार्गनिदेश बनाने का विचार कर रही हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;

(ग) इस संबंध में विद्यमान मार्गनिदेश तथा प्रस्तावित मार्गनिदेश की तुलना का ब्यौरा क्या हैं;

(घ) मार्गनिदेश को किन-किन उत्पादों पर लागू किया जाएगा और इसके प्रमुख उद्देश्य क्या हैं; और

(ङ) मार्गनिदेश कब लागू किए जाएंगे?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) से (ङ) 5 अगस्त, 2011 से प्रभावी खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियम, 2011 के अनुसार, अवयव या पदार्थयुक्त खाद्य सामग्री का विनिर्माण करने वाले सभी खाद्य व्यवसाय प्रचालकों जो ऐसी प्रौद्योगिकियों या प्रक्रियाओं या दोनों के सम्मिश्रण का इस्तेमाल करते हैं जिनकी निरापदता खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियमों के जरिए सिद्ध नहीं की गई है या जिनके सुरक्षित इस्तेमाल का इतिवृत्त नहीं है या ऐसे खाद्ययुक्त अवयवों का इस्तेमाल करते हैं जिनका देश में प्रथम बार प्रयोग किया जा रहा हो, को उत्पाद अनुमोदन हेतु आवेदन करने की जरूरत होती है।

दोषपूर्ण एटीएम

2869. श्री निशिकांत दुबे : क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान एटीएम मशीनों/एटीएम कार्डों में दोष के कारण धनहानि होने की शिकायतों पर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने बैंकों को वर्तमान चुंबकीय पट्टिकायुक्त एटीएम कार्डों की जगह चिपयुक्त एटीएम कार्डों का चलन शुरू करने का निदेश दिया है ताकि ग्राहकों के हितों और गोपनीय जानकारी की सुरक्षा की जा सके;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या बैंकों ने उक्तावधि के दौरान एटीएम द्वारा नकद राशि प्रदान न करने और ग्राहक के खाते से रकम कट जाने तथा उसकी भरपाई न होने के एवज में कोई मुआवजा प्रदान किया; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी बैंक-वार ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा क्या सुधारकारी कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) जी, हां। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह सूचित किया है कि गत चार वर्षों के दौरान एटीएम मशीनों/एटीएम कार्डों में खराबी के कारण धनहानि होने की शिकायतें निम्नानुसार हैं:—

(लाख रुपये)

क्र. सं.	कैलेण्ड वर्ष (जनवरी-दिसंबर)	सूचित कुल मामले	शामिल राशि
1.	2008	153	246.01
2.	2009	296	279.00
3.	2010	275	335.19
4.	2011	487	706.82

एटीएम/डेबिट कार्ड परिचालन या क्रेडिट कार्ड परिचालन के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के अनुदेशों का बैंक या इसके अनुषंगियों द्वारा पालन नहीं किया जाना बैंकिंग लोकपाल योजना, 2006 के अंतर्गत शिकायत का एक आधार है। नकद निकासी में असफल होना/कम नकद निकासी ऐसी शिकायतों का एक कारण है। पूरे देश में स्थित बैंकिंग लोकपाल के 15 कार्यालय बैंकों के एटीएम/डेबिट कोर्ड परिचालनों के संबंध में शिकायतें प्राप्त करते हैं तथा इनका समाधान करते हैं।

(ग) और (घ) बैंक अपने वाणिज्यिक निर्णय तथा उनके संबंधित बोर्डों द्वारा लिए गए निर्णयों के आधार पर ईएमवी चिप और पिन आधारित प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं। तथापि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा कार्ड जारीकर्त्ताओं को 30 जून, 2013 तक ईएमवी कार्ड जारी करने के लिए प्रौद्योगिकीय रूप से तैयार रहने की सलाह दी गई है।

(ङ) और (च) जी, हां। मौजूदा विनियामक दिशा-निर्देशों के अनुसार, एटीएम से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों को ग्राहकों से शिकायत प्राप्त होने के 7 कार्य दिवस के भीतर जारीकर्त्ता बैंक द्वारा समाधान किया जाना अपेक्षित है और शिकायत प्राप्त होने के 7 कार्य दिवस के भीतर ग्राहकों के खाते में धनराशि पुन: जमा करने में असफल रहने पर जारीकर्त्ता बैंक को शिकायतकर्त्ता को 100/- रुपये प्रतिदिन की दर से मुआवजे का भुगतान करना होगा।

वर्ष 2011 में प्राप्त शिकायतों को बैंक-वार दर्शाने वाला ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

वर्ष 2011 में असफल एटीएम लेनदेन के संबंध में दिए गए मुआवजे के संबंध में बैंक द्वारा सूचित आंकड़ों के अनुसार

क्र. सं.	बैंक का नाम	दिया गया मुआवजा (राशि रुपये)
1	2	3
1.	स्टेट बैंक ऑफ पटियाला	300.00
2.	धनलक्ष्मी बैंक लि.	500.00
3.	विजया बैंक	4300.00
4.	युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	5900.00
5.	आईएनजी वैश्य बैंक	7300.00
6.	ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स	13700.00
7.	सिटी बैंक	16300.00
8.	देना बैंक	19500.00
9.	डच बैंक	23400.00
10.	स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	28800.00
11.	स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर	32200.00
12.	कोटक महिन्द्रा बैंक लि.	37600.00
13.	सारस्वत कॉपोरेशन बैंक लि.	38100.00
14.	पंजबा नेशनल बैंक	48114.41
15.	इंडियन ओवरसीज बैंक	73700.00
16.	सिंडिकेट बैंक	97900.00
17.	स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	106631.00
18.	केनरा बैंक	131933.00
19.	आईसीआईसी बैंक लि.	150700.00
20.	बैंक ऑफ बड़ौदा	153400.00
21.	एचएसबीसी	158800.00
22.	करूर वैश्य बैंक लि.	193600.00
23.	बैंक ऑफ इंडिया	250400.00
24.	एचडीएफसी बैंक लि.	393300.00
25.	भारतीय स्टेट बैंक	730200.00
	जोड़	2716578.41

ऋण वसूली 516-26

2870. श्री के.पी. धनपालन : क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास देश के प्रत्येक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से वसूली-योग्य ऋण/उधार के संबंध में कोई ब्यौरा है;

(ख) यदि हां, तो आज की तारीख में कृषि और शिक्षा सहित तत्संबंधी बैंक-वार और क्षेत्रक-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) से (ग) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रदत्त आंकड़ों के अनुसार दिसम्बर, 2011 की समाप्ति पर अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक के बकाया ऋणों के संबंध में बैंक-वार/क्षेत्र-वार आंकड़े संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

विवरण

दिसम्बर, 2011 की समाप्ति पर एससीबी का कुल बकाया क्षेत्र-वार ऋण

(रु. करोड़)

बैंक समूह	बैंकों के नाम	कृषि क्षेत्र	सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उधम क्षेत्र	अन्य प्रामिकता प्राप्त क्षेत्र	स्थावर संपदा क्षेत्र	वाणिज्यिक स्थावर संपदा	खुदरा क्षेत्र	कुल सकल अग्रिम
1	2	3	4	5	6	7	8	9
राष्ट्रीयकृत बैंक	इलाहाबाद बैंक	13142	13496	4310	10649	5531	14232	96767
	आंध्रा बैंक	11368	7243	5586	8923	3348	10931	79177
	बैंक ऑफ बड़ौदा	23412	25613	11494	24331	4059	31047	183018
	बैंक ऑफ इंडिया	20780	25665	8359	20702	4144	14604	163325
	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	5273	5619	4182	9326	856	5790	50751
	केनरा बैंक	31179	29063	12511	17617	1812	24996	208554
	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	15573	12315	8096	16054	7799	15143	133275
	कॉरपोरेशन बैंक	6489	12412	8258	14287	0	12470	92692
	देना बैंक	4199	6596	2805	11095	503	6615	47928
	आईडीबीआई बैंक लि.	10137	12899	12260	35864	5358	39474	152920
	इंडियन बैंक	13609	675	15354	11430	2491	12306	83010
	इंडियन ओवरसीज बैंक	17745	13823	5896	14467	6368	11578	117379
	ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स	13694	16528	7397	14524	5574	10456	110768
	पंजाब और सिंध बैंक	3519	5928	2024	7117	2280	3467	42611
	पंजाब नेशनल बैंक	30291	30811	13777	42858	14587	26059	246581
	सिंडिकेट बैंक	15976	3778	18742	14801	3133	15943	103330
	यूको बैंक	8510	11945	4852	11387	5169	8346	97100

1	2	3	4	5	6	7	8	9
	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	14474	16481	10437	19156	2570	14173	147255
	युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	5921	7997	5349	7398	1128	11772	59100
	विजया बैंक	6082	6959	3901	11154	3630	10730	55838
एसबीआई	स्टेट बैंक बॉफ बीकानेर एंड जयपुर	8234	5427	3151	6034	543	7624	47607
	स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	11115	5455	10071	9528	1260	14628	71167
	भारतीय स्टेट बैंक	80383	54466	113241	132580	14762	175322	727487
	स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	5295	3492	2902	5260	736	6246	38084
	स्टेट बैंक ऑफ पटियाला	6779	5848	12627	6656	1685	8518	57665
	स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर	7344	1986	14676	9614	118	43518	51777
निजी क्षेत्र के बैंक	कैथोलिक सिरियन बैंक लि.	957	915	176	628	267	648	7095
	सिटी यूनियन बैंक लि.	1428	2052	408	1129	668	758	11028
	धनलक्ष्मी बैंक लि.	794	1231	257	1803	336	4594	9594
	फेडरल बैंक लि.	4173	4387	3670	6872	249	9882	34304
	आईएनजी वैश्य बैंक लि.	2518	2783	1450	5382	1166	5423	26358
	जम्मू और कश्मीर बैंक लि.	2527	1106	8958	5284	2851	5360	30255
	कर्नाटक बैंक लि.	2406	3386	1318	2292	706	4397	20024
	करूर वैश्या बैंक लि.	3738	2708	2295	1625	764	2336	22283
	लक्ष्मी विलास बैंक लि.	1750	632	810	500	292	273	9343
	नैनीताल बैंक लि.	372	370	222	358	79	381	1797
	रत्नाकर बैंक लि.	304	235	132	232	83	93	3503
	साउथ इंडियन बैंक लि.	2547	1352	1437	1649	99	5607	24889
	तमिलनाड मर्केंटलाइट बैंक लि.	2295	2388	822	1200	159	2087	12453

1	2	3	4	5	6	7	8	9
नए निजी क्षेत्र के बैंक	एक्सिस बैंक लि.	7891	9985	14600	45932	10384	33528	124963
	डेवलपमेंट क्रेडिट बैंक लि.	496	444	219	861	209	2340	4519
	एचडीएफसी बैंक लि.	20187	26477	2190	23618	5805	61742	189483
	आईसीआईसीआई बैंक लि.	10755	8060	23034	79956	24842	61084	184401
	इंडसइंड बैंक लि.	2827	7595	104	1487	1191	15511	32666
	कोटक महिन्द्रा बैंक	4585	5155	511	10217	5046	24229	40155
	यस बैंक लि.	2862	4241	653	2760	2258	28	35925

दिसम्बर, 2011 की समाप्ति पर एससीबी का कुल बकाया क्षेत्र-वार ऋण

(रुपये करोड़)

बैंक ग्रुप	बैंकों के नाम	कृषि क्षेत्र	सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उधम क्षेत्र	अन्य प्रामिकता प्राप्त क्षेत्र	स्थावर संपदा क्षेत्र	वाणिज्यिक स्थावर संपदा	खुदरा क्षेत्र	कुल सकल अग्रिम
1	2	3	4	5	6	7	8	9
विदेशी बैंक	ए.बी. बैंक	0	12	0	0	0	0	51
	आबूधाबी कमर्शियल बैंक	0	5	35	19	0	12	229
	अमेरिकन एक्सप्रेस	0	0	0	0	0	132	1392
	एंटवर्प डायमंड बैक	0	157	0	0	0	1	923
	आस्ट्रेलिया एंड न्यू जीलैंड बैंकिंग ग्रुप लि.	0	0	0	0	0	0	674
	बीएनपी परिबास	0	59	425	716	72	39	4981
	बैंक ऑफ अमेरिका, नेशनल एसोसिएशन	0	280	0	1768	0	1	8794
	बैंक ऑफ बहरीन एंड कुवैत	34	35	0	28	27	28	710

1	2	3	4	5	6	7	8	9
	बैंक ऑफ सिलोन	0	19	0	3	2	1	87
	बैंक ऑफ नोवा स्कोटिया	0	586	0	670	0	0	7623
	बारक्लेश बैंक	0	779	771	1835	542	1313	7301
	चाइनाट्रस्ट कमर्शियल बैंक	0	24	0	8	8	0	314
	सिटी बैंक	0	3438	2165	13667	870	16752	48024
	कॉमनवेल्थ बैंक ऑफ आस्ट्रेलिया	0	9	42	0	0	0	90
	क्रेडिट एग्रीकॉल कॉर्पोरेट एंड इंवेस्टमेंट बैंक	0	285	761	0	0	0	1857
	क्रेडिटसुशी एजी	0	0	0	0	0	0	0
	डीबीएस बैंक लि.	0	369	369	793	595	0	13024
	ड्यूश बैंक (एशिया)	0	77	1536	3364	710	2088	19100
	फर्स्टरैण्ड बैंक	0	21	96	0	0	0	219
	हांगकांग और शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लि.	0	3145	6122	10610	3082	5871	30141
	इंडस्ट्रियल एण्ड कामर्शियल बैंक ऑफ चाइना लि.	0	0	0	0	0	0	23
	जे.पी. मोर्गन चेस बैंक, नेशनल एसोसिएशन	0	199	2335	468	11	0	5012
	जेएससी वीटीबी बैंक	0	6	9	20	20	0	75
	क्रूंग थाई बैंक पीसीएल	0	5	0	0	0	0	14
	मशरेक बैंक पीएससी	0	0	0	0	0	0	79
	मिजुहो कॉरपोरेट बैंक	0	100	1019	2	0	3	3036
	ओमान इंटरनेशनल बैंक एस.ए.ओ.जी.	0	0	0	0	0	4	4

1	2	3	4	5	6	7	8	9
	रेबोबेंक इंटरनेशनल (कोआपरेटिव सेंट्रल रेफेन्सन बोरेनलीन बी.ए.)	0	0	0	0	0	0	63
	एसबीईआर बैंक	0	0	0	0	0	0	0
	शिनहन बैंक	0	92	76	33	0	2	912
	सोसायटी जनरलाई	0	42	15	0	0	0	1051
	सोनाली बैंक लि.	0	0	0	0	0	0	16
	स्टैंडर्ड चार्टिड बैंक	11	2825	1342	24731	11496	12110	56787
	स्टेट बैंक ऑफ मॉरीशस लि.	0	37	0	18	17	55	795
	द बैंक ऑफ टोक्यो-मित्युबिशी यूएफजे लि.	0	295	0	0	0	0	6887
	द रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड एन.वी.	0	1721	231	968	65	890	11173
	यूबीएस एजी	0	0	0	105	0	0	701
	यूनाइटेड ओवरसीज बैंक लि.	0	0	0	0	0	0	0
सभी एससीबी		465977	442645	402136	746421	174409	835591	4322368

*क्षेत्र पारस्परिक रूप से संबंधित नहीं है, अतः क्षेत्र-वार एनपीए आंकड़े योगशील नहीं हैं।

[हिन्दी] सनशति 525-27

एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना

2871. **श्री लक्ष्मण टुडु :**
श्री यशवंत लागुरी :

क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना के अंतर्गत धनराशि के दुरुपयोग के बारे में शिकायतें मिली हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) धनराशि के दुरुपयोग में लिप्त पाए गए अधिकारियों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई/की जा रही है और इसका क्या परिणाम निकला?

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला): (क) देश में 19 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 192 एकीकृत जनजातीय विकास परियोजनाएं (आईटीडीपी)/एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसियां (आईटीडीए) फैली हुई हैं। जनजातीय कार्य मंत्रालय उनके सामाजिक-

आर्थिक विकास तथा शोषण के विरुद्ध संरक्षण के लिए अनुसूचित जनजातियों हेतु योजनाओं/कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों को अनुदान निर्मुक्त करता है। आईटीडीपी/आईटीडीए इत्यादि तथा इन योजनाओं/कार्यक्रमों के कार्य की मदों के निधियन एवं कार्यान्वयन के ब्यौरे इन राज्यों द्वारा रखे जाते हैं। चूंकि प्रशासनिक इकाइयों की निगरानी की जिम्मेदारी भी राज्यों की है, अत:, ऐसे ब्यौरे मंत्रालय में नहीं रखे जाते हैं।

(ख) से (घ) उपरोक्त भाग (क) के उत्तर के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

[अनुवाद]

किशोर माताएं

2872. **श्री गुथा सुखेन्द्र रेड्डी : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संयुक्त राष्ट्र संघ अंतर्राष्ट्रीय बाल निधि (यूनिसेफ) द्वारा हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 22 प्रतिशत महिलाएं 18 वर्ष की आयु पूरी होने से पूर्व ही बच्चों को जन्म दे देती हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और तथ्य क्या हैं; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक कार्रवाई की गई हैं?

स्वास्यि और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) जी, हां। यूनिसेफ द्वारा कराए गए अध्ययन — "विश्व के बच्चों की हालत, 2012", के अनुसार भारत में 22% महिलाएं 18 वर्ष की आयु पूरी होने से पहले बच्चे को जन्म दे देती हैं।

(ख) और (ग) प्रसव की आयु विवाह की आयु से जुड़ी हुई है। कम उम्र में शादी होने के गरीबी, निरक्षरता, कम जागरूकता, महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण का अभाव इत्यादि जैसे अनेक सामाजिक आर्थिक घटक उत्तरदायी हैं।

विभिन्न मंत्रालयों द्वारा महिलाओं द्वारा सामान किए जाने वाले विभिन्न मुद्दों पर ध्यान देने के लिए विभिन्न स्कीमें क्रियान्वित की जा रही हैं जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:—

मानव संसाधन विकास मंत्रालय:

1. शिक्षा का अधिकार अधिनियम
2. सर्व शिक्षा अभियान
3. किशोर शिक्षा कार्यक्रम

महिलाएं और बाल विकास मंत्रालय:

4. सबला
5. किशोरी शक्ति योजना
6. राष्ट्रीय किशोरी कार्यक्रम
7. **स्वयं सहायता समूहों के जरिए राष्ट्रीय महिला कोष** अथवा राष्ट्रीय क्रेडिट निधि के जरिए महिला सशक्तिकरण।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय: ने अपने प्रमुख कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) शुरू किया हैं। किशोरी प्रजनन यौन स्वास्थ्य (एआरएचएस को प्रजनन) बाल स्वास्थ्य चरण-II कार्यक्रम और राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत एक मुख्य कार्यनीति के रूप में अभिज्ञात किया गया है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत किशोरों-किशोरियों के लिए सेवा प्रदानगी पैकेज में प्रोत्साहक, निवारक, उपचारात्मक और रेफरल सेवाएं शामिल हैं।

एआरएचएच क्लीनिक: किशोरी प्रजनन और यौन स्वास्थ्य क्लीनिकों को एक मात्र क्लीनिकों और राज्यों में राज्य सुविधा केंद्रों में एकीकृत परामर्श और जांच केंद्रों (आईसीटीसी) के साथ समेकित किए गए क्लीनिकों के रूप में स्थापित किया जा रहा है। ये क्लिनिकें किशोरियों को व्यापक सेवाएं प्रदान करती हैं।

आउटरीज सेवाएं: आवधिक स्वास्थ्य जांचे और सामुदायिक शिविर, आवधिक स्वास्थ्य शिक्षा कार्यकलाप और सह-कार्यकलाप।

किशोरियों के स्वास्थ्य उन्मुखी व्यवहार को प्रभावित करने के महत्व को स्वीकारते हुए ये कार्यकलाप बड़ी उम्र में विवाह होने, किशोरावस्था में गर्भावस्था की घटनाएं कम करने, गर्भनिरोधकों की अपूर्ण आवश्यकताओं को पूरा करने, मातृ मौतों को कम करने, एसटीआई की घटनाओं को कम करने तथा एचआईवी पॉजिटिव मामले के अनुपात में कमी लाने में सहायक हैं।

529-42

कोयले की कमी

2873. श्री मनीष तिवारी :
श्री अब्दुल रहमान :
डॉ. शशी थरूर :
श्री एन. पीताम्बर कुरूप :
श्री मधुसूदन यादव :
श्री पी.सी. मोहन :
श्री रमेश बैस :
श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला :

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2011 के अक्तूबर माह के अंत से नवंबर माह के मध्य तक प्रदत्त आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) द्वारा संचालित तथा अन्य विद्युत संयंत्रों के पास उपलब्ध कोयला भंडार का बहुत कम भंडार शेष बचा था;

(ख) यदि हां, तो सिम्बर, 2011 से मार्च, 2012 के बीच राज्य संचालित विद्युत कंपनियों/प्रतिष्ठानों के पास उपलब्ध कोयला भंडार का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मंत्रालय ने ऑनलाइन नीलामी के लिए रखे गए कोयला भंडार को एनटीपीसी को अंतरित करने की पेशकश की है पर उसके गुणता और लॉजिस्टिक संबंधी मुद्दों के कारण इसे ठुकरा दिया है;

(घ) यदि हां, तो क्या कोयले की कम आपूर्ति और बढ़ती आयात-लागत से बृहत्तम (अल्ट्रा) विद्युत संयंत्रों सहित अन्य विद्युत प्रतिष्ठानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस मुद्दे के सुलझाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(च) विद्युत उत्पादन क्षेत्र में अगले तीन वर्षों के दौरान कोयले की मांग और आपूर्ति में कितना अंतर रहने का अनुमान है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) राज्य द्वारा चलाई जा रही विद्युत कंपनियों/यूटिलिटियों, जिसमें एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा चलाई जा रही कंपनियां भी शामिल हैं, के कोयला भंडार की सितंबर, 2011 से फरवरी, 2012 तक की प्रत्येक माह के अंत तथा 26 मार्च, 2012 की स्थिति संलग्न विवरण-I में दी गई है।

(ग) कोयला मंत्रालय ने कोल इंडिया लिमिटेड को परामर्श दिया था कि कोयला कंपनियों द्वारा अक्तूबर, 2011 के दौरान ई-ऑक्शन के अंतर्गत बिक्री हेतु चिह्नित कोयले की मात्रा विद्युत यूटिलिटियों को जैसा है, जहां है आधार पर "उनकी अपनी व्यवस्था पर उठाए जाने के लिए मात्रा की पुष्टि करने के लिए 15 दिन का समय देते हुए प्रस्तुत की जाए। एनटीपीसी के अनुसार कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित कोयले सीधे खान से निकलने वाला (आरओएम) था, अनक्रश्ड था तथा खान के बाहर ही पड़ा था और कोल इंडिया लिमिटेड कोयले का क्रमशः करने तथा रेलवे साइडिंग तक उसे पहुंचाने के लिए सहमत नहीं था।

(घ) और (ङ) घरेलू कोयले की उपलब्धता अपर्याप्त होने के कारण, घरेलू कोयला कंपनियां विद्युत संयंत्रों को लिंकेज/एलओए के अनुसार कोयले की पूर्ण मात्रा की आपूर्ति कर पाने की स्थिति में नहीं हैं। इसके परिणामस्वरूप, विद्युत यूटिलिटियों को कमी को पूरा-पूरा करने के लिए आयातित कोयले का प्रयोग करना अपेक्षित है। आयातित कोयले के उपयोग तथा आयातित कोयले की लागत में वृद्धि से विद्युत उत्पादन तथा साथ ही साथ इसकी लागत पर प्रभाव पड़ा है। कोयले की उपलब्धता अपर्याप्त होने के कारण विद्युत यूटिलिटियों द्वारा अप्रैल, 2011 में फरवरी, 2012 के दौरान 8.7 बिलियन यूनिट की उत्पादन हानि की रिपोर्ट दी गई है। घरेलू कोयले के साथ आयातित कोयले का मिश्रण करने से उत्पादन की लागत में वृद्धि आयातित तथा घरेलू कोयले की गुणवत्ता/श्रेणी, मूल देश, पत्तन से विद्युत केंद्र तक परिवहन आदि पर निर्भर करती है। आयातित कोयले पर आधारित अल्ट्रा मेगा विद्युत संयंत्र भी आयातित कोयले की लागत में वृद्धि होने से प्रभावित हुए हैं।

कोस्टल गुजरात पावर लिमिटेड (सीजीपीएल) द्वारा पावर कंपनी और मुन्द्रा अल्ट्रा मेगा विद्युत परियोजना (यूएमपीपी) के विकासकर्त्ता ने विद्युत मंत्रालय से इंडोनेशियाई, जहां से कंपनी मुन्द्रा यूएमपीपी के लिए अपना कोयला प्राप्त कर रही है, कोयले के मूल्य में वृद्धि के मामले का समाधान करने के लिए मध्यस्थता करने के लिए संपर्क किया।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय तथा आन्ध्र प्रदेश पावर जेनरेशन कंपनी (एपीजेनको) के अधिकारियों के दल ने कृष्णापटनम यूएमपीपी स्थल का दौरा किया तथा यह पाया कि विकासकर्त्ता द्वारा, अन्य बातों के साथ-साथ, इंडोनेशियाई कोयले में वृद्धि के कारण कार्य रोक दिया गया है। राज्य सरकार ने भी मामले को उठाया है तथा इस मंत्रालय से मध्यस्थता करने का अनुरोध किया है।

विद्युत क्रय करार (पीपीए) के पूरी तरह से प्रापक तथा विकासकर्त्ता के बीच में कानूनी रूप से बाध्यकर दस्तावेज होने के कारण इस मंत्रालय ने प्रमुख प्रापकों अर्थात् कृष्णापटनम यूएमपीपी के लिए आंध्र प्रदेश सरकार को तथा मुन्द्रा यूएमपीपी के लिए गुजरात सरकार को परामर्श दिया है कि उनमें उठे किसी भी मामले को संविदाकार पक्षों द्वारा पीपीए के प्रावधानों के अनुसार निपटाया जाना है जिसके लिए मुख्य प्रापक आवश्यक कार्रवाई करे।

देश में ताप विद्युत संयंत्रों के लिए कोयले की कमी को कम करने हेतु सरकार द्वारा उठाए जा रहे और उठाए गए कदम निम्नलिखित हैं:—

- देश में घरेलू कोयले के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कोयला मंत्रालय/कोल इंडिया लिमिटेड से अनुरोध किया जा रहा।
- विद्युत यूटिलिटियों को कोयले की आवश्यकता तथा घरेलू स्रोतों से उसकी उपलब्धता के अंतर को पूरा करने के लिए तकनीकी व्यवहार्यता की सीमा तक कोयले के आयात की सलाह दी गई है।
- ताप विद्युत स्टेशनों को कोयला आपूर्ति की स्थिति की संबद्ध मंत्रालयों, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, कोल इंडिया लिमिटेड और एनटीपीसी लिमिटेड से प्रतिनिधियों के साथ कोयला मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय और मंत्रिमंडल सचिवालय में नियमित समीक्षा की जाती है।
- सीआईएल की विद्युत क्षेत्र के प्रति प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए, यदि आवश्यक हो, तो इसके द्वारा ई-नीलामी को इसके उत्पादन के 10% से 12वीं योजना के अंत तक उत्तरोत्तर 7% तक घटाना।

(च) विद्युत मंत्रालय द्वारा योजना आयोग को प्रस्तुत 12वीं योजना हेतु विद्युत संबंधी कार्य समूह की रिपोर्ट के अनुसार, अगले तीन वर्षों के दौरान कोयले की अनुमानित आवश्यक तथा उपलब्धता और साथ ही साथ विद्युत यूटिलिटियों हेतु कमी संलग्न विवरण-II में दी गई है।

विवरण-I

राज्यों द्वारा संचालित कंपनियां/यूटिलिटियों की कोयला स्टॉफ की स्थिति

(000 टन)

क्र. सं.	ताप विद्युत केंद्र का नाम	क्षमता (मेगावाट)	के अनुसार कोयला स्टॉक						
			30 सितंबर, 2011	31 अक्तूबर, 2011	30 नवंबर, 2011	31 दिसंबर, 2011	31 जनवरी, 2012	29 फरवरी, 2012	26 मार्च, 2012
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
	उत्तरी								
	दिल्ली								
1.	राजघाट टीपीएस	135	3.64	7.99	10.54	18.33	43.1	22.03	4.78
2.	बदरपुर टीपीएस	705	23.44	120.33	184.3	35.51	28.38	36.66	72.82
	हरियाणा								
3.	पानीपत टीपीएस	1,360	44.94	9.11	112.46	76.75	92.67	224.47	224.47

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
4.	यमुनानगर टीपीएस	600	60.45	96.45	44.89	41.25	65.14	58.85	64.32
5.	राजीव गांधी टीपीएस	1,200	133.22	35.3	131.31	164.04	142.67	148.23	251.72
	पंजाब								
6.	जीएच टीपीएस (लेहरा मुहब्बत)	920	290.74	233.37	233.77	218.24	229.25	222.39	206.98
7.	रोपड़ टीपीएस	1,260	537.33	454	491.93	481.44	369.75	396.18	500.78
8.	जीएनडी टीपीएस (भटिंडा)	440	138.28	87.54	95.65	104.32	136.81	147.62	135.41
	राजस्थान								
9.	कोटा टीपीएस	1,240	285.33	41.19	44.07	13.75	10.93	35.89	182.88
10.	सुरतगढ़ टीपीएस	1,500	295.2	29.46	39.26	105.52	84.01	37.99	177.27
11.	छबड़ा टीपीएस	500	26.2	17.91	1.27	6.35	2.11	9.95	11.92
	उत्तर प्रदेश								
12.	अनपरा टीपीएस	1,630	232.63	66.19	72	108.67	158.53	229.4	220.14
13.	हरदुआगंज टीपीएस	470	160.08	143.51	55.94	26.84	21.48	14.84	53.66
14.	ओबरा टीपीएस	1,372	78.53	41.47	35.35	55.51	90.76	116	81.19
15.	पनकी टीपीएस	210	108.59	99.5	73.28	37.03	37.73	56.58	58.42
16.	परीछा टीपीएस	640	68.08	51.77	76.39	128.43	240.28	241.7	237.91
17.	दादरी (एनसीटीपीपी)	1,820	76.54	99.53	100.11	98.71	44.38	16.75	85.69
18.	रिहंद एसटीपीएस	2,000	79.06	89.72	60.03	134.21	192.6	429.26	627.39
19.	सिंगरौली एसटीपीएस	2,000	55.32	1.1	4.92	193	373.19	567.05	649.14
20.	टांडा टीपीएस	440	223.31	64.46	62.72	46.19	18.81	33.1	70.66
21.	ऊंचाहार टीपीएस	1,050	79.85	46.44	16.31	6.69	20.65	14.29	9.83

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
	पश्चिम								
	छत्तीसगढ़								
22.	डीएसपीएम टीपीएस (करेबा ईस्ट-5)	500	188.79	178.1	171.68	172.99	161.1	162.46	185.82
23.	कोरबा-II	440	155.7	126.19	121.56	150.74	140.03	95.42	72.3
24.	कोरबा-वेस्ट टीपीएस	840	353.86	292.45	348.48	392.29	377.82	366.35	366.77
25.	कोरबा एसटीपीएस	2,600	602.44	536.63	367.64	331.62	583.39	492.86	355.51
26.	सीपत एसटीपीएस	2,320	83.54	135.33	105.81	147.03	210.66	298.86	556.26
27.	भिलाई टीपीएस	500	38.23	19.83	45.65	47.26	108.08	93.51	80.6
	गुजरात								
28.	गांधी नगर टीपीएस	870	244.36	137.97	57.37	105.28	153.98	131.48	177.51
29.	उकई टीपीएस	850	197.31	119.7	96.71	71.8	104.74	65.86	85.7
30.	वनाकबोरी टीपीएस	1,470	360.63	50.97	162.11	265.29	276.23	290.34	328.17
31.	सिक्का टीपीएस	240	84.85	155.15	8.96	12.77	22.43	25.55	45.37
	मध्य प्रदेश								
32.	अमरकंटक विस्तार टीपीएस	450	158.54	146.03	198.29	193.55	172.03	144.02	128.06
33.	संजय गांधी टीपीएस	1,340	37.16	66.3	66.13	53.88	88.93	176.82	242.86
34.	सतपुड़ा टीपीएस	1,143	217.42	137.42	122.23	103.62	141.54	213.82	239.49
35.	विन्ध्याचल एसटीपीएस	3,260	11.45	17.09	90.04	289.16	532.91	715.04	921.06
	महाराष्ट्र								
36.	भुसावल टीपीएस	920	297.26	262	160.44	55.8	30.11	49.29	64.3
37.	चन्द्रपुर एसटीपीएस	2,340	761.2	544.5	470.84	441.64	369.25	310.12	301.88
38.	खापरखेड़ा टीपीएस	1,340	0.38	30.08	33.07	14.81	104.34	132.73	110.05

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
39.	कोराड़ी टीपीएस	1,040	347.36	332.9	203.86	115.8	81.42	56.92	77.94
40.	नासिक टीपीएस	880	187.33	114.96	126.75	109.22	174.34	216.64	238.89
41.	पारली टीपीएस	1,130	104.39	60.95	46.67	13.84	40.01	23.2	12.34
42.	पारस टीपीएस	500	125.5	45.82	0.75	19.14	50.6	54.88	64.91
	दक्षिण								
	आंध्र प्रदेश								
43.	डॉ. एन. टाटा राव टीपीएस	1,760	56.41	78.68	17.72	70.34	90.13	69.43	175
44.	कोठगुडम टीपीएस	1,720	49.72	100.24	76.3	89.75	214.33	313.26	345.87
45.	रामागुंडम-बी टीपीएस	63	14.68	7.49	15.3	22.94	19.37	16.56	15.18
46.	रायलसीमा टीपीएस	1,050	42.88	30.16	22.76	34.06	33.42	58.76	71.02
47.	रामागुंडम एसटीपीएस	2,600	0	89.7	226.48	162.87	202.96	247.42	472.07
48.	सिम्हाद्रि	1,500	55.79	34.43	46.03	55.39	33.45	63.26	55.12
49.	काकतिया टीपीएस	500	38.22	77.88	207.13	299.42	253.8	233.49	211.5
	कर्नाटक								
50.	रायचूर टीपीएस	1,720	147.23	118.86	60.58	1.43	12	4.99	55.55
51.	बेल्लारी टीपीएस	500	120.9	71.02	30.03	19.44	34.03	36.16	30.1
	तमिलनाडु								
52.	एन्नौर टीपीएस	450	29.32	12.43	25.6	34.22	50.28	75.45	77.6
53.	मेत्तूर टीपीएस	840	103.35	39.16	64.58	97	150.06	249.06	296.57
54.	नॉर्थ चेन्नई टीपीएस	630	81.06	18.87	31.56	31	160.81	205.26	142.7
55.	तूतीकोरिन टीपीएस	1,050	17.02	83.7	98.81	167.24	79.49	47.83	118.26
	पूर्वी								
	बिहार								
56.	बरौनी टीपीएस	310	16.53	9.61	14.28	27.15	14.7	8.04	9.23

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
57.	मुजफ्फरीपुर टीपीएस	220	17.18	7.16	3.91	3.41	3.41	3.31	3.31
58.	कहलगांव एसटीपीएस	2,340	23.87	120.93	31.22	57.32	23.15	97.77	69.98
	झारखंड								
59.	पतरातू टीपीएस	770	62.66	53.89	37.46	75.83	51.67	30.8	39.88
60	तेनुघाट टीपीएस	420	136.94	48.02	28.02	38.7	51.16	85.25	85.26
61	बोकारो बी टीपीएस	630	168.22	149.88	155.17	130.8	0	0	0
62	चन्द्रपुरा (डीवीसी)	890	85.88	77.12	118.25	101.67	55.03	22.4	20.96
	ओडिशा								
63.	इब वैली टीपीएस	420	17.47	46.66	63.17	83.72	49.7	108.19	161.09
64.	तालचेर टीपीएस	470	72.27	69.69	49.84	27.35	80.23	166.13	229.64
65.	तालचेर एसटीपीएस	3,000	185.7	97.65	120.56	42.06	36.07	109.48	334.68
	पश्चिम बंगाल								
66.	दुर्गापुर टीपीएस	340	108.04	59.61	45.04	56.14	101.76	192.24	212.16
67.	मेजिया टीपीएस	2,340	104.54	0	0	0	70.16	51.74	41.05
68.	बक्रेश्वर टीपीएस	1,050	22.39	22.69	28.45	46.66	66.73	73.3	155.15
69.	बांडेल टीपीएस	450	22.81	9.19	15.19	38.98	2.49	3.37	1.31
70.	डीपीएल टीपीएस	690	187.12	33.6	66.13	116.71	95.48	60.78	41.6
71.	कोलाघाट टीपीएस	1,260	24.32	21.37	26.76	34.52	36.37	62.12	20.36
72.	सागरडिघी टीपीएस	600	17.39	26.27	44.11	17.05	42.21	26.84	55.75
73.	संथालडीह टीपीएस	980	28.21	30.43	6.45	0.82	5.37	15.96	7.94
74.	फरक्का एसटीपीएस	2,100	166.05	31.22	47.8	35.22	76.09	173.39	154.58
	कुल अखिल भारत	80,127	9,783	7,024	6,776	7,228	8,523	10,086	12,293

विवरण-II

2012-13, 2013-14 और 2014-15 के लिए कोयले की मांग और आपूर्ति में अनुमानित कमी

(मिलियन टन)

विवरण	2012-13	2013-14	2014-15
1. कोयल की कुल आवश्यकता	515	572	650
2. कोयले की संभावित उपलब्धता:			
(क) सीआईएल से	347	364	381
(ख) एससीसीएल से	34	34	34
(ग) कैप्टिव खानों से	27	38	56
कुल कोयला उपलब्धता	408	436	471
3. मांग-आपूर्ति में अंतर (1-2)	99	136	179
4. आयातित कोयले पर आधारित परियोजनाओं के लिए कोयले की आवश्यकता—इसकी व्यवस्था परियोजना विकासकर्त्ताओं द्वारा की जानी है।	23	44	51
5. घरेलू कोयले पर डिजाइन किए गए ताप विद्युत केंद्रों के लिए मांग-आपूर्ति का अंतर समाप्त करने हेतु आवश्यक आयातित कोयला (3-4)	76	92	128
6. उपर्युक्त (5) में दर्शाए गए अंतर को पूरा करने के लिए अपेक्षित अतिरिक्त आयातित कोयला।	51	61	85

स्रोत: विद्युत मंत्रालय द्वारा योजना आयोग को प्रस्तुत की गई विद्युत संबंधी कार्य समूह की रिपोर्ट।

एचआईवी/एड्स रोगियों से भेदभाव

2874. डॉ. अनूप कुमार साहा :
श्री प्रहलाद जोशी :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विशेषकर देश के निजी क्षेत्र में एचआईवी/एड्स रोगियों के साथ भेदभाव किए जाने और उन्हें अस्पतालों में प्रवेश/चिकित्सोपचार उपलब्ध न कराने के काफी सारे मामलों पर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, विगत तीन वर्षों के दौरान राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ऐसे कितने मामले जानकारी में आए तथा इनका ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई;

(ग) ऐसे लंबित मामलों का ब्यौरा क्या है और इनमें कार्यवाही कब तक किए जाने की संभावना हैं;

(घ) क्या संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में एचआईवी/एड्स के संबंध में भारत द्वारा हस्ताक्षरित प्रतिबद्धता संबंधी संकल्प की पुष्टि कर दी गई है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) एचआईवी/एड्स संबंधी विधेयक की वर्तमान स्थिति क्या है और इसे अंतिम रूप देकर संसद में कब तक पुरःस्थापित किए जाने की संभावना है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (ग) जी, हां। वर्ष 2011-12 के दौरान ऐसे छह मामले सूचित किए गए, मध्य प्रदेश से तीन, दिल्ली से दो तथा महाराष्ट्र से एक। इस मामले में संबंधित राज्यों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई। आज की स्थिति तक इस मामले में कार्रवाई के लिए कोई भी लंबित मामला सूचित नहीं किया गया है।

एड्स नियंत्रण विभाग ने एचआईवी/एड्स परिचर्या सेवाओं के संबंध में जागरूकता एवं सूचना फैलाने के लिए संप्रेषण अभियान तैयार एवं कार्यान्वित किए हैं। इसने लांछन, भेदभाव तथा वंचन के मुद्दों को शामिल करते हुए मुख्यधारा में लाने से संबंधित प्रशिक्षण चलाए हैं। विभिन्न मंत्रालयों, निजी क्षेत्र, सिविल सोसाइटी संगठनों, धार्मिक संगठनों, मीडिया, महिला संगठनों तथा एचआईवी/एड्स से ग्रस्त लोगों के नेटवर्कों के साथ साझेदारी करके इस रोग के प्रति लांछन एवं भेदभाव में कमी लाने के प्रयास किए जाते हैं।

इसके अलावा, राज्यों ने लांछन, भेदभाव तथा वंचन सहित परिचर्या, सहायता तथा उपचार से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर बल देने के लिए संबंधित राज्य के प्रधान स्वास्थ्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य शिकायत निवारण समिति (एसजीआरसी) गठित की है। वर्ष 2011-12 के दौरान संबंधित राज्यों में एचआईवी/एड्स से ग्रस्त लोगों से प्राप्त शिकायतों, यदि कोई हो, को दूर करने के लिए राज्य शिकायत निवारण समितियों की 35 बैठकें की गई। वर्ष 2011-12 के दौरान राज्यों की राज्य शिकायत निवारण समिति की बैठकों की संख्या को दर्शाने वाला विवरण संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(घ) और (ङ) भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में जून, 2011 में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में भागीदारी की। "एचआईवी/एड्स संबंधी प्रतिबद्धताओं की घोषणा" बैठक के दौरान जारी की गई तथा इस पर हमारे देश ने सहमति दी। राजनीतिक घोषणा की मुख्य बातें संलग्न विवरण-II पर दी गई हैं।

(च) एचआईवी/एड्स विधेयक का मसौदा विचाराधीन है। तथापि, संसद में इसके पुरःस्थापित करने के लिए कोई निश्चित तारीख नहीं बताई जा सकती है।

विवरण-I

देश में की गई राज्य/संघ राज्य-वार एसजीआरसी बैठक

क्र. सं.	राज्य का नाम	आयोजित एसजीआरसी बैठक (सार)		
		2009-10	2010-11	2011-12*
1	2	3	4	5
1.	आंध्र प्रदेश	1	1	1
2.	अरुणाचल प्रदेश	0	1	2
3.	असम	1	1	1
4.	बिहार	1	4	2
5.	चंडीगढ़	0	3	3
6.	छत्तीसगढ़	2	1	0
7.	दिल्ली	2	1	1
8.	गोवा	0	5	3
9.	गुजरात	0	2	1
10.	हरियाणा	1	2	1
11.	हिमाचल प्रदेश	1	1	0
12.	जम्मू और कश्मीर	0	0	0
13.	झारखंड	1	1	1
14.	कर्नाटक	2	2	2
15.	केरल	1	3	1
16.	मध्य प्रदेश	1	1	0
17.	महाराष्ट्र	2	0	0

1	2	3	4	5
18.	मणिपुर	0	0	0
19.	मेघालय	0	0	0
20.	मिजोरम	2	0	1
21.	नागालैंड	0	1	2
22.	ओडिशा	1	1	1
23.	पुदुचेरी	0	0	1
24.	पंजाब	1	1	3
25.	राजस्थान	0	2	2
26.	सिक्किम	0	1	1
27.	तमिलनाडु	1	1	1
28.	त्रिपुरा	1	2	1
29.	उत्तर प्रदेश	1	1	2
30.	उत्तराखंड	2	2	1
31.	पश्चिम बंगाल	0	2	0
	कुल दिसंबर' 11	25	43	35

*दिसम्बर, 11 तक

विवरण-II

संयुक्त राष्ट्र की महासभा में जून, 2011 में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक के दौरान राजनीतिक घोषणा की मुख्य बातें

संयुक्त राष्ट्र 8 जून, 2011

महासभा मूल: अंग्रेजी

65वां अधिवेशन
एजेंडा मद 10
एचआईवी/एड्स संबंधी प्रतिबद्धता
की घोषणा का कार्यान्वयन तथा एचआईवी/
एड्स संबंधी राजनीतिक घोषणा

एचआईवी/एड्स संबंधी राजनीतिक घोषणाः एचआईवी/एड्स का उन्मूलन करने के लिए अपने प्रयासों को तेज करना।

महासभा,

वर्तमान संकल्प के साथ संलग्न एचआईवी/एड्स संबंधी राजनीतिक घोषणा को पारित करती है।

अनुलग्नक

एचआईवी/एड्स संबंधी राजनीतिक घोषणाः एचआईवी/एड्स का उन्मूलन करने के लिए अपने प्रयासों को तेज करना।

संकल्प में सम्मत मुख्य बिन्दु हैं:—

अत: हम नवीकृत राजनीतिक इच्छा तथा सशक्त जिम्मेवार नेतृत्व से इस महामारी का अंत करने तथा देशभर के विभिन्न देशों तथा क्षेत्रों में विद्यमान विविध स्थितियों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत करते हुए नीचे उल्लिखित सुस्पष्ट एवं निर्णायक कार्रवाई को कार्यान्वित करने के लिए सभी स्तरों पर सभी स्टेकहोल्डर के साथ सार्थक भागीदारी में कार्य करने की अपनी प्रतिबद्धता की निष्ठापूर्वक घोषणा करते हैं;

62. वर्ष 2015 तक एचआईवी के यौन संचरण को 50% तक कम करने के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता;

63. वर्ष 2015 तक सूई द्वारा नशीली औषधें लेने वाले लोगों में एचआईवी के संचरण को 50% तक कम करने के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता;

64. वर्ष 2015 तक माता से बच्चे में एचआईवी के संचरण का उन्मूलन तथा एड्स से संबंधित मातृ मौतों में अत्यधिक कमी लाने के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता;

66. वर्ष 2015 तक 15 मिलियन एचआईवी/एड्स ग्रस्त व्यक्तियों को एंटिरिट्रोवाइरल उपचार की उपलब्धता के लिए कार्य करने के लक्ष्य के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन के एचआईवी उपचार दिशानिर्देशों जिनमें गुणवत्ता आश्वस्त उपचार के अधिकतम लाभ के लिए इसे समय पर शुरू करने का संकेत दिया गया है, के आधार पर पात्र व्यक्तियों हेतु एंटिरिट्रोवाइरल उपचार की सार्वभौमिक उपलब्धता का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयासों से तेजी लाने की प्रतिबद्धता।

दलित उद्यमिता पूंजी कोष

2875. श्री अब्दुल रहमान :
श्री कोडिकुन्नील सुरेश :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में दलित एवं अल्पसंख्यक समुदायों में उद्यमियों के हितार्थ उद्यमिता पूंजी कोष शुरू/सृजित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त कोष कब तक सृजित किया जाएगा; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) जी, नहीं।

(ग) उपर्युक्त (क) और (ख) के उत्तर के दृष्टिगत प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

अंधता और दृष्टि निशक्तता के मामले

2876. श्री अशोक कुमार रावत :
श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे :
श्रीमती जे. शांता :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत अंधता और दृष्टि निशक्तताओं के मामले में सर्वाधिक प्रभावित देशों में से एक हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में अंधता और दृष्टि निशक्तताओं से पीड़ित व्यक्तियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ग) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार देश में अंधता को नियंत्रित करने और ग्लूकोमा का पता लगाने हेतु आरंभ की गई योजनाओं और उनके अंतर्गत निर्धारित और प्रदान की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने ग्लूकोमा सहित अंधता और दृष्टि निशक्तताओं पर नियंत्रण लगाने व इनकी रोकथाम के लिए 'विजन-2020 दृष्टि का अधिकार' अभियान आरंभ किया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) विश्व स्वास्थ्य मिशन (डब्ल्यूएचओ) अनुमानों (वर्ष 2002 में दृष्टि दोष के संबंध में वैश्विक डाटा) के अनुसार विश्व में कुल 37 मिलियन दृष्टिहीन व्यक्तियों (दृश्य तीक्ष्णता <3/60) में से भारत में 6.7 मिलियन व्यक्ति हैं, जो कुल वैश्विक दृष्टिहीन जनसंख्या का लगभग 1/6 है। अनुमानों के अनुसार चीन में दृष्टिहीन व्यक्तियों की संख्या 6.9 है जो भारत से अधिक है।

(ख) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत किए गए सर्वेक्षण 2001-04 के अनुसार, देश में लगभग 12 मिलियन दृष्टिहीन व्यक्ति (दृश्य तीक्ष्णता <6/60) हैं। देश में दृष्टिहीन अनुमानित संख्या को दर्शाने वाला राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा विवरण-I पर दिया गया है।

(ग) परिहार्य दृष्टिहीनता के नियंत्रण के लिए एनपीसीबी के अंतर्गत किए गए मुख्य कार्यकलापों का ब्यौरा निम्नानुसार है:—

(i) सरकारी और गैर-सरकारी संगठन नेत्र अस्पताल के जरिए मोतियाबिंद आपरेशन करना;

(ii) नई पहल के रूप में बाल्यावस्था दृष्टिहीनता का उपचार और अन्य दृष्टि रोगों जैसे मधुमेही रेटिनोपैथी, ग्लूकोमा प्रबंधन, लेज़र तकनीकों, कॉर्नियल प्रतिरोपण, विट्रियो-रेटीनल सर्जरी का उपचार;

(iii) दृष्टि परिचर्या सेवाओं में निजी व्यावसायिकों की सहभागिता;

(iv) अपवर्तन दोषों से पीड़ित स्कूल के बच्चों को स्कूल नेत्र जांच कार्यक्रम को नि:शुल्क चश्मों का संवितरण;

(v) कॉर्नियल प्रतिरोपण और नेत्र बैंकिंग के लिए दान किए गए नेत्रों का एकत्रण;

(vi) नेत्र विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में दृष्टि सर्जनों का प्रशिक्षण; और

(vii) दृष्टि परिचर्या अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण/विकास करना।

विगत तीन वर्षों (2008-09, 2009-10 और 2010-11) में प्रत्येक देश में ग्लूकोमा के उपचार सहित दृष्टिहीनता के लिए प्रदत्त राज्य/संघ

राज्य क्षेत्र-वार निधियों को दर्शाने वाला ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

(घ) और (ङ) परिहार्य दृष्टिहीनता के उन्मूलन हेतु विजन, 2020: दृष्टि का अधिकार एक वैश्विक पहल है। एनपीसीबी विजन, 2020: दृष्टि का अधिकार पहल के लिए समर्थित कार्यनीतियां अपना कर वर्ष, 2020 तक देश में 0.3% तक परिहार्य दृष्टिहीनता कम करने के उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध है।

एनपीसीबी के अंतर्गत कार्ययोजना में निम्नलिखित मुख्य पहलें शामिल हैं:—

- राज्य/जिला स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सोसाइटियों के जरिए एनपीसीबी का विकेन्द्रीकृत कार्यान्वयन
- सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार
- निवारक दृष्टि परिचर्या
- बाल्यावस्था दृष्टिहीनता का उपचार और अन्य दृष्टि रोगों जैसे मधुमेही रेटिनोपैथी, ग्लूकोमा प्रबंधन, लेज़र तकनीकों, कार्नियल प्रतिरोपण, विट्रियो-रेटीनल सर्जरी के लिए सहायता/मोतियाबिंद सर्जरी के अलावा दृष्टि परिचर्या को व्यापक बनाना।
- सार्वजनिक-निजी भागीदारी के जरिए दृष्टि परिचर्या सेवाओं के लिए अल्पसेवित क्षेत्रों की कवरेज।
- दृष्टि परिचर्या अवसंरचना का विकास।
- मानव संसाधन का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करना।
- नियमित मॉनीटरन और मूल्यांकन।

विवरण-I

देश में दृष्टिहीन व्यक्तियों की अनुमानित संख्या

(आंकड़े हजार रुपए)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	अनुमानित दृष्टिहीन व्यक्ति (दृश्य तीक्ष्णता <6/60)
1	2	3
1.	आंध्र प्रदेश	1075331
2.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	3919
3.	अरुणाचल प्रदेश	24877
4.	असम	812471
5.	बिहार	646455
6.	चंडीगढ़	9099
7.	छत्तीसगढ़	334815
8.	दादरा और नगर हवेली	2359
9.	दमन और दीव	1691
10.	दिल्ली	155748
11.	गोवा	20429
12.	गुजरात	541388
13.	हरियाणा	398468
14.	हिमाचल प्रदेश	42541
15.	जम्मू और कश्मीर	162126
16.	झारखंड	379423
17.	कर्नाटक	938664
18.	केरल	178296
19.	लक्षद्वीप	667
20.	मध्य प्रदेश	700467
21.	महाराष्ट्र	919146
22.	मणिपुर	32963
23.	मेघालय	17065
24.	मिजोरम	6950

1	2	3
25.	नागालैंड	20881
26.	ओडिशा	513897
27.	पुदुचेरी	7596
28.	पंजाब	245322
29.	राजस्थान	875333
30.	सिक्किम	3513
31.	तमिलनाडु	484465
32.	त्रिपुरा	24572
33.	उत्तर प्रदेश	1560897
34.	उत्तराखंड	47486
35.	पश्चिम बंगाल	954632
	भारत	12143952

विवरण-II

प्रदत्त निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार/ब्यौरा

(लाख रुपए)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2008-09		2009-10		2010-11	
	आवंटन	निर्मुक्ति	आवंटन	निर्मुक्ति	आवंटन	निर्मुक्ति
1	2	3	4	5	6	7
आंध्र प्रदेश	1837.80	1836.80	2051.00	2049.46	2003.40	1560.02
बिहार	420.38	420.38	278.56	278.56	1122.80	819.82
छत्तीसगढ़	927.41	926.66	168.30	167.30	500.00	0.00
गोवा	97.80	97.05	15.09	0.00	65.20	65.20
गुजरात	1394.80	1414.98	1888.70	1888.63	1691.00	1530.76
हरियाणा	230.55	229.80	294.97	294.97	415.00	306.39
हिमाचल प्रदेश	187.15	186.40	60.00	57.82	130.00	0.00
जम्मू और कश्मीर	18.40	16.65	60.00	40.00	100.00	0.00
झारखंड	431.72	431.72	367.00	350.97	500.00	253.90
कर्नाटक	1179.92	1179.92	1174.79	1173.90	1296.76	1189.01

1	2	3	4	5	6	7
केरल	217.07	259.49	729.20	729.20	500.00	267.00
मध्य प्रदेश	1207.72	1256.97	1290.00	1286.78	1000.00	1000.00
महाराष्ट्र	1800.06	1797.31	2385.00	2341.59	2184.30	774.77
ओडिशा	1280.38	1109.38	1559.63	1559.63	900.00	565.93
पंजाब	186.48	138.30	286.42	286.42	690.60	656.20
राजस्थान	1461.74	1460.24	873.73	873.73	1170.62	862.62
तमिलनाडु	2326.39	2325.39	2480.00	2478.00	2425.00	2189.00
उत्तर प्रदेश	4127.04	4125.54	3634.07	3630.91	3500.00	2877.54
उत्तराखंड	200.65	200.65	350.00	319.66	139.50	0.00
पश्चिम बंगाल	1097.00	1146.00	1171.00	1170.64	1000.00	926.50
अरुणाचल प्रदेश	162.60	162.60	193.00	139.20	244.58	154.58
असम	1335.53	1167.34	955.67	885.73	1316.07	1203.93
मणिपुर	106.47	106.47	67.39	67.39	71.56	0.00
मेघालय	158.60	196.30	63.74	140.04	174.80	125.54
मिजोरम	261.50	261.50	317.00	302.80	375.97	363.55
नागालैंड	167.60	159.60	264.45	207.55	168.00	0.00
सिक्किम	183.35	183.35	157.00	157.00	114.84	0.00
त्रिपुरा	24.35	24.35	481.75	418.29	134.18	0.00
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	33.65	33.65	53.00	42.43	108.30	30.00
चंडीगढ़	19.00	19.00	91.00	64.80	87.13	47.74
दादरा और नगर हवेली	6.65	6.65	42.00	42.00	67.50	63.58
दमन और दीव	26.65	26.65	14.98	11.90	54.04	31.72

1	2	3	4	5	6	7
दिल्ली	182.06	181.06	84.04	82.89	415.75	412.03
लक्षद्वीप	6.65	6.65	11.50	0.00	14.70	9.22
पुदुचेरी	91.88	91.88	16.02	15.00	188.40	120.48
कुल	23397.00	23186.68	23930.00	23555.19	24870.00	18407.03

[अनुवाद]

अस्पतालों को वित्तीय सहायता

2877. श्री सी. राजेन्द्रन : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की देश में अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित सरकारी अस्पतालों के निर्माण/रख-रखाव और उन्नयन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने की कोई योजनाएं/नीतियां हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं और इस योजना की मुख्य विशेषताएं क्या हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) जी, हां।

(ख) राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) के अंतर्गत केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को उनकी आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के आधार पर, जिला अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) सहित सरकारी अस्पतालों के निर्माण/रखरखाव एवं उन्नयन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारें इस प्रयोजन के लिए अपने प्रस्तावों को एनआरएचएम के अंतर्गत अपनी वार्षिक कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं (पीआईपी) में शामिल करती हैं। भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए अनुमोदन के आधार पर, संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा उन्हें क्रियान्वयन के लिए हाथ में लिया जाता है।

[हिन्दी]

अल्कोहल युक्त पेय पदार्थ

2878. श्री राकेश सिंह : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश में कम अल्कोहल युक्त पेय पदार्थों को खुलेआम बिक्री की जा रही है और ये पदार्थ अवयस्कों को आसानी से मिल जाते हैं;

(ख) क्या कम अल्कोहल युक्त पेय पदार्थ अवयस्कों की पहुंच से दूर करने के लिए कोई नियम है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार ने व्यस्कों को कम अल्कोहल युक्त पेय पदार्थों की बिक्री केवल मेडिकल स्टोर्स के माध्यम से करने हेतु कोई कदम उठाए हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संदीप बंदोपाध्याय) : (क) से (घ) कम अल्कोहल युक्त पेय पदार्थों सहित अल्कोहल युक्त पेय पदार्थों की बिक्री की निगरानी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के आबकारी विभागों द्वारा की जाती है।

[अनुवाद]

अस्पतालों का उन्नयन

2879. श्री भक्त चरण दास : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार देश में कुछ जिला अस्पतालों का उन्नयन सभी सुविधाओं से युक्त सुपर स्पेशियल्टी अस्पतालों के रूप में करने का है;

(ख) यदि हां, ओडिशा और कर्नाटक सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्रों-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इन अस्पतालों का उन्नयन कब तक किए जाने की संभावना है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) जी, नहीं। जिला अस्पताल विशिष्टता सेवाओं को मिलाकर द्वितीयक स्तरीय परिचर्या उपलब्ध कराते हैं।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता।

पर्यटन विकास

2880. श्री प्रशान्त कुमार मजूमदार : क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार देश में पर्यटन विकास हेतु गोल्फ पर्यटन, क्रूज पर्यटन, जोखिम पर्यटन और चिकित्सा पर्यटन जैसे नई नए क्षेत्रों को खोलने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान आवंटित/व्यय की गई निधियों का आंध्र प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार ने 12वीं पंचवर्षीय योजना हेतु क्या कदम उठाए हैं?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुल्तान अहमद) : (क) से (ग) राष्ट्रीय पर्यटन नीति 2012 का उद्देश्य पर्यटन उद्योग के नए/आगामी विशिष्ट उत्पादों की पहचान करना, उसमें विविधता लाना, करना और संवर्धन करना है और तद्नुसार, पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन विकास के लिए गोल्फ पर्यटन, रोमांचकारी पर्यटन, चिकित्सा पर्यटन, निरोगता पर्यटन, पेलो पर्यटन, फिल्म पर्यटन आदि जैसे नए क्षेत्रों की पहचान की है। नए पर्यटन क्षेत्रों सहित विभिन्न पर्यटन अवसंरचना परियोजनाओं के विकास, संवर्धन और कार्यान्वयन की मुख्य रूप से जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों की है, जिसमें रोमांचकारी पर्यटन, क्रूज पर्यटन, इको-पर्यटन आदि से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं। पर्यटन मंत्रालय, निधियों की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता और योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन की शर्त पर, पहचान की गईं ऐसी परियोजनाओं के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान करता है। गत तीन वर्षों और चालू वर्ष (31 दिसंबर, 2011 तक) के दौरान आंध्र प्रदेश सहित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को प्रदान की गई केंद्रीय वित्तीय सहायता के ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

(घ) योजना आयोग ने विशिष्ट पर्यटन उत्पादों सहित 12वीं योजना के दौरान पर्यटन के विकास हेतु विभिन्न उपायों की सिफारिश करने के लिए 12वीं पंचवर्षीय योजना हेतु पर्यटन पर कार्य समूह और विषय संचालन समिति का गठन किया है।

विवरण

रोमांचकारी पर्यटन, क्रूज पर्यटन, इको पर्यटन आदि जैसे नए क्षेत्रों सहित पर्यटन अवसंरचना परियोजनाओं हेतु गत तीन वर्षों और चालू वर्ष (31 दिसम्बर, 2011 तक) के दौरान पर्यटन मंत्रालय द्वारा दी गई केंद्रीय वित्तीय सहायता के राज्य-वार/राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरे

(करोड़ रु.)

क्र. सं.	राज्य	2008-09		2009-10		2010-11		2011-12 (तक 31.12.2011)	
		संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	आन्ध्र प्रदेश	8	109.89	13	37.29	10	20.38	10	40.90

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
2.	अरुणाचल प्रदेश	13	31.47	14	36.54	13	32.26	9	25.68
3.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	0.00	0	0.00	0	0.00	0	0.00
4.	असम	4	21.08	7	22.76	4	23.55	3	4.23
5.	बिहार	10	25.05	3	6.99	1	3.60	0	0.00
6.	चंडीगढ़	5	7.99	5	11.51	5	11.04	0	0.00
7.	छत्तीसगढ़	1	11.34	0	0.00	4	20.95	0	0.00
8.	दादरा और नगर हवेली	3	0.24	0	0.00	0	0.00	0	0.00
9.	दमन और दीव	1	0.12	0	0.00	0	0.00	0	0.00
10.	दिल्ली	1	0.15	9	44.91	5	9.75	3	2.69
11.	गोवा	2	43.14	2	17.00	3	12.78	1	4.98
12.	गुजरात	7	21.33	1	7.33	1	0.14	2	51.75
13.	हरियाणा	7	36.70	6	12.37	6	27.41	5	0.80
14.	हिमाचल प्रदेश	10	34.58	6	23.95	12	34.98	5	0.47
15.	जम्मू और कश्मीर	28	43.42	31	49.75	20	56.17	23	143.47
16.	झारखंड	0	0.00	3	0.25	5	7.56	1	23.71
17.	केरल	12	42.68	7	12.98	3	42.87	7	23.76
18.	कर्नाटक	4	42.73	13	42.42	2	8.59	1	5.00
19.	लक्षद्वीप	0	0.00	0	0.00	0	0.00	0	0.00
20.	महाराष्ट्र	3	41.10	2	5.01	3	11.30	4	57.32
21.	मणिपुर	9	29.44	9	27.14	8	39.40	5	30.73
22.	मेघालय	7	17.14	7	14.73	9	22.53	2	0.40

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
23.	मिजोरम	4	3.18	7	24.06	9	11.51	6	13.81
24.	मध्य प्रदेश	11	31.41	11	60.99	13	30.85	6	31.45
25.	नागालैंड	11	25.40	13	24.60	10	29.10	15	28.80
26.	ओडिशा	6	41.15	9	23.69	6	20.29	4	5.17
27.	पुदुचेरी	4	2.52	3	5.57	3	50.26	4	0.30
28.	पंजाब	5	24.93	3	9.48	4	11.91	2	4.39
29.	राजस्थान	9	44.31	7	19.74	7	31.32	3	14.50
30.	सिक्किम	20	66.78	19	42.36	14	23.48	5	20.81
31.	तमिलनाडु	16	36.14	10	16.28	6	60.00	1	3.65
32.	त्रिपुरा	6	3.61	13	20.67	12	40.73	6	15.44
33.	उत्तर प्रदेश	6	38.40	6	21.90	14	27.85	10	44.58
34.	उत्तराखंड	2	44.68	1	0.55	8	29.78	13	102.49
35.	पश्चिम बंगाल	10	37.94	7	28.37	8	22.02	4	8.74
	कुल योग	245	960.04	247	671.19	228	774.36	160	710.02

*इसमें पीआईडीडीसी, एचआरडी और आरटी से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं।

561-63

बड़ी विद्युत परियोजना

2881. **श्री इन्दर सिंह नामधारी : क्या विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या झारखंड के तंडवा ब्लॉक में कर्णपुरा में 2000 मेगावाट की एक बड़ी विद्युत परियोजना का अनुमोदन एक दशक से अधिक समय से लंबित है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या इस प्रयोजन हेतु जनता से अधिगृहित की गई 2000 हैक्टेयर से अधिक भूमि पर कब्जा किया जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो परियोजना के कार्यान्वयन में विलंब के क्या कारण हैं?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क), (ख) और (घ) जी, हां। झारखंड के उत्तर कर्णपुरा सुपर थर्मल विद्युत परियोजना (एनकेएसटीपीपी) टंडवा ब्लॉक के परियोजना स्थल निर्धारण जुलाई, 2003 में अंतिम रूप दिया गया था। तथापि, कोयला मंत्रालय ने कोयला धारक क्षेत्र के मुद्दे पर स्थल निर्धारण का मामला उठाया एवं स्थल के पुनः निर्धारण का अनुरोध किया। विद्युत मंत्रालय एवं

कोयला मंत्रालय के बीच मुद्दों का समाधान करने के लिए कई बैठकें हुईं। चूंकि दोनों मंत्रालयों के बीच इस मामले का समाधान नहीं हो सका इसलिए अवसंरचना संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीआई) द्वारा इसे मंत्रियों के समूह (जीओएम) को विचारार्थ दिया गया। मंत्रियों के समूह ने 01.03.2012 को आयोजित बैठक में यह संस्तुति की कि सुरक्षा उपायों के साथ संयंत्र प्रस्तावित स्थल पर ही स्थापित किया जाएगा।

(ग) लगभग 1475 एकड़ की जमीन एनटीपीसी के अधिकार में है। लगभग 120 घरों के अवैध निर्माण की सूचना मिली थी जिसकी सूचना एनटीपीसी द्वारा जिला अधिकारियों को दे दी गई है। इसके अतिरिक्त, यह भी सूचना दी गयी है कि ग्रामवासियों द्वारा लगभग 5-10% के क्षेत्र में अस्थायी मौसमी खेती की जाती है।

एम्स जैसे संस्थानों में संकाय

2882. डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने अप्रैल, 2012 तक पूरे देश में 6 नए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के कार्य को पूरा करने हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित की है;

(ख) क्या इन 6 नए एम्स में सभी निदेशकों की नियुक्ति कर दी गई है और उन्होंने संस्थान में कार्य भार ग्रहण किया है;

(ग) यदि हां, तो कार्य भार ग्रहण करने वाले और अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले निदेशकों का ब्यौरा क्या है;

(घ) इन नए एम्स हेतु उपकरणों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीद और उनकी सुपुर्दगी की समय-सीमा की क्या स्थिति है; और

(ङ) इन नए एम्स पर अब तक व्यय की गई धनराशि का नाम-वार ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) उल्लिखित स्थानों के लिए निदेशक के पदों पर प्रत्येक के सामने नियुक्ति के लिए निम्नलिखित को चुना गया था:—

1. डॉ. संदीप कुमार — एम्स, भोपाल
2. डॉ. गिरीश कुमार सिंह — एम्स, पटना
3. डॉ. सुब्रत कुमार आचार्य — एम्स, भुवनेश्वर
4. डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा — एम्स, जोधपुर
5. डॉ. कामेश्वर प्रसाद — एम्स, रायपुर
6. डॉ. रीता सूद — एम्स, ऋषिकेश

उन्हें नियुक्ति का प्रस्ताव दिनांक 30 अगस्त, 2011 को जारी किया गया था। डॉ. संदीप कुमार ने 4 अक्तूबर, 2011 को एवं डॉ. गिरीश कुमार सिंह ने 1 नवम्बर, 2011 को कार्यभार ग्रहण कर लिया था। अन्य के कार्यभार ग्रहण नहीं किया और तदनुसार पदों को पुनः विज्ञापित किया गया था।

(घ) उपकरणों के विनिर्देशीकरण को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अगस्त, 2012 के शैक्षणिक सत्र के शुरू होने से पहले प्री-क्लीनिकल विषयों में विभागों के लिए आवश्यक उपकरणों का प्रापण कर लिया जाएगा।

(ङ) एम्स जैसे प्रत्येक संस्थानों पर खर्च किए गए धनराशि के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं।

(रुपए करोड़)

राज्य	स्थान का नाम	व्यय की गई धनराशि
मध्य प्रदेश	भोपाल	190.67
ओडिशा	भुवनेश्वर	143.05
राजस्थान	जोधपुर	185.88
बिहार	पटना	156.55
छत्तीसगढ़	रायपुर	183.67
उत्तराखंड	ऋषिकेश	234.91
	कुल	1194.63

565 - 66

[हिन्दी]

जनजातियों का पलायन

2883. श्री सुदर्शन भगत :
श्री प्रदीप कुमार सिंह :

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के ध्यान में जनजातियों के पलायन के मामले आए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने और ऐसी जनजातियों का पुनर्वास करने के लिए कोई नीति तैयार की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रकार के पलायन पर रोक लगाने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/प्रस्तावित हैं?

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला) : (क) जी, हां।

(ख) ब्यौरा निम्नलिखित तालिका में दिया गया है:—

अनुसूचित जनजाति के लिए पलायन दर (प्रति हजार व्यक्ति पलायन की संख्या)

अखिल भारतीय

सामाजिक समूह	व्यक्तियों की श्रेणी					
	ग्रामीण			शहरी		
	पुरुष	महिला	व्यक्ति	पुरुष	महिला	व्यक्ति
अनुसूचित जनजातियां (1999-2000)	56	357	204	282	411	345
सभी सामाजिक समूह (1999-2000)	69	426	244	257	418	334
अनुसूचित जनजातियां (2007-08)	47	440	238	288	430	356
सभी सामाजिक समूह (2007-08)	54	477	261	259	456	354

(स्रोत: एनएसएस की 64वीं राउंड रिपोर्ट संख्या 553)

(ग) पलायन के कारणों में (1) रोजगार की खोज, (2) बेहतर रोजगार की खोज, (3) व्यापार, (4) रोजगार/बेहतर रोजगार करना, (5) सेवा/संविदा का स्थानांतरण, (6) कार्यस्थल से निकटता, (7) अध्ययन, (8) प्राकृतिक आपदा (सूखा, बाढ़, सुनामी इत्यादि), (9) सामाजिक/राजनीतिक समस्याएं (दंगे, आतंकवाद, राजनीतिक शरणार्थी, खराब कानून और व्यवस्था इत्यादि), (10) विकास परियोजना द्वारा विस्थापन, (11) स्वयं के मकान/फ्लैट का अधिग्रहण, (12) आवास समस्याएं, (13) स्वास्थ्य परिचर्या, (14) सेवानिवृत्ति के बाद, (15) विवाह, (16) अभिभावकों/परिवार के कमाने वाले सदस्य का पलायन, (17) अन्य तथा (18) अज्ञात कारण शामिल हैं। (स्रोत: एनएसएस की 64वीं राउंड रिपोर्ट संख्या 553)।

(घ) इस मंत्रालय के पास प्रवासी जनजातीय लोगों के लिए कोई पलायन नीति नहीं है। व्यक्ति विभिन्न कारणों से पलायन करते हैं। केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार के कार्यक्रम और नीतियां अलग-अलग आवश्यकताओं/मुद्दों का पता लगाने में सहायता करते हैं।

[अनुवाद]

567

अविश्वसनीय समष्टि – आर्थिक आंकड़े

2884. श्री जगदम्बिका पाल : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार से विश्वसनीय समष्टि आर्थिक आंकड़ों के अभाव में भारतीय रिजर्व बैंक के सामने कथित तौर पर अपनी नीतियां तैयार करने मे मुश्किलें आ रही हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) नीति तैयार करने के लिए सांख्यिकीय आंकड़े महत्वपूर्ण होते हैं। आंकड़ों की खराब दशा और बार-बार संशोधन निर्णय लेने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में वास्तविक स्थिति में नवीनतम जानकारी मंगाना और आंकड़ों को संशोधित करना आवश्यक होता है। नीति को बेहतर और प्रभावशाली बनाने के लिए आंकड़ों की बारम्बारता और गुणवत्ता में सुधार एक सतत प्रक्रिया है।

[हिन्दी]

567-68

सीआरआर में बार-बार परिवर्तन

2885. श्री अनंत कुमार हेगड़े :
श्री हर्ष वर्धन :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 26 अप्रैल, 2010 से 10 मार्च, 2012 की अवधि के दौरान नकद आरक्षी अनुपात (सीआरआर) में बार-बार परिवर्तन किया गया है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे परिवर्तन किन-किन तिथियों को किए गए हैं और उनमें किए गए परिवर्तनों का ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसे परिवर्तनों के परिणाम का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इन परिवर्तनों का लाभ बैंकों के ग्राहकों तक पहुंचा है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) जी, नहीं।

(ख) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिनांक 26.04.2010 से नकदी आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में निम्नानुसार दो बार परिवर्तन किया गया है:—

दिनांक	सीआरआर में परिवर्तन
28.01.2012	6 प्रतिशत से घटाकर 5.5 प्रतिशत किया गया
10.03.2012	5.5 प्रतिशत से घटाकर 4.75 प्रतिशत किया गया

(ग) से (ङ) सीआरआर को कम करने का मुख्य कारण प्रणाली में प्राथमिक नकदी डालना है, ताकि अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों में ऋण संवृद्धि प्रवाह को सहायता प्रदान की जा सके, संवृद्धि में कम जोखिम को घटाया जा सके और कम और स्थिर मुद्रास्फीति की मध्यावधि अपेक्षाओं को सहारा दिया जा सके।

[अनुवाद]

568-84

महिलाओं और बीड़ी मजदूरों के बीच तपेदिक

2886. श्री जी.वी. हर्ष कुमार :
श्री भूपेन्द्र सिंह :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में महिलाओं और बीड़ी मजदूरों के बीच तपेदिक की व्यापकता और उससे होने वाली मृत्यु की दर काफी अधिक है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष के दौरान पुरुषों की तुलना में तपेदिक से पीड़ित और इसके परिणामस्वरूप मरने वाली महिलाओं की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान सरकार द्वारा तपेदिक के नियंत्रण हेतु किए गए उपायों, इस संबंध में व्यय की गई निधियों और इसके परिणामस्वरूप प्राप्त सफलता का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों और एनजीओ के सहयोग से विशेषरूप से महिलाओं और बीड़ी मजदूरों के बीच तपेदिक की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए क्या कार्य योजना तैयार की है/प्रस्तावित है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) और (ख) संशोधित राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम से देश में महिलाओं और बीड़ी विनिर्माताओं के बीच उच्च व्याप्तता तथा मृत्यु का कोई साक्ष्य नहीं है।

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष में न्यू स्मीयर पोजिटिव मरीजों के बीच पुरुषों की तुलना में टीबी से ग्रस्त और उससे मृत्यु होने वाली महिलाओं की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या संलग्न विवरण-I में दी गई है।

(घ) व्यापक रूप से ज्ञात, संशोधित राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम जो विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित कार्यनीति है, उसे पूरे देश में शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में एक 100 प्रतिशत केन्द्रों प्रायोजित योजना के रूप में कार्यान्वित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के अंतर्गत सभी क्षयरोगियों को क्षय रोधी औषधियों सहित निदान तथा उपचार सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध प्रदान की जा रही हैं। गुणवत्तायुक्त निदान सुविधाएं सामान्य क्षेत्रों में प्रत्येक एक लाख की जनसंख्या के लिए और आदिवासी पहाड़ी तथा दुर्गम क्षेत्रों में प्रति 50,000 जनसंख्या के लिए निर्दिष्ट सूक्ष्मदर्शी केन्द्र स्थापित किए गए हैं। देश में 13000 से अधिक सूक्ष्मदर्शी केन्द्र स्थापित किए गए हैं। सीधी निगरानी के तहत औषधियां उपलब्ध कराई जाती हैं और मरीजों की निगरानी की जाती है ताकि वे अपना उपचार पूरा कर सकें।

विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार व्ययित निधियों का ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान कार्यक्रम की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार उपलब्धियां संलग्न विवरण-III में दी गई हैं।

(ङ) महिलाओं और बीड़ी कारीगरों सहित सभी टीबी मरीजों को टीबी नियंत्रण सेवाओं की पहुंच में और उपयोग को सुकर बनाने के लिए कार्यक्रम ने एक नीति अपनाई हैं।

टीबी घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए संशोधित राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम जिसे व्यापक रूप से डोट्स के नाम से जाना जाता है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक अनुशंसित कार्यनीति है, का कार्यान्वियन संपूर्ण देश में एक 100 प्रतिशत केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में किया जा रहा है।

कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी रोधी औषधियों की आपूर्ति सहित निदान तथा उपचार सुविधाएं सभी टीबी मरीजों को लिंग, पंथ और सामाजिक आर्थिक स्थिति पर ध्यान दिए बिना, निःशुल्क लागत पर मुहैया कराई जाती है।

सेवाओं की बेहतर प्रदानगी के लिए सामुदायिक स्वयं सेवी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, महिला स्व-समूह आदि एक सामुदायिक डोट प्रदाता/डोट केन्द्र के रूप कार्य करते हैं जिसमें लचीली समय प्रणाली होती है। डॉट केन्द्र कार्य-स्थल के लिए प्रावधान भी बनाए गए हैं।

इसके अतिरिक्त, महिलाओं तथा बीड़ी कारीगरों सहित सभी आम टीबी मरीजों को कार्यक्रम सेवाएं उपलब्ध कराने में वृद्धि करने के लिए आरएनटीसीपी के तहत एनजीओ तथा अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां शामिल की जाती हैं।

विवरण-I

पंजीकृत मरीजों की संख्या और पुरुष तथा महिलाओं में मौतों के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार मामले

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2008				2009				2010			
	पंजीकृत एनएसपी मरीजों की संख्या (पुरुष)	पंजीकृत एनएसपी मरीजों की संख्या (महिला)	एनएसपी मरीजों के मध्य मौतें (पुरुष)	एनएसपी मरीजों के मध्य मौतें (महिला)	पंजीकृत एनएसपी मरीजों की संख्या (पुरुष)	पंजीकृत एनएसपी मरीजों की संख्या (महिला)	एनएसपी मरीजों के मध्य मौतें (पुरुष)	एनएसपी मरीजों के मध्य मौतें (महिला)	पंजीकृत एनएसपी मरीजों की संख्या (पुरुष)	पंजीकृत एनएसपी मरीजों की संख्या (महिला)	एनएसपी मरीजों के मध्य मौतें (पुरुष)	एनएसपी मरीजों के मध्य मौतें (महिला)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	163	110	5	1	188	110	7	0	186	99	6	1
आंध्र प्रदेश	36116	13641	1772	593	36069	13945	1871	625	35916	14204	1807	571
अरुणाचल प्रदेश	538	281	12	2	498	331	13	9	468	273	13	5
असम	11525	4866	426	182	12006	5099	556	203	11666	5153	481	177
बिहार	22958	11084	727	325	23826	11431	717	341	22597	11039	633	301
चंडीगढ़	525	312	22	4	570	306	18	8	635	373	15	9
छत्तीसगढ़	7474	3743	344	91	7624	2949	345	86	7705	3017	361	81
दादरा और नगर हवेली	99	53	5	2	103	41	3	4	106	39	6	1
दमन और दीव	44	13	2	0	58	20	7	1	63	21	3	0
दिल्ली	8611	6067	226	128	9098	5650	300	135	8121	5406	297	112

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
गोवा	451	187	26	5	449	197	15	4	526	247	29	5
गुजरात	25350	10025	1225	333	24797	10403	1111	370	25781	10638	1230	371
हरियाणा	9174	3882	457	153	9801	3987	494	154	9421	3966	449	143
हिमाचल प्रदेश	3330	1760	139	37	3343	1714	153	34	3397	1735	134	53
जम्मू और कश्मीर	3174	2300	137	80	3465	2552	104	74	3677	2927	105	71
झारखंड	12002	4935	527	188	12510	4888	495	144	12815	5026	455	169
कर्नाटक	17707	7827	1327	415	18358	8275	1365	421	18928	8396	1430	453
केरल	8695	2350	462	98	9100	2512	451	92	8512	2440	452	70
लक्षद्वीप	4	2	0	0	5	3	0	0	4	6	0	0
मध्य प्रदेश	20798	8857	936	285	21794	9064	998	306	24344	10024	952	323
महाराष्ट्र	35111	17274	2182	804	34571	17303	2217	797	34945	17716	2308	827
मणिपुर	717	257	23	8	764	305	30	7	760	297	28	5
मेघालय	979	498	43	17	1177	540	52	16	1093	547	41	15
मिजोरम	480	290	13	7	368	208	13	4	248	150	9	4
नागालैंड	678	458	21	10	834	501	16	11	830	517	19	5
ओडिशा	15936	6676	955	316	16505	6559	854	279	15832	6523	859	267
पुदुचेरी	494	141	27	3	531	153	36	4	447	142	29	3

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
पंजाब	9549	5157	438	186	10332	5610	538	177	10896	6064	528	210
राजस्थान	30381	11319	1081	316	29086	11113	1092	305	30694	11828	1185	356
सिक्किम	279	204	10	4	283	184	9	4	276	232	13	6
तमिलनाडु	24657	8698	1458	383	24612	8370	1388	325	24448	8357	1400	342
त्रिपुरा	1216	357	50	13	1192	344	56	12	1212	326	57	13
उत्तर प्रदेश	79320	40521	3253	1251	82103	40960	3242	1270	81149	41185	2841	1066
उत्तराखंड	3580	3574	138	43	3753	1546	137	41	3764	1747	161	52
पश्चिम बंगाल	37436	13924	1747	442	36103	13070	1606	427	34954	12602	1462	408
कुल योग	429551	189653	20216	6725	435876	190243	20309	6690	436416	193262	19798	6495

विवरण-II

राष्ट्रीय संशोधित क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार व्यय (रोकड़)

(रुपए लाख)

क्र. सं.	राज्य संघ राज्य क्षेत्र का नाम	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12 (वास्तविक)
1	2	3	4	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	1224.89	1348.48	1561.70	1793.97	1072.94
2.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	13.10	11.53	22.28	37.54	24.02
3.	अरुणाचल प्रदेश	149.49	166.05	211.85	221.04	186.77
4.	असम	507.49	530.54	565.89	728.80	510.61
5.	बिहार	756.23	700.46	1047.76	1203.32	892.30
6.	चंडीगढ़	51.23	59.73	64.33	82.73	60.09
7.	छत्तीसगढ़	387.22	487.66	396.96	538.65	465.31
8.	दादरा और नगर हवेली	26.89	26.78	29.29	34.29	20.50
9.	दमन और दीव	12.70	14.56	18.61	24.16	12.95
10.	दिल्ली	650.27	663.44	810.81	979.01	661.30
11.	गोवा	33.69	46.73	53.07	74.53	56.08
12.	गुजरात	968.73	1200.19	1507.54	1656.24	1270.06
13.	हरियाणा	353.98	345.59	396.97	429.13	327.37
14.	हिमाचल प्रदेश	227.69	238.23	234.44	277.15	232.80
15.	जम्मू और कश्मीर	240.88	235.57	320.49	338.68	295.14
16.	झारखंड	357.94	486.19	437.38	608.71	445.99
17.	कर्नाटक	715.03	920.63	1066.79	1398.61	973.65
18.	केरल	500.38	376.40	459.18	782.01	498.95
19.	लक्षद्वीप	9.56	7.93	9.83	11.80	9.02
20.	मध्य प्रदेश	771.33	800.31	865.41	1152.98	941.68
21.	महाराष्ट्र	1526.64	1951.90	2190.06	2676.48	1888.88

1	2	3	4	4	5	6
22.	मणिपुर	168.35	202.40	203.63	268.17	199.13
23.	मेघालय	100.76	128.30	120.82	157.88	107.46
24.	मिजोरम	108.23	118.69	117.14	126.98	136.94
25.	नागालैंड	161.74	176.40	210.62	195.75	128.55
26.	ओडिशा	685.75	725.47	702.27	704.49	538.48
27.	पुदुचेरी	15.87	17.87	38.74	78.05	61.01
28.	पंजाब	366.02	439.09	418.10	690.99	463.59
29.	राजस्थान	804.47	729.25	944.31	1135.61	562.97
30.	सिक्किम	56.75	66.98	66.61	81.23	55.16
31.	तमिलनाडु	888.86	904.59	850.09	1025.67	753.97
32.	त्रिपुरा	52.60	72.60	88.60	95.59	67.43
33.	उत्तर प्रदेश	2778.62	3070.72	2980.07	3326.36	1847.18
34.	उत्तराखंड	174.45	223.48	258.65	293.31	200.19
35.	पश्चिम बंगाल	1270.91	1350.39	1741.53	1801.28	1367.92
	कुल	17118.79	18845.13	21011.82	25031.19	17336.39

विवरण-III

आरएनटीसीपी-न्यू स्मीयर पोजिटिव मरीज पहचान दर (एनएसपी-सीडीआर) और न्यू स्मीयर पोजिटिव उपचार सफलता दर (एनएसपी-टीएसआर) राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार

राज्य	2007-08		2008-09		2009-10		2010-11		2011-12 (अनंतिम)
	(एनएसपी-सीडीआर) (कम से कम 70% आशातीत)	(एनएसपी-टीएसआर (कम से कम 85% आशातीत)	(एनएसपी-सीडीआर) (कम से कम 70% आशातीत)	(एनएसपी-टीएसआर (कम से कम 85% आशातीत)	(एनएसपी-सीडीआर) (कम से कम 70% आशातीत)	(एनएसपी-टीएसआर (कम से कम 85% आशातीत)	(एनएसपी-सीडीआर) (कम से कम 70% आशातीत)	(एनएसपी-टीएसआर (कम से कम 85% आशातीत)	(एनएसपी-सीडीआर) (कम से कम 70% आशातीत)*
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	82%	83%	97%	91%	75%	84%	75%	83%	72%

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
आंध्र प्रदेश	80%	89%	80%	89%	79%	89%	79%	89%	80%
अरुणाचल प्रदेश	97%	88%	91%	88%	87%	89%	82%	88%	97%
असम	73%	88%	72%	87%	77%	84%	71%	83%	77%
बिहार	45%	87%	47%	90%	51%	89%	45%	89%	48%
चंडीगढ़	78%	89%	81%	89%	69%	87%	74%	88%	67%
छत्तीसगढ़	56%	87%	54%	87%	57%	86%	54%	87%	55%
दादरा और नगर हवेली	67%	86%	68%	85%	53%	78%	53%	81%	63%
दमन और दीव	66%	80%	46%	75%	50%	81%	39%	95%	45%
दिल्ली	85%	87%	86%	87%	82%	86%	78%	85%	79%
गोवा	53%	82%	46%	85%	50%	88%	55%	84%	50%
गुजरात	78%	87%	77%	88%	75%	88%	77%	88%	76%
हरियाणा	58%	85%	58%	85%	58%	85%	55%	86%	65%
हिमाचल प्रदेश	81%	90%	82%	90%	80%	89%	77%	90%	82%
जम्मू और कश्मीर	44%	90%	46%	90%	58%	91%	58%	92%	65%
झारखंड	72%	89%	75%	89%	75%	90%	76%	90%	82%
कर्नाटक	61%	79%	58%	81%	61%	81%	62%	83%	67%
केरल	64%	83%	65%	83%	67%	84%	63%	84%	63%
लक्षद्वीप	14%	100%	10%	100%	18%	100%	12%	100%	14%
मध्य प्रदेश	56%	86%	53%	87%	55%	88%	61%	89%	66%
महाराष्ट्र	64%	85%	60%	85%	58%	86%	58%	86%	59%
मणिपुर	53%	84%	49%	84%	60%	87%	57%	90%	69%
मेघालय	76%	84%	77%	83%	89%	83%	83%	83%	92%
मिजोरम	96%	94%	101%	93%	75%	89%	57%	88%	73%

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
नागालैंड	69%	90%	74%	90%	80%	93%	82%	90%	80%
ओडिशा	65%	87%	66%	86%	67%	87%	64%	86%	65%
पुदुचेरी	75%	85%	76%	87%	70%	87%	57%	87%	62%
पंजाब	57%	87%	59%	87%	62%	88%	64%	88%	66%
राजस्थान	81%	89%	80%	89%	75%	90%	80%	90%	87%
सिक्किम	105%	85%	109%	88%	112%	86%	109%	78%	99%
तमिलनाडु	68%	86%	65%	86%	66%	87%	64%	86%	65%
त्रिपुरा	57%	91%	59%	90%	57%	90%	57%	88%	60%
उत्तर प्रदेश	57%	88%	67%	89%	65%	89%	66%	90%	76%
उत्तराखंड	60%	86%	55%	85%	58%	85%	59%	86%	64%
पश्चिम बंगाल	76%	86%	75%	85%	73%	85%	70%	85%	74%
कुल योग	70%	87%	71%	87%	71%	87%	71%	88%	76%

*1 अप्रैल, 2011 से 30 सितम्बर, 2011 को अवधि के लिए डाटा।

**दिनांक 1 अप्रैल, 2010 से 30 सितम्बर, 2011 तक की अवधि के लिए डाटा।

[हिन्दी] 5-83-88

आईबीएम द्वारा निरीक्षण

2887. श्री कामेश्वर बैठा :
श्री पशुपति नाथ सिंह :

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) देश में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए विनियामक कार्य और निरीक्षण करता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और आईबीएम द्वारा गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इस संबंध में किए गए निरीक्षणों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और दोषी अधिकारियों/कंपनियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है/प्रस्तावित है;

(ग) क्या भारतीय खान ब्यूरो को खनन गतिविधियों से संबंधित सभी कार्यों का पर्यवेक्षण करने के लिए प्रत्येक जोनल/क्षेत्र हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने का भी अधिकार है;

(घ) यदि हां, तो क्या नोडल अधिकारी द्वारा पूर्वी सिंहभूम, पलामू, गढ़वा सहित विभिन्न जिलों और झारखंड के अन्य जिलों में अवैध खनन के संबंध में कोई तिमाही विवरण प्रस्तुत किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है/प्रस्तावित है?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दिनशा पटेल) : (क) और (ख) भारतीय खान ब्यूरो खनिज संरक्षण एवं विकास नियमावली, 1988 के अनुसार विनियामक प्रकार्य करता है जिसमें खनन योजना का अनुमोदन, खानों का निरीक्षण, खानों एवं खनिज निक्षेप संबंधी आंकड़ों का संग्रहण

एवं अनुरक्षण, अयस्क प्रसाधन अध्ययन और सरकार को परामर्शी प्रकार्य शामिल हैं। खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 23ग के अनुसार राज्य सरकारों को शक्ति प्राप्त है कि वे अवैध खनन को रोकने के लिए नियम बनाए और कार्रवाई करें। तथापि, अवैध खनन की बढ़ती रिपोर्टों पर विचार करते हुए, आईबीएम ने स्थानिक क्षेत्रों में खानों के निरीक्षण के लिए विशेष कार्यदलों का गठन किया है।

विशेष कार्यदल के निरीक्षणों सहित आईबीएम द्वारा किए गए निरीक्षणों का विवरण नीचे दिया गया है:—

वर्ष	खानों की संख्या जिनका निरीक्षण किया गया	खानों की संख्या जहां उल्लंघन पाए गए	दायर किए गए अभियोग की संख्या	निलंबिन खानों की संख्या
1	2	3	4	5
2008-09	2645	1031	56	0
2009-10	2371	797	42	74
2010-11	2177	685	18	89
2011-12 (फरवरी तक)	2189	1489	7	234

(ग) से (ङ) आईबीएम को खनन कार्यकलापों से संबंधित सभी कार्यों के पर्यवेक्षण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने की शक्तियां नहीं दी गई हैं। तथापि, आईबीएम देश के विभिन्न भागों में स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से अपने विनियामककारी कार्यों का संचालन करता है। इसके अतिरिक्त आईबीएम ने अवैध खनन के नियंत्रण संबंधी गतिविधियों में समन्वय के लिए विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा गठित राज्य कार्यदलों में एक अधिकारी नामित किया है। झारखंड राज्य सरकार सहित सितम्बर, 2011 तक राज्य सरकारों द्वारा अवैध खनन के पता लगाए मामलों और उन पर की गई कार्रवाई पर तिमाही रिपोर्ट नीचे दी गई है:—

अवैध खनन मामलों का राज्य-वार ब्यौरा		पता लगाए गए मामलों की संख्या						की गई कार्रवाई			
क्र. सं.	राज्य	2006	2007	2008	2009	2010	2011 सितम्बर में समाप्त तिमाही तक	जब्त वाहन	दर्ज किया गया एफआईआर	दायर अदालती मामले	वसूल किया गया जुर्माना (लाख रु.)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1.	आंध्र प्रदेश	5385	9216	13478	11591	17882	9536	844	18	0	10767.58
2.	असम	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
3.	छत्तीसगढ़	2259	2352	1713	1078	2017	1133	3363	0	6689	1162.029
4.	गोवा	313	13	159	9	13	0	459	0	0	18.628
5.	गुजरात	7435	6593	5492	5416	2184	2022	1282	226	20	10424.976
6.	हरियाणा	504	812	1209	1372	3446	1501	103	467	21	907.767
7.	हिमाचल प्रदेश	478	0	503	1114	1213	1289	0	700	1306	1684.55

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
8.	झारखंड	631	82	225	15	411	594	90	225	30	39.763
9.	कर्नाटक	3027	5180	2997	1687	4949	3293	74782	874	600	7791.927
10.	केरल	1595	2593	2695	1321	2028	676	0	0	0	884.461
11.	मध्य प्रदेश	5050	4581	3895	3868	4245	2538	0	28	21247	2856.057
12.	महाराष्ट्र	4919	3868	5828	8270	26563	20928	70101	13	1	7828.01
13.	ओडिशा	284	655	1059	758	420	150	1812	35	35	5643.31
14.	पंजाब	218	26	50	73	754	126	0	30	0	340.746
15.	राजस्थान	2359	2265	2178	4711	1833	508	145	1133	37	1091.456
16.	सिक्किम	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
17.	तमिलनाडु	2140	1263	1573	215	277	78	32849	1315	617	10496.812
18.	त्रिपुरा	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
19.	उत्तराखंड	0	0	191	0	0	0	683	0	0	38.5
20.	उत्तर प्रदेश	0	0	0	0	4641	2773	0	0	0	1230.68
21.	पश्चिम बंगाल	80	426	315	80	239	109	3829	1319	430	0
	कुल	36677	39925	43560	41578	73115	47254	190342	6383	31033	63207.252

एमएसएमई को ऋण 587-90

2888. श्री कपिल मुनी करवारिया :
श्री अनंत कुमार हेगड़े :
श्री हर्ष वर्धन :
श्री राम सुन्दर दास :
श्री सुरेन्द्र सिंह नागर :
डॉ. क्रुपारानी किल्ली :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को प्रदान किए गए ऋण के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों और उपलब्धियों का बैंक-वार ब्यौरा क्या है और लक्ष्यों की प्राप्ति में विफल रहने वाले बैंकों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है;

(ख) क्या सरकार का विचार एमएसएमई के वित्तीय संकट और आर्थिक मंदी के दृष्टिगत उन्हें दिए जाने वाले ऋण संबंधी मानदंडों में छूट प्रदान करने का है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऋण की निगरानी करने के लिए कोई तंत्र मौजूद है; और

(घ) सरकार ने रुग्ण लघु उद्योगों सहित एमएसएमई को पर्याप्त ऋण सुनिश्चित करने हेतु क्या कदम उठाए हैं/उठाए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) से (घ) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के संबंध में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले कार्य दल की सिफारिशों के संदर्भ में, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सभी बैंकों को निम्नानुसार सलाह दी है:—

(i) सूक्ष्म उद्यमों को एमएसई के 60% ऋण का आवंटन चरणबद्ध रूप में किया जाना है, अर्थात् वर्ष 2010-11 में 50%, वर्ष 2011-12 में 55% तथा वर्ष 2012-13 में 60% का आवंटन किया जाना है।

(ii) ऋण की बढ़ी हुई उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सूक्ष्म तथा लघु उद्यमों को ऋण की उपलब्धता में वर्षोत्तर 20 प्रतिशत की वृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करना।

(iii) सूक्ष्म उद्यमों के खातों की संख्या में 10% वार्षिक वृद्धि प्राप्त करना।

मार्च के अंतिम शुक्रवार को दी गई सूचना के अनुसार उपर्युक्त लक्ष्यों की प्राप्ति का बैंक-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:—

(राशि करोड़ रुपये)

वर्ष	सरकारी क्षेत्र के बैंक	निजी क्षेत्र के बैंक	विदेशी बैंक	सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक
अंतिम शुक्रवार	राशि	राशि	राशि	राशि
मार्च, 2009	191408.32	46656.33	18063.42	256128.07
मार्च, 2010#	276318.97	64824.72	21147.05	362290.74
मार्च, 2011*	475875.73	136423.94	21597.33	636597

#सेवा क्षेत्र में फुटकर व्यापार को शामिल किया गया है।

*इसमें मध्यम उद्यम क्षेत्र शामिल है।

एमएसई ऋण की संगणना प्राथमिक क्षेत्र उधार के लिए की जाती है। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के लक्ष्यों को प्राप्त करने में हुई किसी प्रकार की कमी को बैंकों द्वारा आरआईडीएफ/सिडबी/एनएचबी में जमा किया जाना है। इसके बदले सिडबी इस प्रकार जमा राशि का उपयोग एमएसएमई अग्रिमों के पुनर्वित्त के लिए करता है।

एमएसई क्षेत्र में ऋण की उपलब्धता बढ़ाने के लिए आरबीआई द्वारा कई कदम जैसे ऋणों की पुनर्संरचना के संबंध में विवेकपूर्ण दिशा-निर्देश जारी करना, आधार पर प्रणाली लागू करना, एमएसई ग्राहकों के लिए बैंकिंग कोड तैयार करना, समूहों पर ध्यान देना, एमएसई क्षेत्र के गैर-निष्पादनकारी ऋणों की वसूली के लिए एक बारगी निपटान योजना आदि उठाए गए हैं ताकि एमएसई क्षेत्र में ऋण की उपलब्धता में वृद्धि हो सके।

[अनुवाद] 590-91

किशोरों में प्रजनन दर

2889. शेख सैदुल हक : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हमारे देश में किशोरों में प्रजनन दर हमारे पड़ोसी देशों की दर से काफी अधिक है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) और (ख) किशोर प्रजनन दर जिसे किशोर जन्म दर भी कहा जाता है, उसमें एक ही आयु समूह में प्रति 1000 महिलाओं में 15-49 वर्ष की आयु में जन्म देने वाली महिलाओं की संख्या को मापा जाता है। यूनिसेफ द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट विश्व के बच्चों की स्थिति के अनुसार भारत में वर्ष 2000-2010 के दौरान किशोर जन्म दर 45 थी। इसके अतिरिक्त भारत में किशोर जन्म दर, बांग्लादेश और नेपाल के मुकाबले बहुत कम है, जबकि चीन, पाकिस्तान और श्रीलंका की अपेक्षा अधिक है, जैसा कि नीचे दिए गए विवरण में यह देखा जा सकता है:—

देश	किशोरवस्था जन्म दर (2000-2010)
बांग्लादेश	133
चीन	6
पाकिस्तान	16
नेपाल	106
श्रीलंका	23

[हिन्दी]

समुदाय से अलग रह रही जनजातीय महिलाएं

2890. **श्री दत्ता मेघे : क्या जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जारवा समुदाय की युवा महिलाएं कथित रूप से अपने समुदाय से अलग रह रही हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसी महिलाओं की संख्या कितनी है तथा इसके क्या कारण हैं? और

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला) : (क) जैसा कि अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह प्रशासन द्वारा सूचित किया गया है जारवा अनुसूचित जनजाति की कोई युवा महिला अपने समुदाय से अलग नहीं रह रही है।

(ख) उपरोक्त (क) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

[अनुवाद]

591-93

धन शोधन पर नियंत्रण पाना

2891. **श्री प्रदीप माझी :**
श्री किसनभाई वी. पटेल :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वित्तीय कार्य बल (एफएटीएफ) ने धन शोधन और आतंकवाद का वित्त पोषण करने पर रोक लगाने हेतु सिफारिशों में संशोधन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या भारत ने एफएटीएफ के सदस्य के रूप में अपनी वचनबद्धता को पूरा कर दिया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या एफटीएफ की हाल की संपूर्ण बैठक में धन शोधन और आतंकवाद के वित्त पोषण पर रोक लगाने हेतु सिफारिशों का संशोधन किया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) तथा (ङ) और (च) वित्तीय कार्रवाई कार्य बल ने धनशोधन को रोकने तथा आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए वित्त पोषण को रोकने के लिए सिफारिशों में संशोधन किया है, जो 15-17 फरवरी, 2012 को पेरिस में आयोजित एफएटीएफ की पूर्ण बैठक में अनुमोदित की गई थी। संशोधित अनुशंसाओं में किए गए मुख्य परिवर्तन निम्नलिखित हैं:

- लक्ष्यगत वित्तीय प्रतिबंधों के सतत कार्यान्वयन के जरिए जनसंहार के हथियारों के प्रचुर मात्रा में वित्तपोषण को रोकना जब इन प्रतिबंधों को संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद ने आवश्यक बताया हो।

- अपराधियों और आतंकवादियों के लिए कानूनी व्यक्तियों और प्रबंधों की ओट में अपनी पहचान छुपाना अथवा अपनी आस्तियों को छुपाना मुश्किल करने के लिए उन्नत पारदर्शिता।

- राजनैतिक रूप से उद्भासित व्यक्तियों से निपटने के लिए ठोस अपेक्षाएं।

- कर अपराध शामिल करके धनशोधन सूचक अपराधों के क्षेत्र का विस्तार करना।

- वर्धित जोखिम आधारित पहुंच जो देशों तथा निजी क्षेत्र को इस के लिए सक्षम बनाएंगी कि वे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों पर ध्यान देकर अधिक दक्षता से अपने संसाधनों को लगा सकें।

- संबंधित प्राधिकरणों के बीच सूचना के आदान-प्रदान, संयुक्त जांच करके, तथा अवैध आस्तियों का पता लगाने, उन्हें सील करने तथा उन्हें जब्त करने सहित अधिक प्रभावी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग।

- धनशोधन तथा आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए वित्तपोषण की खोज करने तथा उसके लिए दंड देने हेतु वित्तीय आसूचना इकाइयों तथा कानून के प्रवर्तन हेतु बेहतर प्रचालनात्मक साधन तथा तकनीक व शक्तियों की विस्तृत रेंज।

एफएटीएफ के सदस्य के रूप में, संशोधित सिफारिशों के अनुमोदन के लिए भारत एक पक्षकार था तथा वह इसके कार्यान्वयन के लिए वचनबद्ध है।

(ग) और (घ) एफएटीएफ में शामिल होते समय, भारत ने समयबद्ध तरीके से कुछ कमियों पर काबू पाने के लिए कार्रवाई योजना प्रस्तुत की थी। कार्रवाई योजना की मदें तत्काल अवधि, लघु अवधि तथा मध्यम अवधि की मदों में विभाजित की गई थी जो क्रमशः जून, 2010; मार्च, 2011 तथा मार्च 2012 तक पूरी की जानी थी। भारत ने निर्धारित समय में तत्काल तथा लघु अवधि की कार्रवाई योजना को पूरा कर लिया है।

मध्यम अवधि के कार्रवाई बिंदुओं में मादक औषधि तथा साइकोट्रोपिक अधिनियम, धनशोधन निवारण अधिनियम तथा गैरकानूनी कार्यकलाप निवारण अधिनियम में संशोधन शामिल हैं तथा संसद में संशोधन विधेयक क्रमशः 08/09/2011, 27/12/11 तथा 29/12/11 को प्रस्तुत किए गए थे।

593-94

तमिलनाडु से मांग

2892. श्री पी. कुमार : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या तमिलनाडु सरकार ने विकास परियोजनाओं हेतु 25,000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करने की मांग की है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) तमिलनाडु राज्य सरकार ने, विकास संबंधी एवं भारी अवसंरचना परियोजनाओं के लिए, आंशिक तौर पर अनुदान के रूप में और आंशिक तौर पर 20 वर्षीय ऋण के रूप में 25,000 करोड़ रुपए की मांग की थी। राज्यों को विभिन्न प्रयोजनों के लिए संस्थापित सहायता चैनलों की रूपरेखा के अंतर्गत केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीमों, केन्द्र द्वारा प्रायोजित स्कीमों, राज्य योजना स्कीमों तथा वित्त आयोग द्वारा निर्धारित अनुदान आदि के माध्यम से केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाती है। विदेशी वित्तपोषक एजेंसियों के माध्यम से राज्य विशिष्ट परियोजनाओं के लिए ऋण सुविधा दिलाई जाती है। तमिलनाडु राज्य से वार्षिक योजना पर चर्चा के दौरान अनुरोध किया गया है कि वह विकास के विशिष्ट क्षेत्रों के लिए संसाधनों की अपनी आवश्यकता की जानकारी दे।

594

काले धन संबंधी विशेष छूट/स्वैच्छिक प्रकटीकरण योजना

2893. श्री के. शिवकुमार उर्फ जे.के. रितीश : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार आयकर में विशेष छूट अथवा अलेखाकृत काले धन धन की घोषण हेतु किसी स्वैच्छिक प्रकटीकरण योजना को लागू करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) ऐसी विशेष छूट अथवा योजना की घोषणा कब तक किए जाने की संभावना है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) वर्तमान में सरकार लेखाबाह्य धन की घोषणा हेतु कोई स्वैच्छिक प्रकटीकरण योजना अथवा रियायत का लागू करने पर विचार नहीं कर रही है।

(ख) उपर्युक्त भाग (क) के उत्तर के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

(ग) उपर्युक्त भाग (क) के उत्तर के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी] 594-97

मिश्रित ऊर्जा

2894. श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार सहित देश में हाइड्रोकार्बन मध्यवर्ती और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के संदर्भ में देश में वर्तमान मिश्रित ऊर्जा का राज्य-वार, स्रोत-वार और मेगावाट-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार देश में आगामी दस वर्षों के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के पक्ष में इस मिश्रित ऊर्जा में परिवर्तन करने का है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) आगामी दस वर्षों में बिहार सहित देश में विद्युत की अनुमानित मांग का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार ने आगामी दो दशकों में विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) दिनांक 29.02.2012 की स्थिति के अनुसार देश में (यूटिलिटियों) और बिहार में संस्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का ब्यौरा नीचे दिया गया है:—

(आंकड़े मेगावाट)

	कोयला	गैस	डीजल	कुल थर्मल	न्यूक्लीयर	हाइड्रो	आरईएस	कुल
अखिल भारत	1,60,837.38	18,093.85	1,199.35	1,26,130.98	4,780.00	38,848.40	22,233.17	1,91,992.55
बिहार	1,724.70	0.00	0.00	1,724.70	0.00	129.43	76.80	1,930.93

(ख) और (ग) पवन, लघु जल विद्युत, बॉयोमास तथा सौर ऊर्जा सदृश नवीकरणीय स्रोतों से विद्युत उत्पादन पर बल दिया जा रहा है। देश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सौर मिशन, भारत सरकार और राज्य सरकारों की एक बड़ी पहल है। 12वीं योजना के लिए विद्युत संबंधी कार्य दल की रिपोर्ट के अनुसार, 11वीं योजना के दौरान 62,374 मेगावाट के मध्यावधि मूल्यांकन (एमटीए) क्षमता अभिवृद्धि लक्ष्य पर आधारित अखिल भारतीय आधार पर 12वीं योजना में क्षमता अभिवृद्धि आवश्यकता 75,785 मेगावाट है। 12वीं योजना के लिए विद्युत संबंधी कार्य दल की रिपोर्ट के अनुसार 13वीं योजना के दौरान अखिल भारतीय आधार पर क्षमता अभिवृद्धि की आवश्यकता 93,400 मेगावाट है, इसके अतिरिक्त, अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए नीतिगत योजना दस्तावेज के अनुसार, 12वीं और 13वीं योजनावधि में क्षमता में 50,000 मेगावाट की अभिवृद्धि करने की परिकल्पना की गई है। फलस्वरूप वर्ष 2022 तक लगभग 73,000 मेगावाट की क्षमता प्राप्त होगी। इस क्षमता में राष्ट्रीय सौर मिशन के अंतर्गत विद्युत से 20,000 मेगावाट और शेष 30,000 मेगावाट मुख्यत: पवन, लघु जल विद्युत तथा बॉयोमास विद्युत जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से होगी।

(घ) 18वें इलेक्ट्रिक पावर सर्वे (ईपीएस) के अनुसार 12वीं योजना के अंतिम वर्ष (2016-17) और 13वीं योजना के अंतिम वर्ष (2021-22) के लिए देश और बिहार में विद्युत की अनुमानित मांग नीचे दी गई है:—

विद्युत ऊर्जा आवश्यकता (मि.यू.)

	2016-17	2021-22
अखिल भारत	13,54,874	19,04,861
बिहार	29,447	52,975

व्यस्ततमकालीन विद्युत भार (मेगावाट)

	2016-17	2021-22
अखिल भारत	1,99,540	2,83,470
बिहार	5,018	9,306

(ङ) देश में विद्युत उत्पादन क्षमता अभिवृद्धि के संवर्धन हेतु सरकार द्वारा की गई/प्रस्तावित कार्रवाई निम्नलिखित है:—

(i) उत्पादन क्षमता अभिवृद्धि में तेजी लाना।

(ii) बड़े पैमाने पर लाभ अर्जित करने हेतु अल्ट्रा मेगा विद्युत परियोजनाओं का विकास।

(iii) विद्युत परियोजनाओं की प्रगति में रुकावट वाले क्षेत्रों की पहचान करने और उनका शीघ्रता से समाधान करने की सुविधा प्रदान करने के लिए माननीय केंद्रीय विद्युत मंत्री, सचिव, विद्युत मंत्रालय और अध्यक्ष, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा इसकी उच्चतम स्तर पर समीक्षा की जाती है।

(iv) रुकावट वाले क्षेत्रों की पहचान करने और अंतर-मंत्रालयी एवं अन्य लंबित मामलों के शीघ्र समाधान के लिए विद्युत मंत्रालय, भारी उद्योग मंत्रालय, कोयला मंत्रालय, योजना आयोग तथा मंत्रिमंडल सचिवालय सहित विभिन्न स्तरों पर नियमित समीक्षा की जाती है।

(v) चल रही विद्युत उत्पादन परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने

और विद्युत क्षेत्र के समक्ष आने वाले अन्य विषयों पर सलाह देने के लिए केंद्रीय विद्युत मंत्री की अध्यक्षता में विद्युत मंत्रालय के पूर्व सचिवों, कोयला मंत्रालय के पूर्व सचिवों और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ एक सलाहकार समूह का गठन किया जाता है।

(vi) परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन के मामलों सहित जल विद्युत के विकास से संबंधित सभी मामलों को देखने के लिए जल विद्युत परियोजना के विकास पर एक कार्य बल गठित किया गया है। विद्युत मंत्री इस कार्य बल के अध्यक्ष है।

(vii) पूर्वोत्तर में जल विद्युत के विकास हेतु मार्गदर्शन करने एवं तेजी लाने के लिए एक उपर्युक्त फ्रेमवर्क तैयार करने के लिए वर्ष 2009 में एक अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमजी) का गठन किया गया है।

(viii) सुपरक्रिटिकल स्टीम जेनरेटरों और टरबाईन जेनरेटरों के विनिर्माण और यह सुनिश्चित करने के लिए कि देश में विद्युत उपस्करों की कमी न होने पाए, देश में कोई संयुक्त उद्यम स्थापित किए गए हैं/किए जा रहे हैं।

विद्युत क्षेत्र में वैश्विक विद्युत कंपनियां

2895. श्री अर्जुन राय :
श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह :

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बड़ी वैश्विक विद्युत कंपनियों ने देश के विद्युत क्षेत्र में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन कंपनियों के नाम क्या हैं;

(ग) क्या इन कंपनियों के इस क्षेत्र में प्रवेश से पूर्व देश के विद्युत क्षेत्र के कतिपय परिवर्तन किए जाने की आवश्यकता है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) से (घ) वर्तमान नीति के अनुसार, ऑटोमेटिक रूट के अंतर्गत निम्न के लिए विद्युत क्षेत्र में 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति प्रदान की जाती है:–

(i) जल विद्युत, कोयला/लिग्नाइट आधारित थर्मल, तेल आधारित थर्मल तथा गैस आधारित थर्मल पावर प्लांटों से उत्पादित विद्युत ऊर्जा का उत्पादन एवं पारेषण;

(ii) अपारंपरिक ऊर्जा उत्पादन तथा वितरण;

(iii) घरों, उद्योगों, वाणिज्यिक एवं अन्य प्रयोक्ताओं को इलेक्टिव इनर्जी का वितरण; तथा

(iv) विद्युत व्यापार।

तद्नुसार, कोई भी वैश्विक विद्युत कंपनी एफडीआई रूट से विद्युत क्षेत्र में प्रवेश कर सकता है। इसके अतिरिक्त जापान, यूरोप तथा यूएसए की कई वैश्विक विद्युत संयंत्र उपकरण निर्माता कंपनियों ने सुपरक्रिटिकल बॉयलरों/टरबाइन जेनरेटरों के विनिर्माण तथा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए, भारत में आधार स्थापित करने हेतु, भारतीय कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम बनाए हैं। ये कंपनियां हैं: एलएंडटी के साथ एमएचआई, जापान, बीजीआर के साथ हिटाची, जापान, जेएसडब्ल्यू के साथ तोसीबा, जापान, भारत फोर्ज के साथ एलस्टॉम, फ्रांस, गैमन के साथ अल्साल्डो काल्डी, इटली, थर्मेक्स के साथ बेबकॉक एंड विल्कॉक्स, यूएसए, बीजीआर के साथ हिटाची पावर यूरोप जीएमबीएच (जर्मनी)। इसके अतिरिक्त दूसान, कोरिया (100% एफडीआई) अपनी स्वयं की क्षमता से विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने के लिए आई है।

[अनुवाद]

कम वजन वाले कुपोषित बच्चे

2896. श्री उदय सिंह : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश के लगभग 42 प्रतिशत बच्चे कम वजन और अत्यधिक कुपोषित हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें उक्त समस्या का प्रभावी रूप से समाधान नहीं कर रही हैं;

(ग) यदि हां, तो क्या मंत्रालय का महिला और बाल विकास मंत्रालय के परामर्श से स्वास्थ्य संबंधी ऐसी समस्याओं के संबंध में प्रभावी कदम उठाने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) जी, हां।

(ख) कुपोषण एक बहुआयामी एवं अंत:पीढ़ीय समस्या है और जीवन की विभिन्न अवस्थाओं में इसके अनेक अध:शायी कारणों का हल करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों द्वारा उपाय करना अपेक्षित है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय दोनों ही विभिन्न पोषण उपायों के जरिए माताओं तथा बच्चों में कुपोषण कम करने पर ध्यान केन्द्रित करते हैं।

(ग) जी, हां।

(घ) राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रजनन तथा बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित पहलें की जा रही हैं और निम्नलिखित समूह के क्रियाकलापों को कार्यान्वित करने के लिए निधियां उपलब्ध कराई जा रही हैं:—

- उपयुक्त शिशु एवं बाल आहार पर बल देना
- विशेष यूनिटों, जिन्हें पोषण पुनर्वास केन्द्र कहा जाता है, में गंभीर तीव्र कुपोषण का उपचार। इस समय समूचे देश में इस प्रकार के 558 केन्द्र कार्य कर रहे हैं।
- विटामिन ए और आयरन एवं फोलिक एसिड सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को रोकने तथा उनसे निपटने के लिए विशिष्ट कार्यक्रम। 5 वर्षों की आयु तक बच्चों के लिए विटामिन ए सम्पूरण और 6 माह से 60 माह की आयु तक बच्चों के लिए आयरन एवं फोलिक एसिड।
- आईएमएनसीआई (एकीकृत नवजात शिशु तथा बाल्यावस्था रोग प्रबंधन) प्रशिक्षण में सेवा प्रदायकों को प्रशिक्षित कर सामुदायिक तथा सुविधा केन्द्र स्तर पर कुपोषण तथा सामान्य नवजात शिशु तथा बाल्यावस्था रोग का प्रबंधन।
- राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण कार्यक्रम के जरिए आयोडीन को संपूरित करना।
- पोषण संपूरण और लौह फोलिक एसिड संपूरकों को मुहैया कराना, तीन वर्ष के बच्चों की नियमित वृद्धि की निगरानी करते हुए और ग्राम स्वास्थ्य तथा पोषण दिवसों के जरिए पोषण शिक्षा मुहैया करा माताओं तथा बच्चों में कुपोषण में कमी लाने पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा महिला तथा बला विकास मंत्रालय दोनों ही मंत्रालय ध्यान केन्द्रित करते हैं।
- ग्राम स्वास्थ्य तथा पोषण दिवस तथा माता तथा बाल संरक्षण कार्ड, दो मंत्रालयों की संयुक्त पहल है जो बच्चों तथा गर्भवती तथा स्तनपान कराने वाली माताओं की निगरानी तथा उनकी पोषण समस्याओं के हल करने का एक अवसर उपलब्ध कराती है।

600

राष्ट्रीय एम्बुलैंस कोड

2897. डॉ. पद्मसिंह बाजीराव पाटील : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश भर में 'राष्ट्रीय एम्बुलैंस कूट' आरंभ करने जा रही है जिनमें देश में चलने वाली सभी एम्बुलैंसों के लिए समान रंगकूट, डिजाइन और उपस्कर होंगे;

(ख) क्या सरकार ने संपूर्ण भारत हेतु 'राष्ट्रीय एम्बुलैंस कोड' के प्रारूप को अंतिम रूप देने के लिए विशेषज्ञों की किसी समिति का गठन किया है;

(ग) यदि हां, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और समिति की संरचना क्या है;

(घ) क्या इस संबंध में गठित समिति एम्बुलैंस और एडवांस जीवनरक्षक एंबुलैंस के मानकों के विनिर्देशनों को परिभाषित करेगी; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के समक्ष फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ख) से (ङ) प्रश्न नहीं उठता।

आयकर विभाग सीबीडीटी द्वारा कर आकलन

2898. श्री ताराचन्द भगोरा :
श्री सुरेश कुमार शेटकर :
श्री के. सुधाकरण :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या व्यापक जांच के बिना आयकर विभाग/केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) लगभग 700 भारतीयों जिनके एचएसबीसी जेनेवा में अघोषित लेखे थे में से कुछेक की गहन जांच करने के बजाय आनन-फानन में कर का आकलन कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या कर अपवंचन के आरोपित कुछ व्यक्तियों ने कर जांच इकाई को सूची किए जाने से एक सप्ताह पूर्व एचएसबीसी जेनेवा में अपने-अपने लेखों को उजागर करने और अपने संशोधित रिटर्न भरने की इच्छा व्यक्त की थी;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार इस बैंक में जमा नकदी पर कर वसूलने में सक्षम है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) विदेश में रहने वाले भारतीयों की अप्रकट विदेशी परिसंपत्तियों लेन-देन सहित कर अपवंचन से संबंधित सूचना वाले मामलों मे प्रत्यक्ष कर कानूनों तथा संगत कार्यविधियों के अनुसार समुचित कड़ी कार्रवाई की जाती है।

(ख) उपर्युक्त भाग (क) के उत्तर के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जी, नहीं।

(घ) उपर्युक्त भाग (ग) के उत्तर के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) जी, नहीं।

(च) लगभग 181 करोड़ रुपए की राशि की वसूली की गई है।

(छ) उपर्युक्त भाग (क) से (च) के उत्तरों के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

[हिन्दी]

स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन और विश्व बैंक का अनुदान

2899. श्री तूफानी सरोज : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विश्व स्वास्थ्य संगठन और विश्व बैंक भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास हेतु अनुदान प्रदान करते हैं;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान उक्त संस्थानों द्वारा अनुदान के रूप में भारत को कितनी राशि प्राप्त हुई और किन-किन रोगों के लिए यह राशि प्रदान की गई;

(ग) क्या उक्त राशि का उन्हीं रोगों के उपचार पर उपयोग किया गया है जिनके लिए सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार द्वारा उक्त अनुदान में से राज्यों को निधियां आवंटित की गई हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, नहीं। भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास के लिए न तो विश्व स्वास्थ्य संगठन और न ही विश्व बैंक अनुदान प्रदान करता है।

(ख) से (च) उपर्युक्त (क) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठते।

[अनुवाद]

कर निर्धारितियों की संख्या

2900. डॉ. एम. तम्बिदुरई : क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आयकर निर्धारितियों की संख्या का श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान प्रत्येक श्रेणी में अदा की गई राशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस अवधि के दौरान आयकर निर्धारितियों की संख्या संबंधी वृद्धि दर में कमी आयी है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) पिछले तीन वर्षों के लिए आयकर निर्धारितियों की वास्तविक संख्या का श्रेणी-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:—

वर्ष	कंपनी	व्यक्ति	एचयूएफ	फर्म	ट्रस्ट	अन्य	कुल
2008-09	327674	30101260	768845	1310849	71145	70854	32650627
2009-10	367884	31384084	806236	1354330	76898	95994	34085426
2010-11	496872	31035394	761911	1229722	119378	95847	33739124

प्रत्येक श्रेणी से वसूले गए प्रत्यक्ष करों के लिए अलग से डाटा नहीं रखा जाता है। तथापि, निगमित और अन्य सभी करदाताओं के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रहण आंकड़े अनुरक्षित किए जाते हैं और जो निम्नानुसार हैं:—

(करोड़ रुपये)

वर्ष	निवल निगमित आयकर	निवल वैयक्तिक आयकर (जिसमें एफबीटी, एसटीटी, डब्ल्यूटी आदि शामिल हैं)	निवल प्रत्यक्ष कर संग्रहण
2008-09	2,13,395	1,20,423	3,33,818
2009-10	2,44,725	1,33,338	3,78,063
2010-11	2,98,688	1,48,247	4,46,935

(ख) और (ग) जी, नहीं। आयकर निर्धारितियों की वास्तविक संख्या में वृद्धि/कमी की दर कम और अधिक होती रहती है। वित्तीय वर्ष 2008-09 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान वास्तविक निर्धारितियों की कुल संख्या में वृद्धि हुई है। तथापि, वित्तीय वर्ष 2009-10 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान मामूली कमी आई है हालांकि, कुछेक श्रेणियों में इसमें सुधार आया है। वास्तविक निर्धारितियों की संख्या कारकों पर निर्भर करती है, जैसे कि कर स्लैब का ढांचा/दर, कारोबार का निगमीकरण, कर योग्य आय को प्रभावित करने वाली आर्थिक गतिविधि आदि।

श्री चित्र तिरूनल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुवनंतपुरम

2901. डॉ. शशी थरूर : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) श्री चित्र तिरूनल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुवनंतपुरम में उपचार/शल्य क्रिया हेतु प्रतीक्षा सूची में रोगियों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या गत तीन वर्षों के दौरान ऐसे आवेदकों की संख्या में वृद्धि दर्ज हुई है;

(ग) क्या रोगियों की भीड़ को देखते हुए संस्थान में सुविधाओं का विस्तार करने का कोई प्रस्ताव है और इस योजना का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो विस्तार कार्य नहीं किए जाने के क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचित किया है कि एससीटीआईएमएटी में अंत:क्षेप क्रियाविधियों सहित शल्य चिकित्सकों के लिए रोगियों की प्रतीक्षा सूची निम्नानुसार है:—

हृदय रोग विज्ञान/कार्डियक एवं थोरेसिक सर्जरी	3800 (प्रतीक्षा सूची में प्रतिदिन औसत 25 मामलों का इजाफा होता है।
तंत्रिका शल्य चिकित्सा एवं अंत:क्षेप विकिरण निदान	500 मामले (प्रतीक्षा सूची में प्रतिदिन औसत 7 मामलों का इजाफा होता है।

(ख) जी, हां।

(ग) और (घ) वित्तीय बाधाओं और मौजूदा परिसर में स्थान की कमी के कारण, अस्पताल का बड़े पैमाने पर विस्तार करना व्यवहार्य नहीं है। फिर भी, उन्नत चिकित्सा विशिष्टताओं (हृदय रोग विज्ञान एवं तंत्रिका विज्ञान) में, कुछ और उप-विशिष्टताओं को शामिल किया जा रहा है। त्रिवेन्द्रम मेडिकल कॉलेज, केरल सरकार से 83 सेंट क्षेत्रफल भूमि का अधिग्रहण किया गया है। इस असन्न क्षेत्र में दो अस्पताल भवनों में निर्माण की योजना बनाई जा रही है जिसके चलते 200 बिस्तरों की क्षमता बढ़ने की संभावना है।

[हिन्दी]

गंगा नदी पर जल विद्युत परियोजनाएं

2902. श्रीमती मीना सिंह : क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का बिहार और उत्तर प्रदेश में गंगा नदी पर जल विद्युत परियोजनाएं स्थापित करने हेतु विशेषज्ञों से परामर्श करने का प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा देश में जल विद्युत संभाव्यता पर किए गए पुन: आकलन अध्ययनों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में संस्थापित क्षमता (आई.सी.) के संदर्भ में जल विद्युत संभाव्यता 664 मेगावाट (25 मेगावाट से अधिक) आकलित की गई है, जिसमें से 502 मेगावाट (71%) विकसित की जा चुकी है तथा 162 मेगावाट क्षमता अभी विकसित की जानी है। इसी प्रकार से, बिहार में 40 मेगावाट क्षमता अभी विकसित की जानी है। इसके परिप्रेक्ष्य में, भारत सरकार का बिहार और उत्तर प्रदेश में गंगा नदी पर जल विद्युत परियोजनाएं स्थापित करने के लिए विशेषज्ञों से परामर्श करने का प्रस्ताव नहीं है।

अप्रत्याशित लाभ कर

2903. डॉ. भोला सिंह : क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या निर्यातकों, विशेषकर खनिज निर्यातकों द्वारा अर्जित अप्रत्याशित लाभ/प्राप्ति को निर्यात शुल्क की गणना में शामिल किया जाता है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) इस समय निर्यात शुल्क केवल दो खनिजों तथा लौह अयस्क और क्रोमियम अयसक पर लगाया जाता है। दोनों ही मामलों में, शुल्क को मूल्यानुसार के आधार पर लगाया जाता है। इस प्रकार यह शुल्क निर्यात के एफओबी (फ्री आन बोर्ड) मूल्य पर लगाया जाता है जिसमें सामान्यतया खनिज कार्य की लागत, परिवहन, बीमा और अन्य खर्चों के साथ-साथ निर्यातकर्त्ताओं के लाभांश को भी शामिल किया जाता है।

(ख) उपर्युक्त (क) को देखते हुए यह प्रश्न नहीं उठता।

[अनुवाद]

लैप्टोस्पीरोसिस के मामले

2904. श्री नारनभाई कछाड़िया :
श्री ई.जी. सुगावनम :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में लैप्टोस्पीरोसिस के मामले और इससे होने वाली मृत्यु की संख्या में वृद्धि हो रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और गत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान प्रकाश में आए ऐसे मामलों और मृत्यु की संख्या का राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस रोग की रोकथाम के लिए राज्य सरकारों को प्रदान की गई सहायता का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का गुजरात सहित प्रत्येक राज्य में इस पशुजनित रोग के प्रभावी निवारण और नियंत्रण के लिए अनुसंधान हेतु उत्कृष्ट केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) स्थानिकमारी वाले पांच राज्यों में लैप्टोस्पायरोसिस और उनसे होने वाली मौतों के सूचित मामलों से घटते-बढ़ते रुझानों का पता चलता है, केवल गुजरात को छोड़कर, जहां सूचित मामलों और मौतों में विगत तीन वर्षों के दौरान बढ़ते हुए रुझान देखने को मिले हैं। लैप्टोस्पायरोसिस सहित रोगों का प्रभाव और उसके कारण होने वाले मौंते पारिस्थितिक एवं दुष्प्रभावित क्षेत्र में मानवनिर्मित दोनों कारकों पर निर्भर करती हैं। 2001-2011 के दौरान लैप्टोस्पायरोसिस के मामले और उससे होने वाली मौतों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) लैप्टोस्पायरोसिस के कारण होने वाली अस्वस्थता और मौतों की रोकथाम के लिए गुजरात, केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्यों में 11वीं पंचवर्षीय योजना में एक प्रायोगिक परियोजना क्रियान्वित की गई है। स्वास्थ्य कार्मिकों के प्रशिक्षण, नैदानिक सुविधा-केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण और समुदाय में जागरूकता लाने के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई है।

(घ) जी, नहीं।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

2009:2011 के दौरान लैप्टोस्पायरोसिस के मामले और उससे होने वाली मौतें

क्र. सं.	राज्य	2009		2010		2011	
		मामले	मौतें	मामले	मौतें	मामले	मौतें
1.	महाराष्ट्र	114	9	197	16	141	13
2.	कर्नाटक	325	10	148	6	215	7
3.	तमिलनाडु	1964	0	549	1	1345	0
4.	केरल	1237	106	769	69	607	140
5.	गुजरात	225	49	611	124	830	153
	कुल	3865	174	2274	216	3138	313

बैंकों के विरुद्ध शिकायतें

2905. श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को देश भर में पंजाब नेशनल बैंक की शाखाओं के कार्यकरण में गड़बड़ी के संबंध में लोक प्रतिनिधियों से शिकायतें/सुझाव प्राप्त हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की शाखाओं के कार्यकरण में गड़बड़ी के संबंध में अलग-अलग व्यक्तियों, लोक प्रतिनिधियों और अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों से प्राप्त शिकायतों/सुझावों को समुचित सावधानी बरतते हुए कार्रवाई की जाती है। पीएनबी द्वारा यह सूचित

किया गया है कि वर्तमान में उनकी सभी शाखाएं ठीक प्रकार से कार्य कर रही हैं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता है।

[हिन्दी]

609 - 26

विद्युत उत्पादन परियोजनाओं हेतु वित्तीय सहायता

2906. श्री गोरखनाथ पाण्डेय :
श्री राजय्या सिरिसिल्ला :
श्री सुरेश कुमार शेटकर :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा विद्युत परियोजनाओं और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों का वित्त पोषण किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी बैंक-वार, आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार और परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या योजना आयोग ने हाल ही में इन परियोजनाओं को ऋण देने के संबंध में उक्त बैंकों को चेतावनी दी थी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने सूचित किया है कि उसने 10 मेगावाट तक की जल-विद्युत वाली विद्युत उत्पादन परियोजनाओं तथा सौर-ऊर्जा उत्पादन से संबंधित नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों का वित्तपोषण किया था। ब्यौरे संलग्न विवरण-I और विवरण-II में दिए गए हैं। आरबीआई द्वारा की गई सूचना के अनुसार मार्च, 2009, मार्च, 2010, मार्च, 2011 तथा दिसम्बर, 2011 की समाप्ति पर अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा ऊर्जा क्षेत्र को दिए गए ऋण में से कुल बकाया ऋण का विवरण निम्नानुसार है:—

(राशि करोड़ रु.)

बैंक समूह	ऊर्जा क्षेत्र को बकाया कुल ऋण			
	31.03.2009	31.03.2010	31.03.2011	31.12.2011
राष्ट्रीयकृत बैंक	64112.56	101074.06	175003.40	205339.33
स्टेट बैंक समूह	22455.41	21351.34	28195.60	29573.95
निजी क्षेत्र के पुराने बैंक	4039.77	7277.77	8204.98	8217.46
निजी क्षेत्र के नए बैंक	2674.78	4857.61	13967.21	16790.62
विदेशी बैंक	759.49	695.14	1228.36	2611.63
कुल	94042.01	135255.92	226599.55	262532.99

सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा विद्युत क्षेत्र की कंपनियों को संवितरित ऋण और विद्युत क्षेत्र की कंपनियों द्वारा चुकाए गए ऋण की राशि का राज्य-वार और बैंक-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-III में दिए गए हैं।

(ग) जी, नहीं।

(घ) उपर्युक्त (ग) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता है।

विवरण-I

(करोड़ रु.)

क्र. सं.	राज्य	2008-09 के दौरान संवितरण	2009-10 के दौरान संवितरण	2010-11 के दौरान संवितरण	(31.12.2011) मौजूदा वर्ष के दौरान संवितरण
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	0.00	11.48	0.00	0.46
2.	बिहार	9.86	16.65	43.54	5.05
3.	छत्तीसगढ़	0.00	0.00	0.00	0.00
4.	गोवा	0.00	0.00	0.00	0.00
5.	गुजरात	0.00	0.00	0.00	0.00
6.	हरियाणा	0.00	0.00	0.00	0.00
7.	हिमाचल प्रदेश	0.00	0.00	0.00	0.00
8.	जम्मू और कश्मीर	0.00	0.00	0.00	0.00
9.	झारखंड	0.00	0.00	0.00	0.00
10.	कर्नाटक	0.00	0.00	0.00	0.00
11.	केरल	0.00	0.00	2.55	3.10
12.	मध्य प्रदेश	0.00	0.00	0.00	0.00
13.	महाराष्ट्र	0.00	0.00	0.00	0.00
14.	ओडिशा	0.00	0.00	0.00	0.00
15.	पंजाब	0.00	0.00	0.00	0.00
16.	राजस्थान	0.00	0.00	0.00	0.00
17.	तमिलनाडु	0.11	0.00	0.00	0.00
18.	उत्तर प्रदेश	0.00	0.00	0.00	0.00
19.	उत्तराखंड	42.50	4.25	24.39	11.54

1	2	3	4	5	6
20.	पश्चिम बंगाल	32.38	2.50	0.00	0.00
21.	पुदुचेरी	0.00	0.00	0.00	0.00
22.	अरुणाचल प्रदेश	4.08	3.68	8.23	7.63
23.	असम	0.00	18.62	16.36	0.00
24.	मणिपुर	0.00	0.00	0.00	0.00
25.	मेघालय	0.00	0.00	0.00	0.00
26.	मिजोरम	0.00	0.00	12.30	0.00
27.	नागालैंड	16.55	18.75	14.54	0.00
28.	सिक्किम	0.00	0.00	0.00	0.00
29.	त्रिपुरा	0.00	0.00	0.00	0.00
	कुल	105.47	75.92	121.91	27.78

विवरण-II

(क) वर्ष 2011-12 के दौरान गुजरात राज्य में दो सौर ऊर्जा उत्पादन परियोजनाएं संस्वीकृत की गई हैं।

(ख) संस्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा नीचे दिया गया है:—

(राशि करोड़ रु.)

क्र. सं.	परियोजना का नाम	राज्य	एजेंसी	संस्वीकृत वर्ष	परियोजना लागत	मार्जिन/सहायता	मियादी ऋण
1.	सौर ऊर्जा परियोजना (2 मेगावाट)	गुजरात	गुजरात स्टेट इलैक्ट्रीसिटी कॉर्पोरेशन लि. (जीएसईसीएल)	2011-12	31.98	15.00	16.98
2.	सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट (5 मेगावाट)	गुजरात	गुजरात पावर कॉर्पोरेशन लि. (जीएसईसीएल)	2011-12	57.00	14.25	42.75
			कुल		88.98	29.25	59.73

विवरण-III

30.9.2011 की स्थिति के अनुसार ऊर्जा क्षेत्र का बकाया ऋण

राज्य/संघ राज्य का नाम	इलाहाबाद बैंक	आंध्रा बैंक	बैंक ऑफ बड़ौदा	बैंक ऑफ इंडिया	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	केनरा बैंक	सेंट्रल बैंक	कॉर्पोरेशन बैंक	देना बैंक	इंडियन बैंक	इंडियन ओवरसीज बैंक	आईडीबी-आई बैंक	ओरियंटल बैंक
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह													
आंध्र प्रदेश	626.81	3810.99	977.60	4120.00	129.03	744.11	46917	342.29	705.25	1335.96	2466.39	36900	1200.67
अरुणाचल प्रदेश										202.14			
असम											50.62		
बिहार				100.00							0.92		
छत्तीसगढ़	213.63	492.28	62.91	1385.00		423.75	298.21	16.79	170.83	575.64	16.60	154.00	
चंडीगढ़								37.68					
दादरा और नगर हवेली													
दमन और दीव							24.26						
दिल्ली	2836.99	151.44	1123.01	400.00	548.32	58.84	763.58	623.85	595.89	540.90	3661.65	86100	1470.15
गोवा											0.89		
गुजरात	1009.99	200	89155	4965.00	480.94	691.87	214.62	287.56	747.52	339.11	234.85	587.00	1139.79
हरियाणा	1131.22	305.42		1375.00	24156		1272.15	63.42	799.53	1080.93	1310.97	766.00	54018
हिमाचल प्रदेश		24.66		755.00		9.93	885.44			399.55		485.00	

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
जम्मू और कश्मीर						640.24	29.84						
झारखंड	235.74	79.71		818.00			239.71		7.25	27.36			
कर्नाटक		303.21	4193	2682.00	720.90		29.52	2027.33	643.38	951.15	40177	928.00	240.63
केरल		4.91			1152				4.30	49.21			300
लक्षद्वीप													
मध्य प्रदेश		68.28	3.03	200.00		139.30	713.28		419.85		26.54	510.00	25.01
महाराष्ट्र	698.96	365.64	2674.95	9275.00	2280.99	938.64	826.00	559.88	1302.30	1013.03	664.85	280100	912.85
मणिपुर													
मेघालय							77.18						
मिजोरम													
नागालैंड													
ओडिशा	221.17	654.80	0.65	1390.00		358.17	568.95		127.42	95.19	0.26	396.00	10148
पंजाब	370	5.47	0.30	1990.00	783.22	2315	1505.94		200.00	159.80	1500.33	224.00	2136.00
पुडुचेरी											96.30		
राजस्थान	1213.33	1670.86	28.03	3010.00	1132.68	253.08		1782.53	1082.34	1219.84	867.59	421.00	2233.58
सिक्किम						347.89			88.48				
तमिलनाडु	668.12	653.04	492.86	1850.00	89.04	194.33		111845	703.43	2002.06	2933.40	31100	28189

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
त्रिपुरा						200.06							
उत्तरांखड	127.59		175.00		122.33			127.50	2152		41100	1120	1900
उत्तर प्रदेश	3065.31	142.20	2.14	1788.00	209.64	433.64		657.23	516.93	368.04	753.90	1246.00	1583.04
पश्चिम बंगाल	1321.02	13139	635.31	2800.00	24.24			63.03	161.77	742.21	845.09	506.00	223.79
कुल	3612.29	918698	6939.18	39078.00	6640.56	5590.85	7917.85	758004	8399.67	11078.73	15882.13	12617.00	12100.28
जर्माकत्ता	3467.27	2332.66	*	10000.00	890.44	**	678.33	1940	*	513.84	1512.71	1092.00	1894.66

राज्य/संघ राज्य का नाम	पंजाब नेशनल	पंजाब एंड सिंध बैंक	सिंडीकेट बैंक	यूनियन बैंक	युनाइटेड बैंक	यूको बैंक	विजया बैंक	भारतीय स्टेट बैंक	एसबीबीजे	स्टेट बैंक ऑफ	स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	स्टेट बैंक ऑफ	स्टेट बैंक ऑफ	कुल
1	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	23	27	28
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह														
आंध्र प्रदेश	351.00	1203.78	2486.28	610.72	379.93	1755.25	1302.58	1605.66	655.50	1157.49	57140	45.00	43.00	29464.86
अरुणाचल प्रदेश								11.73						213.87
असम						14.5		6.62						58.69
बिहार								369.98						470.90
छत्तीसगढ़	252.00				359.83	245.34	10120	1408.52		49.77			111.00	6337.30
चंडीगढ़														67.16
दादरा और नगर हवेली														0.00
दमन और दीव														24.26
दिल्ली	4399.00	2369.20	590.40	1958.19	32.29	1923.54	827.00	1011.83	1662.60	109.51	318.81	1252.87	102.31	30193.17
गोवा														0.89
गुजरात	275.00	5.00	968.58	1578.42	525.48	1524.23	814.96	13616.81	525.00	118.82		28.81	304.45	32075.36
हरियाणा	926.00	788.36	882.89	857.54	52.99	134120	1157.36	85.31				213.80	79.49	15271.32
हिमाचल प्रदेश		133.33			209.96	183.95	425.96	185.59			6.20		30.00	3734.57

1	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	23	27	28
जम्मू और कश्मीर				60.89							30.37			76134
झारखंड					211.66	4.00		2513.75		153.87	93.56		206.05	4590.66
कर्नाटक	1749.00	748.84	517.77	900.98	60.84	831.47	1989.24	3455.61	200.00	324.57	680.41	80.00	391.24	20899.79
केरल	300			029			299.00	480						377.03
लक्षद्वीप														0.00
मध्य प्रदेश				317.86	189.45	11.47		667.17		7.01	3.28			3301.53
महाराष्ट्र	3260.00	206.84	1417.46	855.56	19917	1887.67	971.42	8809.08	834.70	244.36	253.20	565.62	185.58	44004.75
मणिपुर														0.00
मेघालय							30.95							108.13
मिजोरम														0.00
नागालैंड														0.00
ओडिशा	373.00		204.22	710.25	170.54	458.93	90.16	219.70		112.51	46.47		30.00	6329.87
पंजाब	1321.00	668.51		500.00	127.34	783.39	945.72	7.16		11.00	11.00	85.10	8.20	13364.63
पुदुचेरी														96.30
राजस्थान	1008.00	1774.18	997.19	2912.85	699.45	2855.79	1257.08	1577.46	1877.94		101.56			29976.36
सिक्किम					107.35		39.35			52.55				635.62
तमिलनाडु	3639.00	650.66	1793.37	138.46	413.16	3052.58	881.82	5391.62	51.08	208.05	222.53	29.50	566.00	28335.45

1	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	23	27	28
त्रिपुरा														200.06
उत्तरांखड	19.00				128.00		101.17	334.95		264.87				1844.13
उत्तर प्रदेश	2023.00	510.02	192.38		277.64	857.59	783.23	6302.43	80.00	336.30	50.08			22178.74
पश्चिम बंगाल	812.00	321.68	200.32	158.60	1699.32	1041.50	171.10	265.63	239.56		160.48	24136		12765.40
कुल	20410.00	9378.40	10250.86	11560.81	5844.40	18759.35	12189.30	47880.89	6126.38	3150.68	2549.35	2542.06	2057.32	297762.53
जर्माकर्त्ता	4201	2785.61	1385.35		282.96	*	#	5021.33	2612.8	650.68	356.65	456.62	136.53	42211.42

*सभी वापसी अदायगी समय पर प्राप्त हो गईं।

**अधिकांश परियोजनाएं कार्यान्वयन और वापसी अदायगी को छोड़ने के अधीन हैं।

#हालांकि वापसी अदायगी नियत तिथि को हुई, दो मामलों में पुनर्गठन की आवश्यकता है।

627-29

अल्पसंख्यक समुदायों को ऋण

2907. श्री जगदानंद सिंह : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीयकृत बैंकों को अल्पसंख्यक समुदायों के उन उद्यमियों को जो सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग चला रहे हैं को पर्याप्त ऋण उपलब्ध कराने के निदेश दिए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त समुदायों के उद्यमियों ने हाल ही में उक्त निदेशों का लाभ उठाते हुए नए उद्योग स्थापित किए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त समुदायों के उद्यमियों को पर्याप्त ऋण प्रदान करने हेतु सरकार द्वारा क्या अन्य कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) सरकार ने सरकारी क्षेत्र के बैंकों को सलाह दी है कि वे अपने अल्पसंख्यक समुदाय उधार (एमसीएल) के प्रतिशत को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार (पीएसएल) के 15% तक ले आएं।

भारतीय रिजर्व बैंक ने सूचित किया है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए बकाया कुल ऋण के संबंध में समुदाय-वार आंकड़ों का मिलान उनके द्वारा नहीं किया जाता है। तथापि, प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के तहत अल्पसंख्यक समुदायों को समग्र उधार 31 मार्च, 2009 के 82,864 करोड़ रु. से बढ़कर 31 दिसम्बर, 2011 को 1,54,790 करोड़ रु. हो गया, जो लगभग 87% की वृद्धि दर्ज करता है।

31 मार्च, 2011 की स्थिति के अनुसार सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों को उधार का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) से (ङ) आरबीआई ने दिनांक 1 जुलाई, 2011 के मास्टर परिपत्र के तहत सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को सलाह दी है कि वे पूरे देश में अभिचिह्नित अल्पसंख्यक समुदायों को ऋण की उपलब्धता में सुधार करें। परिपत्र में अन्य बातों के साथ-साथ प्रत्येक बैंक में एक विशेष प्रकोष्ठ बनाने तथा एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने की सलाह दी गई है। इसमें यह भी दर्शाया गया है कि बैंक अल्प-संख्यक समुदायों को ऋण प्रवाह की निगरानी किस प्रकार करें। विस्तृत परिपत्र आरबीआई की वेबसाइट *www.rbi.org.in* पर उपलब्ध है।

विवरण

सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों को राज्य-वार उधार

(राशि करोड़ रु.)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	दिसम्बर, 2011 को समाप्त तिमाही को अल्पसंख्यक समुदाय उधार
1	2	3
1.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	161.73
2.	आंध्र प्रदेश	11816.41
3.	अरुणाचल प्रदेश	142.48
4.	असम	2239.76
5.	बिहार	2655.17
6.	चंडीगढ़	1220.48
7.	छत्तीसगढ़	796.39
8.	दादरा और नगर हवेली	9.70
9.	दमन और दीव	12.25
10.	दिल्ली	3907.29
11.	गोवा	1391.29
12.	गुजरात	2836.84
13.	हरियाणा	4315.66
14.	हिमाचल प्रदेश	622.13

1	2	3
15.	जम्मू और कश्मीर	1034.59
16.	झारखंड	1779.24
17.	कर्नाटक	9629.78
18.	केरल	22634.71
19.	लक्षद्वीप	51.00
20.	मध्य प्रदेश	3800.11
21.	महाराष्ट्र	11694.49
22.	मणिपुर	232.63
23.	मेघालय	709.36
24.	मिजोरम	621.10
25.	नागालैंड	499.45
26.	ओडिशा	2292.86
27.	पुदुचेरी	259.94
28.	पंजाब	24351.83
29.	राजस्थान	3842.05
30.	सिक्किम	387.11
31.	तमिलनाडु	14473.56
32.	त्रिपुरा	293.78
33.	उत्तर प्रदेश	14426.59
34.	उत्तराखंड	1749.34
35.	पश्चिम बंगाल	7898.80
	समस्त भारत	154789.90

स्रोत: पीएसबी, आंकड़े अनंतिम हैं।

बैंकों का कम्प्यूटरीकरण

2908. श्री सुभाष बापूराव वानखेड़े : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में सभी बैंकों का कम्प्यूटरीकरण हो चुका है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है, और देश में, विशेषकर महाराष्ट्र में कब तक सभी बैंकों का कम्प्यूटरीकरण हो जाने की संभावना है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह सूचित किया है कि 30 सितम्बर, 2011 तक की स्थिति के अनुसार पंजाब एंड सिंध बैंक को छोड़कर सरकारी क्षेत्र के सभी बैंकों का पूर्ण रूप से कम्प्यूटरीकरण कर दिया गया है। इसके अलावा, भारत में 82 क्षेत्रीय ग्रीमण बैंकों में से महाराष्ट्र के तीन बैंकों सहित 80 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को, कोर बैंकिंग सोल्यूशन (सीबीएस) में सफलतापूर्वक स्थानान्तरित कर दिया गया है। व्यवसाय की आवश्यकता के आधार पर बैंकों का कम्प्यूटरीकरण एक सतत प्रक्रिया है।

[अनुवाद]

आईटीडीसी शुल्क मुक्त डिवीजन

2909. श्री अनंत कुमार : क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) के शुल्क मुक्त डिवीजन के कुल कारोबार और लाभकारिता का ब्यौरा क्या है;

(ख) विभिन्न विमानपत्तनों पर आईटीडीसी द्वारा चलाई जा रही शुल्क मुक्त दुकानों की संख्या क्या है और गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उनके कारोबार का ब्यौरा क्या है; और

(ग) आईटीडीसी द्वारा कारोबार और लाभकारिता तथा साथ ही शुल्क मुक्त दुकानों की संख्या में वृद्धि करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है/किए जाने का प्रस्ताव है?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुल्तान अहमद) : (क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान आईटीडीसी के शुल्क मुक्त डिवीजन का कुल कारोबार और लाभ निम्नानुसार हैं:—

(करोड़ रुपए)

वर्ष	कुल कारोबार	लाभ/हानि
2008-09	5.56	(-) 1.88
2009-10	5.59	(-) 2.34
2010-11	8.37	(-) 2.49
2011-12 (फरवरी, 2012 तक)	7.82	(-) 2.74

(ख) आईटीडीसी एयरपोर्टों पर दो शुल्क मुक्त दुकानें चला रहा है और गत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान उनका कुल कारोबार नीचे दर्शाया गया है:

(करोड़ रुपए)

शुल्क मुक्त दुकानों के नाम	कुल कारोबार			
	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12 (फरवरी, 2012 तक)
गोवा एयरपोर्ट, गोवा	4.36	4.97	5.45	4.50
कोयम्बटूर एयरपोर्ट, तमिलनाडु		0.60	1.22	1.11

(ग) आईटीडीसी ने बंदरगाहों पर नई शुल्क मुक्त दुकानें खोलने के क्षेत्र में प्रवेश किया है और कुल कारोबार तथा लाभकारिता में वृद्धि करने के लिए उसने माल की समयबद्ध एवं निरंतर आपूर्ति करने, उन्नत संभार लॉजिस्टिक व्यवस्था करने, संवर्धनात्मक योजनाएं चलाने, प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण करने, बेहतर उत्पाद मिश्रण करने आदि जैसे उपाय किए हैं।

631-40

नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं से सृजित रोजगार

2910. श्रीमती जे. शांता : क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं पर व्यय का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं से सृजित रोजगार और इसमें हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ग) ग्रिड इंटरएक्टिव ऊर्जा कार्यक्रम की स्थिति का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा कार्यक्रमों/योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की गई केन्द्रीय वित्तीय सहायता/राजसहायता की स्थिति का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (डॉ. फारूख अब्दुल्ला) : दिनांक 29.2.2012 तक 11वीं योजना अवधि के दौरान विभिन्न अक्षय ऊर्जा कार्यक्रमों के तहत सरकार ने केन्द्रीय वित्तीय सहायता/सब्सिडियों के माध्यम से 2941.73 करोड़ रु. की राशि खर्च की है। राज्यवार/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(ख) अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार सृजन को मॉनीटर नहीं किया जाता। तथापि अक्षय ऊर्जा स्रोतों की विकेन्द्रिकृत/वितरित प्रकृति विशेष रूप से पारम्परिक विद्युत के अभाव वाले ग्रामीण और अर्ध-नगरीय क्षेत्रों में स्थानीय रोजगार के अवसरों का सृजन करने हेतु व्यापक संभाव्यता उपलब्ध कराती है। सीआईआई के माध्यम से हाल ही में कराए गए अध्ययन के अनुसार वर्ष 2010 के दौरान इस क्षेत्र से, लगभग 3.5 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होने का अनुमान है।

(ग) दिनांक 29.2.2012 की स्थिति अनुसार देश में कुल 23,379 मेगावाट की ग्रिड-इंटरएक्टिव अक्षय विद्युत उत्पादन क्षमता संस्थापित की गई है जिनका स्रोत-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

(घ) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष अर्थात् 11वीं योजना अवधि के दौरान 29.2.2012 तक देश में विभिन्न अक्षय ऊर्जा कार्यक्रमों/स्कीमों के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई केन्द्रीय वित्तीय सहायता/सब्सिडियों का ब्यौरा उपरोक्त भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित संलग्न विवरण-I में दी गई है।

विवरण-I

विगत तीन वर्षों (2008-09 से 2010-11) और चालू वर्ष 2011-12 (दिनांक 29.02.2012 की स्थिति अनुसार) के दौरान विभिन्न अक्षय ऊर्जा कार्यक्रमों/स्कीमों के तहत उपलब्ध कराई गई राज्यवार केन्द्रीय वित्तीय सहायता/सब्सिडी

(करोड़ रु.)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	18.89	14.22	38.91	29.36
2.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0.02	0.02	0.02	0.02
3.	अरुणाचल प्रदेश	16.41	53.67	68.52	66.61
4.	असम	29.01	23.29	10.51	17.72
5.	बिहार	3.85	3.99	7.75	7.04
6.	चंडीगढ़	0.04	24.12	34.71	44.29
7.	छत्तीसगढ़	15.88	21.51	36.19	39.61
8.	दादरा और नगर हवेली	0.03	0.00	0.00	0.00
9.	दमन और दीव	0.01	0.00	0.02	0.00
10.	दिल्ली	41.31	37.86	148.95	194.15
11.	गोवा	2.02	0.55	0.17	1.39
12.	गुजरात	6.15	12.89	21.19	11.94
13.	हरियाणा	8.10	2.63	5.71	3.75
14.	हिमाचल प्रदेश	16.77	7.21	15.46	16.08
15.	जम्मू और कश्मीर	18.27	10.49	55.80	97.62
16.	झारखंड	10.24	7.40	1.99	17.68
17.	कर्नाटक	22.39	21.74	30.41	36.23
18.	केरल	6.64	4.66	16.10	11.77
19.	मध्य प्रदेश	9.56	19.26	36.28	29.06

1	2	3	4	5	6
20.	महाराष्ट्र	40.72	65.90	142.37	183.04
21.	लक्षद्वीप	0.19	0.00	13.89	8.76
22.	मणिपुर	9.07	2.09	3.43	2.36
23.	मेघालय	2.90	3.19	7.68	5.84
24.	मिजोरम	0.97	1.62	3.54	1.17
25.	नागालैंड	2.89	0.62	1.93	11.25
26.	ओडिशा	6.49	21.63	9.16	31.99
27.	पुदुचेरी	0.13	0.20	0.12	1.7
28.	पंजाब	12.63	9.49	9.95	13.39
29.	राजस्थान	0.69	13.64	42.84	47.33
30.	सिक्किम	8.01	5.41	4.22	10.5
31.	तमिलनाडु	11.91	18.72	29.43	52.46
32.	त्रिपुरा	12.21	11.90	1.99	0.03
33.	उत्तर प्रदेश	11.61	24.20	68.83	67.21
34.	उत्तराखंड	15.66	19.95	39.57	17.21
35.	पश्चिम बंगाल	14.29	36.22	41.11	38.18
	कुल	375.96	500.28	948.75	1116.74

विवरण-II

दिनांक 29.02.2012 की स्थिति अनुसार राज्यवार संचयी ग्रिड इंटरएक्टिव अक्षय विद्युत संस्थापित क्षमता

क्र. सं.	राज्य/संघ शासित क्षेत्र	लघु पनबिजली (मेवा.)	पवन विद्युत (मेवा.)	बायो विद्युत		सौर विद्युत (मेवा.पी.)	कुल क्षमता (मेवा.)
				बायोमास विद्युत (मेवा.)	अपशिष्ट से ऊर्जा (मेवा.)		
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	आंध्र प्रदेश	192.63	213.00	363.25	43.16	15.00	827.04

1	2	3	4	5	6	7	8
2.	अरुणाचल प्रदेश	79.54				0.03	79.57
3.	असम	31.11					31.11
4.	बिहार	61.30		15.50			76.80
5.	छत्तीसगढ़	20.25		249.90		4.00	274.15
6.	गोवा	0.05					0.05
7.	गुजरात	15.60	2707.00	20.50		291.00	3034.10
8.	हरियाणा	70.10		35.80		4.80	110.70
9.	हिमाचल प्रदेश	501.37					501.37
10.	जम्मू और कश्मीर	130.59					130.59
11.	झारखंड	4.05				2.00	6.05
12.	कर्नाटक	901.25	1856.00	441.18	1.00	9.00	3208.43
13.	केरल	143.17	35.00			0.03	178.20
14.	मध्य प्रदेश	86.16	330.00	1.00	3.90	0.10	421.16
15.	महाराष्ट्र	281.33	2607.00	600.20	5.72	20.00	3514.25
16.	मणिपुर	5.45					5.45
17.	मेघालय	31.03					31.03
18.	मिजोरम	36.47					36.47
19.	नागालैंड	28.67					28.67
20.	ओडिशा	64.30		20.00		4.00	88.30
21.	पंजाब	154.50		90.50	9.25	4.32	258.57
22.	राजस्थान	23.85	1856.00	81.30		133.65	2094.80
23.	सिक्किम	52.11					52.11
24.	तमिलनाडु	111.69	6713.00	532.70	5.65	8.05	7371.09
25.	त्रिपुरा	16.01					16.01

1	2	3	4	5	6	7	8
26.	उत्तर प्रदेश	25 10		644.50	5.00	2.38	676.98
27.	उत्तराखंड	170.82		10.00		2.05	182.87
28.	पश्चिम बंगाल	98.40		16.00		1.05	115.45
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	5.25				0.10	5.35
30.	चंडीगढ़						
31.	दादरा और नगर हवेली						
32.	दमन और दीव						
33.	दिल्ली				16.00	2.14	
34.	लक्षद्वीप					0.75	
35.	पुदुचेरी					0 03	
36.	अन्य		4.00			0.81	
	कुल (मेवा.)	3342.15	16321.00	3122.33	89.68	505.28	23380.44

मेवा.—मेगावाट, मेवा.पी.—मेगावाट पीक। 639-45

समेकित बाल संरक्षण योजना

2911. श्रीमती दीपा दासमुंशी :
श्री हमदुल्लाह सईद :

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान समेकित बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस) बनाई है और उसका कार्यान्वयन किया है;

(ख) यदि हां, तो इस योजना की महत्वपूर्ण विशेषताओं का ब्यौरा क्या है और इसकी उपलब्धियां क्या हैं; और

(ग) उक्त योजना अवधि के दौरान राज्य सरकारों को स्वीकृत और उनके द्वारा उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ) : (क) और (ख) जी, हां। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय वर्ष 2009-10 से समेकित बालक संरक्षण स्कीम का क्रियान्वयन कर रहा है। इसके अंतर्गत मुख्य विशेषताएं और मुख्य उपलब्धियां संलग्न विवरण-I में दी गई हैं।

(ग) योजना अवधि के दौरान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को संस्वीकृत निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है। राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को संस्वीकृत और निर्मुक्त की गई निधियों का उपयोग सामान्यत: उनके द्वारा उसी वर्ष के दौरान किया जाता है। तथापि, यदि कोई अव्ययित शेष हो तो उसे बाद के वर्ष हेतु पात्र अनुदान से समायोजित किया जाता है।

विवरण-I

समेकित बाल संरक्षण स्कीम

1. **प्रस्तावना**

उद्देश्य : कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों की खुशहाली बढ़ाने तथा दुर्व्यवहार, उपेक्षा, शोषण, परित्याग और अपने परिवारों से अलग होने के कारणों की स्थिति और कार्य की असुरक्षा कम करने के उद्देश्य से समेकित बाल संरक्षण स्कीम वर्ष 2009-10 में शुरू की गई।

लक्ष्य समूह : आईसीपीएस के क्रियाकलाप निम्नलिखित पर संकेंद्रित हैं:—

- देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बच्चे (जैसा कि किशोर न्याय) (देखरेखा और संरक्षण अधिनियम, 2000 में सूचीबद्ध है)।
- कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चे जिन पर अपराध के आरोप लगाए गए हैं/जिन्होंने अपराध किया है।
- कानून के संपर्क में बच्चे; जो पीड़ित, गवाह या किसी अन्य परिस्थिति के कारण कानून के संपर्क में आए हैं।
- अन्य कोई असुरक्षित बच्चा उदाहरण प्रवासी परिवारों के बच्चे, बेघर बच्चे, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, बाल भिखारी, शोषित/खरीदे या बेचे गए/नशीली दवा के सेवन से प्रभावित बच्चे, कैदियों के बच्चे, वेश्या महिला के बच्चे और एचआईवी/एड्स से प्रभावित/ संक्रमित बच्चे।

मुख्य घटक : आईसीपीएस के अंतर्गत सुदृढ़/शुरू की गई और जिसके लिए वित्तीय सहायता दी जाती है, वे सेवाएं इस प्रकार हैं:

क. संस्थागत सेवाएं : आश्रय गृह, बाल गृह, सुधार गृह, विशेष गृह और विशेष जरूरत वाले बच्चों (विकलांग और एचआईवी/एड्स से प्रभावित बच्चे) के लिए विशेषीकृत सेवाएं।

ख. केंद्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर उपर्युक्त सेवाओं के लिए सेवा प्रदायगी संरचना।

ग. चाइल्डलाइन के द्वारा कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों के लिए आकस्मिक सेवाओं की सुलभता।

घ. शहरी और अर्द्धशहरी क्षेत्रों में जरूरतमंद बच्चों के लिए मुक्त आश्रय।

ङ. प्रायोजन, पालन-पोषण, दत्तक ग्रहण और पश्च-देखरेख कार्यक्रम द्वारा परिवार आधारित गैर-संस्थागत देखरेख।

च. आवश्यकता आधारित/अभिनव उपायों के लिए सामान्य सहायतानुदान।

ज. गुमशुदा बच्चों के लिए वेबसाइट सहित बाल खोज प्रणाली।

2. **कार्यान्वयन की स्थिति — घटक और उपलब्धियां**

वित्तीय वर्ष 2009-10 से इस स्कीम का क्रियान्वयन राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के माध्यम से किया जा रहा है। इस स्कीम के क्रियान्वयन हेतु जम्मू और कश्मीर को छोड़कर सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

इस स्कीम के अंतर्गत 26 मार्च, 2012 तक घटक-वार हासिल की गई मुख्य उपलब्धियां इस प्रकार हैं:

घटक	26 मार्च, 2012 तक संचयी उपलब्धियां
1	2
किशोर न्याय बोर्डों की स्थापना	548 जिलों में स्थापित
बाल कल्याण समितियों की स्थापना	561 जिलों में स्थापित

1	2
राज्य बालक संरक्षण सोसायटी की स्थापना	23 राज्यों में स्थापित
राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसी की स्थापना	18 राज्यों में स्थापित
जिला बालक संरक्षण यूनिटों की स्थापना	438 जिलों में स्थापित
चाइल्ड लाइन सेवा का विस्तार	201 शहरों/जिलों में प्रचालनरत
मुक्त आश्रयों की स्थापना और रखरखाव	100 मुक्त आश्रयों को वित्तीय सहायता दी जा रही है।
विभिन्न प्रकार के गृहों की स्थापना और रखरखाव	815 विभिन्न प्रकार के गृहों को वित्तीय सहायता दी जा रही है।
विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसियों की स्थापना	189 विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसियों को वित्तीय सहायता दी जा रही है।

विवरण-II

समेकित बाल संरक्षण स्कीम के अंतर्गत राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को संस्वीकृत राज्यवार असहायतानुदान

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	संस्वीकृत राशि (रुपये लाख)		
		2009-10	2010-11	2011-12 (26.03.2012 तक)
1	2	3	4	5
1.	आंध्र प्रदेश	504.90	902.54	2038.24
2.	असम	129.92	301.79	—
3.	बिहार	—	604.58	115.22
4.	छत्तीसगढ़	206.13	—	—
5.	गुजरात	269.42	490.54	626.37
6.	हरियाणा	25.89	371.86	—
7.	हिमाचल प्रदेश	—	—	314.47
8.	झारखंड	—	—	420.67
9.	कर्नाटक	203.11	381.67	1385.13
10.	केरल	149.16	320.21	333.33
11.	मध्य प्रदेश	481.62	—	240.31
12.	महाराष्ट्र	—	3730.28	1174.79
13.	मणिपुर	105.42	202.29	216.16
14.	मेघालय	—	102.13	211.25
15.	मिजोरम	—	195.36	—
16.	नागालैंड	190.12	—	942.51
17.	ओडिशा	146.42	545.38	546.98
18.	पंजाब	—	—	574.65
19.	राजस्थान	225.07	332.47	566.55

1	2	3	4	5
20.	सिक्किम	—	—	88.94
21.	तमिलनाडु	193.12	447.65	1276.56
22.	त्रिपुरा	—	221.40	198.38
23.	उत्तर प्रदेश	—	—	2142.25
24.	पश्चिम बंगाल	500.86	186.83	1205.52
25.	चंडीगढ़	—	—	17.96
26.	दिल्ली	—	237.29	341.93
27.	पुदुचेरी	—	107.22	—
	कुल	3390.75	9681.49	14978.17

न्यूनतम समर्थन मूल्य 645-46

2912. श्री खगेन दास : क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जनजातीय कार्य मंत्रालय ने योजना आयोग को वन उत्पादों का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने के लिए कोई प्रस्ताव भेजा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और योजना आयोग की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या मंत्रालय का वन उत्पादों के वास्तविक मूल्य निर्धारण हेतु भारतीय जनजातीय सहकारिता विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) को शामिल करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला) : (क) तथा (ख) डॉ. टी. हक समिति की रिपोर्ट के आधार पर 13 महत्वपूर्ण लघु वन उपज (एमएफपी) के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के निर्धारण के लिए प्रस्ताव योजना आयोग, पर्यावरण और वन मंत्रालय तथा राज्य सरकारों इत्यादि के परामर्श में विचाराधीन है। डॉ. टी. हक समिति की सिफारिशों की जांच करने के लिए सदस्य सचिव, योजना आयोग की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है। इस समिति ने चयनित लघु वन उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य के प्रचालन हेतु कुछ कदम उठाने की सिफारिश की है।

(ग) और (घ) डॉ. टी. हक समिति की सिफारिशों के अनुसार भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लि. (ट्राइफेड) लघु वन उपज के लिए प्रस्तावित केन्द्रीय मूल्य निर्धारण आयोग की प्रौद्योगिकी समर्थन इकाई के रूप में कार्य करेगी। ट्राइफेड तीव्र संग्रह तथा बाजार सूचना के प्रसार के लिए राष्ट्रव्यापी सूचना नेटवर्क भी विकसित भी करेगी।

बैंकों में पदोन्नति 646

2913. श्री पी.टी. थॉमस : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) सहित सरकारी क्षेत्र के बैंकों ने क्षेत्र विकलांगता वाले कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु एक समान नीति अपनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकारी क्षेत्र के बैंकों में दृष्टिबाधित कर्मचारियों की संख्या का राज्य-वार, बैंक-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) पदोन्नति परीक्षा/साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति दिए गए ऐसे कर्मचारियों का राज्य-वार और बैंक-वार ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) भारतीय स्टेट बैंक सहित सरकारी क्षेत्र के सभी बैंकों के लिए पदों/सेवाओं में आरक्षण के उद्देश्य से जिसमें नेत्रहीन व्यक्ति भी शामिल हैं, विकलांग व्यक्तियों की पदोन्नति से संबंधित भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करना आवश्यक है।

(ग) और (घ) सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

[हिन्दी]

647

बैंकों में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना

2914. श्री राधा मोहन सिंह : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) सहित राष्ट्रीयकृत बैंकों के बैंक कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) को अंतिम रूप दे दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त बैंकों के बैंक कर्मचारियों को कब तक उक्त प्रस्ताव (ऑफर) दिए जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) से (ग) भारतीय स्टेट बैंक सहित राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

[अनुवाद]

647-48

आवास ऋण

2915. श्री विलास मुत्तेमवार : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने स्टांप शुल्क, निबंधन शुल्क एवं अन्य शुल्कों को कुल आवास ऋण लागत से हटाने का निर्णय किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस पर बैंकिंग उद्योग की क्या प्रतिक्रिया है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) से (ग) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह सूचित किया है कि बैंकों को एकरूपता बनाए रखने के लिए उनके द्वारा वित्तपोषित आवासीय सम्पत्ति की लागत में स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण और अन्य दस्तावेज संबंधी प्रभार शामिल न करने की सलाह दी गई थी।

यह एक विवेकसम्मत बैंकिंग विनियमन प्रचार है।

इस मामले में कोई भी टिप्पणी/अभ्यावेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

रेटिंग एजेंसियां

648-49

2916. श्री मनोहर तिरकी : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में वर्तमान में कार्यरत रेटिंग एजेंसियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) वास्तविक आधार पर रेटिंग प्रदान करने में असफलता हेतु जबावदेही सहित इन एजेंसियों को प्रदत्त लाइसेंसों में इनके लिए प्रमुख उत्तरदायित्व क्या हैं;

(ग) प्राधिकारियों के आचरण को शासित करने वाले संगत नियमों/दिशानिर्देशों को दर्शाते हुए उनका ब्यौरा क्या है जो रेटिंग एजेंसियों के संचालन पर नजर रखते हैं;

(घ) भारत में रेटिंग एजेंसियों के प्रादुर्भाव के बाद से रेटिंग एजेंसियों द्वारा कंपनियों/वित्तीय लिखतों को दी गई अवास्तविक रेटिंग, यदि कोई हो तो उसके उदाहरण क्या हैं; और

(ङ) संबद्ध मामलों में क्या कार्रवाई की गई है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) वर्तमान में छः क्रेडिट दर निर्धारण सेबी के साथ पंजीकृत हैं, नामतः—

1. क्रिसिल लिमिटेड
2. फिच रेटिंग्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
3. आईसीआरए लिमिटेड
4. क्रेडिट एनालिसिस एंड रिसर्च लिमिटेड (केयर)
5. ब्रिकवर्ड रेटिंग्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
6. एसएमई रेटिंग एजेंसी ऑफ इंडिया लिमिटेड (स्मेरा)

(ख) (i) सेबी (क्रेडिट दर निर्धारण अभिकरण) विनियम, 1999 एक व्यापक आचार संहिता निर्धारित करते हैं, जिसका अनुपालन सभी सेबी पंजीकृत दर निर्धारण अभिकरणों द्वारा किया जाना है। इसमें अन्य बातों के साथ-साथ यह कहा गया है कि क्रेडिट दर निर्धारण अभिकरण

दर-निर्धारण प्रक्रिया में वस्तुनिष्ठता और स्वतंत्रता को प्राप्त करने और उसे बनाए रखने के लिए सदैव सम्यक तत्परता बरतेगा, उचित देखभाल सुनिश्चित करेगा और स्वतंत्र व्यावसायिक निर्णय की कवायद करेगा।

(ii) सेबी ने क्रेडिट दर निर्धारण अभिकरणों के लिए अर्द्ध-वार्षिक आंतरिक लेखापरीक्षा को अनिवार्य बनाया है, जिसमें निवेशक शिकायत निवारण तंत्र और प्रतिभूति कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन सहित सीआरए प्रचालनों और प्रक्रियाविधियों के सभी पहलू शामिल हैं। क्रेडिट दर निर्धारण अभिकरणों के निदेशक मंडल से अपेक्षित है कि वह रिपोर्ट पर विचार करे और कमियों को सुधारने के लिए समुचित उपाय करे और क्रेडिट दर निर्धारण अभिकरण की गई कार्रवाई रिपोर्ट सेबी को भेजें।

(iii) सेबी ने क्रेडिट दर निर्धारिण अभिकरणों के लिए विभिन्न पारदर्शिता और प्रकटन अपेक्षाएं निर्धारित की हैं। ये विभिन्न प्रकटनों यथा दर निर्धारण प्रक्रिया, व्यक्तिक्रम अध्ययन, दर निर्धारण सेवाओं और दर निर्धारण भिन्न सेवाओं से प्राप्त आय, हित टकराव को सुलझाने के लिए उपाय, संरचित उत्पादों के दर निर्धारण के संबंध में दायित्वों, अनचाहे क्रेडिट दर निर्धारण आदि की व्यवस्था करती हैं। सेबी ने दर निर्धारण चिह्नों और परिभाषाओं का मानकीकरण भी किया है जिनका अनुपालन क्रेडिट दर निर्धारण अभिकरणों द्वारा एक समान रूप से किया जाएगा।

(ग) क्रेडिट दर निर्धारण अभिकरण सेबी अधिनियम, 1992 के तहत यथापेक्षितानुसार सेबी द्वारा विनियमित किए जाते हैं।

क्रेडिट दर निर्धारण अभिकरण सेबी (क्रेडिट दर निर्धारण अभिकरण) विनियम, 1999 के प्रावधानों और उनके तहत जारी दिशा-निर्देशों/परिपत्रों द्वारा शामिल हैं।

(घ) उपलब्ध रिकार्डों के अनुसार, ऐसी किसी मामले का कोई साक्ष्य नहीं पाया गया है।

(ङ) उपर्युक्त (घ) के उत्तर के दृष्टिगत प्रश्न नहीं उठता।

सीजीएचएस में सूचीबद्ध अस्पताल (47 ·52

2917. श्री विजय बहुगुणा : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों का ब्यौरा क्या है;

(ख) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) दिल्ली में उन अस्पतालों का ब्यौरा क्या है जिन्हें सूची से हटा दिया गया है एवं इसके क्या कारण हैं;

(ख) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) दिल्ली में उन अस्पतालों का ब्यौरा क्या है जिन्हें सूची से हटा दिया गया है एवं इसके क्या कारण है;

(ग) सीजीएचएस में अग्रमी अस्पतालों को सूचीबद्ध करने के लिए क्या कदम उठाए गए/प्रस्तावित हैं;

(घ) क्या सीजीएचएस केन्द्रों में डॉक्टरों एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी डिस्पेंसरी-वार ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार का विचार सूचीबद्ध अस्पतालों एवं निदान केन्द्रों में वरिष्ठ नागरिकों का उपचार कराने हेतु योजना बनाने का है; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध निजी अस्पतालों की संख्या का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

निजी अस्पतालों की उनके नाम व पतों सहित विस्तृत सूची सीजीएचएस की वेबसाइट *http://mostransparent.nicin/cghanew/index.asp* पर उपलब्ध है।

(ख) उपलब्ध जानकारी के अनुसार, दिल्ली (एनसीआर) के किसी भी अस्पताल की सीजीएचएस की सूची से नहीं हटाया गया है।

(ग) दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अग्रणी अस्पताल पहले ही सीजीएचएस के अधीन सूचीबद्ध हैं। सतत सूचीबद्ध योजना का बार-बार विस्तार किया गया है ताकि सीजीएचएस शहरों और एनसीआर क्षेत्र के सभी विख्यात अस्पताल पैनल में शामिल किए जाने के लिए आवेदन कर सकें।

(घ) जी, हां। सीजीएचएस दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के औषधालयों/केंद्रों में डॉक्टरों की कमी है यद्यपि संविदा के आधार पर डॉक्टरों को नियुक्त करके इस कमी को दूर किया गया है।

(ङ) इस प्रकार सीजीएचएस में औषधालयवार स्वीकृत पद नहीं हैं। डॉक्टरों को औषधालयों में रोगियों की उपस्थिति और इस संबंध में एसआईयू मानदंडों के आधार पर नियुक्त किया गया है। आज तक की स्थिति के अनुसार, सीजीएचएस, दिल्ली और एनसीआर में 665 स्वीकृत पदों में से सामान्य ड्यूटी चिकित्सकों के लगभग 110 पद रिक्त पड़े हुए हैं। आज की स्थिति के अनुसार, विशेषज्ञों के 126 पदों में से 11 पद रिक्त पड़े हुए हैं।

(च) और (छ) वरिष्ठ नागरिक सीजीएचएस कार्ड धारक पेंशनर हैं, उन्हें सीजीएचएस सूचीबद्ध निजी अस्पतालों और नैदानिक केन्द्रों में नकद रहित सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। मंत्रालय में वरिष्ठ नागरिकों के लिए कोई नई योजना विचाराधीन नहीं हैं।

विवरण

सूचीबद्ध निजी अस्पतालों एवं नैदानिक केन्द्रों की सूची

राज्य	शहर	सूचीबद्ध अस्पताल	नैदानिक केंद्र
1	2	3	4
दिल्ली	दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र	108	35
आंध्र प्रदेश	हैदराबाद	52	10
असम	गुवाहाटी	2	5
बिहार	पटना	8	4
गुजरात	अहमदाबाद	8	3
कर्नाटक	बंगलूरू	32	6
झारखंड	रांची	3	शून्य
केरल	त्रिवेन्द्रम	2	1
मध्य प्रदेश	भोपाल	12	2
	जबलपुर	23	9
महाराष्ट्र	मुम्बई	26	7
	नागपुर	28	5
	पुणे	36	4
ओडिशा	भुवनेश्वर	4	शून्य
राजस्थान	जयपुर	25	4
तमिलनाडु	चेन्नई	18	2
उत्तराखंड	देहरादून	5	3
उत्तर प्रदेश	इलाहाबाद	12	3
	कानपुर	28	14
	लखनऊ	18	9
	मेरठ	16	2
पश्चिम बंगाल	कोलकाता	12	5
चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र)	चंडीगढ़	7	5
कुल		485	138

[हिन्दी]

ऋण वसूली कानून

2918. **श्री गणेश सिंह : क्या वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार ऋण की वसूली हेतु अनन्य रूप से कानून बनाने का है; और

(ख) यदि हां, तो प्रस्तावित विधान के उपबंधों का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

[अनुवाद]

बेंच मार्क सर्वेक्षण

2919. श्री सुरेश कलमाडी : क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को वर्ष 2010-11 के लिए जनजातियों का बेंच मार्क सर्वेक्षण कराने हेतु धनराशि जारी करने के लिए महाराष्ट्र राज्य सरकार से कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा तथा वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) इस उद्देश्य के लिए राज्य सरकार को कब तक धनराशि जारी किए जाने की संभावना है?

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

एमडीआर-टीबी संबंधी राष्ट्रीय स्तर के आंकड़े

2920. डॉ. विनय कुमार पाण्डेय : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में बहु औषधि-रोधी तपेदिक (एमडीआर-टीबी) के संबंध में राष्ट्रीय स्तर के आंकड़ों को संग्रह करने के लिए कोई अध्ययन कराया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा एवं निष्कर्ष क्या हैं;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) देश में एमडीआर-टीबी संबंधी राष्ट्रीय स्तर के आंकड़ों के संग्रह के क्रम में अध्ययन के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जाने का विचार है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) और (ख) सरकार ने गुजरात, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश राज्यों में औषधि प्रतिरोधी निगरानी (डीआरएस) अध्ययन शुरू की है। औषधि प्रतिरोधी निगरानी अध्ययनों के अनुसार, नए तथा पुनः उपचार के मामलों में एमडीआर-टीबी का प्रतिशत निम्न में दिया गया है:—

राज्य	नए मामले	पुनः उपचार के मामले
गुजरात	2.4%	17.2%
महाराष्ट्र	2.7%	12.4%
आंध्र प्रदेश	2.1%	12%

(ग) और (घ) एमडीआर-टीबी की जांच और निदान सहित औषधि-प्रतिरोधी क्षय रोग सेवाओं के योजनागत प्रबंधन की सभी राज्यों में शुरूआत की गई है जिसके कारण देश में एमडीआर-टीबी मामलों संबंधी नेमी सूचना के संग्रहण में सुगमता आती है।

अपतटीय पवन ऊर्जा

2921. श्रीमती अन्नू टन्डन :
श्री एम. आनंदन :
श्री ए.के.एस. विजयन :

क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में अपतटीय पवन ऊर्जा उत्पादन की व्यवहार्यता संबंधी राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार अध्ययन कराया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश में ऐसे स्थानों की पहचान की है जहां प्रभावी औष्र किफायती रूप से अपतटीय पवन ऊर्जा उत्पादन संयंत्र लगाए जा सकते हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का विचार इस क्षेत्र में उद्यमियों को परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने का है; और

(च) यदि हां, तो अब तक हुई प्रगति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (डॉ. फारूख अब्दुल्ला) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) जी नहीं। तथापि, सी-वैट के अध्ययनों सहित इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओसियन इंफोर्मेशन सर्विसिस जैसे कुछ संगठनों के पास उपलब्ध डाटा के आरंभिक विश्लेषण बताते हैं कि तमिलनाडु और गुजरात के तटीय क्षेत्र में अपतटीय पवन ऊर्जा संभाव्यता हो सकती है। मंत्रालय द्वारा अपतटीय पवन क्षेत्रों और उनकी संभाव्यता की पहचान करने के लिए विभिन्न एजेंसियों के पास उपलब्ध अपतटीय पवन डाटा का विश्लेषण करने के लिए एक तकनीकी समिति का गठन किया गया है। तथापि, इसे 1-2 वर्षों का पवन गति डाटा मापने के लिए अपतटीय मस्तूल स्थापित करके वैधीकृत करने की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए आवश्यक आधार के प्रकार का मूल्यांकन करने के लिए समुद्र के अधस्थल का विश्लेषण प्रदान की भी आवश्यकता होगी।

(ङ) इस समय ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

सिक्कों की कालाबाजारी

2922. श्री पी. विश्वनाथन : क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गैर-सरकारी समूहों या व्यक्तियों द्वारा सिक्के ढाले जाने के संबंध में कोई रिपोर्ट मंत्रालय को मिली है;

(ख) यदि हां, तो इस मामले में की गयी/प्रस्तावित कार्रवाई क्या है;

(ग) विभिन्न मूल्य वर्गों के सिक्कों की कमी से बचने के लिए मंत्रालय द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या मंत्रालय को सिक्कों की कालाबाजारी संबंधी कोई रिपोर्ट प्राप्त हुई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में की गयी/प्रस्तावित कार्रवाई क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) मंत्रालय को ऐसी कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। तथापि, भारतीय रिजर्व बैंक ने मुम्बई में एक ऐसी घटना की सूचना दी है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा यह मामला पुलिस आयुक्त, मुम्बई को सौंपा गया है।

(ग) जनता को सिक्कों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक 19 स्थानों पर अपने काउंटरों के साथ-साथ विभिन्न बैंक शाखाओं के काउंटरों के माध्यम से सिक्के वितरित करता है। इसके अतिरिक्त, भारतीय रिजर्व बैंक ने चुनिन्दा स्थानों पर सिक्कों के वितरण हेतु मासिक पारिश्रमिक पर डाकघरों की सेवाएं भी ले रखी हैं। बैंकों को सिक्का बिक्री मशीनों की स्थापना हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।

(घ) और (ङ) इस मंत्रालय को ऐसी कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। तथापि, भारतीय रिजर्व बैंक ने सूचित किया है कि पिछले एक वर्ष में उन्हें सात इस बारे में शिकायतें प्राप्त हुई हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने सूचित किया है कि उनके फील्ड कार्यालय ऐसे आरोपों में पूछताछ करके तथा पुलिस प्राधिकारियों से संपर्क करके कार्रवाई करते हैं।

बैंक अनुषंगी इकाईयों का विनियमन

2923. श्री एम. आनंदन : क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय रिजर्व बैंक का विचार वर्तमान विनियमन के अनुसार बैंक की अनुषंगी इकाईयों का विनियमन करने का है क्योंकि बैंकिंग विनियामक केवल बैंक की अनुषंगी इकाइयों की निगरानी कर सकता है, अधीन नहीं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या वित्त मंत्रालय को ऐसी इकाईयों का पर्यवेक्षण करने में आरबीआई को समर्थ करने के लिए आरबीआई अधिनियम संबंधी कानूनों में सुधार करने का कोई प्रस्ताव हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) से (घ) सरकार ने 22 मार्च, 2011 को लोक सभा में बैंकिंग विधि (संशोधन) विधेयक, 2011 पेश किया है। विधेयक में अन्य बातों

के साथ-साथ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को यह शक्ति देने की मांग भी की गई है कि वह (आरबीआई) अपने एक या अधिक अधिकारी/अधिकारियों या कर्मचारी/कर्मचारियों या अन्य व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा किसी बैंकिंग कंपनी के किसी सहयोगी उद्यम का और उसकी खाता बहियों का निरीक्षण करे।

जनजातीय सशक्तीकरण और आजीविका परियोजना

2924. श्री कबीन्द्र पुरकायस्थ : क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में असम सहित जनजातीय बहुल ब्लॉकों में विदेशी सहायता से कार्यान्वित की जा रही जनजातीय सशक्तीकरण और आजीविका परियोजना के क्रियान्वयन की राज्य-वार स्थिति क्या है;

(ख) देश मे असम सहित जनजातीय क्षेत्रों के तेज विकास के लिए प्रारंभ की जाने वाली अन्य ऐसी ही केन्द्रीय वित्तपोषित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान उक्त परियोजना के अंतर्गत राज्य सरकार को मंजूर तथा उनके द्वारा उपयोग की गयी राशि क्या है?

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री महादेव सिंह खंडेला) : (क) और (ग) सूचना एकत्रित की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी।

(ख) जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा कोई समान केन्द्रीय निधिपोषित परियोजना शुरू करना प्रस्तावित नहीं है।

विद्युत क्षेत्र में लोकपाल

2925. श्री अधलराव पाटील शिवाजी :
श्री आनंदराव अडसुल :
श्री गजानन ध. बाबर :

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिजली संबंधी अपीलीय प्राधिकरण ने उपभोक्ता हितों के लिए लोकपाल के रूप में स्वतंत्र व्यक्ति की नियुक्ति करने के लिए सभी राज्य विद्युत विनियामक आयोग को निर्देश दिए है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सभी राज्य सरकारों ने उपभोक्ता हितों के लिए लोकपाल नियुक्त किए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इस संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) जी, हां।

(ख) दिनांक 27.1.2012 के आदेश के माध्यम से 2008 की अपील संख्या 181 में स्वत: संज्ञान कार्यवाहियों में, अपीलीय ट्रिब्यूनल फॉर इलेक्ट्रिसिटी (एपीटीईएल) ने उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए लोकपाल के रूप में एक स्वतंत्र व्यक्ति की नियुक्ति हेतु सभी राज्य विद्युत विनियामक आयोगों (एसईआरसी) को निर्देश दिया है। आदेश का संबंधित सार संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) से (ङ) विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 42(6) के अनुसार, लोकपाल को राज्य विद्युत विनियामक आयोग (एसईआरसी) द्वारा नियुक्त अथवा पदनामित किया जाता है। केन्द्र सरकारर ने दिनांक 3.3.2009 और 8.4.2009 के पत्र के माध्यम से संबंधित राज्यों में लोकपाल की स्थापना के लिए राज्य विद्युत विनियामक आयोगों (एसईआरसी) के साथ भी मामले को उठाया है।

विनियामक फोरक (एफओआर) सचिवालय द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के आधार पर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश के राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों में लोकपालों की नियुक्ति की गई है।

विवरण

पैरा-12 : आरंभ में यह नोटिस किया गया था कि सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में विनियामक आयोगों का भी गठन नहीं किया गया था। हमारे आवधिक अंतरिम निर्देशों के आधार पर, विनियामक फोरम के सचिव ने सभी आयोगों से शीघ्रता से संपर्क किया था और सुनिश्चित किया कि उपभोक्ता शिकायत निपटारा फोरम स्थापित किया गया था और लोकपाल की नियुक्ति की गई थी। तथापि, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश राज्यों में विनियामक आयोगों के गठन में विलंब हुआ था। अत: हमने बिना किसी विलंब के अधिनियम के अंतर्गत दी गई प्रक्रिया के अनुसार अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों की नियुक्ति कर विनियामक आयोग के गठन हेतु सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सचिवों को विशेष निर्देश दिए हैं। ***कुछ सुनवाईयों***

पर हमारे ध्यान में यह लाया गया था कि कुछ राज्यों में, आयोग से संबद्ध निदेशक या अधिकारी को लोकपाल के रूप में पदनामित किया गया है। उन आयोगों को हमने एक पृथक लोकपाल की नियुक्ति का निर्देश दिया है क्योंकि लोकपाल को स्वतंत्र रूप से कार्य करना होता है। कुछ अवसरों पर हमें सिक्किम सरकार के सचिव तथा अरुणाचल प्रदेश सरकार के सचिव को बुलाना पड़ा और उनके अपने-अपने राज्यों में राज्य आयोग के गठन में असफल रहने के संबंध में उनका स्पष्टीकण मांगना पड़ा। उन्होंने निदेशों के अनुपालन के लिए अतिरिक्त समय मांगा। तद्नुसार उन्हें समय दिया गया था। किन्तु फिर भी उक्त आदेशों का समय पर अनुपालन नहीं किया गया है।

पैरा 18: इस पृष्ठपट में, हम सीजीआरएफ और लोकपाल की प्रभावी कार्यशैली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अपने-अपने दायित्वों के प्रति सचेत एवं सतर्क रहने के लिए सभी राज्य/संयुक्त आयोगों और सभी लाइसेंसियों को निर्देश देते समय इन स्वत: संज्ञान कार्यवाहियों को खत्म चाहते हैं, अब हम निम्नलिखित निर्देश जारी करते हैं और हमने अपने पूर्व आदेशों में भी दर्शाए हैं।

(घ) ***लोकपाल एक पृथक निकाय होता है। उसे सभी मामलों का स्वतंत्र रूप से निर्णय करना होता है और उसे राज्य आयोग से स्वतंत्र कार्य करना चाहिए। लोकपाल उपभोक्ताओं तथा अन्यों के मामलों के निपटारे हेतु स्वतंत्र निर्णायक भूमिका निभाता है और इसलिए उसे आयोग में कोई अन्य पद धारित नहीं करना चाहिए।*** तद्नुसार, आयोग तथा विनियामक फोरम के सचिव को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोकपाल के रूप में स्वतंत्र व्यक्ति की नियुक्ति समय पर की जाती है ताकि वह स्वतंत्र रूप से कार्य कर सके जैसा कि दिनांक 11.2.2010 और 15.4.2010 के आदेशों द्वारा पहले ही निर्देशित किया जा चुका है।

659-60

नवीकरणीय ऊर्जा इलेक्ट्रॉनिक प्रोसेसिंग प्रणाली

2926. श्री बाल कुमार पटेल : क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने मंत्रालय के कार्यकरण के लिए वेब आधारित सॉफ्टवेयर अर्थात् नवीकरणीय ऊर्जा नेटवर्क (आर.ई. नेट) स्थापित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने सुविधा प्रबंधन सेवा (एफएमसी) के लिए कोई एजेंसी नियुक्त की है तथा इस उद्देश्य के लिए नवीकरणीय ऊर्जा इलेक्ट्रोनिक प्रोसेसिंग प्रणाली (आरईईपीएस) को शामिल किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या आरईईपीपीएस का समुचित उपयोग मंत्रालय तथा राज्य नोडल एजेंसियों द्वारा किया जा रहा है;

(च) क्या सॉफ्टवेयर आरईनेट ने अपने परिकल्पित उद्देश्य हासिल किए हैं; और

(छ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (डॉ. फारूख अब्दुल्ला) : (क) से (घ) परियोजनाओं और कार्यक्रमों की मॉनीटरिंग और अक्षय ऊर्जा डाटा बेस का सृजन करने हेतु डाटा के ऑन लाइन इलेक्ट्रोनिक फ्लो के लिए भारत सरकार की उस समय की एक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कम्प्यूटर मेंटेनेन्स कॉरपोरेशन (सीएमसी) लिमिटेड को सन् 1999 में अक्षय ऊर्जा नेटवर्क (आरईएनईटी) की स्थापना पर एक परियोजना सौंपी गई थी। सॉफ्टवेयर का विकास, आरईएनईटी का कार्यान्वयन और परीक्षण और ओरेकल सर्वर एडीशन की स्थापना का कार्य सीएमसी द्वारा पूरा किया गया। तद्नुसार आरईएनईटी के प्रबंधन और अक्षय ऊर्जा डाटाबेस के सृजन और 'अक्षय ऊर्जा इलेक्ट्रोनिक प्रोसेसिंग प्रणालियों (आरईईपीएस)' के लिए सुविधा प्रबंधन सेवाओं हेतु सीएमसी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। सीएमसी ने सुविधा प्रबंधन हेतु तकनीकी मानव शक्ति उपलब्ध कराई और साथ ही आरईएनईटी के माध्यम से एजेंसियों से परियोजना प्रस्तावों की ऑनलाइन प्राप्ति का समेकन करने और उनकी इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रोसेसिंग हेतु अक्षय ऊर्जा इलेक्ट्रॉनिक प्रोसेसिंग प्रणाली भी विकसित की। कुछ क्षेत्र परीक्षण भी किए गए।

(ङ) से (छ) जी, नहीं, आरईएनईटी और आरईईपीएस सॉफ्टवेयर वैब समर्थ अनुप्रयोगों हेतु एमएनआरई सर्वर पर विकसित और होस्ट किए गए। उपयोगकर्त्ताओं से इनका प्रयोग करने का अनुरोध किया गया। तथापि सॉफ्टवेयर का मंत्रालय में कभी भी मामलों की प्रोसेसिंग के लिए पूर्णत: उपयोग नहीं किया गया। साथ ही यह पाया गया कि सॉफ्टवेयर की गति अत्यंत धीमी थी और मंत्रालय के कार्य के लिए उपयुक्त बनाने हेतु सॉफ्टवेयर में एक व्यापक सुधार की जरूरत थी। इसके अतिरिक्त, समय के साथ-साथ आईटी और सॉफ्टवेयरों की दक्षता में काफी उन्नति हुई है और यह पाया गया कि नए उपकरणों के साथ आरईएनईटी की अपग्रेडिंग करने में अत्यधिक समय लगेगा और महंगा रहेगा।

मानव अंगों के दान को सरल बनाना

2927. **श्री सी.आर. पाटिल : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार मानव अंगों के दान को सरल करने के लिए केन्द्रीय प्रापण और वितरण संगठन प्रारंभ करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्रीय प्रापण और वितरण संगठन दान किए गए मानव अंगों के रख-रखाव के लिए उत्तरदायी होगा;

(घ) क्या मानव अंगों के प्रत्यारोपण नहीं होने के कारण भारत में प्रति वर्ष मर रहे लाखों लोगों की जिन्दगी बचाने के लिए सरकार द्वारा कदम उठाए गए हैं;

(ङ) क्या सरकार का विचार मानव अंग दान करने वाले व्यक्तियों को निःशुल्क चिकित्सा उपचार तथा चिकित्सीय जांच उपलब्ध कराने का है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (ग) देश में एक राष्ट्रीय अंग प्राप्ति बैंक संगठन, पहले से ही अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में कार्य कर रहा है जिसका प्रयोजन अंगदान को प्रोत्साहित करना, निष्पक्ष तथा समान वितरण और मानव अंगों का इष्टतम उपयोग करना है। इसके अतिरिक्त सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में एक मॉडल अंग अधिप्रापण और वितरण संगठन को भी स्थापित किया जा रहा है ताकि इसे अन्य प्रत्यारोपण केंद्रों के साथ जोड़ा जा सके। उसी परिसर में एक जैव सामग्री केंद्र भी स्थापित किया जा रहा है जो अधिप्रापण, बैंकिंग और मानव उत्तकों के संग्रहण (बैंकिंग) और वितरण के क्षेत्र में सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

(घ) चिकित्सीय प्रयोजकों हेतु मानव अंगों को हटाने के लिए, भंडारण और प्रत्यारोपण करने के लिए एक प्रणाली मुहैया कराने के लिए भारत सरकार ने मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 तथा मानव अंग प्रत्यारोपण (संशोधन) अधिनियम को अधिनियमित किया है। संशोधन अधिनियम, 2011 ने दादा-दादी, पोता-नाती को शामिल करते हुए निकट संबंधियों की गुंजाइश का विस्तार किया है और अधिनियम के अंतर्गत ऊत्तकों को भी शामिल किया गया है। मृत्य व्यक्तियों के अंग दान का प्रोत्साहित करने और इसे सुकर बनाने के लिए इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत अस्पतपालों में प्रत्यारोपण समन्वयकों की नियुक्ति की व्यवस्था संशोधित अधिनियम में दी गई है।

(ङ) और (च) इस प्रकार का कोई प्रस्ताव मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

एनबीएफसी संदेह के घेरे में

2928. **श्री प्रहलाद जोशी : क्या वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान पंजीकृत कुल गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान संदेह के घेरे में रहे एनबीएफसी की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान इन एनबीएफसी से संबंधित कुल गैर-निष्पादनकारी आस्तियों का ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) गत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान पंजीकृत कुल गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) की संख्या का ब्यौरा निम्नानुसार है:—

वर्ष	एनबीएफसी की संख्या
2008-09	82
2009-10	84
2010-11	64
2011-12 (27.03.2012 की स्थिति के अनुसार)	32

(ख) एनबीएफसी द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को सूचित किए गए अनुसार धोखाधड़ी का ब्यौरा निम्नानुसार है:—

वर्ष	सूचित कुल मामले	शामिल राशि (करोड़ रु.)
2009	30	4.96
2010	140	2.19
2011	35	10.21

आरबीआई ने यह सूचित किया है कि धोखाधड़ी कर्मचारियों द्वारा की गई। ये धोखाधड़ी द्वारा नकदी के दुर्विनियोजन, प्राप्तियों में हेराफेरी, खर्च के दावे, जाली ऋण दस्तावेज, दस्तावेज में हेराफेरी, लापरवाही और नकदी की कमी आदि से संबंधित हैं।

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान एनबीएफसी द्वारा सूचित किए गए अनुसार एनपीए के संबंध में ब्यौरा निम्नानुसार है:—

(राशि करोड़ रुपए)

समाप्त वर्ष	सकल एनपीए	कुल अग्रिम	सकल एनपीए अनुपात (%)
मार्च, 2009	11,760	4,17,254	2.80%
मार्च, 2010	12,951	5,00,130	3.10%
मार्च, 2011	10,290	6,21,731	2.46%

टिप्पणी: एनबीएफसी वाले जमा तथा गैर-जमा से संबंधित आंकड़े, जिसमें परिसम्पत्ति का आकार 100 करोड़ रुपए या इससे अधिक का है।

[हिन्दी]

113-64

कर संग्रह

2929. डॉ. मुरली मनोहर जोशी :
श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह :
श्री पी. विश्वनाथन :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अप्रैल, 2011 से फरवरी, 2012 के बीच की अवधि के दौरान देश में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों के अनुमानित संग्रह की तुलना में वास्तविक संग्रह क्या हैं;

(ख) इसमें यदि कोई कमी है, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) उक्त अवधि के दौरान उक्त वृद्धि में सेवा क्षेत्र, सीमा शुल्क तथा उत्पाद शुल्क से संग्रहित करों का अलग-अलग कितना प्रतिशत योगदान है; और

(घ) क्या सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था पर उक्त क्षेत्रों द्वारा किए गए योगदान के प्रभाव का आकलन किया है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) अप्रैल, 2011 से फरवरी, 2012 के बीच की अवधि के दौरान देश के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों के अनुमानित संग्रह की तुलना में वास्तविक संग्रह निम्न प्रकार है:—

प्रत्यक्ष कर

अनुमान 2011-12

(करोड़ रुपए)

बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	संग्रहित राशि (फरवरी, 2012 तक)
532651	500660	368534

अप्रत्यक्ष कर

अनुमान 2011-12

(करोड़ रुपए)

बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	संग्रहित राशि (फरवरी, 2012 तक)
397815.56	398695.59	328915.31

(ख) चूंकि वित्तीय वर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ है, इसलिए अभी इस स्तर पर यह नहीं कहा जा सकता है कि संशोधित अनुमान 2011-12 की तुलना में कोई कमी होगी अथवा नहीं।

(ग) अप्रैल, 2011 से फरवरी, 2012 के दौरान एकत्रित कुल अप्रत्यक्ष करों में सीमा शुल्क, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (राजस्व विभाग द्वारा प्रशासित नहीं किये जा रहे उपकरों को छोड़कर) तथा सेवा कर

का योगदान क्रमशः 135206.19 करोड़ रुपये (41.1%), 116180.01 करोड़ रुपये (35.3%) तथा 77529.11 करोड़ रुपये (23.6%) है।

(घ) वर्ष 2011-12 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद में सेवा क्षेत्र का भाग 59.0 प्रतिशत रहा जबकि कृषि एवं उद्योग का भाग क्रमशः 13.9 प्रतिशत एवं 27.0 प्रतिशत रहा।

665-66

द्वितीयक स्वास्थ्यचर्या प्रणाली का उन्नयन

2930. श्री दानवे रावसाहेब पाटील : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार ग्रामीण अस्पतालों में राज्य स्वास्थ्यचर्या परियोजनाओं के अंतर्गत द्वितीयक स्वास्थ्यचर्या प्रणाली के उन्नयन हेतु विश्व बैंक सहायता का उपयोग करने का है; और

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में अस्पताल परियोजनाओं के लिए सरकार द्वारा प्रदत्त वित्तीय सहायता का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) इस समय विश्व बैंक, राजस्थान, कर्नाटक और तमिलनाडु में राज्य स्वास्थ्य प्रणाली विकास परियोजनाओं का वित्त प्रबंधन कर रही है। कर्नाटक स्वास्थ्य प्रणाली विकास तथा सुधार परियोजनाओं के लिए स्वीकृत ऋण राशि 725.17 करोड़ रुपए (लगभग), राजस्थान स्वास्थ्य प्रणाली विकास परियोजना के लिए 455.06 करोड़ रुपए (लगभग), तमिलनाडु स्वास्थ्य प्रणाली परियोजना के लिए 566.67 करोड़ रुपए (लगभग) और तमिलनाडु स्वास्थ्य प्रणाली परियोजना के लिए अतिरिक्त वित्त-पोषण 598.22 करोड़ रुपए (लगभग) है। इन परियोजनाओं में जिले उप-जिला स्तर पर पूर्व-विद्यमान स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र की क्षमता में वृद्धि करना शामिल है।

666-67

महिलाओं को नाबार्ड द्वारा सहायता

2931. श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में विशेषकर महाराष्ट्र में पिछड़े एवं जनजातीय क्षेत्रों में रह रही महिलाओं को नाबार्ड द्वारा उसके कार्यक्रमों के माध्यम से कितनी सहायता प्रदान की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों तथा चालू वर्ष का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन कार्यक्रमों के अंतर्गत शामिल किए गए जिलों की कुल संख्या कितनी है तथा उक्त अवधि के दौरान कितनी महिलाओं को सहायता प्रदान की गयी है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) से (ग) नाबार्ड वर्ष 2005-06 से जनजातीय विकास निधि (टीडीएफ) के जरिए जनजातीय समुदायों को स्थायी आजीविका उपलब्ध कराने में सहायता प्रदान करता रहा है। पिछले तीन वर्षों तथा मौजूदा वर्ष के दौरान पूरे देश में तथा महाराष्ट्र में टीडीएफ परियोजनाओं में नाबार्ड की सहायता का विवरण निम्नानुसार है:—

वर्ष	संस्वीकृत परियोजनाओं की संख्या (देश में)	संस्वीकृत परियोजनाओं की संख्या (महाराष्ट्र में)	कवर परिवारों की संख्या (देश में)	कवर परिवारों की संख्या (महाराष्ट्र में)	संस्वीकृत नाबार्ड टीडीएफ सहायता (देश में) (करोड़ रु.)	संस्वीकृत नाबार्ड टीडीएफ सहायता (महाराष्ट्र में) (करोड़ रु.)
2008-09	74	2	61924	2150	202.87	4.90
2009-10	79	4	63113	3750	236.19	12.10
2010-11	16	12	15664	12617	62.44	47.25
2011-12 (29.02.2012 तक)	54	4	43737	5225	169.61	20.79
संचयी आरंभ से अर्थात् 2005-06	371	22	294230	23472	1087.20	85.04

महिला विकास टीडीएफ कार्यक्रमों का एक मुख्य घटक है जिसका उद्देश्य जनजातीय महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना तथा उनका सशक्तिकरण करना है। महिला विकास के अंतर्गत मध्यवर्तियों में प्रशिक्षण और क्षमता वर्द्धन के लिए सहायता, जागरुकता एसएचजी संबर्द्धन, आयसृजन कार्यकलाप आदि शामिल हैं।

[अनुवाद] 667-76

ग्रामीण व्यवसाय हब (आरबीएच) स्कीम

2932. श्री सुशील कुमार सिंह : क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा ग्रामीण व्यवसाय हब (आरबीएच) योजना कार्यान्वित की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा तथा दिशा-निदेश क्या हैं एवं इसके क्रियान्वयन के लिए चयनित पंचायतों की संख्या कितनी है;

(ग) पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान इस योजना के अंतर्गत विभिन्न राज्यों में क्रियान्वयन एजेंसियों से प्राप्त प्रस्तावों तथा इसके अंतर्गत राज्यों को आवंटित/जारी की गयी धनराशि तथा व्यय की गई राशि राज्य-वार कितनी है;

(घ) देश के ग्रामीण लोगों के लिए यह योजना किस हद तक लाभदायी है तथा इसमें कितनी सफलता प्राप्त हुई है;

(ङ) क्या सरकार ने इस योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा तथा परिणाम क्या है?

जनजातीय कार्य मंत्री तथा पंचायती राज मंत्री (श्री वी. किशोर चन्द्र देव) : (क) जी, हां।

(ख) ग्रामीण व्यवसाय केन्द्र देश के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक सहभागी विकास मॉडल जिसे कि 4पी अर्थात् पब्लिक प्राइवेट पंचायत पार्टनरशिप के प्लेटफार्म पर तैयार किया गया है। पंचायती राज मंत्रालय ग्रामीण क्षेत्रों में उपलबध कच्चे सामग्रियों/कौशलों का उपयोग कर व्यवसाय को प्रोत्साहन देने हेतु इस केन्द्रीय क्षेत्र की योजना को कार्यान्वित कर रहा है। यह स्कीम ग्रामीण क्षेत्रों के संसाधनों/कौशलों के दोहन एवं उद्योग जगत की तकनीकी/विपणन कौशलों के उपयोग से तीव्र गति से हो रहे आर्थिक विकास के लाभों को प्राप्त करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के सभी समुदायों को लक्षित करता है। इस संपूर्ण प्रक्रिया को सशक्तिकृत पंचायती राज संस्थाओं की मध्यस्थता/उनके द्वारा सुकर बनाने के माध्यम से पूरा किया जाता है। यह स्कीम सभी बीआरजीएफ जिले एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के जिले में अनुप्रयोज्य है। इस स्कीम के तहत, पंचायती राज मंत्रालय व्यवहार्य आरबीएच परियोजना के लिए सांकेतिक वित्तीय सहायता (25 लाख रुपए से अधिक नहीं) प्रदान करता है एवं शेष परियोजना लागत को अन्य केन्द्रीय/राज्य सरकार स्कीमों/वित्तीय संस्थानों/कार्यान्वयक संगठनों इत्यादि के माध्यम से अभिसरित किया जाना है। विस्तृत दिशानिर्देश राष्ट्रीय पंचायत पोर्टल *http://panchayat.gov.in/rbh.* पर उपलब्ध है।

(ग) विगत तीन वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान अनुमोदित प्रस्तावों एवं सूचित व्यय के साथ जारी की गई निधियों के राज्य-वार ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं।

(घ) 11वीं योजना अवधि के दौरान विभिन्न राज्यों में 69 परियोजनाओं को जारी की गई वित्तीय सहायता कुल मिलाकर 6.85 करोड़ रुपए के बराबर रही है। अधिकांशतः कशीदाकारी इकाईयों, सब्जी एवं वर्मी कंपोस्ट उत्पादन, जरी शिल्प, हस्तकरघा बुनाई इत्यादि से संबंधित आय सृजित करने वाली गतिविधियों के लिए निधियां उपलब्ध कराई गई हैं जिससे कि विपणनीय समानों के उत्पादन हेतु स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों एवं कौशलों का उपयोग किया जा सके। कुल मिलाकर इन गतिविधियों से वृहत्तर बाजार तक पहुंच के माध्यम से ग्रामीण कारीगरों/उत्पादकों को लाभकारी रोजगार एवं आय सृजन का अवसर उपलब्ध हुआ है।

(ङ) और (च) जी, हां। पंचायती राज मंत्रालय ने वर्ष 2011 में मैसर्स इंटरप्रिन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टिच्यूट ऑफ इंडिया, अहमदाबाद के माध्यम से कार्यक्रम का मूल्यांकन कराया था। मूल्यांकन के मुख्य निष्कर्ष निम्नलिखित हैं:—

(1) कार्यान्वित परियोजनाओं में से आधी ने अच्छा खासा रोजगार और/या आय का स्रोत उत्पन्न किया है।

(2) व्यवसाय साझेदार को संलग्न करना एवं कुछ हद तक उच्चतर प्रक्रिया/उत्पाद मानकों को लागू करना कार्यनीति के आधार हैं, जिसका अनुपालन कार्यान्वियन एजेंसियों (आईए) ने काफी मात्रा में किया है जबकि पीआरआई के साथ साझीदारी एवं प्रोफेशनल सुविधा प्रदाताओं को संलग्न नहीं करना हमारा ध्यान आकृष्ट करता है। अभिसरण का प्रयास सीमित पैमाने पर किया गया है।

(3) 75 प्रतिशत परियोजनाओं के मामले में व्यवसाय का विकल्प आयुक्त है। 65 प्रतिशत परियोजना के संबंध में आईए के पास चयनित व्यवसाय की पर्याप्त समझ है, यद्यपि उनमें से कुछ ने इस समझ को परियोजना-प्रतिपादन में कार्यरूप नहीं दिया है।

(4) प्रस्तावों का अभाव है। प्रति परियोजना सहायता की राशि मात्र 7 से 8 लाख रुपए है और यह प्रस्ताव प्रस्तुत करने में कई कंपनियों/गैर-सरकारी संगठनों को हतोत्साहित करता है। प्रस्ताव की छान-बीन एवं परियोजना का अनुवीक्षण भी इसे आगे बढ़ने से रोकता है।

(5) इस स्कीम के तहत वित्तीय संसाधन अत्यल्प हैं।

(6) सहायता का फोकस ''महत्वपूर्ण अवसंरचना अंतराल'' है किन्तु अधिकांश परियोजना के अंतर्गत अंतराल अभिचिह्नित नहीं की गई है एवं उन पर ध्यान नहीं दिया गया है।

निष्कर्षों के आधार पर यह निर्णय लिया गया कि 12वीं योजना के पहले वर्ष के उपरांत कार्यक्रम को समाप्त कर दिया जाएगा।

विवरण

अनुमोदित राज्य-वार आरबीएच परियोजनाएं

क्र. सं.	राज्य	परियोजनाओं की संख्या	राशि	आरबीएच की अवस्थिति एवं उत्पाद
1	2	3	4	5
1.	आंध्र प्रदेश	4	8.60	महबूब नगर जिला (मैसर्स स्पैक प्रणाली) ग्रामीण सुविधा रथ
			10.00	मेडक जिला (पएएनआईआईटी) ग्रामीण बीपीओ
			8.50	अनंतपुर जिला (मैसर्स ग्रामीण विकास फोरम) वर्मी कम्पोस्ट
			9.67	अनंतपुर जिला (मैसर्स थाराकरमा ब्राह्मणी महिला मंडल) वर्मी कम्पोस्ट
2.	अरुणाचल प्रदेश	1	8.80	लोअर सुबनसिरि जिला (मैसर्स नाइको सोसायटी) बनाना चिप्स
3.	असम	4	10.00	हेलाकंडी जिला (डी 1 डब्ल्यूएमएल) जटरोफा
			9.32	बारपेटा जिला (मैसर्स धरती) एरकनट लीफ पलेट
			9.06	गोलाघाट जिला (मैसर्स आईआईई) हैंण्डलूमस
			9.84	उत्तरी काचर जिला (मैसर्स उनी डिजास्टर मैनेजमेंट ऑफ रूरल डेवलपमेंट सोसायटी) घरेलू उत्पाद
4.	बिहार	1	4 65	पालीगज, पटना (जीवीपी) इसन्सैल ऑयल
5.	छत्तीसगढ़	9	8.44	खोंडागांव (साथी) बेल मेटल शिल्प
			8 62	सोनाबल हस्तशिल्प उद्योग, बेल धातु शिल्प

1	2	3	4	5
			8.39	खोंडागांव (बस्तर क्रॉफ्ट) काष्ट शिल्प
			8.44	भौंड, (बस्तर क्रॉफ्ट) काष्ट शिल्प
			8.14	कुम्हारपाड़ा (साथी) गढ़ा लोहा
			8.14	खोंडा गांव (आदर्श शिल्प) बेल धातु
			13.60	सरगुजा जिला (जायपुर रग्स फाउंडेशन) हाथ से बुने कालीन
			12.00	राजगढ़ जिला (डी-1 ऑयल) जटरोपा
			13.60	सरगुजा जिला (जयपुर रग्स फाउंडेशन) हाथ से बुने कालीन
6.	हिमाचल प्रदेश	2	16.00	चंबा जिला (आर्करिटी) कंथा हस्त सिलाई उत्पाद
			16.00	सिरमौर जिला (अलार्करिटी) कंथा हस्त सिलाई उत्पाद
7.	हरियाणा	1	14.58	सिरसा जिला (मैसर्स ग्राम स्वराज संस्थान) कढ़ाई
8.	झारखंड	7	10.00	देवघर जिला (डी-1 विलयमसन) जटरोपा
			9.10	देवघर जिला (जयपुर रग्स) हस्त बुनाई कालीन
			9.96	महुआ (लातेहार) (एड) ईमली
			7.74	पलामू (एड) लाख
			14.54	रांची (जीबीटी) विद्युत उत्पाद एवं वितरण
			9.50	रांची (उद्योगनी) लाख
			9.70	रांची (जीबीटी) बांस शिल्प
9.	कर्नाटक	2	16.65	बदर जिला (जेडपी विदर) विदरी शिल्प
			3.41	गुलबर्गा जिला (मैसर्स एमसीएक्स) ग्रामीण सुविधा केन्द्र
10.	केरल	4	10.00	वायनॉड जिला (उरावू) बांस उत्पाद
			6.75	पालक्काड़ जिला (मैसस उद्यमिता विकास संस्थान) केले के चिप्स
			6.75	पालक्काड़ जिला (मैसस उद्यमिता विकास संस्थान) केले के चिप्स
			10.00	वायनॉड जिला (मैसर्स उरावू स्वदेशी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र) अगरबती छडें
11.	मणिपुर	2	9.79	चुराचांदपुर जिला (पैशन फ्रुट ग्रोवर एसोशिएशन) पैशन फ्रुट

1	2	3	4	5
			8.89	थौबल जिला (मैसर्स न्यू इंटीग्रेटेड रूरल मैनेजमेंट एजेंसी) हथकरघा उत्पाद
12.	मेघालय	1	12.39	रि भोई जिला (मैसर्स आईआईई) स्ट्राबेरी
13.	महाराष्ट्र	5	3.41	यवतमाल जिला (एमसीएक्स) ग्रामीण सुविधा केंद्र
			3.41	गोंदिया जिला (मैसर्स एमपीएक्स) ग्रामीण सुविधा केंद्र
			20.00	यवतमाल जिला (मैसर्स पैन आईआईटी) कॉटन यूनिट
			9.03	अहमदनगर जिला (मैसर्स गोविंद ग्रामीण विकास संस्थान) जटरोफा आधारित डीजल निष्कर्षण इकाई
			8.60	यवतमाल जिला (मैसर्स स्पेक सिस्टम) ग्रामीण विकास सुविधा रथ
14.	मध्य प्रदेश	1	8.82	शिवपुर जिला (मैसर्स श्री सर्वपित्र कुलदेवी शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति) हर्बल उत्पाद
15.	ओडिशा	1	9.40	बोलंगीर जिला (मैसर्स ओड्रेस) हस्तकरघा बुनाई
16.	राजस्थान	6	8.81	जैसलमेर, (समृद्धि फॉउंडेशन), जैसलमेरी पुट्टू
			7.00	उदयपुर (सेवा मंदिर), दाल प्रसंस्करण
			9.55	सवाई माधोपुर, टोंक (एक्सेस), मिर्च
			20.00	उदयपुर एवं सवाई माधोपुर (ब्रिज हैल्थकेयर), मधु
			9.50	उदयपुर (उद्योगिनी), टमाटर
			17.00	सवाई माधोपुर (अलाक्रिटी) बीड वर्क
17.	तमिलनाडु	3	3.00	विल्लुपुरम जिला (ऑरोविले फाउंडेशन) कंप्रेसड ईंट
			9.94	नागपट्टिनम (पीएमयू), सेरीकल्चर
			8.45	नागपट्टिनम (पीएमयू), वर्मी कम्पोस्ट
18.	त्रिपुरा	1	10.00	धलाई (डी-1 डब्ल्यू एम), जटरोफा
19.	उत्तराखंड	1	9.50	चमोली जिला (उद्योगिनी), मधु
20.	उत्तर प्रदेश	8	0.86	हरदोई (कलात्मक फॉउंडेशन) हाथ से बुने हुए कशीदाकारी
			8.95	एटा (मायना ग्रामोद्योग), वर्मी कम्पोस्ट

1	2	3	4	5
			9.10	सोनभद्र (जैयपुर रग्स फॉउंडेशन) हाथ से बुने गलीचे
			6.92	महाराज गंज जिला (मैसर्स अचार्यजी महा समिति) वर्मी कम्पोस्ट
			8.50	एटा (अलाक्रीटी), वीड वर्क एवं काशीदारकारी
			9.70	महाराज गंज जिला (मैसर्स अचार्यजी महा समिति) वर्मी कम्पोस्ट
			16.28	रायबरेली जिला (मैसर्स गोपा शिक्षण एवं ग्राम विकास संस्थान) शब्जी एवं वर्मी कम्पोस्ट
			14.73	गोरख पुर जिला (मैसर्स अचार्यजी महा समिति) वर्मी कम्पोस्ट
21.	पश्चिम बंगाल	5	5.67	पुरूलिया (आई-लैंड इनमॉरमेटिक्स) लोक कला फॉर्म
			13.45	दक्षिण 24 परगना (मैसर्स शू सामान्य) हस्त कशीदाकारी उत्पाद
			9.10	दक्षिण 24 परगना (जैयपुर रग्स) हाथ से बुने गलीचे
			12.88	बीरभूम जिला (मैसर्स शू सामान्य) हस्त कशीदाकारी उत्पाद
			14.73	दक्षिण 24 परगना (मैसर्स तातापल्ली मिलानी संघ), टमाटर उत्पाद
	कुल योग	69	685.85	

675-77 फिर जारी

यकृत प्रतिरोपण शल्यक्रिया

2933. श्री एंटो एंटोनी : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में यकृत प्रतिरोपण शल्यक्रिया की जाती है;

(ख) यदि हां, तो राज्य-वार अब तक की गई ऐसी शल्यक्रियाओं की संख्या सहित ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यकृत प्रतिरोपण शल्यक्रिया अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली में की जाती है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या सरकार का विचार अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में यकृत प्रतिरोपण शल्यक्रिया शुरू करने का है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, हां।

(ख) चूंकि स्वास्थ्य राज्य का विषय है इसलिए विभिन्न राज्यों में की जाने वाली यकृत प्रतिरोपण शल्य चिकित्साओं से संबंधित आंकड़े केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखे जाते हैं।

(ग) जी, हां।

(घ) पिछले 4 वर्षों के दौरान एम्स में की यकृत प्रतिरोपण शल्य चिकित्साओं की संख्या इस प्रकार है:—

वर्ष	किए गए यकृत प्रतिरोपण की संख्या
2008	2
2009	2
2010	शून्य
2011	शून्य

(ङ) और (च) ऊपर भाग (ग) और (घ) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठते।

677-78

[अनुवाद]

चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान

2934. श्री अनन्त वेंकटरामी रेड्डी :
डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के विनियामक तंत्र में सुधार लाने हेतु सरकार द्वारा अब तक क्या कदम उठाये गये हैं;

(ख) क्या सरकार का विचार स्वास्थ्य क्षेत्र में राष्ट्रीय मानव संसाधन विकास परिषद् की स्थापना करने का है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) इस प्रस्ताव का क्रियान्वयन किस प्रकार किया जाए जिससे देश में चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान की गुणवत्ता एवं मानकों में सुधार करने में सहायता मिल सके?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) केन्द्रीय सरकार, भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् के परामर्श से भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, 1956 के अधीन बनाए गए विनियमों की समीक्षा करती रहती है और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के सरकार के प्रयासों को आगे बढ़ाने में आवश्यकता आधारित संशोधनों को अधिसूचित करती रहती है।

इसके अलावा, केन्द्रीय सरकार ने भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् (संशोधन) अधिनियम, 2010 के जरिए भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् को दिनांक 15 मई, 2010 को रद्द करते हुए बोर्ड ऑफ गवर्नर्स गठित किया है और अन्य बातों के साथ-साथ बोर्ड को केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना चिकित्सा कॉलेज स्थापित करने, उच्चतर अध्ययन पाठ्यक्रम शुरू करने आदि की अनुमति प्रदान करने के लिए अधिकृत किया गया है।

(ख) से (घ) जी, हां। मंत्रालय दो प्रयोजनों अर्थात् मौजूदा विनियमांक ढांचे में सुधार लाने तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में कुशल जनशक्ति की आपूर्ति बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मानव संसाधन आयोग नामक समग्र विनियमाक निकाय स्थापित करने पर विचार कर रहा है। स्टेकहोल्डरों से परामर्श करने के बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई हेतु मंत्रिमंडल नोट प्रारूप तथा विधेयक को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

प्रस्तावित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मानव संसाधन आयोग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य शिक्षा बोर्ड तथा राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं आकलन समिति भी गठित किया जाएगा जिनका अधिदेश क्रमश: स्वास्थ्य शिक्षा के न्यूनतम मानक निर्धारित करना तथा स्वास्थ्य संबंधी शैक्षणिक संस्थानों के प्रत्यायन की प्रणाली विकसित एवं अनुरक्षित करना है। इसके अतिरिक्त व्यवसाय के विनियमन के लिए एनसीएचआरएच के तहत राष्ट्रीय चिकित्सा और अन्य संबद्ध स्वस्थ्य व्यावसायिकों परिषदों को भी गठित करने का प्रस्ताव है।

दिनांक 22 दिसम्बर, 2011 को राज्य सभा में एनसीएचआरएच बिल (विधेयक) पेश किया गया है, जिसने विधेयक को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागीय संबंधी संसदीय स्थायी समिति को भेज दिया है।

678-79

प्रत्यक्ष करों के संग्रह का आकलन

2935. श्री हरिभाऊ जावले :
श्री पी.के. बिजू :
श्री माणिकराव होडल्या गावित :
श्री अशोक कुमार रावत :
श्री पशुपति नाथ सिंह :
श्री जोस के. मणि :
श्री शिवकुमार उदासी :
श्री अंजन कुमार एम. यादव :
श्री पन्ना लाल पुनिया :
श्री रायापति सांबासिवा राव :
श्री एस. पक्कीरप्पा :
श्री लक्ष्मण टुडु :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या व्यक्ति विशेषों/कम्पनियों पर बकाया करों संबंधी पृथक आंकड़े रखे जाते हैं;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान उन एजेंसियों, व्यक्तियों एवं अन्य विधिक कम्पनियों का ब्यौरा क्या है जिनके पास 10 करोड़ रुपए से अधिक राशि बतौर कर बकाया है; और

(ग) बकाया करों की वसूली में आ रही मुश्किलें क्या हैं तथा प्रत्येक व्यक्ति विशेष/कम्पनी से शीघ्र राशि की वसूली के लिए क्या कदम उठाए गए या प्रस्तावित है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) जी, हां। कंपनियों के लिए 'निगम कर' शीर्ष के अंतर्गत तथा अन्यों के लिए 'आयकर' शीर्ष के अंतर्गत सकल बकाया करों के बारे में आंकड़ा अलग से रखा जाता है।

(ख) गत तीन वर्षों के लिए ऐसे मामलों का ब्यौरा नीचे दिया गया है जहां बकाया मांग 10 करोड़ रुपए से अधिक है:—

(करोड़ रुपए)

वर्ष (की स्थिति के अनुसार)	मामलों की संख्या	निवल बकाया राशि
30.9.2011	1710	265562
30.9.2010	1360	189331
30.9.2009	1112	172117

(ग) बकाया कर देयों की वसूली में प्रमुख कठिनाई यह है कि बकाया मांग का अधिकांश हिस्सा 'कर निर्धारिती जिनका पता नहीं लगाया जा सकता', 'कर निर्धारिती जिनके पास कोई परिसम्पत्ति नहीं है/पर्याप्त परिसम्पत्ति नहीं हैं', विशेष न्यायालय (प्रतिभूतियों में लेन-देन से संबंधित अपराधों का अभियोजन) अधिनियम, 1952 के अंतर्गत अधिसूचित कर निर्धारिती, बीआईएफआर वाले मामले, अपाकरण के अधीन कम्पनी आदि की श्रेणी में आता है।

बकाया कर देयों की वसूली एक सतत प्रक्रिया है तथा बकाया कर मांगों की वसूली के लिए आयकर प्राधिकारियों द्वारा सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

[हिन्दी] 679-90

पंचायती राज अधिनियम में संशोधन

2936. श्री अधीर चौधरी :
श्री हरि मांझी :

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) को शक्तियों के अंतरण की सीमा का आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या हाल ही में पंचायती राज संस्थाओं का कार्यकरण किसी समीक्षा के अधीन कर दिया गया था;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस मामले में क्या अनुवर्ती कार्रवाई की गई है;

(ङ) क्या सरकार का विचार पंचायती राज अधिनियम में संशोधन करने का है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है?

जनजातीय कार्य मंत्री तथा पंचायती राज मंत्री (श्री वी. किशोर चंद्र देव) : (क) से (ग) संविधान का अनुच्छेद 243छ प्रावधान करता है कि राज्य पंचायतों को यथावश्यक ऐसी शक्तियां एवं प्राधिकार प्रदान कर सकता है जो उन्हें स्वसरकार की संस्थाओं के रूप में कार्य करने तथा 11वीं अनुसूची में सूचीबद्ध 29 मामलों सहित आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय के लिए योजनाएं तैयार करने तथा उनके कार्यान्वयन में सक्षम बनाए।

संवैधानिक ढांचे के अंतर्गत 'पंचायतें' एक राज्य विषय है, एवं पंचायतों को शक्तियों के अंतरण की मात्रा में राज्यों में भिन्नता है। प्रमुख राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा पंचायतों को कोषों, कार्यों एवं कार्यकर्त्ताओं (3क) के अंतरण की वर्तमान स्थिति संलग्न विवरण में दी गई है।

पंचायतों को शक्तियों के अंतरण एवं उनके कार्यकरण की समीक्षा पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) द्वारा समय-समय पर पंचायती राज की स्थिति रिपोर्ट (एसओपीआर) के माध्यम के साथ-साथ विभिन्न फोरम द्वारा किया जाता रहा है।

(घ) एमओपीआर पंचायतों को 3क का अंतरण करने के लिए राज्यों ने विभिन्न तरीकों से प्रोत्साहित किया है। एमओपीआर ने पंचायत अधिकारिता एवं जवाबदेही प्रोत्साहन स्कीम (पीईएआईएस) के अंतर्गत एक स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से प्रत्येक वर्ष तैयार किए गए एक अंतरण सूचकांक (डीआई) में उच्च स्थान पाने वाले राज्यों को पुरस्कृत कर पंचायतों को 3क का अंतरण करने हेतु राज्य सरकारों को प्रोत्साहित भी किया है। इसके अतिरिक्त एमओपीआर ने पीईएआईएस के तहत कार्य निष्पादन हेतु पंचायतों को पुरस्कृत किया है तथा अपने स्कीमों अर्थात् राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना (आरजीएसवाई), पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (बीआरजीएफ) और पंचायत महिला एवं युवा शक्ति अभियान (पीएमईवाईएसए) के माध्यम से क्षमता निर्माण के लिए कार्यवाही आरंभ किए है।

(ङ) और (च) चूंकि पंचायत एक राज्य विषय है, इसलिए अपने संदर्भ में आवश्यकतानुसार पंचायती राज अधिनियम में संशोधन करना अलग-अलग राज्यों पर निर्भर करता है।

विवरण

प्रमुख राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के पंचायती राज संस्थानों को कार्य, कोष और कार्यकर्त्ताओं, सहित अंतरित किए गए विभागों/विषयों के अंतरण की स्थिति

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	निम्नलिखित के संदर्भ में पंचायतों को अंतरित किए गए विभागों/विषयों की संख्या और नाम		
		कोष	कार्य	कर्मी
1	2	3	4	5
1.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	अपने कार्यों को निष्पादित करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं को सहायता अनुदान जारी की गई है।	पंचायती राज संस्थाओं को समस्त कार्य (29 विषय) हस्तांतरित कर दिए गए हैं।	पंचायती राज संस्थाओं को विभिन्न विभागों के 639 कार्यकर्त्ताओं का हस्तांतरण कर दिया गया है।
2.	आंध्र प्रदेश	करों की वसूली के लिए केवल ग्राम पंचायतें (जी.पी.) ही अधिकृत हैं। 10 विभागों के कोष अंतरित करने के लिए सरकारी आदेश (जी.ओ.) जारी कर दिए गए हैं।	वर्ष 1997-2002 के दौरान 22 सरकारी आदेश जारी किए गए। 10 लाइन विभागों ने भी कुछ अधिकार (पंचायती राज संस्थाओं) पं.रा.सं. को अंतरित कर दिए हैं।	कर्मी अपने संबंधित लाइन विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में ही रहते हैं किन्तु वे आंशिक रूप से पं.रा.सं. को भी जवाबदेह होते हैं।
3.	अरुणाचल प्रदेश	पं.रा.सं. कर वसूली नहीं करते। विभागों द्वारा कोष का अंतरण नहीं किया गया है।	29 विषय अंतरित कर दिए गए हैं, 20 विभागों संबंधी सरकारी आदेश जारी कर दिए गए हैं किन्तु अभी लागू नहीं हुए हैं।	कर्मी अंतरित नहीं किए गए हैं।
4.	असम	पं.रा.सं. को कर वसूली का अधिकार तो दिया गया है किन्तु वे लागू (इनफोर्स) नहीं कर सकते। राजस्व का मुख्य स्रोत बाजार, नदीतट एवं तालाबों से पट्टा किराया है।	23 विषयों के लिए कार्यकलाप विवरण तैयार कर लिया गया है। किन्तु 6 विभागों द्वारा केवल 7 विषयों के लिए सरकारी आदेश जारी किए गए हैं।	कर्मियों का अंतरण बहुत कम हुआ है। कर्मचारी अभी संबंधित विभाग को ही रिपोर्ट करते हैं।
5.	बिहार	पं.रा.सं. द्वारा कोई कर वसूली नहीं की जाती किन्तु इस प्रकार का एक प्रस्ताव राज्य सरकार के पास विचाराधीन है।	कार्यकलाप विवरण पूरा कर लिया गया है। 20 लाइन विभागों ने सरकारी आदेश जारी कर दिए गए हैं।	विभागीय स्टाफ संबंधित विभाग को ही जवाबदेह है। आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं, शिक्षकों और स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति पं.रा.सं. द्वारा की जाती है।
6.	छत्तीसगढ़	जी.पी. विभिन्न प्रकार के करों की वसूली के लिए प्राधिकृत है। 12 विभागों के लिए कोष अंतरित कर दिए गए हैं।	27 मामलों में कार्यकलाप विवरण तैयार किया जा रहा है। सरकारी आदेश जारी नहीं हुए हैं।	9 विभागों के लिए पंचायतें नियुक्तियां करती हैं।

1	2	3	4	5
7.	गोवा	11 प्रकार के कर पंचायतें लगाती हैं। अबद्ध निधि पंचायतों को दी जाती है।	ग्राम पंचायतों को 18 मामले अंतरित कर दिए गए हैं जबकि 7 जिला पंचायतों को सौंप गए हैं।	काम को अंजाम देने के लिए पं.रा.सं. का अपना स्टाफ है।
8.	गुजरात	8 प्रकार के प्रमुख कर पं.रा.सं. द्वारा वसूल किए जाते हैं। वर्ष 2008-09 में 13 विभागों ने पं.रा.सं. को निधि का आवंटन किया था।	14 कार्य पूर्णत: अंतरित किए जा चुके हैं और 5 अंशत: अंतरित हुए हैं।	14 कार्यों के लिए कर्मियों के अंतरण हेतु सरकारी आदेश जारी हो चुके हैं।
9.	हरियाणा	पंचायत की जमीन की लीज़, मदिरा उपकर और पंचायत भवन के किराए के रूप में ग्राम पंचायतें राजस्व अर्जन करती है।	पंचायती राज अधिनियम 29 कार्यों को अंतरण करता है। 10 विभागों के लिए सरकारी आदेश जारी किए गए हैं।	कर्मियों का कोई खास अंतरण नहीं हुआ है।
10.	हिमाचल प्रदेश	केवल ग्राम पंचायत को ही कर लगाने का अधिकार है। कोष का अंतरण अभी नहीं किया गया है।	29 में से 27 विषय पं.रा.सं. को अंतरित किए जा चुके हैं।	कर्मियों का कोई खास अंतरण पं.रा.सं. को नहीं किया गया है।
11.	जम्मू और कश्मीर	राज्य सरकार ने गतिविधि मानचित्रण को अधिसूचित करते हुए जीओ जारी किया है। निधियों को सीमित मात्रा में अंतरित किया गया है। गतिविधि मानचित्रण दस्तावेज में कर्मियों की पहचान की गयी है जो निर्धारित कार्यों को निष्पादित करने के लिए पंचायतों की सहायता करेंगे परंतु उन्हें हस्तांरित नहीं किया गया है।		
12.	झारखंड	73वां संविधान संशोधन अधिनियम लागू होने के बाद पहली बार नवम्बर-दिसम्बर, 2010 के दौरान पं.रा.सं. के चुनाव करवाए गए थे। अभी तक कार्यकलापों का विवरण तैयार नहीं किया गया है।		
13.	कर्नाटक	पं.रा.सं. 7 प्रकार के करों की वूसली करते हैं। पं.रा.सं. को अबद्ध निधि के अनिवार्य अंतरण का प्रावधान पंचायती राज अधिनियम के तहत किया गया है।	कार्यकलाप विवरण प्रत्यायोजित करके कर्नाटक ने 29 विषय पं.रा.सं. को अंतरित कर दिए हैं।	पंचायतों के सभी कर्मचारी संबंधित विभागों और पं.रा.सं. दोनों के दोहरे नियंत्रण में कार्य करते हैं।
14.	केरल	ग्राम पंचायतों के पास 9 प्रकार के करों संबंधी अधिकार हैं। पं.रा.सं. को विभागों द्वारा अबद्ध निधियां एवं विशेष प्रयोजनार्थ निधियां प्रदान की गई है।	सभी 29 कार्यों संबंधी कार्य-कलाप विवरण तैयार कर दिया गया है और ये कार्यकलाप पंचायतों को सौंप दिए गए हैं।	पंचायती राज संस्थाओं के पास पूरे प्रबंधकीय अधिकार और अंतरित कर्मचारियों के आंशिक अनुशासनिक नियंत्रण का अधिकार है।
15.	मध्य प्रदेश	ग्राम पंचायतों को कर वसूली का अधिकार है। 13 विभागों के अधीन	22 विभागों के संबंध में 25 मामलों के कार्यकलापों का विवरण दर्शाने वाला	13 विभागों के कर्मी पं.रा.सं. को स्थानांतरित किए जा चुके हैं। राज्य

1	2	3	4	5
		होने वाले 19 विषयों के संबंध में कोष का हस्तांतरण पं.रा.सं. को कर दिया गया है।	सरकारी आदेश जारी किया जा चुका है।	पंचायत सेवा अस्तित्व में हैं।
16.	महाराष्ट्र	जिला पंचायतें और ग्राम पंचायतें कर वसूली करती हैं। 11 विभागों के लिए पंचायतों को अनुदान दे दिए गए हैं।	11 विषय पूर्णत: अंतरित कर दिए गए हैं और 18 विषयों की योजनाएं पं.रा.सं. द्वारा चलायी जाती हैं।	सभी स्तरों पर श्रेणी-III और IV के कर्मचारी जिला परिषद् कर्मचारी हैं।
17.	मणिपुर	पंचायती राज संस्थाओं को कोष के अंतरण हेतु 5 विभागों ने सरकारी आदेश जारी कर दिए गए हैं।	22 विभागों के संबंध में कार्यों के अंतरण संबंधी सरकारी आदेश जारी किए जा चुके हैं।	5 विभागों ने पं.रा.सं. को कर्मियों के स्थानांतरण संबंधी सरकारी आदेश जारी कर दिए हैं।
18.	ओडिशा	पं.रा.सं. 6 प्रकार के कर वसूल करते हैं। अबद्ध निधियों के अंतरण संबंधी कोई स्पष्ट स्थिति नहीं है।	11 विभागों ने 21 विषय अंतरित कर दिए हैं।	11 विभागों के कर्मी पं.रा.सं. के प्रति उत्तरदायी हैं।
19.	पंजाब	ग्राम पंचायत की आय का प्रमुख स्रोत पंचायती जमीन की निलामी है। कोषों का अंतरण स्पष्ट नहीं है।	13 विषयों संबंधी 7 मूल विभागों का अंतरण अनुमोदित किया जा चुका है।	लाइन विभागों द्वारा अभी तक पं.रा.सं. को कोई कर्मी स्थानांतरित नहीं किया गया है।
20.	राजस्थान	जिला स्तर तक पं.रा.सं. को कोष के अंतरण हेतु 5 विभागों ने सरकारी आदेश जारी कर दिए हैं और पं.रा.सं. को 10 प्रतिशत अबद्ध निधि का अंतरण किया जाना है।	5 विभागों ने सभी काम जिला स्तर तक पं.रा.सं. को सौंप दिए गए हैं।	5 विभागों ने जिला स्तर तक के सभी कर्मचारी पं.रा.सं. को स्थानांतरित कर दिए हैं।
21.	सिक्किम	पं.रा.सं. कर वसूली नहीं करते। 17 विभागों द्वारा निधियों का अंतरण किया जा रहा है। प्रत्येक विभाग के कुल कोष का 10 प्रतिशत पं.रा.सं. को दिया जाता है। अबद्ध निधि पं. रा.सं. को दिया जाता है।	विधान के अनुसार 29 विषयों अंतरित किए जाते हैं। 16 विभागों के अधीन आने वाले 20 विषयों के लिए कार्यकलाप विवरण तैयार कर लिया गया है।	कर्मचारीगण पं.रा.सं. के नियंत्रणाधीन है लेकिन उन पर पंचायतों का नियंत्रण सीमित है।
22.	तमिलनाडु	केवल ग्राम पंचायतों के पास ही कर लगाने का अधिकार है। राज्य के अपने करों में से 9 प्रतिशत राजस्व	तमिलनाडु सरकार ने 29 विषयां का पर्यवेक्षण और निगरानी का अधिकार पं.रा.सं. को सौंप दिया।	कार्मिकों तथा स्थानांतरण कोई खास नहीं है।

1	2	3	4	5
		स्थानीय निकायों को अंतरित किया जा चुका है जिसमें से 58 प्रतिशत ग्रामीण स्थानीय निकायों को प्राप्त होगा।		
23.	त्रिपुरा	पी.डब्ल्यू.डी. विभाग, प्राथमिक विद्यालयों, समाज कल्याण और सामाजिक शिक्षण विभागों तथा पेंशन संबंधी कोष का कुछ भाग पंचायतों को अंतरित कर दिया गया है। अबद्ध कोष भी पं.रा.सं. को दिए जाते हैं।	अब तक सिंचाई योजना, प्राथमिक विद्यालयों, वयस्क शिक्षा एवं अनौपचारिक शिक्षा, महिला और बाल विकास तथा समाज कल्याण संबंधी विषयों का अंतरण करने के लिए सरकारी आदेश जारी किए जा चके हैं।	जिन 5 विषयों का अंतरण किया जा चुका है उनके कर्मचारी पंचायतों को स्थानांतरित किए जा चुके हैं।
24.	उत्तर प्रदेश	सभी 3 स्तरों पर कर वसूली का अधिकार है।	पं.रा.सं. को 12 विभागों से संबंधित 16 विषयों का अंतरण किया गया है।	पं.रा.सं. का अपने कर्मियों पर कोई नियंत्रण नहीं है।
25.	उत्तराखंड	केवल जिला परिषद् कर वसूली करते हैं। पंचायती राज संस्थाओं को केवल 3 कार्यों के लिए निधियां उपलब्ध कराई जाती है।	14 विषयों पर वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियों का स्थानांतरण पर मास्टर सरकारी आदेश वर्ष 2003 में जारी किए गए हैं।	पं.रा.सं. को 14 विषयों के संबंध में कर्मियों के पर्यवेक्षण की भूमिका अंतरित की गई है।
26.	पश्चिम बंगाल	ग्राम पंचायतें कर लगा अथवा वसूल कर सकते हैं। टी.एफ.सी. अनुदान के साथ-साथ एस.एफ.सी. अनुदान के तहत अबद्ध निधियां आवंटित की गई। 5 विभागों ने अपने बजट में पंचायतों को स्थान दिया है।	राज्य सरकार उन 28 विषयों के अंतरण के लिए सहमत हैं। अब तक 14 विभागों ने 27 विषयों को स्थानांतरित करते हुए सरकारी आदेश जारी किए हैं।	पंचायत कर्मियों को विभिन्न जिला संवर्गों में विभाजित किया गया है। पंचायत निकायों में सृजित पदों के अलावा राज्य सरकार के 7 विभागों ने कर्मियों को अंतरित किया हैं।
27.	दमन और दीव	इसमें उपलब्ध नहीं है।	12 विषयों का अंतरण पूरी तरह एवं 10 विषयों का आंशिक रूप से अंतरण कर दिया गया है।	13 विभागों के कर्मियों का अंतरण पीआरआई को कर दिया गया है।
28.	पुदुचेरी	पंचायतें कर संग्रहित करती है एवं समुदाय विकास क्षेत्र के अंतर्गत राज्य बजट से निधियां प्राप्त करती हैं।	पीआरआई को 22 कार्य अंतरित किए गए हैं।	कर्मियों का अंतरण अब तक नहीं किया गया है।

1	2	3	4	5
29.	लक्षद्वीप		संघ राज्य क्षेत्र से संदर्भित 11वीं अनुसूची के सभी विषयों के तहत स्कीमों को अंतरित कर दिया गया है।	
30.	चंडीगढ़		चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा गठित एक समिति ने 12 विभागों के कुछ कार्यों का हस्तांतरण की सिफारिश की। तथापि राज्य सरकार ने अनुभव किया कि पीआरआई कार्यों की अंतरण की ऐसी प्रक्रिया अंतरिम तौर पर किया जाएगा क्योंकि तीव्र गति से हो रही शहरीकरण के परिणामस्वरूप गांव निकट भविष्य में ही नगर निगम के हिस्से बन जायेंगे।	

नोट: मिजोरम, मेघालय और नागालैंड को छूट प्राप्त है।

दिल्ली में कोई पंचायत नहीं है।

दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में सूचना उपलब्ध नहीं है।

सीबीआई द्वारा काला धन उजागर करना 189-91

2937. श्री बलीराम जाधव :
श्री वीरेन्द्र कश्यप :
चौधरी लाल सिंह :
श्री तारा चन्द भगोरा :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने हाल ही में यह उजागर किया है कि भारतीयों का लगभग 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर अवैध धन सुरक्षित कर पनाहगाहों में विदेश में जमा है;

(ख) यदि हां, तो इसको इस प्रकार उजागर किए जाने का ब्यौरा एवं आधार क्या है;

(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) क्या ग्लोबल फाइनेंशियल इंटेग्रिटी वाशिंगटन के अनुसार भारतीयों द्वारा 1948 से 2008 के बीच 25 लाख करोड़ रुपये का काला धन विदेश में जमा किया गया था; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार ने वाशिंगटन स्थित बैंक से इस संबंध में सूचना प्राप्त करने की दिशा में क्या प्रगति की है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) से (ग) केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, जो एक जांच एजेंसी है, ने भ्रष्टाचार-रोधी एवं सम्पत्ति वसूली पर पहला इंटरपोल ग्लोबल कार्यक्रम आयोजित किया, जिसका मुख्य उद्देश्य अपराध से होने वाली धन प्राप्तियों का पता लगाना था। निदेशक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो के भाषण का तात्पर्य, विदेश में जमा अपराध से होने वाली धन प्राप्तियों की वसूली में कठिनाई को उजागर करना था। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो के निदेशक ने स्पष्ट किया है कि जहां तक गैर-कानूनी धनराशि का संबंध है, लगभग 500 बिलियन डॉलर की गैर-कानूनी धनराशि का अनुमान 4 जुलाई, 2011 को सर्वोच्च न्यायालय में मामले की रिपोर्टिंग के संदर्भ में था, जहां सर्वोच्च न्यायालय ने अन्य बातों के साथ-साथ टिप्पणी की थी कि "स्वयं भारत सरकार द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट एवं विश्लेषण हैं, जो विशाल स्तरों पर ऐसी बेहिसाब धनराशि को दर्शाते हैं।"

निदेशक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने आगे स्पष्ट किया है कि रियूटर्स ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय की कार्यवाहियों पर अपनी रिपोर्ट में

तब बताया था कि एक सरकारी पैनल ने वर्ष 2009 में 500 बिलियन डॉलर से 1.4 ट्रिलियन डॉलर के बीच में ऐसी गैर-कानूनी निधियों का पता लगाया तथा उन्होंने अपने भाषण में मूल आंकड़े को लिया था क्योंकि इसका अर्थ समस्या को दर्शाना था। तथापि, इस संबंध में यह स्वीकार किया जाता है कि विदेशी बैंकों में जमा भारतीय धन की प्रामाणिक अनुमानित मात्रा उपलब्ध नहीं है।

सरकार ने वित्तीय स्थायी समिति की सिफारिशों के आधार पर देश के अंदर तथा बाहर परिकलित न की गई आय/संपत्ति की मात्रा का अनुमान लगाने और राष्ट्रीय सुरक्षा पर इसके प्रभाव का अनुमान लगाने के लिए एक अध्ययन की शुरुआत की है। यह अध्ययन तीन सरकारी संस्थानों नामत: राष्ट्रीय लोक वित्त तथा नीति संस्थान (एनआईपीएफपी), राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एनआईएफएम) तथा राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद् (एनसीएईआर) द्वारा अलग-अलग किया जा रहा है। इस अध्ययन के 18 माह की अवधि में अर्थात् सितंबर, 2012 तक पूरा हो जाने की संभावना है।

(घ) और (ङ) ग्लोबल फाइनेंशियल इंटेग्रिटी, वाशिंगटन ने "द ड्राइवर्स एंड डायनामिक्स ऑफ इल्लिसिट फाइनेंशियल फ्लोज फ्रोम इंडिया: 1948-2008" शीर्षक के अंतर्गत एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस अध्ययन से अनुमान लगाया गया कि 1948 तथा 2008 के बीच 61 वर्ष के दौरान 213.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल राशि भारत के बाहर स्थानांतरित की गई थी। सरकार ने वाशिंगटन में बैंकों से इस संबंध में किसी सूचना की मांग नहीं की है।

[अनुवाद]

देवास मल्टी मीडिया

2938. श्री नीरज शेखर :
श्री यशवीर सिंह :
श्री महेश्वर हजारी :
श्रीमती सीमा उपाध्याय :
श्रीमती सुशीला सरोज :
श्री प्रदीप कुमार सिंह :
श्रीमती उषा वर्मा :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ऐसी जानकारी मिली है कि देवास मल्टी मीडिया ने उच्च प्रीमियम पर अपनी इक्विटी बेची है तथा यह शेयरहोल्डिंग पैटर्न में परिवर्तन सहित अन्य अनियमितताओं में संलिप्त रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस संबंध में कोई आंच की जा रही है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) से (घ) अपेक्षित सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा के पटल पर रख दी जाएगी।

[हिन्दी]

डॉक्टरों को सुप्रतिष्ठा संबंधी प्रमाणपत्र

2939. श्री आर. ध्रुवनारायण :
श्री अनन्त वेंकटरामी रेड्डी :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश से बाहर किसी पाठ्यक्रम या रोजगार में प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले भारतीय डॉक्टरों को भारतीय चिकित्सा परिषद् (एमसीआई) से सुप्रतिष्ठा संबंधी प्रमाणपत्र लेना होता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत दो वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान और आज तक कितने डॉक्टरों ने एमसीआई से इस प्रकार के प्रमाणपत्र की मांग की और ऐसे कितने प्रमाणपत्र जारी किए गए;

(घ) क्या सरकार ने इन डॉक्टरों का प्रतिभा-पलायन रोकने और उनकी कमी को पूरा करने के लिहाज से विदेशस्थ भारतीय चिकित्सा पेशेवरों को देश में वापस बुलाने हेतु कोई व्यापक योजना बनाई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) जी, हां। उम्मीदवार के अनुरोध पर किसी पाठ्यक्रम या रोजगार में आवेदन करने वाले डाक्टरों को भारतीय चिकित्सा परिषद् से सुप्रतिष्ठा प्रमाणपत्र जारी किया जाता है।

(ग) एमसीआई द्वारा उपलब्ध कराई सूचना के अनुसार पिछले प्रत्येक दो वर्षों से लेकर अब दिए गए सुप्रतिष्ठा प्रमाणपत्र की संख्या नीचे दी गई है:—

वर्ष	प्राप्त आवेदन	जारी किए गए सुप्रतिष्ठा प्रमाणपत्रों की संख्या
1.4.2010-31.3.2011	1157	1157
1.4.2011-27.3.2012	1318	1318
कुल	2475	2475

(घ) और (ङ) सरकारी क्षेत्र में कार्यरत डॉक्टरों के संबंध में प्रतिभा पलायन को रोकने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा निम्नलिखित कदम उठाये गये हैं:—

(i) 6वें केन्द्रीय वेतन आयोग के लागू होने के बाद से डॉक्टरों के वेतन एवं भत्तों में काफी बढ़ोतरी की गई है।

(ii) चिकित्सा संस्थानों के संकाय की अधिवर्षिता की उम्र को बढ़ाकर 65 वर्ष कर दिया गया है।

(iii) केन्द्रीय सरकारी संस्थानों के संकाय के लिए एस्योर्ड प्रमोशन स्कीम को संशोधित किया गया है।

(iv) संकाय के लिए उपलब्ध विभिन्न भत्तों जैसे नॉन-प्रैक्टिसिंग एलाउंसेज, वाहन भत्ता, अध्ययन संसाधन भत्ते आदि में काफी बढ़ोतरी की गई है।

603-95

एम्स जैसे संस्थान

2940. श्री कमल किशोर 'कमांडो' :
श्री यशवीर सिंह :
श्री संजय निरूपम :
श्री मधुसूदन यादव :
योगी आदित्यनाथ :
श्री प्रेमदास :
श्री एम.के. राघवन :
श्री एंटो एंटोनी :
श्री तथागत सत्पथी :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार देश के विभिन्न भागों में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जैसी 12 संस्थाएं खोले जाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके लिए कौन-कौन से स्थान चिह्नित किये गये हैं तथा इस उद्देश्य हेतु कितना अनुदान जारी किया गया;

(ग) क्या एम्स जैसे नये संस्थानों हेतु उपकरणों की खरीद, संकाय सदस्य भर्ती करने आदि के लिये कदम उठाये गए हैं तथा इस पर कितना व्यय आने का अनुमान है; और

(घ) उक्त संस्थाओं की स्थापना कब तक किये जाने की संभावना है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) भारत सरकार ने प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत आठ एम्स सरीखे आठ संस्थानों की स्थापना करने का निर्णय लिया है। उनके ब्यौरे निम्नानुसार हैं:—

क्र. सं.	राज्य	स्थल का नाम	निर्मुक्त निधियां
1	2	3	4
पीएमएसएसवाई का प्रथम चरण			
1.	मध्य प्रदेश	भोपाल	201.33
2.	ओडिशा	भुवनेश्वर	151.14
3.	राजस्थान	जोधपुर	200.89
4.	बिहार	पटना	277.17
5.	छत्तीसगढ़	रायपुर	189.21
6.	उत्तराखंड	ऋषिकेश	233.18

1	2	3	4
पीएमएसएसवाई का दूसरा चरण			
7.	उत्तर प्रदेश	रायबरेली	
8.	पश्चिम बंगाल	रायगंज, उत्तरी दिनाजपुर	

(ग) जी, हां। एम्स सरीखे प्रत्येक संस्थान हेतु चिकित्सीय उपकरणों के अधिप्रापण के लिए 200 करोड़ रुपए की राशि परिकल्पित की गई है। संकाय की भर्ती, प्रशासनिक व्यय, परामर्शन इत्यादि के लिए आवर्ती व्यय हेतु वार्षिक योजना 2012-13 के लिए 120 करोड़ रुपये के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है।

(घ) एम्स सरीखे सभी छह संस्थानों के मेडिकल कॉलेजों को 2012-13 के शैक्षणिक सत्र से और अस्पतालों को 2013-14 तक कार्यात्मक बनाए जाने की संभावना है।

695-96

आयकर छापे से संबंधित सूचना लीक होना

2941. श्री विश्व मोहन कुमार :
श्री रुद्रमाधव राय :
श्री माणिकराव होडल्या गावित :
श्री डी.बी. चन्द्रे गौडा :
श्री राधा मोहन सिंह :
कैप्टन जयनारायण प्रसाद निषाद :
श्री सुशील कुमार सिंह :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत एक वर्ष के दौरान आयकर विभाग द्वारा डाले गए आयकर छापे का ब्यौरा क्या है तथा इससे क्षेत्र-वार कितनी अलेखित सम्पत्ति, नकदी एवं आभूषण जब्त किया गया; और

(ख) क्या इन छापों से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचना लीक हो गई है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) वर्तमान वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान समय दृष्ट्या नगद तथा आभूषणों सहित 828.91 करोड़ रुपए के मूल्य की अलेखित सम्पत्ति को जब्त किया गया। क्षेत्र-वार विवरण नहीं रखा जाता है।

(ख) जी, नहीं।

[अनुवाद]

696-97

कुपोषण के कारण बच्चों की मौत

2942. श्री समीर भुजबल :
श्री महेश्वर हजारी :
श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी :
श्री सी. राजेन्द्रन :
श्री एस.एस. रामासुब्बू :
शेख सैदुल हक :
श्री पूर्णमासी राम :
श्रीमती सुशीला सरोज :
श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो :
श्री वीरेन्द्र कुमार :
श्रीमती ऊषा वर्मा :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में कुपोषण के कारण होने वाली मौतों की संख्या बढ़ रही है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास देश में बच्चों के कुपोषण की घटनाओं को रोकने हेतु कोई तन्त्र तैयार किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा देश में कुपोषण के कारण होने वाली मौतों को रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये/उठाये जाने का विचार है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) जी, नहीं। बच्चों में कुपोषण मौत का प्रत्यक्ष कारण नहीं है वरन् यह रुग्णता और मृत्यु का एक अन्तर्निहित कारण है क्योंकि इससे संक्रमण से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है।

(ख) देश में बच्चों के कुपोषण के कारण हुई मौतों की संख्या से संबंधित आंकड़े नहीं रखे जाते हैं क्योंकि यह मौत का प्रत्यक्ष कारण नहीं है।

(ग) जी, हां।

(घ) राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के प्रजनन व बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत निम्नलिखित कदम उठाए जा रहे हैं और निम्नलिखित क्रियाकलापों को कार्यान्वित करने के लिए प्रत्येक वर्ष निधियां प्रदान की जाती हैं:—

- शिशु एवं छोटे बच्चों के लिए उपयुक्त आहार पद्धतियों को प्रोत्साहित करना।
- पोषण पुनर्वास केन्द्रों के रूप में जाने जाने वाले विशेष एककों में गंभीर कुपोषण का उपचार।
- इस समय देश भर में ऐसे 558 केन्द्र कार्यरत हैं।
- विटामिन ए और आयरन एवं फोलिक एसिड की सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को रोकने तथा उनसे निपटने के लिए विशिष्ट कार्यक्रम। 5 वर्षों की आयु तक बच्चों के लिए विटामिन ए संपूरण और 6 माह से 60 माह की आयु तक बच्चों के लिए आयरन और फोलिक एसिड संपूरण।
- आईएमएनसीआई प्रशिक्षण (एकीकृत नवजात एवं बाल्यावस्था रोग प्रबंधन में) प्रशिक्षण सेवा प्रदाताओं द्वारा सामुदायिक एवं सुविधा केन्द्र में कुपोषण और सामान्य नवजात और बाल्यावस्था रोगों का प्रबंधन।
- राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण कार्यक्रम के जरिए संपूरण।
- ग्राम स्वास्थ्य तथा पोषण दिवस तथा माता और बाल संरक्षण कार्ड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की संयुक्त पहल है जो बच्चों एवं गर्भवती तथा स्तनपान कराने वाली माताओं की निगरनी तथा उनकी पोषण समस्याओं को दूर करने का एक अवसर उपलब्ध कराती है।

पूर्णतः औषधि प्रतिरोधी तपेदिक

2943. डॉ. ज्योति मिर्धा :
श्री वी. अरुण कुमार :
श्री पी. कुमार :
श्रीमती श्रुति चौधरी :
श्री सी. शिवासामी :
श्री प्रताप सिंह बाजवा :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने देश में उजागर हो रहे पूर्णतः औषधि प्रतिरोधी तपेदिक (टीडीआर-टीबी) तथा इस मुद्दे से निपटने में सरकार की निष्क्रियता पर चिन्ता व्यक्त की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार महाराष्ट्र सहित देश में हाल ही में उजागर हुए टीडीआर-टीबी के मामलों की संख्या कितनी है;

(ग) टीडीआर-टीबी के नये मामले पैदा होने के क्या कारण हैं तथा पूरे देश में टीडीआर-टीबी को नियंत्रित करने हेतु सरकार द्वारा क्या कार्ययोजना तैयार की गई है;

(घ) क्या सरकार का विचार इसमें कमी को दूर करने हेतु मौजूदा राष्ट्रीय तपेदिक नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) का पुनर्गठन करने का है जिससे टीडीआर-टीबी मामलों से निपटा जा सके; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सेकेंड लाइन की तपेदिकरोधी औषधियों की जांच करने हेतु प्रत्यायित प्रयोगशालाओं की स्थापना करने तथा टीबी के नियमित इलाज हेतु जन जागरूकता अभियान शुरू कने हेतु सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई/किये जाने का विचार है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) से (ङ) जी, नहीं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की शब्दावली में पूर्णतया औषधि-प्रतिरोधी क्षय रोग (टीडीआर-टीबी) "शब्द" मौजूद नहीं है। देश में व्यापक रूप में औषधि-रोधी (एक्स डीआर-टीबी) के छिटपुट मामलों की सूचना मिली है। हाल ही में मुंबई में एक्सडीआर-टीबी के 12 मामलों की सूचना मिली थी।

भारत सरकार ने 2007 में औषधि-प्रतिरोधी क्षयरोग के मामलों के निदान और प्रबंधन की शुरुआत की है। एक्सडीआर-टीबी सहित औषधि प्रतिरोधी क्षय रोग के सभी प्रकारों के लिए निदान एवं उपचार नयाचारों का विकास, प्रसार एवं उपचाराधीन देश में जारी किया गया

है। औषधि-प्रतिरोधी क्षय रोग के मामलों का पता लगाने के लिए 37 प्रत्यायित गुणवत्ता-आश्वस्त कल्चर एवं औषध प्रवणता जांच प्रयोगशालाओं और ऐसे क्षय रोगियों के उपचारात्मक एवं निगरानी हेतु वायु जनित संक्रमण नियंत्रण उपायों सहित 50 विशेषीकृत वार्डों को देश में कार्यात्मक बनाया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत पंजीकृत औषधि-प्रतिरोधी क्षय रोग के सभी पुष्ट रोगियों को औषधि-प्रतिरोधी क्षयरोग के सभी पुष्ट रोगियों को औषधि-प्रतिरोधी क्षय रोग के उपचार के लिए गुणावत्तापरक निदान एवं औषधियां निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।

सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने देश के 260 जिलों में परिवर्तनशील पहुंच वाली सेवायें शुरू की हैं। संशोधित राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम (आरएनटीसीपी) के अंतर्गत देश में संचित कुल 6994 औषधि प्रतिरोधी क्षय रोगियों का उपचार शुरू किया गया है। मंत्रालय देश में इन सेवाओं की निरंतर मॉनीटरिंग कर रहा है।

भारत सरकार ने औषधि-प्रतिरोधी क्षय रोग घटित होने से रोकने के लिए आरएनटीसीपी के अंतर्गत औषधि-संवेदी क्षय रोगियों के शीघ्र निदान और पूरे उपचार पर बल दिया है। कार्यक्रम में जन-जागरूकता अभियान शामिल हैं और उन्हें राष्ट्रीय, राज्यों और जिला स्तर पर सतत आधार पर चलाया जाता है।

एन्टीबायोटिक प्रतिरोधी निगरानी

2944. श्री ई.जी. सुगावनम :
श्री अरुण कुमार वुंडावल्ली :
श्री पन्ना लाल पुनिया :
श्री एल. राजगोपाल :
श्री खगेन दास :
श्री पी. कुमार :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर एन्टीबायोटिक प्रतिरोधी निगरानी का तंत्र विकसित किया है/करने का प्रस्ताव है;

(ख) क्या अनेक लोग मेथीसिलिन प्रतिरोधी स्टैफीलोकोकस ओरियस (एमआरएसए) और नई दिल्ली मेटालो-बीटा-लेक्टामेस 1 (एनडीएम-1) से पीड़ित हैं, जो देश में लगभग सभी एन्टीबायोटिक्स के प्रतिरोधी हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) सरकार ने देश में एमआरएसए और एनडीएम-1 जैसे औषध प्रतिरोधी बैक्टीरिया से निजात पाने के लिए क्या कदम उठाए हैं/उठाने का प्रस्ताव है; और

(ङ) देश में एन्टीबायोटिक्स के अंधाधुंध उपयोग को रोकने, उनकी बिक्री विनियमित करने और नए एन्टीबायोटिक्स/एन्टीमाइक्रोबायल्ज विकसित करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं/किए जाने हेतु प्रस्तावित हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (ङ) देश में माइक्रोवायलरोधी प्रतिरोध की निगरानी की कोई नियमित पद्धति नहीं है। मैथीसिलीन प्रतिरोधी स्टैफीलोकोकस ओरियस (एमआरएसए) और नई मेटालो-बीटी लैक्टामेस-1 (एनडीएम-1) मुख्य रूप से अस्पताल के संक्रमण से जुड़े हुए हैं। एंटिबायोटिक्स का युक्तिसंगत इस्तेमाल और उत्कृष्ट संक्रमण नियंत्रण पद्धतियां एमआरएसए से और एनडीएम-1 सहित माइक्रोवायलरोधी प्रतिरोध के विकसित होने को नियंत्रित कर सकते हैं। भारत में एमआरएसए एंड एमडीएम-1 पर कोई देशव्यापी प्रणालीबद्ध सूचना नहीं है।

भारत में माइक्रोवायलरोधी प्रतिरोध के नियंत्रण के लिए माइक्रकोवायलरोधी के अविवेकपूर्ण इस्तेमाल, एंटिबायोटिक्स की बिक्री के विनियमन, माइक्रोवायलरोधी प्रतिरोध के बारे में जागरूकता आदि जैसे मुद्दों पर ध्यान देने के लिए एक व्यापक नीति तैयार की गई है और परिचालित की गई है तथा यह मंत्रालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

समेकित बाल विकास सेवा योजना का पुनर्गठन

2945. श्री रघुवीर सिंह मीणा :
श्री आनंदराव अडसुल :
श्री जी.एम. आरुन रशीद :
श्री गजानन ध. बाबर :
श्री धर्मेन्द्र यादव :
श्री अधलराव पाटील शिवाजी :
श्री बलीराम जाधव :

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) योजना 0-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के बीच कुपोषण की समस्या पर ध्यान देने में असफल रही है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार बारहवीं पंचवर्षीय योजना में आईसीडीएस योजना का पुनर्गठन करने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त योजना हेतु उक्त स्कीम के अधीन कितनी निधियां निर्धारित की गईं; और

(ङ) बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इस स्कीम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये/उठाये जा रहे हैं?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ) : (क) और (ख) कुपोषण एक जटिल, बहुआयामी और पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाली समस्या है। इसका समाधान खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल, पोषण, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और गरीबी उन्मूलन एवं आयोत्पादन के क्षेत्रों में संकेन्दित और समन्वित उपायों द्वारा करने की आवश्यकता है। इसके अलावा बालिकाओं का जल्द विवाह, किशोर अवस्था में गर्भधारण करना, कम क्रय शक्ति शिशुओं और छोटे बच्चों की पोषाहारीय आवश्यकताओं की जानकारी का अभाव के कारण भी बच्चों में कुपोषण बढ़ता है।

चूंकि कुपोषण के बहुत से कारण हैं। अत: इसका समाधान केवल एक ही क्षेत्र की स्कीम या उपाय से नहीं किया जा सकता है। इसके लिए बहु-क्षेत्रीय, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष उपायों की आवश्यकता है। विभिन्न मंत्रालयों की विभिन्न स्कीमों/कार्यक्रमों में सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही एक स्कीम समेकित बाल विकास सेवा स्कीम है।

आईसीडीएस मुख्यरूप से बाल विकास स्कीम है। यह केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम है। इसके अंतर्गत 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों और गर्भवती तथा धात्री माताओं को 6 सेवाओं का पैकेज प्रदान किया जाता है, उनमें पूरक पोषण भी एक है। यह पूर्णरूपेण पोषण कार्यक्रम नहीं है। पूरक पोषण की सेवा अनुशंसित आहार की मात्रा और वास्तव में लिए जाने वाले आहार की मात्रा की कमी पूरी करने के लिए है।

समेकित बाल विकास सेवा स्कीम में लाभार्थी अपने आप धीरे-धीरे शामिल होते जाते हैं। यह स्कीम 6 वर्ष से कम आयु की सभी बच्चों और गर्भवती तथा धात्री माताओं के लिए खुली है। दिनांक 31.12.2011 तक की स्थिति के अनुसार आईसीडीएस के अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण का लाभ लेने हेतु 786.30 लाख बच्चों और 181.10 लाख गर्भवती और धात्री माताओं का पंजीकरण किया गया है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार तीन वर्ष के कम आयु के 42.7% बच्चे 1998-99 (एनएफएचएस-2) में अल्पवजनी थे, जो घटकर 2005-06 (एनएफएचएस-3) में 40.4% रह गए हैं।

इसके अतिरिक्त सरकार ने कुपोषण की समस्या को प्राथमिकता दी है और राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों के माध्यम से विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की अनेक स्कीमों/कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कर रही है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बच्चों की पोषाहारीय स्थिति को प्रभावित करते हैं। अनेक स्कीमें अर्थात् समेकित बात विकास सेवा स्कीम, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, मध्याह्न भोजन स्कीम, स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना का हाल के वर्षों में विस्तार किया गया है ताकि इनका प्रसार बढ़ाया जा सके और लोगों को उन्नत सेवाएं दी जा सकें। उनसे बच्चों की पोषाहारीय स्थिति में सुधार होगा।

(ग) से (ङ) अपर्याप्त अवसंरचना और सुविधाएं, तीन वर्ष से कम आयु और बाल्यावस्था शिक्षा पर कम ध्यान, कार्यक्रमों/स्कीमों का उचित संकेन्द्रण न होना पूरक पोषण परियोजना और मूल्य सूचीकरण का प्रबंधन, सर्वसुलभीकरण धीमी गति, स्वास्थ्य, पानी और स्वच्छता आदि के साथ समन्वयन और संकेन्द्रण जैसी विभिन्न कार्यक्रमगत, प्रशासनिक और प्रचालनात्मक चुनौतियों का समाधान करने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ (क) गर्भवती और धात्री माताओं एवं तीन वर्ष से कम आयु के बच्चों पर विशेष ध्यान (ख) विशेषकर जिला और ग्राम स्तरों पर राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन और सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के साथ सुदृढ़ संस्थागत संकेन्द्रण स्थापित करना (ग) सामुदायिक भागीदारी के लिए स्थानीय स्तर पर लचीलापन प्रदान करने वाले मॉडल (घ) सेवाओं के पैकेज और बाल्यावस्था देखरेख तथा शिक्षा को सुदृढ़ करना (ङ) मूल्य सूचीकरण सहित पूरक पोषण कार्यक्रम में सुधार लाना (च) देखरेख और पोषण परामर्श सेवाएं (छ) गंभीर रूप से कमवजनी बच्चों की पर्याप्त देखरेख (ज) पर्याप्त वित्तीय संसाधन का आवंटन और आईसीडीएस को मिशन मोड से लाकर आईसीडीएस को सुदृढ़ और पुनर्गठित करने के प्रस्ताव पर सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में कार्य किया गया है।

बजटीय आवंटन निधियों की उपलब्धता के अनुसार किया जाएगा। 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आईसीडीएस स्कीम के कारगर

क्रियान्वयन के लिए सरकार द्वारा लिया जा रहा प्रस्तावित पुनर्गठन का एक कदम है।

703-04

विद्युत की मांग

2946. श्री संजय भोई :
श्री राजय्या सिरिसिल्ला :
श्री आनंद प्रकाश परांजपे :
श्री हंसराज गं. अहीर :
श्रीमती मीना सिंह :
श्री बापूराव भास्करराव पाटील खतगांवकर :
श्री एकनाथ महादेव गायकवाड :
श्री महाबल मिश्रा :
श्री नरेन्द्र सिंह तोमर :

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बारहवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक विद्युत की मांग का कोई मूल्यांकन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान स्रोत-वार विद्युत उत्पादन का कोई निर्धारित लक्ष्य, यदि कोई हो, क्या है;

(ग) क्या सरकार ने बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने हेतु आवश्यक निधियों/निवेश का आकलन किया है;

(घ) यदि हां, तो क्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) बाहरवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने और निधियों/निवेश की आवश्यकता को पूरा करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाते गये या उठाये जाने का विचार है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) और (ख) 12वीं पंचवर्षीय योजना तैयार करने के लिए विद्युत संबंधी कार्य दल ने 12वीं पंचवर्षीय योजना के अंत में अर्थात् 2016-17 में 1,97,686 मेगावाट की एक उच्च मांग तथा 1403 बिलियन यूनिट (बीयू) की ऊर्जा आवश्यकता का आकलन किया है। इस आकलित मांग को पूरा करने के लिए लगभग 75,785 मे.वा. की क्षमता अभिवृद्धि की आवश्यकता है जिसमें थर्मल से 63,781 मेगावाट, हाइड्रो से 9204 मे.वा. तथा न्यूक्लीयर से 2800 मे.वा. शामिल है।

(ग) और (घ) कार्यदल ने 12वीं योजना के दौरान उत्पादन, पारेषण, वितरण, आरएंडएम स्कीमों, अनुसंधान एवं विकास, मांग प्रबंधन एवं ऊर्जा दक्षता, मानव संसाधन विकास, कैप्टिव संयंत्र एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत (आरईएस) के लिए लगभग 13,72,580 करोड़ रुपए की निवेश निधि आवश्यकता का आकलन किया है। उपर्युक्त का क्षेत्र-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:—

क्षेत्र	निधि की आवश्यकता (आंकड़े रु.)
केन्द्रीय क्षेत्र	4,64,774 करोड़
राज्य क्षेत्र	3,85,782 करोड़
निजी क्षेत्र	3,86,924 करोड़
नवीकरणीय क्षेत्र योजनाएं	1,35,100 करोड़
कुल	13,72,580 करोड़

(ङ) क्षमता अभिवृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण एवं विद्युत मंत्रालय में एक गहन निगरानी तंत्र बनाया गया है। 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान निधि निवेश की आवश्यकता को पूरा करने के लिए वित्तपोषण के प्रस्तावित संभावित स्रोतों में वाणिज्यिक बैंक, सार्वजनिक वित्तीय संस्थान समर्पित अवसंरचना विद्युत वित्त संस्थान, बीमा कंपनियां, ओवरसीज मार्केट, द्विपक्षीय/बहुपक्षीय ऋण, बांड एवं इक्विटी मार्केट हैं।

[हिन्दी] 704-06

भारत का दर्जा

2947. श्री गोविन्द प्रसाद मिश्र :
श्री सुरेन्द्र सिंह नागर :
डॉ. किरोड़ी लाल मीणा :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष एवं चालू वर्ष के दौरान यूरोप और अमेरिका की तुलना में देश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर क्या है तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था ने भारत की अर्थव्यवस्था को किस सीमा तक प्रभावित किया है;

(ख) क्या भारत का दर्जा विश्व में उच्च आर्थिक वृद्धि दर वाले देशों की सूची में नीचे चला गया है;

(ग) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं; और

(घ) देश में प्रति व्यक्ति आय और आर्थिक वृद्धि दर में तेज़ी लाने हेतु सरकार द्वारा क्या प्रयत्न किये जा रहे हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा प्रकाशित वर्ल्ड इकोनोमिक आउटलुक से उपलब्ध नवीनतम सूचना के अनुसार, यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ चुनिन्दा देशों की बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर निम्नानुसार है:—

देश	2009	2010	2011
संयुक्त राज्य	-2.6	3.0	1.8
यूरो क्षेत्र	-4.1	1.9	1.6
जर्मनी	-4.7	3.6	3.0
फ्रांस	-2.5	1.4	1.6
इटली	-5.0	1.5	0.4
स्पेन	-3.7	-0.1	0.7
इंग्लैंड	-4.9	2.1	0.9
भारत	5.7	9.9	7.4
वैश्विक निर्गत	-0.6	5.2	3.8

स्रोत: जनवरी, 2011 और 2012 के वर्ल्ड इकोनोमिक आउटलुक (डब्ल्यूइओ) के अद्यतन, आईएमएफ आंकड़े।

वैश्विक जीडीपी में 2010 के मुकाबले 2011 में सामान्य मंदी छाई रही। 2011 में भारत में वृद्धि दर में यह मंदी घरेलू और वैश्विक कारकों पर आरोप्य है। कतिपय वैश्विक कारक जिनके कारण मंदी छाई है, में अन्यों के साथ-साथ ये शामिल हैं; यूरोजोन क्षेत्र में संकट और यूरोप में व्याप्त लगभग मंदनकारी स्थितियां, अमेरिका जैसे कई अन्य औद्योगिकीकृत देशों में धीमा विकास, जापान में प्रगतिरोध और कच्चे तेल की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों का बढ़ना।

(ख) और (ग) वर्ल्ड इकोनोमिक आउटलुक के जनवरी, 2011 और जनवरी, 2012 (अद्यतन) में उपलब्ध सूचना के आधार पर पिछले तीन वर्षों में विश्व में बाजार मूल्यों पर जीडीपी की वृद्धि दर वाली विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भारत का दर्जा कम नहीं हुआ है।

(घ) 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) के दृष्टिकोण पत्र में सकल घरेलू उत्पाद में 9 प्रतिशत की वृद्धि के लक्ष्य के साथ तीव्र और अधिक समावेशी और सतत विकास का प्रस्ताव किया गया है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषि में बेहतर निष्पादन (कम से कम 4 प्रतिशत विकास), विनिर्माण क्षेत्र में रोजगारों का तेजी से सृजन, उपयुक्त अवसंरचनात्मक सुविधाओं का विकास, स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुदृढ़ प्रयास, शिक्षा एवं कौशल विनिर्माण क्षेत्र में रोजगारों का तेजी से सृजन, उपयुक्त अवसंरचनात्मक सुविधाओं का विकास, स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुदृढ़ प्रयास, शिक्षा एवं कौशल विकास, फ्लैगशिप कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में सुधार तथा पिछड़े क्षेत्रों और कमजोर वर्गों पर जोर दिया जाना प्रमुख रूप से आवश्यक है। इस संबंध में सरकार द्वारा किए गए कतिपय विशेष उपायों में अन्य बातों के साथ-साथ सिंचाई परियोजनाओं समेत कृषि क्षेत्र हेतु निवेश के स्तर को और बढ़ाना, निधियों के अपेक्षाकृत अधिक आवंटन के जरिए लघु, छोटे और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) को प्रोत्साहित करना, सरकारी निजी भागीदारी पर जोर देते हुए अवसंरचना क्षेत्र में निवेश को बढ़ाना और वित्तीय क्षेत्र के विकास के लिए कई कानूनी उपाय करना आदि शामिल हैं।

706-08

शहरों की तरफ पलायन रोकने हेतु राजकोषीय उपाय

2948. श्रीमती रमा देवी :
राजकुमारी रत्ना सिंह :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) शहरों की तरफ लोगों के पलायन को रोकने हेतु कार्यान्वयनाधीन मौजूदा राजकोषीय उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस दिशा में अतिरिक्त राजकोषीय कदम उठाये हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) प्रत्येक नागरिक को देश के किसी भाग में प्रवसन का अधिकार है तथापि सरकार का प्रयास दुखद प्रवसन को रोकने का रहा है। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के विभिन्न कार्यक्रम

लागू किए हैं और संतुलित क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करने तथा दुखद प्रवसन को रोकने के लिए कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के उपाय शुरू किए हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) सर्वाधिक उल्लेखनीय उपाय है जिसका लक्ष्य ग्रामीण परिवार, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक हैं, को एक वित्तीय वर्ष में सौ दिवसों का गारंटीशुदा मजदूरी रोजगार प्रदान कर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आजीविका सुरक्षा बढ़ाने का है। आर्थिक समीक्षा 2011-12 में उल्लेख है कि एमजीएनआरईजीए से कृषि श्रमिकों की मोल भाव की शक्ति को बढ़ाने में सफलता मिली। जिसके परिणामस्वरूप कृषि मजदूरी बढ़ी है, बेहतर आर्थिक परिणाम प्राप्त हुए हैं और दुखद प्रवसन कम हुआ है।

(ख) शहरों की ओर दुखद प्रवसन को रोकने के लिए कृषि क्षेत्र जो ग्रामीण जनसंख्या का प्रमुख अवलम्ब है सरकार का प्राथमिक क्षेत्र रहा है। बजट 2012-13 में कृषि उत्पादकता को बढ़ाने और देश के पिछड़े क्षेत्रों का विकास करने के लिए अतिरिक्त उपायों की अपेक्षा की गई है। जिनका उद्देश्य संतुलित क्षेत्रीय विकास हासिल करना और ग्रामीण भीतरी क्षेत्र में गरीबों की सम्पोषणीय आजीविका को प्रोत्साहित करना हो। सरकार की स्वरोजगार योजना, स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाई) जिसे नेशनल रूरल लिविलीहुड मिशन (एनआरएलएम) में पुनर्गठित किया गया है का लक्ष्य लाभप्रद स्वरोजगार और कुशल मजदूरी रोजगार अवसरों तक ग्रामीण परिवारों की पहुंच को आसान बनाने के जरिए गरीबी कम करने का है। एनआरएलएम में सभी पात्र एसएचजी (स्वसहायता समूह) के लिए 7 प्रतिशत वार्षिक से अधिक ब्याज दरों पर सब्सिडी का प्रावधान है ताकि बैंक ऋण और सरकारी सब्सिडी के जरिए आय सर्जक परिसंपत्तियों को सृजित किया जा सके और ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों के लिए सम्पोषणीय आजीविका को सुनिश्चित किया जा सके।

(ग) शहरों की ओर दुखद प्रवसन को रोकने के लिए सरकार द्वारा हाल ही में प्रस्तावित उल्लेखनीय राजकोषीय उपायों में निम्न शामिल हैं:—

2010-11 में 7860 करोड़ रुपये के राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) परिव्यय को बढ़ाकर 2012-13 के बजट में 9217 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह कृषि और सहबद्ध क्षेत्रों के सर्वतोमुखी विकास के लिए है।

2012-13 में कृषि संबंधी ऋण के लक्ष्य को 5,75,000 करोड़ रुपये तब बढ़ाना है ताकि इस क्षेत्र को वहनीय ऋण उपलब्ध कराया जा सके। ग्रामीण अवसंरचनात्मक विकास कोष (आरआईडीएफ) के अंतर्गत आवंटन को भी बढ़ा कर 20,000 करोड़ रुपये किया गया है।

पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए पिछड़ा क्षेत्र अनुदान कोष योजना जिनके अंतर्गत बिहार, पश्चिमी बंगाल और ओडिशा के केबीके (कालाहांडी-बोलांगिर-कोरापुट) क्षेत्र के पिछड़े क्षेत्रों की परियोजनाएं शामिल हैं, को निधियों के आवंटन में 2011-12 के बजट अनुमान की तुलना में इस बजट में 22 प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव किया गया है। इस योजना के अंतर्गत एकीकृत कार्य योजना के अंतर्गत आने वाली सूखा प्रशमन स्कीमें और परियोजनाएं शमिल होंगी ताकि चुनिंदा आदिवासी और पिछड़े जिलों में विकास की गति को और तेज किया जा सके। 708-09

गैर-सरकारी संगठनों को कर छूट

2949. डॉ. संजय सिंह :
राजकुमारी रत्ना सिंह :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने धार्मिक स्वरूप वाले गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) को कर छूट और अन्य रियायतें प्रदान की हैं;

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक जैसे एनजीओ का ब्यौरा क्या है जिन्होंने आयकर अधिनियम, 1961 के प्रत्येक क्षेत्र के तहत छूट प्राप्त की है और इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) सरकार ने इस बारे में क्या उपचारात्मक उपाय किए हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) जी, हां।

(ख) प्रत्येक धार्मिक गैर-सरकारी संगठन, जिन्होंने आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत रियायत प्राप्त की है, के संबंध में अलग से डाटा नहीं रखा जाता है। निर्धारित प्राधिकारी द्वारा ऐसी गतिविधियों में लगे गैर-सरकारी संगठनों को अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण या अनुमोदन प्रदान किया जाता है। जो धर्मार्थ अथवा धार्मिक या दोनों स्वरूप की हैं। ऐसे गैर-सरकारी संगठनों के लिए ऐसे पंजीकरण या अनुमोदन में कोई अलग सीमांकन नहीं है जो धार्मिक स्वरूप के हैं।

(ग) जब गैर-सरकारी संगठन निर्धारित शर्तों का उल्लंघन करते

हैं तो आयकर अधिनियम के अंतर्गत सुधारात्मक कदम उठाए जाते हैं। इनमें पंजीकरण या अनुमोदन को वापस लेना तथा अधिनियम के अंतर्गत परिणामी कार्यवाहियां शामिल हो सकती हैं।

709-11

बचत योजनाओं के माध्यम से एकत्रीकरण

2950. श्री यशवंत लागुरी :
राजकुमारी रत्ना सिंह :
श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव :
श्री गोरख प्रसाद जायसवाल :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान विभिन्न बचत योजनाओं के माध्यम से कितनी धनराशि एकत्र की गई; और

(ख) इन योजनाओं में रखी गयी धनराशि की मंद वृद्धि के लिए कौन से कारक, यदि कोई हो, जिम्मेदार हैं तथा इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न लघु बचत योजनाओं के माध्यम से संग्रह की गई धनराशि निम्नानुसार है:–

(करोड़ रुपए)

वर्ष	सकल जमा	आहरण	निवल
2008-09	158510	167961	(-)9451
2009-10	250931	186622	64309
2010-11 (अनंतिम)	274720	216068	58652

(ख) एक अंतराल में निवेश के लिए विकल्पों में संख्या और विविधता दोनों रूपों में बढ़ोतरी हुई जिससे निवेशकों को अपनी बचतों के लिए व्यापक विकल्प मिल सके। बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और ऋण बाजारों से संबंधित ब्याज दरों के विनियमन हटाए जाने से भी सरकार की लघु बचत योजनाओं से इतर ऐसे प्रपत्रों में बचतों को जमा किए जाने की दिशा मिली है।

निवेशकों की रुचि लघु बचत योजनाओं में बनाए रखने की दृष्टि से योजनाओं की विशिष्टता की समय-समय पर समीक्षा की जाती है और योजनाओं में भिन्न-भिन्न सुधार और संशोधन किए जाते हैं।

सरकार ने राष्ट्रीय लघु बचत निधि की व्यापक समीक्षा के लिए एक समिति गठित की है। समिति की सिफारिशों पर लिए गए निर्णयों के आधार पर लघु बचत योजनाओं को युक्तिसंगत बनाने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:–

1. डाकघर बचत खाते पर ब्याज दर 3.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत वार्षिक कर दी गई है।

2. लघु बचत स्कीमों पर ब्याज दर को सदृश परिपक्वता की जी-सेक दरों की दो अपवादों के साथ 25 आधार बिन्दुओं से मिलाया गया है। 10 वर्षीय एनएससी (नया प्रपत्र) का विस्तार 50 आधार बिन्दु होंगे और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना पर 100 आधर बिन्दु होंगे। प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए ब्याज दरें उस वर्ष की पहली अप्रैल के पहले अधिसूचित की जाएंगी। दरों को दो बार बढ़ाया जा चुका है पहला 1.12.2011 से और उसके बाद 1.4.2012 से, जो निम्नानुसार है:–

योजना	पुरानी ब्याज दर	1.12.2011 से प्रभावी ब्याज दर	1.4.2012 से प्रभावी ब्याज दर
बचत जमा	3.50	4.0	4.0
1-वर्षीय सावधि जमा	6.25	7.7	8.2
2-वर्षीय सावधि जमा	6.50	7.8	8.3
3-वर्षीय सावधि जमा	7.25	8.0	8.4
5-वर्षीय सावधि जमा	7.50	8.3	8.5
5-वर्षीय आवर्ती जमा	7.50	8.0	8.4
5-वर्षीय एससीएसएस	9.00	9.0	9.3
5-वर्षीय एमआईएस	8.00	8.2	8.5
5-वर्षीय एनएससी	8.00	8.4	8.6
10-वर्षीय एनएससी		8.7	8.9
पीपीएफ	8.00	8.6	8.8

3. मासिक आय योजना और राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र की परिपक्वता अवधि 6 वर्ष से घटाकर 5 वर्ष कर दी गई है।

4. 10 वर्षों की परिपक्वता अवधि वाला एक नया एनसीसी प्रपत्र शुरू किया गया है।

5. लोक भविष्य निधि योजना के अंतर्गत निवेश की वार्षिक अधिकतम सीमा 70,000 रुपए से बढ़ाकर 1 लाख रुपए कर दी गई है।

6. 1, 2, 3 और 5 वर्षों वाली डाकघर मियादी जमाओं के नगदीकरण में सुधार किया गया है जिसके अंतर्गत भिन्न-भिन्न परिपक्वता की मियादी जमाओं पर निर्धारित से 1 प्रतिशत कम की ब्याज दर पर परिपक्वतापूर्ण आहरण की अनुमति दी गई है। 6 से 12 माह के निवेश का परिपक्वतापूर्व आहरण के लिए डाकघर बचत लेखा ब्याज दर का भुगतान किया जाएगा।

[अनुवाद]

711-14

अनाथ/बेघर/बेसहारा/उपेक्षित बच्चे

2951. **श्रीमती चन्द्रेश कुमारी :**
श्री गोरख प्रसाद जायसवाल :
श्री एस. अलागिरी :
श्रीमती रमा देवी :
श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण :
श्री पशुपति नाथ सिंह :
श्री सुरेश अंगड़ी :

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास देश में अनाथ/बेघर/बेसहारा/अपेक्षित बच्चों की संख्या का पता लगाने हेतु कोई तंत्र है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इन बच्चों की पहचान करने हेतु सरकार द्वारा क्या तंत्र अपनाया जा रहा है तथा उनके लिए कार्यक्रमों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये/उठाये जा रहे हैं;

(घ) इन बच्चों के पुनर्वास हेतु चलाई जा रही योजनाओं/कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार इन योजनाओं/कार्यक्रमों की समीक्षा करती है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष एवं चालू वर्ष के दौरान राज्य सरकारों द्वारा कितनी निधियां स्वीकृत की गईं और कितनी निधियां उपयोग में लाई गईं?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ) : (क) से (घ) महिला और बाल विकास मंत्रालय के पास अनाथ, बेघर, निराश्रित, उपेक्षित बच्चों के विश्वसनीय आंकड़े नहीं हैं क्योंकि इसकी संख्या में परिवर्तन होता रहता है। तथापि, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय अनाथ, बेघर, निराश्रित और उपेक्षित बच्चों सहित कठिन परिस्थिति में रहने वाले बच्चों के पुनर्वास एवं एकीकरण के लिए केन्द्र द्वारा प्रायोजित समेकित बाल संरक्षण स्कीम लागू कर रही है। समेकित बाल संरक्षण स्कीम के तहत राज्य सरकार एवं संघ शासित राज्यों को वित्तीय सहायता दी जाती है साथ ही साथ जिला स्तर पर मुश्किल परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों का पारिस्थितिक विश्लेषण किया जाता है। राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासन को समय-समय पर जिले की आवश्यकतानुसार मूल्यांकन करने और तद्नुसार समेकित बाल संरक्षण स्कीम तैयार करने को कहा जाता है। इसके अतिरिक्त स्कीम में राज्य और जिला स्तर पर समर्पित सेवा प्रदान करने को कहा है जो पूरी तरह से योजना के क्रियान्वयन में लगे हों।

(ङ) और (च) समेकित बाल संरक्षण स्कीम, इस स्कीम के क्रियान्वयन के लिए क्रमशः राज्य और जिला स्तर पर जिला बाल संरक्षण समिति और राज्य बाल संरक्षण समिति स्थापित करती है। इसके अतिरिक्त समेकिल बाल संरक्षण स्कीम महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में गठित परियोजना अनुमोदन बोर्ड राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासन से प्राप्त वित्तीय प्रस्तावों पर विचार करती है और समेकित बाल संरक्षण स्कीम के क्रियान्वयन की संवीक्षा करती है। वर्ष 2009-10, 2010-11 और 2011-12 (27.3.2012 तक) के दौरान राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को आवंटित राशि का वर्ष-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासन को जारी की गई राशि सामान्यतः उनके द्वारा उपयोग की जाती है। तथापि, बकाया व्यय, यदि कोई हो, तो वह अगले वर्ष के लिए समायोजित कर दिया जाता है।

विवरण

समेकित बाल संरक्षण स्कीम के अंतर्गत राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को संस्वीकृत वर्ष-वार सहायतानुदान

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	संस्वीकृत राशि (लाख रुपये)		
		2009-10	2010-11	2011-12 26.03.2012 तक)
1	2	3	4	5
1.	आंध्र प्रदेश	504.90	902.54	2038.24
2.	असम	129.92	301.79	—
3.	बिहार	—	604.58	115.22
4.	छत्तीसगढ़	206.13	—	—
5.	गुजरात	269.42	490.54	626.37
6.	हरियाणा	25.89	371.86	—
7.	हिमाचल प्रदेश	—	—	314.47
8.	झारखंड	—	—	420.67
9.	कर्नाटक	203.11	381.67	1385.13
10.	केरल	149.16	320.21	333.33
11.	मध्य प्रदेश	481.62	—	240.31
12.	महाराष्ट्र	—	3730.28	1174.79
13.	मणिपुर	105.42	202.29	216.16
14.	मेघालय	—	102.13	211.25
15.	मिजोरम	—	195.36	—
16.	नागालैंड	190.12	—	942.51
17.	ओडिशा	146.42	545.38	546.98
18.	पंजाब	—	—	574.65
19.	राजस्थान	225.07	332.47	566.55
20.	सिक्किम	—	—	88.94
21.	तमिलनाडु	193.12	447.65	1276.56
22.	त्रिपुरा	—	221.40	198.38
23.	उत्तर प्रदेश	—	—	2142.25
24.	पश्चिम बंगाल	500.86	186.83	1205.52
25.	चंडीगढ़	—	—	17.96
26.	दिल्ली	—	237.29	341.93
27.	पुदुचेरी	—	107.22	—
	कुल	3390.75	9681.49	14978.17

ग्रामीण पर्यटन 714-15

2952. श्री नृपेन्द्र नाथ राय :
श्री नरहरि महतो :

क्या **पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश के ग्रामीण पर्यटन स्थलों का दौरा करने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में स्पष्ट कमी आई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार का विचार ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करने के लिए विदेशी पर्यटकों को कोई विशेष छूट देने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुल्तान अहमद) : (क) और (ख) पर्यटन मंत्रालय ग्रामीण पर्यटन स्थलों की यात्रा करने वाले

विदेशी पर्यटकों की संख्या से संबंधित आंकड़ों का अलग से संकलन नहीं करता है। तथापि, वर्ष 2008, 2009 और 2010 के दौरान विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में विदेशी पर्यटक यात्रा की कुल अनुमानित संख्या क्रमशः 14.38 मिलियन, 14.37 मिलियन और 17.85 मिलियन थी।

(ग) से (ङ) ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश में पर्यटन का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है। तथापि, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के साथ परामर्श से पहचान किए गए ग्रामीण पर्यटन स्थलों में और अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय ऐसे स्थलों में पर्यटन अवसंरचना के विकास तथा स्थानीय लोगों के क्षमता निर्माण के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

[हिन्दी] 715-717

चिकित्सा महाविद्यालयों का उन्नयन

2953. **श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला :**
श्री अम्बिका बनर्जी :
श्री सुरेश कलमाडी :
श्री गोपाल कृष्ण शेखावत :
श्री नरेन्द्र सिंह तोमर :
डॉ. कृपारानी किल्ली :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को देश में विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों और संबद्ध चिकित्सालयों को सुदृढ़ बनाने और उनके उन्नयन हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान इसका राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इनमें से प्रत्येक प्रस्ताव पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है और उक्त अवधि के दौरान इसके लिए कितनी धनराशि राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार निर्मुक्त की गई है;

(घ) क्या इनमें से अनेक प्रस्ताव मंजूरी हेतु लम्बित हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा कब तक इन लम्बित प्रस्तावों को राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार मंजूर किए जाने की संभावना है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद) : (क) से (ङ) नए स्नातकोत्तर विषय शुरू करने और स्नातकोत्तर सीटें बढ़ाने के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेजों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन की केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों के दौरान 93 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और 72 पात्र मेडिकल कॉलेजों को 501.00 करोड़ रुपये की रकम का भुगतान किया गया है। स्कीम के अंतर्गत निर्मुक्त की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। तथापि, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के घटक का ब्यौरा एकत्रित किया जा रहा है और सभा पटल पर रख दिया जायेगा।

विवरण

राज्य सरकारों के मेडिकल कॉलेजों का सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन

विगत तीन वर्षों (2009-10, 2010-11 और 2011-12) के दौरान राज्य सरकारों का मेडिकल कॉलेजों से प्राप्त प्रस्ताव और उन्हें निर्मुक्त निधियां

(करोड़ रुपए)

क्र. सं.	राज्य का नाम	मेडिकल कॉलेजों से प्राप्त प्रस्तावों की संख्या	वित्तपोषित मेडिकल कॉलेजों की संख्या	पहली किस्त के रूप में जारी की गई राशि
1	2	3	4	5
1.	उत्तर प्रदेश	7	07	19.25
2.	बिहार	6	06	27.72
3.	ओडिशा	3	03	5.54
4.	असम	3	03	17.71
5.	चंडीगढ़	1	01	17.09
6.	हिमाचल प्रदेश	2	01	5.44
7.	मध्य प्रदेश	5	04	26.91

1	2	3	4	5
8.	पंजाब	2	02	8.09
9.	राजस्थान	6	06	51.91
10.	उत्तराखंड	1	01	2.65
11.	केरल	2	02	21.455
12.	पश्चिम बंगाल	9	08	37.81
13.	गोवा	1	01	3.83
14.	गुजरात	1	01	6.25
15.	त्रिपुरा	1	01	7.29
16.	छत्तीसगढ़	2	01	12.275
17.	महाराष्ट्र	13	11	129.57
18.	आंध्र प्रदेश	10	10	69.64
19.	जम्मू और कश्मीर	2	01	14.08
20.	झारखंड	3	02	16.49
21.	तमिलनाडु	1	00	00
22.	हरियाणा	1	00	00
23.	दिल्ली	1	00	00
24.	कर्नाटक	10	00	00
	कुल	93	72	501.00

[अनुवाद]

क्लीनिकल परीक्षण

2954. श्रीमती सुस्मिता बाउरी :
श्री एम.बी. राजेश :
श्री के. सुधाकरण :
डॉ. अनूप कुमार साहा :
श्री पी. करुणाकरन :
श्री ताराचन्द भगोरा :
श्री सुरेश अंगड़ी :
श्री वीरेन्द्र कुमार :
श्री नवीन जिन्दल :
श्री अशोक तंवर :
श्री रायय्या सिरिसिल्ला :
श्री पी. कुमार :
श्री देवजी एम. पटेल :
श्री गजेन्द्र सिंह राजुखेड़ी :
श्री रायापति सांबासिवा राव :
श्री कामेश्वर बैठा :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मानव पर क्लीनिकल परीक्षण और जैव चिकित्सा अनुसंधान की निगरानी के लिए क्या तंत्र है और गत तीन वर्षों के दौरान और चालू वर्ष के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार अब तक देश में पंजीकृत क्लीनिकल परीक्षण की कुल संख्या क्या है;

(ख) क्या सरकार का ध्यान विभिन्न अनियमितताओं, दिशानिर्देशों के उल्लंघन, क्लीनिकल परीक्षण कराने वाले व्यक्तियों की मृत्यु और मध्य प्रदेश सहित पूरे देश में मरीजों पर बिना सहमति के किए जाने वाले परीक्षणों के ओर गया है;

(ग) यदि हां, तो ऐसे सूचित मामलों और इसमें शामिल फार्मास्यूटिकल कम्पनियों की संख्या क्या है और उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई, गत तीन वर्षों के दौरान और चालू वर्ष के दौरान राज्य-वार/संघ शासित क्षेत्र-वार पीड़ितों को भुगतान किए गए मुआवजे का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का प्रस्ताव बीमा और क्लीनिकल परीक्षण करने वाले व्यक्तियों के लिए मुआवजा उपबंधों सहित विभिन्न क्लीनिकल परीक्षण विनियमों को सुदृढ़ करने और पूरे देश में उनका कठोर अनुपालन सुनिश्चित करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजनार्थ अब तक क्या कदम उठाए गए हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) औषधि तथा प्रसाधन सामग्री अधिनियम और उनके अंतर्गत बनाये

गये नियमावली के तहत नईं औषधियों के नैदानिक परीक्षण को विनियमित किया जाता है। भारत औषध महानियंत्रक के अनुमोदन के पश्चात् और अनुमोदित प्रोटोकॉल के अनुरूप और उक्त नियमावली के तहत विनिर्दिष्ट आवश्यकता के अनुसार नैदानिक परीक्षण किए जाते हैं। विगत तीन वर्षों के दौरान अर्थात् 2009, 2010 और 2011 और वर्तमान वर्ष के दौरान भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् की साइट पर नैदानिक परीक्षण रजिस्ट्री—भारत यह पंजीकृत नैदानिक परीक्षणों की संख्या अभी तक क्रमशः 548, 806, 815 और 207 है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार डाटा उपलब्ध नहीं है क्योंकि नैदानिक परीक्षणों की अनुमति उन आवेदकों को प्रदान की जाती है जो कि एक प्रायोजक अथवा नैदानिक अनुसंधान संगठन और परीक्षण करता हो। अधिकांश मामलों में ये बहु केन्द्रिक होते हैं।

(ख) और (ग) समूचे देश में मध्य प्रदेश सहित छानबीन किए गए मामलों की संख्या और उनकी अनियमितताओं, दिशा-निर्देशों का उल्लंघन दर्शाने वाला ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विभिन्न कारणों से नैदानिक परीक्षण के दौरान मौतों की गंभीर प्रतिकूल घटनाएं घटित हो सकती है। ये रोग संबंधी मौतें जैसे कैंसर आदि अथवा गंभीर रूप से मरणासन बीमार मरीजों को औषधियां दिये जाने अथवा असंबद्ध कारणों व नैदानिक संबंधी मौतों के अलावा। विगत तीन वर्षों अर्थात् 2009, 2010 और 2011 के दौरान नैदानिक परीक्षणों में सूचित मौतों की कुल गंभीर प्रतिकूल घटनाओं की संख्या उपलब्ध डाटा के अनुसार क्रमश 637, 668 और 438 है। वर्ष 2010 में मौतों के 22 मामले नैदानिक परीक्षण के कारण हुए थे। प्रायोजक/सीआओ द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार वर्ष 2010 से संबंधित नैदानिक परीक्षण संबंधी मौतों के सभी 22 मामलों में मुआवजा का भुगतान किया गया था।

(i) दिनांक 15.6.2009 से आईसीएमआर रजिस्ट्री में नैदानिक परीक्षणों के पंजीकरण को अनिवार्य बना दिया गया है।

(ii) नैदानिक परीक्षण किए जाने के लिए प्रत्येक अनुमोदन/अनुमति में अब तक शर्त शामिल की गई है कि अध्ययन संबंधित मामले में चोट अथवा मौत में आवेदक को संपूर्ण चिकित्सा परिचर्या मुहैया करवाई जायेगी और साथ चोट अथवा मौत के लिए मुआवजा दिया जायेगा और इस संबंध में विवरण को भी सूचित सहमति फार्म में शामिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त चोट अथवा मौत के मामले में प्रदान किए जाने वाले मुआवजे के ब्यौरों को भारत के औषध महानियंत्रक को सूचित किया जाना होता है।

(iii) नैदानिक परीक्षण साइटों के निरीक्षण और प्रायोजक/नैदानिक अनुसंधान संगठन के दिशा-निर्देश तैयार कर लिये गये हैं।

सीडीएससीओ की जनशक्ति और बुनियादी सुविधा को सुदृढ़ बनाया जा रहा है ताकि पूर्वोक्त नियमों के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन किया जा सके। परीक्षण संबंधी चोट अथवा मौत के मामले में परीक्षण किए जाने वाले व्यक्ति को वित्तीय मुआवजा मुहैया कराने के लिए दिनांक 18.11.2011 के राजपत्र सूचना जीएसआर संख्या 821 (ई.) के जरिए जनता की टिप्पणियों के लिए पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है।

विवरण

विगत तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान नैदानिक परीक्षणों के संचालन में औषध और प्रसाधन सामग्री नियमावली के उपबंधों का उल्लंघन तथा इन मामलों में की गई कार्रवाई

क्र. सं.	वर्ष	फर्म का नाम	स्थल का नाम	औषध	की गई कार्रवाई
1	2	3	4	5	6
1.	2008	मैसर्स वाईथ इंडिया लिमिटेड	बाल चिकित्सा विभाग, सेंट जोन मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, बंगलूरु-34	13-वैलेंट न्युमोकोक्कल कंज्युगेट वैक्सीन	देश में एक स्थल पर 13-वेलेंट न्युमोकोक्कल कंज्युगेट वैक्सीन के नैदानिक परीक्षण में शामिल परीक्षणाधीन व्यक्ति की मृत्यु के संबंध में गंभीर प्रतिकूल घटनाओं की रिपोर्ट आई थी। मामले की

1	2	3	4	5	6
					जांच करने के लिए एक दल गठित किया गया था। इस दल ने 13.12.2008 तथा 14.12.2008 को निरीक्षण किया। निरीक्षण से प्रकट विभिन्न उत्तम नैदानिक/पद्धतियों (जीसीपी) के उल्लंघन प्रकट हुए। अत: संबंधित अन्वेषक, प्रायोजिक तथा मॉनीटर को चेतावनी पत्र जारी किए गए जिनमें उन्हें भविष्य में ऐसे उल्लंघन को रोकने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए कहा गया। 06.11.2008 को सभी बारह स्थलों पर नैदानिक परीक्षण रोक दिया गया तथा यह 22.04.2009 तक लंबित रहा। प्रायोजक के जीसीपी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए की गई विभिन्न सुधारात्मक कार्रवाई का उल्लंघन किया। केन्द्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने उसकी संवीक्षा की तथा निरीक्षण किए गए स्थल को छोड़कर सभी स्थलों से निलंबन को 23.04.2009 को रद्द करने का निर्णय लिया। इसके अलावा, निरीक्षण किए गए स्थल के मॉनीटर तथा अन्वेषक ने भी अपने द्वारा की गई सुधारात्मक कार्रवाई का उल्लेख किया जिसके आधार पर 02.06.2009 को निरीक्षण वाले स्थल से भी निलंबन को रद्द कर दिया गया। वैक्सीन के कारण मौत का होना सिद्ध नहीं हुआ।
2.	2010	क्विटिल्स रिसर्च (इंडिया) प्रा.लि. बंगलूरु	भोपाल मेमेरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर रायेन बाइपास, भोपाल, करोन्द, भोपाल, मध्य प्रदेश, इंडिया 462038	तेलावसिन बनाम बेंकोमाइसिन	भोपाल और इंदौर में किए गए औषधि परीक्षणों में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया था। सीडीएससीओ के अधिकारियों के एक दल ने भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में किए गए एक क्लीनिकल परीक्षण की जांच की है। जांच के निष्कर्षों से कुछ कमियों का पता चला जिसके लिए मुख्य अन्वेषक और मैसर्स क्विटिल्स लि. बंगलूरु से दिनांक 28.09.2010 के पत्र के तहत अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा गया था। प्रमुख अन्वेषक और मैसर्स क्विटिल्स लि. ने औषधि महानियंत्रक के कार्यालय (भारत) को अपना स्पष्टीकरण प्रस्तत किया। डीसीजी (आई) के कार्यालय ने दिनांक 23.12.2010 को मुख्य अन्वेषक और मैसस क्विटिल्स लि. को चेतावनी पत्र जारी किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य में ऐसी कमियों/विसंगतियों की पुनरावृत्ति न हो।

1	2	3	4	5	6
3.	2010	पैथ (इन कोलाबोरेशन विद आईसीएमआर) ए-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, यूएसओ रोड, नई दिल्ली-110067 इंडिया	1. खम्माम जिला, आंध्र प्रदेश, बड़ोदरा जिला, गुजरात	ह्यूमन पपिलोमा वायरस वैक्सीन (एचपीवी वैक्सीन)	यह एक चरण-IV पोस्ट लाइसेंस क्लीनिकल ट्रायल था। यह परीक्षण एक गैर-सरकारी संगठन, पैथ (स्वास्थ्य में उपयुक्त प्रौद्योगिकी के लिए कार्यक्रम), द्वारा शुरू किया गया था। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् और आंध्र प्रदेश और गुजरात राज्य सरकार सहयोगी भागीदार थे। आंध्र प्रदेश में 14091 लड़कियों ने वैक्सीन प्राप्त किया जबकि गुजरात में 10686 लड़कियों ने वैक्सीन प्राप्त किया। मीडिया ने परीक्षण के दौरान 7 लड़कियों की मौत होने की सूचना दी। परीक्षण को आईसीएमआर द्वारा दिनांक 7 अप्रैल, 2010 को निलंबित कर दिया गया। कथित अनियमितताओं की जांच करने के लिए एक समिति गठित की गई थी जिसने किए गए परीक्षण में कुछेक विसंगतियों की रिपोर्ट दी। पैथ ने अनियमितताओं के बारे में स्पटीकरण प्रस्तुत किया।
4.	2010	मैसर्स मेरिक लाइफ साईसेंज लि., वापी, गुजरात	मैसर्स एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर, ओखला रोड, नई दिल्ली	बायोमार्डम सिरोलिम्स इलूटिंग कोरोनरी स्टेंट सिस्टम	परीक्षण चिकित्सा युक्ति के नैदानिक परीक्षण से संबंधित है जिसे डीसीजी (आई) द्वारा भारत में विनिर्माण और विपणन के लिए पहले ही अनुमोदित कर दिया गया था। जांच से पता चला कि डीसीजी (आई) के कार्यालय की अनुमति को छोड़कर औषधि और प्रसाधन सामग्री नियमों के अनुसार स्थल पर परीक्षण किया गया है। प्रायोजकों को भविष्य में डीसीजी (आई) के बिना किसी पूर्व अनुमोदन के परीक्षण नहीं करने की चेतावनी दी गई है।
5.	2011	डॉ अनिल भारानी एंड डा. आशीष पटेल	महाराजा यशवंत राव हॉस्पिटल एंड महात्मा गांधी मेमोरियल, कॉलेज, इंदौर-452001, मध्य प्रदेश	टडालाफिन इन पल्मोनरी आर्टेरियल हाईपरटेन्शन (पीएएच)	महाराजा यशवन्तराव अस्पताल तथा महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज, इंदौर में नैदानिक परीक्षण के मामलों का तथाकथित रूप से उल्लंघन किए जाने के संबंध में एक न्यूज रिपोर्ट मिली थी। इस समाचार में नैदानिक परीक्षण में पल्मोनरी आर्ट्रियल हाईपरटेंशन में औषधि टडालाफिल के इस्तेमाल के एक विशिष्ट मुद्दे का उल्लेख है। डीसीजी (आई) के कार्यालय ने 12.7.2011 को सीडीएससीओ (पश्चिमी जोन)

1	2	3	4	5	6
					को तथ्यों का पता लगाने के लिए जांच करने का निदेश दिया। तद्नुसार एमजीएम मेडिकल कॉलेज तथा संबद्ध एमवाई अस्पताल, इंदौर में किए गए नैदानिक परीक्षणों के संबंध में 10.8.2011 को सीडीएससीओ (पश्चिमी जोन) के कार्यालय तथा राज्य औषधि नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा जांच की गई। जांच की रिपोर्ट के अनुसार डॉ. अनिल भारानी तथा डॉ. आशीष पटेल द्वारा डीसीजी (आई) की अनुमति के बगैर वर्ग-1 पल्मोनरी आर्ट्रियल हाईपरटेंशन वाले रोगियों में टडालाफिल के साथ परीक्षण किया गया। पल्मोनरी आर्ट्रियल हाईपरटेंशन में टडालाफिक के साथ अध्ययन 18.9.2005 को किया गया था जब देश में अन्य संकेत के लिए औषधि अनुमोदित नहीं थी। तथापि, 10.6.2003 को दूसरे संकेत मेल इरेक्टाइल डिफंक्शन के लिए देश में औषधि को अनुमोदित किया गया। इसके मद्देनजर डीसीजी (आई) के कार्यालय ने दिनांक 2.11.2011 के पत्र के तहत दोनों डाक्टरों नामत: अनिल भारानी तथा डॉ. आशीष पटेल को पल्मोनरी आर्ट्रियल हाईपरटेंशन में टडालाफिल के नैदानिक परीक्षण को रोकने का निर्देश दिया और उन पर 6 माह की अवधि तक कोई नैदानिक परीक्षण करने पर प्रतिबंध लगा दिया।
6.	2011	एक्सिज क्लिनिकल लिमिटेड, आंध्र प्रदेश	एक्सिज क्लिनिकल लिमिटेड (यूनिट नं. 1) प्रथम, द्वितीय, तृतीय, पंचम तथा पष्ठम तल एच नं. 1-121/1 एस नं. 66 (पार्ट) मियापुर, हैदराबाद-500050 एवं (यूनिट नं. 2) प्लॉट नं. 33 से 35, मीरा अस्पताल, प्रथम तल, अलुरी सीतारामराजु कालोनी, जेपीएन	कैंसर रोधी औषधों (एक्सेमिस्टेन 25 एमजी टैब्लेट) की जैव उपलब्धता तथा जैव-तुल्य अध्ययन	मैसर्स एक्सिज क्लिनिकल रिसर्च, हैदराबाद द्वारा समुचित सूचित सहमति के बगैर निर्धन लोगों पर कैंसर रोधी औषध का नैदानिक परीक्षण किए जाने की सूचना मिली थी। जांच से पता चला कि फर्म ने पहले से ही अनुमोदित कैंसररोधी औषध पर जैवतुल्यता अध्ययन किया और आचार समिति की सूचित सहमति प्रक्रिया, समीक्षा और निर्णय लेने की प्रक्रिया के संबंध में कुछ अनियमितताएं थीं। जैव-तुल्यता तथा जैव उपलब्धता अध्ययन करने हेतु फर्म को प्रदत्त अनुमति 22.6.2011 को निलंबित कर दी गई। इसके परिणामस्वरूप फर्म ने 04.7.2011 को उनके द्वारा की जा रही सुधारात्मक कार्रवाईयों का ब्यौरा दिया

1	2	3	4	5	6
			कालोनी के सामने, मियापुर, हैदराबाद		जिनमें परीक्षाधीन व्यक्ति की भर्ती की प्रक्रिया के लिए संशोधित मानक प्रचालनात्मक प्रक्रियाएं, समीक्षा तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया शामिल है। आगे की जांच और सत्यापनों के आधार पर मैसर्स एक्सिज क्लिनिकल रिसर्च, हैदराबाद को श्रव्य-दृश्य साधनों के जरिए सूचित सहमति प्रक्रिया आचार समिति की कार्य प्रणाली एवं अन्वेषकों से संबंधित जैव-तुल्यता अध्ययन करने के लिए "एनओसी" प्रदान किया गया।

[हिन्दी]

727-32

आंगनवाड़ी निरीक्षक और कार्यकर्त्ता

2955. डॉ. राजन सुशान्त :
डॉ. किरोड़ी लाल मीणा :
श्री नवीन जिन्दल :
श्री बृजभूषण शरण सिंह :
श्री महाबल मिश्रा :
श्री भूपेन्द्र सिंह :
श्री कादिर राणा :
श्रीमती कमलादेवी पटले :
श्रीमती श्रुति चौधरी :
श्री अब्दुल रहमान :

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में राज्य-वार आंगनवाड़ी निरीक्षकों और कार्यकर्त्ताओं की संख्या क्या है;

(ख) क्या आंगनवाड़ी निरीक्षकों और कार्यकर्त्ताओं की पूरे देश में भारी कमी है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और सरकार ने इस संबंध में क्या उपचारात्मक कार्रवाई की है;

(घ) क्या सरकार ने आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं को भुगतान किए जा रहे मानदेय सहित विभिन्न लाभों की समीक्षा के लिए कोई समिति गठित की है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसका क्या परिणाम निकला है; और

(च) सरकार ने इस पर क्या कार्रवाई की है/कर रही है?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ) : (क) से (ग) 31.12.2011 तक की रिपोर्टों के अनुसार 13.03 लाख प्रचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों में 33,156 पर्यवेक्षक एवं 12,46,614 आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियां पद स्थापित थीं। संस्वीकृत एवं पदस्थापित पदों की राज्य-वार संख्या संलग्न विवरण में दी गई है। आईसीडीएस स्कीम के मानकों के अनुसार भारत सरकार आयोजना एवं नीतिगत मुद्दों के लिए उत्तरदायी है, जबकि राज्य सरकारें स्कीम के क्रियान्वयन हेतु उत्तरदायी है। देश में आंगनवाड़ी पर्यवेक्षकों एवं कार्यकर्त्रियों की कमी के कारण मुख्यतः राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा रिक्त पद भरने में प्रशासनिक, प्रक्रियात्मक एवं कानूनी विलम्ब के कारण है। महिला और बाल विकास मंत्रालय रिक्त पदों को भरने के साथ-साथ संस्वीकृत आंगनवाड़ी केन्द्रों/लघु आंगनवाड़ी केन्द्रों के प्रचालन हेतु सभी अपेक्षित उपाय करने के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों पर बार-बार दबाव डालता रहता है।

(घ) से (च) आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के मानदेय के स्तर तथा उनसे संबंधित अन्य मुद्दों की जांच करने के लिए गठित समीक्षा समिति ने अपनी रिपोर्ट वर्ष 2007 में प्रस्तुत कर दी। समीक्षा समिति की प्रमुख सिफारिशों में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि, उनके लिए यूनीफार्म प्रावधान, उन्हें सौंप गए अतिरिक्त कार्यों के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा अतिरिक्त मानदेय का भुगतान शामिल है। सरकार ने इन सिफारिशों को उचित रूप से क्रियान्वित किया है।

विवरण

31.12.2011 तक की स्थिति के अनुसार आंगनवाड़ी पर्यवेक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों के संस्वीकृत एवं भरे हुए पदों की संख्या

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	पर्यवेक्षकों की संख्या		आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों की संख्या	
		भारत सरकार द्वारा संस्वीकृत	भरे हुए पद	भारत सरकार द्वारा संस्वीकृत	भरे हुए पद
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	3626	2272	91307	81681
2.	अरुणाचल प्रदेश	273	258	6225	6028
3.	असम	2492	1294	62153	57656
4.	बिहार	3513	254	91968	80211
5.	छत्तीसगढ़	2446	1398	64390	47331
6.	गोवा	67	57	1262	1258
7.	गुजरात	2409	1780	52137	48490
8.	हरियाणा	1146	605	25962	17445
9.	हिमाचल प्रदेश	814	358	18925	18185
10.	जम्मू और कश्मीर	1174	856	28577	25954
11.	झारखंड	1288	672	38296	36278
12.	कर्नाटक	2711	2000	64518	61148
13.	केरल	1462	1145	33115	33013
14.	मध्य प्रदेश	3229	3059	90999	88877
15.	महाराष्ट्र	4227	3305	110486	101186
16.	मणिपुर	391	298	11510	9883
17.	मेघालय	192	169	5156	5113
18.	मिजोरम	102	82	1980	1980
19.	नागालैंड	146	145	3455	3455

1	2	3	4	5	6
20.	ओडिशा	2881	2079	72873	65983
21.	पंजाब	1152	680	26656	26202
22.	राजस्थान	2497	1616	61119	57256
23.	सिक्किम	55	46	1233	1198
24.	तमिलनाडु	1830	1300	55020	47444
25.	त्रिपुरा	405	292	9911	9906
26.	उत्तर प्रदेश	7222	4217	187517	177775
27.	उत्तराखंड	755	366	23159	16794
28.	पश्चिम बंगाल	5059	2306	117170	106002
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	31	22	720	697
30.	चंडीगढ़	20	10	500	420
31.	दिल्ली	432	183	11150	10517
32.	दादरा और नगर हवेली	11	8	267	246
33.	दमन और दीव	5	3	107	107
34.	लक्षद्वीप	4	4	107	107
35.	पुदुचेरी	36	17	788	788
	कुल	54103	33156	1370718	1246614

731-33

वाइरस विज्ञान संबंधी प्रयोगशालायें

2956. श्री जयवंत गंगाराम आवले :
श्री हरिन पाठक :
श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने प्रत्येक राज्य में वाइरस विज्ञान संबंधी प्रयोगशाला सहित वाइरस विज्ञान नेटवर्क की स्थापना हेतु एक कार्यक्रम तैयार किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा गुजरात सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार इस उद्देश्य हेतु चिह्नित स्थान के नाम क्या हैं;

(ग) गुजरात सहित देश में वाइरस विज्ञान प्रयोगशालाओं के कब तक कार्य शुरू करने की संभावना है;

(घ) क्या सरकार को इस संबंध में राज्य सरकारों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(ङ) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार क्या कार्यवाई की गई/किये जाने की संभावना है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) और (ख) जी, हां। वायरल संक्रमणों के निदान के लिए नैदानिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए स्वास्थ्य और अनुसंधान विभाग ने देश के विभिन्न भागों में चरणबद्ध ढंग से विषाणु विज्ञान प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ बनाने का एक कार्यक्रम तैयार किया है। तीन प्रकार की विषाणु विज्ञान नैदानिक प्रयोगशालाओं का प्रसार किया गया है:—

- ग्रेड-I प्रयोगशाला (इस प्रणाली के अंतर्गत उच्चतम कोटि की सुविधा) प्रत्येक राज्य में कम से कम एक ग्रेड-I प्रयोगशाला स्थापित करने का प्रस्ताव है।
- प्रत्येक राज्य में कम से कम 1-2 ग्रेड-II प्रयोगशालाएं स्थापित की जायेंगी।
- प्रत्येक राज्य में कम से कम 3-3 ग्रेड-III प्रयोगशालाएं स्थापित की जायेंगी।

तथापि, कितनी प्रयोगशालाएं स्थापित की जानी हैं और कहां-कहां स्थापित की जानी हैं। यह अन्य बातों के साथ-साथ स्कीम के लिए 12वीं योजना के परिव्यय और अनिवार्य स्वीकृतियां लेने सहित अनेक कारकों पर निर्भर करेगा।

(ग) से (ङ) भाग (क) और (ख) में उल्लिखित कठिनाईयों के कारण कोई समय-सीमा निश्चित नहीं की जा सकती है।

राज्य सरकार से गुजरात में बी.जे. मेडिकल कॉलेज, अहमदाबाद में राज्य प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

[अनुवाद]

वाणिज्य कर विभागों का कम्प्यूटीकरण

2957. श्री भास्करराव बापूराव पाटील खतगांवकर :
श्री आनंद प्रकाश परांजपे :
श्री संजय भोई :
श्री एकनाथ महादेव गायकवाड :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राज्य वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति की हाल में हुई बैठक में राज्यों द्वारा वाणिज्य कर विभागों का कम्प्यूटरीकरण करने का निर्णय लिया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा इस संबंध में राज्यों को कोई सहायता प्रदान की गई है/प्रदान किए जाने का प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) कब तक सभी राज्यों द्वारा अपने वाणिज्य कर विभागों का कम्प्यूटरीकरण कर दिए जाने की संभावना है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) से (घ) राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना के तहत राज्यों और संघ राज्य-क्षेत्रों (एमएमपीसीटी) के वाणिज्य कर विभागों के कम्प्यूटरीकरण हेतु एक मिशन मोड परियोजना का आरंभ किया गया था। तद्नुसार, फरवरी, 2010 मे मंत्रिमंडल ने 1133.41 करोड़ रुपए की समग्र लागत की इस परियोजना को अनुमोदित कर दिया, जिसमें से 800 करोड़ रुपए की राशि केन्द्रीय सहायता के रूप में है। 443.44 करोड़ रुपए की राशि पहले ही राज्यों को जारी की जा चुकी है।

(ङ) मार्च, 2013 तक राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों की कम्प्यूटरीकरण परियोजनाओं के पूरा हो जाने की संभावना है।

रक्त उपयोग की तिथि समाप्त हो जाना

2958. श्री एकनाथ महादेव गायकवाड :
श्री आनंद प्रकाश परांजपे :
श्री संजय भोई :
श्री भास्करराव बापूराव पाटील खतगांवकर:
श्री पूर्णमासी राम :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार वार्षिक रक्त संग्रहण की तुलना में रक्त की वार्षिक आवश्यकता क्या है;

(ख) विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लड बैंकों की संख्या क्या है और देश में राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार रक्त की कमी को पूरा करने के लिए रक्त दान को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में बड़ी मात्रा में रक्त के उपयोग की तिथि समाप्त होने की जानकारी है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने इस मामले की कोई जांच कराई है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसका क्या परिणाम निकला है और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है/की जा रही है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) देश में प्रतिवर्ष रक्त की अनुमानित आवश्यकता 1 करोड़ यूनिट है। अप्रैल, 2011 से जनवरी, 2012 तक का वार्षिक संग्रहण 77.14 लाख यूनिट है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची संलग्न विवरण-I में दी गई है।

(ख) औषध महानियंत्रक (भारत) के कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार देश में 2517 रक्त बैंक मौजूद हैं। इनका ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है।

देश में रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम निम्नलिखित हैं:—

(i) दाताओं की भर्ती एवं प्रतिधारण कार्यक्रम

(ii) युवाओं में जागरूकता लाने के लिए स्कूली शिक्षा कार्यक्रम

(iii) स्वैच्छिक रक्तदान पर जिला-वार प्रशिक्षण कार्यक्रम

(iv) सुगाहीकरण कार्यशालाएं

(v) विश्व रक्तदाता दिवस, राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्त दान दिवस एवं युवा दिवस के समारोह।

(ग) से (च) एम्स से प्राप्त सूचना के अनुसार, सीएस केन्द्र, एम्स द्वारा एक जांच समिति हिन्दुस्तान टाइम्स, दिल्ली में दिनांक 22.01.2012 को "एम्स लेट्स प्रीसीयस ब्लड गो डाऊन ड्रेन" शीर्षक प्रकाशित खबर की जांच के लिए गठित की गई थी। समिति ने पाया कि पैकड रेड सेल की 140 यूनिटों को फेंक दिया गया था। तथापि, इन 140 ब्लड यूनिटों में से फ्रोजन प्लाजम, प्लेटलेट कनसंट्रेट, क्रायो प्रीसीपीटेट और क्रायो पूअर प्लाज्मा को प्रोसेस, भंडारित और उपयोग किया गया था। सिर्फ पैकेड ब्लड सेलों को 35 दिनों के बाद इस्तेमाल अवधि समाप्त हो जाने के कारण फेंक दिया गया है।

समिति ने अन्य बातों के साथ-साथ यह पाया कि एम्स के तीन रक्त बैंकों के बीच समन्वय, जारी करने के अनुरोध के प्रलेखन की नीति का अभाव है और संस्थान के अंदर व बाहर रक्त बैंकों की आपूर्ति में कमी है।

समिति ने अन्य बातों के साथ-साथ सीएन रक्त बैंक के कम्प्यूटरीकरण, सीएन रक्त बैंक केन्द्र से अन्य जरूरतमंद रक्त बैंकों को 20 दिनों बाद रक्त का स्थानांतरण, संस्थान के तीनों रक्त बैंकों के बीच बेहतर समन्वय, रक्त संग्रहाण एवं भंडारण के अनुरोध का यौक्तिकरण, इस्तेमाल की अवधि की समाप्ति हो जाने वाले रक्त का शेयर करना इत्यादि की संस्तुति की है। संस्थान ने समिति की संस्तुति पर कार्रवाई शुरू की है।

विवरण-I

संग्रहित रक्त यूनिटों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची (अप्रैल, 2011 - जनवरी, 2012)

क्र.स.	राज्यों का नाम	संग्रहित कुल रक्त यूनिटें
1	2	3
1.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	2758
2.	आंध्र प्रदेश	556745
3.	अरुणाचल प्रदेश	3890
4.	असम	162797
5.	बिहार	112253
6.	चंडीगढ़	70855
7.	छत्तीसगढ़	47205
8.	दादरा और नगर हवेली	4910
9.	दमन और दीव	1185
10.	दिल्ली	420481
11.	गोवा	14851
12.	गुजरात	729026

1	2	3
13.	हरियाणा	258875
14.	हिमाचल प्रदेश	25043
15.	जम्मू और कश्मीर	47862
16.	झारखंड	106804
17.	कर्नाटक	192641
18.	केरल	308510
19.	लक्षद्वीप	0
20.	मध्य प्रदेश	327481
21.	महाराष्ट्र	1216946
22.	मणिपुर	19216
23.	मेघालय	7642
24.	मिजोरम	21402
25.	नागालैंड	7359
26.	ओडिशा	181589
27.	पुदुचेरी	21377
28.	पंजाब	339391
29.	राजस्थान	413200
30.	सिक्किम	3245
31.	तमिलनाडु	648253
32.	त्रिपुरा	11658
33.	उत्तर प्रदेश	699324
34.	उत्तराखंड	75801
35.	पश्चिम बंगाल	654128
	कुल	77,14,703

विवरण-II

देश में डीसीजी (आई) के अनुसार जुलाई, 2011 तक लाइसेंसशुदा उक्त बैंकों की संख्या

क्र. सं.	राजयों/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	सरकारी बैंकों की संख्या	निजी रक्त बैंकों की संख्या	लाइसेंसशुदा रक्त बैंकों की कुल संख्या
1	2	3	4	5
1.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	3	शून्य	3
2.	आंध्र प्रदेश	55	231	286
3.	अरुणाचल प्रदेश	3	शून्य	3
4.	असम	36	33	69
5.	बिहार	37	30	67
6.	चंडीगढ़	3	1	4
7.	छत्तीसगढ़	18	25	43
8.	दादरा और नगर हवेली	1	शून्य	1
9.	दमन और दीव	1	शून्य	1
10.	दिल्ली	25	38	63
11.	गोवा	6	शून्य	6
12.	गुजरात	32	120	152
13.	हरियाणा	20	47	67
14.	हिमाचल प्रदेश	11	9	20
15.	जम्मू और कश्मीर	23	2	25
16.	झारखंड	22	19	41
17.	कर्नाटक	40	131	171
18.	केरल	34	119	153

1	2	3	4	5
19.	लक्षद्वीप	शून्य	शून्य	शून्य
20.	मध्य प्रदेश	51	81	132
21.	महाराष्ट्र	90	199	289
22.	मणिपुर	3	शून्य	3
23.	मेघालय	6	शून्य	6
24.	मिजोरम	8	2	10
25.	नागालैंड	4	शून्य	4
26.	ओडिशा	64	17	81
27.	पुदुचेरी	5	10	15
28.	पंजाब	48	51	99
29.	राजस्थान	48	42	90
30.	सिक्किम	3	शून्य	3
31.	तमिलनाडु	102	166	268
32.	त्रिपुरा	7	शून्य	7
33.	उत्तर प्रदेश	76	125	201
34.	उत्तराखंड	13	10	23
35.	पश्चिम बंगाल	75	36	111
	कुल	973	1544	2517

759-40

प्रति व्यक्ति विद्युत खपत

2959. **डॉ. कृपारानी किल्ली :**
श्री आनंद प्रकाश परांजपे :
श्री एकनाथ महादेव गायकवाड :
श्रीमती दीपा दासमुंशी :

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में प्रति व्यक्ति औसत विद्युत खपत क्या है और वैश्विक औसत के रूप में इसकी क्या स्थिति है;

(ख) क्या सरकार ने देश में वर्ष 2017 तक प्रति व्यक्ति एक हजार यूनिट बिजली की आपूर्ति करने का कोई लक्ष्य निर्धारित किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त लक्ष्य को पूरा करने के लिए विद्युत के स्रोत की पहचान की है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में प्रति व्यक्ति विद्युत उपलब्धता बढ़ाने के लिए अन्य कौन से कदम उठाए जा रहे हैं?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) वर्ष 2009 के लिए 2730 कि.वा. घं. के वैश्विक औसत की तुलना में देश में वर्ष 2009-10 में विद्युत की प्रति व्यक्ति खपत 778.63 कि.वा. घं. प्रति वर्ष थी।

(ख) और (ग) राष्ट्रीय विद्युत नीति, 2005 के अनुसार, वर्ष 2012 तक विद्युत की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में 1000 यूनिट से अधिक की वृद्धि की जानी है। तथापि, अनुमान है कि 12वीं योजना के अंत (2016-17) तक देश में प्रति व्यक्ति खपत 1257 यूनिट तक पहुंच जाएगी।

(घ) 12वीं योजना के लिए विद्युत संबंधी कार्य समूह की रिपोर्ट के अनुसार 11वीं योजना के दौरान 62,374 मे.वा. के मध्यावधि मूल्यांकन क्षमता अभिवृद्धि लक्ष्य पर आधारित 12वीं योजना के दौरान अखिल भारतीय स्तर पर क्षमता अभिवृद्धि आवश्यकता 75,785 मेगावाट है। 75,785 मे.वा. की क्षमता में 9,204 मे.वा. हाइड्रो 63,781 मे.वा. थर्मल तथा 2,800 मे.वा. परमाणु क्षमता सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त, उत्पादन योजना अध्ययनों के लिए 12वीं योजना के दौरान लगभग 18,500 मे.वा. की एक ग्रिड इंटरएक्टिव नवीकरणीय क्षमता अभिवृद्धि पर विचार किया गया है।

(ङ) देश में विद्युत की प्रतिव्यक्ति उपलब्धता सहित विद्युत की स्थिति को सुधारने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इनमें थर्मल उत्पादन को लाइसेंस रहित करना, अल्ट्रा-मेगा पावर परियोजनाएं (यूएमपीपी) आरंभ करना, निवेशक अनुकूल नई हाइड्रो नीति 2008, विद्युत संयंत्र उपकरण की घरेलू विनिर्माण क्षमता के संवर्धन के लिए पहल, सुपर-क्रिटिकल प्रौद्योगिकी अपनाना, वृहद विद्युत नीति का उदारीकरण, कुशल एवं प्रशिक्षित जनशक्ति की उपलब्धता में वृद्धि करना तथा उत्पादन क्षमता अभिवृद्धि में तेजी लाना शामिल हैं।

740-41

[हिन्दी]

सेवा कर अपवंचन

2960. **श्रीमती भावना पाटील गवली :**
श्री एस. सेम्मलई :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान संग्रहित सेवा कर का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सेवा कर का भुगतान करने वाले सेवा प्रदाताओं का पंजीकरण किया जा रहा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या अधिकारीगण नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी का उपयोग कर और निरंतर निगरानी के द्वारा कर अपवंचन के प्रयासों को विफल करने में सक्षम हो रहे हैं; और

(ङ) यदि हां, तो गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान विफल किए गए इस प्रकार के प्रयासों का क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) से (ङ) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

741-70

ऋण माफी योजना

2961. **श्री मिथिलेश कुमार :**
श्री राधे मोहन सिंह :
श्री प्रेमदास :
श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय :
श्री ए.टी. नाना पाटील :
श्री एन. पीताम्बर कुरुप :
श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी :
श्री प्रताप सिंह बाजवा :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कृषि ऋण माफी और ऋण राहत स्कीम के लिए सरकार द्वारा जारी पात्रता मानदंडों/दिशानिर्देशों और उक्त योजना के लिए समय-सीमा/बढ़ाई गई समय-सीमा, यदि कोई हो, का ब्यौरा क्या है;

(ख) योजना के अंतर्गत माफ किए गए ऋणों और इसके आरंभ से अब तक इससे लाभान्वित किसानों की राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार, बैंक-वार संख्या और उक्त योजना के संबंध में विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त सुझावों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इसके आरंभ से अब तक योजना का कार्यान्वयन ठीक से नहीं होने के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(घ) यदि हां, तो इसका राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार, बैंक-वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा ऐसी शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है;

(ङ) किसानों को ऋण मुक्त करने के लिए उक्त योजना के अंतर्गत विभिन्न राज्यों और बैंकों को आवंटित निधियों का राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार बैंक-वार ब्यौरा क्या है; और

(च) सभी पात्र किसानों विशेषकर लघु और सीमान्त किसानों को राहत प्रदान करने के लिए और योजना की खामियों को दूर करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) कृषि ऋण माफी एवं ऋण राहत स्कीम (एडीडब्ल्यूडीआरएस), 2008 के अंतर्गत सरकारी क्षेत्र के बैंकों, गैर-सरकारी क्षेत्र के बैंकों, सहकारी बैंकों, स्थानीय क्षेत्र के बैंकों को क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा 01 अप्रैल, 1997 से 31 मार्च, 2007 के बीच किसानों को संवितरित सभी प्रकार के ऐसे कृषि ऋण, ऋण माफी/ऋण राहत के लिए पात्र थे जो 31 दिसंबर, 2007 की स्थिति के अनुसार अतिदेय थे और 29 फरवरी, 2008 तक अप्रदत्त पड़े थे। इस स्कीम का ऋण माफी हिस्सा 30.06.2008 को बंद हो गया। इस स्कीम का ऋण राहत हिस्सा 30.06.2010 को बंद हो गया।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों के संदर्भ में स्कीम के क्रियान्वयन का राज्य-वार ब्यौरा संलगन विवरण-I में दिया गया है। सरकारी क्षेत्र के बैंकों, गैर-सरकारी क्षेत्र के बैंकों और स्थानीय क्षेत्र के बैंकों के संदर्भ में बैंक-वार ब्यौरा संलगन विवरण-II में दिए गए हैं। स्कीम के क्रियान्वयन के लिए सरकार ने उधारदाता संस्थाओं को अब तक 52,516.86 करोड़ रु. जारी किए हैं।

(ग) से (च) भारत सरकार ने सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा स्कीम के क्रियान्वयन के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों द्वारा स्कीम के क्रियान्वयन के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) को नोडल एजेंसी बनाया था। स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए बैंकों के शाखा स्तर तक एक विकेन्द्रीकृत शिकायत निवारण तंत्र था।

शिकायत निवारण तंत्र के माध्यम से क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों में 1.44 लाख कृषि खातों के लिए 141.15 करोड़ रु. की ऋण माफी दी गई है और 13645 कृषि खातों के लिए 18.38 करोड़ रु. की ऋण राहत दी गई है।

विवरण-I

एडीडब्ल्यूडीआरएस 2008 के तहत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों को दी गई ऋण में छूट एवं ऋण राहत दावों का विवरण-16.03.2012 तक की स्थिति*

(लाख रुपये)

क्र. सं.	राज्य/बैंकों के नाम	ऋण में छूट		डीडब्ल्यू जीआरएम		ऋण में छूट		डीआर जीआरएम		कुल	
		खातों की संख्या	राशि	खातों की संख्या	राशि	खातों की संख्या	राशि	खातों की संख्या	राशि	खातों की संख्या	राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
	समेकित स्थिति										
	एससीबी	11096480	1557562.04	107271	6394.43	1769262	265132.90	0	1465.23	12973013	1830554.61
	एसएलडीबी	1688577	337409.45	24238	5087.52	254730	41813.16	221	27.07	1967766	384337.20
	आरआरबी	3361766	602660.08	12470	2632.77	500884	91414.65	2340	345.32	3877460	697052.82
	कुल	16146823	2497631.67	143979	14114.72	2524876	398360.71	13645	1837.62	18829323	2911944.62
1.	**अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह**										
	एससीबी	715	81.33	0	0	0	0.00			715	81.33
	एसएलडीबी (नं. एलडीबी)	0	0.00	0	0	0	0.00			0	0.00
	आरआरबी (नं. आरआरबी)	0	0.00	0	0	0	0.00			0	000
	सकल जोड़	715	81.33	0	0	0	0.00			715	81.33
2.	**आंध्र प्रदेश**										
	एससीबी	2487188	346239.35	228	82.62	261681	32084.72			2749097	378406.69

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
	एसएलडीबी (नं. एलडीबी में एपी)	0	0.00	0	0	0	0.00			0	0.00
	आरआरबी	535066	100827.12	51	6.49	107532	19661.65			642649	120495.26
	सकल जोड़	3022254	447066.47	279	89.11	369213	51746.37			3391746	498901.95
3.	**अरुणाचल प्रदेश**										
	एससीबी	11320	237.05	0	0	29	5.34			11349	242.39
	एसएलडीबी (नं. एलडीबी)	01	0.00	0	0	0	0.00			0	0.00
	आरआरबी	1013	235.12	37	17.27	0	0.00			1050	252.39
	सकल जोड़	12333	472.17	37	17.27	29	5.34			12399	494.78
4.	**असम**										
	एससीबी	13576	880.30	0	0	19	5.36			13595	885.66
	एसएलडीबी	95	48.38	0	0	13	2.68			108	51.06
	आरआरबी	72253	8188.57	0	0	681	66.81			72934	8255.38
	सकल जोड़	85924	9117.25	0	0	713	74.85			86637	9192.10
5.	**बिहार**										
	एससीबी	317028	33783.51	4673	624.48	0	0.00	0	0.00	321701	34407.99
	एसएलडीबी	15583	3458.80	0	0	324	202.13	0	0.00	15907	3660.93
	आरआरबी	449669	77263.74	5	80.61	14701	2344.20	2228	325.30	466603	80013.85
	सकल जोड़	782280	114506.05	4678	705.09	15025	2546.33	2228	325.30	804211	118082.77

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
6.	**दिल्ली**										
	एससीबी	453	254.55	0	0	100	47.61			553	302.16
	एसएलडीबी (नं. एलडीबी)	0	0.00	0	0	0	0.00			0	0.00
	आरआरबी (नं. आरआरबी)	0	0.00	0	0	0	0.00			0	0.00
	सकल जोड़	453	254.55	0	0	100	47.61			553	302.16
7.	**गोवा**										
14.	वैशाली	प्रज्ञा मंडल	701700	0	246750	0	704500		1652950	0
15.	पं. चंपारन	भंसाली ट्रस्ट	0	0	2316300	0	0	0	2316300	0
		कुल धनराशि	7652312	0	8493078	2125000	16384653	46207050	32530043	48332050

[अनुवाद]

891

कुपोषण

2976. श्री असादूद्दीन ओवेसी : क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उच्चतम न्यायालय ने बढ़ते कुपोषण पर हाल ही में चिंता व्यक्त की है;

(ख) यदि हां, तो क्या उच्चतम न्यायालय ने इस संबंध में केन्द्र सरकार को निर्देशित किया है; और

(ग) यदि हां, तो इसे पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ) : (क) से (ग) माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने दिनांक 14 मई, 2011 और 14 सितम्बर, 2011 की भोजन का अधिकार पर रिट याचिका (सिविल) संख्या 2001 का 196 — पीयूसीएल बनाम भारत संघ तथा अन्य के निर्णय में यह पाया कि भारत के 150 गरीब जिलों में कुपोषण की समस्या अति गंभीर है और उन क्षेत्रों में अर्याप्त या आहार का अभाव है। माननीय न्यायालय ने भारत संघ को इन 150 गरीब जिलों में प्राथमिकता के आधार पर पर्याप्त खाद्यान्न की आपूर्ति करने के निर्देश दिए। माननीय न्यायालय ने भारत संघ को इन 150 अत्यन्त अति गरीब जिलों या हमारे समाज के असुरक्षित वर्गों के लोगों को वितरण के लिए 5 मिलियन टन खाद्यान्न आरक्षित रखने का भी निर्देश दिया है और न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) बी.पी. वाधवा की अध्यक्षता में उच्च अधिकार प्राप्त समिति से गरीब जिलों या समाज के गरीब इलाकों की पहचान करने और ऐसे वर्गों तक समय-समय पर अतिरिक्त खाद्यान्न आवंटन को सुनिश्चित करने और 150 गरीब जिलों या भुखमरी की अवस्था में जीवन यापन कर रहे लोगों तक खाद्यान्न वितरण करने हेतु अनुरोध किया गया।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के उपरोक्त निर्देशों के अनुसरण में और समिति की सिफारिशों के आधार पर भारत सरकार ने जुलाई, 2011 से 23.69 लाख टन चावल तथा गेहूं का आवंटन किया, जिसमें से 7.61 लाख टन अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के अंतर्गत आवंटित किया है और 16.08 लाख टन अनाज समिति द्वारा पहचान किए गए 4 राज्यों के 6 जिलों में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत पका हुआ भोजन प्रदान करने के लिए सामुदायिक रसोई चलाने के लिए 1473 टन अनाज के साथ-साथ 27 राज्यों में 174 गरीब/पिछड़े जिलों तथा गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल) जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए खाद्यान्नों का आवंटन किया है।

892-97

केंद्रीय पर्यवेक्षण बोर्ड का पुनर्गठन

2977. श्री नवीन जिन्दल : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान-तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षण बोर्ड का हाल ही में पुनर्गठन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अभी तक बोर्ड का पुनर्गठन नहीं किए जाने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या तब से बोर्ड की बैठकें नियमित रूप से हो रही हैं;

(घ) यदि हां, तो इन बैठकों में लिए गए मुख्य निर्णय/की गई सिफारिशों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) इन निर्णयों/सिफारिशों में से प्रत्येक के कार्यान्वियन की क्या स्थिति है; और

(च) सरकार द्वारा उक्त अधिनियम का प्रभावी कार्यान्वियन सुनिश्चित करने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) से (ग) जी, हां। पीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत केन्द्रीय पर्यवेक्षी बोर्ड (सी एस बी) का पुनर्गठन किया गया है और इसकी नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं। सीएसबी की 17वीं और 18वीं बैठकें छह महीने के अंतराल पर दिनांक 4 जून, 2011 और 14 जनवरी, 2012 को आयोजित की गई हैं।

केन्द्रीय पर्यवेक्षी बोर्ड का संघटन संलग्न विवरण में दिया गया है।

(घ) और (ङ) पीएनडीटी अधिनियम के कारगर कार्यान्वियन के लिए सीएसबी बैठकों के प्रमुख निर्णयों के परिणामस्वरूप पीएनडीटी नियमों में किए गए संशोधन निम्नानुसार हैं:—

- अधिनियम के अंतर्गत नियम 11(2) को संशोधित किया गया है और सा.का.नि. 426(अ) दिनांक 31 मई, 2011 के तहत अधिसूचित किया गया है। संशोधन में गैर-पंजीकृत

मशीनों को जब्त करने और तीन वर्ष तक के कारावास की सजा तथा 50,000/- रुपए तक का जुर्माना करने की व्यवस्था की गई है।

- सचल सुवाह्य अल्ट्रासाउण्ड उपकरणों और सचल जेनेटिक क्लीनिकों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने के लिए पीएनडीटी नियम, 1996 के अंतर्गत संशोधन को सा.का.नि. 80(अ) दिनांक 7 फरवरी, 2012 के तहत अधिसूचित किया गया है।

- क्लीनिकों/सुविधा-केन्द्रों में अनर्हक और अप्रशिक्षित कार्मिकों द्वारा नैदानिक क्रियाविधियों के दुरुपयोग को एक बड़े उपाय के रूप में तथा अल्ट्रासाउंड सेवा प्रदाताओं की अर्हताओं तथा प्रशिक्षण के लिए संस्थाओं के प्रत्यायन के संबंध में एम सी आई द्वारा विकसित किए गए दिशा-निर्देशों के आधार पर बोर्ड ने पीएनडीटी नियम, 1996 के नियम 3(1)(ख) में संशोधन करने का अनुमोदन किया।

- अधिकतम दो केन्द्रों में और वह भी केवल जिले के अंदर ही डॉक्टरों के पंजीकरण की अनुमति दी जाएगी।

- बोर्ड ने जेनेटिक परामर्श केन्द्र, जेनेटिक प्रयोगशाला, जेनेटिक क्लीनिक, अल्ट्रासाउंड क्लीनिक अथवा इमेजिंग सेंटर के लिए पी.एन.डी.टी. नियम 1996 के नियम 5 के अंतर्गत निकायों के लिए पंजीकरण शुल्क को मौजूदा 3000/- रुपए से बढ़ाकर 25,000/- रुपए करने का अनुमोदन कर दिया है। उसी प्रकार, किसी संस्थान, अस्पताल, उपचर्या गृह अथवा उपर्युक्त सेवा को संयुक्त रूप से प्रदान करने वाले किसी स्थान के लिए शुल्क को 4,000/- रुपए से बढ़ाकर 35,000/- रुपए किया जाएगा।

- सीएसबी ने नियम 13 में संशोधन को भी अनुमोदित कर दिया है जिसमें प्रत्येक केन्द्र को यह अधिदेश दिया गया है कि वह प्रत्येक कर्मचारी के स्थान, पते और संस्थापित उपकरण में हर तरह का परिवर्तन होने की सूचना ऐसे परिवर्तन की संभावित तारीख से 30 दिन पहले उपयुक्त प्राधिकारी को दे और विधिवत् शामिल किए गए परिवर्तनों वाला एक प्रमाण-पत्र जारी करने की मांग करे।

- सरकार ने भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् से अनुरोध किया है कि वह अधिनियम के अंतर्गत दोषसिद्ध डॉक्टरों के पंजीकरण को निलंबित/रद्द करने के लिए उपाय करे।

(च) भारत सरकार ने नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार पीसी एवं पीएनडीटी अधिनियम के कारगर कार्यान्वयन के माध्यम से लिंग निर्धारण के विरुद्ध अभियान को तेज कर दिया है:—

- राष्ट्रीय निरीक्षण एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा किए जाने वाले निरीक्षणों में वृद्धि की गई है। एनआईएमसी का पुनर्गठन किया गया है और इसे निरीक्षण करने के अलावा समुचित प्राधिकारियों द्वारा निरीक्षणों के दौरान अधिनियम के अंतर्गत उल्लंघनों के दोषी पाए गए दोषी संगठनों के विरुद्ध अनुवर्ती कार्रवाई का पर्यवेक्षण करने की शक्ति प्रदान की गई है।

- भारत सरकार ने अधिनियम के अंतर्गत नियमों में महत्वपूर्ण संशोधन अधिसूचित किए हैं जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:—

  — अधिनियम के अंतर्गत गैर-पंजीकृत मशीनों को जब्त करने तथा आगे सजा देने की व्यवस्था करने के लिए पीसी एवं पीएनडीटी नियम, 1996 के नियम 11(2) में संशोधन।

  — सुवाह्य अल्ट्रासाउंड उपकरणों के इस्तेमाल और सचल जेनेटिक क्लीनिकों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को विनियमित करने के लिए संशोधन।

  — संगठित ध्यान देने के लिए अत्यधिक विषम बाल लिंग अनुपात वाले 17 राज्यों की पहचान की गई है। इन राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों की एक बैठक पहली बार 20 अप्रैल, 2011 को आयोजित की गई, जिसके बाद अनेक समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं।

  — अधिनियम के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए संसाधनों का लक्षित उपयोग सुनिश्चित करने हेतु गैर-सरकारी संगठनों को सहायता अनुदान देने के लिए प्रचालन दिशा-निर्देशों में संशोधन किया गया है।

— राज्यों से कहा गया है कि वे पीसी एवं पीएनडीटी अधिनियम के कारगर कार्यान्वयन के लिए अपेक्षित अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने तथा मानव संसाधनों में वृद्धि करने के लिए वित्त-पोषण का लाभ उठाएं।

विवरण

केन्द्रीय पर्यवेक्षी बोर्ड

1. श्री गुलाम नबी आजाद, अध्यक्ष केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री

2. श्रीमती कृष्णा तीर्थ, सह-अध्यक्ष, राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

3. श्री पी.के. प्रधान, उपाध्यक्ष, सचिव (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

4. डॉ. जगदीश प्रसाद, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

5. श्री एम.के. शर्मा, संयुक्त सचिव एवं विधिक सलाहकार, विधि कार्य विभाग, विधि एवं न्याय मंत्रालय

6. डॉ. एस.के. शर्मा सलाहकार (आयुर्वेद), आयुष विभाग

7. श्रीमती अनुराधा गुप्ता, सदस्य सचिव, ए एस एवं एम डी (एन आर एच एम)

8. डॉ. गिरिजा बाघ, संयुक्त सचिव, फोगसी

9. डॉ. गायत्री ठाकोर, एम.डी. स्त्री रोग

10. डॉ. बानी सरकार, स्त्री रोग एवं प्रसूति रोग विज्ञान विभाग, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली

11. डॉ. संजय अनंत गुप्ते, पूर्व अध्यक्ष, फोगसी, मुम्बई

12. डॉ. बी.के. पॉल, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष बाल रोग विज्ञान विभाग, एम्स, नई दिल्ली

13. सुश्री रविन्द्र कौर, प्रोफेसर, सामाजिक विज्ञान एवं सामाजिक नृविज्ञान, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली

14. डॉ. राजीव थेरावडेकर, निदेशक, सिम्बायोसिस इंस्टीच्यूट ऑफ हैल्थ सांइसिज एवं डीन, स्वास्थ्य विज्ञान संकाण, पुणे

15. प्रो. डी.एम. दिवाकर, निदेशक, डॉ. ए.एन. सिन्हा सामाजिक विज्ञान संस्थान, पटना, बिहार

16. डॉ. नीलम सिंह, सचिव, वात्सल्य, लखनऊ

17. डॉ. सुभाष में ढ़ापुरकर, निदेशक, सोसाइटी फॉर सोशल अपलिफ्ट थ्रू रूरल एक्शन (सूत्र), हिमाचल प्रदेश।

संसद की महिला सदस्य

18. डॉ. (श्रीमती) प्रभा किशोर, तावियाड, संसद सदस्य लोक सभा

19. श्रीमती पूनमबेन वेलजीभाई जाट, संसद, सदस्य लोक सभा

राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधि :

20. श्री अंशु प्रकाश, सचिव (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण), दिल्ली सरकार

21. श्री राजीव सदानंदन, सचिव (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण), केरल सरकार

22. श्री करन ए. सिंह, सचिव (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण), पंजाब सरकार

23. श्री बी.एन. शर्मा, सचिव (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण), राजस्थान सरकार

विशेष आमंत्रित

24. डॉ. भारद्वाज, अध्यक्ष, भारतीय विकिरण विज्ञानीय संघ

25. डॉ. डी.आर. राय, महासचिव, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन

26. डॉ. पी.सी. महापात्रा, अध्यक्ष, फोगसी

27. डॉ. रत्ना जैन, महापौर, नगर निगम, कोटा

28. श्री जी.ए. पीर, आयुक्त एवं सचिव (स्वास्थ्य), स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, जम्मू और कश्मीर

29. सुश्री नवराज संधू, प्रधान सचिव (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण), हरियाणा सरकार

30. श्री पी.के. तनेजा, आयुक्त एवं प्रधान सचिव (सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), गुजरात सरकार

31. श्री अली रजा रिजबी, सचिव (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण), हिमाचल प्रदेश

32. श्रीमती अनीता अग्निहोत्री, सदस्य सचिव, राष्ट्रीय महिला आयोग

33. डॉ. नीलम सिंह, अधिवक्ता, भारतीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली

34. सुश्री एना. सिंह, यूएनएफपीए, भारत की प्रतिनिधि।

पंचायती राज संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण संबंधी राष्ट्रीय नीति

897-98

2978. श्री जयराम पांगी :
श्रीमती ज्योति धुर्वे :

क्या **पंचायती राज मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में विशेषकर पिछड़े क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं का विकास करने और उन्हें सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार के पास कोई राष्ट्रीय नीति है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के आकलन के अनुसार देश की पंचायती राज संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 4000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की आवश्यकता है;

(घ) यदि हां, तो उक्त आकलन का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या मध्य प्रदेश और गुजरात में पंचायती राज संस्थाओं के पुनरुद्धार के लिए आवश्यक निधियों के संबंध में कोई आकलन किया गया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जनजातीय कार्य मंत्री तथा पंचायती राज मंत्री (श्री वी. किशोर चन्द्र देव) : (क) और (ख) पंचायती राज मंत्रालय, पंचायतों की विभिन्न स्कीमों के माध्यम से पंचायतों को सुदृढ़ बनाने में सहायता करता है। यह देश के 250 पिछड़े जिलों में पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (बी.आर.जी.एफ.) संचालित करता है। अबद्ध निधियां स्थानीय अवसंरचना और अन्य विकास आवश्यकताओं में विशेष कमियों को पूरा करने के लिए प्रदान की जाती है। बी.आर.एफ.एफ. का उद्देश्य इसके क्षमता निर्माण घटक के माध्यम से पंचायतों को सुदृढ़ बनाना भी है। राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार योजना (आरजीएसवाई) योजना के अंतर्गत गैर बी.आर.जी.एफ. जिलों को क्षमता निर्माण और पंचायत घरों के निर्माण के लिए सहायता दी जाती है। ई-पंचायत स्कीम ई-इनवेलिंग द्वारा पंचायतों को सुदृढ़ बनाती है। पंचायत महिला एवं युवा शक्ति अभियान (पीएमईवाईएसए) विशेष तौर से निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों पर केंद्रित है।

(ग) से (च) देश में पी आर आई'ज को सुदृढ़ करना एक बहु-आयामिक प्रक्रिया है, इसके लिए निधियों का एकल निर्धारण नहीं हो सकता चूंकि ये शुरू किए जाने के लिए विचारित पहलों पर निर्भर करेंगे।

[हिन्दी]

898-99

निजी बैंकों के माध्यम से काला धन

2979. श्री महेश जोशी : क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश के निजी बैंकों के माध्यम से रखे गए काले धन के अवैध लेन-देन के मामले सरकार के ध्यान में आए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई कार्रवाई की है/करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस. पलानीमनिकम) : (क) आयकर विभाग को सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के बैंकों सहित विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से संदिग्ध लेन-देन से संबंधित सूचना प्राप्त होती है।

(ख) सूचना केन्द्रीकृत रूप से नहीं रखी जाती है।

(ग) ऐसे खातों की अप्रकट आय/निवेशों को कर के दायरे में लाने हेतु प्रत्यक्ष कर कानूनों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

(घ) सूचना केन्द्रीकृत रूप से नहीं रखी जाती है।

[अनुवाद]

899-900

कन्या शिशु मृत्यु दर

2980. श्री रूद्रमाधव राय : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में कन्या शिशु मृत्यु दर पर कोई अध्ययन किया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त अध्ययन के क्या निष्कर्ष हैं; और

(ग) ओडिशा सहित देश के पिछड़े राज्यों और अन्य भागों में प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण जांच के विरुद्ध चलाये गए अभियान का ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बंदोपाध्याय) : (क) और (ख) ऐसा कोई अध्ययन नहीं किया गया है। तथापि, भारत के महापंजीयक द्वारा प्रकाशित एसआरएस 2010 रिपोर्ट के अनुसार भारत में 1000 जीवित जन्मों पर 46 की बालक शिशु मृत्यु दर के मुकाबले कन्या शिशु मृत्यु दर प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 49 है।

(ग) पीसी एवं पीएनडीटी (लिंग चयन निषेध) अधिनियम, 1994, 2003 में यथा संशोधित, गर्भधारणा से पूर्व या उसके बाद लिंग चयन का निषेध करता है और लिंग निर्धारण के प्रयोजन से चिकित्सीय डायग्नॉस्टिक तकनीकों के दुरुपयोग को विनियमित करता है।

पीसी एवं पीएनडीटी अधिनियम के कारगर कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:–

- पीएनडीटी अधिनियम के तहत केन्द्रीय पर्यवेक्षण बोर्ड (सीएसबी) का पुनर्गठन किया गया है। सीएसबी को 17वीं और 18वीं बैठक छह माह के अंतराल पर क्रमश: 4 जून, 2011 और 14 जनवरी, 2012 को आयोजित हुई।
- राष्ट्रीय निरीक्षण एवं मॉनीटरिंग समिति द्वारा निरीक्षण को तेज किया गया है। एन आई एम सी का पुनर्गठन किया गया है और निरीक्षण के अलावा उसे निरीक्षण के दौरान अधिनियम के उल्लंघन के दोषी पाए गए संगठनों को उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा अनुवर्ती कार्रवाई पर निगरानी रखने का भी अधिकार प्रदान किया गया है।
- भारत सरकार द्वारा अधिनियम के तहत नियमों में निम्नलिखित समेत महत्वपूर्ण संशोधन अधिसूचित किए गए हैं:
    - पी सी एवं पी एन डी टी नियम, 1996 के नियम 11(2) में संशोधन, जिसके तहत अपंजीकृत मशीनों को जब्त करने और अधिनियम के तहत और दंड किए जाने का प्रावधान किया गया है।
    - पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड उपकरणों के उपयोग तथा जेनेटिक हेनेरिक क्लिनिकों द्वारा दी सेवाओं को विनियमित करने के लिए संशोधन।
    - यह सुनिश्चित करने के लिए कि लक्षित संसाधनों का उपयोग अधिनियम के विषय में जागरूकता पैदा करने में हो, गैर-सरकारी संगठनों को दिए जाने वाले अनुदान के लिए प्रचालनात्मक दिशानिर्देशों में संशोधन किया गया है।
    - राज्यों को अवसंरचना को मजबूत बनाने तथा पी सी एवं एन डी टी अधिनियम के कारगर कार्यान्वयन के लिए अपेक्षित मानव संसाधनों में वृद्धि करने के लिए एनआरएचएम के तहत उपलब्ध निधि का लाभ उठाने के लिए कहा गया है।

[हिन्दी]

900-01

राष्ट्रीय विद्युत निधि

2981. श्री नरेन्द्र सिंह तोमर :
श्री के. सुधाकरण :

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार का विचार निकट भविष्य में राष्ट्रीय विद्युत निधि की स्थापना करने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और उक्त निधि के उद्देश्य क्या हैं?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क)

और (ख) जी, हां। आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने वितरण नेटवर्क के सुधार हेतु सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में राज्य विद्युत यूटिलिटियों को 25000 करोड़ रुपए की राशि के ऋण वितरण पर कुल 8466 करोड़ रुपए की ब्याज सब्सिडी प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय विद्युत निधि (ब्याज सब्सिडी स्कीम) की स्थापना को अनुमोदन प्रदान किया है।

स्कीम के अंतर्गत, ब्याज सब्सिडी गैर राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजीवीवाई) और गैर-पुनर्गठित त्वरित विद्युत विकास एवं सुधार कार्यक्रम (आरएपीडीआरपी) स्कीम के लिए वितरण क्षेत्र में निजी और सार्वजनिक विद्युत यूटिलिटियों द्वारा लिए गए ऋणों पर प्रदान की जानी है। आरजीजीवीवाई, जो भारत सरकार की कार्यान्वियनाधीन फ्लैगशिप स्कीम का लक्ष्य सभी ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत की पहुंच का प्रावधान करना है जबकि आरएपीडीआरपी का लक्ष्य शहरी क्षेत्रों में सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक (एटी एंड सी) हानियों को कम करने के लिए विद्युत क्षेत्र को सुदृढ़ करना एवं उसका उन्नयन करना है।

पात्रता हेतु पूर्व शर्तें राज्यों द्वारा किए गए सुधार उपायों से जुड़ी होती हैं और ब्याज सब्सिडी की राशि सुधारों से जुड़े पैरामीटरों में प्राप्त प्रगति से सम्बद्ध होती है। एनईएफ (ब्याज सब्सिडी) स्कीम से वित्तीय सहायता के लिए, राज्यों को विशेष श्रेणी राज्यों और ध्यान दिए जाने वाले राज्यों तथा "विशेष श्रेणी राज्यों और ध्यान दिए जाने वाले राज्यों के अलावा अन्य राज्य" के रूप में श्रेणीकृत किया गया है। स्कीम के लिए सरकारी आदेश जारी किया गया है। रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन (आरईसी) संचालन समिति के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का प्रचालन करने वाली नोडल एजेंसी है जो इस स्कीम के लिए गठित की गई है। इसकी अध्यक्षता सचिव (विद्युत) द्वारा की जाती है।

[अनुवाद]

अवयस्कों और स्कूल ड्रॉपआउट्स की तस्करी

2982. श्री एम. श्रीनिवासुलु रेड्डी : क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार चाहती है कि अवयस्कों और स्कूल ड्रॉपआट्स की तस्करी को रोकने में पंचायतों को मुख्य भूमिका निभानी चाहिए;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इसका राज्य-वार विशेषकर अन्य राज्यों की तुलना में आंध्र प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) 12वीं पंचवर्षीय योजना में ऐसी समस्याओं से निपटने के लिए राज्य-वार विशेषकर आंध्र प्रदेश में क्या योजना बनाई गई है?

जनजातीय कार्य मंत्री तथा पंचायती राज मंत्री (श्री वी. किशोर चन्द्र देव) : (क) से (घ) अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध पंचायतों के पास शास्ति शक्तियां नहीं हैं। बारहवीं योजना अभिलेख को अंतिम रूप नहीं दिया गया है तथापि, बारहवीं योजना के लिए "महिला शक्ति एवं अधिकारिता" पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के कार्य समूह की रिपोर्ट ने प्रभावी सेवाएं प्रदान करने में पंचायतों की भूमिका और लिंग-संवेदी अच्छे शासन को सुनिश्चित करने में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की भूमिका को मान्यता प्रदान की है, जो कि आंध्र प्रदेश सहित पूरे देश में प्रयोज्य है।

विहित दवाओं में परिवर्तन

2983. श्री जी.एम. सिद्देश्वर : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में विशेष रूप से दिल्ली में केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) औषधालय के डॉक्टर विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा विहित दवाओं से अलग दूसरी दवाएं दे रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या मंत्रालय को इस संबंध में कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ग) यदि हां, तो ऐसी शिकायतों के विरुद्ध क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) सरकार द्वारा कब तक देश के सभी सीजीएचएस औषधालयों, विशेष रूप से दिल्ली के औषधालयों को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा विहित दवाएं वितरित किए जाने के लिए कड़े निर्देश जारी किए जाने की संभावना है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (घ) जी, नहीं। मौजूदा अनुदेशों के अनुसार, सी जी एच एस लाभार्थियों को स्थानापन्न दवाइयां नहीं दी जाती हैं। यदि किसी विशिष्ट ब्रांड की दवा उपलब्ध नहीं होती है तो केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के डॉक्टर उपलब्ध ब्रांड/समरूप औषधि फार्मूलेशन और चिकित्सीय मान की उपलब्ध ब्रांड/जेनेटिक नाम की दवा दे सकते हैं।

नीति दरें

2984. श्री के. सुगुमार : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी नीति दरों में परिवर्तन नहीं किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उक्त दरों का निर्धारण मुद्रास्फीति पर नियंत्रण रखने के लिए किया जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) से (घ) मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने और स्फीतिकारी संभावनाओं पर रोक लगाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मार्च, 2010 से अक्तूबर, 2011 तक 375 आधार बिन्दु तक लगातार 13 बार नीतिगत दरें (रेपो दर) बढ़ाई हैं। वृद्धि की धीमी रफ्तार खास तौर से निवेश क्रियाकलाप में और मुद्रास्फीति में आई कमी को ध्यान में रखते हुए आरबीआई ने मध्य त्रैमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा (16 दिसम्बर, 2011 में) ने रेपो दर न बढ़ाने का निर्णय लिया था और पॉलिसी दरें यथावत रखी गई है (रेपो दर 8.5 प्रतिशत और रिवर्स रेपो दर 7.5 प्रतिशत)। इसके अलावा नकदी की कमी की स्थितियों को दूर करने के लिए आरबीआई ने अपनी मौद्रिक नीति की त्रैमासिक समीक्षा (24 जनवरी, 2012 में) में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के नकद प्रारक्षित अनुपात (सीआरआर) में 50 आधार बिन्दु तक अपनी निवल मांग और सावधि देयताएं (एनडीटीएल) 6 प्रतिशत से 5.5 प्रतिशत तक कम की है यह सीआरआर बाद में 75 आधार बिन्दु तक और कम होकर 9 मार्च, 2012 में 5.5 प्रतिशत से घटकर 4.75 प्रतिशत रह गया।

बिजली की दरों का संशोधन

2985. श्री राजय्या सिरिसिल्ला : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कोयले की उच्च अंतर्राष्ट्रीय कीमतों को परिलक्षित करने के लिए अल्ट्रा मेगा बिजली परियोजनाओं सहित अनेक बिजली परियोजनाओं के लिए बिजली की दरों में संशोधन कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.सी. वेणुगोपाल) : (क) से (ग) विद्युत अधिनियम के अनुसार, विद्युत के प्रशुल्क का निर्धारण उपयुक्त सरकार नहीं, बल्कि उपयुक्त आयोग द्वारा किया जाता है। इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) द्वारा 61 तथा 62 के साथ पठित धारा 79 के अंतर्गत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार के स्वामित्व की अथवा इसके द्वारा नियंत्रित उत्पादक कंपनियों के तथा अन्य उत्पादक कंपनियों के, यदि ऐसी कंपनियां एक से अधिक राज्य में विद्युत के उत्पादन और बिक्री के लिए शामिल होती हैं अथवा अन्यथा संयुक्त स्कीम रखती हैं तो उनके लिए प्रशुल्क का निर्धारण करता है। इन मामलों में, ऊर्जा प्रभार उनके प्रचालन के मानदंडों को पूरा करने के अधीन पारित होता है।

सीईआरसी में अधिनियम की धारा 63 के अंतर्गत प्रशुल्क को अपनाए जाने की शक्ति भी निहित है, यदि ऐसा प्रशुल्क केन्द्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप बोली की पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित किया जाता है तो केन्द्र सरकार ने विद्युत के प्रापण के लिए दिशा-निर्देश तथा मानक बोली दस्तावेज जारी किए हैं जो अल्ट्रा मेगा विद्युत परियोजनाओं (यूएमपीपी) पर भी लागू होते हैं। आयोग ने चार यूएमपीपी का प्रशुल्क अपनाया है।

विद्युत प्रशुल्क का संशोधन बोलीदाता द्वारा उद्धृत वृद्धि योग्य संघटकों पर आधारित होता है। यदि यूएमपीपी आयातित कोयला आधारित परियोजना है तो, इसका प्रशुल्क सीईआरसी द्वारा अधिसूचित आयातित कोयले के लिए उनके वृद्धि योग्य सूचकांकों के आधार पर, छमाही आधार पर आकलित किया जाता है। कोयले के उच्च अंतर्राष्ट्रीय मूल्य का प्रभाव बोलीदाता द्वारा उद्धृत वृद्धियोग्य संघटकों के अधीन विद्युत प्रशुल्क में परिलक्षित हो सकता है।

[हिन्दी]

आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता/सहायक

2986. श्री भूपेन्द्र सिंह : क्या महिला और बाल, विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं/सहायकों की राज्य-वार संख्या क्या है;

(ख) क्या भारतीय जीवन बीमा निगम की सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री बीमा योजना आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/सहायकों के लाभ के लिए शुरू की गई थी;

(ग) यदि हां, तो आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/सहायकों को इस योजना के अंतर्गत प्रदान किए गए वित्तीय क्षतिपूर्ति का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इस योजना से लाभान्वित हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/सहायकों की राज्य-वार संख्या क्या है;

(ङ) क्या सरकार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/सहायकों के बच्चों की शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करती है; और

(च) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान राज्य-वार प्रत्येक बच्चे को प्रदान की गई छात्रवृत्ति की राशि और इससे लाभान्वित हुए बच्चों की संख्या सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

महिला और बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा तीरथ) : (क) देश में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-I पर दिया गया है।

(ख) से (च) आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों के लाभ के लिए कल्याणकारी उपायों के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम के सहयोग से सरकार ने दिनांक 01.04.2004 से आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री बीमा योजना शुरू की है। एलआईसी की सामाजिक सुरक्षा समूह स्कीम के माध्यम से इस स्कीम का प्रचालन किया जाता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री बीमा योजना की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:—

(i) यह योजना 18-59 वर्ष के आयु वर्ग की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं के लिए प्रयोज्य है।

(ii) स्कीम के अंतर्गत प्रीमियम प्रति वर्ष प्रति मैम्बर 280/- रुपये है। इसका खंड-वार विवरण निम्नानुसार है:—

- एलआईसी की सामाजिक सुरक्षा निधि से 100/- रुपये
- भारत सरकार द्वारा 100/- रुपये
- 80/- रुपये आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री/सहायिका द्वारा (बीमाकृत सदस्या की गंभीर बीमारी हेतु पुरुष के लिए अतिरिक्त)। इन कार्यकर्त्रियों द्वारा गंभीर बीमारी हेतु भुगतान योग्य 80/- रुपये को 31.3.2013 तक समाप्त कर दिया गया है।

(iii) स्कीम के अंतर्गत निम्नलिखित लाभ प्रदान किए जाते हैं:—

- स्वाभाविक मृत्यु : 30,000/- रुपये
- दुर्घटना लाभ:
  - — मृत्यु/संपूर्ण रूप से अस्थायी विकलांगता — 75,000/- रुपये
  - — आंशिक स्थायी विकलांगता — 37,500/- रुपये
- महिला गंभीर बीमारी लाभ : निम्नलिखित अंगों में परिलक्षित कैंसर (ट्यूमर) का पता चलने पर 20,000/- रुपये की राशि का भुगतान किया जाएगा (बशर्ते कि निगम इस बीमारी के होने के प्रमाण से संतुष्ट हो)।
  - — स्तन
  - — सर्विक्स यूटेरी
  - — कोरपस यूटेरी
  - — ओवरीज
  - — फैलोपियन ट्यूब
  - — वीना/वाल्वा
- शिक्षा सहयोग

आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और आंगनवाड़ी सहायिकाओं के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति लाभ संबंधी निःशुल्क सहायता उपलब्ध है। नौंवी से बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए प्रति तिमाही 300/- रुपये की छात्रवृत्ति (यह आईटीआई पाठ्यक्रमों के लिए भी दी जाती है) उपलब्ध है। परन्तु यह प्रति परिवार दो बच्चों तक ही सीमित है।

वर्तमान में स्कीम के अंतर्गत सभी लाभों के लिए सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और आंगनवाड़ी सहायिकाओं को शामिल

किया गया है। विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान "आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री बीमा योजना" के अंतर्गत निपटाए गए दावों का राज्य-वार ब्यौरा दर्शाने वाला ब्यौरा संलग्न विवरण-II पर दिया गया है।

विवरण-I

31.12.2012 तक की स्थिति के अनुसार आंगनवाड़ी पर्यवेक्षकों एवं आगनवाड़ी कार्यकत्रियों के संस्वीकृत एवं भरे हुए पदों की संख्या

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	पर्यवेक्षकों की संख्या		आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों की संख्या	
		भारत सरकार द्वारा संस्वीकृत	भरे हुए पद	भारत सरकार द्वारा संस्वीकृत	भरे हुए पद
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	91307	81681	80481	73977
2.	अरुणाचल प्रदेश	6225	6028	6225	6028
3.	असम	62153	57656	56728	54869
4.	बिहार	91968	80211	86528	80211
5.	छत्तीसगढ़	64390	47331	55709	40734
6.	गोवा	1262	1258	1262	1260
7.	गुजरात	52137	48490	50552	46350
8.	हरियाणा	25962	17445	25450	17060
9.	हिमाचल प्रदेश	18925	18185	18386	17981
10.	जम्मू और कश्मीर	28577	25954	28577	26045
11.	झारखंड	38296	36278	35745	33357
12.	कर्नाटक	64518	61148	61187	55919
13.	केरल	33115	33013	32986	32839
14.	मध्य प्रदेश	90999	88877	78929	75875
15.	महाराष्ट्र	110486	101186	97475	89372

1	2	3	4	5	6
16.	मणिपुर	11510	9883	9958	9587
17.	मेघालय	5156	5113	3922	3880
18.	मिजोरम	1980	1980	1980	1980
19.	नागालैंड	3455	3455	3455	3455
20.	ओडिशा	72873	65983	62657	57693
21.	पंजाब	26656	26202	25436	24938
22.	राजस्थान	61119	57256	54915	52101
23.	सिक्किम	1233	1198	1233	1185
24.	तमिलनाडु	55020	47444	50080	41587
25.	त्रिपुरा	9911	9906	9911	9906
26.	उत्तर प्रदेश	187517	177775	165331	159792
27.	उत्तराखंड	23159	16794	18039	11903
28.	पश्चिम बंगाल	117170	106002	117170	100444
29.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	720	697	689	678
30.	चंडीगढ़	500	420	500	420
31.	दिल्ली	11150	10517	11150	10517
32.	दादरा और नगर हवेली	267	246	233	220
33.	दमन और दीव	107	107	107	107
34.	लक्षद्वीप	107	107	96	96
35.	पुदुचेरी	788	788	788	788
	कुल	1370718	1246614	1253870	1143154

विवरण-II

"आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री बीमा योजना" के अंतर्गत वर्ष 2008-09 के दौरान निपटान किए गए दावों की राज्य-वार संख्या

क्र. सं.	राज्य	स्वाभाविक मृत्यु		दुर्घटना मृत्यु		गंभीर बीमारियां		छात्रवृत्ति	
		संख्या	संवितरित राशि	संख्या	संवितरित राशि	संख्या	संवितरित राशि	संख्या	संवितरित राशि
1.	आंध्र प्रदेश	83	2410000	5	375000	0	0	1585	1424700
2.	असम	42	1240000	0	0	0	0	0	0
3.	बिहार	2	60000	0	0	0	0	0	0
4.	चंडीगढ़	47	1280000	3	120000	0	0	824	927600
5.	छत्तीसगढ़	10	200000	0	0	0	0	0	0
6.	गोवा	0	0	0	0	0	0	152	91200
7.	गुजरात	36	1030000	3	200000	3	57666	7466	4530000
8.	हरियाणा	0	0	0	0	0	0	113	135600
9.	हिमाचल प्रदेश	17	510000	2	150000	1	20000	682	818400
10.	जम्मू और कश्मीर	1	30000	0	0	0	0	635	381000
11.	कर्नाटक	64	1800000	3	225000	1	30000	2250	2532300
12.	केरल	32	960000	0	0	10	200000	10383	12787200
13.	मध्य प्रदेश	92	2441000	9	580000	0	0	1345	899700
14.	महाराष्ट्र	54	1490000	1	75000	0	0	592	387060
15.	ओडिशा	27	790000	1	75000	0	0	297	203800
16.	राजस्थान	3	90000	0	0	0	0	0	0
17.	तमिलनाडु	92	2720000	3	225000	5	100000	4067	2804700
18.	उत्तर प्रदेश	78	2280000	2	135000	0	0	77	82500
19.	उत्तराखंड	16	500000	0	0	2	75000	259	217200
20.	पश्चिम बंगाल	48	1430000	0	0	6	120000	9074	6344170
	कुल	744	21261000	32	2160000	28	602666	39801	34567130

"आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री बीमा योजना" के अंतर्गत वर्ष 2009-10 के दौरान निपटान किए गए दावों की राज्य-वार संख्या

क्र. सं.	राज्य	स्वाभाविक मृत्यु		दुर्घटना मृत्यु		गंभीर बीमारियां		छात्रवृत्ति	
		संख्या	संवितरित राशि	संख्या	संवितरित राशि	संख्या	संवितरित राशि	संख्या	संवितरित राशि
1.	आंध्र प्रदेश	83	2470000	7	525000	0	0	4510	3321600
2.	असम	27	810000	1	30000	0	0	0	0
3.	बिहार	1	30000	0	0	0	0	0	0
4.	चंडीगढ़	72	2150000	0	0	0	0	3084	3358800
5.	छत्तीसगढ़	11	220000	0	0	0	0	0	0
6.	गोवा	2	50000	0	0	0	0	0	0
7.	गुजरात	63	1880000	3	195000	1	20000	4293	3224400
8.	हरियाणा	4	120000	0	0	0	0	137	164400
9.	हिमाचल प्रदेश	13	390000	3	225000	0	0	0	0
10.	जम्मू और कश्मीर	12	360000	0	0	0	0	215	102000
11.	कर्नाटक	68	2020000	1	75000	0	0	1841	2209200
12.	केरल	25	750000	0	0	26	520000	15980	9588000
13.	मध्य प्रदेश	44	1300000	6	450000	0	0	856	526500
14.	महाराष्ट्र	36	1025000	11	575000	0	0	417	210000
15.	ओडिशा	30	895000	4	270000	0	0	1128	720900
16.	पंजाब	2	60000	0	0	0	0	0	0
17.	राजस्थान	1	30000	0	0	0	0	0	0
18.	तमिलनाडु	81	2430000	3	225000	0	0	2231	1540200
19.	उत्तर प्रदेश	98	2830000	3	240000	1	25000	0	0
20.	उत्तराखंड	18	530000	0	0	0	0	410	246000
21.	पश्चिम बंगाल	69	2060000	5	375000	0	0	22563	13537800
	कुल	760	22410000	47	3185000	28	565000	57665	38749800

उत्तर प्रदेश का 25000/- रुपये की राशि का एक दावा वर्ष 2009-10 में निपटाया गया।

"आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री बीमा योजना" के अंतर्गत वर्ष 2010-11 के दौरान निपटान किए गए दावों की राज्य-वार संख्या

क्र. सं.	राज्य	स्वाभाविक मृत्यु		दुर्घटना मृत्यु		गंभीर बीमारियां		छात्रवृत्ति	
		संख्या	संवितरित राशि	संख्या	संवितरित राशि	संख्या	संवितरित राशि	संख्या	संवितरित राशि
1.	आंध्र प्रदेश	98	2940000	1	75000	0	0	3606	3049200
2.	असम	61	1820000	0	0	0	0	752	451200
3.	बिहार	3	90000	0	0	0	0	0	0
4.	चंडीगढ़	52	1560000	4	270000	0	0	1987	2384400
5.	छत्तीसगढ़	19	380000	4	150000	0	0	0	0
6.	गोवा	2	60000	0	0	0	0	0	0
7.	गुजरात	39	1260000	4	210000	2	40000	6616	4427400
8.	हरियाणा	3	90000	0	0	0	0	96	115220
9.	हिमाचल प्रदेश	16	480000	0	0	0	0	1754	1945200
10.	जम्मू और कश्मीर	10	300000	0	0	0	0	335	171600
11.	कर्नाटक	76	2250000	4	300000	4	80000	3225	3864600
12.	केरल	23	690000	2	150000	21	420000	49202	29521200
13.	मध्य प्रदेश	48	1400000	6	450000	1	20000	532	324000
14.	महाराष्ट्र	59	1700000	6	415000	2	40000	4203	2489400
15.	ओडिशा	24	710000	3	225000	5	100000	1170	702000
16.	पंजाब	0	0	0	0	0	0		0
17.	राजस्थान	0	0	0	0	0	0	0	0
18.	तमिलनाडु	53	1590000	2	150000	1	20000	7068	4241400
19.	उत्तर प्रदेश	102	3020000	3	225000	0	0	20	12000
20.	उत्तराखंड	18	540000	2	150000	6	120000	322	280800
21.	पश्चिम बंगाल	85	2540000	3	225000	0	0	29637	17787700
	कुल	791	23420000	44	2995000	42	840000	110525	71767320

"आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री बीमा योजना" के अंतर्गत वर्ष 2011-12 के दौरान (31.01.2012 तक) निपटान किए गए दावों की राज्य-वार संख्या

क्र. सं.	राज्य	स्वाभाविक मृत्यु		दुर्घटना मृत्यु		गंभीर बीमारियां		छात्रवृत्ति	
		संख्या	संवितरित राशि	संख्या	संवितरित राशि	संख्या	संवितरित राशि	संख्या	संवितरित राशि
1.	आंध्र प्रदेश	103	2280000	6	450000	0	0	4825	5025000
2.	असम	41	1230000	0	0	0	0	971	582600
3.	बिहार	0	0	0	0	0	0	0	0
4.	चंडीगढ़	55	1650000	0	0	0	0	1479	1774800
5.	छत्तीसगढ़	9	240000	0	0	1	20000	0	0
6.	गोवा	2	60000	0	0	0	0	0	0
7.	गुजरात	37	1170000	3	165000	0	0	7213	4994400
8.	हिमाचल प्रदेश	39	1170000	1	75000	1	20000	1551	1861200
9.	जम्मू और कश्मीर	11	330000	0	0	0	0	663	397800
10.	झारखंड	3	90000	0	0	0	0	0	0
11.	कर्नाटक	68	2040000	4	300000	3	60000	5459	6022000
12.	केरल	26	780000	1	75000	14	280000	7485	4491000
13.	मध्य प्रदेश	49	1470000	6	450000	1	20000	956	573600
14.	महाराष्ट्र	87	3940000	17	1275000	4	100000	2432	1459200
15.	ओडिशा	24	720000	0	0	0	0	166	99600
16.	राजस्थान	2	60000	0	0	0	0	0	0
17.	उत्तराखंड	20	590000	3	225000	0	0	399	478800
18.	उत्तर प्रदेश	80	2340000	8	600000	0	0	37	22200
19.	पश्चिम बंगाल	71	2130000	4	300000	9	180000	13787	8272100
20.	तमिलनाडु	45	1350000	0	0	0	0	5931	3558600
	कुल	772	23640000	53	3915000	33	680000	53354	39612900

[अनुवाद]

बुनकरों के लिए राहत पैकेज

2987. श्री ओम प्रकाश यादव : क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश के बुनकरों के ऋण माफ करने सहित उनके लिए कोई राहत पैकेज तैयार किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या देश के अन्य कारीगरों के लिए भी ऐसे राहत पैकेजों का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) बजट 2011-12 में वित्त मंत्री ने घोषणा की थी कि भारत सरकार नाबार्ड के माध्यम से अखिल भारतीय आधार पर अतिदेय ऋणों की माफी के लिए हथकरघा क्षेत्र के लिए वित्तीय पैकेज का क्रियान्वयन करने हेतु 3000 करोड़ रु. उपलब्ध कराएगी। उक्त बजट घोषणा के परिणामस्वरूप "हथकरघा क्षेत्र के लिए पुनरुज्जीवन, सुधार और पुनर्नियतन पैकेज" 3884 करोड़ रु. की कुल वित्तीय विवक्षा के साथ अनुमोदित किया गया है जिसमें से भारत सरकार का हिस्सा 3137 करोड़ रु. है और राज्य सरकारों का हिस्सा 747 करोड़ रु. है। इस पैकेज में मूलधन राशि के 100% और ब्याज की 25% की वह राशि सम्मिलित है जो हथकरघा बुनकरों और उनकी समितियों के संबंध में 31.03.2010 की स्थिति के अनुसार अतिदेय है। पैकेज में ब्याज के शेष हिस्से को बैंकों द्वारा बट्टेखाते डाले जाने का प्रावधान है। पात्र हथकरघा सहकारी समितियों और प्रत्येक हथकरघा बुनकरों को बैंकों द्वारा दिए गए नए ऋण हेतु 3 वर्षों के लिए 3% की ब्याज सहायता ऐसे नए ऋणों के लिए गारंटी कवर के साथ दी जाती है।

(ग) और (घ) वस्त्र मंत्रालय ने सूचित किया है कि देश के अन्य कारीगरों के लिए किसी भी प्रकार के राहत पेकेज का प्रस्ताव नहीं है।

सिक्कों का बदला जाना

2988. श्री सुरेश कुमार शेटकर : क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने लोगों से 25 पैसे और इससे नीचे के मूल्य के सिक्कों को 30 जून, 2012 से पहले बैंकों से बदल लेने के लिए कहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) पूरे देश में विशेषकर आंध्र प्रदेश में अभी तक कैसी प्रतिक्रिया मिली है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) और (ख) सिक्का निर्माण अधिनियम, 1906 की उप-धारा 15क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्रीय सरकार ने 30 जून, 2011 से समय-समय पर जारी किए गए 25 पैसे और उससे नीचे के मूल्यवर्गों के सिक्के परिचालन से वापस लेने का निर्णय लिया है और इस तारीख से ये सिक्के भुगतान एवं खाते के लिए वैद्य मुद्रा नहीं रहेंगे।

(ग) भारतीय रिजर्व बैंक ने सूचित किया है कि उसने कुल 263597333 सिक्के प्राप्त किए हैं, जिसमें आंध्र प्रदेश से प्राप्त 15998555 सिक्के शामिल हैं।

ग्रामीण अवसंरचनात्मक विकास निधि के अंतर्गत नाबार्ड के ऋण

2989. श्री हरिश्चंद्र चव्हाण :
श्री राम सिंह कस्वां :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान नयी ग्रामीण अवसंरचनात्मक इकाइयों के सृजन और अवसंरचनात्मक परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नाबार्ड द्वारा ग्रामीण अवसंरचनात्मक विकास निधि (आरआईडीएफ) से विभिन्न राज्य सरकारों को राज्य-वार कितना ऋण स्वीकृत किया गया है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान विभिन्न राज्यों में कार्यान्वित की जा रही अवसंरचनात्मक परियोजनाओं और उनमें प्रगति का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रतिवर्ष निधियों में वृद्धि के बावजूद आरआईडीएफ के अंतर्गत ऋण संवितरण में लगातार कमी आ रही है;

(घ) यदि हां, तो नाबार्ड के अधीन गठित आरआईडीएफ में समेकित राशि बढ़ाए जाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या नाबार्ड ने ग्राहकों को सीधे ऋण दिए जाने के लिए कोई योजना तैयार की है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमो नारायन मीणा) : (क) नई ग्रामीण अवसंरचनात्मक इकाइयों को बनाने के लिए विभिन्न राज्य सरकारों को आरआईडीएफ में से नाबार्ड द्वारा मंजूर किए गए ऋण राशि का ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है।

(ख) विभिन्न राज्यों में कार्यान्वयन के अधीन अवसंरचनात्मक परियोजनाओं और उसमें हुई प्रगति का ब्यौरा संलग्न विवरण-II, II(क), II(ख) और II(ग) में दिया गया है।

(ग) और (घ) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान आरआईडीएफ में से मंजूर किए गए ऋणों की स्थिति का ब्यौरा संलग्न विवरण-III में दिया गया है।

(ङ) और (च) अलग-अलग ग्राहकों को सीधे ही ऋण देने के लिए नाबार्ड ने ऐसी कोई योजना नहीं बनाई है।

विवरण-I

आरआईडीएफ — पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष (26 मार्च, 2012 तक) के दौरान की गई मंजूरियां

(करोड़ रुपये)

क्र.सं.	राज्य	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	1,315	1,185	1237	1345
2.	अरुणाचल प्रदेश	122	56	0	22
3.	असम	113	300	284	182
4.	बिहार	752	877	1090	1104
5.	छत्तीसगढ़	72	86	121	191
6.	गोवा	86	149	57	64
7.	गुजरात	1,085	972	1163	1516
8.	हरियाणा	301	543	487	486
9.	हिमाचल प्रदेश	425	454	424	424
10.	जम्मू और कश्मीर	377	654	903	162
11.	झारखंड	631	567	623	487

1	2	3	4	5	6
12.	कर्नाटक	659	657	861	757
13.	केरल	501	353	532	1062
14.	मध्य प्रदेश	975	1,176	1200	1517
15.	महाराष्ट्र	1,123	914	1125	1778
16.	मणिपुर	0	4	272	0
17.	मेघालय	66	135	143	13
18.	मिजोरम	1	75	146	26
19.	नागालैंड	240	187	79	3
20.	ओडिशा	849	760	898	1288
21.	पुदुचेरी	55	79	106	141
22.	पंजाब	525	553	602	455
23.	राजस्थान	1,100	1,015	1300	2030
24.	सिक्किम	99	177	78	2
25.	तमिलनाडु	905	850	1034	1600
26.	त्रिपुरा	305	142	86	63
27.	उत्तर प्रदेश	971	1,364	1569	1681
28.	उत्तराखंड	300	426	738	481
29.	पश्चिमी बंगाल	801	922	1160	1102
	आरआईडीएफ कुल	14,754	15,630	18,315	19985
	एनआरआरडीए, दिल्ली	4,000	6,500	0	0
	वेयर हाउस	0	0	0	1473
	सकल योग	18,754	22,130	18,315	21458

विवरण-II

आरआईडीएफ – पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष (29 फरवरी, 2012 तक) के दौरान किए गए संवितरण

(करोड़ रुपए)

क्र.सं.	राज्य	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
1	2	3	4	5	6
1.	आंध्र प्रदेश	1081	1018	895	963
2.	अरुणाचल प्रदेश	85	78	52	28
3.	असम	200	200	184	91
4.	बिहार	495	542	640	326
5.	छत्तीसगढ़	113	112	69	69
6.	गोवा	66	85	97	55
7.	गुजरात	885	991	886	383
8.	हरियाणा	286	270	204	115
9.	हिमाचल प्रदेश	220	300	300	273
10.	जम्मू और कश्मीर	411	428	455	341
11.	झारखंड	320	355	458	315
12.	कर्नाटक	454	611	750	418
13.	करेल	206	383	392	190
14.	मध्य प्रदेश	752	603	370	666
15.	महाराष्ट्र	874	802	693	380
16.	मणिपुर	1	9	30	0
17.	मेघालय	41	60	60	68
18.	मिजोरम	14	30	40	19
19.	नागालैंड	57	56	37	23

1	2	3	4	5	6
20.	ओडिशा	366	603	714	471
21.	पुदुचेरी		23	55	43
22.	पंजाब	450	450	448	318
23.	राजस्थान	700	850	1000	598
24.	सिक्किम	40	39	40	30
25.	तमिलनाडु	846	1015	713	584
26.	त्रिपुरा	48	77	100	34
27.	उत्तर प्रदेश	730	1629	1444	965
28.	उत्तराखंड	192	201	314	306
29.	पश्चिम बंगाल	526	570	621	479
	आरआईडीएफ कुल	10459	12388	12060	8551
	एनआरआरडीए	4000	6500	0	0
	वेयर हाउस	0	0	0	92
	सकल योग	14459	18888	12060	8643

विवरण-II(क)

वर्ष 2008-09 के दौरान क्षेत्र-वार संवितरण

(करोड़ रुपए)

क्र. सं.	राज्य	सिंचाई	सड़क और पुल	सामाजिक क्षेत्र	विद्युत क्षेत्र	कृषि से संबंधित	अन्य	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	आंध्र प्रदेश	297.29	532.75	179.68	0.00	36.14	35.14	1081.00
2.	बिहार	86.97	339.24	4540	9.86	13.71	0.00	495.17
3.	छत्तीसगढ़	82.61	30.58	0.00	0.00	0.00	0.00	113.19

1	2	3	4	5	6	7	8	9
4.	गोवा	62.80	0.00	0.00	0.00	2.70	0.00	65.50
5.	गुजरात	261.61	452.85	170.07	0.00	0.00	0.00	884.54
6.	हरियाणा	90.70	88.16	92.86	0.00	13.90	0.00	285.62
7.	हिमाचल प्रदेश	109.16	77.75	24.67	0.00	8.42	0.00	220.00
8.	जम्मू और कश्मीर	19.41	365.25	16.86	0.00	9.12	0.00	410.64
9.	झारखंड	88.22	172.74	12.59	0.00	46.45	0.00	320.00
10.	कर्नाटक	111.07	223.83	71.57	0.00	47.41	0.00	453.87
11.	केरल	13.19	46.18	108.13	0.00	29.85	8.56	205.91
12.	मध्य प्रदेश	616.38	93.78	42.05	0.00	0.00	0.00	752.21
13.	महाराष्ट्र	471.29	309.33	39.12	0.00	54.55	0.00	874.29
14.	ओडिशा	168.32	172.63	0.11	0.00	25.24	0.00	366.30
15.	पंजाब	34.12	111.81	154.48	0.00	149.59	0.00	450.00
16.	राजस्थान	115.78	234.13	331.10	0.00	18.99	0.00	700.00
17.	तमिलनाडु	76.92	436.68	271.61	0.11	4328	1747	846.07
18.	उत्तर प्रदेश	346.37	119.11	0.00	0.00	264.30	0.00	729.78
19.	उत्तराखंड	70.87	78.21	0.00	4250	0.56	0.00	192.13
20.	पश्चिम बंगाल	135.84	258.70	15.11	32.38	72.91	11.13	526.07
21.	पुदुचेरी	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
22.	अरुणाचल प्रदेश	0.00	52.93	16.91	4.08	5.72	5.20	84.84
23.	असम	10.03	116.32	0.00	0.00	73.65	0.00	200.00
24.	मणिपुर	0.00	0.00	0.00	0.00	1.40	0.00	140
25.	मेघालय	0.00	4140	0.00	0.00	0.00	0.00	4140
26.	मिजोरम	0.77	6.02	7.21	0.00	0.00	0.00	14.00
27.	नागालैंड	0.00	23.31	0.00	16.55	17.31	0.00	57.17

1	2	3	4	5	6	7	8	9
28.	सिक्किम	0.00	9.30	26.70	0.00	4.00	0.00	40.00
29.	त्रिपुरा	0.00	47.51	0.00	0.00	0.03	0.00	47.54
	कुल	3269.72	4440.50	1626.23	105.47	939.22	77.50	10458.64
	भारत निर्माण के लिए एनआरआरडीए		7500.00					
	सकल योग		11940.60					

(एनआरआरडीए को भारत निर्माण के लिए मंजूर और संवितरित किए गए 18,500 करोड़ रु. 2006-07 से 2009-10 तक पीएमजीएसवाई सड़कें)।

विवरण-II(ख)

वर्ष 2009-10 के दौरान क्षेत्र-वार संवितरण

(करोड़ रुपए)

क्र. सं.	राज्य	सिंचाई	सड़क और पुल	सामाजिक क्षेत्र	विद्युत क्षेत्र	कृषि से संबंधित	अन्य	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	आंध्र प्रदेश	29758	'475.58	188.55	11.48	10.16	34.88	1018.22
2.	बिहार	82.92	372.99	51.43	16.65	17.96	0.00	541.94
3.	छत्तीसगढ़	111.97	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	111.97
4.	गोवा	67.26	13.98	3.48	0.00	0.00	0.00	84.71
5.	गुजरात	191.80	610.83	188.06	0.00	0.00	0.00	990.69
6.	हरियाणा	131.41	71.19	48.88	0.00	18.29	0.00	269.72
7.	हिमाचल प्रदेश	73.31	174.32	48.72	0.00	3.65	0.00	300.00
8.	जम्मू और कश्मीर	26.92	339.44	53.45	0.00	8.20	0.00	428.00
9.	झारखंड	15.75	294.83	23.32	0.00	21.06	0.00	354.95
10.	कर्नाटक	184.57	241.75	144.90	0.00	39.36	0.00	610.58
11.	केरल	45.12	93.73	158.90	0.00	42.29	42.48	382.52

1	2	3	4	5	6	7	8	9
12.	मध्य प्रदेश	412.72	179.79	10.29	0.00	0.00	0.00	602.80
13.	महाराष्ट्र	305.32	379.57	80.87	0.00	35.84	0.00	801.60
14.	ओडिशा	204.53	347.87	0.91	0.00	49.30	0.00	602.61
15.	पंजाब	53.68	200.31	100.53	0.00	95.54	0.00	450.00
16.	राजस्थान	58.00	247.36	525.11	0.00	10.26	9.27	850.00
17.	तमिलनाडु	103.75	452.74	290.84	0.00	136.98	31.18	1015.49
18.	उत्तर प्रदेश	833.58	375.52	0.00	0.00	419.84	0.00	1628.93
19.	उत्तराखंड	68.57	127.48	0.00	4.25	0.25	0.00	200.54
20.	पश्चिम बंगाल	92.28	342.36	11.46	2.50	116.46	4.72	569.76
21.	पुदुचेरी	0.75	0.70	8.55	0.00	13.43	0.00	23.43
22.	अरुणाचल प्रदेश	0.00	62.44	12.30	3.68	0.00	0.00	78.41
23.	असम	6.35	163.13	0.00	18.62	11.91	0.00	200.00
24.	मणिपुर	0.00	0.00	0.00	0.00	8.85	0.00	8.85
25.	मेघालय	6.07	42.44	10.39	0.00	1.10	0.00	60.00
26.	मिजोरम	0.00	25.85	4.15	0.00	0.00	0.00	30.00
27.	नागालैंड	0.00	24.85	0.00	18.75	12.45	0.00	56.05
28.	सिक्किम	0.00	8.50	21.00	0.00	9.27	0.00	38.77
29.	त्रिपुरा	0.00	76.99	0.00	0.00	0.00	0.00	76.99
	कुल	3374.13	5746.51	1986.02	75.92	1082.44	122.53	12387.54
	भारत निर्माण के लिए एनआरआरडीए		6500.00					
	सकल कुल		12246.51					

(एनआरआरडीए को भारत निर्माण के लिए मंजूर और संवितरित किए गए 18,500 करोड़ रु. 2006-07 से 2009-10 तक पीएमजीएसवाई सड़कें)।

विवरण-II(ग)

वर्ष 2010-11 के दौरान क्षेत्र-वार संवितरण

(करोड़ रुपए)

क्र. सं.	राज्य	सिंचाई	सड़क और पुल	सामाजिक क्षेत्र	विद्युत क्षेत्र	कृषि से संबंधित	अन्य	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	आंध्र प्रदेश	345.18	328.27	207.20	0.00	14.46	0.00	895.11
2.	बिहार	27.87	497.60	52.15	41.54	18.94	0.00	640.10
3.	छत्तीसगढ़	69.03	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	69.03
4.	गोवा	65.45	16.57	9.68	0.00	5.60	0.00	97.30
5.	गुजरात	205.09	235.92	439.55	0.00	5.47	0.00	886.03
6.	हरियाणा	8व.29	65.99	37.96	0.00	19.46	0.00	203.70
7.	हिमाचल प्रदेश	86.17	138.24	65.23	0.00	10.36	0.00	300.00
8.	जम्मू और कश्मीर	15.29	389.34	31.79	0.00	18.65	0.00	455.07
9.	झारखंड	4.50	410.79	23.74	0.00	19.10	0.00	458.13
10.	कर्नाटक	178.00	296.81	205.41	0.00	69.28	0.00	750.00
11.	केरल	122.81	68.14	145.46	2.55	52.76	0.00	391.72
12.	मध्य प्रदेश	191.30	176.66	1.61	0.00	0.00	0.00	36957
13.	महाराष्ट्र	278.00	314.89	50.61	0.00	49.42	0.00	692.92
14.	ओडिशा	301.47	389.82	0.00	0.00	22.93	0.00	714.221
15.	पंजाब	62.31	175.59	138.46	0.00	71.54	0.00	447.90
16.	राजस्थान	96.07	329.46	557.56	0.00	6.11	10.80	1000.00
17.	तमिलनाडु	76.78	374.51	259.84	0.00	1.84	0.00	712.97
18.	उत्तर प्रदेश	901.76	272.14	0.00	0.00	270.43	0.00	144433
19.	उत्तराखंड	70.57	218.60	0.00	24.39	0.00	0.00	313.56
20.	पश्चिम बंगाल	88.85	339.61	15.33	0.00	161.35	15.86	621.00

1	2	3	4	5	6	7	8	9
21.	पुदुचेरी	1.58	27.64	25.60	0.00	0.00	0.00	54.82
22.	अरुणाचल प्रदेश	1.21	38.87	3.74	8.23	0.00	0.00	52.05
23.	असम	1.48	132.04	2.49	16.36	3114	0.00	183.51
24.	मणिपुर	7.00	0.00	7.70	0.00	15.00	0.00	29.70
25.	मेघालय	5.56	31.14	5.79	0.00	17.51	0.00	60.00
26.	मिजोरम	0.00	14.17	9.79	12.30	3.74	0.00	40.00
27.	नागालैंड	0.00	17.27	0.00	14.54	5.50	0.00	37.31
28.	सिक्किम	0.00	21.09	14.85	0.00	4.06	0.00	40.00
29.	त्रिपुरा	9.99	90.00	0.00	0.00	0.00	0.00	99.99
	कुल	3293.61	5411.17	2312.94	121.91	894.65	26.66	12060.04
	भारत निर्माण के लिए एनआरआरडीए		0.00					
	सकल कुल		0.00					

(एनआरआरडीए को भारत निर्माण के लिए मंजूर और संवितरित किए गए 18,500 करोड़ रु. 2006-07 से 2009-10 तक पीएमजीएसवाई सड़कें)।

विवरण-III

आर.आई.डी.एम. : वर्ष-वार आवंटन और स्वीकृति

(करोड़ रुपए)

वर्ष	आवंटन	स्वीकृत 26.03.2012 तक)
1	2	3
2008-09	14,000	14,726
2009-10	14,000	15,623
2010-11	16,000	18,315
2011-12	18,000	19,985
आआईडीएम: कुल	62,000	68,649
एनआरआरडीए (XII जव XV)	18,500	18,5000

कार्बन फोरम एशिया कान्फ्रेंस-2011 9 38-39

2990. श्री पी.आर. नटराजन : क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत सरकार के शिष्टमंडल ने अभी हाल ही में सिंगापुर में आयोजित कार्बन फोरम एशिया—2011 सम्मेलन में भाग लिया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस सम्मेलन में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के बारे में क्या निर्णय लिया गया है?

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (डॉ. फारूख अब्दुल्ला) : (क) और (ख) जी, हां। एशियन विकास बैंक के अनुरोध पर दिनांक 2-3 नवम्बर, 2011 को सिंगापुर में आयोजित कार्बन फोरम एशिया 2011 सम्मेलन में शामिल होने के लिए निम्नलिखित अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया:—

(i) सुश्री सनवाली कटोच, जे.ओ., हिमाचल प्रदेश विद्युत निगम लिमिटेड (एचपीपीसीएल);

(ii) श्री सुब्रता बोस, परियोजना समन्वयकर्त्ता, पर्यावरण और वन मंत्रालय;

(iii) श्री सज्जन, कार्यकारी अभियंता, कर्नाटक सरकार; और

(iv) श्री वैभव गलरिया, परियोजना निदेशक, राजस्थान शहरी अवसंरचना विकास परियोजना (आरयूआईडीपी), राजस्थान सरकार।

(ग) इस सम्मेलन में कार्बन क्रेडिट क्रेताओं और विक्रेताओं के साथ-साथ सरकार, बाजार के प्रतिनिधि, विकसित और विकासशील राष्ट्र अपने विचारों का आदान-प्रदान करने तथा जानकारी बांटने के लिए एक साथ एकत्रित हुए जिसका सकारात्मक प्रभाव हो सकता है। इस सम्मेलन में अक्षय ऊर्जा से संबंधित कोई विशिष्ट निर्णय नहीं लिया गया।

अध्यक्ष महोदया : लोक सभा मध्याह्न बारह बजे पुनः समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

पूर्वाह्न 11.04 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा मध्याह्न बारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

मध्याह्न 12.00 बजे

लोक सभा मध्याह्न बारह बजे पुनः समवेत हुई।

[**अध्यक्ष महोदया** *पीठासीन हुईं*]

...*(व्यवधान)*

अपराह्न 12.01 बजे

इस समय, श्री के. चन्द्रशेखर राव और कुछ अन्य माननीय सदस्य आगे आकर सभा पटल के निकट फर्श पर खड़े हो गए।

...*(व्यवधान)*

अपराह्न 12.01½ बजे

सभा पटल पर रखे गए पत्र

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया : अब, पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद): मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:—

(1) (एक) मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के वर्ष 2010-11 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के वर्ष 2010-11 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिये* संख्या एल.टी. 6436/15/12]

(2) (एक) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एण्ड फैमिली वेलफेयर, नई दिल्ली के वर्ष 2010-11 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एण्ड फैमिली वेलफेयर, नई दिल्ली के वर्ष 2010-11 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(तीन) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एण्ड फैमिली वेलफेयर, नई दिल्ली के वर्ष 2010-11 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिये* संख्या एल.टी. 6437/15/12]

(5) (एक) लोकोप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ, तेजपुर के वर्ष 2010-11 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) लोकोप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ, तेजपुर के वर्ष 2010-11 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(6) उपर्युक्त (5) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिये* संख्या एल.टी. 6438/15/12]

(7) दंत चिकित्सक अधिनियम, 1948 की धारा 20 की उपधारा (4) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):–

(एक) स्क्रीनिंग परीक्षण (पहला संशोधन) विनियम, 2010 जो 8 दिसम्बर, 2010 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या डीई-147-2010 में प्रकाशित हुए थे।

(दो) डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया संशोधित बीडीएस पाठ्यक्रम (चौथा संशोधन) विनियम, 2011 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या डीई-130-2011 में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया संशोधित बीडीएस पाठ्यक्रम (तीसरा संशोधन) विनियम, 2011 जो 25 अगस्त, 2011 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या डीई-130-2011 में प्रकाशित हुए थे।

(चार) डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया संशोधित बीडीएस पाठ्यक्रम (दूसरा संशोधन) विनियम, 2010 जो 29 अक्तूबर, 2011 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या डीई-175-2010 में प्रकाशित हुए थे।

(पांच) दंत चिकित्सा महाविद्यालय में रैगिंग के खतरे को समाप्त करने संबंधी डीसीआई विनियम, 2009 जो 13 अगस्त, 2009 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या डीई-167-2008 में प्रकाशित हुए थे।

(छह) डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया स्क्रीनिंग परीक्षण विनियम, 2009 जो 13 अगस्त, 2009 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या डीई-147-2009 में प्रकाशित हुए थे।

(सात) डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया (प्रकीर्ण) विनियम, 2007 जो 29 जून, 2007 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या डीई-130-2007 में प्रकाशित हुए थे।

(8) उपर्युक्त (7) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिये* संख्या एल.टी. 6439/15/12]

(9) औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की धारा 38 के अंतर्गत औषधि और प्रसाधन सामग्री (दूसरा संशोधन) नियम, 2012 जो 8 फरवरी, 2012 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 76(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखी गई। *देखिये* संख्या एल.टी. 6440/15/12]

...*(व्यवधान)*

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री (डॉ. सी.पी. जोशी) : मैं निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं:–

(1) वर्ष 2012-13 के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अनुदानों की विस्तृत मांगें।

[ग्रंथालय में रखी गई। *देखिये* संख्या एल.टी. 6445/15/12]

[डॉ. सी.पी. जोशी]

(2) वर्ष 2012-13 के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का परिणामी बजट।

[ग्रंथालय में रखी गयी। *देखिये* संख्या एल.टी. 6446/15/12]

...*(व्यवधान)*

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती पनबाका लक्ष्मी) : मैं कुमारी सैलजा की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखती हूं:–

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिये* संख्या एल.टी. 6511/15/12]

...*(व्यवधान)*

[हिन्दी]

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत) : अध्यक्ष महोदया, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:—

(1) (एक) कोस्टल एक्वाकल्चर अथॉरिटी, चेन्नई के वर्ष 2010-11 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) कोस्टल एक्वाकल्चर अथॉरिटी, चेन्नई के वर्ष 2010-11 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिये* संख्या एल.टी. 6512/15/12]

(3) उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खंड 3 के उपखंड (1) के अंतर्गत जारी अधिसूचना संख्या का.आ. 397(अ) जो 9 मार्च, 2012 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा 29 मार्च, 2010 की अधिसूचना संख्या का.आ. 706(अ) में कतिपय संशोधन किए गए हैं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखी गयी। *देखिये* संख्या एल.टी. 6513/15/12]

[अनुवाद]

संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मिलिन्द देवरा) : महोदया, मैं निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं:—

(1) दूरसचांर विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वर्ष 2012-13 की अनुदानों की विस्तृत मांगें।

[ग्रंथालय में रखी गई। *देखिये* संख्या एल.टी. 6514/15/12]

(2) दूरसचांर विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वर्ष 2012-13 का परिणामी बजट।

[ग्रंथालय में रखी गई। *देखिये* संख्या एल.टी. 6515/15/12]

...*(व्यवधान)*

पर्यावरण और वन मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती जयंती नटराजन) : महोदया, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखती हूं:—

(1) वर्ष 2012-13 के लिए पर्यावरण और वन मंत्रालय की अनुदानों की विस्तृत मांगों की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखी गई। *देखिये* संख्या एल.टी. 6460/15/12]

[श्रीमती जयंती नटराजन]

(2) (एक) सेंटर फॉर एक्सेलेंस फॉर मेडिसिनल प्लांट्स एण्ड ट्रेडिशनल नॉलेज, बंगलूरु के वर्ष 2010-11 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) सेंटर फॉर एक्सेलेंस फॉर मेडिसिनल प्लांट्स एण्ड ट्रेडिशनल नॉलेज, बंगलूरु के वर्ष 2010-11 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) उपर्युक्त (2) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गए। *देखिये* संख्या एल.टी. 6461/15/12]

अपराह्न 12.05½ बजे

लोक लेखा समिति

52वें से 55वां प्रतिवेदन

[अनुवाद]

श्री भर्तृहरि महताब (कटक) : महोदया, मैं लोक-लेखा समिति (2011-12) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं:—

(1) रक्षा मंत्रालय से संबंधित 'भारतीय वायुसेना में विमान चालकों का प्रशिक्षण' के बारे में 52वां प्रतिवेदन।

(2) रक्षा मंत्रालय से संबंधित 'आयुध निर्माणी परियोजना नालंदा के क्रियान्वयन में असाधारण विलंब' के बारे में 53वां प्रतिवेदन।

(3) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (वाणिज्य विभाग) से संबंधित 'निर्यात अवसंरचना एवं सम्बद्ध क्रियाकलाप विकसित करने हेतु राज्यों को सहायता (एसाइड) स्कीम' के बारे में समिति के 23वें प्रतिवेदन (15वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 54वां प्रतिवेदन।

(4) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से संबंधित 'संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना' के बारे में 55वां प्रतिवेदन।

...*(व्यवधान)*

अपराह्न 12.06 बजे

मंत्रियों द्वारा वक्तव्य

(एक) पंचायती राज मंत्रालय के संबंध में अनुदानों की मांगों (2010-11) पर ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति के छठे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति*

[अनुवाद]

जनजातीय कार्य मंत्री तथा पंचायती राज मंत्री (श्री वी. किशोर चन्द्र देव) : महोदया, मैं, दिनांक 1 सितम्बर, 2004 के लोक सभा बुलेटिन — भाग-II के अनुसार माननीय अध्यक्ष, लोक सभा के निदेश 73क के अनुपालन में ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति के छठी रिपोर्ट (15वीं लोक सभा) में अंतर्निहित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति पर यह वक्तव्य प्रस्तुत कर रहा हूं।

ग्रामीण विकास की स्थायी समिति (15वीं लोक सभा) की छठी रिपोर्ट लोक सभा में दिनांक 16.4.2010 को प्रस्तुत की गई थी। रिपोर्ट वर्ष 2010-2011 के लिए पंचायती राज मंत्रालय के अनुदानों की मांगों के परीक्षण से संबंध रखता है।

समिति की रिपोर्ट में अंतर्निहित सिफारिशों/प्रेक्षणों पर की गई कार्रवाई वक्तव्य सितम्बर, 2010 में ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति को भेज दी गई थी।

समिति द्वारा की गई विभिन्न सिफारिशों के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति मेरे वक्तव्य के अनुबंध में निदर्शित है जिसे सदन के पटल

---

*सभा पटल पर रखा गया तथा ग्रंथालय में भी रखा गया, *देखिए* संख्या एल.टी. 6516/15/12

पर रखा जाता है। मैं इस अनुबंध में समस्त विवरणों को पढ़कर सदन का कीमती समय लेना नहीं चाहूंगा। मेरा निवेदन है कि इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाए।

अपराह्न 12.06½ बजे

(दो) पर्यटन मंत्रालय के संबंध में अनुदानों की मांगों (2010-11) (मांग संख्या 93) पर समिति के 154वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही के बारे में परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी समिति के 162वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति*

[अनुवाद]

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुल्तान अहमद) : महोदया, लोक सभा के माननीय अध्यक्ष के निदेश के अनुसरण में, मैं पर्यटन मंत्रालय की अनुदान मांगों (2010-11) पर 154वीं रिपोर्ट में अंतर्विष्ट परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी विभागों से संबद्ध संसदीय स्थाई समिति की सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई पर 162वीं रिपोर्ट में आगे की सिफारिशों/टिप्पणियों की अवस्थिति पर यह विवरण दे रहा हूं जो निम्न प्रकार से है:

'संबंधित मंत्री अपने मंत्रालय से संबंधित लोक सभा की रिपोर्टों में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के संबंध में सदन में छः माह में एक बार विवरण प्रस्तुत करेंगे।'

परिवहन, पर्यटन एवं संस्कृति पर स्थायी समिति ने पर्यटन विभाग की अनुदान मांगों (2010-11) पर समिति की 162वीं रिपोर्ट पर समिति की 20 दिसम्बर, 2010 को आयोजित बैठक में विचार किया और इसे अपनाया। रिपोर्ट 04.03.2011 को लोक सभा के पटल पर रखी गयी थी।

अध्यक्ष महोदया, 154वीं रिपोर्ट की सिफारिशों पर की गई कार्रवाई की स्थिति को दर्शाने वाला विवरण 04.03.2011 को लोक सभा पटल पर रखा गया था। समिति ने 154वीं रिपोर्ट में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई पर संसदीय समिति की 162वीं रिपोर्ट में आगे 34 सिफारिशें/टिप्पणियां की थीं।

मैं, अनुबंध के रूप में प्रत्येक सिफारिश के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति सदन के पटल पर रख रहा हूं...*(व्यवधान)*

*सभा पटल पर रखा गया तथा ग्रंथालय में भी रखा गया, *देखिए* संख्या एल.टी. 6517/15/12

अपराह्न 12.06¾ बजे

(तीन) संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के डाक विभाग, के संबंध में अनुदानों की मांगों (2011-12) पर सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति के 24वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति*

[अनुवाद]

संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मिलिन्द देवरा) : मैं श्री सचिन पायलट की ओर से डाक विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2011-12) संबंधी सूचना प्रौद्योगिकी सबंधी स्थायी समिति के 24वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक विवरण सभा पटल पर रखता हूं।

...*(व्यवधान)*

अपराह्न 12.07 बजे

कार्य मंत्रणा समिति के 35वें प्रतिवेदन के बारे में प्रस्ताव

[अनुवाद]

संसदीय कार्य मंत्री तथा जल संसाधन मंत्री (श्री पवन कुमार बंसल) : महोदया मैं निम्नलिखित प्रस्ताव करता हूं:-

"कि यह सभा 29 मार्च, 2012 को सभा में प्रस्तुत कार्य मंत्रणा समिति के 35वें प्रतिवेदन से सहमत है।"

*सभा पटल पर रखा गया तथा ग्रंथालय में भी रखा गया, *देखिए* संख्या एल.टी. 6518/15/12

अध्यक्ष महोदया : प्रश्न यह है:–

"कि यह सभा 29 मार्च, 2012 को सभा में प्रस्तुत कार्य मंत्रणा समिति के 35वें प्रतिवेदन से सहमत है।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

अपराह्न 12.09 बजे

नियम 377 के अधीन मामले*

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया : नियम 377 के अधीन मामले सभा पटल पर रखे जाएंगे। माननीय सदस्य प्रथानुसार अपनी पर्ची तत्काल सभा पटल पर स्वयं जमा करें।

...*(व्यवधान)*

(एक) मलयालम साहित्य में योगदान के लिए प्रो. सूरानंद कुंजन पिल्लै और थकाजी शिवशंकरन पिल्लै के सम्मान में स्मारक डाक-टिकट जारी किए जाने की आवश्यकता

श्री कोडिकुन्नील सुरेश (मवेलीकारा) : केरल में कुछ श्रेष्ठ विद्वान पैदा हुए हैं जिन्होंने मलयालम भाषा और साहित्य को न केवल भारत में बल्कि विश्व में भी ख्याति दिलाई है। थकाजी शिवशंकरन पिल्लै और प्रो. सूरानंद पी.एन. कुंजन पिल्लै दो ऐसे विद्वान हुए हैं जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से साहित्य के क्षेत्र में मलयालम भाषा की सेवा की है।

प्रो. सूरानंद कुंजन पिल्लै का जन्म कोल्लम जिले में सूरानंद दक्षिण में 26 नवम्बर, 1911 को हुआ था। इतिहासकार, शोधकर्ता, कवि, साहित्यिक समालोचना, सामाजिक-सांस्कृतिक नेता, व्याकरणविद् और मलयालम भाषा के विद्वान थे। मलयालम साहित्य और शिक्षा में उनके इस योगदान के लिए उन्हें 1984 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

थकाजी शिवशंकर पिल्लै का जन्म केरल के अलाप्पुजा जिले में कुट्टानाड के थकाजी गांव में 17 अप्रैल, 1912 को हुआ था। वे मलयालम भाषा के एक उपन्यासकार और लघु कथा लेखक थे। उन्होंने अपनी कृतियों की विषय-वस्तु में उत्पीड़ित वर्गों पर ध्यान दिया। उन्होंने कई उपन्यास और 60 से अधिक लघुकथाएं लिखी हैं। मलयालम भाषा और साहित्य में महान योगदान के लिए 1984 में उन्हें भारत के साहित्य जगत का सर्वोत्तम पुरस्कार, ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया। थकाजी स्मारक समिति ने अनेक कार्यक्रमों के साथ स्वर्गीय थकाजी शिवशंकर पिल्लै की जन्मशती मनायी।

मलयालम भाषा और साहित्य के प्रति प्रो. सूरानंद कुंजन पिल्लै और थकाजी शिवशंकर पिल्लै के योगदान का सम्मान करने के लिए मैं केन्द्र सरकार से मलयालम साहित्य के इन दो दीप्यमान नक्षत्रों की याद में स्मारक टिकट जारी करने की पुरजोर अपील करता हूं। यह भी अनुरोध करता हूं कि इस वर्ष इन दोनों प्रसिद्ध साहित्यकारों की जन्मशती मनाई जाये।

(दो) सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में नियुक्त शिक्षा मित्रों को दिए जाने वाले मानदेय में वृद्धि किए जाने की आवश्यकता

[हिन्दी]

श्री हर्ष वर्धन (महाराजगंज, उ.प्र.) : देश में प्रारंभिक शिक्षा हेतु 13वें वित्त आयोग ने 2010-11 से 2014-15 तक 24,068 करोड़ रुपया विनिर्दिष्ट किया है जिसका सीधा अर्थ है कि प्रारंभिक शिक्षा को आयोग ने प्राथमिकता की श्रेणी में रखा है।

दूसरी ओर, शिक्षण कार्य में जहां बड़े पैमाने पर अध्यापकों की आवश्यकता है, वहीं अध्यापन कार्य में लगे शिक्षा मित्रों की मानदेय मात्र 3500/- रुपए प्रतिमाह है और शिक्षा मित्रों को वर्ष में मात्र 11 माह ही मानदेय दिया जाता है। उन्हें प्रशिक्षित शिक्षक भी नहीं माना जाता है जबकि सर्व शिक्षा अभियान के तहत शिक्षा मित्रों को बीटीसी के समकक्ष आधारभूत और पुनबोधनात्मक प्रशिक्षण प्राप्त हैं।

कम मानदेय के कारण भरण-पोषण की समस्या के चलते शिक्षा मित्रों द्वारा अपने मानदेय को बढ़ाने की मांग विभिन्न माध्यमों के जरिए होती रही है। यह तर्कसंगत है कि शिक्षा मित्रों को स्थायी सेवा प्रदान किया जाए अथवा प्रशिक्षित शिक्षक माना जाए।

ऐसी दशा में शिक्षा मित्रों का मानदेय बढ़ाया जाए या उन्हें प्रशिक्षित शिक्षक माना जाए या फिर अध्यापकों की भारी कमी को देखते हुए उन्हें स्थायी सेवा का अवसर प्रदान किया जाए।

---

*सभा पटल पर रखे माने गए।

(तीन) कर्मचारी पेंशन स्कीम, 1995 के लाभार्थियों की पेंशन को संशोधित करने तथा उनकी शिकायतों का निवारण किए जाने की आवश्यकता

[अनुवाद]

श्री एस. अलागिरी (कुड्डालोर) : कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 16 वर्ष पूर्व अस्तित्व में आयी थी और वर्तमान वातावरण तथा वर्तमान मूल्य सूचकांक के संदर्भ में इस योजना की व्यापक समीक्षा जरूरी है। ई.पी.एस., 1995 के लाभार्थी, विशेषकर नेवेली लिगनाइट कॉरपोरेशन के अंतर्गत आने वाले लाभार्थी दयनीय सामाजिक आर्थिक स्थिति में जी रहे हैं और वे अल्प पेंशन के सहारे पर आश्रित हैं। लेकिन केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों तथा बैंकिंग क्षेत्र के कर्मचारी ओर पेंशनभोगी अपनी सेवानिवृत्ति के बाद अपने 3500 रुपये प्रतिमाह न्यूनतम पेंशन में जी रहे हैं तथा वेतन आयोग की घोषणा के बाद तथा मूल्य सूचकांक में वृद्धि के बाद उनकी पेंशन में वृद्धि हो जाती है। ई.पी.एस., 1995 के लाभार्थी भी भारत के नागरिक हैं और उनका जीवन भी कठिनाइयों से मुक्त होना चाहिए। रुपये के अवमूल्यन और मुद्रास्फीति के कारण ई.पी.एस., 1995 के पेंशनभोगियों की क्रयशक्ति खत्म हो गई है और वे अपने रोजमर्रा के जीवनयापन के लिए संघर्षरत हैं।

इस संबंध में मैं इस सम्मानीय सभा के माध्यम से माननीय सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि वह अपने कर्मचारियों की पेंशन योजना, 1995 को संशोधित करे और यथाशीघ्र उनकी समस्याओं का निदान करें।

(चार) कर्नाटक के चामराजनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जंगली हाथियों के मानव बस्तियों में घूमने को रोकने के लिए सौर बाड़ लगाने हेतु धनराशि जारी किए जाने की आवश्यकता

श्री आर. ध्रुवनारायण (चामराजनगर) : मैं अपने चुनाव क्षेत्र में मानव हाथी के बीच संघर्ष को बढ़ती घटनाओं के संबंध में माननीय सभा का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा जिससे भटक गए हाथियों तथा मुनष्यों की जान गई है तथा खड़ी फसल की बर्बादी हुई है। पिछले कई महीनों से समाचार-पत्रों में मानव और हाथी संघर्ष के समाचार आते रहे हैं। इस संघर्ष की गंभीरता 11 नवम्बर, 2011 को उस समय सामने आई जब कोलिगल वन क्षेत्र में पास के वन से निकलकर एक जंगली हाथी ने श्री नागराजू, जो मेरे चुनाव क्षेत्र में पी.जी. पाल्या गांव का निवासी था को कुचल दिया। मेरे चुनाव क्षेत्र के बड़े भाग में जंगल वन फैले हुए हैं जिसका विस्तार सभी 11 ताल्लुकों में है। जिसमें बांदीपुर और नागरहोल राष्ट्रीय अभ्यारण्य बी.आर.टी. बाघ परियोजना क्षेत्र और कावेरी वन्यजीव अभ्यारण्य सम्मिलित हैं। कुछ वन क्षेत्र जैसे एच.डी. कोटे, गुंडलपेट, नजनागुड, चामराजनगर और कोलिगल तालुक के निकट रहने वाले किसान जो खेती करते हैं, भयभीत हो जाते हैं। जब भटके हुए हाथी उनके खेतों में घुस जाते हैं और खड़ी फसल को नष्ट कर देते हैं। एचडी कोटे और नंजलगुल में कुल 1115.40 हैक्टेयर क्षेत्र में कुल लगी फसल बर्बाद हो गई है और वर्ष 2011-12 में 3925 मामले दर्ज किए गए हैं। फसलों की क्षति के लिए किसानों को मुआवजा के रूप में कुल 68 लाख रुपये दिए गए। 671 मामलों के निपटान के लिए अभी भी मुआवजा के रुपये किसानों को कुल 19 लाख रुपये दिए जाने हैं। कुल 41 हाथियों की मृत्यु प्राकृतिक रूप से हुई जिसमें बिजली करंट लगने से मारे जाने वाली सात जंगली हाथी सम्मिलित हैं। हाथियों के प्रवेश को रोकने के लिए वन विभाग ने 66 किलोमीटर की लम्बाई में सौर-बाड़ा लगाने तथा 8 किलोमीटर तक हाथियों को रोके जाने वाली खाई खोदने के लिए 2 करोड़ रुपये की और वित्तीय सहायता की मांग की है। इसलिए मैं अध्यक्षपीठ के माध्यम से पर्यावरण और वन मंत्रालय से अनुरोध करता हूं कि वह मेरे चुनाव क्षेत्र के वनों में सौर-बाड़ लगाने, हाथियों को रोक पाने लायक खाई खोदने के लिए आवश्यक धनराशि जारी करें तथा भटकने वाले हाथियों के कारण बर्बाद हो रही खड़ी फसलों की क्षति के लिए किसानों को दिए जाने वाले मुआवजा की राशि में तत्काल वृद्धि करें।

(पांच) बिहार के किशनगंज जिले तथा पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में यात्रियों को आरक्षित रेल टिकटें उपलब्ध कराने में पारदर्शिता बढ़ाए जाने की आवश्यकता

[हिन्दी]

श्री मोहम्मद असरारुल हक़ (किशनगंज) : बिहार प्रदेश के किशनगंज एवं पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिलों के यात्री एक लंबे अर्से से एक विचित्र किस्म की समस्या, जोकि वास्तव में अत्यंत गंभीर है, का सामना कर रहे हैं। यह समस्या है आरक्षित रेल टिकटों का अभाव। कोई भी साधारण नागरिक जब काउंटर पर तत्काल टिकट भी लेने जाता है तो उसे किसी भी सूरत में तत्काल कन्फर्म टिकट कभी नहीं मिलता है। वजह है—दलालों की सक्रियता। ऐसा लगता है कि दलालों ने संपूर्ण तंत्र पर कब्जा जमा लिया है जिसके परिणामस्वरूप साधारण नागरिकों को मजबूरी में वेटिंग टिकट लेना पड़ता है एवम् दुखद यात्रा का अनुभव करना पड़ता है।

रेल मंत्रालय से अनुरोध है कि एक स्वच्छ एवं पारदर्शी व्यवस्था इस संबंध में कायम की जाए ताकि भोले-भाले यात्रियों को दलालों के चंगुल से बचाकर उन्हें आर्थिक एवं मानसिक शोषण का शिकार बनने से बचाया जा सके।

محمد اسرار الحق (کشن گنج): میڈم اسپیکر صاحبہ، بہار اسٹیٹ کے کشن گنج اور مغربی بنگال کے شمالی دیناجپور ضلعوں کے مسافر ایک لمبے عرصہ سے ایک عجیب وغریب پریشانی جو کہ درحقیقت میں بہت زیادہ سنجیدہ ہے کا سامنا کر رہے ہیں۔ یہ مسئلہ ہے ریزروڈ ریلوے ٹکٹوں کی کمی۔ کوئی بھی عام آدمی جب کاؤنٹر پر تتکال ٹکٹ بھی لینے جاتا ہے تو اسے کسی بھی صورت میں تتکال میں کنفرم ٹکٹ کبھی نہیں ملتا ہے۔ وجہ ہے دلالوں کی موجودگی۔ ایسا لگتا ہے کہ دلالوں نے پورے سسٹم پر قبضہ جمالیا ہے۔ جس کے نتیجہ میں عام آدمی کو مجبوری میں ویٹنگ ٹکٹ لینا پڑتا ہے اور سفر کے دوران بہت سی پریشانیوں کا سامنا کرنا پڑتا ہے۔

وزارت ریل سے میری گزارش ہے کہ ایک صاف ستھرا اور مضبوط نظام اس سلسلے میں قائم کیا جائے تاکہ بھولے۔ بھالے مسافروں کو دلالوں کے چنگل سے بچا کر انہیں معاشی اور ذہنی استحصال کا شکار ہونے سے بچایا جا سکے۔

९८७-८९

(छह) तमिलनाडु में विशेष रूप से कांचीपुरम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में प्राचीन स्मारकों से 300 मीटर की दूरी के भीतर निर्माण कार्य को प्रतिषिद्ध करने वाले कानून की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता

[अनुवाद]

श्री पी. विश्वनाथन (कांचीपुरम) : कांचीपुरम विश्व के सात प्राचीन और सुंदर नगरों में से एक है। भगवान बुद्ध ने कांचीपुरम में पंचशील सिद्धांत को ग्रहण किया धर्मबाला योगी इस नगर में रहते थे।

कांचीपुरम नगर न केवल रेशम नगर है बल्कि हजारों तालाबों वाला हजारों मंदिरों का नगर भी है। जो भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के स्मारकों के कारण आवास की समस्या का सामना कर रहा है। इस नगर के लोग मंदिरों में और उनके आस-पास शताब्दियों से रहे रहे हैं। उनके जीवन और अस्तित्व इन मंदिरों से जुड़े है।

स्मारकों के रूप में अनेक मंदिरों के बारे में भारतीय पुरात्व सर्वेक्षण की अधिसूचना के कारण स्थानीय प्रशासन 300 मी. की प्रतिबंधित सीमा को उद्धृत करते हुए जल, विद्युत और भवन की स्वीकृति देने से इंकार करता है। इस नगर के लोग स्थानीय प्राधिकारियों से अपनी मूलभूत सुविधाओं हेतु अनुमति प्रदान करने में मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। 300 मी. की प्रतिबंधित सीमा को राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण से स्वीकृति प्राप्त किए बिना इसे घटाकर 100 भीतर किया जाए।

महाबलीपुरम पल्लवों के लिए पत्तन नगर तथा इसकी राजधानी थी। इस तरह की परिस्थितियों का सामना महाबलीपुरम के निवासियों को भी करना पड़ता है जो पूरे विश्व का एक पर्यटक स्थल है। जब तक विदेशी पर्यटकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के साथ पर्याप्त रिहायशी आवास नहीं बनाये जाते तब तक पर्यटन उद्योग अधिक विदेशी मुद्रा नहीं अर्जित कर सकता।

संस्कृति मंत्रालय को प्राचीन मंदिरों की शुचिता को प्रभावित किए बिना जनसाधारण की सुविधा हेतु नियमों में ढील देते हुए स्थिति की समीक्षा करनी चाहिए। कांचीपुरम घनी आबादी वाला शहर है और सदियों से मंदिर कार्यकलाप के साथ सहयोजित है। मंत्रालय को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के साथ परामर्श करना चाहिए और जनसाधारण की सुविधा हेतु अपने नियमों में कुछ छूट देने चाहिए।

न केवल महाबलीपुरम, तिरुपोरूर, उथीरामेरूर, कांचीपुरम, पल्लावरम और तिरूकालुकूनरम के लोग बल्कि पूरा कांचीपुरम संसदीय

निर्वाचन क्षेत्र इन मुश्किलों का सामना कर रहा है। न तो वे मरम्मत, निर्माण करने और नहीं अभिनिर्धारित सुरक्षित क्षेत्र के कारण बिजली कनेक्शन प्राप्त नहीं कर पाते हैं।

मैं सरकार से जनहित में 100 मीटर की मूल सीमा को पुन: कायम करने हेतु इस मामले पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देने का अनुरोध करता हूं।

(सात) जीवन रक्षक औषधियों को 'अनिवार्य लाइसेंसिंग' तंत्र के अंतर्गत लाने के लिए उनकी पहचान करने के लिए अध्ययन कराए जाने की आवश्यकता

श्री एंटो एंटोनी (पथनमथीट्टा) : मैं कैंसर रोधी औषधि के उत्पादन हेतु 'अनिवार्य लाइसेंसिंग' का उपयोग करने के लिए सरकार को धन्यवाद देता हूं। अनिवार्य लाइसेंसिंग सरकार को तीन वर्षों के बाद पेटेंट स्वामी के अधिकार में छूट देने और विनिर्माण को क्रयादेश देने और यथासंभव सस्ते दर पर जीवन-रक्षक औषधियों की बिक्री के लिए सशक्त करता है। कैंसर रोधी औषधि के लिए अनिवार्य लाइसेंसिंग को लागू करने के बाद इसका मूल्य एक महीने की खुराक हेतु 284,000 रुपए की मूल लागत से 97 प्रतिशत घट गई। आज यह 8800 रुपए की दर पर उपलब्ध है और यह देश में तीन मिलियन कैंसर रोगियों को तुलनात्मक रूप से सस्ते मूल्य पर उपलब्ध है। यदि किसी पेटेंट उत्पाद की पर्याप्त रूप से या उचित मूल्य पर आपूर्ति नहीं की जाती है तो यह भारतीय पेटेंट अधिनियम, 2005 के अनुसार सरकार को अनिवार्य लाइसेंसिंग के लिए आवेदन करने हेतु सशक्त करता है। दुर्भाग्यवश अनेक जीवन रक्षक औषधियां उपरोक्त कारणवश देश में गरीब जनसाधारण हेतु उपलब्ध नहीं हैं। अत: मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि जीवन-रक्षक औषधियों की पहचान करने हेतु अविलंब अध्ययन कराएं और जो औषधि उपरोक्त श्रेणी में आती हों उन्हें अनिवार्य लाइसेंसिंग तंत्र के अंतर्गत लाया जाये।

(आठ) जोधपुर से अहमदाबाद के बीच बरास्ता समदडी-भीलडी पैसेंजर ट्रेन पुन: आरंभ किए जाने की आवश्यकता

[हिन्दी]

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर) : आज से आठ दशक पहले यानी 15 मार्च, 1929 को जालौर में पहली बार रेल दौड़ी थी। आज जालौर जिले की जनसंख्या 20 लाख से ऊपर हो गई है। समदडी- भीलडी 223.44 कि.मी. लंबे इस सेक्शन में अब तक यात्री सुविधाओं का विस्तार नहीं हुआ है। इन 80 वर्षों में जालौर जिले में एक भी नई रेल शुरू नहीं की गई है। जालौर ग्रेनाइट उद्योग के रूप में विश्व में विशेष पहचान रखता है। ग्रेनाइट के ढुलाई से रेलवे को प्रतिवर्ष 150 से 200 करोड़ का राजस्व प्राप्त होता है। मीटर गेज पर जोधपुर से अहमदाबाद वाया समदडी भीलडी सवारी गाड़ी चलती थी जिससे सभी वर्गों के लोगों यथा—व्यापारी, शिक्षक, छात्र एवं मरीजों को काफी सुविधा होती थी। इस रेल लाइन को ब्रॉडगेज कर करीबन 80 मालगाड़ी चालू कर दी गई और सवारी गाड़ी को बंद कर दिया गया। मेरी मांग है कि इस सवारी गाड़ी को अविलंब पुन: चालू किया जाए।

(नौ) महाराष्ट्र में जालना और खामगांव के बीच रेलवे लाइन के निर्माण को अनुमोदित किए जाने की आवश्यकता

श्री दानवे रावसाहेब पाटील (जालना) : दिसंबर, 2011 के रेल बजट के अनुसार जालना-खामगांव रेल परियोजना का सर्वेक्षण किया गया था यह रेल प्रकल्प मराठवाडा-विदर्भ के बड़े विभागों को जोड़ता है। इस रेल मार्ग परसेगांव गांव भी लगता है जो महाराष्ट्र के महान श्री संत गजानन महाराज जी के सानिध्य से पावन हो चुका है और यहां पर महाराष्ट्र सहित पड़ोसी राज्य और पूरे देशभर से भक्तों का तांता पूरे साल यहां लगा रहता है अगर यह रेल मार्ग बन जाता है तो भक्तों को इसका लाभ होगा।

दिसंबर, 2011 के बजट के अनुसार इस मार्ग का सर्वेक्षण किया गया था उस सर्वेक्षण की रिपोर्ट दिसंबर, 2011 में सेंट्रल जोन ने रेल मंत्रालय को सौंपी थी इस रिपोर्ट में उस समय तात्कालिक खर्च 1226 करोड़ की लागत इस रेल परियोजना पर लगने वाली थी और इसका रेट ऑफ रीटर्न 0.426 होगा यह रिपोर्ट भी समिति ने दी थी। अगर प्रधानमंत्री रेल विकास योजना अंतर्गत यह रेल मार्ग बनता है तो मराठवाड़ा-विदर्भ के लोगों को इसका लाभ होगा साथ ही जालना एक उभरता हुआ औद्योगिक क्षेत्र है अगर यह मार्ग बनता है तो यहां व्यापार वृद्धि के साथ विकास में बढ़ोतरी होगी और विकास भी होगा। मेरी आपसे विनती है कि आप इस मार्ग को स्वीकृति दें और विकास की योजना में सहयोग दें।

(दस) झारखंड में धनबाद के भूली श्रमिक नगरी के मकानों में चार वर्ष से रह रहे परिवारों की बेदखली को रोके जाने की आवश्यकता

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद) भारत सरकार के श्रम एवं कल्याण विभाग द्वारा झारखंड के धनबाद जिला में भूली श्रमिक

[श्री पशुपति नाथ सिंह]

नगरी साठ के दशक में बनायी गयी थी, जिसमें खदान कर्मचारियों के अलावा अन्य व्यवसाय एवं नौकरी करने वाले निजी क्षेत्र के व्यक्तियों को भी भाड़े पर क्वार्टर दिया गया था। लेकिन कोलियरी राष्ट्रीयकरण के बाद भूली श्रमिक नगरी का रखरखाव भारत कोकिंग कोल लि. कर रही है जो आज निजी क्वार्टर धारियों से क्वार्टर खाली कराने का प्रयास कर रही है।

अत: सरकार से आग्रह करता हूं कि निजी क्वार्टर धारियों से नियमित भाड़ा लिया जाए या लीज पर उन्हें आवंटित किया जाए।

(ग्यारह) बिहार के पटना में एम्स के निर्माण कार्य तथा इसके लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों को प्राप्त करने में तेजी लाए जाने की आवश्यकता

[अनुवाद]

प्रो. रंजन प्रसाद यादव (पाटलिपुत्र) : सरकार ने देश के विभिन्न भागों में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जैसे 6 (छह) संस्थानों को शुरू करने की घोषणा की है जिसमें से एक पटना (बिहार) में भी होगा और शैक्षिक सत्र 2012-13 से चिकित्सा महाविद्यालय को और 2013-14 से चिकित्सालयों को कार्यशील बनाने का लक्ष्य रखा है।

जहां तक एम्स, पटना के कार्यकरण का संबंध है तो 1 अगस्त, 2012 से चिकित्सा महाविद्यालय शुरू करने का प्रस्ताव है और शैक्षिक सत्र 2012-13 हेतु अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान; नई दिल्ली के साथ छात्रों के दाखिले हेतु परीक्षा करवाना है। इसके अतिरिक्त इन 6 एम्स हेतु कुल 546 संकाय पक्षों को विज्ञापित किया गया है। 1 अगस्त, 2012 तक एम्स, पटना में शरीर रचना विज्ञान, शरीर क्रिया विज्ञान, जैव-रसायन और कम्यूनिटी मेडिसीन नामक 4 (चार) विभागों को शुरू करने का प्रस्ताव है।

लेकिन जमीनी सच्चाई कुछ भिन्न है। संस्थान इस समय एक सोसाइटी के रूप में कार्य कर रहा है और इसे अभी तक स्वायत्तशासी दर्जा प्रदान नहीं किया गया है। जब मैंने व्यक्तिगत रूप से प्रस्तावित एम्स, पटना के स्थल का दौरा किया तो मैंने पाया कि विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के समय पर पूरा होने की संभावना नहीं है। अनेक कार्यों को अभी पूरा करने की आवश्यकता है। अत: मैं माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री से अनुरोध करता हूं कि वे संबंधित प्राधिकारियों को इस मामले को शीघ्र उठाने का निर्देश दें ताकि यह बिहार के लाखों लोगों के लाभ के लिए निर्धारित समयावधि में कार्य आरम्भ कर सके।

(बारह) ओडिशा के मयूरभंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 18 और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 49 को दो लेन से बदलकर चार लेन वाला बनाए जाने की आवश्यकता

श्री लक्ष्मण टुडु (मयूरभंज) : मेरा अनुरोध है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन का पिछड़े क्षेत्र के विकास में काफी योगदान होता है। चूंकि मेरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र ओडिशा का जिला मयूरभंज हमारे देश का जनजातीय और पिछड़ा जिला है। अत:, मेरे निर्वाचन क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 18 और 49 को दो लेन से चार लेन वाले राजमार्ग में उन्नयन करने की आवश्यकता है। अत:, मैं इस सम्मानित सभा के माध्यम से माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री से अनुरोध करना चाहूंगा कि फैलादी चौक बालासोर से मेरे निर्वाचन क्षेत्र में झारपोखरिया तक राष्ट्रीय राजमार्ग 18 को चार लेन वाला बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाएं। इसी प्रकार, मैं माननीय मंत्री से यह भी अनुरोध करूंगा कि वह मेरे निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 49 का दो लेन से चार लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में उन्नयन करवाएं और सुवर्ण रेखा पुल के साथ इस राष्ट्रीय राजमार्ग 49 की मरम्मत और अनुरक्षण हेतु तत्काल कदम उठाएं क्योंकि इस पुल की वर्तमान स्थिति और उपर्युक्त राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति विशेषकर मेरे निर्वाचन क्षेत्र में जमसोला में वाहनों के निर्बाध आवागमन हेतु इस उपर्युक्त राष्ट्रीय राजमार्ग का समुचित रख-रखाव नहीं किया जाता है।

इस संबंध में, मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि वह जनहित में क्रमश: राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 18 और 49 के उन्नयन में तेजी लाएं।

(तेरह) नदी जल को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए उपाय किए जाने की आवश्यकता

[हिन्दी]

श्री भाउसाहेब राजाराम वाकचौरे (शिरडी) : देश की 13 प्रमुख

नदियों का अस्तित्व आज खतरे में है, जिसका मुख्य कारण औद्योगिक इकाइयों का कचरा, नदी के किनारें सब्जियों की दुकानें, गंदे नालों का पानी जो सीधे नदियों में गिरता है, जिसके कारण नदियों का पानी एवं भूजल के विषाक्त होने के मामले अलग-अलग शहरों, कस्बों से मिले हैं। नदियों को शुद्ध करने के लिए अभी तक लगभग 26 अरब रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन नदियों की साफ-सफाई नहीं हो सकी है।

देश के 70 प्रतिशत शहरों में आज भी पेयजल की आपूर्ति नदियों से की जाती है, लेकिन विडंबना भी यही है कि 70 प्रतिशत बीमारी भी प्रदूषित जल से हो रही है क्योंकि जमीन के भीतर की ऊपरी सतह का जल भी प्रदूषण की चपेट में है।

हरियाणा सहित अनेक राज्यों में अत्यधिक ऐसी औद्योगिक इकाइयां हैं, जो बिना किसी अनुमति के नदियों और जल स्रोतों को प्रदूषित कर रहे हैं। पानी को पीने योग्य बनाने हेतु उसमें क्लोरीन डाला जाता है, जो अब बेकार हो गया है, इससे और घातक बीमारियां हो रही हैं।

अत:, अनुरोध है कि इसके लिए कड़े कानून बनाये जायें और जल को शुद्ध एवं पीने योग्य बनाया जाये।

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया : अब हम 'शून्यकाल' के मामले उठाएंगे।

श्री निशिकांत दुबे, कृपया संक्षेप में बोलिए।

[हिन्दी]

श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा) : अध्यक्ष महोदया, मैं एक महत्वपूर्ण मुद्दा जो मैं पहले भी सदन में उठा चुका हूं, ओडिशा में जो इटली के लोगों का एबडक्शन हुआ है और अब विधायक झीना निकाका का हुआ है, शैड्यूल्ड ट्राइब से संबंधित है, कोरापुर जिले से हुआ है और इसके बारे में होम मिनिस्टर साहब को सदन में जवाब देना था। 8 दिन बीत गये हैं ...*(व्यवधान)* लेकिन होम मिनिस्टर की तरफ से कोई आश्वासन नहीं आया है। ...*(व्यवधान)* दूसरे जो उन्होंने डिमांड रखी है और उस दिन जो कुछ बातें कही गई थीं, उनकी एक डिमांड है कि ट्राईबल एरिया में ट्यूरिज्म को बढ़ावा नहीं दिया जाए। ...*(व्यवधान)* इसी तरह की घटना आपने अंडमान और निकोबार में देखी है। इसी तरह की घटना आप ओडिशा में देख रहे हैं।...*(व्यवधान)* कंवर्शन एक बड़ा विषय है। दुमका हो या मनकानगिरि हो...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया : अब आप बैठ जाइये।

श्री निशिकांत दुबे : मैडम, मुझे दो मिनट के लिए सुन लिया जाए। मेरी मांग है कि इस मामले में मिनिस्टर को जवाब देना चाहिए और इस तरह के मुद्दे को सैटल करना चाहिए।

श्री संजय निरुपम (मुम्बई उत्तर) : स्पीकर मैडम, मैं मुम्बई के बोरिवली इलाके में स्थित जीवन बीमा नगर टाउनशिप के लोगों के बारे में एक सवाल उठाना चाहता हूं। यह 70 साल पुरानी टाउनशिप है, जहां लगभग दस हजार लोग रहते हैं। इनकी पानी, बिजली, रास्ते आदि तमाम तरह की जो नागरिक सुविधाएं होती हैं तथा उन प्रश्नों से जुड़ा हुआ जो दर्द है, वह मैं सदन के सामने रखना चाहता हूं। चूंकि यह पूरा का पूरा टाउनशिप वित्त मंत्रालय के एक उपक्रम एलआईसी का टाउनशिप है। यह सत्तर साल पुराना है और सौ एकड़ में फैला हुआ टाउनशिप है। मेरा कहना है कि जब तक वहां एलआईसी के नोडल ऑफिसर नियमित तौर पर अपाइंट नहीं होंगे, उनके दुख-दर्द का ख्याल नहीं रखेंगे, तब तक उनका दूख दूर नहीं होगा।

मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्रालय से मांग करता हूं कि एलआईसी उपरोक्त कालोनी में रहने वाले लोगों के हित के लिए नागरिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक नोडल ऑफिसर नियुक्त करें, वहां नियमित तौर पर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का ख्याल रखे और उनकी लीज की प्रोपर्टी को फ्री होल्ड कराने की दिशा में आगे कदम उठाये।

[अनुवाद]

श्री एस.एस. रामासुब्बू (तिरुनेलवेली) : महोदया, यह एयर इंडिया में वर्तमान में व्याप्त बड़ी समस्या है। आपको मालूम होगा कि एयर इंडिया का प्रबंधन पिछले कुछ महीनों से कर्मचारियों का वेतन रोके हुए हैं...*(व्यवधान)* इन श्रमिकों में से अधिकांश श्रमिक आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के हैं और इनमें से कुछ तो अपने बच्चों की शिक्षा, आवास और अन्य विभिन्न प्रयोजनों के लिए ऋण लिया है। वेतन का भुगतान नहीं होने के कारण अपनी वित्तीय

[श्री एस.एस. रामासुब्बू]

प्रतिबद्धताओं और पारिवारिक उत्तरदायित्वों को पूरा करने में असमर्थ हैं...*(व्यवधान)*

गत एक वर्ष से अपनी गम्भीर मुश्किलों और कष्टों के बावजूद कर्मचारी निरंतर और शांतिपूर्वक ढंग से संगठन और देश की तथा विशेषकर वीआईपी, वीवीआईपी तथा यात्रियों की पूर्ण समर्थन, निष्ठा तथा वफादारी के साथ सेवा कर रहे हैं...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया : धन्यवाद। अब श्री भर्तृहरि महताब।

...*(व्यवधान)*

श्री एस.एस. रामासुब्बू : महोदया, मैं अपनी मांग का उल्लेख कर रहा हूं। इसलिए, मैं केंद्र सरकार से आग्रह करूंगा कि मुद्दे को लंबा न खींचें और हस्तक्षेप करके उनकी शिकायतों का निवारण करवायें उनकी लंबित मजदूरी वेतन और अन्य देयराशि को जारी करें और दिनांक 2 अप्रैल से उनकी प्रस्तावित हड़ताल को टाला जाये।...*(व्यवधान)*

श्री भर्तृहरि महताब (कटक) : महोदया, माओवादी हिंसा की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। न सिर्फ लक्ष्मीपुर के विधायक श्री झेना हिकाका का अपहरण किया गया है और इस घटना को हुए आठ दिन बीत चुके हैं परंतु पहले से अपहृत इतालवी गत 13 दिनों से कंधमाल के जंगलों में बंधक है...*(व्यवधान)*

आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के भी अनेक भागों में हिंसा हो रही है। मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि वह संबंधित सभी राज्य सरकारों से सक्रियतापूर्वक चर्चा करें और पर्याप्त कदम उठाएं...*(व्यवधान)*

कल हाल ही में एक घटना हुई है। ओडिशा की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने – एक मांग, जो कि माओवादियों द्वारा उनकी रिहाई के लिए की गई थी–गणनाथ पात्रा को बरी कर दिया है। यह पहले ही हो चुका है...*(व्यवधान)*

हमें मिलकर वनक्षेत्र में शांति और सद्भाव स्थापित करने का प्रयास करना चाहिये तथा यथासंभव प्रयास करना चाहिये ताकि ये दोनों व्यक्ति तत्काल रिहा हो सकें। धन्यवाद, महोदया ...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदया : श्री शिवकुमार उदासी और श्री देवजी एम. पटेल को स्वयं को श्री भर्तृहरि महताब द्वारा उठाए गए मामले से संबद्ध करने की अनुमति दी जाती है।

...*(व्यवधान)*

[हिन्दी]

श्रीमती अन्नू टण्डन (उन्नाव) : महोदया, आपने मुझे उत्तर प्रदेश, खासकर मेरे संसदीय क्षेत्र उन्नाव के मदरसा शिक्षकों की दुर्दशा पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। हमारे प्रदेश में हजारों मान्यता प्राप्त मदरसों में सैकड़ों शिक्षक पिछले 2-3 वर्षों से नियमित आधार पर वेतन भुगतान प्राप्त नहीं कर रहे हैं। ये सभी मदरसे हमारी केन्द्रीय सरकार की सैंट्रल स्पांसर्ड स्कीम फॉर प्रोवाइडिंग क्वालिटी एजूकेशन इन मदरसा (एसपीक्यूईएम) के अंतर्गत आते हैं और इन्हें एचआरडी मिनिस्ट्री से फंड्स भी दिये जाते हैं।...*(व्यवधान)*

महोदया, ज्यादातर शिक्षकों का बकाया वेतन वर्ष 2009-10 में छः महीने का, 2010-11 में पूरे वर्ष का और 2011-12 में अभी तक का भुगतान लम्बित है। उदाहरण के तौर पर मेरे उन्नाव में लगभग 125 मान्यता प्राप्त मदरसे हैं, लेकिन उनमें से केवल 40 मदरसों को वर्ष 2009-10 का वेतन प्राप्त हुआ है। जबकि बाकी सभी शिक्षकों को वर्ष 2009-10 से अब तक का वेतन नहीं मिला है।...*(व्यवधान)*

मुझे एचआरडी मिनिस्ट्री से ज्ञात हुआ है कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2009-10 में यूपी के 1356 मदरसों के लिए 31.90 करोड़ रुपये, ...*(व्यवधान)* वर्ष 2010-11 में 1041 मदरसों के लिए 35.54 करोड़ रुपये व 2010-11 में 1157 मदरसों के लिए 48.24 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। इसके अतिरिक्त 2032 मदरसों के लिए 55.72 करोड़ रुपये का भी अनुमोदन किया गया है। ...*(व्यवधान)*

मैडम, मैं लगातार जुलाई, 2009 से इस मुद्दे को हर मुमकिन स्तर पर उठाने का प्रयास कर रही हूं और इस विषय पर मुझे हमारी सरकार के एचआरडी मिनिस्ट्री से पूरा सहयोग प्राप्त हुआ है। फिर भी मेरे उन्नाव के मदरसा शिक्षक बिना वेतन भुगतान के समाज सेवा में समर्पित हैं। इन परिस्थितियों में शिक्षकों को अपने परिवार के पालन पोषण और जीवित रहने के लिए भी प्रतिदिन

संघर्ष करना पड़ रहा है। मैं आपके माध्यम से एचआरडी मिनिस्ट्री, राज्य सरकार और माननीय सदस्यों से समर्थन की उम्मीद रखती हूं और यह आशा करती हूं कि हमारे मदरसा शिक्षकों के बकाया वेतन का भुगतान जल्द से जल्द होगा।

...(व्यवधान)

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदया : लोक सभा मंगलवार, 24 अप्रैल, 2012 को पूर्वाह्न ग्यारह बजे पुनः समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

अपराह्न 12.15 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा मंगलवार, 24 अप्रैल, 2012/ 4 वैशाख, 1934 (शक) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिये स्थगित हुई।

अनुबंध-I

तारांकित प्रश्नों की सदस्य-वार अनुक्रमणिका

क्र. सं.	सदस्य का नाम	तारांकित प्रश्नों की संख्या
1	2	3
1.	श्री पी.के. बिजू राजकुमारी रत्ना सिंह	241
2.	श्री हरि मांझी श्री आनंद प्रकाश परांजपे	242
3.	श्री प्रबोध पांडा श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव	243
4.	श्री वीरेन्द्र कश्यप श्री मोहम्मद असरारूल हक	244
5.	श्री तथागत सत्पथी	245
6.	श्री यशवीर सिंह श्री एम.बी. राजेश	246
7.	श्री भरत राम मेघवाल	247
8.	श्री रुद्रमाधव राय कुमारी मीनाक्षी नटराजन	248
9.	श्री महेश्वर हजारी श्री लालचन्द कटारिया	249
10.	श्री इज्यराज सिंह श्री नित्यानंद प्रधान	250
11.	श्री अरुण कुमार वुंडावल्ली श्री घनश्याम अनुरागी	251
12.	श्री आनंदराव अडसुल श्री गजानन ध. बाबर	252
13.	श्रीमती इन्ग्रिड मैक्लोड	253
14.	डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी श्री हंसराज गं. अहीर	254
15.	श्री माणिकराव होडल्या गावित प्रो. रंजन प्रसाद यादव	255
16.	श्री अजय कुमार	256
17.	श्रीमती हरसिमरत कौर बादल	257
18.	श्री प्रताप सिंह बाजवा श्री के. सुगुमार	258
19.	श्री मनसुखभाई डी. वसावा श्री एस. अलागिरी	259
20.	श्री संजय निरुपम श्री देवजी एम. पटेल	260

अतारांकित प्रश्नों की सदस्य-वार अनुक्रमणिका

क्र.सं.	सदस्य का नाम	प्रश्न संख्या
1	2	3
1.	श्री ए.के.एस. विजयन	2921
2.	श्री अधलराव पाटील शिवाजी	2858, 2925, 2945
3.	श्री आनंदराव अडसुल	2858, 2925, 2945

1	2	3
4.	श्री जय प्रकाश अग्रवाल	2796, 2820, 2963
5.	श्री राजेन्द्र अग्रवाल	2972
6.	श्री हंसराज गं. अहीर	2839, 2946, 2973
7.	श्री बदरूद्दीन अजमल	2811
8.	श्री एम. आनंदन	2921, 2923
9.	श्री अनंत कुमार	2909
10.	श्री अनंत कुमार हेगड़े	2885, 2888, 2966
11.	श्री सुरेश अंगड़ी	2774, 2951, 2954, 2966
12.	श्री जयवंत गंगाराम आवले	2956
13.	श्री गजानन ध. बाबर	2925, 2945
14.	श्री विजय बहुगुणा	2917
15.	श्री रमेश बैस	2873
16.	श्री कामेश्वर बैठा	2887, 2954
17.	श्री प्रताप सिंह बाजवा	2943, 2961
18.	श्री अम्बिका बनर्जी	2863, 2953
19.	श्रीमती सुस्मिता बाउरी	2954
20.	श्री सुदर्शन भगत	2883
21.	श्री ताराचन्द भगोरा	2898, 2937, 2954
22.	श्री संजय भोई	2946, 2957, 2958
23.	श्री समीर भुजबल	2942
24.	श्री पी.के. बिजू	2935
25.	श्री कुलदीप बिश्नोई	2785
26.	श्री हेमानंद बिसवाल	2868

1	2	3
27.	श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला	2761, 2873, 2953
28.	श्री सी. शिवासामी	2819, 2943
29.	श्रीमती विजया चक्रवर्ती	2817
30.	श्री सी.एम. चांग	2781, 2965
31.	श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण	2818, 2956, 2973
32.	श्री हरिश्चंद्र चव्हाण	2792, 2951, 2968, 2989
33.	श्री एन.एस.वी. चित्तन	2971
34.	श्री भूदेव चौधरी	2835
35.	श्री निखिल कुमार चौधरी	2862
36.	श्रीमती श्रुति चौधरी	2814, 2943, 2955
37.	श्री अधीर चौधरी	2936
38.	श्री भक्त चरण दास	2879
39.	श्री खगेन दास	2850, 2912, 2944
40.	श्री राम सुन्दर दास	2832, 2888
41.	श्रीमती दीपा दासमुंशी	2911, 2959
42.	श्रीमती रमा देवी	2948, 2951
43.	श्री के.पी. धनपालन	2870
44.	श्री संजय धोत्रे	2830
45.	श्री आर. ध्रुवनारायण	2775, 2939
46.	श्रीमती ज्योति धुर्वे	2792, 2852, 2978
47.	श्री चार्ल्स डिएस	2842
48.	श्री निशिकांत दुबे	2869
49.	श्री गणेशराव नागोराव दूधगांवकर	2837

1	2	3
50.	श्री निनोंग ईरींग	2859
51.	श्री पी.सी. गद्दीगौदर	2832
52.	श्री एकनाथ महादेव गायकवाड	2946, 2957, 2958, 2959
53.	श्री गजेन्द्र सिंह राजुखेड़ी	2802, 2954
54.	श्रीमती मेनका गांधी	2768
55.	श्री वरुण गांधी	2839, 2964
56.	श्री माणिकराव होडल्या गावित	2935, 2941
57.	श्री एल. राजगोपाल	2816, 2944
58.	श्री शिवराम गौडा	2845, 2853, 2968
59.	श्री डी.बी. चन्द्रे गौडा	2769, 2941, 2962
60.	डॉ. सुचारू रंजन हल्दर	2858
61.	शेख सैदुल हक	2889, 2942
62.	श्री महेश्वर हजारी	2773, 2938, 2942
63.	श्री सैयद शाहनवाज हुसैन	2761, 2894
64.	श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव	2950
65.	श्री बलीराम जाधव	2937, 2945
66.	डॉ. संजय जायसवाल	2849
67.	श्री गोरख प्रसाद जायसवाल	2805, 2950, 2951
68.	श्रीमती दर्शना जरदोश	2833
69.	श्री हरिभाऊ जावले	2935
70.	श्री नवीन जिन्दल	2779, 2954, 2955, 2977
71.	श्री महेश जोशी	2783, 2979
72.	डॉ. मुरली मनोहर जोशी	2929

1	2	3
73.	श्री प्रहलाद जोशी	2868, 2874, 2928, 2967
74.	डॉ. ज्योति मिर्धा	2943
75.	श्री के. शिवकुमार उर्फ जे.के. रितीश	2832, 2893
76.	श्री सुरेश कलमाडी	2855, 2919, 2953
77.	श्री पी. करूणाकरन	2845, 2954
78.	श्री कपिल मुनि करवारिया	2832, 2888
79.	श्री वीरेन्द्र कश्यप	2937
80.	श्री राम सिंह कस्वां	2860, 2967, 2971, 2989
81.	श्री लालचन्द कटारिया	2965
82.	श्री कौशलेन्द्र कुमार	2832, 2970
83.	श्री चंद्रकांत खैरे	2770
84.	डॉ. क्रुपारानी किल्ली	2888, 2953, 2959
85.	डॉ. किरोड़ी लाल मीणा	2825, 2830, 2947, 2955
86.	श्री कमल किशोर 'कमांडो'	2940
87.	श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे	2876, 2931, 2965, 2972
88.	श्री जी.वी. हर्ष कुमार	2886
89.	श्री मिथिलेश कुमार	2961
90.	श्री विश्व मोहन कुमार	2941
91.	श्री पी. कुमार	2892, 2943, 2944, 2954
92.	श्री अरुण कुमार वुंडावल्ली	2943, 2944
93.	श्रीमती चन्द्रेश कुमारी	2951, 2964
94.	श्री एन. पीताम्बर कुरूप	2776, 2823, 2873, 2961
95.	श्री यशवंत लागुरी	2871, 2950

1	2	3
96.	श्री पी. लिंगम	2851
97.	श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादम	2804
98.	श्रीमती सुमित्रा महाजन	2841
99.	श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो	2832, 2905, 2942, 2970
100.	श्री नरहरि महतो	2861, 2952
101.	श्री भर्तृहरि महताब	2848
102.	श्री प्रदीप माझी	2832, 2864, 2891
103.	श्री प्रशान्त कुमार मजूमदार	2880
104.	श्री मंगनी लाल मंडल	2830
105.	श्री जोस के. मणि	2800, 2935, 2966
106.	श्री हरि मांझी	2936
107.	श्री रघुवीर सिंह मीणा	2945
108.	श्री दत्ता मेघे	2890
109.	श्री अर्जुन राम मेघवाल	2780
110.	डॉ. थोकचोम मैन्या	2962
111.	श्री महाबल मिश्रा	2946, 2955
112.	श्री गोविन्द प्रसाद मिश्र	2947
113.	श्री सोमेन मित्रा	2846
114.	श्री पी.सी. मोहन	2873
115.	श्री गोपीनाथ मुंडे	2964
116.	श्री विलास मुत्तेमवार	2915
117.	श्री सुरेन्द्र सिंह नागर	2857, 2888
118.	श्री नामा नागेश्वर राव	2844

1	2	3
119.	श्री इन्दर सिंह नामधारी	2881
120.	श्री नारनभाई कछाड़िया	2904, 2964
121.	श्री संजय निरूपम	2940
122.	कैप्टन जय नारायण प्रसाद निषाद	2941
123.	श्री असादुद्दीन ओवेसी	2778, 2976
124.	श्री पी.आर. नटराजन	2797, 2990
125.	श्री जगदम्बिका पाल	2884
126.	श्री वैजयंत पांडा	2847, 2967
127.	श्री प्रबोध पांडा	2964
128.	श्री राकेश पाण्डेय	2867
129	श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय	2855, 2961
130.	श्री गोरखनाथ पाण्डेय	2906
131.	डॉ. विनय कुमार पाण्डेय	2920
132.	श्री जयराम पांगी	2782, 2978
133.	श्री आनंद प्रकाश परांजपे	2946, 2957, 2958, 2959
134.	श्री देवजी एम. पटेल	2954
135.	श्रीमती जयश्रीबेन पटेल	2776
136.	श्री बाल कुमार पटेल	2926
137.	श्री किसनभाई वी. पटेल	2832, 2864, 2891
138.	श्री हरिन पाठक	2858, 2956
139.	श्री संजय दिना पाटील	2854
140.	श्री ए.टी. नाना पाटील	2856, 2961
141.	श्रीमती भावना पाटील गवली	2960

1	2	3
142.	श्री सी.आर. पाटिल	2927
143.	श्री दानवे रावसाहेब पाटील	2930
144.	श्री भास्करराव बापूराव पाटील खतगांवकर	2946, 2957, 2958
145.	डॉ. पद्मसिंह बाजीराव पाटील	2897
146.	श्रीमती कमला देवी पटले	2780, 2810, 2955
147.	श्री पोन्नम प्रभाकर	2768, 2772, 2974
148.	श्री नित्यानंद प्रधान	2847, 2967
149.	श्री प्रेमचन्द गुड्डू	2843
150.	श्री प्रेमदास	2832, 2940, 2961, 2963
151.	श्री पन्ना लाल पुनिया	2830, 2935, 2944
152.	श्री कबीन्द्र पुरकायस्थ	2833, 2924
153.	श्री एम.के. राघवन	2812, 2940
154.	श्री बी.वाई. राघवेन्द्र	2968
155.	श्री अब्दुल रहमान	2873, 2875, 2955
156.	श्री सी. राजेन्द्रन	2877, 2942
157.	श्री एम.बी. राजेश	2806, 2954
158.	श्री पूर्णमासी राम	2793, 2942, 2958
159.	श्री रामकिशुन	2832, 2967
160.	श्री कादिर राणा	2806, 2955
161.	श्री निलेश नारायण राणे	2766
162.	श्री रायापति सांबासिवा राव	2820, 2935, 2954
163.	श्री जे.एम. आरुन रशीद	2834, 2945
164.	श्री रमेश राठौड़	2850

1	2	3
165.	श्री रामसिंह राठवा	2809
166.	डॉ. रत्ना डे	2795
167.	श्री अशोक कुमार रावत	2876, 2935
168.	श्री अर्जुन राय	2895
169.	श्री विष्णु पद राय	2821
170.	श्री रुद्रमाधव राय	2941, 2980
171.	श्री गुथा सुखेन्द्र रेड्डी	2872
172.	श्री एम. श्रीनिवासुलु रेड्डी	2767, 2982
173.	श्री अनन्त वेंकटरामी रेड्डी	2934, 2939
174.	श्री एम. वेणुगोपाल रेड्डी	2784, 2942, 2961
175.	श्री नृपेन्द्र नाथ राय	2861, 2952
176.	श्री एस. अलागिरी	2951
177.	श्री एस. सेम्मलई	2799, 2866, 2960
178.	श्री एस. पक्कीरप्पा	2827, 2935, 2971
179.	श्री एस.आर. जेयदुरई	2808
180.	श्री एस.एस. रामासुब्बू	2771, 2830, 2942, 2964
181.	डॉ. अनूप कुमार साहा	2874, 2954
182.	श्री फ्रांसिस्को कोज्मी सारदीना	2832, 2855
183.	श्रीमती सुशीला सरोज	2773, 2777, 2938, 2942
184.	श्री तूफानी सरोज	2899
185.	श्री तथागत सत्पथी	2940
186.	श्री हमदुल्लाह सईद	2765, 2855, 2911
187.	श्रीमती जे. शांता	2792, 2876, 2910

1	2	3
188.	श्री नीरज शेखर	2938
189.	श्री गोपाल सिंह शेखावत	2840, 2953
190.	श्री सुरेश कुमार शेटकर	2791, 2898, 2906, 2988
191.	श्री राजू शेट्टी	2815
192.	श्री एंटो एंटोनी	2933, 2940
193.	श्री बालकृष्ण खांडेराव शुक्ला	2831
194.	श्री जी.एम. सिद्देश्वर	2786, 2983
195.	डॉ. भोला सिंह	2903
196.	श्री भूपेन्द्र सिंह	2789, 2886, 2955, 2971, 2986
197.	श्री गणेश सिंह	2918
198.	श्री जगदानंद सिंह	2907
199.	श्रीमती मीना सिंह	2902, 2946
200.	श्री मुरारी लाल सिंह	2763, 2972
201.	श्री पशुपति नाथ सिंह	2826, 2887, 2935, 2951
202.	श्री प्रदीप कुमार सिंह	2824, 2883, 2938
203.	श्री राधा मोहन सिंह	2914, 2941
204.	डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह	2882
205.	श्री राकेश सिंह	2878
206.	श्री रतन सिंह	2865
207.	श्री रवनीत सिंह	2792, 2803, 2867
208.	श्री सुशील कुमार सिंह	2866, 2932, 2941
209.	श्री उदय सिंह	2896
210.	श्री यशवीर सिंह	2938, 2940

1	2	3
211.	चौधरी लाल सिंह	2866, 2937
212.	श्री बृजभूषण शरण सिंह	2955, 2962
213.	श्री राधे मोहन सिंह	2836, 2961
214.	श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह	2895, 2929, 2969
215.	राजकुमारी रत्ना सिंह	2764, 2948, 2949, 2950
216.	श्री उदय प्रताप सिंह	2965
217.	डॉ. संजय सिंह	2805, 2949
218.	श्री राजय्या सिरिसिल्ला	2762, 2906, 2946, 2954, 2985
219.	डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी	2934
220.	श्री के. सुधाकरण	2807, 2840, 2898, 2954, 2981
221.	श्री ई.जी. सुगावनम	2771, 2904, 2944
222.	श्री के. सुगुमार	2984
223.	श्री कोडिकुन्नील सुरेश	2801, 2875, 2968
224.	डॉ. राजन सुशान्त	2955
225.	श्री एन. चेलुवरया स्वामी	2822, 2830
226.	श्रीमती अन्नू टन्डन	2921
227.	श्री अशोक तंवर	2787, 2867, 2954
228.	श्री मनीष तिवारी	2873, 2964
229.	श्री आर. थामराईसेलवन	2798, 2966
230.	डॉ. एम. तम्बिदुरई	2900
231.	डॉ. शशी थरूर	2873, 2901
232.	श्री पी.टी. थॉमस	2913
233.	श्री मनोहर तिरकी	2855, 2916

1	2	3
234.	श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी	2828
235.	श्री नरेन्द्र सिंह तोमर	2761, 2860, 2946, 2953, 2981
236.	श्री लक्ष्मण टुडु	2871, 2935
237.	श्री शिवकुमार उदासी	2794, 2935
238.	श्रीमती सीमा उपाध्याय	2938
239.	श्री हर्ष वर्धन	2885, 2888, 2969
240.	डॉ. पी. वेणुगोपाल	2813
241.	श्री सज्जन वर्मा	2838
242.	श्रीमती ऊषा वर्मा	2773, 2938, 2942
243.	श्री वीरेन्द्र कुमार	2829, 2942, 2954
244.	श्री अदगुरू एच. विश्वनाथ	2853
245.	श्री पी. विश्वनाथन	2922, 2929
246.	श्री भाउसाहेब राजाराम वाकचौरे	2788
247.	श्री सुभाष बापूराव वानखेड़े	2908
248.	श्री अंजनकुमार एम. यादव	2764, 2773, 2935
249.	श्री धर्मेन्द्र यादव	2945
250.	श्री दिनेश चन्द्र यादव	2966
251.	श्री ओम प्रकाश यादव	2790, 2987
252.	श्री हुक्मदेव नारायण यादव	2975
253.	श्री मधुसूदन यादव	2873, 2940
254.	योगी आदित्यनाथ	2940

अनुबंध-II

तारांकित प्रश्नों की मंत्रालय-वार अनुक्रमणिका

वित्त	:	243, 246, 247, 248
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण	:	242, 252, 254, 255, 256
खान	:	245, 259
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा	:	
पंचायती राज	:	260
विद्युत	:	241, 249, 250, 257, 258
पर्यटन	:	244
जनजातीय कार्य	:	
महिला और बाल विकास	:	251, 253.

अतारांकित प्रश्नों की मंत्रालय-वार अनुक्रमणिका

वित्त	:	2762, 2764, 2766, 2772, 2775, 2777, 2780, 2783, 2790, 2791, 2797, 2798, 2799, 2800, 2807, 2809, 2814, 2815, 2816, 2817, 2819, 2820, 2823, 2825, 2828, 2834, 2835, 2837, 2838, 2842, 2844, 2848, 2851, 2853, 2854, 2860, 2861, 2862, 2863, 2866, 2869, 2870, 2875, 2884, 2885, 2888, 2891, 2892, 2893, 2898, 2900, 2903, 2905, 2906, 2907, 2908, 2913, 2914, 2915, 2916, 2918, 2922, 2923, 2928, 2929, 2931, 2935, 2937, 2938, 2941, 2947, 2948, 2949, 2950, 2957, 2960, 2961, 2966, 2969, 2970, 2974, 2979, 2984, 2987, 2988, 2989
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण	:	2767, 2776, 2781, 2782, 2788, 2793, 2795, 2801, 2804, 2806, 2808, 2813, 2818, 2821, 2824, 2827, 2829, 2830, 2832, 2833, 2839, 2840, 2845, 2847, 2852, 2858, 2864, 2865, 2868, 2872, 2874, 2876, 2877, 2878, 2879, 2882, 2886, 2889, 2896, 2897, 2899, 2901, 2904, 2917, 2920, 2927, 2930, 2933, 2934, 2939, 2940, 2942, 2943, 2944, 2953, 2954, 2956, 2958, 2962, 2963, 2965, 2967, 2973, 2975, 2977, 2980, 2983

खान	:	2763, 2810, 2826, 2843, 2849, 2859, 2887
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा	:	2768, 2786, 2792, 2796, 2803, 2856, 2867, 2910, 2921, 2926, 2990
पंचायती राज	:	2761, 2831, 2932, 2936, 2978, 2982
विद्युत	:	2787, 2789, 2794, 2802, 2805, 2822, 2841, 2850, 2873, 2881, 2894, 2895, 2902, 2925, 2946, 2959, 2968, 2981, 2985
पर्यटन	:	2771, 2774, 2785, 2812, 2855, 2857, 2880, 2909, 2952, 2972
जनजातीय कार्य	:	2770, 2811, 2871, 2883, 2890, 2912, 2919, 2924
महिला और बाल विकास	:	2765, 2769, 2773, 2778, 2779, 2784, 2836, 2846, 2911, 2945, 2951, 2955, 2964, 2971, 2976, 2986.

इंटरनेट

लोक सभा की सत्रावधि के प्रत्येक दिन के वाद-विवाद का मूल संस्करण भारतीय संसद की निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध है:

http://www.parliamentofindia.nic.in
http://www.loksabha.nic.in

लोक सभा की कार्यवाही का दूरदर्शन पर सीधा प्रसारण

लोक सभा की संपूर्ण कार्यवाही का दूरदर्शन के विशेष चैनल ''डीडी-लोकसभा'' पर सीधा प्रसारण किया जाता है। यह प्रसारण सत्रावधि में प्रतिदिन प्रातः 11.00 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू होने से लेकर उस दिन की सभा समाप्त होने तक होता है।

लोक सभा वाद-विवाद बिक्री के लिए उपलब्ध

लोक सभा वाद-विवाद के मूल संस्करण, हिन्दी संस्करण और अंग्रेजी संस्करण की प्रतियां तथा संसद के अन्य प्रकाशन, विक्रय फलक, संसद भवन, नई दिल्ली-110001 पर बिक्री हेतु उपलब्ध हैं।

पी०एल०एस०-48/24/14/2012 (एन०)
230

© 2012 प्रतिलिप्यधिकार लोक सभा सचिवालय

लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों (तेरहवां संस्करण) के नियम 379 और 382 के अंतर्गत प्रकाशित और इंडियन प्रेस, नई दिल्ली-110033 द्वारा मुद्रित।